॥ श्रीः ॥

# श्रीललितासहस्रं काव्यम्

स्वरचित-हिन्दी-भाषानुवाद-सहितम् ।

रचयिता-

पं० श्रीहरिशास्त्री दाधीचः ।

जयपुरम् । (राजस्थान)

१२
८८

प्रथमावृत्ति : २०००।

विज्ञाः श्रीमधुसूदनप्रभृतयः षट्शास्त्र-पारंगताः
एकीभूय निशम्य यस्य कवितामाल्हादिनीं चेतसाम् ।
सर्वे श्रीकविभूषणं पदमदुर्मध्येसभं यत्कृते
तेन श्रीहरिशास्त्रिणा सुललितं काव्यं कृतं दृश्यताम् ॥ १ ॥

विज्ञ श्रीमधुसूदन आदिक वेदशास्त्रविज्ञान निधान
जिसकी सुधामधुर कविता सुन मनमें हुए प्रसन्न महान् ।
सब मिल कविभूषण पद देकर किया सभामें जिसका मान
उस श्रीहरि ने काव्य लिखा यह देखैं इसे पढैं विद्वान् ॥ १ ॥

यस्य श्रीहरिरस्ति नाम, जनको दामोदरोऽम्बा घिसी
मुक्ताख्या गृहिणी सती च तनयौ गोबिन्दवाचस्पती ।
वत्सा गोत्रकराः, श्रुतिः सितयजुः शाखा च माध्यन्दिनी
तेन श्रीललितासहस्रकमिदं काव्यं कृतं दृश्यताम् ॥ २ ॥

श्रीहरि जिसका नाम, पिता दामोदर, मा घींसी गुणधाम
पत्नी मोती सती, पुत्र गोविन्द और वाचस्पति नाम ।
वत्स गोत्र, सित यजुर्वेद है शाखा माध्यन्दिनी बिशाल
उसने श्रीललितासहस्र यह काव्य लिखा है परम रसाल ॥ ३ ॥

॥ श्रीः ॥

श्रीग्रन्थमालायाः तृतीयं पुष्पम् ।

सुवर्णपत्राकृतिभिर्वन्द्या विबुधमौलिभिः ।
श्रीकण्ठे श्रीग्रन्थपुष्प-माला विजयतामियम् ॥

साहित्यमहोपाध्याय-आशुकवि-कविभूषण-आम्नायधुरन्धर
पण्डित श्रीहरिशास्त्रि-प्रणीतम् ।

# श्रीललितासहस्रं काव्यम्

स्वरचित राष्ट्र (हिन्दी) भाषानुवाद सहितम्

प्रकाशक :

मिश्रगोविन्दः

(भरतपुरम्)

विजया दशमी वि. सं. २०१६

प्रथमं संस्करणम् २००० ] [ मूल्यम् ५ रु० २५ न० पै०

।। श्रीः ।।

अमृतनिभृतशास्त्रं साधु मुद्रापयित्वा
प्रथयति विबुधानां लब्धुकामः प्रसादम् ।
अमलमतिप्रसादीलालपुत्रोऽत्रिगोत्रो
भरतपुरनिवासी मिश्रगोविन्दशर्मा ।।

**पुस्तक प्राप्ति स्थानम् :-**

**श्रीहरिशास्त्री दाधीचः**
गोबिन्ददासजी का बाग
म्यूजियम मार्ग
जयपुर ।

राजपण्डितः
**श्रीगोविन्द मिश्रः**
(अध्यक्ष-श्रीस्वाध्यायसदन सोलन)
चौबुर्जा, भरतपुर (राजस्थान)

पुस्तक के पुनर्मुद्रण आदि का अधिकार प्रकाशक के अधीन है ।

# निवेदनम् ।

श्रीराधारुक्मिणीकान्तमहागुरुशरीरिणी ।
बालाऽरुणा विजयते(ऽ)ज्ञानदा(ऽ)हंसरूपिणी ॥ १ ॥

वैराग्यज्ञानभक्त्याध्वनाहृतस्वजगत्पथः ।
वदान्यपरमापारकरुणालोलसत्कुलः ॥ २ ॥

अन्तर्वेदिसमूद्भूतः कोऽपिविद्वदपश्चिमः ।
पङ्क्तिपावनविप्राणामुत्पन्नो विदुषां कुले ॥ ३ ॥

सहस्रनामसम्फुल्लैः सुमपद्यसहस्रकैः ।
हरिदत्तैरर्चयति ललितां सर्वकामदाम् ॥ ४ ॥

प्रवीरसिद्धयोगिन्यः क्रियाज्ञानैषणाभवाः ।
स्वमर्चयन्तु कुसुमैरेतैरानन्दभैरवम् ॥ ५ ॥

महाशाको महाकाशं महिम्ना विमृशन्मुहुः ।
तुष्यन्नात्मनि पुष्णातु जगदानन्दमद्भुतम् ॥६॥

कालकालो बालचन्द्रभालः कामप्रदो वशी ।
वारणास्यप्रसूजानिः प्रीयतां परमो रसी ॥ ७ ॥

निवेदयत्यादरेण सत्स्वात्मनियतात्मसु ।
श्रीमतामात्मरूपोऽयं विद्वानमृतवाग्भवः ॥ ८ ॥

श्रीमतामात्मरूपः
**अमृतवाग्भवाचार्यः ।**

दिनाङ्क १६-६-६२

# प्रकाशकीयम् ।

स्वरसाममृतां बिन्दुविसर्गाढ्यां परः शिवः ।
लालयँल्ललते नित्यं ललितामात्मनः कलाम् ।।

( श्रीविंशतिकाशास्त्रम् का० १६ )

बच्चे से बूढ़े तक और मूर्ख से विद्वान् तक तथा चाण्डाल से ब्राह्मण तक मनुष्यमात्र इस बात को जानते हैं कि हम सर्वतः समर्थ नहीं, परिपूर्ण नहीं, स्वतन्त्र नहीं । मनुष्येतर प्राणियों के जानने न जानने का कोई प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता इसी कारण जो भी अपने आप में असमर्थता का अनुभव करने के कारण अपनी अभाव की पूर्ति की उपादित्सा रखने पर किसी समर्थ की सहायता की अपेक्षा रखता है और उसकी सहायता से अपनी कामना पूरी करना चाहता है इसी लिए अपने से अधिक समर्थ की स्तुति करके अपना सामर्थ्य बढ़ाता हुआ अपनी कामनाओं की पूर्ति कर लेता है । वाङ्मय स्तोत्र की रचना में यही उपपत्ति है । जब साधारण मनुष्य, ऋषि, देवता आदि भी अपनी स्तुति से प्रसन्न होकर स्तुति करने वाले की कामनाओं को पूर्ण कर देते हैं तब सर्वश्रेष्ठ परिपूर्ण स्वतन्त्र महाशाक स्वरूपिणी परशिवा पराऽम्बा श्रीराजराजेश्वरी महात्रिपुरसुन्दरी ललिता भगवती सभी की सम्पूर्ण कामनाओं को उनके स्तुति करने पर पूर्ण कर देती हैं तो इसमें आश्चर्य ही क्या ? । प्रस्तुत पुस्तक में श्रीललिता दिव्य सहस्रनाम के एक एक नाम पर एक एक पद्य रचा गया है यह सहस्रनाम स्तोत्र भगवान् हयग्रीव ने महर्षि अगस्त्य को बताया था । इस सहस्रनाम की रचना राजराजेश्वरी श्रीललिता पराम्बा की आज्ञा लेकर अष्ट वाग्देवताओं ने की थी । यह स्तोत्र भगवती के करोड़ों नामों में सर्वश्रेष्ठ एक दिव्य सहस्रनाम का है। इस स्तोत्र में कहीं भी च. तु. हि. आदि निःसार पद नहीं आये है तथा द्विरुक्ति त्रिरुक्ति दोष भी नहीं हैं । इस सहस्रनाम पर पहली कई व्याख्यायें भी हैं जिनमें जगदम्बा

के अवतार स्वरूप श्री भास्कर राय प्रणीत "सौभाग्य-भास्कर" नामक भाष्य अत्युत्तम अद्वितीय कोटि का है। इस बात को पाठक स्वयं उसको पढ़ कर जान सकते हैं, उसकी पूर्ति उसी जगदम्बा की प्रेरणा से आम्नाय धुरन्धर, साहित्य-महोपाध्याय, आशु कवि, कविभूषण श्रीहरिशास्त्रीजी दाधीच जयपुर निवासी ने की है, ये सहस्र पद्य भी राजराजेश्वरी ललिता भगवती के लालित्य से ओतप्रोत हो रहे हैं, इतनी सुन्दर संस्कृत साहित्य में सुललित रचना आजके साधारण कोटि के पाण्डित्य का काम नहीं, भगवती की कृपा से श्रीहरिशास्त्री भी असाधारण कोटि के पण्डित तथा कवि हैं। ये भावुक हैं, उपासक हैं, रसिक हैं और भी बहुत कुछ हैं, इस बात का उनके साथ परिचय होने से स्वयं ही अनुभव होगा।

कुछ समय पूर्व अनन्त श्री सर्वतन्त्र स्वतन्त्र श्रीमदमृत वाग्भवाऽऽचार्यजी महाराज जयपुर पधारे तब श्रीशास्त्रीजी ने अपनी इस ललित कृति के दर्शन उन्हें कराये। इस ललित काव्य की रचना देख कर वे अत्यन्त प्रसन्न हुए और उन्हों ने इसके मुद्रण व्यय का भार लेने को अपने मन से निश्चय किया, उसी के अनुसार यह पुस्तक सुमुद्रित श्रीशास्त्रीजी के ही सम्पादकत्व में प्रकाशित हो कर श्रीराजराजेश्वरी के भक्त उपासक पाठकों के करकमलों में समर्पित की जा रही है, आशा है कि इसका पाठ करके अपनी मनोवाञ्छित कामनाओं को पूर्ण करेंगे।

श्री ग्रन्थमाला का यह तृतीय पुष्प विश्वस्वात्म देवताओं को अपने सौरभ्य से सुरभित करता हुआ सभी का कल्याण करेगा, ऐसे उत्तम ग्रन्थ निर्माण के लिए श्रीशास्त्रीजी को जितने भी धन्यवाद दिये जांय वे थोड़े ही होंगे। पाठक लोग थोड़ा सा इधर चित्त दे कर यदि श्रीग्रन्थमाला के प्रकाशन में सहायता करें तो आशा है कि उत्तम से उत्तम ग्रन्थों का प्रकाशन हो सकेगा। जो सहृदय पाठक श्रीविद्या के सद्गुरु परम्परा से दीक्षा प्राप्त हों और उपासक हों वे मार्गव्यय मात्र भेज कर पुस्तक प्राप्त कर सकते हैं।

॥ श्रीः ॥

# कृतज्ञताप्रकाशः ।

सर्वस्वतन्त्रप्रतिभ – महामहिमशोभितः ।
मनीषिवर्यो मेधावी श्रीमानमृतवाग्भवः ॥ १ ॥

आचार्योऽस्य प्रकाशार्थे प्रेरयन्मां महाशयः ।
साहाय्यमार्थिकं पूर्णं दत्तवानिति तत्कृते ॥ २ ॥

कृतज्ञतां हि महतीं हृदयेन प्रकाशयन् ।
धन्यवादाननेकांश्च प्रवदामि मुहुर्मुहुः ॥ ३ ॥

जगदम्बा महाराज्ञी ललिता परमेश्वरी ।
एतस्याचार्य्यवर्य्यस्य राजमाना हृदम्बुजे ॥ ४ ॥

एवं भूतानि कल्याणकार्याणि सुबहून्यपि ।
उपकारानुदारांश्च कारयन्ती लसत्वलम् ॥ ५ ॥

श्रीमान् सर्वतन्त्र स्वतन्त्रप्रतिभावान् महामहिमशालि विद्वद्वरेण्य अमृतवाग्भव आचार्य महोदय ने इसे देख कर शीघ्र ही प्रकाशित करने को मुझे प्रेरित किया और इसके प्रकाशन में मुझे पूर्ण आर्थिक साहाय्य प्रदान किया है। इसके लिए मैं उन आचार्य महानुभाव की कृतज्ञता प्रकाशित करता हुआ, उन्हें अनेक धन्यवाद अर्पण कर बार-बार श्रीजगदम्बा महाराज्ञी ललिता भगवती से प्रार्थना करता हूं कि उक्त आचार्यवर्य के हृदय में विलास करती हुई ऐसे ही उपकार तथा उदार कल्याण कार्य आचार्य श्री के द्वारा कराती रहें।

श्रीहरिशास्त्री दाधीचः ।

१८।६।६२

जयपुरम्

# सूचीपत्रम् ।


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| १—निवेदनम् | क |
| २—प्रकाशकीयम् । | ख-ग |
| ३—कृतज्ञता प्रकाशः । | घ |
| ४—प्राक्कथनम् । | ङ--ञ |
| ५—स्वाभिमतम् । | ट–ठ |
| ६—ललिता सहस्रम् काव्यम् । | १–३१० |
| ७—मूलसहस्रनामस्तोत्रम् । | ३११–३१८ |
| ८—शुद्धिपत्रम् । | ३१९–३२० |

॥ श्रीः ॥

# प्राक्कथनम् ।

कदाप्यजयमेवाख्यं पुरं कार्यवशाद्गतः ।
अम्बालालस्य विदुषो द्राक्करप्रोल्लसन्मणेः ॥ १ ॥
गृहेलब्धातिथेयीकस्तत्पुत्रेण सता समम् ।
विशुद्धभावपूर्णेन पुरुषोत्तमशर्म्मणा ॥ २ ॥
बहिर्व्रजन् सुविद्वान्सं श्रीविद्यासाधकोत्तमम् ।
प्राज्ञं पुष्करदत्ताख्यं सुहृदं दृष्टवानहम् ॥ ३ ॥
तत्र प्रसङ्गतस्तेन प्रोक्तमभ्यर्थनावचः ।
मम सिद्धिस्तवाभिख्यं पुस्तकं स्तुन्वता भृशम्॥ ४ ॥
यदीदृशी सुमधुरा रचना भावपूरिता ।
ललितानामसाहस्रे विदधीरन्भवादृशाः ॥ ५ ॥
तदा किं ब्रूमहे विद्वन् ! प्रसन्नाः स्युः सुमेधसः ।
साधकप्रवराः पूर्णमानन्दं प्राप्नुयुध्रुवम् ॥ ६ ॥
त्वन्नामापि भवेद्धेमवर्णैरुल्लेखनोचितम् ।
अन्यैरपि तदा तत्र स्थितैर्विद्वद्भिरादरात् ॥ ७ ॥
इदमेवोदितं मह्यं तदुक्तीरवधार्य च ।
परावृत्तो द्राक्करस्य गेहे तत्पुत्रसंयुतः ॥ ८ ॥
तत्रापि तस्य वाक्यानि परिपूर्णं समर्थयन् ।
द्राक्करोऽपि च तत्पुत्रोऽप्यलं मां पर्यवर्धयत् ॥ ९ ॥
प्रत्यागतो जयपुरं त्रिदिनान्तरं मम ।
चेतसि प्रोदितो भावो ललिताया महेशितुः ॥ १० ॥
नाम्नां सहस्रं गम्भीरमपारं दुस्तरार्णवम् ।
कथं पारयितुं शक्ष्ये निबध्नन् कविकर्म्मणा ॥११॥
प्रतिनाम श्लोकमेकं प्रसादगुणपूरितम् ।
कियता समयेनेति न शक्यं मानुषेण तु ॥ १२ ॥

यतस्तत्र हि नामानि सुमहान्ति लघून्यपि ।
एकवृत्तेन यद्बन्धो दुस्तरः किमसम्भवः ॥ १३ ॥

वृत्तान्तरेषु नायान्ति तेष्वशीतिमितानि तु ।
अनुष्टुबर्धरूपाणि विशालार्थयुतानि च ॥ १४ ॥

अन्यान्यपि बहूनीह तथाभूतानि सन्त्यहो ।
येषां सुदुष्करो बन्धश्छन्दः स्वातन्त्र्यतः परः ॥१५॥

अप्रयुक्तानि वृत्तानि लयहीनानि सर्वशः ।
पठने नैव रुच्याणि भविष्यन्तीत्थमादयः ॥ १६ ॥

विचारा मामकोत्साहमुद्यन्तं न व्यवर्धयन् ।
ततोहं जगदम्बां श्रीसुन्दरीं करुणार्णवाम् ॥ १७ ॥

ललितां चेतसि ध्यात्वा सर्वं तदिदमादरात् ।
श्रावयन् प्रार्थयं नाम्नां सहस्रं स्तोतुमिच्छया ॥१८॥

दिवा रात्रावपि तथा चिन्तयन्दिवसत्रयम् ।
व्ययापयं ततस्तुर्येऽहनि सुप्तस्य मे गृहे ॥ १९ ॥

रात्रौ प्रभातकल्पायामेका शोणाम्बरावृता ।
तरुणी देवता काचित्तेजोमण्डलमध्यगा ॥ २० ॥

व्योम्नि स्थिता निरालम्बा पाणिना मां समाह्वयत् ।
अहं तत्क्षणमुत्थाय चलितस्तदुपान्तिकम् ॥ २१ ॥

उन्मुखं मां प्रपश्यन्तं स्मयमानमुखाम्बुजा ।
प्राह, नाम्नां सहस्रे त्वं प्रारभस्वाशु लेखनम् ॥२२॥

भविष्यति न विघ्नस्ते प्रतिघातो न ते गतेः ।
मा कृथाश्चिन्तनं काव्यं सर्वं सेत्स्यति सुन्दरम् ॥२३॥

इति श्रुत्वा सुमधुरं यावत्तां शिरसाऽनमम् ।
उन्मुख च समीक्षेहं तावत्सा सुन्दरी परा ॥२४॥

मेघे सौदामनीवान्तर्दधे गगनमण्डले ।
तदद्भुतमिवालोक्य प्राभूद्रोमोद्गमो मम ॥ २५ ॥

प्रत्यागत्य च शय्यायां नैव निद्रितवानहम् ।

सर्वमम्बा कृपापाङ्गप्रभावं परिचिन्त्य च ॥ २६ ॥
जपन्मनुं स्वमनसा ध्यायन्तामेव संस्थितः ।
जाते व्युष्टे समुत्थाय नित्यकृत्यरतोऽभवम्॥ २७ ॥
अर्चां प्रपूर्य नैवेद्यं भुक्त्वा पीत्वा च सादरम् ।
सहर्षमभिजिन्नाम्नि मुहूर्ते गुरुपादुकाम् ॥ २८ ॥
स्मृत्वा नत्वा परामम्बां निध्याय हृदयाम्बुजे ।
ललितानामसाहस्रपुस्तकं सम्मुखे न्यधाम् ॥ २९ ॥
स्थिरेण चेतसा ध्यात्वा नत्वा श्रीगुरुपादुके ।
महागणपतिं स्वेष्टदेवतां च मुहुः स्मरन् ॥३०॥
कार्तिके शुक्लभूताहं प्रारभ्याऽऽषाढपूर्णिमाम् ।
यावन्नाम्नां सहस्रेऽस्मिन्वृत्तानां हि सहस्रकम् ॥३१॥
व्यलेखयं क्रमेणैव यथाबुद्धिबलोदयम् ।
तदत्र जगदम्बायाः कृपैव परकारणम् ॥ ३२ ॥
अन्यथा श्रीहयग्रीवविष्णुना प्रभविष्णुना ।
अगस्त्याय समादिष्टं गभीरार्थमिदं महत् ॥ ३३ ॥
नाम्नां सहस्रमम्बायाः क च मेऽल्पा मतिः क च ।
अत्रास्तेऽयं मत्प्रयत्नो बालस्येवेन्दुमञ्चितुम् ॥ ३४ ॥
विज्ञाय तमिमं विज्ञा हसिष्यन्ति मुहुर्मुहुः ।
केऽपि चान्ये सुमनसो मोदमेष्यन्ति चापरे ॥ ३५ ॥
साहित्यरसिकास्तोषं धारयिष्यन्ति मानसे ।
एतस्य पाठतो देवी परा श्रीललिताम्बिका ॥३६॥
अवश्यं प्रीतहृदया वरान्दास्यति सत्वरम् ।
अस्मिन् सन्देहलेशोऽपि न कर्तव्यः कदाचन ॥ ३७ ॥

---

## प्राक्कथन का हिन्दी भाषा में भावानुवाद ।

एक बार (आज ५ वर्ष होते आए) मैं किसी कार्यवश अजमेर गया वहां श्रीमान् डा० साहब अम्बालालजी के यहां ठहरा उनके पुत्र सुजन श्री पुरुषोत्तमजी

के साथ बाहर घूमने निकला तब अजमेर के प्रसिद्ध पं० श्री पुष्करदत्तजी जो श्री विद्या के साधक है मिले, उनके घर पर गये, वहीं और भी विद्वान् बैठे थे। प्रसङ्गवश उनने मेरे लिखे और छपे सिद्धिस्तव नामक पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि पंडितजी महाराज यदि ऐसी सुमधुर भावपूर्ण रचना श्रीललिता सहस्रनाम पर आप लिखो तो क्या ही अच्छा हो, सभी पंडित प्रसन्न हों और साधक जो शक्ति के श्रीविद्या के हैं वे तो नितान्त ही प्रसन्न होवें और आपका भी नाम सुवर्णाक्षरों से लिखने योग्य होवे इत्यादि।

वहां बैठे अन्यान्य भी महाशयों ने इस पर समर्थन किया, अस्तु। मैं इसे सुनकर विचार करता हुवा डा० साहब के पुत्र के साथ वापिस आया। वहां भी डा० साहब ने जब यह बात सुनी तो उनने भी उनका समर्थन करते हुए मुझे इसके लिए प्रेरित किया और उत्साह बढ़ाने की बातें की।

मैं ३ दिन वहां रहकर जयपुर आ गया। २-४ दिन बीते उस बात पर मुझे ध्यान आया मैं विचार करने लगा और मेरे मन में श्रीललिता महारानी का ध्यान हो आया मैं विनीत भाव से प्रार्थना करने लगा ऐसे घड़ी घड़ी विचार मग्न रहता। ५-४ दिन बाद ललिता सहस्र नाम की पुस्तक सौभाग्य भास्कर भाष्य सहित देखी नामों पर विचार आया कि श्रीललिता सहस्र नाम तो अपार महिमा का है गंभीर आशयका है इस अपार दुस्तर सागर को कैसे पार किया जा सकेगा। हर एक नाम पर एक श्लोक बनाना। ऐसे १००० पद्य प्रसाद गुण पूर्ण मधुर और सरल होने चाहियें कब तक बनैंगे कितना समय लगेगा इत्यादि। फिर विचार हुवा कि इसमें बड़े २ नाम हैं जिनके अर्थ बड़े ही गहरे हैं समास बड़े २ हैं उनमें अनुमानतः ८० नाम तो ऐसे है जो अनुष्टुप् छन्द का आधा (पूर्वार्ध) हो बना बनाया है इतने बड़े नाम अन्य किस छन्द में बैठ सकेंगे कैसे पूर्ति होगी क्या होगा। छन्दों को दिमाग से टटोले तो किसी छन्द में इतना बड़ा नाम ह्रस्वदीर्घ वर्णों के नियम से ये स्थित हों और अर्थ भी भावादियुक्त सम न्वत हो यह बड़ी ही कठिनाई उपस्थित हुई। कितने ही नाम अन्य भी ऐसे वर्ण घटित है कि वे प्रसिद्ध छन्दों में जो लय से बुल सकें नहीं समा सकते है। इसके लिए अप्रसिद्ध विना लय के विषम वृत्त भी लिये जांय तो भी सबको रुचिकर हो जावें यह असंभव

है इत्यादि विचार मेरे बढ़ते उत्साह को दबाते ही रहे उदञ्चित न करते रहे। फिर मेरे मन ने मुझ को श्री जगदम्बा भगवती ललिताजी की प्रार्थना करने को वाध्य किया। मैं भगवती का ध्यान करता जब कभी बैठता कोई अन्य बात पर चित्त टिकता ही न था, ऐसा २-४ दिन रहा। फिर एक दिन रात को प्रार्थना कर सोया कि हे जगदम्ब क्या करूं आपके इन नामों को पढ पढकर प्रसन्नता तो बहुत होती है पर इनका अभिप्राय कैसे व्यक्त करूं इसका कोई उपाय सुझाइये मेरी इच्छा है मैं इन नामों पर एक एक पर एक एक पद्य लिखूं इत्यादि विचार करते हुए और पूर्वोक्त कठिनाईयों का वर्णन करते २ निद्रा प्राप्त हो गई।

रात प्रभात कल्पा हुई कि क्या देखता हूं एक लाल वस्त्र धारण किए तरुणी देवता प्रभा विशेष बरसती हुई तेजो मण्डल से वेष्टित हुई मुसकराती हुई आकाश में निराधार खड़ी दिखाई पडी और मुझे हाथ के संकेत से पास बुलाती है। मैं मानों उठकर गया, उसके पास पहुँच गया, उससे कुछ नीचे मैं ठहर गया ऊपर मुंह कर देख रहा था, मुझे वह मधुर मुसकाती हुई कहने लगी "सहस्र-नाम पर लिखना प्रारंभ कर दो" "कोई विघ्न नहीं होगा" "प्रगति नहीं रुकेगी" "अच्छा काव्य बनेगा" "चिन्ता मत करो", यह सुन कर मैने प्रणाम किया (नीचा शिर करके) फिर ऊपर देखने लगा तो वह सुन्दरी देवता मेघ में बिजली की तरह उस गगन मण्डल में ही तिरोहित हो गई।

इस अद्भुत दृश्य को देखकर मेरे शरीर में रोम खड़े हो गये और मैं वहां से उतर कर मेरे शयन पर आया, मुझे निद्रा नहीं आई। मैं जगता रहा लेटा भी नहीं, बैठा बैठा भगवती जगदम्बा का ध्यान करता रहा।

प्रभात होते ही नित्य कर्म से निपट पूजा पूर्ण कर नैवेद्य (प्रसाद) पाकर कुछ विश्रामकर अभिजित् मूहूर्त में श्रीललिता सहस्र की पुस्तक संमुख रखी और गुरुदेव और गणपति का स्मरण कर प्रणाम किया। और भगवती श्रीललिताजी को प्रार्थना कर स्लेट पट्टी पर पाषाण पेन्सिल से प्रारंभ किया। पहले स्लेट पर लिखता फिर कागज की कापी में लिखता ऐसे लेख प्रारंभ किया मंगल पद्य लिखकर ५-७ नामों पर पद्य लिखे। उस दिन कार्तिक शुक्ला चतुर्दशी थी। तब से प्रारंभ कर आषाढ पूर्णिमा पर्यन्त सहस्र नाम पूर्ण हो गया, यह सब कुछ

जगदम्बा की कृपा का ही प्रभाव समझिए अन्यथा यह कार्य मुझे तो असंभव ही प्रतीत होता था।

कहां तो यह श्रीललिता सहस्र नाम जिसे हयग्रीव श्री विष्णु भगवान् ने अगस्त्य मुनि को उपदिष्ट किया है और जिसे वशिन्यादि वाग्देवताओं ने महाराज्ञी श्रीललिताजी की आज्ञा से ही संकलित किया है। जो बड़े गंभीर अर्थों से परिपूर्ण है और कहां मेरी अतिस्वल्प ज्ञान वाली छोटी बुद्धि। इस सहस्रनाम व्याख्यान की पद्य रचना के विषय में मेरा प्रयत्न वैसा ही है जैसा किसी बालक का आकाश में स्थित चमकते चांद को पकड़ने का साहस होता हो। इसे देखकर विद्वान् हँसेंगे भले ही हंसों पर कुछ विज्ञ लोग प्रसन्न भी होंगे, एवं शक्ति साधक श्रीविद्या के उपासक कुछ तो राजी होंगे हीं।

भगवती ललिताम्बा इसको पढ़ने वालों पर प्रसन्न होगी वर देगी इसमें कोई सन्देह नहीं करना चाहिए।

## स्वाभिमतम्।

अष्टाभिर्यदिदं वचोऽधिपतिभिः पूर्वं वशिन्यादिभिः
सन्दृब्धं जगदम्बिकानुमतितो नाम्नां सहस्रं परम्।
दिव्यार्थं प्रणिगूढभावभरितं, तत्रैकमप्यत्र को?
व्याख्यातुं मनुजो गुणौर्ज्ञपयितुं स्तोतुं निबद्धुं क्षमः ॥१॥

महामाया श्रीललितामहाराज्ञी के जिस सहस्रनाम स्तोत्र को आठों वशिन्यादि वाग्देवताओं ने (मिलकर) श्रीललिता भगवती की आज्ञा से ही गुम्फित किया है। और जो सहस्रनाम दिव्य अर्थपूर्ण एवं निगूढ भावों से भरा है उसके किसी एक भी नाम का परिपूर्ण यथार्थ सत्य व्याख्यान करने तथा भाव प्रकाशित करने एवं स्तुति लिखने निबन्ध रचने को कौन मनुष्य समर्थ हो सकता है? कोई भी नहीं समर्थ हो सकता है॥ १ ॥

इत्थं ध्रुवेऽर्थेऽपि मदीयमानसे, याऽऽस्ते रतिः श्रीललितापदाब्जयोः ।
सा राजहंसीव कलं भणन्त्यलं चिराय मामाज्ञपयत्यनूदितुम् ॥ २ ॥

ऐसी बात निश्चित है तो भी मेरे मानस में बिलास करती हुई श्रीललिता पदारविन्द की रति राजहंसी की तरह बहुत समय से मधुर मधुर गुनगुनाती हुई मुझे इन सहस्रनामों की स्तुति करने को प्रेरित कर रही है ॥ २ ॥

लोकेषु यच्छ्रीहरिणोपदिष्टं प्रभावयेत्तद्धरिरेव नान्यः ।
इत्यम्बया प्रेरितधीरहं तन्नाम्नां सहस्रं क्रमशः स्तवीमि ॥ ३ ॥

ठीक भी है जिस सहस्रनाम को लोक में श्रीहरि ने (हयग्रीव रूप विष्णु-भगवान् ने) प्रकाशित किया है, उसे अब फिर लोक में श्रीहरि ही प्रभावित (विस्तृत) करै, इस प्रकार श्रीपराम्बा भगवती से प्रेरित बुद्धि के द्वारा मैं श्रीहरि इन हजार नामों की क्रमशः स्तुति लिखता हूं ॥ ३ ॥

तदत्र काव्ये ललितासहस्रे स्फुरत्सुमोद्यान इवातिकम्रे ।
अमन्द-सौरभ्यगुणाप्ति-कामा अलं सरामा विबुधा रमन्ताम् ॥ ४ ॥

इस मेरे ललिता सहस्रकाव्य में जो खिलते हुए पुष्पों के उद्यान के समान सुन्दर मनोहर है पूर्ण सौरभ्यादि गुणों की चाहना वाले सपत्नीक विद्वान् लोग रमण, क्रीड़ा, बिहार करैं ॥ ४ ॥

उद्यानकेऽस्मिन्प्रतिनामकल्पद्रुमं सुपुष्पाणि फलानि नाना ।
मनोऽभिलाषानुगुणानि सर्वे सम्प्राप्नुवन्ति प्रविशन्त एव ॥ ५ ॥

इस रमणीय बगीचे में प्रत्येक नाम कल्पद्रुम है उसमें नाना फल पुष्प लगे हैं। विद्वान् साधक रसिक लोग यहां प्रवेश करते ही उन्हें यथाभिलाष प्राप्त करैं ॥ ५ ॥

क्वचिद्गुणान्क्वापि परं प्रभावं, कुत्रापि नाम्नो महिमानमुच्चैः ।
अर्चाफलं योगफलं क्वचिच्च, निरुक्तियुक्तां चरितार्थताञ्च ॥ ६ ॥

हमने इसमें कहीं नामगुण, कहीं नाम का प्रभाव, कहीं नाम की उत्कृष्ट महिमा तो कहीं पूजाफल, कहीं योगफल और कहीं नाम निरुक्तियां, कहीं चरितार्थता ॥ ६ ॥

अभ्यर्थनां क्वापि, बलिप्रदान-फलं च, कुत्रापि सुखोपदेशम् ।
उत्प्रेक्षणं क्वापि शिवं स्वकीयं, क्वचित्स्तवं क्वापि नमस्क्रियाश्च ॥७॥

कहीं प्रार्थनाएं और कहीं बलि अर्पण का फल, कहीं सुखप्रद उपदेश, तो कहीं उत्प्रेक्षण, कहीं अपनी कल्याण कामनाएं, कहीं स्तुतियां और कहीं प्रणाम ॥ ७ ॥

मन्त्रप्रभावं क्वचिदम्बिकायाः, मनुं निगूढं क्वचन स्फुटार्णम् ।
फलं जपानामपि भावनानां निबद्धवानस्मि यथामनीषम् ॥ ८ ॥

और कहीं मन्त्र प्रभाव तो कहीं जगदम्बिका के गूढ और अस्पष्ट मन्त्र, कहीं जप का फल, तो कहीं भावनाओं का फल यथाबुद्धि निबद्ध किया है ॥८॥

मदीयकाव्ये ललितासहस्रके ह्युदञ्चिते व्योम्नि सहस्रगाविव ।
सद्भिःसरोजैरिव सम्प्रहृष्यतां खलैश्च घूकैस्तमसि प्रविश्यताम् ॥ ९ ॥

हमारे इस ललिता सहस्रकाव्य के, लोक में सूर्य की तरह प्रकाशित (उदित) हो जाने पर सज्जन सहृदय साधक विद्वान् लोग कमलों की तरह प्रसन्न विकसित प्रमुदित होवें और दुराशय लोग (दुष्ट) उलूकों की तरह कहीं अन्धकार में प्रविष्ट हो जांय ॥ ९ ॥

अस्य द्रुमेषु फलितेष्वपि पुष्पितेषु, दुष्केलिलोलकरणाः प्रणिनंसया ये ।
वाञ्छन्ति वेष्टुमिह तैर्द्विपकैर्विचिन्त्यमेषां प्रभुर्हरिरसौ किल जागरूकः ॥१०

इस रमणीय काव्य उद्यान के फूले फले पद्यवृक्षों में दुराचारी चलचित्त लोग दुष्ट गजों की तरह मोहरा (तिर्यग् दन्तप्रहार) करने की इच्छा से प्रवेश करने के पहले ही यह निश्चय सोचलें कि इसका स्वामी श्रीहरि (कवि श्रीहरि और सिंह, श्री से बल बिक्रम शोभासम्पन्न सिंह समझिए) हैं, और वह यहीं जागरूक हैं ॥ १० ॥

कोलाः खला अस्य पद्यवृक्षान्नैवोत्खनन्त्विति ।
निबद्धा सुदृढा ह्येषां विवृतिर्हिन्दभाषया ॥ ११ ॥

हो कोई दुष्ट सूअर इस बगीचे के पद्य वृक्षों को न खोद सकें इस लिए हमने इन पद्यों की हिन्दी भाषा मे सुदृढ विवृति विवरण और बाड़ (पेडों की रक्षार्थ वाड़=मेंड बांधी जाती है) निबद्ध करदी है ॥ ११ ॥

---

॥ श्रीः ॥



साहित्यैकसुधानिधिर्लिखितवान् योऽलङ्कृतौ[1] कौतुकं

यश्चाम्नायधुरन्धरः कविकलाभिज्ञो यशोभास्वरः ।

येन श्रीललितासहस्रकमिदं काव्यं कृतं भ्राजते

सोऽसावाशुकविः शुचिः सहृदयो मित्रं सतां श्रीहरिः ॥१॥

---

१ विषयसप्तमीयं बोध्या ।

॥ श्रीः ॥

आम्नायधुरन्धर-आगमरत्न-साहित्यमहोपाध्याय-आशुकवि, कविभूषण, काव्यरत्नाकर, वेदान्तभूषण, पुराणप्रभाकरादिनैकविरुदविभूषितेन

पण्डितश्रीहरिशास्त्रिणा विरचितं

# श्रीललितासहस्रं काव्यम्

## तस्येदं प्रथमं शतकम्

स्वरचित-हिन्दीभाषानुवादसहितम् ।

मङ्गलम्—श्रियं मुकुन्दाय, शिवाय गौरीं, स्वरां विरिञ्चाय समं ददाना ।
माता मणिद्वीपनिवासिनी मे, महेश्वरी सा ललिता मुदे स्तात् ॥१॥

जिस मणिद्वीपनिवासिनी महामहेश्वरी माता ने मुकुन्द को श्री, एवं शिवको गौरी तथा ब्रह्माको स्वरा शक्ति साथ साथ ही प्रदान की है वह श्रीललिता पराम्बिका मेरे कल्याण के लिए होवे। अर्थात् मेरा कल्याण करती रहै ॥१॥

गुरुं गुरुपरम्परां शिरसि चिन्तयन्पूजयन्
महागणपतिं स्मरन्नखिलविघ्नविध्वंसनम् ।
हृदि स्वकुलदेवताचरणसेवनां भावयन्
स्तवीमि ललिताम्बिकाशुभसहस्रनामान्यहम् ॥ २ ॥

मैं अपने गुरुदेव और गुरुपरम्परा (उनके गुरु परगुरु परमेष्ठीगुरु परात्परादि गुरुओं) को शिर पर चिन्तन करता तथा उनकी पूजन करता हुवा, और समस्त प्रकार के विघ्नों का विद्ध्वंस करने वाले श्रीमहागणपति को स्मरण

करता हुवा एवं हृदय में अपनी कुलदेवता श्रीभगवती की चरणसेवा की भावना करता हुवा अर्थात् भावप्रधान सेवा करता हुवा श्रीललिता महामाया के शुभप्रद सहस्रनामों की स्तुति लिखता हूं ।। २ ।।

—:o:—

लक्ष्मीं या प्रकटीचकार कलया कल्पादिकालेऽम्बिका
स्थित्यै चास्य जगत्त्रयस्य कृपया प्रादात्स्वयं विष्णवे ।
विश्वोद्भावनकारिणीमपि च यां सर्वाः श्रयन्ति श्रियः
"श्रीमाता" ललिताम्बिका भगवती साऽऽस्तां मम श्रेयसे ।। १ ।।

सर्वादि महामहेश्वरी जिस परामबा ने कल्पादि काल में अपनी कला से लक्ष्मी को प्रकट किया और इस त्रैलोक्य के रक्षण के लिए स्वयं ही कृपा कर विष्णु को प्रदान किया, विश्व को प्रकट करने वाली जिस महाशक्ति को सभी श्रियां आश्रित करतीं हैं । अर्थात् जो सभी श्रियों का एक आधार है वह श्रीमाता ललिता अम्बिका भगवती मेरे कल्याण के लिए होवे । अर्थात् सदैव मेरा कल्याण करती रहै ।। १ ।।

या विश्वस्थितये समस्तदिविषत्प्रद्वेषिणं दानवं
भण्डाख्यं सबलं निहत्य जगतां राज्यं चकार स्वयम् ।
देवांश्चानुशशास शाशनविधिं या चादिमा "श्रीमहा-
राज्ञी" सुप्रथिता बभूव, ललिता सा मे हृदि द्योतताम् ।। १ ।।

विश्व की मर्यादा की रक्षा करने वाली जिस भगवती ने समस्त देवों से द्वेष करने वाले भण्डासुर को सदल बल विनष्ट कर दिया और त्रैलोक्य का राज्य किया तथा देवों को राज्य शासन सिखाया, वह सर्वादिभूता श्री महाराज्ञी ललिताम्बिका मेरे हृदय में प्रकाशित होती रहै ।। २ ।।

संसेवन्ते श्रियो यत्सततमनुगताः स्वर्ण·रत्नप्रदीप्ताः
वोढुं तामादिमायां स्वयमुपगतवान् श्रीहरिः सिंहरूपम् ।

शौर्य्ये वीर्ये प्रकृष्टं तमिह कृतवती या स्वकीयाऽऽसनं सा
"श्रीमत्सिंहासनेश्वर्य्य"नुदिनमखिलाभीष्टदात्री ममाऽऽस्ताम् ।।३।।

जिसको सुवर्ण सहित रत्नों से दीप्यमान सभी श्रियां (लक्ष्मी और शोभाएं तथा सम्पदाएं) सदा अनुगत हुई सेवन करती हैं। और उस आदिमा महामाया को अपने ऊपर धारण करने को भगवान् विष्णु ने स्वयं सिंह का रूप धारण किया है। उस शौर्य्य और वीर्य में सर्वोत्कृष्ट सिंह (सिंह और आसन=सिंहाकार–आसन या सिंह स्वरूप आसन) को जिसने अपना आसन बनाया है, वह श्रीमत्सिंहासनेश्वरी भगवती ललिता प्रतिदिन मुझको सब प्रकार के अभीष्ट देने वाली होवे ।। ३ ।।

नोटः—भगवती महामाया को धारण करने को विष्णु स्वयं सिंह बने हैं— प्रमाण—देवी भागवत में—"हरिःस्वयं हरिरभूद्ब्रह्मा लोहितपङ्कजम् । तस्योपरि महामाया वराभयकरी स्थिता" इति ।

सुरवृन्दहुताऽऽहूतां, परिणुतां च सामभिः ।
"चिदग्निकुण्डसम्भूतां" मातरं काञ्चिदाश्रये ।।४।।

सभी देव समुदाय के द्वारा अग्नि में हवन, से (आहुतियों से) आह्वान की गई बुलाई गई और साम वेद से स्तुति की गई। ऐसी परिस्थिति में चिदग्नि कुण्ड से प्रगट होने वाली अनिर्वाच्य विश्वजननी माता का मैं आश्रय करता हूं ।। ४ ।।

ब्रह्माण्ड पुराण में – देखिए – "होतुमिच्छत्सु देवेषु कलेवरमनुत्तमम् । प्रादुर्बभूव परमं तेजः पुंजमयं महत्" इत्यारभ्य "तन्मध्यतो महादेवीमुदितार्क समप्रभाम् । तां विलोक्य महादेवीं देवाः सर्वे सवासवाः ।। प्रणेमुर्मुदितात्मानो भूयो भूयोऽखिलात्मिकाम् ।।" अर्थात् भण्डासुर से दुःखी हुए देव वृन्द ने हवन किया। उसमें चैतन्य हुए अग्निकुण्ड में से भगवती प्रगट हुई उसे देख सभी देव प्रसन्न हुए इत्यादि विस्तृत कथा है ।। ४ ।।

उग्रभीतिरुदेति दानववृन्दतो द्युसदां यदा
या दयामृदुलाशया जननी तनूजनुषामिव ।
साध्यसाधनहेतऽवेखिल "देवकार्यसमुद्यता"
कल्पते जगदीश्वरी मम मङ्गलं विदधातु सा ।। ५ ।।

जब दानवों से देवों को उग्र भय उत्पन्न होता है तब जो भगवती दयालुता से कोमल अन्तःकरण वाली माता की तरह अपने पुत्रों के कार्य (अभीष्ट) साधन के लिए समर्थ उद्युक्त होती है, सर्व समर्थ वह जगदीश्वरी मेरा मङ्गल करे ।।५।। यह विबुधप्रिया नाम का छन्द है पिंगल सूत्र में "त्रिवुध प्रिया रसौजौ भरौ वसु दिशः" ऐसा लक्षण है ।

"उद्यद्भानुसहस्राभां" ये त्वां ध्यायन्त्यहर्निशम् ।
वशं नयन्ति ते कान्ता उर्वशीसदृशीरपि ।। ६ ।।

हे जगदम्ब ! जो मनुष्य (भक्त साधक) उगते हुए सहस्र सूर्यों की प्रभा समान अरुणारुण और चमक भरी कान्तिपूर्ण आपको रात दिन ध्यान में लाते हैं या रखते हैं वे उर्वशी समान दुर्लभ कामिनियों को भी शीघ्र वश में कर लेते हैं ।। ६ ।।

वशीकरण के लिए लाल ध्यान करना तन्त्रशास्त्रों में प्रसिद्ध है तदनुसार 'उद्यद्भानुसहस्राभां' का ध्यान वश्यकर होना ही चाहिये, जैसे-"वश्ये रक्ततरं ध्यानम्" इत्यादि ।

भक्तिप्रणम्राय सुसाधकाय समं प्रदातुं चतुरः पदार्थान् ।
श्रुतिश्चतुर्भेदयुतेव मातः ! स्वयं "चतुर्बाहुसमन्विता"ऽसि ।। ७ ।।

हे मातः ! भक्ति पूर्व प्रणाम करते हुए साधक को एक साथ ही चारों पदार्थ पुरुषार्थ रूप धर्म अर्थ काम मोक्ष प्रदान करने को चार भेद वाली श्रुति के समान आप चारभुजा सहित हुई । यहां परिकरालंकार हुआ । विशेषण साभिप्राय होने से ।। ७ ।।

संहर्तुमिवाऽऽदेष्टुं प्रसृमरमेनं स्वभावतो रागम् ।
"रागस्वरूपपाशाऽऽढ्या" त्वं देवि ! स्वरूपतो जयसि ।। ८ ।।

हे देवि दिव्य रूपवति ! स्वभाव से ही फैलने वाले इस राग को (महा दोष को) संहार करने (समेट लेने के लिए) का उपदेश करने के लिए आप राग स्वरूप पाश युक्त हुई विजय पाती हो ।। ७ ।।

पाश जैसे विशाल होने पर भी समेट लिया जाता है वैसे इस राग को जो स्वभावतः फैलने वाला है समेट कर हाथ में रखो अर्थात् अपने अधीन कर लो ऐसा आदेश देने को ही आप 'राग स्वरूप पाशाढ्या' हो। यह उत्प्रेक्षालंकार हुवा, आर्याछन्द है ।। ७ ।।

कोपः कलयति कुटिलान्तीक्ष्णमुखानङ्कुशोपमस्तमिमम् ।
वशयितुमुपादिशन्ती "क्रोधाकाराङ्कुशोज्ज्वला"सि त्वम् ।। ९ ।।

संसार में क्रोध अंकुश सरीखा कुटिल और तीखा हैं। यह लोको को भी (जो इसका आसरा लेते हैं) कुटिल और दुर्वचन बोलने वाले तीखे बना देता है। इसलिए इसे वश किये रहो ऐसा उपदेश करती हुई आप क्रोधाकार अंकुश से समुज्ज्वल हो। इसके वश न होने से यह कौटिल्य और तीक्ष्ण दोष लाता है पर इसे वश कर लेने से ये दोष नहीं आते हैं प्रत्युत उज्वलता मिलती है ऐसा समझाती हुई आप क्रोधाकार अंकुश से समन्वित हो ।। ८ ।।

मनोरूपेक्षुकोदण्डामम्बिकां ध्यायतां मनः ।
समाधिसुस्थिरं नृणां जायतामिति निश्चयः ।। १० ।।

मन रूप ईख के धनुष वाली अम्बिका को (ललिताम्बा को) ध्यान में रखने वाले मानवों का मन समाधि में स्थिर हो जाता है ऐसा निश्चय समझिये। जैसे धनुष अपनी ओर खींचा जाता है तब दूर के लक्ष्य बेधे जा सकते हैं। वैसे ही मन को अपनी ओर खींचो, प्रपंच जाल से निर्मुक्त कर अम्बिका के ध्यान में स्थिर करो यह उपदेश है। ऐसा ध्यान करने वालों का मन स्थिरता को प्राप्त होता हैं इसमें सन्देह नहीं है ।। १० ।।

जगन्निदानं विज्ञातुं यदि वाञ्छसि सत्वरम् ।
अम्बां शरणमन्विच्छ "पञ्चतन्मात्रसायकाम्" ॥११॥

निजी मन को अथवा किसी मित्र को जो संसार कारण जानने को जल्दी करता हो। उपदेश है, हे मन! हे मित्र! यदि इस जगत् का मूलकारण जल्दी ही जान लेना चाहते हो तो जिसके हाथ में पंच तत्मात्राओं के पांच बाण हैं उस महा माया श्री ललिताम्बा की शरण प्राप्त करो उसका ध्यान करो उसको ही पूजो जिससे शीघ्र ही जगत्का कारण समझ में आ जायगा। जगत के कारण पंच महा भूत हैं, उनके भी कारण सूक्ष्म भूत हैं उनके भी कारण तन्मात्राए हैं वे सूक्ष्म से सूक्ष्म हैं, वे बाण के रूप में भगवती ललिता के हस्तगत हैं। पंच तन्मात्राएं सृष्टि रचना की मूल कारण है ऐसा समझना चाहिए जैसे धनुर्धारी अपने बाण को प्रेरित कर अन्यत्र पहुँचाता है वैसे ही यह महामाया इन पंच तन्मात्राओं को बाणों की तरह सूक्ष्म-स्थूल भूतों में और उनके रूपों रूपान्तरों में प्रेरित करती हैं॥ ११॥

ललिता ललितामातुः सुतनोः सुतनोश्छविः।
"निजारुणप्रभा-पूरमज्जद्ब्रह्माण्डमण्डला" ॥ १२ ॥

सुन्दर और सुतरां तनु पतली ललिता माता की सुन्दर सुखद मूर्ति की ललित मनोहर शोभा अपने अरुणारुण (लाल लाल) प्रभापूर में ब्रह्माण्डमण्डल को डुबाती हुई हैं। अर्थात् भगवती श्री त्रिपुर सुन्दरी के शरीर से बरसती हुई शोण शोण प्रभाओं से यह सारा ब्रह्माण्ड व्याप रहा है॥ २५॥ पद्य के पूर्वार्ध में पदावृत्ति यमक शब्दालंकार है।

"चम्पकाशोकपुन्नागसौगन्धिकलसत्कचा"।
वेणी श्रीललिताम्बायाः श्रेयो वितनुतां मम ॥ १३ ॥

चम्पा (पीली) अशोक (लाल) पुंन्नाग सौगन्धिक कल्हार कमल (विशेष सुगन्ध वाले कमल कल्हार कहलाते हैं) इन सबसे सुशोभित केशों वाली श्री ललिताम्बा की वेणी मेरा कल्याण सम्पादन करने वाली होवे। यह नाम यहां

बेणी के विशेषण रूप में वर्णित हुवा है। चम्पक अशोक पुंन्नाग शब्द वृक्ष है तो भी उनके पुष्पो में लक्षित हैं ।। १३ ।।

"कुरुविन्दमणिश्रेणीकनत्कोटीरमण्डिता" ।
राजराजेश्वरी सा मे श्रियं दद्यान्महेश्वरी ।। १४ ।।

पद्मराग मणि की श्रेणियों से दीव्यमान मुकुट से शोभित हुई वह श्रीराज राजेश्वरी ललिता महाराज्ञी मुझे भी शोभा और सम्पदाएं देवे। कुरुविन्दमणि लाल रंग के रत्न विशेष होते हैं, कुरुविन्दमणि के गुण गरुड़ पुराण की रत्नाध्याय में लिखे हैं जैसे—कामानुरागः कुरुविन्दलेषु शनैर्नताहक् स्फटिकोद्भवेषु। मङ्गल्य युक्ताः हरिभक्तिदाश्च वृद्धिप्रदास्ते स्मरणाद्भवन्ति। इति। कुरुविन्दमणि, काम, अनुराग, मंगल भाव भक्ति और समृद्धि बढ़ाने वाले होते हैं ।। १४ ।।

"अष्टमीचन्द्रबिभ्राजदलिकस्थलशोभिता" ।
कामेश्वरी प्रसन्नास्या भिन्द्यान्मेऽन्तर्गतं तमः ।। १५ ।।

अष्टमी के चन्द (अर्द्ध चन्द्र) के समान ललाट स्थल से शोभित हुई, प्रसन्न मुख मण्डल वाली कामेश्वरी भगवती मेरे अन्तर्गत तम अन्धकार-अज्ञान और तमो गुण को दूर करें। अष्टमी तिथि को कला वृद्धि क्रम से ८ कला वाला अर्द्ध चन्द्र होता है। ललाट को आधे चन्द्र की उपमा दी है। यह पूर्णोपमा है। चन्द्र तम को हटाता है इसलिए प्रार्थना भी अनुकूल हुई है ।। १५ ।।

भक्तचित्तचकोराणां प्रत्ययाय भवत्युमा ।
"मुखचन्द्रकलङ्काभमृगनाभिविशेषका" ।। १६ ।।

भक्तों के चित्तरूप चकोरों के विश्वास के लिये भगवती श्री ललिता अपने विशुद्धमुख चन्द्र पर कलङ्क प्रभा समान कस्तूरी का तिलक धारण करती है। चकोर पक्षी सदा कलंक वाले चन्द्र को देखते हैं और उसकी चन्द्रिका का पान करते रहते हैं ऐसा कवि-सम्प्रदाय सिद्ध है। भगवती का मुख विशिष्ट कान्तिमान् विशुद्ध चद्र है, पर भक्तों के मन रूप चकोरों के विश्वास के लिये कि हां यह

वही चन्द्र है कस्तूरी का बिन्दु लगाती है। हेतूत्प्रेक्षा है। तिलक और कलंक का उपमानोपमेय भाव है ॥ १६ ॥

मङ्गलं मङ्गलानां या, सा मे दिशतु मङ्गलम् ।
"वदनस्मरमाङ्गल्यगृहतोरणचिल्लिका" ॥ १७ ॥

भगवती का अपना मुख ही कामदेव का मङ्गल गृह है और उसके तोरण की तरह है चिल्लिका भ्रू लता भृकुटी युगल जिसका ऐसी अर्थात् निज मुख रूप स्मर गृह की तोरण समान भोहे वाली वह समस्त मंगलों की मंगल भूता माता श्री त्रिपुर सुन्दरी मुझे मंगल प्रदान करती रहे ॥ १७ ॥ यहां परम्परित रूपक अलंकार है।

"वक्त्रलक्ष्मीपरीवाहचलन्मीनाभलोचना" ।
साम्बा विलोकयतु मां कृपापूर्णकटाक्षतः ॥ १८ ॥

निज मुख शोभा के प्रवाह में ( जल स्रोत में ) चलते मत्स्य के समान लोचन वाली वह ललिताम्बा मुझे कृपा पूर्ण कटाक्ष से देखैं। भगवती के मुख में शोभाओं का स्रोत बहता है उस प्रवाह में नेत्र चलती मच्छी के समान हैं। मच्छी जल प्रवाह में चलती रहती है यह उसका स्वभाव है ॥ १८ ॥

दिशतु श्रेयोलाभमिह मे सा जगदीश्वरी ।
"नवचम्पकपुष्पाभनासादण्डविराजिता" ॥ १९ ॥

जिस भगवती श्री ललिताजी की नासिका नवीन चम्पा के पुष्प की समान सुन्दर सुगम और सुगन्ध बरसने वाली है, वह भगवती मुझे कल्याण का लाभ देवे। यह छन्द सोरठा (हिन्दी भाषा छन्द) है। उपमा सुन्दर है ॥ १९ ॥

ताराकान्तितिरस्कारिनासाभरणभासुरा ।
अलम्विलसतान्मध्येमनो मे जगदम्बिका ॥ २० ॥

तारा की कान्ति का तिरस्कार करने वाले नासाभरण नाक के लोंग, नाका कांटा (जिसमें हीरा जड़ा रहता है) से दीप्त होती हुई जगदम्बा मेरे मन में यथेष्ट बिहार करै। प्रतीप अलंकार है ॥ २० ॥

श्रुतिमार्गमिता मेऽतिप्रिया इति निबोधितुम् ।
"कदम्बमञ्जरीक्लृप्तकर्णपूरमनोहरा" ॥ २१ ॥

श्रुति (वेद) मार्ग के अनुसार चलने वाले मुझे बहुत प्रिय हैं और मेरे श्रुति (कान) तक (ध्यान में) पहुँचने वाले मेरे प्रिय होते हैं इस प्रकार बोध कराने की कदम्ब की मंजरी से कल्पित कर्ण भूषण से मनोहर प्रतीत होती है। कदम्ब की मंजरी श्रुति मार्ग में पहुँचने से कर्णभूषण बनी वैसे श्रुति मार्ग में चलने वाले मुझे प्रिय हैं ॥ २१ ॥

सुखदुःखे समे कृत्वा मां भजन्त्विति दर्शितुम् ।
"ताटङ्कयुगलीभूततपनोडुपमण्डला" ॥ २२ ॥

भगवती ललिताजी के कानों में सूर्य और चन्द्र दोनों टोटी (कर्णभूषण) रूप से हैं उनसे भगवती यह दरसाती है कि एक तपन तपाने वाला) है एक शीतल है अर्थात् जड है तो भी दोनों को समान रूप से कानों में धारण करती हूं इसी प्रकार तुम भी सुख दुःख को तथा सुख साधन और दुःख साधन को समान समझते हुए. अथवा मेरे साधन से सुख और दुःख हों तो उन्हें समान समझकर मुझे भजो। सुखदुःखमे समत्व योग धारण करने वाला साधक (योगी) निर्विकल्प हो जाता है ऐसा गीतादि शास्त्र कहते हैं। ॥ २२ ॥

विषयानभिभूयैव शुद्ध्यन्त्विति विकासितुम् ।
"पद्मरागशिलाऽऽदर्शपरिभाविकपोलभूः" ॥ २३ ॥

भगवती की कपोलस्थली पद्मराग मणिके आदर्श (दर्पण) की शुचिता और कान्ति प्रवाह को तिरस्कार करने वाली है। इससे वह हमें समझाती है कि तुम भी विषयों को तिरस्कार कर शुचित्व धारण करो। राग है जहां विषय है पद्मराग में राग है इसलिए शिला प्रयोग आया। विषयों से जडता आती है उनसे दूर रहो उन्हें दबा कर उज्ज्वल बने रहो यह उपदेश हुवा ॥ २३ ॥

शुचीन् सतः श्रिता भान्ति विरागिण इतीरितुम् ।
"नवविद्रुमबिम्बश्रीन्यक्कारिदशनच्छदा" ॥ २४ ॥

निर्मल मन के सन्तों का आश्रय करने वाले विरागी विशेष राग वाले भी प्रकाश पाते हैं विशेष रागासक्त पुरुष भी मेरे समुज्ज्वल सन्त साधकों का आसरा पाकर वैराग्यवान् होते हुए प्रकाशित होते हैं उस पर प्रकाश को प्राप्त हो जाते हैं। यों समझाने को भगवती नवीन मूंगे के बिम्ब की शोभा का तिरस्कार करते होठ धारण करती है। दांत उज्ज्वल सत् (सन्त) हैं, उनके आश्रित होठ हैं वे रागवान है तो भी विराग विशिष्ट राग और वैराग्य वाले हैं जिनसे विद्रुम बिम्ब भी पराभव पाता है ॥ २४ ॥

ज्ञानप्रकाशस्तिमिरं हन्तुमित्यनुशास्तये ।
"शुद्धविद्याङ्कुराकारद्विजपंक्तिद्वयोज्ज्वला" ॥ २५ ॥

तिमिर (अन्धकार और अज्ञान) को अपहरण करने के लिए ज्ञान (प्रकाश) उपयुक्त होता है। इस अनुशासन के लिए श्री अम्बाजी विशुद्ध विद्या के अङ्कुराकार दन्तों की दो पंक्तियों से उज्ज्वल शोभित है ॥ २५ ॥

गन्धवत्सु हि सर्वेऽपि स्निह्यन्तीत्यनुदर्शितुम् ।
"कर्पूरवीटिकामोदसमाकर्षिदिगन्तरा" ॥ २६ ॥

गन्ध (गुण) वालों में सभी स्नेह (प्रेम) करते हैं. यह दिखलाने को भगवती के कपूरयुक्त बीडी (पान) के सुगन्ध ने दिगन्तों को भी समाकर्षित कर लिया है सुरभितकर लिया है। अर्थात् उपर्युक्त बात समझाने को आमोद से दिगन्तों की सुगन्धित करने वाली कर्पूरवीटिका (बीडी पान) धारण करती है। स्वीकार करती है ॥ २६ ॥

जयन्ति मधुरा वाच इत्यादेष्टुं महेश्वरी ।
"निजसंलापमाधुर्य्यविनिर्भर्त्सितकच्छपी" ॥ २७ ॥

मधुर वचन सबको जीतलेते हैं ऐसा आदेश देने को श्रीललिताजी ने ऐसी वाणी प्रगट की है, जिसकी मधुरता से सरस्वती की वीणा ( कच्छपी ) भी तिरस्कृत हो जाती है। जन मधुर भाषण कर सब पर विजय पा लेता है ॥२॥

"मन्दस्मितप्रभापूरमज्जत्कामेशमानसा" ।
स्वेच्छयैषा महामाया मोहयत्यखिलं जगत् ॥ २८ ॥

जिसके मन्द मुसकुराहट की प्रभाओं के पूर में कामेश्वर (परशिव) का भी मन डूब जाता है, ऐसी यह महामाया श्रीललिताम्बा स्वेच्छा से इस जगत् को मोह लेती है। भगवती का हँसना मोह करने वाली माया ही है, ऐसा विराट्रूप प्रदर्शन के अवसर पर कहा है "हासो माया प्रकीर्तिता" देवी गीता अध्याय ३ में देखो ॥ २८ ॥

समस्योच्चैरुज्ज्वलस्य नोपमेति निदर्शितुम् ।
"अनाकलितसादृश्यचिबुकश्रीविराजिता" ॥ २९ ॥

सभी प्रकार समत्व रखने वाले और बाहर-भीतर समुज्ज्वल ( निष्पाप और गौर ) रहने वाले की कोई उपमा ( सादृश्य ) नहीं है, यह समझाने को भगवती श्रीललिताजी जिसका सादृश्य आज तक जाना नहीं गया ऐसी चिबुक (हनु=ठोडी) से विराजित है ॥ २९ ॥

शंखोऽस्याः शुभ्रकण्ठस्य कान्ति नोपहरेदिति ।
"कामेशबद्धमाङ्गल्यसूत्रशोभितकन्धरा" ॥ ३० ॥

कण्ठ को शंख की उपमा दी जाती है, शंख सी ग्रीवा सुन्दर होती है। भगवती का कण्ठप्रदेश शंख से भी कई गुणा अधिक सुन्दर और शुभ्र है। शङ्ख इसकी सुन्दर कान्ति का अपहरण न करलें इसलिए ही भगवान परशिव कामेश के बाँधे हुए मङ्गलसूत्र से भगवती की कन्धरा (कण्ठ=गर्दन) शोभा पा रही है। उत्प्रेक्षा उपमा प्रतीप अलङ्कार हुए हैं ॥ ३० ॥

इच्छाधिकाः स्वभक्तेभ्यः सम्पदो दातुमम्बिका ।
"कनकाङ्गद-केयूर-कमनीय-भुजान्विता" ॥ ३१ ॥

अपने भक्तों को इच्छा से भी अधिकाधिक सम्पदाएं देने के लिए ही जगदम्बा सुवर्ण रत्नान्वित अङ्गद बाहु के भूषण, केयूर बाजूबन्ध से मनोहर

भुजाएं धारण करती हैं। यद्यपि अङ्गद केयूर पर्य्याय है तथापि आकृति विलक्षणता के भेद से दो आभूषण माने हैं। जिसकी भुजाएं सुवर्ण-रत्न जटित नाना भूषणों से भरी हो वह सम्पत्प्रदान में समर्थ हो ही सकती है ॥ ३१ ॥

अलङ्कर्तुमिव स्वाभिर्भाभी रत्नादिकान्यपि ।
"रत्नग्रैवेयचिन्ताकलोलमुक्ताफलान्विता" ॥ ३२ ॥

अपनी प्रभाओं से हीरे, पन्ने, पद्मराग, नीलमणि आदि जड़ो को भी अलङ्कार बनाने को अथवा सुशोभित प्रभा विशेष युक्त करने को रत्नजटित कण्ठभूषण चिन्ताक और तरल प्रभाचञ्चल मोतियों को धारण करती है। भगवती ने इन्हें अपने तनु की प्रभा से अलंकृत किया तब से ये अलङ्कार हुए हैं ॥ ३२ ॥

सद्भिस्तनुं प्रदायापि प्रेम क्रेयमितीश्वरी ।
"कामेश्वरप्रेमरत्नमणिप्रतिपणस्तनी" ॥ ३३ ॥

सत् पुरुष शरीर देकर भी प्रेम खरीद लेते है ग्रहण कर लेते है। ऐसी शिक्षा देने के लिये कामेश्वरी भगवती ने कामेश्वर (परशिव) के प्रेमरत्न को अपने स्तनमणी से बदल लिया अर्थात स्तन रत्नदेकर बदले में प्रेमरत्न लिया है ॥ ३३ ॥

कामान्पूरयितुं देवी भाति पुष्पवनीव मे ।
"नाभ्यालवालरोमाली(लि)लताफलकुचद्वयी" ॥ ३४ ॥

भगवती मेरे कामों को पूर्ण करने के लिए पुष्पवनी सी शोभित हो रही है। पुष्पवनी में वृक्षों और लताओं के आलवाल (पानी भरने के गड्ढे थांवले) होते हैं। वृक्षों लताओं में फल होते हैं। इस भगवती रूप पुष्पवनी में नाभि आलवाल है रोमावलि लता है कुच फल हैं। रूपक अलङ्कार हुवा है ॥ ३४ ॥

कथं वर्णयितुं शक्या कविभिर्लोककोविदैः ।
"लक्ष्यरोमलताधारतासमुन्नेयमध्यमा" ॥ ३५ ॥

लोक रीति मात्र के कोविद, पंडित, कवि उस भगवती के अलौकिक दिव्य विग्रह का क्या वर्णन कर सकते हैं! जिसका मध्यभाग (कटिप्रदेश)

अलक्ष्य भूत रोमावलि की आधार भावना से मनोनीत किया जाता है। भगवती का मध्यभाग सूक्ष्म और अवर्णनीय है ॥३५॥

प्रमादात्पततो मेऽस्तु ललिताऽऽलम्बनं परम् ।
"स्तनभारनमन्मध्यपट्टबन्धबलित्रया" ॥ ३६ ॥

अपने स्तन भार से नमते हुए मध्यभाग पर पटबन्ध से वेष्टित शोभित त्रिवली वाली श्रीललिता भगवती प्रमाद से पतन होने के समय मेरा आलम्बन (सहारा) बनै। साडी के वेष्टन पर बलित्रय के सुदृढी करण का उत्प्रेक्षण है। ॥३६॥

समुद्धाराय दीनानां भक्तानां करुणार्णवा ।
"अरुणारुणकौसुम्भवस्त्रभास्वत्कटीतटी" ॥ ३७ ॥

भगवती श्रीललिता ने दीन भक्तजनों के उद्धार के लिए, उन्नत कर अपनाने के लिए ( ऊपर उठाने के लिए ) ही लाल लाल कौसुम्भी वस्त्र से अपनी कटितटी कमर बाँध रखी है। अर्थात् जिसके कटितट पर कसूंभी वस्त्र शोभित है, दीन भक्त जनों के उद्धार के लिए कमर कसी है। कमर कसने वाली को उद्धार करना समुचित ही है ॥ ३७ ॥

एका देवी ह्यग्रिमाऽऽसीन्नासदासीन्न सद्यदा ।
"रत्नकिंकिणिकारम्य-रसनादामभूषिता" ॥ ३८ ॥

सृष्टि के पूर्व जब सत् था न असत् था तब सदसद्विलक्षणा यह रत्नकिंकिणी क्षुद्रघण्टिकाओं बजने वाले घुंघरुओं से पूर्ण रमणीय कोंधनी से विराजमान देवी श्रीललिताम्बा ही एक थी। आगमों के देखने से प्रतीत होता है कि सृष्टि की आदि देवी प्रकृति शक्ति स्त्री रूप से ही हुई है। अर्थात् पहला प्रकाश स्त्री रूप हुवा फिर स्त्रियां ही स्वेच्छा से पुरुष बनी हैं। देखिए रहस्य ( प्राधानिक ) में एवं "युवतयः सद्यः पुरुषत्वं प्रपेदिरे। चक्षुष्मन्तोऽनु पश्यन्ति नेतरेऽतद्विदो जनाः।" इससे पूर्व "सर्वस्याद्या महालक्ष्मीस्त्रिगुणा परमेश्वरी" इत्यादि समझिए ॥ ३८ ॥

मय्यनिर्वाच्यसौन्दर्य्या सा प्रसीदतु सन्ततम् ।
"कामेशज्ञातसौभाग्य-मार्द्दवोरूद्वयान्विता" ।। ३९ ।।

जिनका सौन्दर्य और मृदुलत्व एक कामेश परशिव ने ही जाना है, ऐसे ऊरू (जंघा) द्वय वाली अतएव अनिर्वचनीय सौन्दर्य वाली वह त्रिपुर सुन्दरी माता मुझ पर सदा प्रसन्न रहे। भगवती के सौन्दर्य्य की अनिर्वचनीयता में श्री शंकराचार्य भगवान् की यह "तथा ते सौन्दर्यं परमशिवदृङ्मात्रविषयः । कथं कारं ब्रूमः सकलनिगमागोचरगुणे ।।" आनन्दलहरीस्थ पद्य प्रमाण है ।। ३९ ।।

कवीनां प्रतिभा-स्फूर्ति-सादृश्यायैव दृश्यते ।
"माणिक्य-मुकुटाकार-जानुद्वय-विराजिता" ।। ४० ।।

कविजनों की प्रतिभा की स्फुरणा में सादृश्य (उपमा=तुलना) आ जाने के लिए ही भगवती ने माणिक्य मुकुट के समान आकार वाले जानु युगल को धारण किया है। अन्यथा भगवती के जानु युगल तो माणिक्य मुकुटाकार से भी शत गुणा अधिक सुन्दर स्निग्ध और स्वच्छ तथा चमकदार है ।। ४० ।।

सादृश्यलक्ष्मोलालित्यलीलोल्लासाय जायते ।
"इन्द्रगोपपरिक्षिप्तस्मरतूणाभजङ्घिका" ।। ४१ ।।

सादृश्य लक्ष्मी (उपमा की शोभा) में लालित्य लीला के उल्लास के लिए अर्थात् उपमा में अनेक ललित लीलाएं विकसित होती रहें इसलिए भगवती ने इन्द्रगोपमणि से जड़े हुए काम के तूण (तरकस) की समान जंघाएं (पिंडलियां) धारण की है ।। ४१ ।।

गूढव्यङ्ग्योदञ्चिता रम्यवर्णा, भावोल्लासा सूक्तिवत्सत्कवीनाम् ।
सा कामाक्षी संस्फुरद्गूढगुल्फा 'ह्यस्मच्चित्ते सन्ततं संचकास्तु" ।। ४२।।

जिसमें गूढ व्यंजना समुल्लासित होती है, जिसके वर्ण रमणीय हैं। जिसमें भावों का विकास है, ऐसी उत्तम कवि की सूक्ति (कविता) के समान गूढ गुल्फ (टकनों से=पैर के दोनों ओर की गांठों से) शोभित भगवती कामेशी

श्री ललिताम्बा सदा हमारे चित्त मे प्रकाशित हो। सूक्ति के विशेषण भगवती में भी समन्वित कर लीजिए ।। ४२ ।।

जयन्ति कठिनाः सर्वा विपदो मत्पदानुगा. ।
इत्याख्यातुं "कूर्मपृष्ठजयिष्णुप्रपदान्विता" ।। ४३ ।।

मेरे चरण को शरण बनाने वाले अर्थात् मेरे अनुगत साधक लोग कठिन से कठिन सभी विपदाओं को जीत लेते हैं। यही कहने को भगवतो कछुवे की पीठ का विजय करने वाले प्रपद ( पादाग्र भाग ) से समन्वित है। यह संकेत कठिनता और ऊंचाई दोनों की ओर है प्रथम भक्त की दृष्टि में भगवती का चरण अग्रभाग आवेगा फिर क्रम से ऊचाई की ओर दृष्टि बढ़ेगी इस प्रकार कठिनता से पार होने की बात समझिये ।। ४३ ।।

क्रीड त्वमकुतोभीति मनो ! जागर्ति साम्बिका ।
"नखदीधितिसंछन्ननमज्जनतमोगुणा" ।। ४४ ।।

हे मन ! तू निर्भय हो, कहीं से भी जिसे भय न हो ऐसा बनकर रह, और भगवती को प्रणाम करके खूब ही खेल यथेष्ट विहार कर। तेरी रक्षा के लिए, अपने चरण नख की कान्ति से प्रणत जनों के तमो गुण और अन्धकार को ढांपने वाली अदृश्य करने वाली भगवती श्री ललिता जागती है सदा सावधान है ।। ४४ ।।

असङ्गा अप्युदञ्चन्तो मत्प्रीत्यै नेति दर्शितुम् ।
"पदद्वय-प्रभाजाल-पराकृत-सरोरुहा" ।। ४५ ।।

संसार से असङ्ग रहकर भी ऊंचेपन की भावना रखने वाले या ऊंचे बनकर रहने वाले अथवा अपने आधार जिससे पैदा हुए उसको भी आक्रान्त कर उछलने वाले मुझे प्रिय नहीं होते हैं। यह समझाने को ही भगवती ने अपने चरणयुग की प्रभाओं से कमलों का पराभव करदिया है। अर्थात् श्रीललिताजी के चरण कमल कान्ति को जीतने वाले हैं। कमल जल से असंग रहता हुआ भी

जल पर चढा जल से ऊपर उछलता रहता है इस कारण श्री के चरणों की कान्ति से पराजित है । क्या ही अच्छा उपदेश है ॥ ४५ ॥

जडोऽप्यभ्यर्थ्य मत्पादौ मिष्टं कौतीति घोषितुम् ।
"शिञ्जानमणिमञ्जीर-मण्डितश्रीपदाम्बुजा" ॥ ४६ ॥

कोई भी जड-मूर्ख-मूक मेरे इन चरणों की प्रार्थना पूजा प्रणामादि कर मधुर मधुर बोल सकता है मधुर कविता कर सकता है । यह घोषित करने को ही श्री भगवती के पादाम्बुज बजते हुए मणिजटित सुवर्ण नूपुरों से सुशोभित हैं । श्री चरणों में बजते हुए मंजीर (नूपुर) कहते हैं हमारी तरह यहां आकर सभी मधुर बोलने लगते हैं । जगदम्बा के उपासक महान् और मधुर भाषी कवि होते हैं यह लोक सिद्ध एवं स्वानुभूत है ॥ ४६ ॥

शनैः शनैः सरस्वत्यां पद्मानि परिरभ्य मे ।
"मरालीमन्दगमना" मय्यारोहतु शाम्भवी ॥ ४७ ॥

इडा और पिंगला, (वाग दक्षिण नाडी) के बीच की नाडी सुषुम्णा नाडी को सरस्वती कहते हैं सरस्वती, गंगा जमुना के बीच की एक नदी भी है। मेरी सरस्वती में (सुषुम्णा में) धीरे २ पद्मों को छः चक्रो को क्रम से परिरंभण कर उनमें ओत प्रोत होकर मिलती हुई राजहंसी के समान मन्द मन्द गमन करती हुई कोई शांभवी शक्ति मुझमें आरोहण करें। शांभवी कुण्डलिनी शक्ति सुषुम्णा में संचार करती छहों चक्रों ( मूलाधारादिकों ) में प्रोत होती हुई सहस्रार तक जाती है इसका संकेत है। शक्ति का विशेषण मराली मन्दगमना यह नाम है ॥ ४७ ॥

सौन्दर्य्यकलोल्लासो यो यो यत्राऽपि दृश्यते मातः ।
सत्यं प्राप्नोत्यखिलः स "महालावण्यशेवधे"स्त्वत्तः ॥ ४८ ॥

मैं यह सत्य समझता हूं हे मातः संसार में सौन्दर्य कलाओं का जो जो उल्लास आविर्भाव जहां कहीं भी हुवा दिखाई पड़ता है वह सब लावण्य की

महानिधानभूता आप ही से प्राप्त होता है यहां यह प्रमाण है-"रूपसौभाग्य-कांतीनां सा प्रतिष्ठा महाश्रियाम्" ॥ मूर्तिरहस्य में देखिये ॥ ४८ ॥

"सर्वारुणाया"स्तवभासुराभिर्भाभिः समस्तामपि रोदसीं ये।
सिन्दूरपूर्णामिव भावयन्ति तेषां जगद्वश्यमवश्यमेति ॥ ४९ ॥

हे मातः! सर्वारुणा वेश भूषा पुष्प तनु-कान्ति आदि से सब तरह शोण रंग वाली आपकी चमकती हुई प्रभाओं से जो साधक सभी द्यावा भूमि को अर्थात् भूमि और आकाश को पूर्ण व्याप्त सिन्दूर परिपूरितसी देखते हैं, उनमें इस समस्त जगत् वश करने की सामर्थ्य उदित हो आती है यह निश्चय है। तन्त्रशास्त्रों में वशीकरण के लिए अरुणारुण ध्यान बताया है ॥४९ ॥

न च स्वात्मन्यास्तां न च कुहचिदङ्गेष्वपि मनाक्
गुणामोषो दोषो न हि स परितोषाय च सताम्।
इतीव स्वादेशं प्रथयितुमियं नेत्ररुचिरा-
"ऽनवद्याङ्गी" लीलाकलितभुवना विश्वजननी ॥ ५० ॥

गुण का मोषण दबाना छुपाना चुराना ही दोष है। वह न भीतर आत्मा में मन में रहे न किसी अवयव विशेष में ही रहे। उस दोष की सत्ता कहीं भी सज्जनों सन्तों को सन्तोष प्रद नही होती है। इस अपने आदेश को प्रसिद्ध करने के लिए यह भगवती लीला मात्र से जिसने भुवनों की रचना की है और जो विश्व की जननी है वह ललिताम्बा नेत्रों की रुचि देने वाली और नेत्रों से रुचिर है वह अनवद्याङ्गी हुई है जिसके सब अंग निर्दोष हो वह अनवद्यांगी कहलाती है। शिखरिणी छन्द है ॥ ५० ॥

धार्य्या यथार्हमव्याः सर्वेऽपि महत्व लाघवे त्यक्त्वा।
इत्यादेष्टुमिवाम्बा सा "सर्वाभरणभूषिता" जयति ॥ ५१ ॥

संसार में आकर सभी को ऊंच नीच बड़े छोटे सुरूप कुरूपादि भेद-भाव छोड़कर स्वीकार करो अपनाओ और रक्षा करो बनाए रखने का यत्न करो, ऐसा

उपदेश देने को ही सर्वाभरण भूषिता होकर अमूल्य बहुमूल्य मणिमौक्तिकादि विशिष्ट तथा सुवर्ण रजतादि साधारण स्वरूप वाले सभी आभरण से भूषित हुई जय पा रही हैं ॥ आर्य्या छन्द है।

प्रज्ञान-काम-हृदय-मनीषा-धृतिगाऽस्यतः। (धृतिगा+असि+अतः इति छेदः)
"शिवकामेश्वराङ्कस्था" देवि त्वं प्रोच्यसे बुधैः ॥ ५२ ॥

इस नाम में शिव, काम+ईश्वर,=कामेश्वर, अङ्क और स्था ये पद भिन्न २ हैं। इनका अर्थ इन सब में स्था के साथ जुड़ता है। हे देवि! आप कामेश्वर शिव के अङ्कस्थिता हो इस कारण शिव कामेश्वराङ्कस्था हो। विशेष में इस कामेश्वर शिव में, प्रज्ञान (शिव) कामेश्वर ईश्वर हृदय तथा अङ्क से मनीषा बुद्धि और धृति में स्था से गत व्याप्त हो। अर्थात् आप शिव कामेश्वर के प्रज्ञान काम हृदय मनीषा और धृति में स्थित होने के कारण विद्वानों द्वारा 'शिवकामेश्वराङ्कस्था' इस नाम से कही गई हो। अनुष्टुप् छन्द है ॥ ५२ ॥

शिवाधारासि त्वं गमयसि शिवं सम्प्रणमतः
शिवाभेदादद्धा भगवति समुद्भावनतया।
जनेभ्यः कल्याणं वितरसि ततस्त्वां सुमनसः
"शिवा"मेव प्राहुर्जननि विशदाभ्यन्तरतथा ॥ ५३ ॥

हे भगवति! आप शिव कल्याण और शंकर की आधार (आश्रय) हो और प्रणत लोगों को आप शिव तक प्राप्त करती हो! और शिव से आपका निश्चय अभेद सिद्ध है तथा कल्याण शिव, सुख का समुद्भव आप से ही होता है, जनों को कल्याण देती रही हो तथा विशुद्ध अन्तःकरण के कारण आपको विद्वान् तथा देवगण सभी शिवा कहते हैं ॥ ५३ ॥

पुरुषः प्रकृतेः पर इति वदतां विश्वेशि! वक्त्रभङ्गाय।
"स्वाधीनवल्लभा" त्वं बोधयसि स्वं हि साम्राज्यम् ॥ ५४ ॥

(पुरुषः प्रकृतेः परः) ऐसा सांख्यों और वेदान्त वादियों का भी सिद्धान्त है। वे प्रकृति और पुरुष में पति-पत्नी भाव भी कहते और बतलाते हैं–"मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्" इत्यादि वाक्य प्रमाण देते हैं।

स्वाधीन वल्लभा' इस नाम का व्याख्यान, स्वाधीन अपने वश है वल्लभ प्रिय पुरुष पति जिसका वह स्वाधीन वल्लभा है। ऐसा होता है। यही ललिता सहस्रनाम के भाष्यकार भगवान् भास्कराचार्य ने लिखा है। इसके अनुसार पुरुष प्रकृति के वश हुआ सिद्ध होता है। जैसा कि 'शिवादीनपि कर्म्माणि कारयन्ती यदृच्छया' शिव आदि देवों को वह शक्ति स्व इच्छा से कर्म करवाती है इत्यादि अनेक प्रमाण हैं। तदनुसार पुरुषः प्रकृतेः परः यह कहने वाले मुंह की खा गये कि नहीं? यदि हां तो पर शब्द का दूर उत्कृष्ट अतिशयित आदि अर्थ यहां तनिक भी सत्ता नहीं जमा सकता है। यहां तो तत्परः मत्परः यत्परः की समान परायणता निष्ठात्वावच्छिन्न है। यदि कहो कि प्रकृतेः यह पंचमी पर का विप्रकृष्ट ही अर्थ देती है, तो यह अन्वय करने की और समझने की भूल है। ऐसा समझिए प्रकृतेः पुरुषः परः प्रकृति का सम्बन्धी पुरुष (पुरिशेते इति पुरिशयनाद्वा पुरुषः। पुरि प्रकृति शक्ति में सोने व्याप्त हो रहने वाले पुरुष है। यह पुरुष प्रकृति के परायण है जो जिसके परपरायण होता है वह उसके अधीन होता है। ऐसा लोकन्याय में देखिए। सारांश यह हुआ स्वाधीनवल्लभा इस नाम से भगवती पुरुष को प्रकृति से पर, दूर, ऊंचा, उत्कृष्टबतलाने वालों का मुख भंग कर देती है॥ ५४॥

विष्णु-ब्रह्म-शिवाना-मुपरि ममास्ते पदं तुरीयमिति।
विज्ञापयितुमिहेश्वरि ख्यातासि "सुमेरुमध्यशृङ्गस्था"॥ ५५॥

हे ईश्वरि! विष्णु, ब्रह्मा और शिव इन तीन मुख्य देवों के भी ऊपर मेरा तुरीय पद (स्थान) है, यह बात समझाने के लिए आप सुमेरु पर्वत जो भूमि पर सब से ऊंचा संमान्य देव स्थान कहलाता है उसके मध्यशृंग बीच में शिखर पर अर्थात् सर्वोन्नत सर्वप्रधान शिखर पर विराजित होने के कारण सुमेरु मध्य शृंगस्था कहलाई हो। आर्या छन्द है॥ ५५॥

साङ्गां च सपरिवारां त्वां "श्रीमन्नगरनायिकां" ध्यात्वा ।
दीना अपि गुणहीना भवन्ति भूपाः कवीन्द्राश्च ॥ ५६ ॥

हे मातः ! श्रीमत् श्रीवाले नगर की नायिका अधीश्वरी आपको साङ्ग और सावरण अंगदेवियों तथा आवरण देवताओं के साथ ध्यान करके दीन, असहाय, निर्धन, गरीब जन और गुणहीन बिना पढ़ेलिखे मूर्ख जन भी राजा और कवीन्द्र बन जाते हैं।

सत्य है जो श्रीमान नगर की महारानी हो वह अपने सेवकों को दीन और गुणहीन कैसे रहने देगी ? वह तुरन्त ही भूप और कवि बनाए बिना न रहेगी। आर्या छन्द है । ५६ ।

प्रवालपुञ्जशोणाभां ये त्वां ध्यायन्त्यहर्निशम् ।
"चिन्तामणिगृहान्तस्था" तेभ्यः सायुज्यमृच्छसि ॥ ५७ ॥

जो मानव (साधक उपासना करने वाले) आपको ध्यान में प्रवाल (मूँगे मणि) के पुंज के समान अरुण कान्ति वाली निहारते हैं, उन्हें चिन्तामणिगृह राज के भीतर विराजती भी आप अपना सायुज्य दे देती हैं। भगवती का लोक मणिद्वीप है उसनें कदम्ब उपवन में चिन्तामणि भवन है उसे चिन्तामणि गृहराज कहते हैं उसका वर्णन देवी भागवत के द्वादश स्कन्ध और दुर्वासा विरचित ललिता स्तवरत्नादि में देखिये । ४७ ।

तत्त्वानि, पञ्च मात्राः प्रवर्तिता मत्पदात् त्रिगुणात् ।
इत्थं नः शिक्षयितुं, "पञ्चब्रह्मासनस्थिता" भवसि ॥ ५८ ॥

हे अम्ब । आप, पाचों तत्व पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश इनके सूक्ष्म-स्थूल रूप तथा इनकी तन्मात्राएं सूक्ष्मातिसूक्ष्म बीजभूत रूप ये सब मेरे ही त्रिगुणमय पद (प्रकृति) से प्रवृत्त हुए हैं, ऐसी हमें शिक्षा देने के लिये पंच ब्रह्म आसन पर विराजित होती हो। आसन भूत पांच ब्रह्म हैं देखिये "ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च, ईश्वरश्च सदाशिवः । एते पंच खुराः प्रोक्ता देवीपादतले

स्थिताः ।।" देवीभागवत । इनमें ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर ये चार तो सिंहासन के चार पाए हैं । पांचवां सदाशिव ऊपर का फलक पटड़ा है जैसा 'फलकस्तु सदाशिवः' । ये हीं पंच ब्रह्म कहलाते हैं । इन पांच के बने आसन पर बैठने से 'पंचब्रह्मासन स्थिता' हुई ।। ४८ ।।

लोकानुद्धरसे भवाब्धिपतितान् कांश्चित्स्वचक्रस्थिता
ह्यन्यान्मञ्जुलमुक्तिमण्डपगता त्वं मोचयस्यन्तकात् ।
अत्युत्का अपरे महेश्वरि "महापद्माटवीसंस्थया"
सिद्धाः शीघ्रतरं त्वया करुणया संस्वीक्रियन्ते मुदा ।। ५६ ।।

राज स्वभाव वर्णन करते हुए महापद्माटवी संस्था इस नामका निर्वचन करते हैं । हे मातर्महेश्वरि ! कभी तो आप अपने चक्र में विराजित हुई ही लोगों को संसार सागर से समुद्धृत करती हो, पार करती हो और कितने ही मानवों को मुक्तिमण्डप में विराजकर मृत्यु की झंझट से छुड़ाती हो और कभी कितनेही अत्यन्त उत्कण्ठित लोगों को महापद्माटवी में बिहार करती हुई सिद्धमहात्मा बना कर स्वीकृत कर लेती हो, अपनाती हो । आहार-बिहार करते हुए भी, दीन हीन अर्थी जनों की प्रार्थना सुनकर उन्हें सहायता देना, मनोरथ पूर्ण करदेना, राजा महाराजाओं का स्वभाव है । मणिद्वीप में महापद्माटवी एक बिहारस्थान वर्णन किया गया है, वहां विराजने के कारण यह नाम सिद्ध हुवा है । शार्दूल विक्रीडित छन्द है ।। ५६ ।।

कदम्बकतरोस्तले प्रियकदम्बपुष्पैर्नवैः
समर्चयति यो जपन् मनुमुपाश्य कादम्बरीम् ।
कदम्बवनवासिनि त्वमुपगत्य तच्चक्षुषोः
प्रदाय सुबहून्वरान्कलयसे च पृथ्वीभुजम् ।। ६० ।।

उपासना का एक विशेष प्रयोग बतलाते हुए कदम्ब वन वासिनी नाम का महत्त्व कहते हैं । हे कदम्ब-वन-वासिनि ! मणिद्वीप में कदम्ब वन है यह अभी ऊपर कहा है उसमें रहने के कारण यह नाम प्रथित हुआ है । हे कदम्ब वन में निवास करने वाली ! जो साधक कदम्ब वृक्ष के नीचे आसन लगा प्यारे

प्यारे नये नये कदम्ब पुष्पों से आपका पूजन करता है और कदम्ब पुष्पो से बनी कादम्बरी अर्पण कर आचमन कर आपका मन्त्र जपता है, उसकी दृष्टि में आप पहुँचकर अर्थात् प्रत्यक्ष होकर उस भक्त को अनेक सुखद वर देती हो तथा उसे राजा बना देती हो। पृथ्वीभुज इस पद से पृथ्वी नाम छन्द भी सूचित किया है। कदम्ब के नीचे भगवती का पूजा ध्यान जप प्रयोग से सत्वर काम्य सिद्धि लक्ष्मी प्राप्ति राज्य लाभादि तन्त्र शास्त्रों में वर्णित है। पृथ्वी छन्द है ॥ ६० ॥

"सुधासागरमध्यस्थां" स्नाप्यमानां सखीगणैः।
ध्यायन्ति ये त्वामर्चन्ति, ते जयन्ति ज्वरानरम् ॥ ६१ ॥

हे देवि ! सुधासागर के मध्यभाग में विराजमान और सखीगणों से स्नान कराई जारही हो ऐसी आपको जो जन ( नर वा नारी ) ध्यान कर पूजते हैं, वे शीघ्र ही सब ज्वरों पर विजय पा लेते हैं। जो ज्वरपीडित जन सुधासमुद्र में सखियों से न्हिलाई जा रही गौरवर्ण हिमशिलावत् शीतल स्वच्छ मूर्तिमती अम्बा को ध्याते हैं उनका ज्वर दूर हो जाता है ॥ ६१ ॥

कामो हीश्वर एव सोऽस्ति भवतीनेत्रायितः साम्प्रतम्
काम्ये वा तव लोचने किल ततः सर्वान् सुराणां पुरा।
कामान्साक्षितया ह्यपूरय इति स्रष्ट्रा कृता सार्थिका
"कामाक्षी"-ति तवाभिधा वितरतु श्रेयांसि भूयांसि मे ॥६२॥

अपनी कल्याण कामना करते हुए कामाक्षी नाम का अर्थ बतलाते हैं। तन्त्राभिधान में काम ईश्वर कहा है, कामेश्वर परशिव है और वह आपको आंख वत् प्रिय हैं। तथा आपकी दृष्टि काम्य कमनीय है और काम पूरण करने वाली है। इन्हीं कामवत् कमनीय और कामप्रद अक्षियों से आपने देवताओं को दयापूर्ण देखते हुए सब काम पूर्ण किये हैं, इसी कारण ब्रह्माजी ने आपका कामाक्षी यह नाम सार्थक रखा है, यह कामाक्षी नाम मुझे बहुत से कल्याण प्रदान करे। शार्दूल विक्रीडित छन्द है ॥ ६२ ॥

ददासि कामान् द्यसि कामबाधां, शुभावहास्सेऽखिलसाधकानाम् ।
अतस्त्रिलोक्यां चरितार्थनाम्नी, त्वं 'कामदायिन्यसि" लोकमातः ॥६३॥

हे लोकमातः ! आप कामनाओं को देती हो, विषयाभिलाष और वासना रूप काम को नष्ट करती हो एवं सभी साधकों के शुभ विधान करती हो, भाग्य सुखकर शुभ बनाती हो, इस कारण त्रिलोकी में कामदायिनी सार्थक नाम वाली हुई हो। उपेन्द्रवज्रा छन्द है ॥ ६३ ॥

त्वमुद्भवसि लोकेषु धर्मसंस्थापनाय वै ।
"देवर्षिगणसंघातस्तूयमानात्मवैभवा" ॥ ६४ ॥

लोक में आप धर्म की स्थापना के लिए ही उद्भव प्रागट्य पाती हो अर्थात् अवतार लेती हो, प्रगट होती हो। सभी देव ऋषिगण मिलकर आपके वैभव ( प्रभुता ) की स्तुति करते हैं। अर्थात् देव और महर्षिगणों के द्वारा आपका आत्मवैभव प्रशंसित होता है, इसलिए आप इस नाम से प्रसिद्ध हुई हो। अनुष्टुप् छन्द है ॥ ६४ ॥

"भण्डासुरबधोद्युक्तशक्तिसेनासमन्विताम्" ।
ध्यायतां मण्डलान्नूनं सर्वे नश्यन्ति शत्रवः ॥ ६५ ॥

हे देवि ! भण्डासुर के वध के उद्योग में लगी हुई शक्तियों की अपार सेना समन्वित आपका जो ध्यान करते हैं उन साधकों के सभी शत्रु एक मण्डलमात्र से नष्ट हो जाते हैं। उनचास दिन का एक मण्डल होता है, ऐसा तन्त्रशास्त्र का निर्णय है ॥ ६५ ॥

सम्पत्करी–समारूढ–सिन्धुर-व्रज-सेविताम् ।
नमतां प्राङ्गणे नित्यं नदन्ति मददन्तिनः ॥ ६६ ॥

हे मातः ! सम्पत्करी देवता शक्ति विशेष (श्रीललिताजी के परिवार शक्तियों में है ) आरूढ़ है जिनपर ऐसे मदवान गजेन्द्र वृन्द से सेवित आपको प्रणाम

करने वालों के प्राङ्गण में नित्य ही मदमत्त हाथी नाद किया करते हैं। उक्त प्रकार का ध्यान कर सहस्र नामावलि में नमः लगाकर प्रणाम करने वालों के लिये यह प्रकार है सम्पत्करी शक्ति श्रीत्रिपुरसुन्दरी के मणिद्वीप में गजसेना पर अधिकारिणी है यह बात ललितोपाख्यान में देखिये।

"अश्वारूढाधिष्टिताश्व-कोटि-कोटि-भिरावृताम्"।
सेवमाना आप्नुवन्ति प्रशस्ता अश्व-सम्पदः ॥ ६७ ॥

अश्वारूढ़ा भी श्री ललिता के परिवार की एक शक्ति विशेष देवी है वह भगवती की सेना में अश्वदल पर अधिष्ठात्री है, उसके अधीन अश्व सैनिकाएं हैं उनसे समावृता हुई (संग्राम में) आपको जो सेवन करते हैं, ध्यानकर आराधना करते हैं, वे प्रशंसनीय अश्व सम्पदा को प्राप्त होते हैं ॥ ६७ ॥

"चक्रराजरथारूढ–सर्वायुध–परिष्कृताम्"।
चिन्तयन्तो रणे वीराः प्राप्नुवन्ति जयं ध्रुवम् ॥ ६८ ॥

चक्रराज रथ. श्रीयन्त्र की आकृति वाला विजय रथ, उस पर आरूढ़ हुई और सब प्रकार के अस्त्र–शस्त्रों से सुसज्जित हुई संग्रामस्थल में प्राप्त आपको जो साधक चिन्तन में लाते हैं वे निश्चय विजय प्राप्त कर लेते हैं। रण में विजय पाने के लिए उपर्युक्त ध्यान सद्यः फलप्रद है। चक्रराज, और किरिचक्र तथा गेयचक्र ये तीन रथ विशेष हैं, ऐसा ललितोपाख्यान में वर्णन आया है। आगे वाले नाम किरिचक्र और गेयचक्र सहित ही आये हैं ॥ ६८ ॥

"गेयचक्ररथारूढ–मन्त्रिणी–परिसेविता"।
कामेश्वरी हरतु मे मन्त्राणां दूषणानि सा ॥ ६९ ॥

गेयचक्र वाले रथ पर आरूढ हुई मन्त्रिणी समन्वित हुई मां ललिताम्बा कामेश्वरी मेरे मन्त्रों के दूषणों को हरण करे ॥ ६९ ॥

"किरिचक्ररथारूढ--दण्ड--नाथापुरस्कृता"।
देवी दूरयताद् द्राङ् मे प्रत्यूहान्दुरितान्यपि ॥ ७० ॥

किरिचक्र नाम के रथ पर आरोहित हुई दण्डनाथा नायिका वाराही शक्ति विशेष देवता जिसके आगे चलती है ऐसी देवी श्रीललिता मेरे विघ्न और पातकों का अपसारण करें। दूर करें ॥ ७० ॥

"ज्वालामालिनिकाक्षिप्त-वह्नि-प्राकारमध्यगाम्" ।
त्वां स्मृत्वा जपतो मन्त्रान् विघ्ना अभिभवन्ति नो ॥ ७१ ॥

ज्वालामालिनी नाम देवता विशेष से अधिकृत वह्निप्राकार के बीच में प्राप्त हुई आपको जो स्मरण करता है उसे कभी कोई विघ्न नहीं दबाते हैं। विघ्नापसारण के लिए अपने चारों ओर वह्निप्राकार भावित किया करते हैं। भगवती ललिताम्बाने भण्डासुर युद्ध में अपनी देवी सेनाओं को सुरक्षित करने के लिए वह्निप्राकार प्रकट कर दिया था। ज्वालामालिनी देवता उस प्राकार की अधिनायिका रही। वह्निप्राकार का वर्णन ललितोपाख्यान में पढ़िए ॥ ७१ ॥

"भण्डसैन्यवधोद्युक्तशक्तिविक्रमहर्षिता" ।
साध्य-सिद्ध्यै मम मनो—विक्रमं बर्द्धयत्वलम् ॥ ७२ ॥

भण्डासुर की सारी सेनाओं के वध करने का उद्योग करती हुई शक्तियों के पराक्रम को देखकर हर्षित होने वाली भगवती श्री ललिताम्बा साध्य सिद्धि के लिए मेरे मन के विक्रम को खूब बढाती रहे ॥ ७२ ॥

"नित्या-पराक्रमाटोप-निरीक्षण-समुत्सुका ।"
संसाराडम्बरोद्विग्नं कृपया मां विलोकताम् ॥ ७३ ॥

नित्या देवियों के संग्रामाङ्गण में ठाट-बाट को देखने से समुत्सुक होने वाली भगवती संसार के आडम्बरों से उद्विग्न हुए मुझको कृपा दृष्टि से देखे ॥ ७३ ॥

"भण्डपुत्रबधोद्युक्तबालाविक्रमहर्षिताम्" ।
नमतां बालका नृणां भवन्ति हि बलोर्जिताः ॥ ७४ ॥

भण्डासुर ने अपने पुत्रों को रण में भेजा, तब भगवती ने सोचा कि बालकों के साथ मैं स्वयं युद्ध करती क्या शोभा प्राप्त करूँगी इस कारण श्री ललिताम्बा ने अपने शरीर से एक बालिका प्रगट की, वह बाला त्रिपुरा कहलाई। उस बाला त्रिपुरा ने भण्डपुत्रों के साथ घोर युद्ध किया है। इस रण में बाला का पराक्रम बड़ा ही प्रशंसनीय रहा है। आखिर भण्ड के सभी पुत्रों को बाला भगवती ने मार दिया है यह विस्तीर्ण कथा ब्रह्माड पुराण के ललितोपाख्यान में देखिए। उस बाला के पराक्रम से (जो भण्डपुत्रों के वध करने में उद्युक्त हुई) आनन्दित होती हुई श्री ललिताम्बा को जो इस सहस्र नाम के पाठ के साथ-साथ नमस्कार करते हैं, उन मानवों के बालक महापराक्रमी और उर्ज्जस्वी होते हैं ॥ ७४ ॥

"मन्त्रिण्यम्बाविरचित-विषङ्ग-वध-तोषिता"।
मन्मनोऽप्यरिनिर्णाश-सूचनात्तोषयत्वलम् ॥ ७५ ॥

भगवती श्री ललिताजी की मन्त्रिणी श्यामलाम्बा हैं इनके किये विषङ्ग नामक दैत्य (जो भण्डासुर का भाई था) के बध से (बध को सुन कर या देख कर) सन्तोष पाने वाली श्री अम्बाजी मेरे शत्रुओं के प्रणाश की सूचना देकर मेरे मन को भी संतुष्ट करें ॥ ७५ ॥

"विशुक्रप्राणहरणबाराहीबीर्यनन्दिताम्" ।
ये त्वां ध्यायन्ति, ते वैरिनाशान्नन्दन्ति सर्वतः ॥ ७६ ॥

युद्ध में भण्डासुर के प्रधानों में एक महापराक्रमी विशुक्र दैत्य था वह भी भण्डासुर का भाई था विषङ्ग और विशुक्र दोनों भाई थे। युद्ध में भगवती की परिवार देवता बाराही नाम दण्डिनी देवी है इसने विशुक्र के प्राण हरण किये हैं। इसके प्राणहरण करती बाराही देवता के पराक्रम से आनन्दित हुई श्री ललिताजी का जो ध्यान करते हैं, वे पुरुष वैरिनाश होने से सब प्रकार से आनन्द पाते हैं ॥ ७६ ॥

"कामेश्वरमुखालोककल्पितश्रीगणेश्वरा" ।
भुवनेशी भवतु मे भूतये भविकाय च ।। ७७ ।।

श्री कामेश्वर परशिव हैं, इनके मुखमण्डल के आलोक प्रभापुंज से भगवती ने गणेश कल्पित किए हैं प्रगट किए हैं। वह समस्त भुवनों की ईश्वरी ललिताम्बा मेरे ऐश्वर्य्य बढ़ाने के लिए और कल्याण करने के लिए सदा समर्थ हों ।। ७७ ।।

"महागणेशनिर्भिन्नविघ्नयन्त्रप्रहर्षिताम्" ।
ये पूजयन्ति, तद्विघ्नान् गणाधीशो दलत्यलम् ।। ७८ ।।

उक्त गणेश के रणस्थल में शत्रु (असुर) प्रयुक्त विघ्नयन्त्र को छिन्नभिन्न किया देख हर्ष को प्राप्त होती हुई श्री ललिता जी का जो पूजन करते हैं, उन साधकों के सभी विघ्नों को श्री गणेश तुरन्त ही दूर करते हैं ।। ७८ ।।

"भण्डासुरेन्द्रनिर्मुक्तशस्त्रप्रत्यस्त्रवर्षिणी" ।
कुर्य्यान्मामम्बिका वादिप्रतिवादजयान्वितम् ।। ७९ ।।

भगवती ललिताजी का और भण्डासुर का महा संग्राम हुवा उसमें श्री ललिताजी ने अपनी तरफ से प्रथम शस्त्र का वार नहीं किया। भण्डासुर के प्रेरित शस्त्रों के जवाब में प्रत्यस्त्र प्रेरित किए हैं इस प्रकार सब शस्त्र बीत गये तब भी वह मायायुद्ध करता रहा उसमें भी मायिक जवाब भगवती ने भी दिये आखिर देवताओं की अभ्यर्थना पर उसका वध किया है। ऐसे युद्ध में भंडासुर के प्रेरित शस्त्रों को नष्ट करने को प्रत्यस्त्र वर्षा करने वाली श्री अम्बाजी मुझे वादियों के प्रतिवाद में विजयी बनाते रहेंगे ।।७९।।

"करांगुलिनखोत्पन्ननारायणदशाकृतिः" ।
श्रीमती ललिता देवी लसतान्मानसे मम ।।८०।।

उक्त दानव ने रण करते समय अनेक माया युद्ध किए हैं। उस समय माया से उसने शंखासुर,हिरण्याक्ष,हिरण्यकशिपु,रावण, कंसादिदानवों को सदल-बल प्रगट किया है। जिस क्रम से उसने दानवों को प्रकटाया और वे युद्ध में आ लड़ने लगे तब उसी क्रम से श्री ललिता महाराज्ञी ने अपने हाथों की अंगुलियों के नखों से नारायण के दसों मत्स्य, कूर्म, नृसिंह, वराह, वामन, परशुराम, राम, कृष्णादि अवतार प्रगट कर उन मायिक राक्षसों का वध करवाया है। इस प्रकार हाथों की अंगुलियों के नखों से अर्थात् अंगूठे और अंगुली की चुटकी की फटकार से विष्णु के दसों आकृतियों को प्रगट करती हुई श्रीमती ललिताम्बा मेरे मन में सदा बिलास करती रहे, विराजित रहे ॥८०॥

"महापाशुपतास्त्राग्नि-निर्दग्धासुर-सैनिका"।
कामेशी कालिका कोपाद्दहत्ववरिकुलं मम ॥ ८१ ॥

महान् पाशुपत अस्त्रजन्य अग्नि से असुर सैनिकों को नितरां दग्ध करने वाली श्री कामेशी ललिता कालिका होकर मेरे शत्रु कुल को कोप से दग्ध कर देवे। तन्त्रशास्त्रों में त्रिपुरसुन्दरी को रक्तकाली कहा है, इस कारण कालिका विशेषण अनुपयुक्त नहीं है। प्रकृत सहस्रनामों में भी काली नाम आया है अतः उचित ही है ॥८१॥

"कामेश्वरास्त्रनिर्दग्धसभण्डासुरशून्यका"।
ज्ञानास्त्रेणारिषड्वर्गं ममापि दहतादुमा ॥ ८२ ॥

कामेश्वर परशिव के दिये या बनाये अस्त्र विशेष से जो पाशुपतास्त्र से भी अधिक प्रभावशाली था, भण्डासुर सहित उसकी नगरी शून्यका नाम को जला डालने वाली भगवती उमा श्री ललिता ज्ञानरूप अस्त्रों से मेरे अरिषड्वर्ग काम क्रोधादिकों को दहन करे, दूर करे ॥८२॥

"ब्रह्मोपेन्द्रमहेन्द्रादिदेव—संस्तुत—वैभवा"।
वैभवं दिशतान्मे सा देवी त्रिपुरसुन्दरी ॥ ८३ ॥

ब्रह्मा, विष्णु, महेश आदि देवगण से भूरि-भूरि प्रशंसा प्राप्त वैभवशाली (ऐश्वर्य विक्रम प्रभुत्वादि वाली) वह देवी त्रिपुर सुन्दरी ललिता महाराज्ञी मुझे वैभव देवे। जिसका वैभव देव संस्तुत है वह वैभवदान में समर्थ भी हो सकती है ।।८३।।

"हर-नेत्राग्नि-सन्दग्ध-काम-सञ्जीवनौषधिः"।
अविद्या-मूर्छितं जीवं मम चेतयताच्छिवा ।। ८४ ।।

हर (महादेव) के तृतीय नेत्र अग्नि से भस्म हुए काम को भगवती ने एक कटाक्ष मात्र से संजीवित कर दिया यह सभी विद्वान् लोग जानते हैं जैसे-"दग्धं यदा मदनमेकमनेकधा ते मुग्धः कटाक्षविधिरंकुरयाञ्चकार। धत्ते तदा प्रभृति देवि ललाटनेत्रं, सत्यं ह्रियैव मुकुलीकृतमिन्दुमौलिः" इत्यादि। इसी आशय के इस नाम का अर्थ करते हैं। हरके नेत्राग्नि से जलाये हुए काम की संजीवन औषधी रूप भगवती शिवा ललिताम्बा मेरे अविद्या संमूर्छित (मोहित) जीव को चेतना युक्त करे ज्ञान, देकर जगावे, यह भावार्थ हुआ ।।८४।।

"श्रीमद्वाग्भवकूटैकस्वरूपमुखपङ्कजा"।
त्रिपुरा मे वचः सिद्धिं प्रददातु कृपादृशा ।। ८५ ।।

महात्रिपुर सुन्दरी के मूलमन्त्र के तीन विभाग किये हैं वे तीन कूट कहलाते हैं। पहला भाग वाग्भव कूट है, यह वाग्बीज प्रधान होने से वाग्भव कूट कहलाया है। श्रीमद्वाग्भव कूट ही है प्रधान स्वरूप जिसका ऐसे मुखपंकज वाली, मन्त्र मय मूर्ति कल्पना में प्रथम वाग्भव कूट का मुखकमल धारण करने वाली श्री त्रिपुरा देवी कृपादृष्टि से मुझको वचन सिद्धि का वरदान दे अर्थात् वाग्सिद्धि देवे ।।८४।।

"कण्ठाधःकटिपर्यन्त-मध्यकूटस्वरूपिणी"।
मनसो दुर्विकल्पान्मेऽपनोदयतु सेश्वरी ।। ८६ ।।

उक्त मन्त्र का मध्यम भाग मध्यकूट कहलाता है। मन्त्र मूर्ति में मध्यकूट कण्ठ से कटिपर्यन्त तक द्वितीय भाग है। इसी को नाम में लाए हैं – कण्ठ से कटितक मध्य भाग में मध्यकूट का स्वरूप धारण करने वाली वह ईश्वरी मेरे मन के दुर्विकल्पों को दूर करे ।।८६।।

"शक्तिकूटैकतापन्नकट्यधोभाग—धारिणी" ।
कुर्य्यान्मदीयान्यङ्गानि स्थास्नूनि बलवन्ति च ।। ८७ ।।

मूलमन्त्र का तीसरा भाग शक्तिकूट कहलाता है। इस शक्तिकूट से एकता को प्राप्त हुए अर्थात् शक्तिकूट रूप कटि के अधोभाग (कटि से चरणपर्यंत तीसरा भाग) धारण करने वाली श्री ललिता महारानी मेरे अवयवों को सुस्थिर और बलवान् बनावे ।।८७।।

भक्तानां त्वं भगवति सतां कर्म निर्मूलयन्ती ।
मूलाकारा दिशसि, मननं त्राय से सर्वदा तान्
तस्माद्देवा अभिदधति भोः "मूलमन्त्रात्मिकां" त्वां
ध्यायन्तं मामपि करुणाया पाहि, देहि श्रियं च ।।८८।।

हे भगवति ! आप सन्तों और भक्तों के कर्मों को निर्मूल करती हो । और मूल आकारवती आप मनन देती हो तथा सदा उनकी रक्षा करती हो। इस कारण देवगण आपको मूलमन्त्रात्मिका कहते हैं। मन्त्र के साधक, मन्त्र, गुरू और देवता तथा आत्मा के एकत्व की भावना करते हैं इस आशय से भी मूलमन्त्र आपकी आत्मा स्वरूप होता है तो आप मूलमन्त्रात्त्रिका हुई। ऐसी आपको ध्यान करते हुए मुझे आप सुरक्षित कीजिए और मुझे लक्ष्मी प्रदान कीजिए ।।८८।।

ये त्वां निजतनौ मूल-कूट-त्रयकलेवराम् ।
न्यस्यन्ति हृदि पश्यन्ति ते भवन्ति श्रियां प्रियाः ।।८९।।

मूलमन्त्र के कूटत्रय रूप शरीर वाली, आपको जो हृदय में निहित कर अपने अङ्गों में मन्त्रवर्णों के न्यास करते हैं वे सभी सम्पदाओं के (श्रियों के)

प्रिय होते हैं, सम्पदाओं के पति होते हैं यह भावार्थ हुआ। मन्त्रवर्ण के न्यास का फल दिखाया है ।।८९।।

"कुलामृतैकरसिकां" ये त्वां मूलाश्रयोत्थिताम् ।
कुलामृतं पाययन्ति हीशते भुवि ते चिरम् ।।९०।।

मस्तक में सहस्रार कमल से अमृत (रस) झरता है उसे कुलामृत कहते हैं, समयाचार में कुला मृत प्राप्ति का रहस्य गुरुमुख से ही समझना चाहिए। उस कुलामृत की एक ही आपको (कुण्डलिनी शक्तिपर भगवती का आरोप कर ध्यान बतलाते है) मूलाधार से उठा ऊपर पहुंचा कर योगी साधक कुलामृत पिलाते हैं (खेचरी मुद्रा से) अमृत पान कराते हैं तर्पणसे तृप्त करते हैं वे चिरकाल तक ऐश्वर्य भोगते हैं। योगी कुण्डलिनी को मूलाधार से उठा ब्रह्मरन्ध्र में ले जाकर खेचरी मुद्रा द्वारा अमृतपान कराता है वह चिरंजीवी रहता है यह योग-शास्त्र कार कहते हैं ।।९०।।

देवि त्वां "कुलसंकेतपालिनीं" शालिनीं श्रिया ।
अन्तर्यजन्ति सद्भाग्यास्तर्पयन्ति कुलामृतैः ।। ९१ ।।

कुलमार्ग के कौलसिद्धान्त के सभी संकेतों का पालन करने वाली, कुलके ९ संकेत हैं वे गुरुमुख से समझने योग्य हैं और शोभाओं से शालिनी, परिपूर्ण आपको कोई सुभागी ही अन्तर्यागमें पूजते हैं और परमामृत से तृप्त करते हैं। अन्त-र्याग मुख्य साधन हैं ।। ९१ ।।

प्रक्षाल्य पादौ वसने समर्प्य गन्धाक्षतैः पुष्पसुधूपदीपैः ।
"कुलाङ्गनां" त्वां परिपूजयन्तो जनाः स्फुरद्धान्यधना भवन्ति ।।९२।।

सुवासिनी पूजा का फल बतलाते हुए निर्देश करते हैं। ऊपर कहे कुल—भेदों में शक्ति भी एक है सुवासिनी सौभाग्यवती को कुल कहते हैं। वह कुल अंगना (स्त्री) स्वरूप है। इस कारण भगवती का नाम भी कुलाङ्गना है। हेदेवि! आपके अर्चन में किसी कुलाङ्गना को आपका स्वरूप समझकर उसके चरण धो

वस्त्रयुगल पहना गन्ध अक्षत पुष्प धूप दीप नैवेद्य आदि सर्वोपचारों से पूजने वाले लोग सुप्रकाशित (चमकते हुए) धनधान्य सम्पदा वाले बन जाते हैं ॥ ६२ ॥

कुलं सहस्रच्छदमब्जमुच्यते तन्मध्यविन्दौ किल कर्णिकागते ।
त्वं मेयमात्रोर्मितिरस्यतः "कुलान्तस्थे"त्यभिख्या तव तथ्यगामिनी ॥६३॥

मस्तिष्क में सहस्रदल कमल भी कुल है, उसकी कर्णिकामें प्राप्त मध्य-विन्दु में आप मेय मानके योग्य पदार्थ-विषयादि और माता मान करने वाला, इन दोनों की मिति मान स्वरूप हो विराजती हो, इस कारण कुलान्तस्था यह आपका नाम सत्य-चरितार्थ है ॥ ६३ ॥

त्वां कौलिनीं ये शिवशक्तिसाम-रस्यैकरस्यां विधिना यजन्ति ।
ते योगिनः कर्तुमकर्तुमप्यन्यथापि कर्तुं प्रभवो भवन्ति ॥ ६४ ॥

कुलाचार वाली कौलिनी, कौलप्रिया कौलिनी, कुल में निवास करने वाली कौलिनी सभी अर्थ भगवती में सुवच हैं । शिव और शक्ति के सामरस्य की एक ही रसिका कौलिनी आपको या उक्त स्वभाव वाली कौलिनी शक्ति को आपके स्वरूप में विधि पूर्वक जो सामरस्य प्रधान यजन करते हैं। वे योगी साधकेन्द्र संसार में कर्तुं अकर्तुं अन्यथा कर्तुं भी समर्थ होते हैं। कौलिनी रहस्य और सामरस्य के महत्त्व का इसमें संकेत किया है ।

कुलं शिवश्चापि कुलं च शक्तिस्तौ योजयन्ती कुलयोगिनी त्वम् ।
येभ्यः स्वयोगं प्रददासि ते वै योगीश्वराः कृष्णसमा भवन्ति ॥६५॥

दो कुल को युक्त करने से और कुल मार्ग सिद्धा योगिनी कुल योगिनी है । दोनों ही अर्थों को दिखाते हैं शिव कुल है, शक्तिकुल है अभी हमने ९ कुल बतलाये थे वे गुरुगम्य हैं । इन दोनों शिवशक्ति रूप कुलों को आप संयुक्त करती हो इस कारण कुलयोगिनी हो । आप जिन्हें अपना योग प्रदान करती हो वे कृष्ण सरीखे योगीश्वर सिद्ध होते हैं । कुलयोगिनी पूजा का संकेत है ।

कृष्ण ने कुलयोगिनी श्रीराधा से योगसिद्धियाँ पाकर बड़े बड़े अद्भुत चमत्कार प्राप्त किये थे। अन्यथा चीरहरण–रासकेलि–गिरिराजधारण–वनविहारादि उस स्वल्प अवस्था में अनुपयुक्त ही हैं। मन्त्रप्रयोग सिद्ध करने को ही कृष्ण ने तत्तदुक्त प्रयोगों से राजयोग–महाराजयोगादि साधन किये। ये राजयोगादि 'शक्ति-संगमतन्त्र' में स्पष्ट हैं। श्रीकृष्ण की कुल (कौलिक) साधना 'मेरुतन्त्र' में प्रसिद्ध हैं ॥ ९५ ॥

वपुर्न ते शाम्भवि ! चिन्मयाया वंशो न विश्वेश्वरि। कोऽप्यजायाः।
आचार उद्यातु क आदिमाया; सत्यार्थता तेऽस्त्"य-कुलाभिधायाः" ॥९६॥

हे शांभवि ! चिन्मय चैतन्यस्वरूप वाली होने से आपका कोई शरीर नहीं है और हे विश्वेश्वरि ! अजन्मा होने से आपका कोई वंश भी नहीं है एवं आदिमा आदिभूता माता होने से आचार भी आपका कोई नियत नहीं है। शरीर, वंश और आचार इन तीनों को कुल कहते हैं। ये तीनों ही आपमें न होने से आप अकुला हो, यह नाम बिलकुल सही अर्थ वाला है ॥ ९६ ॥

हार्दचक्रे तवार्चां हि वदन्ति समयं बुधाः।
तत्रोदिता त्वं "समयान्तस्था" मातरुदीर्यसे ॥ ९७ ॥

हे मातः ! हृदय के चक्र में आपकी पूजा करने को समय कहते हैं। आगम के विद्वानों का ऐसा मान्य सिद्धान्त है। वहीं उस समय में ही आपका उदय होता है अर्थात् आप हृदयकमल में पूजा करते करते उदित प्रकाशित होती हो। इसलिए आपको 'समयान्तस्था' कहते हैं। नाम अर्थानुगुण ही है ॥९७॥

आचारे सामयिकेऽप्यन्तर्यागात्मके विधावपि च।
आसञ्जन्ती मातस्त्वं "समयाचारतत्परा" भवसि ॥ ९८ ॥

सामयिक आचार में (पूर्वोक्त प्रकार उपासना में) अन्तर्याग प्रधान विधि में आसंग विशेष रखने के कारण आप 'समयाचारतत्परा' हो। अर्थात् आप उक्त दोनों प्रकार समयाचार में अति परायण हो ॥ ९८ ॥

कुलकुण्डे तनुमूले चतुर्द्दलाम्भोजशयनशीलत्वात् ।
त्वं कुण्डलिनीरूपा "मूलाधारैकनिलया"ऽसि ॥ ९९ ॥

तनु के मूल में अर्थात् मूलाधार में चतुर्द्दल—चार पत्त्र वाला कमल है वही कुलकुण्ड है। उस चतुर्द्दल कमल में शयनशीलवाली आप कुण्डलिनी रूप से, मूलाधार ही है एक निलय (भवन) जिसका ऐसी मूलाधारैकनिलया हो। कुण्डलिनी रूप से कुलकुण्ड में भगवती के शयनशील होने के लिए "स्वपिषि कुलकुण्डे कुहरिणि" ऐसा शंकराचार्य भी कहते हैं॥ ९९ ॥

ये त्वामन्तरयागतो जपरताः अध्वन्यहो मध्यमे
बिन्दुस्थां श्रुतिपत्त्रवारिजगतां ध्यायन्ति चार्चन्ति च ।
"ब्रह्मग्रन्थिविभेदिनि" त्वमभितः सद्यः प्रसद्याम्बिके
पृथ्वीवारिवशङ्करान्प्रकुरुषे तानूर्ध्वरेतोभरान् ॥ १०० ॥

अन्तर्याग में जप करते हुए मध्यममार्ग में (सुषुम्णा में) बिन्दुस्थ चतुर्द्दल कमल के बिन्दु में स्थित आपको जो ध्यान करते हुए पूजते हैं। हे मातः! तब आप उस साधक पर सब प्रकार प्रसन्न होकर वहीं होने वाली कर्माशय की गांठ (जिसे ब्रह्मग्रन्थि कहते हैं) को भेदन करने से 'ब्रह्मग्रन्थिविभेदिनी' आप भूमि (तत्व) और जल (तत्व) को वश करने वाले उन्हें ऊर्ध्वरेतस् बनाती हो। इस प्रकार अन्तर्याग कर ब्रह्मग्रन्थिविभेदनी शक्ति का ध्यान करने से योगी ऊर्ध्वरेता और तत्वों का वश करने वाला हो जाता है। शार्दूल विक्रीडित छन्द है॥ १०० ॥

इति श्री कविभूषण पं० श्रीहरिशास्त्रिविरचिते ललितासहस्रकाव्ये

प्रथमं शतकम् ।

—:०:—

॥ श्रीः ॥

# द्वितीयं शतकम्

प्रविष्टा प्राङ्मूलाश्रयकमलमुच्चैः प्रचलिताम्
भृशं शोणां तन्वीं मनसि "मणिपूरान्तरुदिताम्"।
दृशान्तर्भासिन्या क्षणमपि समालोकयति यः
स योगीन्द्रो भूत्वा द्विविधमपि तेजो वशयते ॥१॥

नाभि में मणिपूर चक्र है। उसके नीचे की ग्रन्थि को भेद कर आई, पूर्व मूलाधार से प्रविष्ट हुई, फिर ऊपर की ओर मणिपूर में उदित हुई, अत्यन्त लाल वर्ण वाली पतली मृणालतन्तु-सी आपको जो पुरुष ध्यान में क्षण भर भी अन्तर्भासिनी दृष्टि से देखता है, वह योगीन्द्र होकर दो प्रकार के तत्त्वों को वश कर लेता है। ऐसा आपका साधक पृथ्वी और जल तत्व पर अधिकार कर लेता है ॥१॥ शिखरिणी छन्द है।

आद्यन्तौ मणिपूरकेऽपि सुदृढौ ग्रन्थी स्त एतौ क्रमात्
भिन्दन्तीं भवतीं बलोद्वलितया गत्या निजान्तर्दृशा।
ये पश्यन्ति त एव साधकवराः पश्यन्तिकायां गिरौ
"विष्णुग्रन्थिविभेदिनीं" तव तनूं स्तुन्वन्ति धिन्वन्ति च ॥२॥

मणिपूरक चक्र के भी आदि और अन्त में ये दो कर्माशयों की गांठें हैं। इन दोनों को बलसंयुत लहलहाती गति से भेदन कर चलती हुई (कुण्डलिनी-

स्वरूपा) आपको अथवा कुण्डलिनी पर विलसित हुई आपको जो अन्तर्दृष्टि से देखते हैं, वे साधकेन्द्र पश्यन्ती नाम के वाणीभेद में आपकी 'विष्णुग्रन्थिविभेदिनी' मूर्ति को स्तुति करते हैं और प्रसन्न कर लेते हैं। ॥२॥

"आज्ञाक्रान्तरालस्था" ये त्वां पश्यन्ति योगतः ।
तेषामाज्ञाकराः सन्ति देवदैत्यनरोरगाः ॥ ३ ॥

भ्रूमध्य में द्विदल पद्म है, यहां आज्ञाचक्र है, यहां होकर कुण्डलिनी शक्ति सहस्रार पद्म में ऊपर आती है। यहां की स्थिति का ध्यान बतलाते हुए नाम को सम्बोधन में लाकर ध्यान का फल बतलाते हैं। हे आज्ञाचक्र के अन्तराल में स्थित रहने वाली ! भ्रुकुटी के बीच द्विदल पद्म में आपको विलास करती ध्यान से देखते हैं, उनके आदेशों का देव-दानव-नर-किन्नरादि सभी पालन करते हैं ॥३॥

"रुद्रग्रन्थिविभेदिनीं" तव तनूं भ्रूमध्यचक्रस्थितां
ध्यायन्तः किल योगिनो नभसि वा वायौ क्रमन्तेतराम् ।
रुद्रस्तत्रगतः स्वयं हि भगवान् तेषां सहायो भवेत्
येनाग्रेऽप्यमृतं नितान्तसुलभं तेषां प्रपीत्यै भवेत् ॥ ४ ॥

भ्रुकुटी मध्य चक्र में स्थित आपकी 'रुद्रग्रन्थिविभेदिनी' मूर्ति का ध्यान करने वाले योगी वायु और आकाशतत्व पर अधिकार कर लेते हैं। रुद्र भगवान् स्वयं भी उनकी सहायता करते हैं; जिस कारण आगे सहस्रार में उनके पीने को अमृत अतिसुलभ हो जाता है। रुद्रग्रन्थि को भेदकर ही कुण्डलिनी भ्रूचक्र में जाती है। वहां के ध्यान का फल पद्य में बतलाया है ॥ ४ ॥

आश्लेषितुं परशिवं पारयित्वा षडध्वनः ।
"सहस्राराम्बुजारूढ़ा" त्वं जयस्यभिसारिणी ॥ ५ ॥

मूलाधार में निजगृह (कुलकुण्ड) से उठकर छहों चक्र रूप छः मार्गों को पार कर शिव को आलिङ्गित करने के लिये अभिसरण परशिव के प्रति अभि-

यान करती, सहस्रार कमल पर ग्रारूढ़ हो जय को प्राप्त होती है। वहां जाकर सर्वोत्कृष्ट हुई शोभा पाती हो, जैसे कोई ग्रभिसारिणी निज प्रिय के पास ग्रनेक मार्गों को पारकर ग्रभीष्ट स्थान पर पहुंचती है ॥ ५ ॥

"सुधासाराभिवर्षिण्या"-स्तव मातुः पदाम्बुजम् ।
पूजयन्तो जनाः किं न जायन्तां चिरंजीविनः ॥ ६ ॥

सहस्रार में पहुंचकर वहां के कर्णिकास्थ चन्द्र से सुधा के ग्रासार (धारा सम्पात) बरसने वाली ग्राप श्रीमाता के पदाम्बुज को पूजते हुए जन (साधक) क्या ? चिरंजीवी नहीं होते हैं ग्रपितु ग्रवश्य होते हैं । यहां 'न' पद काकूक्ति में स्थित हुग्रा है । इसलिए वह 'न' पद ग्रवश्य ग्रानुकूल्यार्थ देने वाला है। सहस्रार में जाकर सुधा बरसती है ॥ ६ ॥

"तड़िल्लतासमरुचि"-स्त्वं येषां हृदि भास्यहो ।
जीवन्मुक्ता भावसिद्धा ग्रात्मनिष्ठा भवन्ति ते ॥ ७ ॥

तड़ित् (बिजली) के समान कान्तिवाली ग्राप जिनके हृदय में प्रकाशित होती हो वे ग्रात्मनिष्ठ महात्मा भावना सिद्ध ग्रौर जीवन्मुक्त होते हैं ॥ ७ ॥

ग्राप्यायनाय जीवस्य प्राणान् कर्तुं बलीयसः ।
ग्रमृतं वर्षसि त्वं हि "षट्चक्रोपरिसंस्थिता" ॥ ८ ॥

हे मातः ! ग्राप जीव के ग्राप्यायन (सुसमृद्ध बनाने ग्रौर बढ़ाने) के लिए ग्रौर प्राणों को बलवान् बनाने के लिए ही षट् चक्रों पर ग्रारूढ़ होकर ग्रमृत की वर्षा करती हो। षट् चक्रों के ऊपर ही सहस्रार है, वहीं से ग्रमृत बरसती हो ॥ ७ ॥

महोऽस्ति शिवयोर्योगस्तस्मिन्नासज्जसि स्वयम् ।
तेजस्येव त्वदासंगस्त"न्महासक्ति"-रीर्यसे ॥ ९ ॥

शिव ग्रौर शक्ति के संयोग को मह कहते हैं। उस मह में ग्रासक्ति (प्रेम) होने से, ग्रौर मह तेज को भी कहते हैं तेज में (प्रकाश ग्रौर परशिव में) ग्रापकी ग्रासक्ति रहती है, इस कारण ग्राप 'महासक्ति' कहलाती हो ॥ ९ ॥

जपातिशोणां सुमृणालतन्वीं स्वायम्भुवं लिंगमभिप्रवृत्ताम् ।
अन्तःस्फुरन्तीं किल जीवशक्तिं त्वां देव्यहं "कुण्डलिनीं" स्मरामि ॥१०॥

हे देवि ! जपा पुष्प से भी अधिकाधिक लाल वर्णवाली, कमल की दंडी के सूत के समान पतली तथा स्वयंभू लिंग की ओर प्रवृत्त हुई जीवशक्ति (जीवन देने वाली शक्ति) भीतर शरीर में सुषुम्णा में फुरती हुई कुण्डल पहनने के कारण और भुजंगी के आकार में रहने के कारण आप कुण्डलिनी शक्ति को स्मरण करता हूं ॥ १० ॥

शरण्ये शारदे ! त्वां ये "विसतन्तुतनीयसीम्" ।
यजन्ति मानसैर्द्रव्यैस्ते विद्या-पारदृश्वनः ॥ ११ ॥

विस, कमलिनी की नाली में जो सूत-से तार निकलते हैं, उसे विस-तन्तु कहते हैं, उनके समान पतली आपकी मूर्ति को जो मानसी (मनः कल्पित द्रव्यों से पूजते हैं वे सभी विद्याओं में पारंगत हो जाते हैं। अर्थात् महान् विद्वान् बन जाते हैं ॥ ११ ॥

भद्रप्रिया भद्रवहाश्च भव्या भवे महाभागतरा हि भक्ताः ।
सद्भाग्यवन्तो भविकाय भूत्यै भजन्ति भक्त्या भवतीं "भवानीम्" ॥१२॥

कल्याण कर्म ही जिनको प्रिय हैं और भद्र भावों को ही धारण किये रहते हैं एवं स्वयं भव्य हैं और जो संसार में महान् भागवान् हैं—महाभाग हैं तथा भक्त कहलाते हैं तथा जो सत् श्रेष्ठ भाग्यशाली हैं वे ही जन आप भवानी को अपने कल्याण के लिए तथा ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए भजते रहते हैं ॥ १२ ॥

**अथवा**

शिवं प्राणयन्ती जगत् पालयन्ती स्मरं जीवयन्ती समीक्ष्यैव देवाः ।
परामम्बिकां त्वां 'भवानीं' भजन्तो मनोऽभीप्सितान्सर्वकामांल्लभन्ते ॥१२॥

भव शब्द से शिव संसार और काम लेते हैं। तीनों ही में भवानी नाम का समन्वय बतलाते हैं, शिव को प्राणन ( जीवन ) देती हो, संसार का पालन

करती हो और काम को संजीवित करती हो, यही देखकर देवों ने आपको भवानी भवं आनयति जीवयति इति भवानी (अन प्राणने धातु के णिजन्त का रूप आनयति है) इस नाम से भजते हुए अभीष्ट प्राप्त करते रहते हैं "रुद्रो भवो भवः कामो भव : संसारसागरः। तत्प्राणनादियं देवी भवानी परिकीर्तिता" ॥ देवीपुराण में देखिए ॥ १२ ॥

भावैकमात्रसत्ता भावमयी भाववैभवाऽपि त्वम् ।
भुवनेश्वरि ! प्रविदिता भक्तानां "भावनागम्या" ॥ १३ ॥

हे भुवनेश्वरि ! भुवनों की अधिनायिके ! आपकी सत्ता भावप्रधान है। आप भावमयी हो। भाव ही आपका वैभव है। तो भी भक्तजनों को भावना से आप गम्य-प्राप्य होती हो। आपका 'भावनागम्या' यह नाम चरितार्थ ही है ॥१३॥

भक्त्याम्बिके त्वां भजतां सतां त्वं समर्चतां च स्मरतां जनानाम् ।
दयारसोदञ्चितपाणतीव्रा सत्यं "भवारण्यकुठारिका"-ऽसि ॥१४॥

हे अम्बिके ! भक्ति के द्वारा आपको भजने, पूजने तथा स्मरण करने वाले सज्जनों के लिए आप दयारस की पाण लगाने से तीखी हुई संसाररूप जंगल के काटने की कुठारिका हो। कुल्हाड़ी आदि शस्त्रों के तीव्र करने को औषध-रसों की पाण लगाई जाती है ॥ १४ ॥

प्रीणासि मातः किल मङ्गलैस्त्वं ददासि नित्यं किल मंगलानि ।
ततोऽखिलेष्वत्र हि मङ्गलेषु "भद्रप्रियां" त्वां प्रथमं भजन्ति ॥ १५ ॥

हे मातः ! आप निश्चय ही मङ्गलों से प्रसन्न रहती हो, और सदैव भक्त-जनों को मंगल देती रहती हो। इसलिए ही लोग समस्त प्रकार के मंगल-कार्यों में प्रथम आपको भजते हैं, स्मरण करते हैं और पूजते हैं ॥ १५ ॥

भवोद्भवायास्तव "भद्रमूर्तेः" सन्दर्शनं भाविकभाग्यभाजः ।
भवद्भवोद्भीतिविभञ्जनाय भक्ता लभन्ते बहुभाग्यभोगात् ॥ १६ ॥

हे देवि ! अनेक सुकृतों से प्रगट होने वाली भद्र (कल्याण) मयी आपकी भव्य मूर्ति का शुभ दर्शन कोई विशाल भाग्य वाले भक्त जन बड़े भाग्य-भोग से संसार की भीति को दूर करने के लिए प्राप्त करते हैं ॥ १६ ॥

भक्तान् सुखयसे नित्यं तेभ्य ऐश्वर्य्यमृच्छति ।
सद्भाग्यान्कुरुषे तत्त्वं "भक्तसौभाग्यदायिनी" ।। १७ ।।

हे मातः ! आप सदा भक्तजनों को सुख देती हो और उन्हें ऐश्वर्य्य प्रदान करती हो तथा सद्भाग्यवान् बनाती हो। इस कारण आप 'भक्त-सौभाग्यदायिनी' प्रसिद्ध हुई हो ।। १७ ।।

परानुरक्तेषु समाधिमत्सु पूजां प्रकुर्वत्सु गुणान्गृणत्सु ।
भक्तेषु सद्भावनया भजत्सु "भक्तिप्रिया" त्वं भवसि प्रसन्ना ।। १८ ।।

हे मातः ! आपमें परम अनुराग रखने वाले और समाधि लगाकर आपमें निमग्न रहने वाले तथा आपकी पूजा करने वाले, एवं आपके गुणगान करने वाले तथा सदा सद्भावना से आपको भजने वाले सभी भक्तों पर आप भक्तिप्रिया होने के कारण अवश्य ही प्रसन्न होती हो। इसलिए आपका भक्तिप्रिया यह नाम चरितार्थ ही है ।। १८ ।।

भक्त्या विशुद्धयाऽद्वैत-भावसंसक्तया धिया ।
"भक्तिगम्या" भवानि ! त्वं ज्ञायसे न तदन्यथा ।।१९।।

हे भवानि ! अद्वैत भाव से सनी हुई (सराबोर हुई) बुद्धि और विशुद्ध भक्ति के द्वारा ही आप भक्तों को ज्ञान से प्राप्त होती हो । भक्ति-ज्ञान से लभ्य हो। और और कारणों से नहीं मिलती हो । क्योंकि आप भक्तिगम्या हो ।।१९।।

त्वां भक्तिरेवानयतीह मातः सा ते सुवेषान्परिवर्त्तयन्ती ।
पुरो दधाना निजसाधकानां वदत्यहो त्वां किल "भक्तिवश्याम्" ।।२०।।

हे मातः ! आपको भक्ति ही यहां इस संसार में ( भूमण्डल में ) लाती है और वही आपको वेष बदलवाती रहती है। अर्थात् आप भक्ति के वश ही अनेक बार अनेक तरह के वेष बदलकर संसार में अवतार लेती हो । और वही भक्ति आपके साधकों के सम्मुख उपस्थित करती हुई आपको भक्तिवश्या अर्थात् भक्ति के वश में रहने वाली सिद्ध कर रही है ।।२०।।

दुर्गाऽम्बा कालिका चण्डी चामुण्डा कमला शिवा ।
भैरवीत्येककाऽऽख्यापि तव प्रोक्ता "भयापहा" ॥२१॥

हे मातः ! दुर्गा, अम्बा, कालिका, चण्डी, चामुण्डा, कमला, शिवा, भैरवी इत्यादि एक भी आपका नाम संसार में जपने वालों के सभी प्रकार के भय को दूर करने वाला है ॥२१॥

शंभोः पुरन्ध्री च शिवानुगानां माताऽसि मुद्रापि च दीक्षणाऽपि ।
कुमारिकाऽप्यष्टसमासि देवि ! त्वं 'शाम्भवी' भावयताच्च शं नः ॥२२॥

शांभवी, शंभु परशिव की पट्टराज्ञी होने से, शांभवों की शैवों-की माता होने से, एतद्रूप की मुद्रा होने से तथा शंभु–सम्बन्धिनी दीक्षा होने से तथा शाँभवी अष्ट वर्ष की कुमारी की भी संज्ञा है । इस कारण आप शांभवी हो अर्थात् ये ऊपर कहे हुए सभी आपके स्वरूप ही हैं अर्थात् आप शांभवी नाम से इन सभी में विराजती हुई हमें कल्याण प्रदान करें । शांभवी मुद्रा योगशास्त्र में प्रसिद्ध है । शांभवी दीक्षा तन्त्र शास्त्र में तथा शांभवी कुमारी भी वहीं प्रसिद्ध है ॥ २२ ॥

वाग्देवता वशिन्याद्या शारदे समये बुधाः ।
ज्ञानदां 'शारदाराध्यां' यां यजन्ति श्रियेऽस्तु सा ॥२३॥

शारद समय में (शरदारम्भकालीन नवरात्र में विशेषाराधना की जाती है) वशिनी आदि वाग्देवताएं और बुध देव तथा विद्वज्जन जिसका यजन-भजन पूजन-आराधना करते हैं, वह ज्ञान देने वाली शारदाराध्या भगवती मेरे श्री सम्पत् प्रदान करने के लिए हो । शारदा वाग्देवताओं से तथा शरत्काल में विशेषाराधनीय होने से शारदाराध्या यह नाम हुआ ॥२३॥

शर्वस्य त्वं चैककस्याकुलस्य जात्या हीनस्यापि निर्बान्धवस्य ।
भिक्षोर्नग्नस्याननाज्जीवनाच्च "शर्वाणी" त्वं कल्पसे मङ्गलाय ॥२४॥

हे मातः । आप केवल मात्र एक, कुलरहित, जाति विहीन तथा बान्धवरहित भिखारी और सदा नंगा रहने वाले सर्व-सभी को जीवन देती रहने के कारण

शर्वाणी हो। आप हमारे मङ्गल प्रदान के लिए समर्थ होइये। सर्व शर्व दोनों ही नाम शिव के हैं। सर्व शब्द सब का पर्याय भी है और श्लेष अलंकार में स-श का भेद भी नहीं गिनते—समझते हैं ॥२४॥

निर्व्याजकारुण्यपयोनिधेस्तव, प्राकट्यमुर्व्यां प्रबभौ यदा यदा।
सुखाय नृणां जगतां च शर्म्मणे तत स्तवाख्याऽखिल "शर्मदायिनी"॥२५॥

अकारण (बिना किसी बहाने के) करुणा की सागर स्वरूपिणी आपका प्राकट्य (प्रकट होना) जब जब होता है, तब तब मानव मात्र के सुख देने के लिये तथा सभी चराचर के कल्याण के लिए होता है। इसलिये आपका नाम शर्म दायिनी (शर्म-सुख और कल्याण देने वाली) हुआ है, जैसा देवीभागवत में देखिए-सुखं ददाति भक्तेभ्यस्तेनैषा शर्मदायिनी इति ॥२५॥

त्वां "शांकरी"-मर्चति यो जितात्मा विल्वप्रवालैश्च सुगन्धिपुष्पैः।
स विश्वपृष्ठेऽखिलसम्पदाढ्यः सुनिर्वृतः शङ्करतामुपैति ॥ २६ ॥

शं (कल्याण) कर में (हाथ में) है जिसके वह शङ्कर उसकी शक्ति शाङ्करी। ऐसी शाङ्करी परशिव की महाशक्ति आपको जो साधक जितेन्द्रिय रहता हुआ विल्वपत्र और सुगन्ध भरे पुष्पों से पूजता है, वह इस विश्व में सभी सम्पदाओं से संयुक्त तथा सुखी होकर शंकरभाव-शिवभाव को प्राप्त हो जाता है। सबका कल्याण करने में समर्थ हो जाता है यह भावार्थ हुआ ॥२६॥

एकाक्षरं बीजमनुं जपन्तो, ये "श्रीकरीं" त्वां विधिना भजन्ति।
तेषां करे वा दृशि वाचि नित्यं सर्वाः श्रियो देवि ! वसन्ति सत्यम्॥२८॥

जिसके हाथ में शोभा-सम्पदा-लक्ष्मियां-ऐश्वर्य आदि रहती हैं वह श्रीकरी है, ऐसी श्रीकरी आपको जो एकाक्षर बीजमन्त्र ( आपका एकाक्षर मन्त्र ) जपते हुए विधान (कुलक्रम) से आपका भजन-पूजन-आराधना करते हैं उनके हाथों में, दृष्टि में और वचनों में सभी श्रियों का निवास हो जाता है ॥२७॥

साध्नोषि साध्यानि निजाश्रितानां स्त्रीणामलं वर्द्धयसे सतीत्वम्।
स्वयं सतीनां प्रथमासि तस्मात् "साध्वी"-ति ते नाम जयत्यमोघम् ।।२८।।

हे देवि ! आप अपने आश्रितों के साध्यों को (कार्यों को) सिद्ध करती हो। स्त्रियों के सतीत्व को बढ़ाती हो। फिर स्वयं आप सतियों की गणना में प्रथम हो इस कारण आपका साध्वी यह नाम सत्य है।

मातः "शरच्चन्द्रनिभाननायाः" स्मिताऽमृतं ते मधुरं पिबन्तः।
भक्ताश्चकोराः परिमुक्ततापा आह्लाद सान्द्रा अमरा भवन्ति ।।२९।।

हे मातः ! शरत्काल के चन्द्र समान मुखवाली आपके मधुर मन्दहास रूप अमृत का पान करते हुए (नेत्रों द्वारा) भक्त और चकोर, अथवा भक्तरूप चकोर ताप (तपन और तीन प्रकार के ताप दैहिक, दैविक और भौतिक ताप) से मुक्त हुए आह्लाद-आनन्द में सान्द्र-सराबोर-तर मग्न हुए अमर हो जाते हैं। चकोर एक पक्षी विशेष है-चिड़िया है। वह चांद की चांदनी पीता है, ऐसा कवि सम्प्रदायसिद्ध है। यहां तुल्ययोगिता और रूपक अलंकारों की संसृष्टि है ।।२९।।

बलित्रयाधारमिदं सुखानां निधानमप्यस्त्युदरं तवाम्ब।
विश्वोद्गतेः कारणमस्त्यथापि, "शातोदरी" त्वं कथितेति चित्रम् ।।३०।।

हे अम्ब ! यह आपका उदर तीन नलियों का आधार है, और सुखों का निधान है अथवा विश्व के उद्भव का कारण है तो भी आपको देव, शास्त्र और विद्वान् शातोदरी पतले पेट वाली कृशोदरी कहते हैं यह बात बड़ी विचित्र है ।। ३० ।।

शमप्रधानामपि तत्प्रदानात् तद्रूपिणीं चापि मतिस्वरूपाम्।
उभेऽपि निर्वर्ण्य सुरा भवत्यां, त्वामम्बिके "शान्तिमती" मवोचुः ।।३१।।

हे अम्बिके ! शांति शम को कहते हैं। आप शान्तिप्रधान हो और शान्ति की दाता भी आप हो तथा शान्ति आप का स्वरूप भी है। मति (बुद्धि) स्वरूपा भी हो उभय प्रकार अर्थवान् देखकर ही देवों ने आपको शान्ति-मती कहा है। जैसे-"या देवी सर्वभूतेषु शान्तिरूपेण संस्थिता" सप्तशती ।।३१।।

भवत्या साधारं जगदिदमशेषं परमुमे !
किमाधारोदारा भवति भवतीत्थं विमृशतः ।
मम स्वान्तं श्रांतं न किमपि लभे लम्बनमहो
"निराधारै"-व त्वां जगदुपदधाना विजयसे ॥३२॥

हे उमे ! यह सारा जगत् आपके आधार पर स्थित है । परन्तु हे मात :! आपका क्या आधार है—इसका विचार करते करते मेरा मन थक गया है और मुझे आपका कोई भी आधार समझ में नहीं आया है । आचर्श्य की बात है कि आप इस समस्त विश्व को आश्रय देती हुई स्वयं निराधार ही हो ॥३२॥

प्रपञ्चजाते सकलाः पदार्था : स्फुरन्ति मातस्त्वयि कल्पिता वै ।
तत्तत्स्वरूपेण तदन्तरा त्वं विभ्राजमानाऽपि "निरञ्जना"-ऽसि ॥३३॥

हे मातः ! इस प्रपंच (विश्व) के सभी यच्च यावत् पदार्थ आप ही में कल्पित हुए फिरते हैं–भासते हैं; और उन सब सूक्ष्म स्वरूपों से उनमें विराजित होती हुई भी आप निरञ्जना ही विदित हो रही हो । जो स्थूल भूतों की तरह प्रकट में न आवे, वह निरञ्जन कहलाता है ॥३३॥

"निर्लेपां" त्वां सर्वसंसर्गहीनां ध्यायन्मन्त्रं यो जपत्यात्मनिष्ठः ।
लिम्पन्तं तं प्राणिनः स्वप्रभावैः कश्चिन्नाप्नोत्यम्बिके कर्मबन्धः ॥३४॥

हे अम्बिके ! सभी संसर्गों से रहित अत एव निर्लेप, लगाव को लेप कहते हैं । आपको संसार का कोई किसी प्रकार का लगाव नहीं है, इस कारण आप निर्लेपा हैं । ऐसा आपको ध्यान करता हुआ जो आत्मनिष्ठ साधक आपके मन्त्र का जप करता है, वह अपने प्रभाव से सभी प्राणियों को लिप्त करे तो भी उसे कोई कर्मबन्ध नहीं लगता है । ठीक भी है निर्लेपा के साधकों को लेप नहीं लगना चाहिए ॥३४॥

त्रिविधमलाददतिदूरं राजन्ती त्वं स्वसेवकाननिशम् ।
निर्मलयन्ती कृपया त्रिपुरे त्वं "निर्मला" विदिता ॥ ३५ ॥

हे त्रिपुरे मातः ! कायिक, वाचिक, मानसिक तथा आणव, मायिक, कार्मिक इन तीनों प्रकार के मलों से आप अति दूर हो और अपने सेवकों को रात-दिन कृपादृष्टि से निर्मल करती हो उनके भी उपर्युक्त त्रिविध मलों को दूर कर देती हो इसलिए आप निर्मला नाम से विदित हुई हो ॥३५॥

कालत्रयेऽप्यबाधा श्रुतिसिद्धा नित्यतास्तीति ।
"नित्या"-मशेषभावैर्भजतां सुयशोऽपि नित्यं स्यात् ॥ ३६ ॥

हे मातः । आपमें श्रुतिसिद्ध अर्थात् वेदप्रतिपादित त्रिकाल में अबाध्य जो भूत, वर्तमान तथा भविष्यत् तीनों में नियत रहती है ऐसी नित्यता है । इस कारण आप नित्या (नित्य सनातन) स्वरूपा हो और तिथिनित्या कालनित्या मन्त्र स्वरूपिणी भी हो । ऐसी आपको सभी भावों से भजने वालों का सुयश भी नित्य ही हो जाता है । आप सभी भावों से नित्यास्वरूपिणी हो ॥३६॥

आकारास्त्वयि कल्पितास्तव न कोऽप्याकार उल्लासितः
सर्वव्याप्तिभृतो विहायस इव त्वद्रूपमभ्यस्यताम् ।
शान्तानां त्वदनन्यचिन्तनवतां कान्तारकोटीजुषां
रूपावस्थितिरप्ययि ! किल "निराकारै"-व संजायते ॥ ३७ ॥

हे मातः ! नित्य चित्सम्वित्रूपिणी आपमें इस समस्त प्रपंच के सभी आकार कल्पित होते हैं । परन्तु आपका कोई आकार उल्लासित नहीं होता है— कल्पित नहीं होता है । सर्वत्र व्याप्ति वाले आकाश के समान आपके स्वरूप का अभ्यास करने वाले शान्त एवं अनन्य चिन्तन करने वाले-एकान्त जंगल में निवास करने वाले सन्त साधकों की स्थिति भी निराकार ही हो जाती है ॥३७॥

भण्डासुरेणाधिरणं समाकुलीकर्तुं विशिष्टा भवतीं समायिकाः ।
क्रूरा ह्युपायाः कलिताः परं त्वं "निराकुलै"-वाम्ब ! इमं न्यसूदयः॥३८॥

हे अम्ब ! संग्राम के बीच भण्डासुर ने आपको आकुल करने के लिए एक से एक बढ़कर मायाप्रधान क्रूर उपाय किये, परन्तु आप निराकुला ही रही कुछ भी आकुल न हुई और भण्डासुर को दल बल सहित विनष्ट कर ही दिया ॥३८॥

गुणास्त्वदुल्लासमितास्ततोऽम्बिके ! प्राक्तेभ्य आसीरिति तन्निवर्तनात् ।
ते निश्चिताःसन्ति तवैव चण्डिके ! त्वां "निर्गुणा"-मेव विभावयाम्यहम्॥३९

हे अम्बिके ! सत्व, रजस् और तमस् ये गुण आप से ही उत्पन्न हुए हैं, और आप उनसे पूर्व सिद्ध हो, अत एव उनसे निवृत्त (दूर भी हो) तथा वे निश्चित रूप से आपके ही हैं। हे चण्डिके ! ब्रह्मपट्टहिषि ! मैं आपको निर्गुण ही समझ रहा हूं। "इयं तुनिर्गुणा देवी नैव लक्षयितुं क्षमा" इति ॥३९॥

ये "निष्कलां" त्वां हृदि भावयन्ति दूरं कलाभ्योऽप्यथवा कलाढ्याः
विवेकवन्तस्तव साधकास्ते कलाभृतोऽप्यूर्ध्वकला भवन्ति ॥ ४० ॥

कला भाग अंश को कहते हैं, आपके अंश-भाग नहीं होते हैं। आप सदा पूर्ण हो, जो साधक हृदय में निष्कला रूप से आपको ध्यान करते हैं वे कलाओं से कौशल, विद्या आदि से दूर हो अथवा युक्त हों तो भी विवेक वाले वे साधक ध्यान कर चन्द्रमा की कलाओं से भी ऊंचे कलाधार-कला-कौशल विद्यावान् होते हैं। निष्कला का अर्थ निश्चित कला वाली ऐसा भी है। निष्कला का ध्यान कर उर्द्ध कलावान् हों यह आश्चर्य है ॥४०॥

विन्यस्यन् लिपिमादिक्षान्तां कलयन् शुद्धिं भूतलयान्ताम् ।
यस्त्वां ध्यायति हृदये "शान्तां" स जनो वशयेद्विष्णोः कान्ताम् ॥ ४१ ॥

क्षान्ता-क्षमा वाली आपको जो जन अकारादि क्षकार पर्यन्त मातृका लिपि का शरीर पर न्यास करता हुआ, और भूतलय पर्यन्त, अर्थात् भूतशुद्धि

करने वाला अपने हृदय में ध्यान करता है, वह लक्ष्मी को वश में कर लेता है ।। ४१ ।।

निःसृत आस्ते कामो यस्याः निर्वृत आस्ते कामो यस्याः ।
निश्चितकामायास्ते तस्या "निष्कामा"-या वयमिह वश्याः ।। ४२ ।।

जिससे काम का प्रादुर्भाव हुआ है और जिससे काम परिपूर्ण तथा सुखी हुआ है अर्थात् पूर्ण समर्थ हुआ है और निश्चय से जिसके काम है ऐसी निष्कामा भगवती के हम सभी वश्य हुए हैं ।। ४२ ।।

येऽर्चन्ति पादौ "निरुपप्लवा"-याः, पराम्बिकायाः सकलार्थदायाः ।
ते नन्दितश्रीसुतभृत्यजायाः जीवन्त्यजस्रं हि निरन्तरायाः ।। ४३ ।।

निर्-नहीं है उपद्रव-विघ्न या नाश जिसका, ऐसी और सभी पदार्थ प्रदान करने वाली पराम्बिका आपके पदारविन्दों को जो पूजते हैं, वे श्री-लक्ष्मी-सम्पदा-पुत्र-भृत्य (नौकर) और पत्नी के साथ आनन्दित हुए यद्वा आनन्दित श्री-सुत-भृत्य-जाया वाले निर्विघ्न निरन्तर जीवित रहते हैं ।। ४३ ।।

ध्यानस्थिता वा दृढभक्तियुक्ता ये नित्यमुक्ता महसि प्रयुक्ताः ।
भवन्ति सर्वेऽम्बिकया सदुक्ता स्ते "नित्यमुक्ता" महसि प्रयुक्ता ।।४४।।

आपके ध्यान में स्थित दृढ़ भक्ति वाले जब नित्यमुक्ता नित्या और मुक्ता मोक्षरूपिणी अथवा नित्य ही मुक्त है भक्त जिसके, ऐसी आपके तेज में विलीन रहते हैं,वे सभी अम्बिका से-आपसे सत् कहे हुए प्रशंसित आप्यायित सम्वर्धित हुए नित्य मुक्त हो जाते हैं और तेज में प्रकाश रूप में विलीन रहते हैं। पादावृत्ति यमक हैं। एकान्तर पाद से द्वितीय की चतुर्थ में आवृत्ति हुई है ।। ४४ ।।

अर्चनं "निर्विकारा"-या विकारानुपहन्ति ते ।
तन्मूलप्रकृतिं त्वाम्ब ! ध्याये ध्याननुपै हि मे ।।४५।।

हे अम्ब ! निर्विकारा,विकार १६ है वे सांख्य में प्रसिद्ध हैं। उनसे रहित आपका अर्चन सभी विकारों से दूर करता है। इस कारण मूलप्रकृतिरूपा

आपको मैं ध्यान करता हूं। आप मेरे ध्यान मे प्राप्त होइये। निर्विकारा के ध्यान से विकार दूर होवे यह बात युक्त ही है ।। ५४ ।।

प्रपञ्चमाविष्कुरुषे त्वमम्ब ! नास्मिन्प्रसङ्गोऽस्ति तवेति चित्रम् ।
सत्यार्थमित्थं परिबोधयन्ती ते "निष्प्रपंचा"-मभिधां नमामः ।। ४६ ।।

हे अम्ब ! प्रपंच संसार–विस्तार को आप ही प्रगट करती हो फिर भी आपका उसमें कोई आसंग नहीं है–यह बड़ी विचित्र बात है। इस सत्य अर्थ का प्रबोध करा देने वाले आपके इस निष्प्रपंचा नाम को हम प्रणाम करते हैं ।। ४५ ।।

"निराश्रयां" त्वां नितरां श्रयन्तो जपन्ति मन्त्रं तव षोडशार्णम् ।
भवन्ति ते भूपशिरोऽभिवन्द्या विश्वाश्रया विश्वमुखावबोधाः ।।४७।।

हे मां ! आप निराश्रया हैं। यहां निर्+आश्रया शब्द में निर् उपसर्ग निषेध और निश्चय दोनों का वाचक है। आप सबका आश्रय हो—आपका कोई आश्रय नहीं है इसलिए निराश्रय और निश्चित आश्रय आप ही इस विश्व का हो। इस कारण भी निराश्रया आपको निरन्तर आश्रय कर जो आपका षोडशाक्षर (षोड़शी) मन्त्र जपते हैं वे विश्व के आश्रय और ब्रह्मा के सरीखे ज्ञानी राजाओं के शिरों से वन्दनीय होते हैं। जैसे–"विश्वाश्रया ये त्वयि भक्ति नम्राः" । सप्तशती ।। ४७ ।।

या क्वापि काले मलिना न दृष्टा, श्रुता न केनापि कथासु चोक्ता ।
सा"नित्यशुद्धां"भजतां हृदि त्वं स्वतेजसा भ्राजसि पुण्यभाजाम् ।।४८।।

हे मातः ! जो आप किसी काल में भी मल से (आणव, कार्मिक, मायिक तीनों प्रकार के मल से) युक्त नहीं होती हो। आपको कभी मल से युक्त नहीं देखा न सुना न कथानकों ही में सुना न कहीं कहा है–ऐसी नित्यशुद्ध आप किन्हीं भजन करने वाले पुण्यवानों के हृदय में निज तेज से विलास करती हो ।। ४८ ।।

यस्याः प्रबोधः समुदेति विश्वग् या 'नित्यबुद्धा'ऽभिहिता श्रुतिज्ञैः।
तामाश्रयन्तो मनुजा न किं स्युः सम्वित्स्वरूपा अपि नित्यबुद्धाः ॥४९॥

विश्व भर में जिस महाशक्ति से प्रबोध उदित होता है, और जिसे श्रुतिविज्ञ महा विद्वान् नित्यबुद्ध कहते हैं। उस नित्य बुद्ध स्वरूपा आपका आश्रय लेकर मानव सम्वित् रूप और नित्य बुद्ध नित्य बोध वाले क्यों न होय अपितु अवश्य ही नित्यबोध वाले होते हैं ॥ ४९ ॥

"निरवद्यायाः"स्तव निध्यानं सम्प्राप्यापि विविक्तं स्थानम्।
ये कलयन्ति त एव निदानं जगतां जानन्ति सविज्ञानम् ॥ ५० ॥

अवद्य दोषों को कहते हैं जो निन्दनीय होते हैं, वे जिसमें नहीं हों वह निरवद्या ऐसी आपका जो पुरुष एकान्त स्थान पाकर नितान्त ध्यान करते हैं, वे ही पुरुष विज्ञान पूर्वक सारे जगत् का निदान-कारण को जान लेते हैं ॥ ५० ॥ पादाकुलक छन्द है।

निरन्तरा या भक्तानां ब्रह्मणश्च निरन्तरा।
निरन्तरा च संसारे तां भजामि "निरन्तराम्" ॥ ५१ ॥

अन्तर भेद उससे रहित, निरन्तरा, जो भक्तों के भी निरन्तरा-भेदरहिता है। और जो ब्रह्म-परमात्मा से भी अभिन्न है तथा जो संसार में भी निरन्तर रहने वाली है। उस निरन्तरा आपको मैं भजता हूं ॥५१॥

आद्ये महेश्वरि! समस्तजगद्गतानां त्वं कारणं भवसि निश्चितकारणानाम्।
नान्यच्च ते स्फुरति कारणमित्थमम्ब! 'निष्कारणा' विजयसे जगति त्वमेका५२

हे आद्ये महेश्वरि! मा! सभी संसार के नियत कारणों की भी आप ही एक कारण हो, और आपका कोई और कारण नहीं है। इस कारण जगत् में निष्कारण एक आप ही विजय को प्राप्त हो रही हो ॥५२॥

ये "निष्कलङ्कां" श्रुतिमातरं त्वां गृणन्ति गायन्ति भजन्ति यन्ति ।
ध्यायन्ति चार्चन्ति च संस्मरन्ति ते धूतपापाः प्रभवन्ति मुक्त्यै ।। ५३ ।।

कलङ्क, पाप, दाग, धब्बा, कुछ भी जिसमें नहीं हो वह निष्कलङ्का ऐसी और वेदों की माता-वेदों को प्रकट करने वाली आपके जो गुण सुनते हैं, गाते हैं, भजते हैं और प्राप्त होते हैं । अर्थात् आपके स्थानों-तीर्थों-पीठों पर जाते है, ध्यान करते हैं, पूजते और स्मरण करते हैं बे मनुज नर हो या नारी, निष्पाप होकर मुक्ति के लिए समर्थ हो जाते हैं ।।५३।।

"निरुपाधिं" निरुपाधि भुवि ये मनुजाः प्रभजन्ति ।
तेसमृद्धिसुखशालिनो मणिद्वीपमुपयन्ति ।। ५४ ।।

शुद्धचित् का भेद से भान होने में अविद्या कारण है, वही उपाधि है । उस उपाधि से रहित हो वह निरुपाधि ऐसी आपको जो पुरुष उपाधि-कपट से रहित सकारण सकाम लोभदंभादि से रहित हो भजते, हैं वे सुख-समृद्धिशाली होकर मणिद्वीप में प्रविष्ट होते हैं । यावज्जीवन सुखी-समृद्ध रहते हैं, अन्त में (मरकर) मणिद्वीप (भगवती के लोक में) में जाकर निवास करते हैं । फिर भव में-संसार में नहीं लौटते हैं ।।५४।। यह दोहा छन्द है ।

"निरीश्वरा" त्व जगदादिमात्वात् पुनश्च तस्य त्वदुदञ्चनाद्वा ।
महेश्वरस्यापि महामहेश्वरीं त्वामाश्रयामः सततं भजामः ।। ५५ ।।

ईश्वरा ईशन-ऐश्वर्य-प्रभुत्वकरनेवाली आपका कोई ईश्वर नही है इस कारण निरीश्वरा और जगत् की आदिमाता होने से, तथा ईश्वर आपसे प्रकट होता है । जैसा वेदान्त में कहते हैं—शुद्ध सत्वप्रधाना माया में चित् प्रतिबिम्ब आवे वह ईश्वर है । और अविद्या में चित् प्रतिबिम्ब हो वह जीव है। ऐसे ईश्वर महाशक्ति से पैदा होता है । इसका प्रमाण और भी देखिए - मायाख्यायाः कामधेनोर्वत्सौ जीवेश्वराबुभौ इति । इस कारण महेश्वर की भी महामहेश्वरी आपको हम आश्रय करते हैं और सदा आपका भजन करते हैं ।।५५।।

यस्यां रागो लेशलेशोऽपि नास्ते, या वारूपाऽप्यद्रिरूपास्ति माता ।
या 'नीरागा' वेदसिद्धा महेशी, तस्यां रागो मानसो मे स्थिरोऽस्तु ॥५६॥

राग (इच्छा) से रहित और दोष से रहित, तथा नीर और अग स्वरूप होने से नीरागा । नाम में उक्तार्थ–समन्वय करते हैं । जिसमें लेश का लेश अर्थात् तनिक भी राग-इच्छा-एषणा-वासना नहीं है । और जो नीरा-जलस्वरूपा है तथा अग अद्रिस्वरूपा है ऐसी जो वेदसिद्ध नीरागा महेश्वरी जगदम्बा है उसमें मेरे मन का राग प्रेम, भक्ति, लगाव स्थिर होवे । वेद में सिद्ध इसके कई प्रमाण हैं–जैंसे तामग्निवर्णां तपसा ज्वलन्तीम् इत्यादि ॥५६॥

संसारवन्धनकरो हि परोऽस्तिरागः मथ्नासि तं किल महेश्वरि चंडि तस्मात् ।
योगानुगा अपि च सांख्यजुषोऽपि सिद्धाः सर्वेऽपि 'रागशमनीं' भवतीं भजन्ति५७

हे अम्ब ! राग (क्लेश ५ माने हैं उनमें राग है वही यहां स्वीकृत किया है) अविधा अस्मिता-राग-द्वेषाभिनिवेशाः पंच क्लेशाः । उस राग को भक्तों के क्लेश को मथडालती हो । अथवा भक्तों को वैराग्य देने से इनके संसारबन्धन देने वाले राग को मथ डालती हो हे महेश्वरी चण्डि ! इस कारण योग शास्त्र विज्ञ योगी जन और सांख्यसेवी ज्ञानी सिद्धपुरुष भी रागमंथन करने वाली आपको भजते रहते हैं ॥५७॥

यो यं देवमुपाश्रयत्ययि शिवे ! तस्मिँस्तदीया गुणाः
प्रादुःष्षन्ति परं त्वयीति किमहो हालाप्रियासि स्वयम् !
किञ्च स्वाश्रयमात्मसात्कलयतां व्याहन्सि सर्वं मद
तस्मात्त्वन्निरता भवन्ति सततं मातः परं "निर्मदाः" ॥ ५८ ॥

हे शिवे कल्याणकारिणि मातः जो मनुष्य जिस देव को भजता है उसमें उसके गुण प्रगट हो आते हैं । ऐसी संसार में रीति है। शास्त्र भी कहते हैं- "संसर्गजा दोषगुणा भवन्ति" इत्यादि । यह ठीक है परन्तु आपमें यह क्या विशेषता है कि आप स्वयं तो हाला (मदिरा) प्रिया हो, और आपके आश्रय करने वाले भक्तों के मद रहने ही नही देती हो। इस कारण आपके सभी भक्त मद से रहित होते हैं। ॥५८॥

मदोद्धुराणां शुम्भादिदैत्यानां "मदनाशिनीम्" ।
चण्डिकां ये निषेवन्ते ते जयन्त्यरिषडब्रजम् ॥ ५९ ॥

मद (घमण्ड) से उद्धत हुए शुम्भादि दानवों के मद का नाश करनेवाली चण्डिका भगवती का जो सेवन करते हैं वे साधक, अरियों के षड् ब्रज को जीत लेते हैं-काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य, इन छहों को अरि षड् ब्रज, या अरिषड्वर्ग कहते हैं ॥५९॥

चिन्ताछलादिदोषाश्चिद्रूपिण्यां न लेशतोऽपि त्वयि ।
"निश्चिन्ता"सि ततस्त्वं भक्तानपि तादृशान्कुरुषे ॥ ६० ॥

यद्यपि चिन्ता स्मरण साधारण को कहते है तो भी दुःखजनक स्मरण में यह पद रूढ़ हो गया है "चिन्ता दहति जीवितम्" इत्यादि । विश्वकोष में चिन्त पद छल में भी आया है । जैसे "चिन्ता छले चुल्लिकायाम्" इससे चिन्ता दुःख जनक स्मृति और छल-दोष से रहित, इन दोनों ही अर्थों का समन्वय करते हैं - हे मातः ! चिन्ता छल और दुःखजनकस्मरण आपमें लेशमात्र भी नहीं है इस कारण आप निश्चिन्ता हो और अपने भक्तों को भी निश्चिन्त करती हो ॥६०॥

मातस्त्रिविधाहंकृतिमखिलेभ्यस्त्वं वितीर्य्य जीवेभ्यः ।
स्वयमसि "निरहङ्कारा" तत्यागं निर्दिशन्तीव ॥ ६१ ॥

हे मातः! तीन प्रकार के अहङ्कार (वैकारिक, तैजस और भूतादि) आपने जीवों को प्रदान कर दिये और आप स्वयं उससे रहित हो । इसलिये निरहंकारा हो । भक्तों को हम लोगों को अभिमान के त्याग का निर्देश करती हुई आप निरहंकारा हुई हो ॥६१॥

## अथवा

विश्वं स्वात्मनि सर्वदैव दधती त्वं विश्वरूपाऽप्यहो
नाहंभावमुपैषि, संस्फुरतु स ब्रह्म प्रणिध्यायताम् ।
त्वद्विज्ञानरतस्तु संविदि गतस्त्वां रोपयत्यात्मनि
तस्मात्त्वत्पदसेवकस्य "निरहङ्कारा" हि सर्वा दिशः ॥ ६१ ॥

हे मातः ! इस अखिल विराट् विश्व को अपने मे सदैव धारण करती हुई विश्वरूपिणी होकर भी आप अंहभाव-अहङ्कार-अभिमान को प्राप्त नहीं होती

हो। वह अहंभाव तो ब्रह्म ध्यान करने वाले वेदान्तियों में ही स्फुरित होता रहे फड़कता रहे। आपके ज्ञान में लगा हुआ साधक तो संवित् में प्राप्त होता है, वह अपने में आपको आरोपित करता है। आप निरहंकारा है इस कारण उसे भी अहंकार नहीं रहता। अतः उस आपके सेवक की तो सभी दिशाएँ निरहंकारा ही हो जाती है ।। शार्दूल विक्रीडित छन्द है। इसका लक्षण प्रसिद्ध ही है। ६१।।

वैचित्यं त्वयि नेति निश्चितमपि त्वय्यस्ति यज्ज्ञानिनं
व्याकृष्यापि बलात्प्रयच्छसि महामोहे महामायिके।
"निर्मोहाऽसि ततोऽम्बिके! तव पदं ध्यात्वैव ते योगिनो
वेदान्तप्रवणाः पुनः पुनरिमे ब्रह्मस्थितिं चिन्वते ।। ६२ ।।

हे अम्बिके! मोह (अचेत होना) आपमें नही हैं इसलिए आप निर्मोहा हैं अथवा निश्चितमोहा आप ज्ञानी को भी बल से खींचकर महामायाजन्य महामोह में डाल देती हैं इस निश्चिन्त मोह प्रदान से भी आप निर्मोहा हो यही समझकर योगी और वेदान्त प्रवीण ज्ञानीजन पहले आपको ध्यान कर कर ही बार बार ब्रह्मस्थिति को (ब्रह्मभाव को) चुनते रहते हैं। भावार्थ यह हुआ कि आपके ध्यान के बिना ब्रह्मभाव की प्राप्ति नही है ।।६२।।

हे "मोहनाशिनि" भवे भवतीं श्रितानां, मोहं विनाशयसि मुक्तिनिरोधहेतुम्।
तस्मात्तवाङ्घ्रियुगलाश्रयमाप्नुवानाः मोक्षश्रियां कलकटाक्षजुषो भवन्ति ।।६३।।

हे मोहनाशिनि! यहां मोह अज्ञान समझिये अद्वैत (एकता) प्रदान करने से भक्तों के मोह को नष्ट करने वाली आपके आश्रय करने वालों के मुक्ति-निरोधक अज्ञान को आप नष्ट कर देती हो। इसलिए आपके चरणों का आसरा लेने वाले जन ही मोक्षलक्ष्मी के मधुर मनोहर कटाक्षों के पात्र बनते हैं ।।६३।।

अहं तव सुतोस्म्ययये! त्वमसि देवि! माता मम
परां व्यवहृतिं गतं मम परं ममत्वं त्वयि।
करोषि किमहोऽम्बिके! गमित एष कालः कियान्
विलोकय कृपादृशा न भव "निर्ममा" मत्कृते ।। ६४ ।।

अये देवि: मैं तेरा पुत्र हूं, तू मेरी मा है। मेरी आप में उत्कृष्ट यह ममता पूर्णतया व्यवहार में आ चुकी है अर्थात् इस मेरी ममता को सभी संसर

जान चुका है। आश्चर्य है अम्ब ! फिर भी अब तक आप क्या कर रही हो ! कितना समय गँवा दिया है ( खो दिया है ) शीघ्र ही कृपादृष्टि से मेरी ओर देखिए। हे मा मेरे लिए तू निर्ममा (ममता रहित) मत बने ॥६४॥

जीवानां हृदये ममेदमिति या बन्धैकहेतुर्मतिः
हे विश्वेश्वरि ! तां त्वमेव हरसे कारुण्यभाजा दृशा।
तस्मात्त्वां किल योगिनोऽपि "ममताहन्त्री"-ति मत्वा ध्रुवं
ध्यायन्ति प्रजपन्ति ते मनुमहोरात्रं नवार्णाभिधम् ॥ ६५ ॥

हे विश्वेश्वरि ! जीवों के हृदय में जो यह मेरा-वह मेरा, ऐसी बन्धन की कारणबुद्धि होती है उसे कारुण्यदृष्टि से आप ही मिटाती हो। इस कारण निश्चय ही योगी लोग भी आपको ममता ( बन्धहेतु मति को ) को हरण करने वाली समझकर आप ही का ध्यान करते हैं और रात-दिन आपके नवार्ण मन्त्र का जप करते हैं ॥६५॥

निष्पापां निर्मलस्वान्तां शान्तां च करुणानिधिम्।
ललिताख्यां महामायां शान्तिमिच्छसि तद्भज ॥ ६६ ॥

हे मित्र ! यदि आप संसार में शांति चाहते हो तो, जिसमें किसी प्रकार पाप की रेखा भी नहीं है, और जो पापो को निकाल देने वाली है, निर्मल—उज्जवल अन्तःकरण वाली एवं शांत और करुणा की निधि श्री ललिता नाम वाली महामाया को भजो। भजन-पूजन-सेवन-जप आदि करो, तब शांति-लाभ होगा ॥६६॥

पापप्रणाशाय तु "पापनाशिनी" शक्तिर्हि काचित्क्षमते जगत्याम्।
तामन्तरा पापविनाशनं किमु न स्पन्दनं प्रत्यपि कश्चन क्षमः ॥ ६७ ॥

यह सत्य ही समझिये प्राणी के पापों के नाश करने के लिए जगत् में कोई पापनाशिनी शक्ति ही समर्थ है (होती है), और कोई नहीं। उस शक्ति के बिना पापप्रणाश तो दूर रहा और बहुत बड़ा काम है पर फरकन-'हरकत' चेष्टा-स्पन्दन भी कोई नहीं कर सकता है। श्री ललिता महात्रिपुरसुन्दरी स्मरण मात्र से पाप दूर करती है अतः पापनाशिनी नाम सही है ॥६७॥

"निष्क्रोधां" त्वां शुभ्रवर्णाम्बरां च श्वेतैर्माल्यैर्मौक्तिकाभूषणैश्च ।
सन्दीव्यन्तीमक्षमालावराढ्यां निध्यायन्तः शान्तिमृच्छन्ति धन्याः ॥६८॥

क्रोधरहित आपको शुभ्र श्वेत वर्ण वाली और वस्त्र वाली तथा श्वेत पुष्प और मोतियों के आभरणों से शोभित हुई अक्षमाला और वर धारण करती को जो ध्यान करते हैं, वे धन्य हैं और वे ही शांति को प्राप्त होते हैं। शालिनी नाम का छन्द है ॥६८॥

क्रोधस्तमोरूप उदग्रभावः षड्वर्गगामी प्रबलो ह्यरातिः ।
तस्यास्य सम्यक् परिशासकत्वात् पराम्बिके "क्रोधशमन्यसि" त्वम् ।६९।

हे पराम्बिके ! यह क्रोध तमोगुण का रूप उग्रभाव लाने वाला अरिषड-वर्गगत प्रबल शत्रु है (अरिषड्वर्ग पहले श्लोक नं० ५९ में समझा चुके हैं), इसका आप सम्यक् प्रकार शासन करती हो। इस कारण आप 'क्रोधशमनी' कहलाती हो। यह नाम चरितार्थ है ॥६९॥

निर्लोभासि धराधरेन्द्रतनये ! यद्भावतोऽप्यानतान्
दीनान्भूपयसे प्रयच्छसि च तत्कामाधिकां सम्पदम् ।
किम्ब्रूमो महिमानमीश्वरि ! तवौदार्य्यस्य यत्स्वां कलां
लक्ष्मीमात्मपदं सकृत्प्रणमते प्रादाः स्वयं विष्णवे ॥ ७० ॥

हे धराधरेन्द्र नगराज हिमालय की पुत्रि ! सचमुच आप निर्लोभ ही हो। जो भावमात्र से भी आपकी तरफ नम जाने वाले दीन-हीनों को राजा-महाराजा बना देती हो, और उन्हें उनकी कामनाओं से भी कहीं अधिक सम्पदाएं देती हो। कोई लोभी जगत् में ऐसा कर सकता है ? कदापि नहीं कर सकता है। यह तो निर्लोभ ही करते हैं। हे ईश्वरि ! अधिक आपकी क्या महिमा कहूं? आपने तो एक बार निजचरण में प्रणाम करते हुए विष्णु को अपनी खुद की कला लक्ष्मी को भी दे डाला, इससे अधिक निर्लोभता का क्या उदाहरण हो सकता है ॥७०॥

त्वद्भक्तिसद्भावजुषां मनीषिणां सद्यो हि लोभं प्रविनाशयन्त्यहो।
जयस्यलं त्वं त्वमिव त्रिविष्टपे ज्ञातासि सर्वैरपि "लोभनाशिनी" ॥ ७१ ॥

हे अम्ब ! आपकी भक्ति से सद्भाव धारण करने वाले मनस्वी मनुष्यों के लोभ (जो पाप का कारण है) को विनष्ट करती हुई त्रिलोक में सभी से जानी गई 'लोभनाशिनी' आप आप ही के सरीखी हो—सर्वोत्कृष्ट हो आप-सा दूसरा कोई नहीं है। अनन्वयालंकार हुआ ॥७१॥

त्वां नेति नेतीति वदन्ति तेषां पुरः किमास्तामिति संशयो मे।
आब्रह्मशष्पं किल सेति से त्यहं "निःसंशयां" त्वां निगदामि संविदम्॥७२॥

हे मातः ! जो आपको नेति नेति-न इति न इति-यह नहीं यह नहीं कहते रहते हैं। उनके आगे उनके ध्यान में क्या प्राप्त होगा—यह मुझे संशय ही है। मैं तो तृण से ब्रह्म तक सेति सेति-सा इति सा इति-वही यह है वही यह है-निश्चय ही यह सब वही है—इस प्रकार आपकी निःसंशया (संदेह=संशय रहित) संवित् कहता हूं ॥७२॥

यावन्न चैतन्यमयीं मनोहरां त्वां "संशयघ्नीं" प्रविलोकयन्ति ते।
तावद्भवत्यामसदीक्षणोत्थिता वेदान्तिनां नो विरमन्ति कल्पनाः ॥७३॥

हे परमेश्वरि ! जब तक वे चैतन्यमयी और मनोहर एवं सभी संशयों को नष्ट करने वाली आपको न देख लेते हैं अर्थात् जब तक वे आपका दर्शन न पा लेते हैं, तब तक उन वेदान्तियों की आपके विषय में असत् (दर्शनजन्य) कल्पनाएं विरत नहीं होती हैं। अर्थात् वेदान्ती जन भी आपके दर्शन पाकर असत् नहीं कहते हैं या नहीं कहेंगे ॥७३॥

उत्पत्तिराहित्यमती त्वमम्बिके ! करोषि भक्तानपि निर्भवान् भवे।
त्वां तत्त्वतोऽमी प्रवदन्त "निर्भवां" शान्ताश्च दान्ता मुनयो महर्षयः ॥७४॥

हे अम्बिके ! आप उत्पत्तिरहित हो और अपने भक्त जनों को भी जन्म-रहित कर देती हो। अर्थात् आपके भक्त फिर भव में जन्म नहीं पाते हैं। इस

कारण आपको तत्त्वतः–सच ही शांत वृत्ति वाले मन और इन्द्रियों को दमन करने वाले मुनि–महर्षि लोग निर्भवा—जन्मरहिता—संसार संगरहिता कहते हैं ।।७४।।

युगान्तकाले प्रलयाय कालिके ! संसारमेतं किल संहरस्यहो ।
यथोर्णनाभिर्विततं स्वजालकं स्वस्मिन् तदुक्ता "भवनाशिनी" बुधैः ।७५।

हे अम्ब ! युगान्तकाल में प्रलय के लिए आप काली रूप धारण करती हुई इस संसार का संहार कर लेती हो । जैसे मकड़ी अपने फैलाये हुए जाल को अपने में ही समेट लेती है । इस कारण विद्वानों ने आपको भवनाशिनी कहा-भक्तों के संसार को–आवागमन को मिटा देती हो । आपके भक्त फिर भव-बन्धन में नहीं पड़ते हैं । अतः 'भवनाशिनी' नाम अनुगुण हुआ ।

कुर्वन्ति ये ब्रह्मणि दृश्यकल्पनां तेषामनल्पाः प्रभवन्तु जल्पनाः ।
ब्रूमो विविच्यैव सतां मतान्यहो त्वां "निर्विकल्पां" परिशुद्धसम्विदम् ।७६।

अहो अम्बिके ! जो वेदान्ती जन ब्रह्म में दृश्य कल्पित करते हैं उनकी बहुत-सी जल्पना-बकवाद भले ही होती रहें हम तो सन्तों के मतों को विवेचन कर ही कहते हैं कि आप 'निर्विकल्पा' विकल्परहित शुद्ध सम्वित् हो । विरुद्ध कल्पना रहित हो यह भी अर्थ है ।।७६।।

त्वं कालत्रितयेऽपि धीश्वरि ! "निराबाधै"–व जोघुष्यसे
सत्यं तद्भवतीं प्रपन्नमनसोऽप्येवं जगत्यां जनाः ।।
निर्बाधा विहरन्ति चेतसि चिरं त्वां चिन्तयन्तः शिवे !
आराध्यस्य गुणा उपासकतनौ उद्यान्ति तत्साम्प्रतम् ।। ७७ ।।

हे धीश्वरि-बुद्धि की अधिनायिके ! आप त्रिकाल में निराबाधा बाधरहित और "नेदं रजतम्" इस वाक्य में रजत के बाध होने पर भी इदं का बाध नहीं है । इस प्रकार निराबाधा है–यह सत्य है, परन्तु आपको शरण आये हुए जन भी जगत् में आपका चिर चिन्तन करते हुए निर्बाध–निराबाध ही विहार करते हैं, यह ठीक भी है आराध्य देव के गुण उपासक में भी उदित होते ही हैं । अर्थान्तरन्यास अलंकार हुआ ।।७७।।

शिवे ! "निर्भेदाया"-स्तव जननि ! भेदं प्रवदतां
व्यतीयन्ते व्यर्थं बहुलतरजन्मानि जगति ।।
त्वमेवैका नित्या ललसि ललिते ! चिन्मयतया
समस्तेऽस्मिन्विश्वे न इति न हि जानन्ति कुधियः ।। ७८ ।।

हे शिवे ! परमार्थतः भेद रहित आपके भेद को बतलाने वालों के इस जगत् में अनेकानेक जन्म व्यर्थ ही होते रहते हैं। अथवा शिव में अभेद से रहने वाली आप (शक्ति में) में भेद बतलाने वाले (शिव-शक्ति में भेदवादी लोग) संसार में जन्म लेते ही रहते हैं—उनका मोक्ष नहीं होता। यह भावार्थ हुआ। आप एक हो नित्य हो, चिन्मय रूप से आप इस सारे संसार में (विश्व में) विलास करती हो—ऐसा वे कुबुद्धि लोग नहीं जानते हैं यह नहीं वे अवश्य जानते हैं फिर भी अर्थात् जानते हुए भी भेदवादी बन रहे हैं यह आश्चर्य है। 'पश्यन्तोऽपि न पश्यन्ति जानन्तोऽपि न जानते। अविद्यायाः प्रभावोऽयं यत्र मुह्यन्ति सूरयः ।।' इस उक्ति को चरितार्थ कर रहे हैं। यह आपकी माया है ।।७८।।

आभ्यन्तरां बाह्यभवां द्विधा भिदं, स्वसाधकानां मनसि स्फुरत्पदाम् ।
तत्त्वप्रबोधेन निवारयन्त्ययि ! त्वमम्ब ! सिद्धाऽखिल-"भेदनाशिनी" ।।७९।।

हे शिवे ! आभ्यन्तर और बाह्य, अर्थात् भीतरी और बाहरी दो प्रकार का भेद होता है। उन दोनों भेदों को (जो आपके साधक के मन में आरम्भ काल में फुरने लगते हैं, उदित होने लगते हैं) उन्हें तत्वप्रबोध देती हुई आप निवारण करती हो। इस वास्ते आपको समस्त भेद नाश करने वाली अखिल "भेदनाशिनी कहते हैं" ।।७९।।

"निर्णाशां" त्वां पश्यतां तत्त्वदृष्ट्या मातर्नाशं षड्विकारा व्रजन्ति ।
योगीन्द्रास्ते सर्वसाम्यं भजन्तस्त्वत्सायुज्यं स्वेच्छयैव प्रयान्ति ।। ८० ।।

हे मातः ! आप निर्णाशा-अविनाशिनी हो जो पुरुष आपको तत्त्वदृष्टि से विनाशरहित देखते हैं उनके छहों विकार नष्ट हो जाते हैं और वे योगीन्द्र

सर्व प्रकार समत्व धारण करते हुए इच्छापूर्वक आपके सायुज्य को पा लेते हैं। अस्ति, भाति, जायते, वर्धते, विपरिणमते, क्षरति-ये छः विकारशास्त्र प्रसिद्ध हैं। ये संसारियों को होते हैं ॥८०॥

मृत्युञ्जयान्तरगतां भवतीं भवानि ! तत्काल "मृत्युमथनीं" हृदि भावयन्ति।
स्वायत्तभूतकलनास्त इहैव नूनं सम्प्राप्नुवन्तिसहसाप्यजरामरत्वम् ॥८१॥

हे भवानि ! आपको जो पुरुष या नारीगण मृत्युञ्जय महादेव परशिव के अन्तरा विद्यमान अर्थात् हृदय में निवास करती, और गौरीशंकर रूप में शिवदेह में अर्धाङ्गत्वेन विराजमान आपको तत्काल मौत को मथन करने वाली समझकर ध्यान करते हैं, वे भूतरचना पर अधिकार करने वाले-भूत-सृष्टि को स्वाधीन कर लेने वाले यहीं संसार में अजर-अमर हुए विहार करते हैं ॥८१॥

क्रियान्वयाभावतयासि निष्क्रिया ब्रह्मत्वसिद्धौ परमार्थरूपतः।
सत्यां तवाम्ब ! प्रकृतित्वसिद्धौ अप्युच्चकैस्त्वं किल भासि "निष्क्रिया" ॥८२॥

हे अम्ब ! ब्रह्म रूप हो तो भी परमार्थ में आपमें कोई क्रिया अन्वित नहीं होती हैं। इस कारण आप निक्रष्िया हो। और आपको प्रकृतिसिद्ध समझते हुए भी आपमें क्रिया का समन्वय न हो सकने के कारण आप निष्क्रया हो, दोनों ही तरह नाम अनुगुण हो रहा है। क्रियान्वय के बिना ही कर्तृ आदि कारक भाव को प्राप्त हो रही हो, यह आश्चर्य है। शस्त्रानुसार क्रियान्वय-वान् ही कारक होता है ॥८२॥

त्वां भावयन्तो हृदि "निष्परिग्रहा" मुपांशु ते बीजमनुं जपन्ति ये।
समृद्धिसम्पन्नपरिग्रहास्ते जायन्त एवेति विचित्रमम्ब ! ॥ ८३ ॥

हे अम्ब ! किसी भी परिग्रह को न रखने वाली आपको जो साधक श्रेष्ठ भावना से देखते हुए बीजमन्त्र का जप करते हैं, वे समृद्धिसंयुक्त-सम्पत्ति-शाली, परिग्रह ( स्त्री, पुत्र, बन्धु, भगिनी आदि भी परिग्रह कहलाते हैं ) वाले

हो जाते हैं, यह बड़ी विचित्र बात है। जैसा सप्तशती में "धन्या स्त एव निभृतात्मजभृत्यदाराः येषां सदाभ्युदयदा भवती प्रसन्ना"। इति ॥८३॥

ये ये पदार्था ह्युपमानकोटौ मातस्त्वदर्थं कविभिः सुकल्पाः।
स वाग्विजृम्भः प्रतिभानजन्यस्त्वं वस्तुतस्त्वीश्वरि! "निस्तुला"ऽसि ॥८८॥

हे मा! कवियों ने संसार में जिन जिन पदार्थों को आपके लिए उपमान कोटि में सुतरां और सुष्ठुतया कल्पित किये हैं, वह केवल उनका वाग्विजृंभण-वाणी का ऊंचे से ऊंचा विलास ही है, अर्थात् उनकी प्रतिभाजनित वाणी की उदंचना-उछल-कूद है। परमार्थ सत्य में तो हे ईश्वरि! आप निस्तुला-तुला (उपमा) रहित ही हो। संसार में आपका कोई उपमान (सानी) नहीं है ॥८४॥ अनन्वयालंकार ध्वनित हुआ है।

त्वां देवि! "नीलचिकुरां" रुचिराननां ये
　　स्वान्तर्यजन्ति विधिलब्धगुरूपदेशाः।
ते भूमिपालगणमौलिकिरीटरत्न—
　　व्यामिश्र-कान्तिभरदीप्तपदा जयन्ति ॥ ८५ ॥

हे देवि! सुन्दर मुखारविन्द और उस पर नीले (काले) घनश्यामल सान्द्र केशकलाप वाली आपको जो पुरुष विधिपूर्वक गुरु से आपका उपदेश पाकर अन्तर्याग में पूजन करते हैं, वे राजाओं के मस्तक पर धृत किरीट के रत्नों के मिश्रित कान्तिभार से चमकीले चरण वाले होते हुए सबसे अधिक उत्कर्ष प्राप्त करते हैं ॥८५॥

"निरपाया" त्वं येषु स्फूर्जत्करुणाकटाक्षविक्षेपम्।
कलयसि तेषामपयापयन्ति गणपादयोऽपायान् ॥ ८६ ॥

अपाय-विघ्न अत्यय नाश को कहते हैं। आपमें कोई भी अपाय का नाम निशान नहीं है। आप ऐसी निरपाया हो तो भी आप जिन साधकों पर अपना प्रदीप्त चंचल करुणामय कटाक्ष-विक्षेप करती हो उनके अपायों (विघ्नों) को गणपति और भैरवादि देव दूर करते रहते हैं ॥८६॥

अतिक्रमो दोषविनाशकृच्छ्राण्यपि प्रसज्जन्ति न वै भवत्याम् ।
ततः सदानन्दचिदेकरूपां "निरत्यया" त्वां वयमामनामः ॥ ८७ ॥

हे देवि ! आप अत्यय-अतिक्रमदोष-विनाश और कष्ट से रहित होने से निरत्यया हो । उपर्युक्त अतिक्रमादि का आपमें लेशतः भी प्रसंग नहीं है, इस कारण सत्, चित् और आनन्दरूपिणी आपको हम निरत्यया अत्यय रहित कहते हैं ॥८७॥

दुर्गे त्वदीयां करुणादृशं विना योगस्थितैः सांख्यपरैश्च वैदिकैः ।
वेदान्तिभिस्त्वं न सुखेन लभ्यसे ततो दुराराध्यतयाऽसि "दुर्लभा" ॥८८॥

हे दुर्गे ! आपकी करुणादृष्टि पाये बिना योगी, सांख्य वाले वैदिक और वेदान्ती विद्वान् भी आपको सहज सुख से नहीं पा सकते हैं । इस कारण से तथा दुराराध्य होने से भी दुर्लभा कहलाती हो । हाँ आपकी करुणादृष्टि जिन पर हुई है या होती हैं, वे ही आपको शीघ्र पा सकते हैं ॥८८॥

ब्रह्मादयोऽपि हि तवेश्वरि ! "दुर्गमाया"
नान्तं न पूर्णमहिमानमथो गुणांश्च ।
सम्प्राप्नुवन्ति तदहं किमु तेऽम्ब ! लब्धुं
शक्नोमि सम्प्रति कृपाकणमन्तरेण ॥ ८९ ॥

हे ईश्वरि ! आप दुःख से ज्ञात करने योग्य हो—बड़ी मुश्किल से ज्ञान में आती हो, इस कारण और ब्रह्मादि देवगण भी आपके अन्त तथा परिपूर्ण महिमा को एवं गुणगणों को नहीं पा सकते हैं-नहीं जानते हैं तो हे अम्ब ! मैं इस समय में आपकी कृपाकण के पाये बिना क्या जान सकूं ॥८९॥

तं दुर्गमं दितिसुतं दुरितानि दुःखं त्वं सम्प्रपन्नमनसां हरसीति मातः ।
दुःखोपलभ्यमहिमैकलवाऽस्यथातो "दुर्गे"-ति सर्वविदिताऽसि किमीरये त्वाम्

हे मातः ! उस प्रसिद्ध दुर्गमासुर को तथाविध नष्ट करके देवगण को सुखी किया और अपने शरण प्राप्त होने वाले नरनारियों के दुरित-पाप-दुष्कृत-

दुःख दूर करती हो तथा आपकी महिमा का एक लव भी दुःख से मिलता है इत्यादि कारणों से आप दुर्गा नाम से विदित हुई हो। मैं अल्पज्ञ जन आपके विषय में क्या कह सकता हूं ।।९०।।

आराधिता व्रतजपैरथ पूजिताऽपि पुष्पाक्षतैरपि नुता स्तुतिपाठसूक्तैः।
त्वं देवि निश्छलदयामयमानसत्वात् सर्वप्रकारभजतामसि "दुःखहन्त्री"९१।।

हे देवि ! आप व्रतों (नवरात्र और अन्यान्य रसकल्याणिनी तृतीया, अष्टमी आदि) से तथा जपों (नवार्ण, षोडशी, त्र्यक्षरी, एकाक्षरी आदि) से तथा पुष्प–अक्षतादि उपचारों से पूजी गई, एवं स्तुतिपाठ तथा सूक्तों से आराधिता हुई निष्कारण दयामय मानस होने के कारण भजन करने वालों के सभी प्रकार दुःखों का नाश करती हो, अतः दुःखहन्त्री यह आपका नाम अनुगुण ही है ।।९१।।

स्मृतापि मनसाऽम्बिके विपदि भक्तलोकैरये !
स्वकीयविरुदं स्वयं मनसि चिन्तयन्ती द्रुतम् ।।
उपेत्य निजसाधकान्सुखयसीति ते प्रत्ययः
प्रकाशयति ते कृपां किल "सुखप्रदां" सर्वदा ।। ९२ ।।

अये अम्बिके ! विपत्काल में भक्तों से मन के द्वारा स्मरणमात्र किये जाने पर आप अपने विरुद को अपने मन में सोचती हुई शीघ्र ही अपने साधकों के समीप ( सम्मुख ) प्राप्त होकर सुख प्रदान करती हो, इस कारण यह आपका विश्वास प्रकाशित करता है कि आपकी कृपा सबको सदा सुखप्रदा है ।।९२।।

पुण्यं न पाकोन्मुखमस्ति येषां, फलोद्धुरं पातकमस्ति येषाम् ।
कदापि कात्यायनि ! "दुष्टदूरां" नमन्ति न त्वां न च ते यजन्ति।।९३।।

हे कात्यायनि ! भगवति ! जिनका कर्म परिपाक के उन्मुख नहीं हुआ है, जिनका पातक फल दान के लिए परिणत हो गया है। वे जन दुष्टों से दूर रहने वाली अथवा दुष्ट-जन है दूर जिससे ऐसी आप 'दुष्टदूरा' को कभी न

नमस्कार करते हैं न वे, आपका यजन ( पूजन, भजन, कीर्तन, हवनादि ) ही करते हैं। इससे आपका 'दुष्टदूरा' यह नाम सही है ।। ६३ ।। "प्रणन्तुं स्तोतुं त्वां कथमकृतपुण्यः प्रभवति"– ऐसा शङ्कराचार्य भी कहते हैं। सौन्दर्यलहरी ।।

दयापाथःपूरां निरवधि "दुराचारशमनीं"
भवानि ! त्वां भक्त्या भगवति भजन्भावभरितः ।
प्रसादात्ते लोको हृतकुकृतिशोको मुदितधीः
शुचिस्वान्तो दान्तो भवति भुवि शान्तो भव इव ।।९४।।

हे भगवति भवानि ! निःसीम (बेहद्द) दयारस से परिपूर्ण और दुराचार को शमन करने वाली आपको भावपूर्ण भक्ति से भजता हुआ यह लोक जन आपके प्रसाद ( कृपा ) से कुकर्म और शोक छोड़कर प्रसन्नमति और प्रसन्नमन वाला होकर इन्द्रियदमन करता हुआ भूमण्डल में शिव के समान–ज्ञानभाव पूर्ण हो जाता है ।। ९४ ।।

भक्त्युल्लसत्प्रेमभरोपसेविनां येषां हृदि भ्राजसि "दोषवर्जिता" ।
रागादिदोषाः कलयाऽपि तन्मनः कामाक्षि ! नैवाभिभवन्ति जातुचित् ।।

हे कामाक्षि ! भक्ति से उल्लास को प्राप्त हुए प्रेमभर से आपका सेवन करने वाले जिन साधकों के हृदय में दोषवर्जित ( दोषरहित ) आप प्रकाशित होती रहती हो, उनके मन को रागादिदोष कलामात्र भी कभी प्रभावित नहीं करते हैं। उनके मन नें दोषों की एक रेखामात्र भी नहीं आ पाती है ।। ९५ ।।

"सर्वज्ञा"-या भगवति ! कृपाकोमलास्ते कटाक्षाः
येषां नृणामुपरि यमुनावीचितुल्या लसन्ति ।
धन्या मान्या अपि च सदसि प्राग्रगण्या वदान्याः
जायन्ते ते जगति गुणिनः श्रेयसां भाजनानि ।।९६।।

हे भगवति ! सब कुछ जानने वाली आपकी कृपा से कोमल यमुना की लहरियों के समान आपके कटाक्ष दृष्टि के प्रान्त जिन मनुष्यों पर विलसित होते

हैं, वे पुरुष यद्वा स्त्रियाँ जगत् में गुणी, धन्य, मान्य तथा सभाओं में अग्रगण्य (सब से आगे जिनकी गणना होती है) उदार तथा समस्त कल्याणों के पात्र बन जाते हैं ॥ ९६ ॥

लोकान्पालयितुं तपःफलयितुं नित्यं तपश्चारिणां
देवान्देवयितुं तथोन्नमयितुं धर्मं धरामण्डले ।
भक्तिं वर्द्धयितुं कृतावतरणा सिंहासनाध्यासिनी
त्वं शम्भोररुणाति-"सान्द्रकरुणा" मूर्तैव जेजीयसे ॥९७॥

हे भगवति ! लोकों का पालन करने के लिए, नित्य तपस्या करने वालों के तप का फल देने के लिए, देवों को सुखी बनाने के लिए या विशेष दिव्यभाव दिलाने के लिए तथा भूमण्डल पर धर्म को समुन्नत करने के लिए एवं भक्ति को बढ़ावा देने के लिए अवतार धारण कर पधार आने वाली सिंहासन पर विराजमान आप शम्भु की-परशिव की अरुणवर्णा मूर्तिमती करुणा ही जय पा रही हो ॥ ९७ ॥

नित्यं "समानाधिकवर्जिता"-यास्ते पादपद्मं मनसि स्मरन्ति ।
समत्वयोगप्रवणाशयास्ते द्वन्द्वैरतीताः प्रभवन्ति सन्तः ॥ ९८ ॥

हे देवि ! अपने समान और अधिक भी जिसके न हो वह 'समानाधिक॰ वर्जिता' ऐसी आप के चरणकमल को जो मन से नित्य स्मरण करते हैं, वे समता के योग में प्रवीण हुए सुख-दुःखादि द्वन्द्वों से अतीत ( परे ) हो जाते हैं ॥९८॥

"सर्वशक्तिमयी"-मम्बां ये ध्यायन्ति दिवानिशम् ।
स्फुरन्ति तेषां चित्तेषु तास्ता निःशेषशक्तयः ॥ ९९ ॥

जो पुरुष सर्वशक्तिमयी–समस्त शक्तियों का पुञ्जभूत अर्थात् जिसमें ब्रह्माण्ड-वर्तिनी सभी शक्तियां निबास करती हैं, ऐसी अम्बा को दिन-रात ध्याते हैं, उनके चित्त में सभी प्रकार की शक्तियाँ प्रस्फूर्त होती रहती हैं । अर्थात् वे सर्वशक्तिशाली बन जाते हैं ॥ ९९ ॥

निरूपयन्तः किल "सर्वमङ्गलां" ये षोडशार्णं मनुमीरयन्त्यहो।
तेषां दृशो वाक्प्रसराः करभ्रू शिरोविकम्पा अपि मङ्गलानि ॥ १००॥

जिसके सभी मङ्गल हृदयस्थ हैं अथवा जो सभी मङ्गलों को देने वाली हैं। यद्वा सभी मङ्गलों का जो स्वरूप है ऐसी 'सर्वमङ्गला' भगवती को ध्यान में निरूपण करते हुए ( निहारते हुए ) जो आपके षोडशाक्षर मन्त्र को जपते हैं। आश्चर्य है कि उनकी दृष्टि-वाणी के प्रसार अर्थात् जहां जहां दृष्टि फैलती है और वाणी फैलती है, वहां मङ्गल ही मङ्गल होते हैं, तथा उनके हाथ, भ्रूकुटी और शिर के इशारे भी मङ्गलकारी हो जाते हैं ॥ १०० ॥ आदितः २०० ॥

इति श्री कविभूषण पं० श्रीहरिशास्त्रिविरचिते ललितासहस्रकाव्ये
द्वितीयं शतकम्।

इस प्रकार कविभूषण आशुकवि श्री हरिशास्त्री के बनाए ललितासहस्र काव्य में यह दूसरा शतक पूर्ण हुआ।

---

स्वरचित हिन्दी भाषानुवाद व्याख्या सहितम्।

# तृतीयं शतकम्

ज्ञानं च शक्तिं च गतिं गतिस्थलं सुनिर्वृतिं मोक्षमपि त्वमम्बिके !
सद्भ्यो ददानाऽविरतं सुरासुरैः कृताभिधेया किल "सद्गतिप्रदा" ॥ १ ॥

हे अम्बिके ! आप, सद्गति शब्द से यहां ज्ञान, शक्ति, गति, गति का स्थान, सुख तथा मोक्ष भी स्वीकार किया है। सत्-विद्वान् श्रेष्ठ साधु महात्माओं ( सन्त ) को उपर्युक्त सभी प्रकार के अर्थों की देने वाली हो, इसलिए सुरासुरों ने आपको 'सद्गतिप्रदा' यह नाम दिया है ॥ १ ॥

स्वामित्वं परमेश्वरत्वमपि वा शक्तत्वमप्यमम्बिके !
स्वातन्त्र्यं प्रभुताधिकाधिकमहो जागर्ति सर्वत्र ते ।
तस्मात्त्वामिह पूजयन्नपि नमन् "सर्वेश्वरि" ! त्वद्गुणान्
गायन्कि किमिहाप्तुं न हि विभुर्जायेत भक्तस्तव ॥२॥

हे सर्वेश्वरि ! सर्वेश्वरपने में स्वामित्व, परमेश्वरपना और शक्तता, सामर्थ्य, स्वातन्त्र्य और प्रभुता ( अधिकाधिक हुकूमत ) सब जगह आप ही की जगमगाती है । इस कारण आपको पूजता हुआ और प्रणाम करता हुआ तथा आपके गुणों का गायन करता हुआ आपका भक्त साधक इस संसार में क्या क्या प्राप्त करने को समर्थ नहीं होता है, अपितु सभी कुछ प्राप्त कर सकता है ॥ २ ॥ शार्दूलविक्रीडित छन्द है ।

कलामयीं नादमयीं महोमयीं संविन्मयीं तत्त्वमयीं जगन्मयीम् ।
त्वामम्बिके ! "सर्वमयी" मवैति यः पुनर्भवं नैव जनः प्रयाति सः ॥ ३ ॥

हे अम्बिके ! कला छः हैं तन्मयी उनके रूप में परिणत हुई । एवं नाद शब्द का मूल—तन्मयी, महोमयी-उत्सवस्वरूपिणी, संविन्मयी-ज्ञानरूपिणी, तत्व ३६ हैं तन्मयी; और जगत्रूपिणी आपको जो सर्वमयी—सर्वरूपिणी जानता है, वह जन (ज्ञानी पुरुष) फिर पुनर्जन्म नहीं पाता है । अर्थात् वह साधक पुरुष आपके सायुज्य को प्राप्त हो जाता है । क्षिति आदि शिव पर्यन्त तत्त्वों से अभिन्न होने के कारण 'सर्वमयी' नाम सिद्ध और सार्थक है ॥ ३ ॥ वंशस्थ और इन्द्रवंश की उपजाति छन्द है ।

द्विधाऽपि वर्णास्तव देवि रूपं त एव मन्त्राः किल सप्तकोटिः ।
संख्यान्तरस्थास्तव "सर्वमन्त्रस्वरूपिणीत्वं" प्रतिपादयन्ति ॥ ४ ॥

हे देवि ! स्वर और व्यञ्जन दोनों प्रकार के वर्ण आपके ही रूप हैं । वे ही वर्ण सात करोड़ मन्त्रों को प्रकट करते हैं । वे सब संख्यान्तरों में गुणित होते हुए आपका 'सर्वमन्त्रस्वरूपिणी' पन प्रतिपादित करते हैं ॥ ४ ॥

यन्त्राणि सर्वाणि तव त्रिकोणरूपेण नानाविधि लेखितानि ।
फलन्ति कामान् तत एव "सर्वयन्त्रात्मिका" त्वं प्रतिभासि मातः ॥५॥

हे मातः ! सभी यन्त्र आपके त्रिकोण रूप से-नाना विधान रूप से लिखे-लिखाये जाते हैं। और सभी साधकों के समस्त काम सफल करते हैं। इस कारण 'सर्वयन्त्रात्मिका' प्रतीत होती हैं। सभी देवों के यन्त्रों में त्रिकोण होते हैं, त्रिकोण प्रधान आपका रूप है। आप ही से सब यन्त्र सिद्ध तथा सफल होते हैं। इस कारण सभी यन्त्र आपके रूप हैं ॥ ५ ॥

तन्त्रैश्चतुःषष्टिमितैः शिवोक्तैस्तवैव पन्थाः समुदीर्यतेऽम्ब !
अङ्गानि तानीति च "सर्वतन्त्ररूपा"-भिधानासि महामहेशि ! ॥ ६ ॥

हे महामहेशि ! शिवजी के कहे हुए चौसठ तन्त्रों में आप ही का पन्थ (साधन) बतलाया है। हे अम्ब ! वे सभी तन्त्र आपके अङ्गभूत हैं। इस कारण आपका नाम 'सर्वतन्त्ररूपा' हुआ है। 'कामिकागम' में सभी तन्त्रों को भगवती के अङ्ग बतलाये हैं ॥ ६ ॥

यया निमेषोन्मिषितप्रहीणया निध्यायतस्त्वां हृदि योगमुद्रया।
उन्मन्यते मानसमम्बिकेऽचिरात् "मनोन्मनी" त्वं शुचिकुम्भके स्थिता ॥७॥

हे अम्बिके ! निमेष (पलक लगना), उन्मेष (पलक खोलना) इन दोनों से हीन योगमुद्रा से आपका ध्यान करने वालों का मानस (मन) उत्कृष्ट मनन करने में लग जाता है। वह जाप शुद्ध कुम्भक में रहने वाली मनोन्मनी मुद्रा में होता है। मनोन्मनी योगमुद्रा योगशास्त्र में इस प्रकार बतलाई है—"नेत्रे ययोन्मेषनिमेषमुक्ते, वायुर्यया वर्जितरेचपूरः। मनश्च सङ्कल्पविकल्पशून्यं, मनोन्मनी सा मयि संनिधत्ताम्" ॥ १ ॥ मनोन्मनी मुद्रा शिवजी के सदैव रहती है, इस लिए शिवजी को मनोन्मन शिव (तादवस्थ्य सम्बन्ध से) हुए उनकी शक्ति मनोन्मनी हो। अथवा मन को उत्कृष्ट मनन कराने वाली होने से आप स्वयं 'मनोन्मनी' हो ॥ ७ ॥

महेश्वरस्यापि महत्पदे स्थितां, तदन्तरस्थां परमां च शक्तिम्।
महत्तदैश्वर्य्यमपीक्षमाणा "माहेश्वरीं" भूतिमवाप्नुवन्ति ॥ ८ ॥

त्रिगुणातीत शिव को महेश्वर कहते हैं, उस महेश्वर के भी महत् पद में ऊर्ध्वभाग में रहने वाली तथा उसके मध्यभाग में भी विराजमान हृदय में

रहने वाली परमा शक्ति आपको उक्त ऐश्वर्य के साथ ध्यान में देखते हुए साधक 'माहेश्वरी' विभूति को प्राप्त हो जाते हैं ।। ८ ।।

अहो "महादेवि !" तवाङ्घ्रिवारिजं समर्चतां भक्तिमतां सतां नृणाम् ।
विराट्स्वरूपेण चिरादवस्थितिः स्वयं च संसिद्धयति साऽप्रमेयता ।। ९ ।।

हे महादेवि ! आपके चरणकमल को पूजने वाले भक्तिमान् सत् जनों की विराट् रूप में चिरकाल तक स्थिति रहती है, तब वह अप्रमेयता अपने आप सिद्ध हो जाती है । भगवती के महत्त्व का प्रमाण देखिए–"बृहदस्य शरीरं यत् अप्रमेयं प्रमाणतः । धातुर्महेति पूजायां महादेवी ततः स्मृता" ।। इति ।। ९ ।।

वकं भुजङ्गं च दधन्नृसिंहं सहौषधीनाथकलानमोभ्याम् ।
मनुं "महालक्ष्मि !" महेशमान्यं जपन्नरो धन्यतमा भवन्ति ।।१०।।

हे महालक्ष्मि ! वक (श) भुजङ्ग (र) इनको औषधीनाथ कला-चन्द्रकला-अनुस्वार और नमः पद के साथ धारण करने वाला नृसिंह ( ई-कार ) आपका मन्त्र होता है । महेश्वर के भी माननीय आपके उक्त मन्त्र को जपते हुए नर अतिशय धन-धान्य युक्त हो जाते हैं । इस पद्य में 'श्रीं नमः' इस महालक्ष्मी मन्त्र का उद्धार बतलाया है । यहां "जपन्नरो धन्यतमा" ये पद एकवचन-बहुवचन के भ्रामक हैं । बहुवचन अभीष्ट है । जपन्तश्च ते नरः (नराः) नृ शब्द का रूप है—ना नरौ नरः ऐसे रूप प्रथमा में चलते हैं । यह नरः प्रथमा बहुवचन में है । इस प्रकार धन्यतमा इस बहुवचन का समन्वय हो जाता है । भैराल तन्त्र में महाल नाम दानव का वध किया है, इस कारण महालक्ष्मी नाम हुआ, ऐसा बताया है ।। १० ।।

"मृडप्रियायाः" पदसेवनेन भवे भवेत्को न सुखी नितान्तम् ।
निषेवणाच्चान्द्रमसीसुधायाः तृप्तिं समीयाद्दिवि को न देवः ।।११।।

मृड महादेव उसकी प्रिया, अथवा मृड-सुख है प्रिय जिसके वह मृडप्रिया' ऐसी आपके पदकमल का सेवन करता हुआ कौन संसार में सुख नहीं प्राप्त करता

है! अपितु सभी प्राप्त करता है। इसका समर्थन करते हुए अर्थान्तरन्यास अलङ्कार बनाते हैं—चन्द्रमा की सुधा का पान करता हुआ कौन देव तृप्ति नहीं पाता है? अपितु सभी देव तृप्त हो जाते हैं ॥ ११ ॥

रूपं रूपचतुष्टयादतिशयप्रोल्लासशीलं महत्
लावण्यैकनिधिप्रभाभरभरं यश्चेतसा भावयन् ।
प्रासादं परिवर्तयन्नयि "महारूपे" तवाऽऽसेचनं
स श्रीवल्लभतां गतो विजयते राजाधिराजोपमः ॥१२॥

परमात्मा का रूप ४ प्रकार का है - प्रधान, पुरुष, व्यक्त और काल ऐसे संसार में भी सौन्दर्य, लावण्य, सौष्ठव और रुचि या प्रकाश-इन दोनों प्रकार की रूपचतुष्टयी से अधिकाधिक उल्लास वाला, महत् लावण्य का निधान और सुधाकर (चन्द्र) का विधान करने वाला अर्थात् जिस रूप का एक कण लेकर चन्द्रमा बनाया गया है ऐसे आपके आसेचनकर जिसे देखते देखते नेत्र तृप्त न होते हों उस रूप में लगे ही रहें, वह रूप आसेचन कहा गया है) रूप को चित्त में भावित करता है वह पुरुष लक्ष्मी का वल्लभ होता हुआ राजाधिराज के समान प्रासादों (महलों) को नित्य परिवर्तन करता रहता है। अर्थात् इतना धनी और प्रभुताः युक्त होता है जिसके अनेकानेक प्रासाद (महल) (आज इस महल में तो कल उस महल में) बदलते रहते हैं ॥ १२ ॥

महीयस्त्वादेषामखिलमहतां वै सुमनसां
परं सम्पूज्यत्वादपि हरिहरादिक्रतुभुजाम् ।
'महापूज्यां" त्वां ये सुरभिशुचिगन्धाक्षतसुमैः
समर्चन्ति प्रेम्णा जगति न हि तेषां परिभवः ॥ १३ ॥

सबसे महीयस्-बड़ी होने के कारण और इन बड़े बड़े देवों से ( हरिहरादि से ) बड़ी महती तथा हरिहरादि महान् देवों के परम पूजनीय होने से 'महापूज्या' आपको जो लोक सुगन्धि और पवित्र गन्धाक्षत पुष्पों से प्रेमपूर्वक पूजते हैं, जगत् में उनका कहीं भी परिभव, अनादर, पराजय, तिरस्कार नहीं होता है। पद्मपुराण और देवीभागवत में ब्रह्मा-विष्णु-शिव-इन्द्र-वरुण-कुबेरादि

सभी देव भगवती को नित्य जिस जिस प्रकार पूजते हैं-ध्याते हैं-स्तुति करते हैं सब वर्णन किया है, वहीं से देखिए ।। १३ ।।

स्वाधारमप्यत्ति तपत्यहोऽन्यं योऽशेषभक्षी मृतदाहतृप्तः ।
सोग्नि-"महापातकनाशिनि" ! त्वत्प्रसादतः पावकतामुपेतः ।। १४ ।।

जो अपने आश्रय को भी खा जाता है (नष्ट करता है) और जो दूसरों को सन्ताप पहुंचाता है तथा जो सर्वभक्षी है, एव जो मृतकों को भी जला कर प्रसन्न होता है । ऐसे महापातक हैं जिन्हें यह अग्नि धारण करता है । फिर भी यह अग्नि आपके प्रसाद से-आपकी प्रसन्नता-कृपा प्राप्त कर पावक ( पवित्र करने वाला ) बन गया है । ऐसे महापातकों को नष्ट करने के कारण आप महापातक-नाशिनी कहलाती हो ।। १४ ।।

प्रसूषे स्वान्तस्तो विधिहरिहरादीन्सुरवरान्
स्वयं चैषां जाया भवसि बहुशो मोहयसि तान् ।
यदृच्छातश्चैतान्नटयसि च मर्कानिव नटः
"महामाये !" चित्रं तव किल चरित्रं वदतु कः ।।१५।।

आप अपने स्वान्त से (भीतर से) ब्रह्मविष्णुमहेशादि देवों को जनती हो-प्रकट करती हो, अर्थात् इनकी जननी बनती हो । फिर स्वयं ही इनकी पत्नी ( रूपान्तर से ) बनती हो और इन सब को मोह लेती हो । इस पर भी यदृच्छासे मन की मौज के अनुसार जैसा चाहती हो वैसे इन देवों को नचाती रहती हो जैसे कोई नट वानरों को मन चाहे जैसे नचाता है । इस कारण आप सचमुच महामाया हो । आपके इस विचित्र चरित्र के लिए कौन क्या कह सकता है ।।१५।।

"महासत्त्वाया"--स्ते पदसरसिजद्वन्द्वमनिशं
समर्चन्तः सन्तो भगवति गृणन्तोऽपि च गुणान्
असम्भाव्यान्यन्यैरदितितनया मानुषवराः
उदञ्चच्छर्माणि प्रविदधति कर्माणि जगति ।।१६।।

आप महासत्त्वा हो, सत्त्व शब्द से बल, सत्त्व गुण, प्राणी शक्ति,

(सामर्थ्य) लिये हैं। आपमें ये सभी भाव पूर्ण रूप से विद्यमान है। ऐसी महासत्त्वा आपके चरणकमल युगल को पूजते हुए, तथा हे भगवति ! आपके गुणगान करते हुए देव और मानवश्रेष्ठ भी अन्य लोकों से असम्भव (न किये जा सकें) तथा जिनसे लोककल्याण का उदय हो, वैसे कर्म जगत् में करते रहते हैं ।।१६।। शिखरिणी छन्द है ।।१६

परिपूज्य "महाशक्ति" भक्तिपूर्वं प्रणम्य च ।
नारी वा पुरुषो वास्तां किमभीष्टं न साधयेत् ।।१७।।

महान्, महती, विस्तृत, विविध प्रकारा, प्रशंसनीया, पूज्या हैं शक्तियां जिसमें वह महाशक्ति कहलाती है। ऐसी आप महाशक्ति को भक्तिपूर्वक पूजकर और प्रणाम कर नर हो चाहे नारी हो किस अभीष्ट को सिद्ध न कर लेवे ? अपि तु सभी अपने अभीष्ट को सिद्ध कर सकते हैं। अथवा महाशक्ति कुण्डलिनी हो। आपको भक्ति, योगशक्ति योगाङ्गसाधना से पूजन कर अमृत पानादि से तृप्तकर प्रणाम आपका नमन पुनरावर्तन करता है, वह पुरुष कौन-सा अभीष्ट सिद्ध नहीं कर लेता है ? ऐसा योगपक्ष में भी अर्थ लगता है। कुण्डलिनीसिद्ध योगी सब कुछ सिद्धि कर लेता है ।।१७।।

चिरस्थिरा वैषयिकीरतिभ्यो पराऽतिशायिन्यतिमंजुला च ।
विवेकिनां प्रीतिरुदेति यस्यां "महारतिः" सा ललिता श्रियेऽस्तु ।।१८।।

विषय-भोगादिकी रति-प्रीतियों से उत्कृष्ट अतिशयवाली चिरकाल तक स्थिर रहने वाली अति मंजुल जिसमें विवेक वालों ( ज्ञानियों की ) की प्रीति उदित होती है, वह महारतिरूपिणी श्री ललिता देवी मेरे श्री के लिए हो। अर्थात् मुझे श्री प्रदान करें। महाकामसुन्दरी होने से भी महारति नाम सार्थक है ।। १८ ।।

"महाभोगा"-यास्ते पदसरसिजाभ्यञ्चनपरो
नरो नानाभोगान्भगवति भुनक्तीति जगति ।

किमाश्चर्यं मातः सुरपुरसमृद्धिं तृणयत—
स्तवैश्वर्यस्यांश यदि च लभते तावकशिशुः ।।१९।।

भोग, सुख, धन, महान् विस्तृत जिसके हों वह महाभोगा, ऐसी आपके चरणकमल के पूजन में परायण नर जगत् में यदि अनेक भोग भोगता है, तो क्या आश्चर्य है ! मा ! स्वर्ग की समृद्धि को तृणवत् कर देने वाले आपके ऐश्वर्य का कोई अंश यदि आपका शिशु पा लेवे और उसे भोगे तो अच्छा ही है और योग्य भी है ।।१९।। शिखरिणी छन्द है ।

मणिद्वीपे वासो विधिहरिहराः सेवनकराः
रमावाणी सख्यौ सहचरति कामेश्वरशिवः ।
असंख्यब्रह्माण्डेष्वधिजयति सर्वोच्चमहिमा
"महैश्वर्य्याया"-स्ते कथय कथयामः किमु शिवे ।।२०।।

हे शिवे भगवति ! मणिद्वीप में आपका निवास है, ब्रह्मा विष्णु और शिव आपकी सेवा में संलग्न हैं, लक्ष्मी और सरस्वती आपकी दासियां हैं, सहेलियां हैं और महामहेश्वर कामेश्वर शिव आपका साथी (सहचर) है एवं असंख्य ब्रह्माण्डों पर आपकी अधिकाधिक प्रभुता (हुकूमत) सर्वोत्कर्ष पा रही है । वस्तुतः सचमुच आप महान् ऐश्वर्य वाली हो, आपका वर्णन कैसे करें । हे मा ! आप ही बतलाने की कृपा करें ।। २० ।।

यस्या वीर्यमहो निशम्य समरे शुम्भादयो दानवाः
चण्डाद्या महिषादिकाश्च सबलाः स्थातुं न शेकुश्चिरम् ।
यद्देवैर्बहुशः स्तुतं हरिहरब्रह्मादिभिः सादरं
स्वान्ते तामभयाय धीमहि "महावीर्यां" परामम्बिकाम् ।।२१।।

आश्चर्य है कि जिसके वीर्य (पराक्रम) को सुनकर और देखकर संग्राम में शुंभनिशुंभादि दानव तथा चण्डमुण्डभण्डादि दैत्य और महिषादि असुर सदल-बल जिसके संमुख (रण में) नहीं ठहर सके और जो वीर्य (पराक्रम) बहुवार ब्रह्मा-विष्णु-शिव आदि देवगण से प्रशंसित हुआ है स्तुति किया गया है, उस

महान् वीर्य वाली महावीर्या भगवती परा अम्बिका को अभय-प्राप्ति के लिए हृदय में ध्यान करते हैं ।। २१ ।। शार्दूलविक्रीड़ित छन्द है ।

ब्रह्माण्डाखिलयुद्धदुर्मदमहावीरावमर्द्दोर्ज्जितं
यस्यास्तन्महतोऽतुलस्य च बलस्यैकांशमप्यन्ततः ।
वक्तुं सर्वसुरासुरा अपि न हि ध्यातुं च नाशक्नुवन्
सा मां पातु "महाबला" भगवती श्रीचण्डिका सन्ततम् ।।२२।।

ब्रह्माण्ड के सभी युद्ध में दुर्मद रखने वाले महा महावीरों के मर्द्दन करने में ऊर्जस्वी हुए जिसके उस महान् और अतुल बल के एक अंश को भी निश्चय रूप से कहने ( वर्णन करने ) को सभी सुरासुर समर्थ नहीं हैं, न सोचने-ध्यान में लाने को ही समर्थ हैं, वह भगवत्ती महाबला चण्डिका सदा मेरी रक्षा करे ।। २२ ।।

बिन्दुचक्रस्थितां त्वां ये "महाबुद्धि"-स्वरूपिणीम् ।
ध्यायन्ति ते भवन्तीह ज्ञातज्ञेया मनीषिणः ।। २३ ।।

जिस बुद्धि के उदित होने पर कोई भी ज्ञातव्य शेष नहीं रहे उसे महा-बुद्धि कहते हैं। वह महाबुद्धि जिसमें हो अथवा जिससे प्राप्त होती है, वह महाबुद्धि-स्वरूपिणी आपको जो बिन्दुचक्र में स्थित हुई ध्याते हैं वे मनुष्य मनीषी (धीर) विद्वान् सभी ज्ञेय ज्ञातव्य (जानने योग्य बातों) को जान लेते हैं ।। अनुष्टुप् छन्द है ।। २३ ।।

"महासिद्धि" भगवति ! त्वामेव परिबोध्य ये ।
स्मरन्ति च यजन्ते च तेऽर्च्यन्ते बहुराजभिः ।। २४ ।।

हे भगवति ! महासिद्धिस्वरूपा आपको खूब जानकर (महासिद्धिस्वरूपा जानकर) स्मरण करते हैं और यजन-पूजन-हवन करते हैं, वे बहुत से राजाओं द्वारा पूजे जाते हैं ।। २४ ।।

"महायोगेश्वरेश्वर्या"-स्तव मन्त्रं जपन्ति ये ।
ते सिद्धा; सूक्ष्मगतयो यतयोऽपि भवन्ति वै ॥ २५ ॥

बड़े से बड़े योगेश्वरों की भी ईश्वरी आपके मन्त्र को जो जपते हैं, वे सूक्ष्म-गति वाले सिद्ध यतिश्रेष्ठ बन जाते हैं। इससे सन्देह नहीं है। महायोगेश्वरी मन्त्र शारदातिलक में और देवीभागवत में कालकेतु उपाख्यान में है, वहीं से देखिए ॥ २५ ॥

तन्त्राणि ते देवि महामहान्त्यहो ! जनाः समालम्ब्य यशश्च सम्पदः ।
विन्दन्ति लोके सुखतस्ततो "महा-तन्त्रा"-मुमां त्वां प्रवदन्ति कोविदाः ॥२६॥

हे देवि ! आपके बड़े बड़े तन्त्र हैं। उनके सहारे से लोक में विद्वान् लोग सुख से यश और सम्पदाएं प्राप्त करते हैं, इस कारण आपको महातन्त्रा कहते हैं। अथवा ६४ चौसठ तन्त्रों से भी ऊपर आपका महान् तन्त्र भगवान् शंकर ने प्रकट किया हैं, वह सर्वोपरि महान् तन्त्र है। इस कारण आप महातन्त्रा हैं। यह भी नामार्थ है। शंकराचार्य का यह भी प्रमाण देखिए सौन्दर्य लहरी-में 'स्वतन्त्रं ते तन्त्रं क्षितितलमवातीतरदिदम्. इत्यादि ॥ २६ ॥

"महामन्त्रा"-यास्ते भगवति सहस्राक्षरमनुं
जपन्ति त्वां ध्यात्वा हृदयकमले सर्ववरदाम् ।
जना ये त्वं तेषां पुरत उपगत्य द्रुतमुमे !
मनोऽभीष्टं दत्वा वितरसि परां निर्वृतिमपि ॥ २७ ॥

हे भगवति ! आपके १ अक्षर से हजार वर्ण तक के बड़े २ महान् मन्त्र हैं अतः आप महामन्त्रा हैं। अथवा एकाक्षर से सहस्राक्षर तक महा महा माला मन्त्रों में रहने वाली, तथा उक्त मन्त्रों का प्रकाश जिसमें हो वह महामन्त्रा, ऐसी आपका सहस्राक्षर महामन्त्र को जो जन आपको सर्ववरदायिनी समझ-कर हृदयकमल में ध्यान करते हुए जपते हैं, उनके आगे आप स्वयं शीघ्र ही प्रकट होकर उनके मनोभिलाष को देती परमनिर्वृति-शाश्वत सुख मोक्ष भी दे देती हो। भगवती का सहस्राक्षर मन्त्र डामर तन्त्र में है, वहीं से देखिए ॥ २७ ॥

त्रिकोणायां भूमौ भवति सलिलं त्र्यस्त्रमनल-
स्त्रिकोणस्तस्मिन् वै वहति मरुदस्त्रै रसमितैः ।
नभश्चक्रेणैतद्वलयितमहो भास्वरतरं
"महायन्त्रा" यास्ते विलसति जगद् यन्त्रमतुलम् ॥२८॥

हे भगवति त्रिकोणा भूमि पर जल भी त्रिकोण है और उस पर अग्नि है वह भी त्रिकोण ही है। उस पर षट्कोण वायुमण्डल है। ये सब नभश्चक्र जो गोल (वर्तुल) आकार है उससे घिरा है ऐसा चमकता हुआ यह जगत् यन्त्र आपका महान् यन्त्र है। इस प्रकार आप महायन्त्रा नामवाली हो। उपर लिखे पद्य में यन्त्र का समन्वय ऐसे किया गया है—पहला त्रिकोण भूमि, दूसरा त्रिकोण जल, तीसरा त्रिकोण अग्नि ऐसे तीन त्रिकोण हुए। पहले के दो त्रिकोण मिलकर एक षट्कोण हुआ, उसमें तीसरा वह्नि त्रिकोण लगाने से यह रूप त्रित्रिकोण हुआ अब वायु मण्डल का षटकोण इसके ऊपर (बाहर) लगायें और उसे एक वर्तुल नभश्चक्र से वेष्टित करें तो ऊपर वाला षट्कोण त्रिकोण गर्भ, यन्त्र होता है। इस पर पंच परमेष्ठी मण्डल के पांच भूपुर और लगा लेवें तो यह महामाया-यन्त्र होता है ॥ २८ ॥

षट्त्रिंशत्तत्त्वरूपं यद्विश्वमेतन्महेश्वरि !
तवासनं सुविदितं ततोऽसि त्वं "महासना" ॥ २९ ॥

देवीभागवत में लिखा है - एषा भगवती सर्वतत्त्वान्याश्रित्य तिष्ठति। इसी क्रम को इस नाम पर समन्वित करते हैं। हे महेश्वरि ! यह जो विश्व के प्रवर्तक ३६ तत्व हैं अथवा यह जो विश्व षट्त्रिंशतत्त्वरूप है वह आपका आसन (अधिष्ठान) है इस कारण आप महासना कहलाती हो। अर्थात् यह महान् विश्व ही आपका आसन है। आप इस पर विराजती हो अतः महासना हो ॥ २९ ॥

"महायागक्रमाराध्यां" विधिना त्वां यजन्ति ये।
धन्या मान्या वदान्यास्ते गण्याः सुमनसां धुरि ॥ ३० ॥

महायाग क्रम से आराधना करने योग्य आपको जो विधान के साथ पूजते-भजते हैं वे जगत् में गणनीय, माननीय, धन्य तथा उदार विद्वानों में अग्रसर

हो जाते हैं। ब्राह्मी आदि मातृकाओं से अक्षोभ्यादि योगिनी पर्यन्त पूजाप्रकार को महायाग कहते हैं। अथवा भावनोपनिषत् में बतलाया हुआ याग महायाग है। उस क्रम से आराधनीया हो, अतः महायागक्रमाराध्या हो ॥ ३० ॥

ये त्वां नमन्ति देवेशीं "महाभैरवपूजिताम्" ।
भवेऽस्मिन्भैरवा भूत्वा पूज्यन्ते ते सुरासुरैः ॥ ३१ ॥

सृष्टि-स्थिति-संहारकारी परशिव ही महाभैरव हैं, उनसे पूजित हो, वह महाभैरवपूजिता ऐसी देवों की ईश्वरी आपको जो नमस्कार करते हैं, वे जन इस संसार में भैरव होकर अथवा भैरवों के समान सुरों-असुरों से भी पूजा प्राप्त करते हैं ॥ ३१ ॥

परःशतेष्वपि भयेष्वभय मेऽस्ति रक्षिणी ।
"महेश्वरमहाकल्पमहाताण्डवसाक्षिणी" ॥ ३२ ॥

सैंकड़ों भयों में भी मुझे अभय ही है। अर्थात् मुझे कोई डर नहीं है। क्योंकि मेरी रक्षा करने वाली महाकल्प में ( प्रलयकाल में ) महेश्वर का जो महाताण्डव नृत्य विश्व का उपसंहार कर आत्मरूप-आप एक शेष रहने के अद्वयानन्द से किया हुआ नाच उसकी साक्षीरूपा-दृश्य देखने वाली महाभगवती है ॥३२॥

"महाकामेशमहिषी" त्वं मातर्ध्यायतां नृणाम् ।
कामान् सम्पूर्य सकलान् आसायुज्यं च रक्षसि ॥ ३३ ॥

हे मातः। महा कामेश परशिव की पट्टराज्ञी पटरानी 'कृताभिषेका महिषी', आप अपने को ध्यान करते हुए नरों के सभी कामों को पूर्ण कर सायुज्य मुक्ति पर्यन्त उनकी रक्षा करती हो ॥ ३३ ॥

सखे ! विभवमिच्छसि त्वमिह भूतले निस्तुलं
विवेकमपि शास्त्रजं त्वरितमेव शुभ्रं यशः ।
निदानमथ संसृतेः समवगन्तुमम्बां परां
"महात्रिपुरसुन्दरीं" सुरपुरन्दरीमाश्रय ॥ ३४ ॥

हे मित्र ! यदि तुम इस भूतल पर अतुल विभव चाहते हो और शास्त्र का ज्ञान पाना चाहते हो एवं शुभ्र उज्वल यश भी शीघ्र ही पाना चाहते हो तथा संसार का निदान ( आदिकारण ) भी जानना चाहते हो तो देवों की पुरन्दर समान अधिनायिका महात्रिपुरसुन्दरी पराम्बा का आश्रय कीजिए ।। ३४ ।।

"चतुःषष्ट्युपचाराढ्या" मर्चनां ते करोति यः ।
स विश्वेश्वरि ! देवौघैर्वन्द्यते पूज्यते ध्रुवम् ।। ३५ ।।

हे मातः विश्वेश्वरि ! आवाहन आसनादि चौसठ ६४ उपचार वाली आपकी अर्चना को जो सविधि करता है—वह देववृन्द से वन्दना पाता है और पूजा जाता है-यह निश्चय है ।। ३५ ।।

मात "श्चतुःषष्टिकलामयीं" त्वां कयापि लोकाः कलया भजन्तु ।
तथैव सन्तोषमुपेत्य तेभ्यो वराभये दातुमिहोत्सुकाऽसि ।। ३६ ।।

हे मातः ! चौसठ कलाएं शार्ङ्गधर के कथाकोष में तथा अन्यान्य जगह भी प्रकाशित हैं। आप उन सबका रूप हो। उनमें निवास करती हो, अतः चतुःषष्टि कलामयी हो। आपको कोई लोग किसी भी कला के द्वारा भजे आप इसी से सन्तोष पाकर उन उन कला-साधकों को वर और अभय देने को उत्सुक हो, उनके पास पहुँच जाती हो ।। ३६ ।।

"महाचतुःषष्टिकोटियोगिनीगणसेविताम्"
अम्बिकां ध्यायतां के के योगा सिद्धा न सन्त्यहो ।।३७।।

ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाओं में एक-एक की अंशभूत आठ आठ होने से ६४ योगिनियां प्रसिद्ध हैं। इनके गण से सेवित ऐसी आप अम्बिका को ध्यान करने वालों के कौन-कौन से योग (प्रयोगादि) सिद्ध नहीं होते हैं। ६४ योगिनियों के भी प्रत्येक के अंशभूत अनेक गण हैं उनसे सेवित होती हैं। सभी मिलकर ६४ करोड़ योगिनी और उनके गण होते हैं ।।३७।।

भगवति "मनुविद्यां" ज्ञानसिन्धावुदीता-
मवहितमनसो ये त्वां यजन्तो जपन्ति ।

त इह सुखसमृद्ध्या राजभोगानुपेत्य
परजनुषि भवन्ति प्रौढमन्वन्तरेशाः ॥३८॥

हे भगवति ! ज्ञानार्णवतन्त्र में मनुविद्या प्रदर्शित की है। उस मन्त्र को जो नर सावधान मन से आपका पूजन करते हुए जपते हैं वे इस संसार में सुख-समृद्धि के साथ राजभोगों को भोग कर जन्मान्तर में बड़े मन्वन्तरों के पति बनते हैं ॥३८॥ मनु से आराधिता विद्या मनुविद्या ऐसा अर्थ है।

ये "चन्द्रविद्या"-मधिगन्य सन्तः सायन्तने सान्ध्यविधौ जपन्ति।
ते साधकेन्द्रा हि परःसहस्रं जीवन्ति भद्राणि तथाऽऽप्नुवन्ति ॥३९॥

"मनुश्चन्द्रःकुवेरश्च लोपामुद्रा च मन्मथः" इत्यादि १२ उपासक श्री विद्या के प्रसिद्ध हैं। इनके कारण श्री विद्या १२ प्रकार से सिद्ध हुई है। इनमें प्रथम विद्या मनुविद्या ऊपर ३८वें पद्य में दिखाई। अब चन्द्रविद्या को श्री विद्या रूप बतलाकर नाम की महिमा बतलाते हैं। जो सन्त जन चन्द्र विद्या मन्त्र को पाकर सायंकाल सन्ध्या वन्दन करते समय जपते हैं, वे साधकेन्द्र सहस्र वर्ष तक जीवित रहते हैं और अनेक प्रकार कल्याण-लाभ करते है ॥३९॥ चन्द्र से आराधिता विद्या चन्द्रविद्या है।

"चन्द्रमण्डलमध्यगां" तव मूर्तिमम्ब ! विचिन्त्य ये
कुण्डलीमपि चन्द्रमध्यगतां विधाय च तत्र वै।
तन्मनुं प्रजपन्ति ते किल कालिकीं कलनां मृषा
दर्शयन्ति चिरं जयन्ति मृकण्डसूनुरिवाऽनिशम् ॥४०॥'

हे मातः ! आपकी मूर्ति को चन्द्रमण्डल के मध्य में विराजित हुई ध्यान में लाकर अपनी कुण्डलिनी शक्ति को भी चन्द्रमध्य में सहस्र दल की कर्णिका-रूप चन्द्रमण्डल के स्थान में लगाकर उसका मन्त्र जपते हैं, वे काल की गति को भी मिथ्या प्रदर्शित कर देते हैं और मार्कण्डेय की तरह चिरंजीव रहते हुए जय को प्राप्त होते हैं ॥४०॥ विबुधाप्रिया छन्द है। लक्षण १२ तक के ५वें पद्य की व्याख्या में बता दिया है।

त्वां "चारुरुपां" मनसि स्मरन्तः कलात्मकं वामविलोचनाढ्यम् ।
सबिन्दु बीजं प्रजपन्ति ये वै भवन्त्यरं मन्मथमन्मथास्ते ॥४१॥

हे भगवति ! चारू रूप वाली आपको स्मरण करते हुए, कलात्मक ककार लकार को वामविलोचन ईकार स्वर से संयुक्त कर बिन्दु अनुसार संयुक्त आपके बीजमन्त्र को जो जपते हैं, वे शीघ्र ही कामदेव के भी मन को मथने वाले होते हैं। ककार लकार ईकार और अनुस्वार मिलकर क्लीं बीज प्रकट होता है ॥४१॥

सच्चिद्विलासा मृदु-"चारुहासा" शुचिप्रकाशा दुरितप्रणाशा ।
वराङ्कुशाभीतिसमेतपाशा मय्येतु वासान्भुवनाम्बिका सा ॥ ४२ ॥

सत् और चित् विलासवाली, मृदुल सुन्दर हासवाली, शुचि उज्ज्वल प्रकाशवाली, दुरित (पाप) दूर करने वाली, अभय सहित अंकुश पाशवाली, वह भुवनेश्वरी भगवती मुझमें वास करे ॥४२॥

महेशमौलिस्थित "चारुचन्द्रकलाधरा"-ऽऽस्ते द्विजराजिरेषा।
अधो विधत्ते प्रथितामपीमां कलां सुधांशोरभिधा सती ते ॥ ४३ ॥

हे मातः ! महेश्वर के शिर में स्थित हुई सुन्दर चन्द्रमा की कला को धारण करने वाली, यह आपकी दन्तपंक्ति है - परन्तु यह तो प्रसिद्ध इस चन्द्र की कला को भी अपने तेज से तिरस्कृत (स्मितप्रभा से) करती है। अधः करती है, इसलिए आपका यह नाम चरितार्थ है। जो चन्द्र की कला को अधर-नीचा करे वह चारुचन्द्रकलाधरा है ॥४३॥

"चराचरजगन्नाथा" त्वं यस्मिन् दयसे मनाक् ।
सोऽतीत्य सकला बाधा यात्यैश्वर्यमनश्वरम् ॥ ४४ ॥

चर और अचर दोनों प्रकार के जगत् की एक ही नाथ (स्वामिनी) आप जिस पर तनिक भी दया करती हो, वह जगत् की सभी बाधाओं को पार कर अविनाशी ऐश्वर्य को प्राप्त करता है ॥४४॥

ये स्मरन्ति सदावधानपुरःसरं शुचिभक्तितः
त्वामभीष्टवरप्रदां किल "चक्रराजनिकेतनाम्" ।
ते जना गुणिनां वराः कविमौलिमण्डनतां गताः
पावयन्ति जगद् दृशा प्रभजन्ति तान् विबुधप्रियाः ॥४५॥

हे देवि ! जो पुरुष सदा अवधानपूर्वक पावन भक्तिभाव से त्रैलोक्य मोहनादि नव चक्रराजों में निवास करने वाली अथवा श्रीचक्र को सब चक्रों का राजा कहते हैं उसमें निवास करने से भी चक्रराजनिकेतना सिद्ध ही नाम है। ऐसी चक्रराजनिकेतना आपको अभीष्ट वरदायिनी समझकर स्मरण करते हैं, वे जन गुणवानों में श्रेष्ठ, कवियों के शिरोभूषण बनते हुए दृष्टिमात्र से जगत् को पवित्र करते हैं और देवाङ्गनाएं उनका सेवन करती हैं। इस छन्द का नाम विबुधप्रिया है। विबुध-देव उनकी प्रिया देवाङ्गना अप्सरा आदि। पद्य में छन्द रूप सूच्य अर्थ को प्रकारान्तर से सूचित करने से मुदालंकार हुआ। इस छन्द का 'रात्सजौ जजभां वदन्ति कवीश्वरा विबुधप्रियाम्' ऐसा लक्षण है ॥

मातः "पार्वति" पादपद्मयोर्नित्यं तावकयोः समर्चनम् ।
कुर्वन् मानव एष भोगवान् क्रमशः शुद्धविराट्तनुर्भवेत् ॥ ४६ ॥

हे मातः पार्वति ! आपके इन चरणकमलों को पुरुष अथवा स्त्री नित्य समर्चना करता हुआ भोगवान् भाग्यवान बनता हुआ अर्थात् अनेक भोग भोगता हुआ क्रमशः शुद्ध और विराट् शरीर वाला होता है। यह छन्द भी शुद्ध विराट् नामक है। शुद्धविराट्-मसौ जगौ इति, पिंगलसूत्रकथित लक्षण से ॥४६॥

त्वां फुल्ल"पद्मनयनां" नयनांशुलक्ष्म्या, भक्तौघदैन्यदमनीं दमनीतिशौण्डाम् ।
उन्मार्जनीं त्रिपुरसुन्दरि कुन्दरीत्या ध्याये वसन्ततिलकां किल काञ्चनाभाम्॥४७॥

हे त्रिपुरसुन्दरि ! फूले हुए पद्म के समान नेत्र वाली ! आप अपने नेत्रों की किरणों और शोभा से भक्तों की दीनता का दमन करती हो तथा दम नीति में दुर्जनों-दानवों-दुरितों-दुःखों को दमन करने में चतुर एवं प्रसिद्ध हो। तथा सुवर्ण-सी आभावाली आपकी जो वसन्त ऋतु की तिलक कुन्द पुष्पप्रभा को

स्वदेह प्रभा से हराने वाली है। मैं ध्यान करता हूँ। इस छन्द का नाम वसन्ततिलका है, इसका लक्षण-उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ ग:' ऐसा है ॥४७॥

मूर्ति ते भुवनेश्वरेश्वरि ! "पद्मरागसमप्रभां"
ध्यायन्तो हृदि तत्प्रभाभरितां दिवं च धरामिमाम् ।
कामार्णं सितभानुभूषितशीर्षकं प्रजपन्ति ये
तानायान्त्युपसेवितुं सुरयोषितो हरिणप्लुतम् ॥ ४८ ॥

हे भुवनों के ईश्वरों की ईश्वरि ! आपकी पद्मरागमणि के समान लाल कान्ति वाली मूर्ति को हृदय में ध्याते हुए उसकी प्रभाओं के पुंज से आकाश और भूमण्डल को परिपूर्ण-व्याप्त देखते हुए कामबीज को अनुस्वार युक्त जो जपते हैं उन्हें सेवा करने को सुरवधुएं-अप्सराएं हरिणप्लुत की तरह दौड़ती-उछलती हुई आती हैं। यह छन्द भी हरिणप्लुत नाम का है। इसका लक्षण छन्दः शास्त्र में ऐसा है—मात्सो जौ भरसंयुतौ करिबालकैर्हरिणप्लुतम् ॥ इति ।

येषां राजति हृदये "पचप्रेतासनासीना" ।
देवी, त एव सिद्धा वशयन्ते पञ्चतत्त्वानि ॥ ४९ ॥

पंच प्रेतमय आसन पर बैठने वाली "पंचप्रेतासनासीना" देवी आप जिनके हृदय में प्रकाशित होती है वे सिद्ध पुरुष पाँचों तत्त्वों को वश में कर लेते हैं। भगवती त्रिपुर सुन्दरी के सिंहासन के आधार पाँच प्रेत हैं वे ये हैं देखिए—ब्रह्मा, विष्णुश्च, रुद्रश्च, ईश्वरश्च सदाशिवः एते पंच महा प्रेता देवीपादतले स्थिताः। ये पांचों पांच तत्वों के प्रतीक हैं। इनको सिंहासन के पाए या खुर भी कहते हैं। इन्हीं को पंच ब्रह्म भी कहते हैं ॥ ४९ ॥

"पंचब्रह्मस्वरूपिण्य"सि हरदयिते ! सच्चिदानन्दरूपे !
ब्रह्मण्यप्यादिशक्तेस्तव चरणचितामेव भाति प्रकाशः ॥
नो चेन्मध्यस्थिते त्वद्विरहितमखिलं तत्सदानन्दमेतन्न
शून्यं शून्यं न कस्याप्यनुभवसरणावीषदप्युल्लसेद्वै ॥ ५० ॥

हे शिववल्लभे ! सच्चिदानन्दरूपिणी ! आप पंच ब्रह्मस्वरूपिणि हो अर्थात् ब्रह्मादि सदाशिव पर्यन्त ऊपर कहे हुए पांच ब्रह्मों में है स्वरूप जिसका अथवा वे ही हैं रूप जिसका ऐसे आप हो। सत्य है मां ! आदिशक्ति आपके चरणों

की चेतना का ही प्रकाश ब्रह्म में है। यदि ऐसा न हो तो आपके बिना यह सारा तत्-सत्-आनन्द नाम सूना सूना किसी के भी अनुभवपथ में नहीं आवे। अर्थात् सत्-चित्-आनन्द इन तीन में से मध्यस्थित चित् भाग न हो तो तत् और सत् सभी सूना रहे और किसी के अनुभव में नहीं आवे। इसलिए पांचों ही ब्रह्मों में आपका स्वरूप है ॥ ५० ॥

त्वां "चिन्मयीं" चेतसि चिन्तयन्तो मनुं त्वदीयं विधिना जपन्ति
उपासकास्ते भवबन्धमुक्ताश्चितस्तवैवाम्ब ! कलां लभन्ते ॥ ५१ ॥

हे अम्ब ! चिन्मयी चित्स्वरूपिणी आपको चित्त में चिन्तन करते हुए जो विधि संयुक्त आपके मन्त्र को जपते हैं, वे उपासक भव (संसार) के बन्धनों से मुक्त होकर आपकी चित् कला को ही प्राप्त हो जाते हैं। फिर वे आवागमन नहीं करते हैं ॥ ५१ ॥

"परमानन्दां" योऽपि स्मरति त्वां त्रिपुरसुन्दरीं प्रातः !
स हि शुद्धशेमुषीकस्त्वामार्य्यामचिरमाप्नोति ॥ ५२ ॥

परम उत्कृष्ट सर्वातिशायी आनन्द है स्वरूप जिसका वह परमानन्दा आप भगवती त्रिपुरसुन्दरी को जो भी प्रातःकाल स्मरण करता है, वह शुद्ध निर्मल मति होकर आप आर्य्या भगवती को शीघ्र ही पा लेता है। आर्या भगवती का नाम है और आर्य्या छन्द का भी नाम है। यह छन्द आर्या है ॥ ५२ ॥

दयते येषु दुर्गा सा "विज्ञानघनरूपिणी"।
तेषां कृतेऽतिसुलभा विज्ञा न घनरूपिणी ॥ ५३ ॥

जिन पर विज्ञानघनरूपिणी दुर्गा विशिष्ट ज्ञान का धन रूप रस ही है रूप जिसका ऐसी दुर्गा भगवती प्रकरणबन्ध से श्री ललिताम्बा जिन पर दया करती है उनके लिए विज्ञा विशिष्टा ज्ञा. ज्ञानं विद्या ब्रह्मविद्या, अत्यन्त ही सुलभ हो जाती है। घनरूपिणी कठिन नहीं रहती है। द्वितीय, चतुर्थ पाद यमक अलंकार है। विज्ञान घन की व्याख्या चिदेकरसपरक ही होती है ॥ ५३ ॥

ध्यानेऽसि त्वं ध्यातरि प्रोल्लसन्ती ध्येयत्वेऽपि भ्राजसे त्वं भवानि।
"ध्यानधातृध्येयरूपां" ततस्त्वां सर्वव्याप्त्या शालिनीमाश्रयामः ॥ ५४ ॥

हे भवानि ! आप ध्यान में भी हो और ध्यान करने वाले ध्याता में भी हो और ध्येय जो ध्यान के योग्य है उसमें भी प्रकाशित होती रहती हो इस कारण ध्यान, ध्याता और ध्येय इन तीनों में सर्व व्याप्ति से शोभित होती हुई आपको हम आश्रय करते हैं। यह शालिनी छन्द है। इसका लक्षण शालिनी मतौ तगौग्-पिंगलसूत्र ॥ ५४ ॥

धर्मं पासि परं भवानि ! न ततो बद्धासि सक्ताऽप्यहो
कामं नाशयसेऽप्यधर्ममभितो नैवाभिमृष्टाऽस्यतः।
"धर्माधर्मविवर्जिता"-मिति मनस्याधाय योगीश्वराः
त्वां ध्यायन्ति। तद्बो भवन्ति न हि ते ताभ्यां निबद्धा ध्रुवम्॥५५॥

हे भवानि ! आप धर्म की रक्षा करती हो उसे, पालती हो पर उससे बंधी और उसमें आसक्त भी नहीं हो। एवं खूब ही अधर्म को सर्वप्रकार नष्ट करती हो फिर भी उस अधर्म से कभी कहीं छुई भी नहीं हो। इस कारण धर्म और अधर्म दोनों से भी रहित आपको मन में रखकर जो योगीश्वर ध्यान करते हैं वे भी इन धर्माधर्मों का बन्धन नहीं पाते हैं यह बात निश्चित है ॥ ५५ ॥

आब्रह्मस्तम्बमेतत्त्वयि लसतितरां विश्वमीशानि ! सर्वं
अस्यैव स्फूर्तिमूर्तिप्रसरणकरणै रूप्यते ते स्वरूपम्।
तस्मात्त्वं "विश्वरूपा" सुरतरुकुसुमस्रग्धरा ध्यानगम्या।
नानाकारैः प्रकारैरिह खलु कुशलैः पूज्यसे वन्द्यसे च ॥ ५६ ॥

हे ईशानि ललिते ! तृण से ब्रह्मपर्य्यन्त यह समूचा विश्व आप में विलास पा रहा है, और इसी के स्फुरण और मूर्तियों के प्रसार–विस्तार करने से आपका स्वरूप निरूपित होता है, समझा जाता है। इस कारण आप विश्वरूपा विश्व ही जिसका रूप है ऐसी कल्पतरु के पुष्पों की माला धारण किये हुए ध्यान से प्राप्त होने योग्य आपको अनेक आकार-प्रकारों से चतुर साधक लोग पूजते और वन्दन करते है - भगवती ने स्वयं ही यह कहा है - सर्वं खल्विदमेवाह नान्य-दस्ति सनातनम्। देवी भागवत। यह स्रग्धरा छन्द है पद्य मे भी स्रग्धरा नाम से सूचित किया है। इसका लक्षण म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम् ॥ इति वृत्तरत्नाकरादि में देखिए ॥ ५६ ॥

जीवो जागर उच्यतेऽपि च परं निद्राजयो जागर—
स्तन्नाम्नी स्थितिरप्युदात्तमतिभिर्वै जागरः प्रोच्यते ।
स त्वय्यस्ति महामहेश्वरि ! महामाये ! त्रिधाऽऽपादितः
तस्मा "ज्जागरिणी" ति नाम सफलं मातस्तव भ्राजते ॥५७॥

हे महामहेश्वरि ! सदा जागरूक रहने से जीव जागर कहलाता है । और निद्रा का जय करना भी जागर कहलाता है । ऐसे ही उदात्त मति वाले विद्वान् जागरण अवस्थाविशेष को भी जागर कहते हैं । जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति इति । वह तीनों प्रकार का जागर आपमें विद्यमान है । इस कारण हे महामाये ! आपका यह 'जागरिणी' नाम सफल ही प्रकाश पा रहा है ॥ ५७ ॥

स्वप्नाश्रितस्तैजस एष जीव, उक्तः स्वपन् स्थूलशरीरमानी ।
तद्रूपिणी त्वं गदिता "स्वपन्ती" सम्पूजिता श्रीतुरगाननेन ॥५८॥

हे मातः ! स्वप्न के आश्रित तैजस पुरुष ही जीव है, स्थूल शरीराभिमानी होता हुआ स्वपन् सोने वाला (शयन करता हुआ) कहलाता है । आप उसके स्वरूप से स्वपन्ती भी अर्थात् सोने वाली भी कही गई हो और श्रीहयग्रीव भगवान् (विष्णु) के द्वारा पूजी गई हो ॥ ५८ ॥

हिरण्यगर्भः किल तैजसानां समष्टिभूतः कथितः सुधीभिः ।
स वै तवैवाद्रिनरेन्द्रकन्यके ! रूपं ततः सिद्ध्यसि "तैजसात्मिका" ॥५९॥

हे हिमालयनगेन्द्रपुत्रि ! यह प्रसिद्ध है कि सभी तैजसों की समष्टि रूप को विज्ञों ने हिरण्यगर्भ कहा है । और वही तैजस समष्टिभूत हिरण्यगर्भ आपका रूप है, इससे आप ही 'तैजसात्मिका' सिद्ध हो रही हो ॥ ५९ ॥

जीवे कारणदेहमानिनि परं सुप्ते त्वमस्यान्तरा
संस्फूर्जन्त्यपि चाश्रयस्य वशतः "सुप्ते"ति संकीर्त्यसे ॥
आधारव्यवहारकृत्यनुगतो ह्यभ्यन्तराया ध्रुवं
मातर्भैरवि ! सम्विदोऽपि भवति प्रायो जगद्वर्तनम् ॥६०॥

हे भैरवि ! कारणशरीराभिमानी जीव सुप्त होता है, तब आप इसके भीतर रहती होने के कारण स्फूर्जित होती भी आश्रय के वश से सुप्ता कहलाती

हो। विमान यानादि में बैठा हुआ भी पुरुष विमानादि के चलने पर आश्रय के चल होने से चलता कहलाता है वैसे समझिए। आधार के व्यवहार के अनुकूल ही आभ्यन्तर (भीतरी) सम्विद् का भी जगद् व्यवहार प्रायः होता ही है ॥६०॥

प्राज्ञा ह्यात्मतया तवाम्ब ! सकलास्तेष्वात्मना वाऽसि भोः
एवं वै चरितार्थमेव भवति "प्राज्ञात्मिका" नाम ते ॥
तामेतामभिधां हृदा सहकृतां छन्दःशिरोऽलंकृतां
प्रातर्ये प्रजपन्ति ते शुचिधियो विन्दन्ति तत्त्वज्ञताम् ॥६१॥

प्राज्ञ ईश्वर कहलाते हैं, वे आपकी आत्मा स्वरूप में हैं। और आप उन प्राज्ञों में आत्मस्वरूप से रहती हो। इस तरह आपका यह 'प्राज्ञात्मिका' नाम चरितार्थ ही है। उक्त आपके इस नाम को हृद् नमः पद के साथ तथा छन्द के शिर प्रणव (ओंकार) के साथ जो पुरुष प्रातःकाल जपते हैं, वे शुद्ध बुद्धि होते हुए तत्त्वज्ञानी बन जाते हैं। 'ॐ प्राज्ञात्मिकायै नमः'। यह मन्त्र का स्वरूप पद्य में बतलाया है। इसको प्रभात में जपने से मानव को बोधप्राप्ति बुद्धि की निर्मलता एवं तत्वों के प्रभाव तथा ज्ञान प्राप्त होता है ॥ ६१ ॥

तुर्य्ये शिवे नित्यनिवासहेतोस्तुर्य्या त्वमप्यम्ब ! निरूपिता वै।
अहं तु "तुर्य्या"तमसःपराञ्च त्वामेव विज्ञाय भजामि नित्यम् ॥६२॥

तुर्य तुरीया चतुर्थी अवस्थाविशेष के अधीश्वर सदाशिव हैं उनके हृदय में निवास करने से विद्वानों ने आपको 'तुर्य्या' नाम से निरूपण किया है। पर मैं तो 'तमसःपरा' तम अन्धकार से तथा तमोगुण से परे तुर्य्या आपको ही समझता हूं। नित्य आप ही का भजन करता हूं। भगवान् शङ्कराचार्य भी यही कहते हैं। देखिए—"तुरीया कापि त्वं दुरधिगमनिःसीममहिमा" इति ॥ ६२ ॥

त्वं शुद्धा सम्बिदेवासि "सर्वावस्था-दिवर्जिता"
आश्रयोपाधिवशतो नानानामभिरुच्यसे ॥ ६३ ॥

हे भगवति ! आप सब अवस्थाओं से रहित केवल शुद्ध सम्वित् स्वरूप वाली हो परन्तु आश्रयों की उपाधि के कारण अनेक नाम आपके प्रकट हो गये हैं ॥६३॥

धातुः सिसृक्षासि ततः सुरास्त्वां वदन्ति माहेश्वरि ! "सृष्टिकर्त्रीम्" ।
त्वामन्तराऽस्मिन् जलजातजाते विधानसामर्थ्यमहो कुतोऽस्तु ।। ६४ ।।

हे माहेश्वरि ! त्रिपुरसुन्दरि ! आप ही विधाता की सिसृक्षा (सृष्टि रचने की इच्छा) हो, इसी कारण देवगण आपको 'सृष्टिकर्त्री' जगत् की रचना करने वाली कहते हैं। अन्यथा आपके बिना इस जलजात (कमल) से जात (पैदा हुए) ब्रह्मा (विधि) में जडजात होने से जडभूत में विधान (रचना) का सामर्थ्य कहां से कैसे होवे ? विधि जल (ड)जात है वह आप ही के प्रभाव से सृष्टि रचने में समर्थ होता है। श्लेष अलङ्कार में ल-ड का भेद नहीं मानते हैं ।। ६४ ।।

निर्माणकौतूहलशालिनी त्वं यदा भवस्यम्ब ! तदेच्छया ते ।
कला विरञ्चीयति लोकहेतोस्तद् "ब्रह्मरूपा" स्वयमेव भासि ।। ६५ ।।

हे अम्ब ! जब आप रचना (सृष्टि करने में) में कौतुक वाली होती हो तब आपकी इच्छा से, आपकी कला लोकरचना के लिए विरंचि (ब्रह्मा) रूप बनती है। इस कारण आप स्वयं ही ब्रह्मरूपा सिद्ध होती हो।

स्थितिस्त्वयैवास्ति जगत्त्रयस्य त्वदन्यथा को बिभृयाद्धि विश्वम् ।
शक्त्या त्वमेवाम्ब ! विधृत्य चैतद् गोपायसीत्थं विदितासि "गोप्त्री" ।।६६।।

हे अम्ब ! तीनों लोकों की स्थिति आप ही से है, अन्यथा आपके बिना इस विश्व को कौन धारण करे। हे मां ! आप ही अपनी शक्ति से इस विश्व को धारण कर पालन करती हो इस कारण गोप्त्री नाम से आप विदित हुई हो। गोप्त्री रक्षा करने वाली ऐसा अर्थ है ।। ६६ ।।

गोचारणेन जगदम्ब ! कृतार्थसंज्ञो गोविन्द एष तव रूपमिति प्रसिद्धम् ।
अस्तीति नारदमहर्षिरुवाच तस्मात् 'गोविन्दरूपिणि' भजन्ति हि वैष्णवास्त्वाम्

हे जगदम्ब ! गाय चराने और उन्हें वापस लाकर पहुँचाने से सत् सच्ची हैं संज्ञा नाम जिसका ऐसा यह गोविन्द भगवान् कृष्ण वासुदेव गोपाल आप ही का रूप है। इस प्रकार महर्षि नारद कहते हैं ! इस कारण हे गोविन्दरूपिणि ! वैष्णव आप को हो भजते हैं। हरिवंश पुराण में नारद का यह बचन है इसे समझिए'प्रकृत्याः प्रथमो भाग उमा देवी यशस्विनी । व्यक्तः सर्वमयो विष्णुः स्त्रीसंज्ञो

लोकभावनः ।। १ ।।अर्थात् प्रकृति भगवती का प्रथम भाग उमा देवी भगवती पार्वती है, यही व्यक्त सर्वमय विष्णु है। लोकभावना करने वाला भगवान् स्त्रीसंज्ञक है ।। ६७ ।।

युगान्तकाले तमसानुबिद्धशक्त्या समाहंसि समस्तविश्वमृ ।
मृत्क्रीडनानीव हि पौरकन्याः "संहारिणी" त्थं बिदिताऽसि लोके ।।६८।।

हे देव, प्रलयकाल में तमोगुण व्याप्त अपनी शक्ति से आप इस समूचे विश्व को नष्ट कर देती हो निज में समेट लेती हो। जैसे नगर में बालिकाएं मिट्टी के खेल बनाकर उनसे खेल चुकने के बाद अपनी इच्छा से ही उन्हें मिटा देती है, इस तरह आप भी करती हैं, कारण आप लोक में संहारिणी-संहार करने वाली इस नाम से विदित हुई हो ।।६८।।

रुजो द्रावयन्ती जनान्प्राणयन्ती खलान् रोदयन्ती भयं नाटयन्ती ।
शिवा रावयन्ती स्वयं भैरवन्ती त्वमेवाम्बिके! वर्तसे "रूद्ररूपा" ।।६९।।

हे अम्बिके ! रोगों को दूर करने से, जनों को प्राण प्रदान करती हुई और दुष्टों को रुलाती हुई भय को प्रदर्शित करती हो तथा शिवा जंबुकियों को नादित करती हो स्वयं भैरव रूप होती हो इससे आप ही रूद्ररूपा हो ।।६९।। यह छन्द भुजंग प्रयात नाम का है । भुजंगप्रयातं भवेद्यै श्वतुर्भिः ।। इस लक्षण से ।।६९।।

प्रपञ्चमेतं परमाणुकादि धराधरासागरमम्बरान्तम् ।
विलापयन्ती स्वतनौ युगान्ते प्रोक्ता "तिरोधानकरी" त्वमम्ब ! ।।७०।।

हे अम्ब ! परमाणु से लेकर पृथ्वी पर्वत, सागर तथा आकाश पर्यन्त इस समूचे प्रपच को अपने ही शरीर में विलीन करती (छुपाती हुई) आप युगान्त में तिरोधानकरी विदित हुई हो ।।७०।।

कर्त्तुं ह्यकर्त्तुं च तथाऽन्यथापि कर्तुं समर्थाऽसि समस्तविश्वम् ।
ता-"मीश्वरी" त्वां विबुधा भजन्त ऐश्वर्य्यमाश्चर्यकरं लभन्ते ।।७१।।

हे भगवति ! आप इस विश्व को बनाने तथा न बनाने तथा और का ओर बनाने में भी सर्वथा समर्थ हो, ऐसी ईश्वरी सर्वसमर्था आपको भजते हुए विबुध विशिष्ट विद्वान् और देवगण आश्चर्यकारी ऐश्वर्य को पा लेते हैं ।।७१।।

विश्वस्य कल्याणमुप दधाना "सदाशिवा"-भिन्नतयोल्लसन्ती ।
कामेश्वरी त्वं परिपूज्यमाना श्रेयःसुखैश्वर्य्यसमृद्धिदाऽसि ॥७२॥

हे देवि ! विश्व का कल्याण करती हुई सदाशिव तुरीय ब्रह्म रूप से एकता रूप में उल्लसित होती हुई समस्त कामों की अधिष्ठात्री आप पूज्यमाना हुई पूजी गई सब प्रकार श्रेयःसुख समृद्धि और ऐश्वर्य की देने वाली होती हो ॥ ७२॥

ध्वस्तस्य विश्वस्य पुनः स्वरूपविधानसामर्थ्यमनुग्रहोऽस्ति ।
तमेव भक्तेभ्य उपाददाना त्वमम्बिके-"ऽनुग्रहदा" विभासि ॥७३॥

विध्वंस किये विश्व को फिर उसी स्वरूप में प्रकट करने का सामर्थ्य अनुग्रह कहलाता है । आप वही सामर्थ्य (अनुग्रह) अपने भक्तों को भी दे देती हो इस कारण आप अनुग्रहदा इस नाम से प्रकाशित हो रही हो ॥७३॥

प्रपञ्च-संपालिनि ! "पञ्चकृत्यपरायणां" त्वां प्रतिपर्व रात्रौ ।
तत्त्वैश्च ये पंचभिरर्चयन्ति ते पंचभूतान्यधिकर्तुमीशाः ॥७४॥

हे प्रपंच को सम्यक् रूप से पालन करने वाली ! पांच कृत्यों में परायण हुई आपको हर एक पर्व के दिन रात्रि में पांच तत्त्वों से जो पूजते हैं, वे साधक पांचों भूतों पर (पृथ्वी, जल, तेज वायु और आकाश पर भी) अधिकार करने में समर्थ हो जाते हैं । उत्पत्ति स्थिति तिरोधान संहार और अनुग्रह ये पंच कृत्य कहलाते हैं । आगमों में अनेक जगह बताये हैं ॥७४॥

"भानुमण्डलमध्यस्थां" ये त्वां ध्यायन्ति नित्यशः ।
तेऽभीप्सितं साधयन्तो जायन्ते दिव्यदर्शनाः ॥७४॥

सूर्यमण्डल के बीच में विराजमान हुई आपको जो साधक नित्य ध्याते हैं, भानुमण्डल में गायत्री आदि अपने इष्ट देवता का ध्यान करना तन्त्र शास्त्रों में लिखा है । सूर्य मण्डल संस्थां तां भवानीं भुवनेश्वरीम् इत्यादि । गायत्रीं हृदये ध्यायेत् सूर्यमण्डल संस्थिताम् इत्यादि । सूर्यमण्डल में प्रभापुंज से विराजमान अथवा भानुमण्डल से अनाहत कमल षटचक्रोंमें का एक है । उसके मध्य में स्थित हुई यह भी अर्थ होता है । वे साधक अपना अपना अभीष्ट साधते हुए दिव्य दृष्टि वाले हो जाते हैं । उन्हें दिव्य दृष्टि प्राप्त हो जाती है ॥७५॥

ये "भैरवीं" परशिवाङ्गगतां स्मरन्तो
मन्त्रं त्रिपञ्चगुणबर्णमयं जपन्ति
ते भूपवन्द्यचरणाब्जयुगा जगत्यां
सारस्वतीं स्वकरगां कलयन्ति सिद्धिम् ।।७६।।

जो मनुष्य भैरवी को परशिव महाभैरव के अङ्गों से लगी हुई संयुक्त हुई को स्मरण करते हैं और त्रिपंचगुण तीन को पांच से गुणित करै तब १५ होते हैं इसमें १५ पंचदशी श्री विद्या के मन्त्र को जपते हैं वे राजाओं से वन्दनीय चरणकमल युग वाले भूमण्डल में सरस्वती की सिद्धि को हस्तगत कर लेते हैं। वे सिद्ध सारस्वत तत्त्व ज्ञानी हो जाते हैं ।।७६।।

मातः शिवे ! त्रिपुरसुन्दरि ! चन्दिरास्ये,
संपूज्य तन्त्रविधिना "भगभालिनीं" त्वाम् ।
त्वन्नाममन्त्रमिभलक्षमितं जपन्तः
षाड्गुण्यसिद्धिमुपयन्ति तवागमज्ञाः ।।७७।।

हे शिवे ! कल्याणकारिणी ! चांदनी बरसाते हुए मुखवाली त्रिपुर सुन्दरि ! भगमालिनी षड्गुण ऐश्वर्य को धारण करने वाली अथवा श्री विद्या के आवरण में नित्या भगमालिनी रूप है। तन्त्रोक्त विधान से आप भगमालिनी को पूजकर आपके नाममन्त्र को जो आठ लाख बार जपते हैं, वे आगम विधान जानने वाले विज्ञ साधक षाड्गुण्यसिद्धि को अर्थात् भगशब्दवाच्य छहों ऐश्वर्य्य प्राप्त कर लेते हैं। ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः। ज्ञानविज्ञानयोश्चैव षण्णां भग इतीरणा ।। समग्र ऐश्वर्य और सर्वप्रकार धर्म एवं यश तथा सर्व प्रकार श्रियां ज्ञान और विज्ञान इन्हें भग शब्द से कहा है ।।७७।।

लक्ष्मीं ददासि निजपादयुगं भजद्भ्यः
पद्मे निषीदसि सदैव पदश्रिया च
पद्म-प्रभां क्षिपसि देवि ! ततः सुरास्त्वां
'पद्मासना''-मिति वदत्ति भजन्ति नित्यम् ।।७८।।

हे देवि अपने चरणकमलों को सेवा करने वालों को आप लक्ष्मी प्रदान करती हो और सदैव पद्म पर विराजती हो एवं पद की शोभा से पद्म का, पद्म

की प्रभा का तिरस्कार करती हो, इस कारण सभी देव आपको पद्मासना कहते हैं तथा नित्य आपकी सेवा करते हैं। अथवा ब्रह्म शक्ति ब्रह्मस्वरूपिणी होने से पद्मासना हो ॥७८॥

ऐश्वर्याणि षडप्यथोऽस्य जगतो जन्मादि षड् ज्ञप्तयः
प्रस्फूर्जन्ति सदा त्वयीति विबुधा ज्ञात्वैव तत्त्वं परम्
मातः श्रीत्रिपुरे परे "भगवति" त्वत्पादपद्मद्वयं
ध्यायन्ति प्रणमन्ति सादरमभिष्टुन्वन्ति चार्चन्ति च ॥७९॥

हे मातः! श्री त्रिपुरे भगवति! छहों ऐश्वर्यों को भग कहते हैं जैसे अभी ऊपर के नं० ७७ वें पद्य में बता चुके हैं तथा जन्मादि छः ज्ञप्तियों को भी भग कहते हैं। वे आपमें सदा प्रस्फुरित रहती हैं। इस तत्त्व को जानकर ही देवों ने आपका नाम भगवती रखा, और अब तक भी आपके चरणकमल युगल को पूजते रहते है। ध्याते है और प्रणाम करते है तथा स्तुति करते हैं। भग छहो ऐश्वर्य उपरिनिर्दिष्ट हैं और छहों ज्ञप्तियां ये हैं—जन्म, मरण, आगम, निर्गम, ज्ञान और अज्ञान (अविद्या) ये भी भग शब्द से कही हैं। इनको जान लेने से भगवान् होता है आप इन्हे सम्यक् प्रकार जानती है अतः भगवती हैं। जैसे देवी भागवत में—उत्पत्तिं प्रलयं चैव भूतानामागतिं गतिम्। अविद्याविद्ययोस्तत्त्वं वेत्तीति भगवत्यसौ॥ इति। इसलिए भगवती आपका यह नाम यथार्थ है ॥७९॥

ये त्वां जानन्ति देवेशि! "पद्मनाभसहोदरीम्"।
ते रहस्यविदो नूनं तरन्ति भवभीषिकाम् ॥८०॥

हे देवों की अधीश्वरि! जो पुरुष आपको पद्मनाभ (विष्णु की) की सहोदरी एकोदरभवा भगिनी जानते हैं वे रहस्य के वेत्ता लोग निश्चय ही भवकी विभीषिका (डर) को पार कर लेते हैं। प्राधानिक रहस्य में २३ वें पद्य को देखिये—सरस्वती स्त्रियं गौरी कृष्णं च पुरुषं नृप। जनयामास नामानि तयोरपि वदामि ते ॥२३॥ विष्णुः कृष्णो हृषीकेशो वासुदेवो जनार्दनः। उमा गौरी सती चण्डी सुन्दरी सुभगा शिवा ॥२४॥ महा सरस्वती ने एक मिथुन प्रकट किया उसमें पुरुष तो विष्णु कृष्ण हृषीकेश वासुदेव जनार्द्दन नाम से प्रख्यात हुआ।

और स्त्री उमा गौरी सती चण्डी गौरी सुन्दरी सुभाग शिवा नाम से विख्यात हुई, इससे यह भगवती सुन्दरी त्रिपुरसुन्दरी भी भगवान विष्णु की सहोदरा भगिनी सिद्ध होती है ।।८०।।

"उन्मेषनिमिषोत्पन्नविपन्नभुवनावलि"-म् ।
समर्चतां सुमनसां किं न सिद्धयति वांञ्छितम् ।।८१।।

उन्मेष आंखों की पलक खोलने को कहते हैं। तथा निमेष पलक बन्द करने को कहते हैं। इन दोनों क्रियाओं के द्वारा क्रम से उत्पन्न होती है और विनष्ट होती है भुवनावलि जिसके अर्थात् जिसके नेत्रों की पलक खुलने से जगत् प्रकट होता है और जिसके नेत्रों के पलक बन्द होते ही जगत विनष्ट हो जाता है-ऐसी आप श्री ललिताम्बा को पूजन करने वाले विद्वानों का साधकों का कौन सा वांछित सिद्ध नहीं होता है अपितु सभी सिद्ध होता है। यहां उन्मेष निमेष दोनों शब्द व्यावहारिक मानवधर्म तथा कालमात्रा के प्रदर्शन के लिए आये हैं और इच्छा मात्र में तात्पर्य रखते हैं। नहीं तो देवताओं के उन्मेष निमेष कैसे ? वे तो अनिमिष होते हैं। अनिमिषाः सुराः, सनिमिषाः मर्त्याः। यह प्रसिद्ध हैं। भगवान् शंकराचार्य ने भी अपनी सौन्दर्य लहरि में ऐसा ही वर्णन किया है-देखिये-निमेषोन्मेषाभ्यां प्रलयमुदयं याति जगती, तवेत्याहुः सन्तो धरणिधरराजन्यतनये ! अर्थात् आपके निमेष और उन्मेष से जगत् का प्रलय और उदय होता है ऐसा प्राचीन सन्त तत्वज्ञ विद्वान् कहते हैं इत्यादि विशेष वहीं देखिए ।।८१।।

"सहस्रशीर्षवदनां" मदनायुतसुन्दरीम् ।
भजन्तु पद्मसदनां ! कदनाय निजद्रुहाम् ।।८२।।

जो लोग अपने द्रोहियों विरोधियों शत्रुओं का कदन दमन पराभव विनाश आदि समझिये चाहते हैं उन्हें चाहिये कि वे अनेक सहस्त्रों काम देवों से भी अधिकाधिक सुन्दर तथा पद्म पर विराजित होने वाली हजारों शिर और मुख वाली अर्थात् हजारों मुख बाहु पद हस्त वाली उस जगदम्बा भगवती श्री ललिता महामाया का भजन व पूजन करें ।।८२।।

तपस्याऽऽसक्तान् या निजचरणपद्मप्रणयिनः
सकृद्भक्तान् द्रष्टुं स्ववपुषि सहस्राण्यपि दृशाम् ।।
दधौ सा कामाक्षी हृदि कलितनिर्व्याजकरुणा
"सहस्राक्षी" माता मम दुरितघाताय जयतात् ।।८३।।

जो देवी भगवती अपने चरणों में प्रणय रखने वाले एवं अपनी तपस्या में लगे हुए निजी भक्तों को एक बारगी ही देखने के लिए हजारों नेत्र धारण करती हैं, मन में निष्कारण करुणा रखने वाली वह कामाक्षी सहस्त्राक्षी (हजारों नेत्रो वाली) मेरे दुरित (पाप) घात के लिए सर्वदा जय पाती रहे ।।८३।।

अपाद् द्विपादाऽपि "सहस्रपाद्" या ! श्रुतिप्रसिद्धोपनिषत्सु सिद्धा ।
सा सांख्ययोगादिसुसारभूता पराम्बिका मे हृदये चकास्तु ।।८४।।

जो अपाद् बिना पैर की है तथा जो द्विपादा दो पैर वाली है और सहस्रपाद् हजारों पैरवाली भी है। जो उक्त प्रकार की ही श्रुति में प्रसिद्ध हैं और उपनिषदों में सिद्ध है वरिणत ही है। वह सांख्य और योगादि दर्शनों की सारभूता पराम्बिका महामाया प्रकृति भगवती मेरे हृदय में प्रकाशित होती रहे "अपाणिपादो जवनो ग्रहीता पश्यत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः"। तथा अपादपि वाताधिकं धावसि त्वं श्रुतिभ्यां विहीनाऽपि शब्दान्शृणोषि। इत्यादि प्रमाण समझें ।।८४।।

"आब्रह्मकीटजननीं" जननीमिव स्वां
ये सर्व-दुःखदमनीं "शमनीं" खलानाम् ।
सम्पूजयन्ति च भजन्ति मुदा स्तुवन्ति
ते साधकाः सपदि तत्त्वविदो भवन्ति ।।८५।।

जो मनुष्य सभी दुःखों का शमन करने वाली एवं सभी दुर्जनों की दमन करने वाली आब्रह्मकीट जननी ब्रह्म से कीड़ों तक को पैदा करने वाली जननी को अपनी निज जननी जन्मदात्री माता की तरह पूजते हैं तथा हर्ष के साथ स्तुति करते हैं, वे साधक शीघ्र ही तत्वज्ञ होते हैं। यहां प्रत्याहार न्याय से ब्रह्म से कीट पर्यन्त आदि ब्रह्म से और कीट अन्त से इनके बीच के समूचे जीवजात प्राणि मात्र लिये जाते हैं ।।८५।।

मातेव याऽभूल्लोकानां "वर्णाश्रमविधायिनी" ।
साऽम्बिका भुवनेशानी ममास्तु सुखदायिनी ।।८६।।

जो माता के समान सभी लोकों की, वर्णों ब्राह्मणादि प्रसिद्ध ४ वर्णों की और ब्रह्मचर्यादि ४ आश्रमों की विधान करने वाली हुई । जैसे माता अपने पुत्रादि की व्यवस्था करने को उनके कार्यानुसार वर्ग बनाती है, वैसे । वह भुवनेश्वरी भगवती अम्बिका मुझे सुखदायिनी होवे । यह वर्णाश्रमविधान भगवती ने ही बनाया है ईश्वरकृत नहीं है । इस विषय में भगवद्गीता का यह वाक्य ही सुतरां प्रस्फुट प्रमाण है—चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्म विभागशः । यहां मया इस पद का अर्थ भाष्यकारों और टीकाकारों ने मया – ईश्वरेण ईश्वर ने किया है । यह सम्भव नहीं है । हमने यहां इस ऊपर वाले नाम को प्रमाण में रखकर मया का अर्थ प्रकृत्या मैंने अर्थात् प्रकृति ने किया है । गीता का मया शब्द मा शब्द है वह उमा-रमा का वाचक है जैसे 'इन्दिरा लोक-माता मा' यह अमरकोष और 'क्षीरोदतनया मा च' यह हलायुध कोष, और 'मःशिवे मा रमायांच' मा निषेधेऽव्ययंमतम्' । यह विश्वकोष एवं 'मा लक्ष्म्यां वारणेऽव्ययम्' यह हे-कोषकेवाक्य है इनसे मा का अर्थ लक्ष्मी भगवती प्रकृति हुआ, मा शब्द की तृतीया विभक्तिमेमया बनता है इसका अर्थ प्रकृति ने होता है । अर्थात् प्रकृति ने बनाई है चातुर्वर्ण्य चारों-वर्णों को मया-प्रकृति ने-सृष्टं-बनाया है ऐसा अर्थ है। प्रकृति-पुरुष दोनों शास्त्रकारों की उक्तियों से अनादि हैं तो वर्ण व्यवस्था भी अनादि प्रकृतिजन्या ही हुई ऐसा सिद्ध हुआ, यदि यह अर्थ अमान्य होता तो वर्णाश्रमविधायिनी यह नाम सार्थक नहीं होता है, और भाष्यकारों ने आचार्यों ने सिद्ध किया है, सार्थक बताया है । इस कारण हमारा उक्त अर्थ निश्चय सही है ।।८६।।

"निजाज्ञारूपनिगमां" देवीं त्रिपुरसुन्दरीम्
ज्ञात्वैव भक्तियुग्भावै-र्भावयन्तु भवोच्छिदे ।।८७।।

वेद जिसकी निजी आज्ञा रूप हैं, ऐसी भगवती त्रिपुर सुन्दरी को जान कर ही अर्थात् खूब सम्यक् प्रकार संसार का मूल मुक्ति का हेतु भुक्तिमुक्तिप्रदा तत्वतः परमात्मरूपिणी महाशक्ति समझ कर ही भक्ति भावपूर्ण हो भव के

(संसार के) समुच्छेद करने के लिए भावित कीजिए। भावार्थ यह हुआ कि वेद जिसकी आज्ञा हैं ऐसी भगवती को भवोच्छेदन के लिये भजना चाहिये ॥८७॥

"पुण्यापुण्यफलप्रदा" भगवती कामेश्वरी सुन्दरी
यस्याऽऽस्ते हृदि भक्तिभावनिहिता सोऽयं मनीषी स्वराट्।
हंसानामवतंसतामुपगतो विद्यावतामग्रणीः,
रूपेणाप्रतिमो भवन् मृगदृशां चेतोऽजिरे क्रीडति ॥८८॥

पुण्य और पापों के फल देने वाली भगवती कामेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी अम्बा जिसके हृदय में भक्तिभाव से विराजित होती है, वह मनस्वी स्वतन्त्र परमहंसों का शिरोमणि होता हुआ विद्वानों में अग्रसर रूप (सौन्दर्य) में अप्रतिम (बेजोड़) मृगनयनियों के हृदय-प्राङ्गण में क्रीडा किया करता है ॥८८॥

"श्रुतिसीमन्तसिन्दूरीकृतपादाब्जधूलिका"।
मन्मानससरोजान्तर्ललिता ललतादलम् ॥८९॥

वेदों के सीमन्त रूप उपनिषदों में सिन्दूरवत् मान्य प्रतिपाद्यमान है पद रज जिसका, ऐसी श्री ललिता भगवती मेरे मानस कमल में परिपूर्ण विलास करे ॥८९॥

"सकलागमसन्दोहशुक्तिसम्पुटमौक्तिका"।
त्रिपुरा परमेशानी पूरयत्वीप्सितं मम ॥९०॥

सभी वेदों के समूह रूप सीपियों के सम्पुट में मध्यभाग में प्रतिपादित विराजित हुई है मौक्तिक रूप ऐसी त्रिपुरा परमेश्वरी मेरा मनोरथ पूर्ण करे॥ अथवा यह अर्थ समझिये—

वेद समूह ही सीपियों का बना डिब्बा है, उसमें रखी या रहने वाली मुक्ता मोती स्वरूपिणी भगवती त्रिपुरा परमेश्वरी मेरे मनोरथ पूर्ण करे। ८९ और ९० दोनों ही पद्यों में अनोखा रूपकअलंकार है ॥९०॥

अर्थो भोगसुखं तथा च विभुताऽप्यैश्वर्य्यमप्यम्ब ! हे।
तत्त्वं यच्छसि पूरुषाय तदहो त्वं "पूरुषार्थप्रदा"।

तस्मात्त्वां बलविक्रमार्थविभुताधर्मादिसम्प्राप्तये
लोकाः पुण्यभृतो भजन्ति सततं ध्यायन्ति गायन्ति च ॥९१॥

अर्थ शब्द से भोग-सुख-विभुता और ऐश्वर्य भी कहा है। हे अम्ब ! उक्त सभी प्रकार का अर्थ आप पुरुष को देती हो। इस कारण आपको पुरुषार्थप्रदा कहते हैं, और इसी कारण पुण्यवान् लोग आपको बल-विक्रम-धन-प्रभुता-धर्मादि के लिये तथा चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति के लिए भजते हैं-ध्याते है और आपके गुण गाते हैं। अथवा यह भी अर्थ समझिये पुरुष रुद्र है वह अर्थ प्रद जिसके द्वारा होता है वह पुरुषार्थप्रदा अर्थात् पुरुष रुद्र शिव या विष्णु जिसके द्वारा पुरुषार्थदाता बनता है वह शक्ति पुरुषार्थप्रदा है, वही श्री ललिताम्बा है।९१।

कामानां परिपूरणी भगवति! त्वं पूर्णकामा ध्रुवं।
"पूर्णा" विश्वगुणैः सदा विजयसे तस्माद्धि देवासुराः।
गन्धर्वा अपि यक्षसिद्धमुनयो नित्यं त्वदंघ्रिद्वयं
पुष्पाद्यैः परिपूजयन्ति हविषा च त्वां यजन्ति प्रभो! ॥९२॥

हे भगवति ! आप सभी कामनाओं की पूर्ण करने वाली हो, और निश्चय ही आप स्वयं पूर्णकामा हो, तथापि विश्व के गुणों से पूर्ण हुई सदा विजय पाती रहती हो। इस कारण देव और असुर एवं गन्धर्व और यक्ष तथा सिद्ध-मुनिगण सभी आपके चरणयुग को पुष्पादि उपचारों से पूजते हैं और हविष् के द्वारा आपका यजन (यज्ञ) करते रहते हैं ॥९२॥

मातः स्वसंवेद्यसुखानुभूतिर्भोगो निरुक्तः किल तद्वतीं त्वाम्।
सम्यग्विविच्यात्मनि "भोगिनीं" ये भजन्ति ते भोगभृतोऽपि मुक्ताः ॥९३॥

हे मा ! स्वसंवेद्य सुख का अनुभव ही भोग कहलाता है। और वह निश्चय ही आपमें यद्वा आपके पास है। उक्त भोगवान् होने के कारण आपको सम्यक् विवेचन के द्वारा भोगिनी समझकर जो भजते हैं, वे साधक भोगों से भरे हुए अर्थात् भोग भोगते हुए भी मुक्त ही हैं वे भोग उन्हें कुछ भी बन्धन नहीं दे सकते हैं ॥९३॥

चतुर्दशानां भुवनाभिधानां वै विष्टपानामधिपालनी त्वम्।
प्रख्यायसेऽम्बा "भुवनेश्वरीति" विचारवन्तोऽपि जयन्ति सन्तः ॥९४॥

हे मा ! चौदह भुवन नामक लोकों का अधिकारपूर्ण पालन करने वाली आप भुवनेश्वरी इस नाम से प्रख्यात हो रही हो इस तरह का विचार रखने वाले भी सन्त जय पाते हैं अर्थात् सबसे अधिक उत्कर्ष प्राप्त हुए रहते हैं ।।९४।।

इच्छाज्ञानक्रियाणामपि किल तिसृणां कीर्त्यते या समष्टि;
रात्रिर्निद्रास्वरूपाऽपि सकलजगतां मातृरूपा भवानी ।
या त्रस्तानां जनानां विवशवदनतो भाष्यते तच्छिवाय
माया पायादपायात्त्रिभुवनजननी सा"ऽम्बिका" मां प्रणश्रम्।।९५।।

इच्छा, ज्ञान और क्रिया इन तीनों की जो समष्टि कहलाती है, और जो निद्रास्वरूप रात्रि है तथा सभी जगत् की मातारूपिणी भवानी है। और जो पीड़ित पुरुषों के मुख से विवशता में उनके कल्याण के लिए उच्चारित होती है। वह त्रिलोकजननी माया अम्बिका, भक्ति से नम्र हुए मुझको सभी विघ्नों से बचावे ।।९५।।

"अनादिनिधनां" धनागमनिदानपूजां परां
सनाम्बुजनिवासनां शुचिमना घनालिप्रभाम् ।
जनः सुनिगमाध्वना कलितकामनामस्वनां
यजन्नपि वनावनावमरतां प्रयात्यंजसा ।। ९६ ।।

आदि जन्म, निधन-मरण नहीं होते हैं जिसके वह अनादिनिधना जिसकी पूजा धन के आगम का निदान मूलकारण है, और जो सदा से कमल के आसन पर बैठने वाली है यदा कमल में निवास करने वाली है। जो मेघमाला कीसी प्रभावशाली है, जिसका सुन्दर काम के नाम वाले शब्द है, अर्थात् जिसका नाम कामेश्वरी है ऐसी ललिता को पवित्र मन से श्रेष्ठ निगम मार्ग से वन भूमि उपवनादि एकान्त स्थान में पूजन-भजन-यजन करता हुआ नर-नारी सहज ही अमरत्व पालेता है ।। ९६ ।।

जयसि त्वं कल्पवल्ली "हरिब्रह्मेन्द्रसेविता" ।
तत्ते तत्त्वविदो लोका याचन्ते कथमन्यकान् (अन्यतः) ।।९७।।

जिसका सेवन विष्णु, ब्रह्मा तथा इन्द्र ने भी किया है ऐसी और सर्वोत्कृष्ट गुणवती कल्पलता हो, हे अम्ब आपको इस तत्व से जानने वाले लोग

अन्य देवों को कैसे याचना करते हैं। काकु ध्वनि से यही समझ में आता है कि वे लोग कभी और की याचना नहीं करते हैं ॥ ९७ ॥

"नारायणीं" त्वामवगत्य तत्त्वतो, विचक्षणा ये प्रभजन्ति भक्तितः।
त एव पूर्णाद्वयसंविदञ्चिता, भवन्ति वै पञ्चजना न चापरे ॥ ९८ ॥

हे अम्बिके ! जो आपको तत्त्वतः वास्तव में नारायणी समझ कर भक्ति से विचक्षण विद्वज्जन भजते हैं, वे ही पुरुष अद्वैत ज्ञान से संयुत होते हैं अर्थात् उन्हें ही प्रकृति पुरुष का अद्वय बोध होता है ! अन्य जनों को नहीं होता है। नारायण शब्द में शिव, विष्णु दोनों का अद्वय बोध है, देखिये नारायण की शक्ति नारायणी, और नारायण शब्द शिव का वाचक भी है–कूर्मपुराण में गुणिशिव ने स्वयं कहा है-अहं नारायणो गौरी जगन्माता सनातनी इति। नारायणः परशिव इति भैरवयामले। आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः। अयनं तस्य ता यस्मात्तस्मान्नारायणः स्मृतः। जीवों का अन्त में परशिव में वास होने से शिव ही नारायण है उनकी शक्ति नारायणी है। अथवा लक्ष्मी से अभेद बतलाने को यह उक्ति है। नारायण विष्णु उसकी शक्ति नारायणी अथवा विष्णु में रहने वाली शक्ति नारायणी इत्यादि रहस्य है ॥९८॥

त्वां रूपयन्तः किल नादरूपामव्यक्तमूलं निजनाभिपद्मे !
सर्वार्थसिद्धा निजवश्यवाचो योगीश्वरा नैव पुनर्भवन्ति। ॥९९॥

हे अम्ब ! अपने नाभिकमल में अव्यक्तमूल वाले नाद के रूप में आपको निरूपण करते हुए, आपका अनुभव (साक्षात्कार) करते हुए योगीश्वर सर्वार्थ सिद्ध हुए वश्यवाणी वाले अर्थात् जिनकी वाणी के वश में सभी अर्थ हैं यद्वा जो वाणी वे कहते हैं वह सत्य ही होती है। इस संसार में पुनः नहीं आते हैं, उन्हें आत्मरूप प्राप्त हो जाता है ॥ ९९ ॥

तद्वाचके हि प्रणवे भवानि ! त्वां "नादरूपा"-मवगत्य सन्तः !
नूनं चिदानन्दमयीमवस्थां ! यान्ति भ्रुवोर्मध्यमकेन्द्ररूढाः ॥१००॥

तत् ब्रह्म परमात्मा, उसका वाचक प्रणव, ओंकार, तथा ह्रींकार, शास्त्रकारों-ने पांच प्रणव माने हैं, १. ॐ, २. ह्रीं, ३. क्लीं, ४. श्रीं ५. ऐं, कोई कोई आगमिक

दो प्रणव कहते हैं। एक ओम् दूसरा ह्रीं इनमें ॐकार को ब्रह्मप्रणव, और ह्रींकार को मायाप्रणव या शक्तिप्रणव कहते हैं। देवी भागवत में कहा है भगवती ने द्वे बीजे मम मुख्यौ स्तः प्रणवौ, नगनायक ! ओंकारश्चाथ ह्रींकारो यतोह-मुभयात्मिका, तथा वहीं (देवी भागवत में) यह भी लिखा है भागद्वयवती यस्मात् सृजामि सकलं जगत्। इत्यादि। उक्त किसी भी प्रणव में तद्वाचक ब्रह्मवाचक में आपको नादरूप समझ कर साधना, करने वाले, भ्रुकुटी के मध्य केन्द्र में आरूढ हुए वे निश्चय ही उस चिदानन्दमयी अवस्था को प्राप्त हो जाते हैं जो अनिर्वचनीय हैं॥ ९९॥

शिवे परे सुन्दरि ! "नामरूपविवर्जितायाः" अपि वर्णयन्ति।
ऐश्वर्यमौदार्य्यमनुग्रहादि ! कवीश्वरास्तत्त्वयि भाति चित्रम्॥ १००॥

हे शिवे ! कल्याणकारिणी परे ! सुन्दरि ! आप नाम और रूप से रहित हो, शुद्ध केवल संवित् रूप होने से और निष्कल ब्रह्म होने से भी, जगत् के पांच रूप होते हैं। १ अस्ति, २ भाति, ३ प्रिय, ४ नाम, ५ रूप, ये शास्त्रकारों से निर्णीत हुए हैं। इनमें पिछले २ जगत् रूप हैं। आप उनसे रहित हैं। और पहले ३ अस्ति, भाति और प्रिय ये ब्रह्मरूप हैं जैसे—आद्यं त्रयं ब्रह्म रूपं जगत् रूपं ततो द्वयम्। इति। इस प्रकार आपके नाम रूपविवर्जिता होने पर भी ये कवीश्वर लोग आपके ऐश्वर्य्य, तथा अनुग्रहादि गुणों के बर्णन करते हैं। यह आपके विषय में विचित्र ही बात है।॥ १००॥ आदितः ३००॥

---

# चतुर्थं शतकम्

वर्णानां परिभेदतस्त्रिजगतां सृष्टिस्थितिप्रक्षयान्
कुर्वन्ती जगदम्बिके ! त्वमिह "ह्रींकारी"-त्यृतं ख्यायसे।
ईदृग्भावविशेषसंकलनया त्वां चिन्तयन्तो जनाः
आज्ञासिद्धतया जयन्ति जनुषो हानाभिधानां स्थितिम्॥१॥

हे जगदम्बिके ! अक्षरों के भेद से ह + र + ई इन तीनों से जगत् का जन्म स्थिति और संहार करती हुई आप ह्रींकारी इस प्रकार सत्य ही प्रख्यात हुई हो।

ऐसे अर्थ विशेष की भावना से जो आपका चिन्तन करते हैं, वे आज्ञा सिद्ध होते हुए जन्महीन अर्थात् जन्मरहित होने की स्थिति को जीत लेते हैं–वश कर लेते हैं। लज्जास्वरूपा होने से भी और भुवनेश्वरी का बीज रूप होने से भी ह्रींकारी हो ॥१॥

नगाधिराजेन विवाहकाले मिथः समञ्ज्ञार्थमुदीरितायाः।
हठादिवोन्मीलनमाप्नुवाना ते "ह्रीमती" दृङ् मम भूतये स्तात् ॥२॥

हे त्रिपुरसुन्दरि, विवाहकाल में भाँवर पड़ते समय परस्पर समञ्जार्थ, आपस में देखने पहचानने के लिये, नगाधिराज हिमालय से [पिता से] प्रेरणा की गई, बार बार कहने के कारण हठ से ही खुलती हुई शिव के संमुख आपकी वह "ह्रीमती" लाजभरी दृष्टि मेरी ऐश्वर्य वृद्धि के लिए हो ॥ २ ॥

भक्तानां हृदयेऽनिशं निवसनात् रूपस्य रम्यत्वतो
"हृद्यां" त्वां परिपूजयन्ति मनुजा शुक्लोपचारैश्चिरम्।
ते भूपालकमौलिरत्नमुकुटैर्नीराजिताङ्घ्रिद्वया
विद्वत्संसदि संसृजन्ति मुखतो हृद्यानि पद्यानि वै ॥ ३ ॥

हे देवि, भक्तों के हृदय में नित्य निवास करते रहने से, और आपके रूप की विशेष रमणीयता के कारण, आपको हृद्या जानकर जो पुरुष शुक्लपुष्पाक्षतादि उपचारों से पूजते हैं वे साधक राजाओं के शिर पर स्थित रत्नमुकुटों से आरती उतारे गये चरण वाले बनते हैं और वे विद्वानों की सभा में मुख से हृद्य मनोहर मधुर पद्यरचना कर सुनाते हैं ॥ ३ ॥

धन्यस्य पूर्णपुण्यस्य सतः कस्यचनाम्बिके
उदेति तावकी भक्ति–"हेयोपादेयवर्जिता"॥४॥

हे अम्बिके ! पूर्ण पुण्य वाले, धन्य हुए किसी ही सन्त–सज्जन के हृदय में आपकी हेय (त्याज्य) और उपादेय (ग्राह्य) भाव तथा वस्तु विवेक से रहित भक्ति (परा भक्ति) उदित होती है ॥ ४ ॥

पंचब्रह्ममयं महासनमधिष्ठातुं चलन्ती शनैः
सन्सन्मण्डपमध्य एव भवसि त्वं "राजराजार्चिता"

तत्काले विहिताञ्जलिर्जय जयेत्युच्चैर्वदन् भक्तित-
स्त्वामाखण्डल एव कल्पलतिकापुष्पैर्मुहुर्वर्षति ॥५॥

हे अम्ब ! जब आप पंचब्रह्ममय महासिंहासन पर आरूढ होने को धीरे धीरे चलती हो तब सभा मण्डप के मध्य मार्ग में ही राजराज श्री कुवेर आपको पूजने लगते हैं। उस समय अंजलिबांधे ऊंचे स्वर में जय जयकार करता हुआ इन्द्र आप पर कल्पलता के फूल बरसाता रहता है बार बार बरसाता है ॥५॥

त्रिभुवनमहा-"राज्ञी"-माज्ञावशम्वददैवतां
य इह सततं ध्यायाज्जायासमेत उदारधीः।
जनपरिवचो हित्वा हि त्वां यजेदपि पंचमैः
तमतिकृतिनं धन्यं मन्यामहे ललिताम्बिके ! ॥६॥

हे ललिताम्बिके ! जो पुरुष त्रिभुवन की एक महामहारानी ! सभी देव जिसकी आज्ञा के वशवर्ती हैं। ऐसी आपको इस संसार में जाया (स्त्री) समेत उदारबुद्धि वाला ध्यावे और लोक परिवाद की परवाह न करके पंचमकारों से आपका पूजन करे तो हम उस अत्यन्त कुशल पुण्यशाली को धन्य मानते हैं हरिणी छन्द है ॥ ६ ॥

धन्यास्त एव बहुपुण्यफलोपभाजो लोके त एव सफलप्रविशालनेत्राः
यैरेकवारमपि ते विबुधप्रणम्या "रम्या" पदारुणसरोजविभा सुदृष्टा ॥७॥

हे मातः ! इस लोक में अधिकाधिक पुण्यफल भागी वे ही धन्य हैं, और वे ही सफल विशाल नेत्र वाले हैं जिनने एक बार भी आपकी सभी देवों के प्रणम्य नितान्त रम्या रमणीय चरण कमल की अरुण प्रभा देख ली है। ॥७॥

एके मृगाक्षीमपरे बुधाश्च मीनेक्षणां त्वां कथयन्ति मातः!
अहन्तु नैजानुभवेन "राजी-वलोचनां" त्वां प्रभजामि नित्यम् ॥८॥

हे मातः ! कोई विद्वान् लोग आपको मृगाक्षी हरिण की आंख सरीखी आंख वाली बतलाते हैं और कोई बुध आपको मीन के समान आंख वाली कहते हैं। पर मैं तो अपने अनुभव से आपको "राजीवलोचना" कमल सरीखी आंख वाली समझ कर भजन करता हूं ॥८॥

भक्तान् मनोऽभीप्सितपूरणेन त्वं रोदसीं स्वाङ्गजशोणभाभिः ।
सदैव संरंजयसीति देव्यस्त्वां "रञ्जनी"-ति प्रथयाम्बभूवुः ॥९॥

हे भगवति ! मन के अभीष्ट पूर्ण करने से भक्तजनों को, और अपनी मूर्ति की अरुणारुण प्रभा से द्यावाभूमी को आप सदैव रंजित करती हो, इस कारण सभी देवियाँ ( वशिन्यादिकाः ) आपको रंजिनी नाम से विख्यात करती हैं ॥९॥

कामेश्वरेण रमसे रहसि स्वमेव
भक्तान्तरेषु किल खेलसि दिव्यभावैः ।
तस्माद्वदन्ति रमणीं श्रवसोस्तवाख्यां
ब्रह्मादयोऽपि"रमणी"ति महामहेशि ॥१०॥

हे महामहेश्वरि ! कामेश्वर परशिव के साथ आप रहस्य में रमण करती हो, और भक्तजनो के अन्तरों (मानसों) में हृदयों में अनेक दिव्य भावों से क्रीड़ा करती हो, इस कारण ब्रह्मादि देव सभी कानों को रमणीय प्रतीत होने वाली आपकी इस रमणी आख्या को रमणी ऐसा कहते हैं ॥१०॥

मुक्तान्तरा ध्यानसमाधियोगे त्वय्यद्वयत्वं प्रगता मुनीन्द्राः ।
ब्रह्मोपमां त्वां रसयन्ति नित्यं रसस्वरूपाऽसि ततोऽसि "रस्या" ॥११॥

हे मा ! योगयुक्त पुरुष आन्तरध्यान समाधियोग में आपमें अद्वैत भाव को प्राप्त हुए मुनीश्वर, ब्रह्म की उपमानभूत आपको नित्य ही अनुभव से रसित करते हैं रसास्वाद लेते हैं, क्योंकि आप रसस्वरूपा हो इस कारण रस्या हो रसयितु योग्या रस्या ऐसा भी समझिये । रसस्वरूप में प्रमाण—रसो वै सः, रसमेवायं लब्ध्वा आनन्दीभवति इत्यादि श्रुतियां । जो रस होगा वह रसनीय रसास्वाद के योग्य भी होगा ॥११॥

ध्यायन्ति ये बालविभाकराभां शोणप्रभारंजितरोदसीकाम् ।
कलं "रणत्किंकिणिमेखलां" त्वां सुरान्तरान्ते वशयन्ति सद्यः ॥१२॥

जो बालसूर्य के समान कान्ति वाली और अपने लाल प्रभाजाल से द्यावाभूमी को रंग देने वाली एवं अव्यक्त मधुर बजती हुई घुंघरू वाली करधनी पहने हुए आपको जो ध्यान में लाते हैं वे देवों और मनुष्यों को भी तत्काल वश में कर लेते हैं ॥१२॥

रम्याङ्गभासा निजया मुकुन्दं विमोहयन्ती रमयस्यपाङ्गैः।
सुधासमुद्रान्तरुदञ्चिता त्वं "रमेति" सत्यामभिधां दधासि ॥ १३ ॥

आप अपनी रमणीय अङ्गों को कान्तिच्छटा से भगवान् मुकुन्द को मोहित करती हुई अपने आपाङ्गों--दृष्टिकोणों से रमण करती हो विमोहित करती हो। सुधा समुद्र के मध्य से समुद्भूत हुई-प्रकट हुई आप रमा इस सच्ची अभिधा (नाम) को धारण करती हो। अर्थात् आपका नाम रमा यह सत्य ही है ॥ १३ ॥

राकेन्दुवन्दनां त्वां ये शुक्लमाल्याम्बरावृताम्।
ध्यायन्ति ते प्रकाशन्ते ज्ञानविज्ञानभासुराः ॥ १४ ॥

हे मातः! शुक्ल पुष्पों और वस्त्र से आवृत हुई और पूर्णिमा के चन्द्रमा समान मुख वाली आपको जो ध्यान में लाते हैं, वे ज्ञान-विज्ञान से दीप्यमान हो जाते हैं। संसार में प्रसिद्ध हो जाते हैं ॥ १४ ॥

भगवति! "रतिरूपां" त्वां हृदि ध्यायतां त्वन्-
मनुमपि जपतां तेऽनङ्गजायाः कलायाः।
मधुमधुरमनोज्ञास्तन्व आसेचनाश्च
वशयितुमुदयन्ते कामिनीनां मनांसि ॥ १५ ॥

हे भगवति! रति के रूप से रूपवाली, वा रतिस्वरूपा तथा रति-रूपिणी प्रीतिस्वरूपिणी आपको हृदय में ध्यान से लाने वाले तथा कामकला के मन्त्र को जपने वाले, मधु से मधुर और मनोहर होते हैं। और उनके तनु मूर्तियाँ आसेचन रूप वाली हो जाती हैं। जिनके देखते रहने से नेत्रों की तृप्ति पूर्ण न हो देखने की चाह बनी ही रहे उस रूप को आसेचन रूप कहते हैं। और वे कामिनियों के मनों को वश करने को उदीयमान होते हैं ॥ १५ ॥

प्रेमापि भक्तिः परमानुरागो रतिः कवीन्द्रा इति वर्णयन्ति।
सा प्रेयसी ते त्वमुत प्रियाऽस्याः द्विधापि सिद्धासि "रतिप्रिया" त्वम् ॥ १६ ॥

हे मातः! प्रेम और भक्ति तथा उत्कृष्ट अनुराग रति होता है, ऐसे कवीन्द्र कहते हैं। वह रति आपकी प्रेयसी है, प्यारी है, अथवा आप उसको प्रिय हैं। अस्तु-दोनों ही प्रकार आप रतिप्रिया सिद्ध होती है ॥ १६ ॥

"रक्षाकरीं" त्वां समवाप्य सेवका न राजतो नो रिपुतो न राक्षसात् ।
न मृत्युतो दस्युदवाम्बुनारकात् सिंहादितो बिभ्यति नैव जातुचित् ।।१७।।

हे देवि ! समस्त चराचर की रक्षा करने वाली आपको पाकर अर्थात् आपकी शरण में जाकर, आपके सेवक साधक भक्त इतने निर्भय हो जाते हैं कि वे न राजा से डरते हैं, न शत्रु से, न राक्षस से, न मौत से ही डरते हैं। चोर, डाकू, दावानल, जल और नरक तथा सिंहादि हिंसक जन्तुओं से भी वे नहीं डरते हैं ।। १७ ।।

ब्रह्मद्रुहो दैवतविद्विषश्च गोघातका धर्मविलोपकाश्च ।
ये राक्षसास्तान् विनिहंसि तस्मात् त्वां राक्षसघ्नीं कथयन्ति सन्तः ।।१८।।

हे अम्बिके ! ब्रह्म, ब्राह्मण और वेद से द्रोह करने वाले, तथा देवों से द्वेष करने वाले, गौओं के घातक, तथा धर्म को लुप्त करने वाले, जो राक्षस हैं, उन्हें आप नष्ट कर देती हो, इसलिए सन्त लोग आपको राक्षसघ्नी कहते हैं। उपर्युक्त काम करने वाले मनुष्य ही राक्षस होते हैं। उन्हें आप विनष्ट कर देती हो ।। १८ ।।

विहरसि हृदि नित्यं योगिनां साधकानां
रमयसि च यथेष्टं विष्णुवेधोगिरीशान् ।।
प्रथममुदयसे त्वं स्त्रीस्वरूपेण तस्माद्
भगवति ! भवति त्वन्नाम "रामा"ऽभिरामम् ।। १९ ।'

हे भगवति ! आप सदैव साधना करने वाले योगियों के हृदय में विहार (रमण) करती हो और विष्णु, ब्रह्मा तथा महेशों को यथेष्ट रमण कराती हो। सर्व प्रथम स्त्री स्वरूप से आप प्रगट होती हो इन कारणों से आपका प्रिय नाम 'रामा' है। आपका रामा यह नाम जगत में अभिराम प्रिय है ।। १९ ।।

शिवे "रमणलम्पटा"-मुपरि सौरतोल्लासिनीं
महेश्वरमुखे मुखं निदधतीं महाघूर्णिताम् ।
निशीथसमये स्मरन् जपति षोडशीं यो जनः
स भूपरिवृढो भवन् ब्रियत एव राज्यश्रिया ।। २० ।।

हे शिवे। शिव में रमण (संभोग) करने में लुब्धा ग्रापको जो पुरुष ऊपर के सुरत में उल्लासित हुई तथा महेश्वर के मुख में मुख रखती हुई मद-पान से घूर्णित होती हुई को अर्धरात्रि में स्मरण करता है. और बुद्धि से १६ षोडशी सोलह अक्षर वाले आपके मन्त्र को जपता है, वह भूमि का पति होता हुआ राज्यलक्ष्मी से वर लिया जाता है। उसे राज्यश्री अपना पति बनाती है। पृथ्वी नाम का छन्द है ॥ २० ॥

विद्यास्वरूपेण मुमुक्षुसाधकैर्योगीश्वरैर्या नितरां हि "काम्या"
साम्बा परा विश्वमहेश्वरी मां सुखेन सन्तारयताद्भवाब्धेः ॥ २१ ॥

जो मोक्षाभिलाषी साधकों और योगीश्वरों से विद्यारूप से अवश्य ही काम्या कामना की जाने योग्य है, अर्थात् चाही जाती है! वह विश्वेश्वरी परा अम्बा मुझे सुख के साथ भवसागर से पार लगा देवे, ॥ २१ ॥

त्वामीश्वरीं "कामकला-रूपां" नादेन्दुसङ्गताम्।
ध्यायतामपि सिद्ध्यन्ति कामा रामाः समं समम् ॥ २२ ॥

कामकला विलास में, जिस मन्त्रशक्ति का वर्णन किया है, उस कामकला को सौन्दर्यलहरि में भी श्री शंकराचार्य ने-मुखं विन्दुं कृत्वा कुचयुगमधस्तस्य तदधो, हरार्द्धं ध्यायेद्यो हर-महिषि ते मन्यथकलाम्-इस पद्य से बताया है। कामकला ईं को नाद और चन्द्र (अनुस्वार) से संगत हुई आपको (समझ कर) ध्यान करने वाले जनों के काम-कामनाएं तथा रामाएं स्त्रियां साथ-साथ ही सिद्ध-वश्य हो जाती हैं ॥२२॥

कदम्बकतरोस्तले स्थित उदारधीस्त्वां यजन्
"कदम्बकुसुमप्रियां" किल कदम्बपुष्पैर्नवैः।
प्रजप्य च मनुं श्रियो दशशतानि नाम्नां पठेत्।
तमत्र हि धनाधिपं कलयसे त्वमम्ब! द्रुतम् ॥ २३ ॥

हे अम्ब! कदम्बपुष्प जिसको प्यारे लगते हैं ऐसी आपको कोई उदार बुद्धि वाला कदम्बवृक्ष के नीचे बैठकर नवीन विकसित कदम्ब के पुष्पों से पूजता है और वहीं आपका यजन करता हुआ श्री विद्या मन्त्र अथवा लक्ष्मी का मन्त्र जप कर इस सहस्र नाम का पाठ करता है तो आप उस साधक को शीघ्र ही धनाधीश्वर (धनाढ्य) बना देती हो ॥ २३ ॥ पृथ्वी छन्द है।

मङ्गल्यामथ संस्कृतां च वचसां धाटीं ददाति ध्रुवं
स्वर्णं वाऽप्यतुलं प्रयच्छति तनौ नैरोग्यमासिञ्चति ।
पापान्युद्धरतेऽनुतापमपि च श्रेयोऽनुबध्नात्यहो
"कल्याणी" ललिताम्बिके ! तव कथा किं किं न दद्याच्छिवम् ॥२४॥

हे ललिताम्बिके ! आपकी सर्व प्रकार कल्याण करने वाली कल्याणी कथा क्या शुभ श्रेय नहीं करती है–अपितु सभी प्रकार श्रेय देती रहती है । जैसे–मंगलपूर्ण मंगलप्रद वचनों की सरणि भाषण का प्रकार प्रद न करती है । अतुलित सुवर्ण (धन) देती है । शरीर में नैरोग्य सींचती है पापों को निकाल देती है, अनुताप-सन्ताप-पश्चात्ताप सभी को दूर करती है एवं हर प्रकार का श्रेयः साधन करती है ॥२४॥ शार्दूलविक्रीड़ित छन्द है ।

मन्दानां धिषणां समुज्ज्वलयितुं सन्धावतीमीश्वरीं
वन्दारुव्रजकामपूरणविधौ मन्दारवृक्षायिताम् ।
स्वच्छन्दां भवबन्धभेदकरणे नन्दात्मजां षोडशीं
आनन्दातिशयप्रदां त्रि-"जगतीकन्दां" प्रबन्दामहे ॥२५॥

मन्द पुरुषों (मूर्खों) की बुद्धि को समुज्ज्वल करने की प्रतिज्ञा वाली, सर्वैश्वर्य्य सम्पन्न, बन्दारु प्रणत भक्तजनों के सर्वकाम पूरणार्थ कल्पवृक्ष के समान तथा संसार के बन्ध तोड़ने में स्वतन्त्र नन्द की पुत्री रूप से जो प्रकट हुई आनन्दातिशय प्रदान करने वाली, तीनो भुवनो की एक कन्द मूलरूपिणी श्री षोडशी सौलह कलायुक्त श्री त्रिपुरसुन्दरी भगवती को प्रणाम करते हैं ॥२५॥

भक्ताभिलाषपरिपूरणकामधेनो ! शर्वाणि सुन्दरि महेश्वरपट्टराज्ञि !
आखण्डलादिसुरपूजितपादपद्मे ! मातस्त्वमेव "करुणारससागरा"ऽसि॥२६॥

हे मातः ! भक्तों के अभिलाषपूर्ण करने में कामधेनु हे शर्वाणि सुन्दरि ! महेश्वरमहाराज की पट्टराज्ञि हे इन्द्रादिदेवगणपूजित-चरण कमल वाली ललिते आप ही करुणा रस की सागर हो ॥२६॥

अथवा

उद्दण्डभण्डमहिषारुणदुर्गमाद्यैः
प्रोपद्रुतान्हरिहरादिसुरानवन्ती !

दारिद्रचदुःखभयशोकविदारिणी का
त्वामन्तरेण "करुणारससागरा"-स्ति ।।२६।।

उद्दण्ड उपद्रवी भण्डासुर महिषासुर, अरुणासुर, दुर्गमासुर आदि अनेक दानवों के द्वारा अनेक बार उपद्रव से आकुल किये गए दुःखी हुए ब्रह्मा विष्णु शिव आदि देवों को समय समय पर सुरक्षित करती हुई दारिद्रच दुःख भय शोक दूर करने में आपके अतिरिक्त अन्य कौन देवता करुणा रस की सागर है ? अर्थात् आप ही एक करुणा रस की सागररूपिणी है ।।२६।। वसन्त तिलका वृत्त है।

"कलावतीं" त्वां परिपूज्य लोकाः कुन्दप्रसूनैः कमलैश्च शुभ्रैः ।
लब्ध्वा चतुःषष्ठिकलास्त्वदेव कलाधरा विस्मयदा भवन्ति ।।२७।।

चौसठ ६४ कलाएं जिसमें हैं ऐसी आपको लोक कुन्द मोगरा के और भी श्वेत कमलों से पूज कर आपसे ही ६४ चौसठ कलाएं पाकर आश्चर्यकारी कलाधर बन जाते हैं। उपजाति छन्द हैं ।।२७।।

दुरापा य"त्कलालापाः" श्रोतुं ब्रह्मविदामपि ।
तां विश्वमोहिनीं विद्यां वन्दे त्रिपुरसुन्दरीम् ।।२८।।

कल मधुर मंजुल आलाप भाषण वाली कलालापा होती है। जिसके कल मधुर मंजुल आलाप ब्रह्मविज्ञानियों को भी सुनने को दुर्लभ हैं उस विश्व मोहन करने वाली त्रिपुरसुन्दरी महाविद्या को मैं वन्दना करता हूं। सचमुच ब्रह्मविद् को भगवती के आलाप सुनने को नहीं मिलते हैं ।।२८।।

कामेश्वराभिधमहेश्वरकाम्यमानां
"कान्तां" हृदि श्रुतिशिरःकृतनिश्चयान्त्वाम् ।
ध्यायन्ति बद्धकमलासनसस्थिता ये
ते शाम्भवीमनुभवन्ति परामवस्थाम् ।।२६।।

हे भगवति ! कामेश्वर परशिव से चाही गई, अत एव उपनिषदों में सुनिश्चय वर्णित की गई ऐसी आप कान्ता (काम्यरूपा) को जो पुरुष कमलासन से बैठे हुए हृदय में ध्यान करते हैं वे शांभवी नाम की परा अवस्था का अनुभव करते हैं ।।२६।।

सन्तर्पिता सुराभिः पथ्याभिश्चासवैरिष्टैः ।
"कादम्बरीप्रिया" त्वं प्रणतान्सालोक्यगामिनः कुरुषे ।।३०।।

पथ्य हितकर अनेक प्रकार की सुराओं से, अन्यान्य हितकर आसवों अरिष्टों से भी सम्यक् तृप्त की गई कादम्बरीप्रिया उत्तम सुरा को प्रिय (पसन्द) करने वाली आप प्रणत जनों को अपने सालोक्यगामी बना देती हो। सुरातर्पण करने में—वेद प्रमाण देखिये—परिस्रुतं झषमाद्यं पलं च भक्तानि योनीः सुपरिष्कृतानि निवेदयन्देवतायै महत्यै स्वात्मीकृत्य सुकृती सिद्धिमेति । अर्थात् सुरा मीन मांस भात आदि महादेवता को निवेदन कर स्वीकार करने वाला सुकृती सिद्धि को प्राप्त करता है इत्यादि । देवी के ही तर्पण सुरा से हैं यह बात नहीं है विष्णु रुद्रादि सभी देवों के पितरों के भी सुरासे तर्पण होता था और होता है मेरुतन्त्र में २०वें प्रकाश में देखिये विष्णोरप्यर्चनं कुर्यात् तर्पणं सुरया पुनः । पितृतर्पण में भी सुराग्रहण का प्रमाण यजुर्वेद के तृतीयाध्याय के इस मन्त्र में देखिये—ऊर्ज्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालम्परिस्रुतम् स्वधास्थ तर्पयत मे पितृन् इति । यहां परिस्रुत नाम सुरा का ही है—विश्व कोष में देखिये परिस्रुत् वरुणात्मजा इति । वेदों में सोम रस कहा है वह सुरा ही थी, इत्यादि विमर्ष तन्त्रों में विस्तृत है यहां विस्तारभय से इतना ही उपयुक्त लिखा है । सुरा से तर्पण वेदादि शास्त्रसिद्ध हैं । पथ्या आर्या छन्द है ।।३०।।

शरदाराधिताः सम्यक् हरदारा महौजसः ।
परदारासु जयिनां "वरदा" न भवन्ति किम् ।।३१।।

शरद नवरात्र में अच्छी तरह संविधान आराधित की हुई महान् ओजस्विनी अथवा महान् ओज देने बढ़ाने वाली महादेव महाकामेश्वर परशिव की पट्टरानी श्री अम्बिका, परदारा में जय पाने वाले अर्थात् दृढ संयम से रहने वाले साधनानिष्ठ पुरुषों के वरदान देने वाली नहीं है क्या ? काकुध्वनि से सिद्ध कि ऐसे संयम वालों को आराधिता भगवती अवश्य ही नाना प्रकार के वरदान देती है इसमें सन्देह नहीं ।।३१।। अनुष्टुप छन्द है ।

कज्जलकलाकलुषिताऽपीक्षा कामेश "वामनयना"—याः ।
चित्रं निजोपनम्रानुज्ज्वलविपुलाशयान्कुरुते ।।३२।।

यह बात बड़ी विचित्र है कामेश परशिव की वामलोचना सुन्दर रम्य नयन वाली कामेश्वरी भगवती त्रिपुरसुन्दरी की दृष्टि कज्जल कला से कलुषित (श्याम) है तो भी अपनी ओर झुकने नम्र होने वाले साधकों के आशयों को उज्ज्वल और विपुल उदार बनाती है। स्वयं काली है तो भी भक्तों के आशयों को उजलाती है यह वैचित्र्य है। विरोधाभास अलङ्कार हुआ (आर्या छन्द है) भगवान् शंकराचार्य ने भी ध्यान में कज्जल वाली दृष्टि का वर्णन किया है— मुखे ते ताम्बूलं नयनयुगले कज्जलकला इत्यादि सौन्दर्यलहरि ।।३२।।

अथवा

मातः शिवे त्रिपुरसुन्दरि ! निर्विकल्प—
मध्वानमानयसि वाममिमं स्वलोकम्
आसेचनैश्च परिपश्यसि लोचनैस्तत्
सिद्धासि "वामनयना" नयनायिके त्वम् ।।३२।।

हे शिवे ! त्रिपुरसुन्दरि नीति विद्या की नायिके ! अपने लोगों को निर्विकल्प इस वाम मार्ग पर ले आती हो। फिर अपनी आसेचन (अत्यन्तरमणीय) दृष्टि से उन्हें देखती हो। दोनों ही कारणों से आप वामनयना सिद्ध हो वामं नयति वामनयना वाम मार्ग की ओर जाने वाली, वाम का अर्थ वं अमृतं अमति प्रापयति स वामः ऐसा समझना चाहिये जो अमृत तत्व को प्राप्त कर देवे वह वाम है। अथवा वाम सुन्दर है नयन लोचन जिसके वह वामनयना, जिसके नेत्र सुन्दर हों वह वामनयना इति ।।३२।।

आश्रित्य यां कारुणिकां "वारुणीमदविह्वलाः"।
उपासकाः सपर्य्यायां न भवन्ति भवन्ति च ।।३३।।

जिस करुणानिधान दयालु भगवती का आसरा लेकर वारुणी (शोधित सुधा के सविधिकृतपान) से मदविह्वल से हुए उपासक साधक उपासना में पूजा जप यागादि में लगे हुए, फिर संसार में नहीं होते हैं: जन्म नहीं लेते हैं शिवभाव को प्राप्त हो जाते हैं ।।३३।। अनष्टुप् छन्द।

शिवादिभूम्यन्तसमस्तविश्वं विवेचयन्तस्तव मन्त्रसिद्धाः।
मातस्तवाद्वैतमुपाश्नुवाना "विश्वाधिकाँ" तां स्थितिमाप्नुवन्ति ।।३४।।

महाविश्व शिवादि क्षिति पर्य्यंत ३६ छत्तीस तत्वों का परिणाम है। उससे आप अधिका हो। आपके मन्त्रजाप करने वाले सिद्ध लोग शिवादि क्षिति पर्यन्त इस विश्व का विवेचन करते हुए आपके शुद्ध अद्वैत का अनुभव करते हुए शीघ्र ही विश्व से भी अधिक स्थिति को प्राप्त कर लेते हैं। आपमें लय हो जाते हैं ॥३४॥

धन्यः स एव भुवि मान्यतमः स एव
विद्वान्स एव किल तत्त्वविदां वरिष्ठः।
योगी स एव स उपासकदेशिकेन्द्रो
यच्चेतसि त्वमुदिताऽखिल "वेदवेद्या" ॥३५॥

हे मातः भूमण्डल पर वही पुरुष धन्य है, और विश्व में वही एक सम्मान के योग्य है तथा वही विद्वान् और वही सब तत्त्व विदों में श्रेष्ठ है। एवं वही योगी और वही उपासको का गुरुवर है जिसके चित्त में हृदय में सभी वेदों से वेद्या जानने योग्य आप उदित होती हो ॥३५॥

छिन्द्यान्मनः संशयान्त्स भिन्द्याद् ग्रन्थींश्च कर्मणाम्।
विन्द्याद् यो भक्तितोऽम्ब त्वां "विन्ध्याचलनिवासिनीम्" ॥३६॥

वह मन के संशयों को काट देता है वही कर्मों की गाठों को तोड़ता है। हे अम्ब! जो भक्ति से आपको विन्ध्याचलनिवासिनी विन्ध्य पर्वत में निवास करने वाली समझ लेता है आपको पा लेता है ॥३६॥

जगत्सृजन्ती तदनुव्रजन्ती तत्पालयन्ती निजयैव शक्त्या।
अहो महेशनि! सुखप्रदात्रि! त्व मेव विज्ञैः कथिता "विधात्री" ॥ ३७ ॥

जगत् को आप उत्पन्न करती हो फिर उसमें स्वयं प्रवेश करती तथा अपनी शक्ति से ही उसे पालन करती हो, सुख प्रदान करने वाली महेश्वरि! विद्वानों ने आप ही को विधात्री कहा है। तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत् श्रुति। उसे सृज कर उसी में प्रविष्ट हुई। ऐसी श्रुति है। उत्पत्तिं स्थितिं च विदधातीति विधात्री यह निरुक्ति है ॥३७॥

आद्ये तवैव महतः श्वशितानुसारं
कल्पादिकाल उदयन्ति समस्तवेदाः
ज्ञानं त्वदेव च तदीयमुपेत्य सर्वे
त्वामेव "वेदजननीः" प्रवदन्ति देवाः ॥३८॥

हे आद्ये ! सर्वादिमातः महत्तत्त्व नामवालो आपके श्वासों ही के अनुसार कल्पादि काल में सारे वेद उदित हुए हैं। आपसे ही ज्ञान का उदय होता है उनका ज्ञान आप ही से प्राप्त कर सभी सुरगण आपको वेदजननी कहते हैं। जैसा श्रुति भी कहती है तदस्य महतो भूतस्य निःश्वसितं वेदाः । इति ॥३८॥

चराचरं विश्वमनुप्रविष्टा शक्तिस्तवैवास्ति स देवि विष्णुः ।
आवृत्य तं त्वां परिमासि तस्मात् सिद्धाऽभिधा ते सति ! "विष्णुमाया" ॥३९॥

हे देवि ! चराचर विश्व में प्रविष्ट हुई आपकी शक्ति ही विष्णु है। अथवा चराचर विश्व में आप ही की शक्ति प्रविष्ट हुई है और वही विष्णु है। आप ही उस विश्व को उसके द्वारा मान-माप करती हो नापती हो-इस कारण आपका नाम विष्णुमाया है। "परा शक्तिर्विष्णुः" ऐसा नारद पुराण में देखो । विष्णु की माया विष्णु अपनी व्यापक शक्ति के द्वारा विश्व का माप करने वाली विष्णुमाया यह भावार्थ समझिये। अथवा विष्णुमाया विष्णु जिसमें माया समाया हुआ है, वह विष्णुमाया ॥३९॥

विलासशीला प्रविकासयन्ती प्रपञ्चरूपेण हि भूतजातम् ।
विक्षेपिका शक्तिरहो त्वमेव "विलासिनी"त्वेन विभासि नित्यम् ॥४०॥

हे मा ! विलास (क्रीड़ा) करने के स्वभाव वाली आप इस भूतसंघ को (संघ शब्द से स्थूल सूक्ष्म समष्टि व्यष्टि सभी भावावस्थाएं लेना चाहिए) इस विश्व के रूप में विकसित करती हुई विक्षेपिका शक्ति आप ही विलासिनी रूप से नित्य प्रकाश पा रही हो। वेदान्त शास्त्र की मानी हुई बात है कि-विक्षेप शक्ति-र्भूतादि ब्रह्माण्डान्तं जगत्सृजेत् ॥ वेदान्तसार। विलास विक्षेप को ही कहते हैं वह जिसमें हो वह विलासिनी ललिताजी की एक पीठ शक्ति भी विलासिनी है तद्रूप होने से विलासिनी ॥४०॥

अथवा

मातर्मणिद्वीप "विलासिनीं" त्वां यो योगवित्कुण्डलिनी-शिखाग्रे ।
अन्तर्दृशा पश्यति तस्य वश्या अवश्यमष्टा अपि सिद्धयः स्युः ॥४०॥

हे मणिद्वीप में विलास करने वाली मातः जो योग जानने वाले विद्वान् साधक अपनी कुण्डलिनी के शिखर भाग में आपको अन्तर्दृष्टि से देखता है ध्याता है उसके अवश्य ही आठों सिद्धियां वश में हुई रहती हैं ॥४०॥

क्षेत्रत्वं सहजं तवास्ति जगतामुत्पादभूमिर्यतः
शंभ्वादिक्षितिकान्तकं तनुमयं क्षेत्रं हि रूपं तव ।
तस्मात्प्राणभृतां समर्चनरताः "क्षेत्रस्वरूपा"-मये ।
त्वामेव प्रणमन्त्यनन्यमनसः सर्वोच्चभावान्विताः ॥४१॥

हे भगवति ! क्षेत्रपन तो आपमें सहज ही सिद्ध है क्योंकि आप जगत् की उत्पाद भूमि हो । जहां जो उत्पन्न हो वह उसका क्षेत्र कहलाता है, और शिवादि क्षिति पर्यंत तनुमय क्षेत्र ही आपका रूप भी है । इस कारण आपकी समर्चना में लगे अनन्य मन वाले सबसे उच्च भाव रखने वाले प्राणि मात्र की पूजन करते हैं तो वे आप ही का पूजन करते हैं तथा प्रणाम करते हैं ॥४१॥

क्षेत्राणां क्षितिवर्तिनां विभुतयाऽप्याहो शरीरात्मनां
तत्त्वाव्यूहसुरूपिणां च भवती सर्वेश्वरी गीयते ।
इत्थं त्वां परिचिन्त्य चेतसि चिरं संचिन्तयन्नम्बिके ।
"क्षेत्रेशीं" त्वादुपासको बुधवरस्तत्त्वज्ञतामाप्नुते ॥४२॥

पृथ्वीमण्डल के सभी क्षेत्रों की खेतों की प्रभु होने से तथा शरीर रूप क्षेत्रों की एवं तत्त्व व्यूह स्वरूप क्षेत्रों की आप ही सर्वेश्वरी बताई गई हो । इस प्रकार आपका परिचय पाकर क्षेत्रेशी अम्बिका आपको चित्त में चिरकाल चिन्तन करता हुआ विद्वत्प्रवर आपका उपासक तत्त्वज्ञता को पा लेता है ॥४२॥

आस्तां किमपि क्षेत्रं ! क्षेत्रज्ञो वेशजीवयोः कश्चित् ।
अनुभूयते मया तु "क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ-पालिनी" भवती ॥४३॥

हे देवि ! ईश्वर और जीव इन दोनों में से कोई क्षेत्र हो चाहे कोई क्षेत्रज्ञ हो, अर्थात् चाहे ईश्वर क्षेत्रज्ञ हो चाहे जीव क्षेत्र हो चाहे शरीर क्षेत्र हो चाहे

जीवेश्वर क्षेत्रज्ञ हों। मैं तो यह अनुभव कर रहा हूं कि आप क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ दोनों को पालन करने वाली हो।

ललिते ! "क्षयबृद्धिविनिर्मुक्ता" लावण्यवर्षिणी ललिता।
पदपद्मयोर्भवत्याः काचन कान्तिर्विशत्वन्तः ॥ ४४ ॥

हे ललिते ! क्षय और वृद्धि घट और बढ से रहित ऐसी सदा समान प्रतीत होने वाली तथा लावण्य की वरसने वाली अति सुन्दर आपके चरण कमलों की अनिर्वचनीया कान्ति हमारे अन्त मन में प्रवेश करती रहे ॥ ४४ ॥ आर्या छन्द है।

यो विश्वजननीं सर्व-"क्षेत्रपालसमर्चिताम्"।
ध्यात्वा प्रारभते कर्म स फलं लभते द्रुतम् ॥४५॥

जो साधक मनुष्य सभी क्षेत्रपालों से पूजित होने वाली विश्वजननी जगदम्बा श्री ललिताजी को ध्यान में लाकर कर्म (यज्ञ, होम, जपादि या व्यावहारिक भी कोई कर्म) प्रारम्भ करता है वह उस कर्म का फल शुभ परिणाम शीघ्र ही पाता है ॥४५॥

विजयः सर्वातिशयः स त्वय्येवावलोक्यते सर्वैः।
इति "विजया" तव मूर्तिः सम्विद्वा मानसे में स्तात् ॥४६॥

स्वातिशय को सबसे सब प्रकार बढती को विजय कहते हैं। उस सर्वातिशय रूप विजय को आपमें उल्लसित हुवा सभी देखते हैं अर्थात् वह विजय आपमें निश्चय से वर्तमान है। इस कारण विजया आपकी संवित्, विजया संवित् का भी नाम है। भगवती की मूर्ति भी विजया नाम से प्रसिद्ध है वे सभी स्वरूप रखने वाली आप मेरे मन में विराजित रहें। मातंगी विजया जया भगवती देवी शिवा शांभवी, लघुस्तव में देखिये ॥४६॥

अथवा

विजित्य दैत्यानपि दुर्गुणान् या प्राज्यं सुरेभ्यः प्रददाति राज्यम्।
इत्थं समुत्कर्षवतीमुदारां सत्यां सुरास्त्वां "विजयां" वदन्ति ॥४६॥

जो दैत्यों को जीत कर और दुर्गुणों पर विजय पाकर अथवा जो दुर्गुण भरे दानवों को जीतकर समृद्धि सम्पन्न राज्य सुरों को दे देती है, इस प्रकार के

उच्च उत्कर्ष वाली उदार आपको विजया ऐसा सत्य ही कहते है। आपका विजया नाम सार्थक है। विजय मुहुर्त स्वरूपा होने से भी विजया प्रसिद्ध हुई हो॥

आविद्यकात् सर्वमलात् सुदूरं त्वां राजमानां "विमलां" विभाव्य।
यो ह्रीमुपांशु प्रजपेन्महात्मा जित्वा मृतिं सोऽमृततामुपैति ॥४७॥

जो पुरुष, अविद्या के सभी मलों से सुदूर, प्रकाशमान आपको विमला उज्ज्वल तथा विमला नाम वाली समझ कर जान कर उपांशु ही मन्त्र का जप करता है वह महात्मा मृत्यु को भी जीत कर अमृतभाव को प्राप्त हो जाता है ॥४७॥

जीवान् त्रितापज्वरजर्जरांस्त्वं विलोक्य निर्व्याजदयावशैव।
भवात्समुद्धर्तुमिहावतीर्णा कथं न "वन्द्यासि"–सुरासुराणाम् ॥४८॥

दैहिक, दैविक, भौतिक तीन तापों और ज्वरों से जर्जर हुए लोकों को आप निष्कारण दया के वश हुई भवसागर से समुद्धार करने को संसार में उतर आती हो। तब सुरों और असुरों के भी क्यों नही वन्दनीय "वन्द्या" हो अपितु अवश्य ही वन्द्या हो ॥४८॥

ऐश्वर्यं यश आरोग्यं सम्पदो यदि वाञ्छसि।
तद्भजस्व महेशानीं "वन्दारुजनवत्सलाम् ॥४९॥

किसी धन यश आरोग्याभिलाषी मित्र को उपदेश करते हुए नाम की महिमा बतलाते हैं हे मित्र! यदि तुम ऐश्वर्य (छः प्रकार का) और यश एवं नैरोग्य तथा सम्पत् प्राप्त करना चाहते हो तो वन्दारुजनवत्सला महेश्वरी श्री ललिता पराम्बा को भजो आराधना करो वह वन्दना करने वालों पर वात्सल्य रखती है ॥४९॥

चतुर्विधानां वचसां प्रवर्तिनीं "वाग्वादिनीं" त्वां जगदम्ब ये जनाः।
भजन्ति विद्वांस उदारचेतसो भवन्ति ते वश्यगिरः कवीश्वराः ॥५०॥

परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी और जाति गुण क्रिया यदृच्छा इन चारों प्रकार की वाणी को प्रवृत्त करने वाली आप वाग्वादिनी को जो मनुष्य नर-नारी भजते हैं, ध्याते हैं, पूजते हैं। हे जगदम्ब! वे जगत् में वश्यवाक् जिनके

वशीभूत वाक् शक्ति हो वे वश्यवाक् कहलाते हैं और वे कवीश्वर होते हैं। सिद्ध सास्वत कवि होते हैं ।।५०।।

सौन्दर्यमन्यदिव भाति च नीलिमाऽन्यः
स्निग्धत्वमन्यदिव कान्तिरहोऽन्यथैव ।।
त्वत्कुन्तलेषु ललिते कलितेप्सितस्त्वां
शंभुः क्षणार्द्धमपि नोज्झति "वामकेशीम्" ।।५१।।

हे श्री ललिते महारानी ! आपके कुन्तलों में सौन्दर्य कुछ और ही प्रकार का है, इनकी नित्या नीलप्रभा कुछ और ही प्रकार की है इनका स्निग्धपन चिकनाहट भी कुछ नया ही प्रतीत होता है। तथा इनकी चमक भी अन्य ही भांति की है ऐसी वामकेशी सुन्दर रम्य केश वाली आपके कुन्तलों में मनोरथ बांधे हुए शंभु महादेव भी आप वामकेशी को आधे क्षण भर भी छोड़ना नहीं चाहते हैं। भेदकातिशयोक्ति अलंकार हुआ। वसन्त तिलका छन्द है ।।५१।।

ये जना निजनाभिमूर्द्धनि "बह्निमण्डलवासिनीम्"
चिन्तयन्ति चिरं सुवर्णशिखामयीमरुणारुणाम्।
ते त्रिधाऽपि रवीन्दुवह्निमहस्स्वधीशत इच्छया
स्वोदरस्थतनूनपातमुदञ्चयन्ति महौजस : ।।५२।।

हे माँ ! जो जन अपनी नाभि के शिरे पर बह्निमण्डल में निवास करने वाली आपको अथवा वन्हि तीन होती है इस कारण तीन मण्डलों का वाचक यह वन्हिपद सूर्य और चन्द्र को साथ लेता हुआ सोम सूर्य चन्द्रमण्डलों का वाचक है। अर्थ यह हुआ कि तीनों मण्डलों में निवास करने वाली आपको चिरकाल तक सुवर्ण की शिखा के समान अरुणारुण (लाल लाल) वर्ण की ध्याते हैं वे तीनों ही सूर्य चन्द्र और वन्हिमण्डलों तेजों पर स्वेच्छा से अधिकार कर लेते हैं और अपने उदरस्थ वैश्वानर को वे महान् ओजस्वी पुरुष उदंचित कर लेते हैं। विबुधप्रिया छन्द है ।।५२।।

"भक्तिमत्कल्पलतिकां" त्वामाश्रित्यैव साधकाः।
अनपेक्षा भवन्तीह परेषामिष्टपूरकाः ।।५३।।

हे अम्ब ! भक्तिमान् जनों के लिए कल्पलतारूपिणी अर्थात् सर्व अभीष्ट देने वाली आपको आश्रय कर साधना करने वाले दूसरों की अपेक्षा नहीं करते हैं

वे स्वयं दूसरों के अभीष्ट पूर्ण करने वाले बनते हैं। जब आप भक्तों के लिए कल्पलता हैं तो आपके आश्रित जन दूसरा के इष्टदान करने वाले होने ही चाहिए। यह युक्त ही हैं ॥५३॥

त्वां "पशुपाशविमोचनि" रहिता अपि विद्यया यजन्तीह।
तेषामपि पाशांस्त्वं छिनत्सि कृपया विमोक्षाय ॥ ५४ ॥

हे पशुपाशविमोचनि! शिव शक्ति के ज्ञान से शून्य जो हैं वे पशु हैं। पाश ८ हैं जैसे घृणा शङ्का भयं लज्जा जुगुप्सा चेति पंचमी। कुलं शीलं च जातिश्चेत्यष्टौ पाशाः प्रकीर्तिताः। पशुओं के भी उक्त आठों पाशों को छुड़ा देने वाली तोड़ देने वाली परमकरुणामयी मा! आपको जो विद्याविहीन मूर्ख (जड़) भी भजते पूजते हैं आप कृपा कर उनके भी पाशों को काट देती है। मोक्ष के लिए उनको पाशों से छुड़ा देती हो ॥ ५४ ॥ आर्या छन्द है।

महिषारुणशुम्भादि-दैत्या उन्मूलितास्ततः।
मातस्त्वं "संहृताऽशेषपाखण्डा"सीति निश्चितम् ॥ ५५ ॥

हे मातः! महिषासुर, अरुणासुर और शुम्भ, निशुम्भादि (आदि शब्द से चण्ड मुण्ड रक्तबीज भंड दुर्गमादि दानवों का ग्रहण कीजिये) सब दैत्यों को आपने उन्मूलित किये उखाड दिये। इससे यह निश्चित हो गया कि आप सभी पाखण्डों के संहार करने वाली हो, सभी पाखण्डो का संहार कर चुकी हो। आपका यह नाम सही है ॥ ५५ ॥

हयास्यतो हारितवेदर्गान् हयास्यभाजा हरिणा सुरेभ्यः।
प्रदापयन्ती कृपया त्वमम्ब सिद्धा "सदाचारप्रवर्तिका"-सि ॥५६॥

हयग्रीव नामक दैत्य द्वारा चुराये गये- वेद वर्ग - ( वेदमन्त्रों की राशियां) हयग्रीवावतार वाले विष्णु के द्वारा वापस मंगा कर (विष्णु को हयग्रीव बना दैत्य हयग्रीव का बध करवा कर उसी से चुराये गये वेद वर्ग वापस मंगवाए और देवों को वेद वापस दिलाए पढ़ाये ऐसी कथा पुराण देवी भागवत में और अन्यत्र भी पुराणादि में मिलती है) देवों को प्रदान करवाती हुई आप सदाचारप्रवर्तिका सिद्ध हुई है। वेदोक्त आचार ही सदाचार है उनकी प्रवर्तिका ही सदाचारप्रवर्तिका हुई ॥ ५६ ॥

"तापत्रयाग्निसन्तप्तसमाह्लादनचन्द्रिकाम्" ।
ध्यायन्तो ललितामम्बां लभन्ते शाश्वतं सुखम् ।। ५७ ।।

आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक तीनों ताप रूप तीन अग्नियों से तपे हुए जनों के लिए समाह्लाद शान्ति सुख पहुँचाने वाली चांदनी स्वरूपा श्रीललिताम्बा का ध्यान करते हुए निश्चय शाश्वत सदा स्थिर रहने वाले सुख को प्राप्त होते हैं ।। ५७ ।।

वेदानुसारिण्यजरोऽमृतेति त्वां नित्यतारुण्यवतीं जगत्याम् ।
मृत्युं जरां चापि सदा जयन्तीं त्वत्तोऽपरां कां "तरुणीं" वदामः ।।५८।।

हे वेदों के अनुसार रूपवाली अजरोऽमृत इति, इस श्रुति के अनुसार आप नित्य तारुण्य वाली हो, तथा सदैव मृत्यु और बुढ़ापे पर विजय पाती रहती हो इसलिए भी आप नित्य तारुण्य वाली हो अब आप से पर किस दूसरी देवता को तरुणी कहें ।। ५८ ।।

पूर्वार्जिततपःसम्पदाढ्याः सन्तो मनीषिणः ।
भजन्ति "तापसाऽऽराध्यां" त्वां मातर्नेतरे जनाः ।। ५९ ।।

हे मातः ! जिनने पूर्व जन्म में तपःसम्पत्तियां उपार्जित की हैं, वे ही सन्त विद्वान् मनस्वी तापसों तपस्वियों के आराधनीया आपको भजते हैं। अन्य चाहे जैसे साधारण जन आपको नहीं भज सकते हैं। शंकराचार्य भी यही कहते हैं— प्रणन्तुं स्तोतुं त्वां कथमकृतपुण्यः प्रभवति ।। सौन्दर्यलहरि ।। ५९ ।।

यस्त्वामनुसन्ध्यं देवीं "तनुमध्यां" ।
धत्ते हृदि नित्यं धन्यः स हि लोके ।। ६० ।।

जो मानव प्रतिदिन हर सन्ध्या समय में कृश मध्य उदर वाली आपको हृदय में धारण करता है, वही इस लोक में धन्य है, तथा वही धन्य धनाढ्य होता है। इस छन्द का नाम भी तनुमध्या है इसका लक्षण पिंगलसूत्र में देखिये- 'तनुमध्या त्यौ' जिसके एक चरण में तगण यगण हो वह तनुमध्या है। कांची देश (दक्षिण) में तनुमध्या देवी मूर्ति प्रसिद्ध है तद्रूपा होने से भी तनुमध्या हो ।। ६० ।।

"तमोपहां" त्वां हृदि चिन्तयानो जनो जपन्त्वन्मनुमप्युपांशु ।
श्रिया समृद्धया विलसञ्जगत्यां न जात्वविद्या-पथमेति मातः ! ॥६१॥

हे मातः ! तमोगुण अन्धकार अविद्या को अपहनन (नष्ट) करने वाली आपको जो जन हृदय में चिन्तन करता हुवा आपके मन्त्र का उपांशु जप करता है। वह साधक श्री और समृद्धि से सम्पन्न हुआ संसार में कभी अविद्यापथ में नहीं उतरता है ॥ ६१ ॥

या योगसूत्रेण निरुक्तपूर्वाऽ यां शक्तिसूत्रं च गृणाति सम्यक्।
वेदान्तिनां ब्रह्मणि संललन्तीत्वमेव मातः परमा "चितिः" सा ॥६२॥

जो योगसूत्र से निरूपण की गई है और जिसे शक्तिसूत्र सम्यक् प्रकार वर्णन करता है । तथा जो वेदान्तियों के ब्रह्मतत्त्व में विलास करती है । हे मातः ! तुम वही सर्वोत्कृष्ट चित् हो चैतन्यरूपिणी हो । योगवाशिष्ठ में-'सैषा-चितिरिति प्रोक्ता जीवनं जीवनैषिणाम्" शक्तसूत्र में चितिः स्वतन्त्रा विश्व-सिद्धि हेतुः। तथा योगसूत्रों के अन्तिम सूत्र में देखिए कैवल्य स्वरूप बतलाते हुए भगवान् पतज्जलि कहते हैं-पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं स्वरूप-प्रतिष्ठा वा चितिशक्तिरिति ॥ ६२ ॥

अद्वैतसिद्ध्यै यां नित्यां लक्षयन्ति मनीषिणः ।
सा त्वं "तत्पदलक्ष्यार्था" शुद्धसम्वित्स्वरूपिणी ॥ ६३ ॥

मनीषी धीर विद्वान् लोग अद्वैतसिद्धि के लिए जिस नित्या शक्ति को लक्ष्य करते हैं वही तुम तत्पद की लक्ष्य अर्थ भूत सम्वित् हो। तत्त्वमसि इस महावाक्य में तत् पद का लक्ष्यार्थ चित् है वही आप हो यह अर्थ हुआ ॥ ६३ ॥

अये त्रिपुरसुन्दरि ! त्रिगुणभावनाऽनन्तरं
"चिदेकरसरूपिणीं" हृदि विदन्ति ये त्वां बुधाः ॥
त एव परभावनाऽनुभवसाक्षिणो योगिन-
स्तवाद्वयमुपागता न हि भवन्ति भूयो भवे ॥ ६४ ॥

हे त्रिपुरसुन्दरि मातः ! तीनों गुणों को समझने के पीछे चिन्मात्र एक-रस रूपिणी आपको जो हृदय में जान लेते हैं - पहचान लेते हैं। वे विद्वान् ही

पराभावना में अनुभव के साक्षी योगी सिद्ध आपके अद्वयभाव को प्राप्त होते हैं और वे फिर संसार में जन्म लेकर नहीं आते हैं ॥ ६४ ॥ पृथ्वी छन्द हैं।

अम्ब ! त्वं भासि यस्यान्तः स भवेत्साधको भुवि ।
"स्वात्मानन्दलवीभूतब्रह्माद्यानन्दसन्ततिः" ॥ ६५ ॥

हें अम्ब ! आप जिसके अन्तःकरण में (मन में) प्रकाशित होती हो, वह साधक योगी अपने स्वानन्द के कणभूत ब्रह्मादि देवों के आनन्द समूह पुंजवान् हो जाता है। अर्थात् उसे ऐसे स्वात्मानन्द का लाभ होता है जिसके आगे ब्रह्मादि देवों के आनन्द के पुंज भी कण प्रतीत होते हैं। ब्रह्मादि देवों के आनन्द तैत्तिरीयोपनिषत् में वर्णन किये हैं वे सब उस आपके स्वानुभवी साधक के आनन्द के आगे तुच्छ है। ऐसे अमित परमानन्द में वह पर्याप्त प्रसन्न हो जाता है। ॥६५॥

वाग्भ्यस्तिसृभ्यस्त्रिपुरे परासि त्वं ब्रह्मणः शब्दमयस्य मूलम् ।
त्वां तेन सिद्धा मुनयोऽभियुक्ताः सर्वे महेशानि "परां" ब्रुवन्ति ॥६६॥

हे महेशानि ! शब्दमय ब्रह्म को मूल वैखरी मध्यमा और पश्यन्ती से भी परा उत्कृष्टा उच्च हो इस कारण सिद्ध मुनि योगी, सभी आपको परा इस नाम से बोलते हैं। यह नाम सार्थक है। परा पश्यन्ती मध्यमा वैखरी ये ४ (चार) वाणी के रूपभेद हैं इनमें शब्द का मूल परा वाक् प्रथमा है ॥६६॥

ये त्वां "प्रत्यक्चितीरूपां" पश्यन्ति परचक्षुषा ।
ते ह्यव्यक्तब्रह्मतत्त्वं वेत्तुं शक्ता न चापरे ॥६७॥

जो प्रत्यक् चिती रूपिणी आपको परचक्षु से योग दृष्टि से यद्वा तत्त्व दृष्टि से अथवा दिव्य अनुभव दृष्टि से देखते हैं वे ही अव्यक्त ब्रह्मतत्त्व को जानने में समर्थ होते हैं अन्य जन नहीं हो सकते हैं ॥६७॥

"पश्यन्तीं" त्वां ये हि पश्यन्ति सिद्धास्ते पश्यन्ति प्रायशः शब्दतत्त्वम् ।
तेषामन्तर्वर्ति चक्षुः समस्तं विश्वोदन्तं स्पष्टयत्यम्ब ! सम्यक् ॥६८॥

हे अम्ब ! उक्त ४ (चार) वाक् प्रभेदों से पश्यन्ती नाम दूसरी वाणी को जो स्व आतमा में सब कुछ देखती है, अन्तःकरणों व इन्द्रियों को देखती है, वैसा ही अपने योगी साधक को भी दिखाती है, वह वाक् शक्ति पश्यन्ती कह-

लाती है। उस पश्यन्ती रूपिणी आपको जो सिद्ध देख लेते है, जान लेते हैं वे ही प्राय: शब्द तत्त्व को देखते हैं। उनकी अन्तर्दृष्टि समस्त विश्व के वृत्तान्त को उनके आगे स्पष्ट कर देती है ।।६८।।

उत्कर्षमीश्वरि ! विरिंचिहरीश्वरेभ्यः
कर्तुं विकर्तुमधिकर्तुमपि प्रलोक्य।
ते सन्ति केऽत्र भुवनेषु नतेन शीर्ष्णा
पादौ नमन्ति न हि ते "परदेवताया": ।।६९।।

हे ईश्वरि ! ब्रह्मा विष्णु और महेश से भी अधिकाधिक करने, विरुद्ध करने, न करने, या अधिक करने में आपका उत्कर्ष देखकर, इन भुवनों में वे कौन हैं ? झुकते हुए मस्तको से आप पर देवता के चरणों में प्रणाम नहीं करते हैं, अपि तु आपके सर्वातिशायी उत्कर्ष को देखकर सभी आपके पदों में प्रणाम करते हैं ।।६९।।

याविर्भवन्त्यधिहृदम्ब ! मनोन्वितानां
स्पन्दप्रकाशपरनादमुदञ्चयन्ती।
तां त्वां धिया सहचरीं किल "मध्यमां" ये
जानन्ति ते कृतफलार्थगिरो भवन्ति ।।७०।।

हे अम्ब ! जो मनवालों के मनस्वीजनों के हृदय में स्पन्द प्रकाश रूप पर नाद को उदित करती प्रकट करती है। बुद्धि के साथ सहयोग करने वाली बुद्धि की सहचरी, उस मध्यमा मध्य में होने से मध्यमा, वाणी का तीसरा रूप ऐसी आपको जो जान लेते हैं अर्थात् आपको उक्त मध्यमा रूप समझ लेते हैं, वे मनस्वी सफल अर्थवान् वाक्शक्तिशाली हो जाते हैं ।।७०।।

या शब्दजातं श्रयते चतुर्विधं या सर्वलोकव्यवहारसाधनम्।
सा त्वं तुरीया जगदम्ब "वैखरी-रूपा"-सि सर्वत्र विकासमागता ।।७१।।

हे जगदम्ब ! जो चारों प्रकार के शब्दजात का आसरा है और जो सभी लोकव्यवहार का साधन है, या साधन बनती है, वही आप तुरीया चौथी वाणी वैखरी रूपा हो। सर्वत्र विकास को प्राप्त हुई हो। अर्थात् वैखरी वाणी

आप ही का रूप है। वि–विशेष–खर घन कठिन भाव को प्राप्त हुई वैखरी यद्वा विखर यह नाम प्राण का है इससे प्रेरित हुई वैखरी अथवा विशेषतः निश्चय से खं कर्णविवरं राति गच्छति प्राप्नोति जो विशेष निश्चय से कर्ण रन्ध्र को प्राप्त हो वह वैखरी है। वैखरी की ऐसी व्युत्पत्ति भास्करराय ने स्वकृत भाष्य में की है ।।७१।।

भव्यप्रदां भक्तिगम्यां "भक्तमानसहंसिकाम्"।
भाग्यवन्तो भजन्तीह भावतो भुवनेश्वरीम् ।।७२।।

समस्त प्रकार के भव्य कल्याण को देने वाली, भक्तिभाव से प्राप्त होने योग्य, भक्तों के मानस (मन) सरोवर की हंसी आपको जो समस्त भुवनों की एक ईश्वरी हो, भाव से भाग्यवान् मनुष्य ही यहां भजते हैं। भकार का शब्दादि अनुप्रास देखने का है ।।७२।।

"कामेश्वरप्राणनाडी" येन त्वं क्षणमीक्षिता
भवाऽमयापहाराय सिद्धः स भिषगीड्यताम् ।।७३।।

हे मा ! आप कामेश्वर परशिव की प्राणनाड़ी हो, प्राणप्रदा प्राणपरीक्षणा प्राणसूचनी एक ही भावार्थ हैं। अथवा प्राणनाड़ी जीवन जानने की साधन होने से जीवननाड़ी भी कह सकते हैं। जिसने आपको जो कामेश्वर की प्राण नाड़ी स्वरूपा आप हैं, एक क्षण भी देख लिया है इस भवरूप आमय रोग के अपहार के लिए संसार–रोग निवारण के लिए वही एक सिद्ध वैद्यराज है। उसकी स्तुति प्रार्थना करना योग्य है ।।७३।।

करिष्यमाणानि कृतानि च त्वं विधीयमानानि च सर्वश श्च।
कर्म्माणि जानासि शुभाशुभानि ततः "कृतज्ञे" त्यभिधा सती ते ।।७४।।

हे अम्ब ! जनों के किये (जन शब्द से यहां जीव मात्र लेना चाहिए) और किये जाने वाले और किये जायेंगे वे सब कृत शब्द से लिये गए हैं "कृतानि कर्माणि" यह अर्थ हुआ। जानातीति ज्ञा कृतानां ज्ञा कृतज्ञा ऐसा समास अथवा कृतानि कर्माणि जानातीति कृतज्ञा दोनों ही उपादेय हो सकते हैं। अर्थात् आप कृतों को उक्त तीनों प्रकार के कर्मों को जानती हो इसलिए आपका कृतज्ञा यह नाम सत्, चरितार्थ ही है ।।७४।।

कामेन देवेन हि कामपूर्तये कामं स्तुता काममुपासिताऽप्यसि ।
तदीश्वरीं त्वां किल "कामपूजितां" त्रिसन्ध्यमर्चन्ति भजन्ति साधवः ॥७५॥

हे मा ! कामदेव ने अपने काम की पूर्ति के लिए आपको यथेष्ट स्तुति से प्रसन्न किया और यथेष्ट हो उपासना की, इस कारण काम की ईश्वरी उपास्य देवता रूप आपको काम पूजिता कहकर सन्त विद्वान् महात्मा लोग तीनों सन्ध्या कालों में पूजते और भजते हैं ॥७५॥

"शृंगाररससम्पूर्णा" यावन्नोदयसे दृशि !
तावत् कवयतां वाचि सा सुधामाधुरी कुतः ॥७६॥

हे अम्ब ! जब तक शृंगार रस से पूर्ण यद्वा शृङ्गार १६ प्रकार और रस ९ प्रकार सबसे पूर्ण आप दृष्टि में उदित न होती हो तब तक कवियों की (कविता करने वालों की) वाणी में वह अतितरां स्पृहणीय मनोहारी सुधा माधुरी अमृत का सा मिठास कहां से आवे। अर्थात् आप ही कवियों को कवित्वशक्ति में सुधा सी माधुरी देती हो ॥७६॥

जयं प्रदत्से ध्रुवमानताय जयस्वरूपासि जयाह्वयाऽसि ।
ततो "जयां" त्वामभिपूज्य लोकाः सर्वत्र मातर्जयमाप्नुवन्ति ॥७७॥

हे मातः ! आप निश्चय ही प्रणत होते प्रणाम करते हुए भक्तों को जय प्रदान करती हो। तथा स्वयं जयरूपिणी हो। जया आपका नाम भी है इस कारण जया नाम वाली आपको पूज पूजकर लोक सभी स्थानों पर जय प्राप्त करते हैं यह बात उचित ही है। "मातङ्गी विजया जया भगवती" इत्यादि में जया नाम प्रसिद्ध ही है ॥ ७७ ॥

"जालन्धरस्थिता"ऽपि त्वं विष्णुमुखी स्मृता जनैः क्वापि ।
तदभीष्टं प्रददाना मातर्न हि केन वन्द्याऽसि ॥७८॥

हे मातः ! जालन्धर पीठ में विराजमान आपको लोक विष्णु मुखी नाम से स्मरण करते हैं। आप वहां जालन्धर पीठ स्थितों को अभीष्ट प्रदान करती हुई किसके वन्दन के योग्य नहीं हो। अपि तु सभी के वन्दना करने योग्य हो। "जालन्धरे विष्णुमुखी" पद्मपुराण में देखिये ॥७८॥

"ओड्याणपीठनिलयां" किल यां स्मरन्तः
सन्तोऽप्युपाधिबिलयं कलयन्त एव ।
अद्वैततत्त्वममृतं ध्रुवमाप्नुवन्ति
ध्यायामि सम्बिदमहं त्रिपुराभिधां ताम् ॥७९॥

जिस ओड्याण पीठ में निवास करने वाली को स्मरण करते करते ही उपाधिका (जीव और ईश्वर के भेद का कारण अविधा रूपा उपाधिका) बिलय करते हुए सन्त सिद्ध महात्मा साधकेन्द्र लोग निश्चय ही अद्वैत ज्ञान रूप अमृत को प्राप्त कर लेते हैं उस संवित् रूपिणी त्रिपुरा नाम भगवती को मैं ध्यान करता हूं ॥७९॥

ध्यानयोगकलाविदो विमलाशया नियतेन्द्रियाः
"विन्दुमण्डलवासिनीं" भवतीं भवानि भजन्ति ये ।
तेषु कालकला न हि प्रभवन्ति ते ह्यजरामराः
सर्वतन्त्रसदास्वतन्त्रसुखं रसं रसयन्ति वै ॥८०॥

हे भवानि ! ध्यान योग की कलाओं को जानने वाले अर्थात् ध्यान योग के पूर्ण अभ्यासी निर्मल अन्तःकरण वाले जितेन्द्रिय जो मनुष्य विन्दु मण्डल में निवास करने वाली अर्थात् सर्वानन्दमय चक्र में निवास करने वाली, आपको भजते हैं । उन पर काल की कलाएं कुछ भी प्रभाव नहीं करती हैं । वे अजर और अमर होते हुए सदा सर्वतन्त्र सुखदायक रस का आस्वाद करते रहते हैं यह निश्चय समझना चाहिए ॥८०॥ यह विबुधप्रिया छन्द है लक्षण पहले शतक में ही बता चुके हैं।

जुह्वन्तः केऽपि चिद्वह्नौ धर्माधर्ममयं हविः ।
"रहोयागक्रमाराध्या"-माद्यां साध्यां प्रकुर्वते ॥ ८१ ॥

कोई कोई कुशल विद्वान् अपनी चैतन्य वह्नि में धर्म और अधर्म को हवि-होम करने का द्रव्य (घी, तिल, जौ आदि) बनाकर हवन करते हुए रहस्य-याग के क्रम द्वारा आराधना के योग्य आद्या आदिभूता-भगवती को साध्य बना लेते हैं साधना से सिद्ध कर लेते हैं । रहो-याग का क्रम गुरुमुख से ही जानने का है । दिग्दर्शन इस पद्य से देख लीजिये 'अन्तर्निरन्तरनिरिन्धनमेधमाने

मोहान्धकारपरिपन्थिनि संविदग्नौ' ।' कस्मिश्चिदद्भुतमरीचिविकासभूमौ' 'विश्वं जुहोमि वसुधादिशिवावसानम् ॥ इत्यादि ।॥८१॥

अहो "रहस्तर्पणतर्पिता" त्वं किं किं न दत्से निजसाधकाय ।
ऐश्वर्य्यमुच्चैःसुयशश्च भोगं योगं विमोक्षाय तथात्मबोधम् ॥ ८२ ॥

जैसे रहस्ययोग है वैसे ही रहस्तपर्ण भी होता है, यह भी गुरुदेव से ही प्राप्त करने योग्य है, स्पष्टीकरण से नहीं। उस रहस्तपर्ण से तृप्त की हुई आप अपने रहस्तर्पण-परायण साधक को क्या-क्या नहीं दे देती हो। अर्थात् सब कुछ दे देती हो। ऊंचे दर्जे का ऐश्वर्य, वैसा ही सुयश तथा सर्वोत्कृष्ट भोग और योग तथा मोक्ष के लिए आत्मबोध अथवा अपना बोध इत्यादि सब कुछ दे देती हो ॥८२॥

आशुतोषस्य शंभोर्यत्कान्ता "सद्यःप्रसादिनी" ।
भक्तसिद्धयै सुयोगोयमिव कल्पद्रु-वीरुधोः ॥ ८३ ॥

आशुतोष भगवान् शंकर सदाशिव की कान्ता प्रिया सद्यः प्रसादिनी तत्काल प्रसन्न होने वाली हो तो यह सुयोग भक्तजन की अभीष्ट सिद्धि के लिए कल्पवृक्ष और कल्पलता के संयोग (एकत्र होने के) के समान फलप्रद है। दोनों एक ही जगह प्राप्त हैं। आशुतोष के सद्यःप्रसादिनी भार्या होना दुर्लभ योग है, पर भगवती आप सद्यःप्रसादिनीने इसे परम सुलभ कर दिया है ॥८३॥

परांम्बिके त्वां यदि "विश्वसाक्षिणीं" सर्वत्र पश्यन् बहिरन्तराऽपि च ।
करोति कर्माणि शुभाशुभानि तत् न तानि बन्धाय भवन्ति योगिनः ॥८४॥

हे परांम्बिके ! यदि विश्व की साक्षिभूता आपको बाहर भीतर सर्वत्र देखता हुआ, अर्थात् भगवती सबको देख रही है, वह सर्वत्र सर्वदा विलसती है। वही सब करती है, वही सब करवा रही है, मैं कुछ भी नहीं करता हूं इस दृष्टि से अथवा भक्ति-भावना से आपको सर्वत्र ध्यान में लाता हुआ, जो आपका साधक शुभ या अशुभ कर्म करता है तो वे कर्म उस योगी भक्त साधक के बन्धहेतु नहीं होते हैं ॥८४॥

त्वं साक्षिणी देवि जगत्त्रयस्य परात्परायास्तव नान्यसाक्षी !
इत्यर्थमुत्स्पष्टयितुं सुराऽसुरा वदन्ति हि त्वामिह "साक्षिवर्जिता"-म्॥८५॥

हे देवि! आप तीनों लोकों की साक्षिणी हो परन्तु पर से परे आपका कोई और साक्षी नहीं है। इस अर्थ को सम्यक प्रकार स्पष्ट करने के लिए सभी देवों और असुरों ने इस संसार में या इस सहस्र नाम के विवेचन करते समय वशिन्यादिवाग्देवताओं ने आपको साक्षिवर्जिता-साक्षी से वर्जित कहा है ॥८५॥

"षडङ्गदेवतायुक्तां" भक्तास्त्वां य उपासते।
षडङ्गसहिता नित्यं तान्वेदाः समुपासते ॥ ८६ ॥

हे मातः! आपको जो भक्त साधक षडङ्ग देवता सहित, हृदय, शिर, शिखा, कवच (बाहु) नेत्र और आस्य ये छः (६) अङ्ग हैं उपासना में न्यास और आवरण पूजा में ये प्रथम मान्य पूज्य हैं। इन छहों अङ्गों की छः शक्तियां देवियां हैं उनके साथ उपासना करते हैं-पूजते हैं-ज्ञानार्णव में देखिये-परिवारार्चनं पश्चात् आदावङ्गावृतिः प्रिये! इति। उक्त छहों अङ्गदेवता युक्त आपको जो भक्त उपासना करते-पूजते हैं। उन साधकों को षडङ्ग सहित वेद उपासित करते हैं उन्हें वेद अनायास स्वयं ही प्राप्त हो जाते हैं, उनकी मति, स्मृति, वाणी में षडङ्ग वेद उपस्थित हो जाते हैं यह भावार्थ हुआ। वेदों के षडङ्ग ये हैं—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, छन्द, ज्यौतिष और निघण्टु ॥८६॥

अभीष्टदेवता येषां "षाड्गुण्यपरिपूरिता"।
ते साधकाः कथं न स्युः षाड्गुण्यपरिपूरिताः ॥ ८७ ॥

ऐश्वर्य्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान, वैराग्य ये छः गुण हैं एवं कामन्दक नीति में कहे हुए सन्धि, विग्रह, यान, आसन द्वैधीभाव और समाश्रय ये छः राजनीति के गुण हैं। तथा उत्पत्ति, प्रलय, भूतों (प्राणियों का) आगमन और गमन, विद्या और अविद्या ये गुण ईश्वर के है। इन ६-६ गुणों के समूह को षाड्गुण्य कहते हैं। जिनकी इष्ट देवता षाड्गुण्य से परिपूर्ण है, वे साधक (भक्त) षाड्गुण्य से परिपूर्ण क्यों न होंगे? अवश्य ही होंगे। क्योंकि उपास्य देवता के गुण उपासक में आते ही हैं ऐसा स्वतःसिद्ध है ॥८७॥

नित्यासि सृष्टेः परमं निदानं निर्व्याजकारुण्यरसेन सान्द्रा।
ततस्त्वदीयास्त्यभिधाऽपि "नित्यक्लिन्ने"ति साकं त्वयका समर्च्या ॥८८॥

हे अम्ब ! आप सृष्टि का आदिकारण नित्या हो अविनाशिनी हो और निर्व्याज कारूण्य रस से सान्द्रा क्लिन्ना भी हो, भीगी हुई सराबोर हो, इस कारण आपकी यह अभिधा (नाम) नित्यक्लिन्ना है, नित्या और क्लिन्ना समास में नित्य-क्लिन्ना हुआ नित्या अविनाशिनी, सदा और क्लिन्ना सान्द्रा सरसा आपके समान ही आपकी अभिधा गुणवती है यहां आपके साथ आपका यह चरितार्थ नाम भी पूजनीय है यह अर्थ हुआ ।।८८।।

समस्तभुवनोपमा यत उदेत्य भासं गताः
न हि क्वचिदुपेयते यदुपमानमप्यण्वहो ।
शिवां त्रिपुरसुन्दरीं "निरुपमां" हि तां मातरं
प्रपन्नजनवत्सलां शरणमाश्रयामो वयम् ।। ८९ ।।

जहां से सभी भुवनों की उपमाएं उदित होकर प्रकाशित हुई हैं। आश्चर्य है कि आज तक कभी जिसका कहीं भी कोई उपमान प्राप्त नहीं हुआ है, न होरहा है, और न होगा, उस निरुपमा जिसकी कोई उपमा नहीं उस शिवा त्रिपुरसुन्दरी माता को जो प्रपन्न जनों पर वत्सला (स्नेह करने वाली) या प्रपन्न जन जिसके वत्सल हैं प्रिय स्नेहपात्र हैं, हम शरण समझ कर उसे आश्रय करते हैं। 'न तस्य प्रतिमास्ति इस श्रुति के अनुसार निरुपमा है ।।८९।।

सुरांस्तांस्तान्वदन्त्वन्ये सर्वसिद्धिप्रदानहम् ।
ध्रुवं ब्रुवेऽम्बिकामेव "निर्वाणसुखदायिनीम्" ।। ९० ।।

और लोग मेरे अतिरिक्त जन किन्हीं भी देवों को उन-उन सुरों को सभी सिद्धि प्रदान करनेवाले कहें, परन्तु मैं तो निश्चय कर अम्बिका भगवती को ही निर्वाणसुख की देने वाली कहता हूं क्योंकि सप्तशती में देखिए, सा विद्या परमा मुक्तेर्हेतुभूता सनातनी । त्वं वै प्रसन्ना भुवि मुक्ति हेतुः । इत्यादि ।।९०।।

"नित्याषोडशिकारूपां" ललितां लोकयन्ति ये ।
सम्प्राप्तषोडशकलं पुरुषं प्रहसन्ति ते ।। ९१ ।।

नित्या सदैव षोडशिका सोलह वर्ष की उम्र वाली, सोलह कला पूर्ण, षोडशी एवं षोडशिका अथवा नित्याषोडशिका श्रीविद्या की एक आवरण देवी

है, कामेश्वरी आदि त्रिपुरसुन्दरी तक १६ हैं वे श्रीललिताम्बा की अङ्ग रश्मिरूपा है, इसलिए भी, नित्याषोडशिका रूप भगवती को जो आलोकन करते हैं-भक्ति से उन्हें निहारते हैं—ध्यान में समाधि में अथवा भक्ति भावपूर्ण देखते हैं, वे साधक महानुभाव, सोलहों कला प्राप्त पुरुष को हँसते रहते हैं ।।९१।।

द्वैतजालविभङ्गाय "श्रीकण्ठार्धशरीरिणीम्" ।
त्वां न हि ध्यायतां मातर्मुक्तिर्वेदान्तिनां कथम् ।। ९२ ।।

श्रीकण्ठ-शिव (कामेश्वर) उनके अर्धशरीर वाली, अर्थात् जिसका स्वरूप श्रीकण्ठ का आधा भाग है अथवा श्रीकण्ठ है आधा भाग जिसका ऐसी, द्वैत जाल तोड़ने के लिए आपने श्रीकण्ठ (शिव) को अर्द्धांग दिया, (दोनों मिलकर एक ही हो गई) ऐसा आपको ध्यान में न लाने वाले, अर्थात् आपकी आराधना न करने वाले वेदान्तियों को, (जो केवल ब्रह्म एक ही मानते हैं) उनका अद्वैत, बिना माया-प्रकृति के पुरुष ब्रह्म में मिलाये या मिले किस प्रकार होगा । यह समझ में नहीं आता है। वे आपको मानते नहीं, और आप स्वयं संवित् चित् हो ब्रह्म में आप ही का विलास है । मुक्ति कैसे होगी । सब का सार यह है कि द्वैतजाल तोड़ने के लिए ही आप श्रीकण्ठार्द्धशरीरिणी कहलाई हो ।।९२।।

स्वान्तं समाधाय दृशाऽन्तरीणया ! तनीयसीं त्वामरुण"प्रभावतीम्" ।
पाशाङ्कुशाभीतिवराढ्यहस्तां ध्यायन्त एवावशयन्ति विश्वम् ।। ९३ ।।

योग साधना द्वारा चित्त को समाहित करके बिसतन्तु सी पतली और लाल-लाल प्रभा वाली तथा पाश, अंकुश वर, और अभय युक्त हाथों वाली आपको जो ध्यान में देखते हैं वे ध्यान करते २ ही विश्व को सब ओर से वश कर लेते हैं। प्रभा अणिमादि आवरणदेवियां हैं उनके सहित आपको ध्याते ही वशीकार होता है जैसा लिखा है—अणिमादिभिरावृतां मयूखैः । इति ।। ९३ ।।

प्रभास्त्वदीयाऽऽवरणस्थदेवताः तवैव रूपं रुचिरं भवन्ति ताः ।
प्रभासु चैतास्वपि राजसे "प्रभा-रूपे"ति संज्ञां चरितार्थयन्ती ।। ९४ ।।

प्रभाएं आपकी आवरणदेवियां हैं, वे आप ही का रुचिर रूप होती हैं। उन प्रभाओं में भी आप प्रकाशरूप से प्रभारूपा इस संज्ञा को सत्य करती हुई विराजित हो । वे आवरणदेवियां भी आपसे भिन्न नहीं हैं ।। ९४ ।।

याऽशेषलोकेऽहमिति प्रवेद्या यां सर्व एवात्मतया विदन्ति ।
सिद्धिप्रदा सा परमं "प्रसिद्धा" कामेश्वरी मे हृदये चकास्तु ॥९५॥

जो सभी लोकों में अहम् इति वेदनीया-जानने योग्य है। और जिसको सभी आत्मरूप से जानते हैं, परम प्रसिद्ध वह सिद्धियां देने वाली भगवती कामेश्वरी ललिता मेरे हृदय में प्रकाशित होती रहै ॥ ९५ ॥

परात्परा या परिपूर्णपुण्यैः परोपकारप्रवणैः सुखापा ।
पुण्यं पुरारेः "परमेश्वरी" सा पृणातु सर्वं त्रिपुरा ममेष्टम् ॥९६॥

जो परमेश्वरी परे से परे है, और जो परिपूर्ण पुण्यवानों तथा नित्य परोपकारप्रवणों को सुख से प्राप्त होती है। और जो भगवान् पुरारि का मूर्तिमान् पुण्यपुंज है, वह त्रिपुराम्बा मेरे सभी अभीष्ट अर्थों को पूर्ण करे। परम उत्कृष्ट ईश्वरी स्वामिनी परमेश्वरी अथवा सर्वोत्कृष्ट ऐश्वर्य वाली यह भी अर्थ है ॥ ९६ ॥

भूतादिविश्वान्तमसौ प्रपञ्च उद्याति यस्याः प्रतियाति यस्याम् ।
प्रसूर्गुणानामपि या त्रयाणां सा त्वं हि "मूलप्रकृति"-निरुक्ता ॥९७॥

भूत सूक्ष्म स्थूल पृथिव्यादि से अर्थात् परमाणु से समस्त विश्व ब्रह्माण्ड रूप यह प्रपञ्च जिससे उत्पन्न होता है, जिसमें रहता है तथा जिसमें वापिस समा जाता है और जो सत्त्व, रजस् तथा तमस् इन तीनों गुणों की जननी है, वही आप मूलप्रकृति कही गई हो। मूलभूता प्रकृतिः मूलप्रकृतिः। जो किसी का विकार-रूप न होती हो। सांख्यशास्त्र यही कहता है - मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त इत्यादि।

न प्रत्यक्षा भवति जननि ! त्वत्क्रिया चक्षुषोर्नः
नो वा वाचामपि च मनसो नो निदिध्यासनेन ।
सर्वव्याप्त्या जगदिदमहो नैकधाऽऽवर्तयन्त्या
"अव्यक्ताया" स्तव गुणगणानम्ब ! किम्वर्णयामः ॥९८॥

हे जननि ! आपकी कोई भी क्रिया हमारी आखों से प्रत्यक्ष नहीं होती है। न वह वाणी के, न मन के ही प्रत्यक्ष होती है और न निदिध्यासन से ही

प्रत्यक्ष या प्रकाश में आ सकती है। सर्वव्याप्ति न्याय से, तिलों में तैल की तरह और दुग्ध में घी की तरह व्याप्त होने को सर्वव्याप्ति न्याय कहते हैं, सर्वव्यापक होने से इस जगत् को अनेक प्रकार आवर्तित-परिवर्तित करती हुई हे अम्ब! अव्यक्तरूपिणी आपके गुणगणों का हम क्या वर्णन करें। जो अव्यक्त हो अप्रकट हो, उसके गुण भी अव्यक्त ही हैं तो क्या कोई कहे ॥ ९८ ॥

"व्यक्ताव्यक्तस्वरूपिण्य"पि जननि! महाभूरनिर्वाच्यतायाः
सत्त्वासत्त्वात्मिकाऽपि स्पृशसि कमपि नो निर्णयं बुद्धिदत्तम्।
तस्मादस्माकमेषा गुणमनुरणना कल्पनां त्वामुपेत्य
सत्यं साफल्यमीयादिति कलय शिवे देवि कारुण्यसिन्धो ॥ ९९ ॥

हे जननि! करुणासिन्धो देवि शिवे! आप व्यक्त और अव्यक्त दोनों प्रकार के रूप वाली हो। २३ तत्त्वों को व्यक्त कहा है और अव्यक्त से परा प्रकृति बतलाई है, दोनों ही आपके रूप हैं इसी कारण आप अनिर्वाच्यता की महाभूमि हो। सत्त्व और असतत्वात्मिका भी हो। अर्थात् सत् भी हो और असत् भी हो सदसत् भी हो, सदसद्विलक्षण भी हो। किसी भी बुद्धि के दिये हुए निर्णय को नही छूती हो। इस कारण हमारी जो यह आपके गुणों में कथनी कल्पना है, वह आपको प्राप्त होकर सत्य और सफलता को प्राप्त हो ऐसा कीजिए ॥ ९९ ॥

मातर्विश्व"व्यापिनी" त्वां भजन्तः सन्तः स्वान्तं त्वय्यलं व्यापयन्ति।
तेनैतेषां यत्र यत्रैति दृष्टिस्तस्मिन् तस्मिन् भाति रूपं त्वदीयम् ॥१०० ॥

हे मातः! विश्व में व्याप्त होकर रहने वाली आपको भजते-ध्याते हुए सन्त महात्मा लोग विद्वान् साधक अपने अन्तःकरण (मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार ये चारों अन्तःकरण हैं) को आप में ही परिपूर्ण रूप से व्याप्त कर लेते हैं, इस कारण जहाँ जहाँ जिस जिस तत्त्व या पद-पदार्थ में उनकी दृष्टि जाती है वहाँ वहाँ उस उस पदार्थ में उनको आप ही का रूप प्रकाशित हुआ दीख पड़ता है। विश्व व्यापिनी के भक्तों की दृष्टि ऐसी हो यह युक्त ही है ॥ १०० ॥ आदि से ४०० ॥

---

# पंचमं शतकम्

हंहो पुष्पशरप्रमाथिदयिते ! मातः सदामङ्गले !
संहाराय सुरद्विषां च सुकृतोद्धाराय नैजांशतः ।
सर्गान्प्राकृतिकांस्तथा विकृतिजान्कौमारमुख्यान्बहून्
आकारान्दधती त्वमेव "विविधाकारा"ऽसि नारायणि ! ॥१॥

अहो कामदेव के जीतनेवाले शिव की प्रिये ! सदा मङ्गलरूपिणि नारायणि मातः ! देवद्वेषियों के संहार के लिए और धर्म के उद्धार के लिए, प्राकृतिक वैकृतिक और कौमारादि बहुतसे सर्गों, आकारों को धारण करती हुई आप ही विविधाकारा नाना प्रकार आकार वाली हो । शार्दूल विक्रीडित छन्द है ॥१॥

तत्त्वविदामथ कृतिनां मोक्षाय त्वं भवानि ! बन्धाय ।
दुष्कृतिनामज्ञानां "विद्याऽविद्यास्वरूपिणी" जयसि ॥ २ ॥

हे भवानि मातः ! आप तत्त्वज्ञानियों तथा कुशल विद्वानों, साधकों एवं पुण्यवानों के मोक्ष प्रदान करने के लिए और दुष्कर्मकारी दुष्टों और अज्ञानियों के बन्ध के लिए, विद्या और अविद्या दोनों ही रूप धारण करती हुई विजय पा रही हो । आर्या छन्द है ॥ २ ॥

सन्तः स्वान्तस्तमो हन्तुं त्वामभ्यञ्चन्ति सन्ततम् ।
"महाकामेशनयनकुमुदाह्लादकौमुदीम् ॥ ३ ॥

सन्त महात्मा तपस्वी विद्वान् लोग अपने अन्तस्तम को भीतरी अन्धकार को दूर करने के लिए निरन्तर हो महाकामेश ( परशिव ) के नेत्ररूप कुमुद को आह्लाद आनन्द पहुंचाने वाली चाँदनी स्वरूपा आपको पूजते भजते रहते हैं । चांदनी की सफलता के लिए ही नयन पर कुमुद का आरोप किया है । कुमुद रात्रिविकासी होते हैं और चाँदनी रात ही होती है । अनुष्टुप् छन्द और रूपक अलङ्कार है ॥ ३ ॥

"भक्तहार्दतमोभेदभानुमद्भानुसन्ततिम्" ।
त्वां ध्यायत्सूपासकेषु परतत्त्वं प्रकाशते ॥ ४ ॥

हे मां ! भक्तों के मानसी तम को भेदन करने वाली किरणवान् सूर्य की किरण परम्परा सी आपको ध्याते हुए उपासकों (साधकों, विद्वानों) में परतत्त्व स्वयं प्रकाशित हो आता है। पूर्वोक्त छन्द और पूर्वोक्त अलङ्कार भी है ।।४।।

शुम्भनिशुम्भ-रणेऽभूद् यस्याः सन्देशहारकः शंभुः।
पुष्करमध्यासीना सा "शिवदूती" शिवं दिशतात् ।। ५ ।।

शुम्भ और निशुम्भ दानवों के संग्राम प्रारम्भ होते समय स्वयं शङ्कर भगवान् जिसके सन्देशहारी दूत बने, वह पुष्कर ( कमल ) पर बैठी हुई अथवा पुष्कर तीर्थदेश में बिराजित, शिवदूती मुझे कल्याण प्रदान करे। पद्मपुराण के पुष्कर खण्ड में कहा है–"शवदूती तु पुष्करे" और भी–"अथ तेऽन्याः प्रवक्ष्यामि पुष्करे या व्यवस्थिता। शिवदूती तथा देवी क्षेमा क्षेमकरी सदा" ।। इति । शिव जब दूत बने तब स्त्री भाव में ही बने थे, इस कारण शिवदूती नाम हुआ ।।

यामुपास्यार्द्धनारीशः सर्वसिद्धीश्वरो ह्यभूत् ।
विश्वाद्यां तां "शिवाराध्यां" सुखसाध्यां श्रये शिवाम् ।। ६ ।।

सर्व सिद्धीश्वर शिव जिसकी उपासना कर अर्द्धनारीश्वर हो गये महा शक्ति का आधा रूप पा गये, अथवा अर्द्धनारीश्वर शिव जिसके उपासन से सर्व-सिद्धीश्वर हो गये। उस विश्व के आदि में रहने वाली सुख से साधना करने योग्य शिव के आराधनीया देवी शिवा भगवती श्री ललिताम्बा को मैं आश्रय करता हूं। शिव के लिए कल्याण के लिए आराधनीया ऐसा भी अर्थ है ।। ६ ।।

दृष्टा दृशा या मनसा स्मृताऽपि वाचा स्तुता सम्प्रणता च मूर्ध्ना ।
शिवस्वरूपा प्रतिभाति शश्वत् पराम्बिकां तां "शिवमूर्ति"-मीडे ।।७।।

जो दृष्टि से देखी हुई, मन से स्मरण की गई, वाणी से स्तुति की गई, शिर से प्रणाम की हुई सदा ही शिव स्वरूप प्रतीत होती है। उस पराम्बा शिव मूर्ति की स्तुति करता हूं। शिव ही है मूर्ति जिसकी वह शिवमूर्ति । अथवा शिव देने वाली मूर्ति, कल्याण करने वाली है मूर्ति जिसकी, वह शिवमूर्ति ऐसे भी अर्थ होते हैं ।। ७ ।।

शिवं विधातुं जगतां जननामुक्तः स्वभावो निगमेषु यस्याः ।
निर्व्याजकारुण्यरसैकसिन्धुः "शिवंकरी" त्वं त्वमिवावभासि ॥८॥

जिसका स्वभाव जगत् के जनों का कल्याण करने का ही है, ऐसा निगमों में जिसका वर्णन है ! तथा जीवों को शिव बना देने का स्वभाव भी जिसका निगमों ने पाया है ! और जो निर्व्याज करुणारस की एक ही सागर है, ऐसी एक शिवङ्करी त्रिभुवन में तुझ सी तू ही है। अर्थात् आप जैसी जगत्-जन कल्याणकारिणी और देवता कोई नहीं है। अनन्वय अलङ्कार हुआ ॥ ८ ॥

शिवोऽपि यां प्रीणयतेऽर्चनाद्यैर्धिनोति या शङ्करमिष्टकामैः ।
परस्परप्रीतिमिमां विलोक्य "शिवप्रियां" त्वां प्रवदन्ति तज्ज्ञाः ॥९॥

जिसे अर्चन आदि से स्वयं शिव प्रसन्न करते हैं और जो इष्ट काम प्रदानादि से शङ्कर को प्रसन्न करती है। इस परस्परप्रीति को देख कर इस तत्व के जानने वाले सन्त साधक विद्वान लोगों ने आपको शिवप्रिया यह नाम दिया है। अथवा तज्ज्ञाः से 'वशिन्यादि वाग्देवताः' इस आपकी पारस्परिक प्रीति को जानती हैं वे स्वयं देखती हैं, इस कारण यह नाम उनने सहस्रनाम में रखा है, ऐसा भी भाव है। शिव जिसको प्रिय हैं और शिव की प्रिया दोनों ही अर्थ समझने के हैं ॥ ९ ॥

प्राग्भाविनी भवसि देवि शिवात्तथा त्व-
मुत्कर्षमप्यधिकमम्ब ! ततो दधासि ।
भक्तस्य मङ्गलविधानपरासि तस्मात्
सिद्धा सदा "शिवपरे"-ति तवास्ति संज्ञा ॥ १० ॥

हे देवि ! आप शिव से पूर्व भाविनी पहले होने वाली हो, और शिव से सदा ही उत्कर्ष समृद्धि बृद्धि रूप धारण करती हो। तथा भक्तजनों के मङ्गल करने में परायण हो। इस कारण शिवपरा यह नाम आपका अर्थानुसार सिद्ध ही है। शिव से परा अर्थात् पूर्व, यद्वा शिव कल्याण उसमें परा परायण तत्पर अथवा शिवस्य परा परमा सर्वोत्कृष्ट मानी जानी वाली। शिव का आत्म लाभ शक्ति के अधीन है। इस कारण भी शिवपरा ठीक है ॥ १० ॥

जगति हि शिष्टाचरणं विशिष्य संमन्यते प्रमाणं चेत् ।
तद्वद महेश्वरि ! त्वां "शिष्टेष्टां" को न सेवेत ।। ११ ।।

हे महेश्वरि ! यदि संसार में शिष्ट आचार को शिष्ट जनों के आचरण को अथवा शिष्ट वेदादि से अनुशाशित विद्वान् सत् माननीय महापुरुष उनके आचरण (कर्मों) को विशेष रूप से प्रमाण मानते हैं, तो आप ही बताइये शिष्ट उपर्युक्त सदाचारी वेदादि से अनुशासित साधक विद्वान् लोग जिसको प्रिय हो ऐसी आपको कौन न सेवन करें, कौन भजन पूजन नहीं करे। अर्थात् आपको शिष्ट आचरण और वेदादि शास्त्र विहित कर्म प्रिय है यह भाव है ।।११।।

त्वां पूजयन्तो भुवि "शिष्टपूजिता"-मुपासकाः शं परमं प्रयान्ति वै।
अनुव्रजद्भिर्हि महाजनीं स्मृतिं गन्तव्यलक्ष्यं ध्रुवमेव लभ्यते ।। १२ ।।

शिष्ट विहित कर्मों से पूजिता पूजी जाने वाली अथवा शिष्ट सदाचारी पुरुषों से पूजिता आपको पूजते हुऐ मानव भूमण्डल पर ऊंचे से उंचा कल्याण प्राप्त करते हैं। यह ठीक भी है कि महान् जनों की पद्धति (मार्ग) का अनुसरण करने वालों को अपना गन्तव्य लक्ष्य शीघ्र ही प्राप्त हो जाता है। यहां अर्थान्तर न्यास अलङ्कार हुआ। उपजाति छन्द है ।। १२ ।।

का शक्तिरास्ते ननु कीदृशी च सा कियत्प्रभावा कियती च लक्ष्यते।
प्रच्छा इमाः पूरयितुं भवान्यहो ! त्व-"मप्रमेया" बिदितासि कोविदैः ।।१३

शक्ति क्या है ? कौन है और वह कैसी है ? कितने प्रभाव वाली है ? और कितनी है ? इन प्रश्नों को पूर्ण करने के लिए हे भवानि ! आप विद्वानों से अ–प्रमेया जानी हुई हो। जो प्रमाण के योग्य न हो वह अप्रमेया। अथवा अ विष्णु ब्रह्म महेश्वर अकारार्थ रूप ब्रह्मा विष्णु और शिव तीनों हैं इनसे प्रमेया ज्ञातव्य हो सकती है वह अ–प्रमेया। यद्वा अप्–जल के द्वारा प्रमाण करने योग्य, जैसा ऋग्वेद में "मम योनिरप्स्वन्तः समुद्रे" इत्यादि कहा है। यहां अप्प्रमेया ऐसा भी पाठ है। प्रकार का प्रश्लेष किसी किसी पुस्तक के पाठ भेद से बताया है ।।१३।। उपजातिछन्द है।

महेश्वरि ! ब्रह्मविदोऽस्ति वेदे ब्रह्मत्वभावः परिनिश्चितश्चेत् ।
ये स्वप्रकाशां भवतीं भजन्ति ते स्वप्रकाशा" ध्रुवमुद्भवन्ति ।। १४ ।।

हे महेश्वरी ! यदि वेदों में ब्रह्मवित् का ब्रह्मज्ञानी का ब्रह्मभाव ब्रह्म हो जाना निश्चित सिद्ध है तो स्वप्रकाश रूपा आपको भजने पूजने जानने वालों का स्वप्रकाश हो जाना निश्चय ही है, वे स्वप्रकाश ही हो जाते हैं। स्व आत्मा से अभिन्न है प्रकाश जिसका वह स्व-प्रकाश "स्वयं ज्योतिरिति" श्रुति में कहा है। वह स्वप्रकाश है दूसरा कोई उसका प्रकाशक नहीं है ॥१४॥

श्रौताः स्मार्ता अपि प्राज्ञाः कवयोऽपि च कोविदाः।
प्रभवन्ति कथं स्तोतुं "मनोवाचामगोचराम्" ॥ १५ ॥

श्रुति वेद के जानने वा मानने तथा पढ़ने वाले श्रौत, और स्मृतियों के जानने मानने वाले तदनुसार चलने वाले स्मार्त एवं विद्वान् कवि तथा पंडित लोग, मन और वाणी के लक्ष्य न होने वाली आपकी स्तुति करने में कैसे समर्थ हो सकते हैं कदापि नहीं। क्योंकि आप मन और वाणी का विषय ही नहीं हो तो वे क्या वर्णन करें। अर्थात् वास्तविक वर्णन आपका कोई नहीं कर सकता है। यह भावार्थ हुआ ॥१५॥

या कापि शक्तिः कविवर्णनायां जीवात्मभूता प्रचकास्ति मातः।
सादृश्यलक्ष्मीपदतोऽभिधेयां त्वामेव "चिच्छक्ति"-मुशन्ति तज्ज्ञाः ।१६।

हे मां ! कवियों के वर्णनों में जो कोई जीव आत्मा रूप शक्ति प्रकाशित होती है उस सादृश्य उपमा शोभा पद से कही जाने वाली आपको ही चिच्छक्ति कहते हैं। तज्ज्ञा उस चित् शक्ति के ज्ञाता ऐसा कहते हैं, "चिच्छक्ति रौपम्यशक्तिः" उपमा शक्ति चिच्छक्ति है। निरुक्तकार यास्काचार्य लिखते हैं चित् उपमायाम्। पाणिनि भी लिखते हैं चिदिति चोपमार्थे प्रयुज्यमान इति ॥१६॥

आकीटं ब्रह्मपर्य्यन्तं यया सर्वं प्रकाशते।
सैवत्वं "चेतनारूपा" प्रसीद त्रिपुराम्बिके ! ॥ १७ ॥

कीटाणु से लगा कर ब्रह्म पर्य्यन्त सभी पद पदार्थ जिससे प्रकाशित होते हैं, वही चेतना आप हो वह चेतना आप का रूप है। अये त्रिपुरे अम्बिके प्रसन्न होइये। चेतना जिसका रूप हो वह चेतना रूपा है जैसा देवी भागवत में "सर्वचैतन्यरूपां तामाद्यां विद्यां च धीमहि इत्यादि ॥१७॥

जडेष्वहो वृक्षलतोपलादिषु धात्वादिकेषु प्रतिभासमानाम् ।
त्वामेव मात-"जडशक्ति"-नाम्ना वदन्ति विश्वेशि ! विशेषविज्ञाः।१८।

अये विश्व की ईश्वरि। जड रूप वृक्षों लताओं और पत्थरों आदि में तथा धातुओं रजत सुवर्ण सीस गैरिकादि में प्रकाशमान आपको ही विशेष विद्वान् लोग जड शक्ति नाम से कहते आये हैं । ठीक भी है जडों में जो शक्ति सत्ता प्रभा प्रकाश गुरुत्व लघुत्व गौरत्व कृष्णत्व हरितत्व पीतत्व रक्तत्वादि सब आप ही हो, इस कारण जड शक्ति यह नाम सही सिद्ध हुआ ।।१८।।

जडस्य दृश्यस्य पुरःस्थितस्य माया त्वदीयाऽऽत्मतया चकास्ति ।
सम्बन्धसम्बद्धतया त्वमेवं "जडात्मिका" सिद्ध्यसि विश्वमातः ।१९।

हे विश्व की मां ! इस संमुख दीखते हुए दृश्य प्रपंच रूप जड में आपकी माया आत्म रूप से ही प्रकाशित हो रही है। इस सम्बन्ध से सम्बद्ध होने के कारण आप जडात्मिका भी सिद्ध होती हो। जड दृश्य जगत् मात्र है आत्मा स्वरूप जिसका वह जडात्मिका ऐसा भाव भी है ही ।।१९।।

प्रथमा देवतानां त्वं "गायत्री" छन्दसामिव ।
मान्या पूज्या प्रजप्या च साध्याऽशेषैर्द्विजैः शिवे ! ।। २० ।।

हे शिवे कल्यणकारिणी ! सभी देवताओं में आप प्रथमा पहले आधार अग्रगण्या हो। जैसे छन्दों में सर्वप्रथमा गायत्री है। इस कारण आप ही द्विजों के (ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यों के) मानने पूजने जपने और साधना करने योग्य हो। अथवा गाने वाले (जपने वाले) साधक का त्राण करने से गायत्री सर्व छन्दों के प्रथमा है वैसेही देवताओं में सर्व प्रथम आप सब के मान्य पूज्या और साध्या होती हो ।। अनुष्टुप्छन्द है। प्रसिद्ध ७ छन्दों में गायत्री प्रथम है। प्रसिद्ध मन्त्रों में गायत्री मन्त्र सर्व प्रथम प्राप्य साध्य और जपनीय है ।।२०।।

"व्याहृति"-मिव मन्त्राणां शीर्षण्यां त्वां त्वदीयमन्त्रांश्च ।
आदौ ध्यायन्प्रजपन्, आदर्शव्याहृतिर्भवेल्लोकः ।। २१ ।।

मन्त्रों के पूर्व भूर्भुवः स्वः ये तीन व्याहृतियां लगाई जाती हैं तब वे आदर्श व्यवहार वाले अर्थात् ऊंचे से ऊंचा कार्य सिद्ध करने में समर्थ होते हैं

ऐसा मन्त्रशास्त्र का सम्मत है। मन्त्रों के शीर्षण्य-शिर की जगह शिरोरूपा व्याहृति के समान आपको और आपके मन्त्रों को जो आदि में ध्यान करता है और जप करता है वह साधक संसार में आदर्श व्यवहार और नाम-यश वाला हो जाता है। अथवा व्याहृतिस्वरूपा आपको तथा आपके मन्त्रों को ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं सौं आदि को सभी मन्त्रों के आदि में लगाने तथा उन्हें ध्याने और जप करने से जन आदर्श नाम पाते हैं यह भी भावार्थ हुआ ।। आर्या छन्द है ।। २१ ।।

कालात्मना भास्वरचिन्मयत्वात् तयोरभेदाध्यवसानतोऽपि ।
विधिप्रजात्वादरुणश्रिया त्वां "सन्ध्यां" हि सन्ध्यायति कोऽपि धीरः।।२२

सन्ध्या पद की निरुक्ति कई प्रकार की है, सन्ध्या काल ( समय ) रूपा, सन्ध्या भास्वरचैतन्य प्रकाशरूपा तथा काल और वर्ण के अभेद निश्चय से, विधाता की मानसी पुत्री होने से, एवं लाल रङ्ग की प्रभावान् होने के कारण उक्त सभी रूप समन्वय से कोई भी धीर मनस्वी सन्ध्यारूपा आपको सम्यक् प्रकार ध्याता है। भरद्वाज महर्षि ने कहा है स्मृति में—"भास्वतीश्वरशक्तिः सा सन्ध्येति कथिता बुधैः"। अथवा सम्यक् ध्यान किया जाय जिसका वह सन्ध्या, यह भी नाम का अर्थ सुगम होता है। सप्तशती में 'त्वमेव सन्ध्या सावित्री' इति सन्ध्या नाम आपका है ।। २२ ।।

महर्षिदेवर्षिमुख"द्विजवृन्दनिषेविताम्" ।
को न सेवेत मतिमान् कामेशीं करुणार्णवाम् ।। २३ ।।

वसिष्ठादि महर्षि, नारदादि देवर्षि, प्रमुख द्विजवृन्दों से नितरां सेवित हुई करुणा की सागररूपिणी श्रीकामेशी ललिताम्बा को कौन बुद्धिमान् नहीं सेवन करता है-भजता है ? अपितु सभी बुद्धिमान् जन सेवन करते हैं। ठीक है काम ( कामनाओं ) की ईश्वरी को कौन नहीं सेवे ? ।। २३ ।।

तत्त्वानि षट्त्रिंशकसंख्यकानि त्वदासनानीति विविच्य योगात् ।
"तत्त्वासनां" त्वां भजतां मनःसु तत्त्वज्ञता शीघ्रमुदेति मातः ।।२४।।

आगमसिद्धान्तियों ने शिवादि क्षिति-पर्यन्त ३६ (छत्तीस) तत्त्व माने हैं, वे ३६ तत्त्व आपके आसनस्वरूप हैं ऐसा योग-दृष्टि से विवेचन कर योगीश्वर कहते हैं। और वे ही योगी आपको तत्त्वासना समझते हुए आपका ध्यान-भजन

करते हैं। ऐसे ही जो मानव आपको तत्त्वासना समझ कर ध्यान-भजन करते पूजते हैं तो उनके मन में भी शीघ्र ही तत्त्वों का प्रकाश उदित हो आता है, वे तत्त्वज्ञ हो जाते हैं ॥ २४ ॥

यतो गुणानामुदयस्त्रयाणां यतश्च भूतानि भवन्ति पञ्च ।
"तस्यै" नमस्तत्पदलक्षितायै पराम्बिकायै परदेवतायै ॥ २५ ॥

जिससे सत्त्व रजस् और तमस् इन तीनों गुणों का उदय होता हैं। और जहाँ से भूम्यादि पाँच तत्त्व प्रकट होते हैं। 'तत्त्वमसि' इस महावाक्य में तत् पद से जो लक्षित होती है, लक्षणावृत्ति से जो बोध्य लक्ष्य होती है। उस पराम्बिका परदेवता को मैं नमस्कार करता हूं ॥ २५ ॥

"तुभ्यं" नमस्त्वंपदसूचितायै प्रकुर्वते ये परभक्तिनिष्ठाः ।
तान् राजबृन्दानि नमन्ति शश्वत् अनर्घ्यरत्नानि समर्पयन्तः ॥२६॥

त्वं पद से सूचित होती हुई तुभ्यं-आपको जो पराभक्ति में निष्ठा रखने वाले साधक जन प्रणाम करते हैं, उन्हें निरन्तर अनर्घ्य रत्न भेंट करते हुए राजाओं के समूह प्रणाम किया करते हैं। जैसा कहा है देवीमाहात्म्य में-'यस्त्वां नमति देवेशि राजसंघैः स वन्द्यते' ॥ इति ॥ २६ ॥

"अयी"ति सम्बुद्धिपदेन लोके याऽऽमन्त्रणीयाऽस्ति जनैरशेषैः ।
विश्वाम्बिका सा त्रिपुरा भवानी ममापि सम्बुद्धिमुरीकरोतु ॥२७॥

जो संसार में 'अयि' इस कोमल आमन्त्रण पद से सभी जनों के द्वारा आमन्त्रण करने योग्य है या आमन्त्रित की जाती है, वह विश्वमाता त्रिपुरा भवानी मेरी भी सम्बुद्धि को स्वीकार करें ॥ २७ ॥

ये भावयन्ति मातस्त्वां "पञ्चकोषान्तरस्थिताम्" ।
तेषामन्न-प्राण-मनो-ज्ञानानन्दाः स्फुरन्त्यलम् ॥ २८ ॥

हे मातः ! जो साधक आपको अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, ज्ञानमय और आनन्दमय कोषों के अन्तरा विराजती हुई को भावना से देखते हैं और ध्याते हैं, उनको ५ (पांचों) ही कोष अत्यन्त सुखप्रद और प्रस्फुरित रहते हैं, सबल और पूर्ण रहते हैं यह भाव हुआ। श्रीविद्या के उपासकों के पांच कोष, पंचपंचिका पूजा में आते हैं इनमें भी पंचकोषाधिदेवताओं में बिन्दुस्थिता मध्य में श्रीविद्या है। इसलिए भी 'पंचकोषान्तरस्थिता' यह नाम सार्थक है। अनुष्टुप् छन्द है ॥२८॥

मम परिमेया बुद्धिस्तव प्रभावा गुणास्त्वपरिमेयाः।
तत्किं स्तौमि कथं वा मात-"निःसीममहिमां" त्वाम् ॥२९॥

हे मा ! मेरी बुद्धि परिमित थोड़ी (छोटी) है। और आपके प्रभाव और गुण अपरिमेय हैं जिनका कोई मान नहीं है, न कोई मान कर सकता है। अर्थात् अगणित-असंख्येय हैं। तब मैं आपकी स्तुति क्या और कैसे करूं ? आप निःसीम-असीम-बेहद-अपार महिमा वाली हो। आपकी महिमा का पार कोई नहीं पा सकता है ॥ २९ ॥

रजोभरं क्षिप्तवतीव दृश्यते याऽद्यापि बाला नव"नित्ययौवना"।
तां त्वां सभक्त्याऽऽश्रयतामपीश्वरि ! न जातु तारुण्यकलाः क्षयन्त्यहो ॥३०॥

जो आज भी रजोभर को ( रज-रजोगुण-धूलि-पराग ) न रखती हुई बाला नवीन नित्य यौवनवती दिखाई पड़ती हैं, ऐसी आप का आसरा लेने वालों के भी हे ईश्वरि ! सर्वसामर्थ्यसहिते मातः तारुण्य की कलाएं क्षीण नहीं होती हैं अर्थात् नित्ययौवनवती आपको ध्याने वाले भी यौवनशाली ही प्रतीत होते रहते हैं। जैसा लघुस्तव में–'तं रूपहीनमपि मन्मथनिर्विशेषमालोकयन्त्युरुनितम्बतटास्तरुण्यः' ॥ इति। अर्थ उस साधक को यदि वह रूपहीन भी हो तो भी भारी नितम्ब वाली स्त्रियां उसे कामदेव के समान रूपशाली देखती हैं ॥ विरोधाभास और श्लेष अलङ्कार की संसृष्टि है ॥ ३० ॥

प्रपन्नपरिपालिनीं मृदुलमालतीमालिनीं
मृगाधिपतिचालिनीं रिपुनिकायसंकालिनीम्।
करालकरवालिनीमसितकेशपाशालिनी-
ममन्द "मदशालिनीं" मृदुनिभालिनीमाश्रये ॥ ३१ ॥

शरणागतों का पालन करने वाली, कोमल मालती ( चमेली ) की माला धारण करने वाली और सिंहवाहिनी होकर मृगेन्द्र को चलाने वाली, अभीष्ट स्थान पर ले चलने वाली तथा शत्रुसमुदाय को विनष्ट करने वाली और हाथ में भयङ्कर तलवार रखने वाली, घनश्याम अपने केशपाश में मँडराते हुए भ्रमरवृन्द वाली अथवा असित केशपाश की श्रेणियां जूरियां रखने वाली, अमन्द मद से शोभायमान विषयान्तरसम्पर्करहित विशुद्ध आनन्द को ही मद कहा है, उससे

शोभायमान अर्थात् आनन्दशालिनी और प्रणत जनों की शीघ्र ही संभाल करने वाली श्रीत्रिपुरसुन्दरी का मैं आश्रय करता हूं। आसरा लेता हूं। पृथ्वी छन्द है। शब्दालङ्कार है ॥ ३१ ॥

आसवैश्चिन्तिता योगैरासवैस्तर्पितार्चने ।
"मदाघूर्णितरक्ताक्षी" प्रदद्यात् सम्विदं श्रियम् ॥ ३२ ॥

आसव असु प्राण सम्बन्धी आसव योग अर्थात् प्राणयोगों के द्वारा चिन्तिता ध्यान में लाई गई, मन के साथ प्राणों को भी तत्तत्स्थानविशेष में या तत्तदभीष्ट देव में लगाना प्राणयोग कहलाता है—इसमें कुम्भक प्राणायाम में ही उक्त अभीष्ट से मनके साथ प्राण योजना होती है । असु नाम प्राण का है वे ५ हैं उनका योग आसव योग हुआ । ऐसे प्राणयोगों से तथा अर्चन पूजन समय में आसवों से द्राक्षासव खर्जूरासव चन्दनासवादि हितकर मद्य विशेषों से जो तृप्त की गई। आसवों से तर्पण करना विहित है । अत एव मद से घूर्णित लाल लोचनवाली ललिताम्बा मुझे श्री और सम्वित् प्रदान करें ॥३२॥

शोणितकान्तिलसद्वसनासनचन्दनकर्द्दमदिग्धतनूः
पूजयते निशि यो ह्यरुणारुणकान्तिभरैरुपचारभरैः।
त्वां "मदपाटलगण्डभुवं" प्रजपन्नपि 'शाम्भवि' षोडशिकां
साधयतेऽभिमतान्यखिलानि 'स' राजवधूर्वशयन्त्सुदृशः ॥३३॥

हे शांभवि ! लाल वर्ण के वस्त्र पहन कर लाल आसन पर लाल चन्दन से आलेपित शरीर वाला जो साधक रात्रि में लाल ही लाल उपचारों-उपकरणों सामग्रियों से मदपाटल रक्त वर्ण गण्डस्थल युक्त आपको ध्यान में लाकर पूजता है और आपके षोडशी मन्त्र का जप करता है वह अपने सभी अभीष्ट शीघ्र साध्य करता हुआ सुन्दरलोचना राजपत्नियों को भी अपने वश कर लेता है। यह वशीकरण योग है ॥ यह मदिरा छन्द है जैसा पिंगल सूत्र और छन्दः शास्त्रों में सप्तभकारयुतैकगुरुर्गदितेयमुदारतरा मदिरा इति ॥ जिसके १ चरण में सात ७ भगण और अन्त में १ गुरु वर्ण हो वह मदिरा छन्द होता है ॥३३॥

"चन्दनद्रवदिग्धाङ्गीं" कृत्वा यो यजते लताम् ।
स 'साधकेन्द्रो' दृष्ट्यैव 'ज्वरान्त्सर्वान्' शमं नयेत् ॥३४॥

जो साधक अपने रहोयाग में पूजनीया निमन्त्रिता उपस्थिता लता को सुवासिनी को चन्दन सफेद चन्दन (मलयज) के द्रव से आलेपित कर और भी शीतल उपचार अर्पण करता हुआ पूजता है वह साधकेन्द्र अपनी दृष्टि के योग से ही समस्त ज्वरों को शान्त कर देता है। ज्वरशान्ति के लिए सौभाग्यार्चन का तथा लता साधन का यह सिद्ध योग है ॥३४॥

सुवर्णाभां गात्रेष्वथ परिलसत्पीतवसनां
गदाहस्तां शत्रोरपि च रसनाकर्षणपराम् ।
स्थितां हैमे पीठे मृदुसुरभि "चाम्पेयकुसुम
प्रिया" ध्यायन् भक्तो रिपुकुलमलं स्तंभयति वै ॥३५॥

सभी अङ्गों में सुवर्ण सरीखी कान्ति वाली तथा सभी अङ्गों में पीले वसन पहने हुए गदा (सुवर्णमयी) हाथ में लिये और शत्रु की जीभ खींचकर बाहर निकालने में लगी हुई। सुनहरे सिंहासन पर विराजमान कोमल गन्धभरे चम्पा के पुष्पों को प्रिय पसन्द करने वाली आपको ध्याता हुआ भक्त साधक शत्रुकुल का पूर्णतया स्तंभन कर देता है । पूर्णतया से यह मतलब है कि वह साधक अपने शत्रुओं के मुख जिह्वा वाक् पाणि-पाद-गति कार्य बुद्धि आदि सभी का स्तंभन कर देता है ऐसा जानिए। शत्रु स्तंभन के लिए उपरि लिखित ध्यान योग सिद्ध है ॥ शिखरिणी छन्द है ॥३५॥

मातर्जगत्सर्जनचातुरीं ते तथा 'तदाप्यायनपाटवं च ।
निशम्य सर्वे कमलोद्भवाद्याः कवीश्वरास्त्वां "कुशलां" वदन्ति ॥३६॥

हे मा! आपकी जगद्रचनाचातुरी को और इस जगत् के पालन की पटुता को देखकर विचार कर सभी ब्रह्मादि कवीश्वरों ने आपका नाम कुशला सच ही कहा है । ब्रह्मा आदि कवि है इस लिए ब्रह्मादि कहा आदि पद से वाल्मीकि व्यासादि समझें ॥३६॥

मातः करास्ते नवकञ्ज-"कोमलाकाराः" क्लमं यान्तिसुमावधारणे ।
कथं निशुम्भाद्यसुरावमर्द्दने जाताः सुराधीश्वरबज्रकर्कशाः ॥ ३७ ॥

हे मा! आपके हाथ नये कमल सरीखे यद्वा नवीन कमल से भी अधिक कोमल हैं और पुष्प धारण करने से भी क्लान्ति को प्राप्त हो जाते हैं। परन्तु

आश्चर्य है कि ये ही आपके हाथ निशुम्भशुम्भादि दानवों के मर्द्दन करते समय संग्राम में इन्द्र के बज्र से भी कठोर कैसे हो गये ।।३७।।

याधिकृताऽऽस्ते मर्षणवाप्यां कुंकुमशोणां तां "कुरुकुल्लाम्" ।
ध्यायति यस्त्वां साधकवर्य्यस्तं वृणुते श्री रुक्मवतीयम् ।। ३८ ।।

कुरुकुल्ला नाम की शक्ति (देवी) श्रीपुर में (श्रीचक्र में) अहंकार और चित्तमय प्राकारों के बीच में विमर्शमय वापी में अधिकारिणी है। तन्त्रराज के २२वें पटल में इसका निरूपण हैं। इसी को स्पष्ट करते है:—जो विमर्शवापी पर अधिकारिणी है जो कुंकुम समान लाल प्रभा वाली है उस आप ही के स्वरूप वाली अर्थात् कुरुकुल्लारूपिणी आपको जो साधक श्रेष्ठ ध्याता है उसे रुक्मवती सुवर्ण वाली लक्ष्मी यद्वा सुवर्णवर्णा श्रीः स्वयं वर लेती है। यह छन्द रुक्मवती है। रुक्मवती भ्मौ स्गौ यह इसका लक्षण पिंगलसूत्र में है ।।३८।।

कुलक्रमेणैव "कुलेश्वरीं" त्वां ध्यायन्ति गायन्ति यजन्ति येऽम्बाम् ।
भवन्ति भक्ता भुवि सिद्धमन्त्रास्ते सर्वतन्त्रेषु परं स्वतन्त्राः ।। ३९ ।।

सजातीय मान और मेय पदार्थों को कुल कहते हैं, और पहले हम ६ कुल बता चुके हैं सबकी ईश्वरी, कुलेश्वरी, आपको जो साधक भक्त कुल क्रम से कौलमार्गानुसार अथवा कुलागत वंशपरम्परा प्राप्त क्रम से ध्याते गाते और पूजते हैं वे भू-तल पर मन्त्र सिद्धि पाए हुए सब तन्त्रों में स्वतन्त्र होते हैं ।।३९।।

उद्बोध्य योगकलया त्वां "कुलकुण्डालयां" कृशामरुणाम् ।
अमृतं पाययते स हि सिद्धः स्वच्छन्दजीवनो भवति ।। ४० ।।

मूलाधार कमल की कर्णिका के बीच जो बिन्दु है वह कुलकुण्ड है। कमलकन्द के बीच के छेद के समान है। वह कुलकुण्ड है आलय स्थान जिसका वह कुलकुण्डालया है ऐसी कुण्डलिनी स्वरूपिणी आपको यह अर्थ हुआ। योग-कला के द्वारा जागृत कर पद्म चक्र बेधता हुआ सहस्रार में ले जाकर पतली और लाल वर्ण वाली आपको जो साधक योगी अमृत पान कराता है, वह सिद्ध स्वच्छन्द जीवन वाला होता है। कुलकुण्ड में निवास शंकाचार्य भी बतलाते हैं,

स्वपिषि कुलकुण्डे कुहरिणि'' इति। इसके अनुसार ही कुण्डलिनी को भगवती त्रिपुरसुन्दरी का रूप बतलाते हुए नाम निर्वचन किया है ॥ आर्या छन्द है ॥४०॥

कात्यायनि ! "कौलमार्गतत्परसेवितां" हि त्वां
उपासकप्रवरो यः करुणारसधारिणीम् ।
पूजयते पञ्चतत्त्वै राजसोपचारभरैः
पञ्चब्रह्मपीठगतां कदम्बसुमहारिणीम् ॥
पाशांकुशवराभयान्त्सन्दधतीं कराम्बुजैः
शोणशोणस्वप्रभाभिररुणदम्भदारिणीम् ।
शीघ्रमेव लभतेऽसौ राजवृन्दपूज्यपदः
सम्विदं श्रियं च समं शाश्वतसुखकारिणीम् ॥ ४१ ॥

हे कात्यायनि भगवति ! कात्यायन महर्षिसेविते ! निश्चय ही कौलमार्ग-परायण साधक उपासकश्रेष्ठ करुणारसधारिणी दयामयी और पञ्चब्रह्मपीठ पर विराजित हुई तथा कदम्बपुष्पों की माला पहने हुए और पाश, अंकुश, वर, अभय हाथ में धारण किये तथा अपनी लाल प्रभा से अरुण का दम्भ दूर करती हुई आपको पंचतत्त्वों और राजसी उपचारों से पूजता है, वह शीघ्र ही राजाओं से पूजित होता हुआ सम्वित् शुद्ध तत्त्वज्ञान और श्री (लक्ष्मी) को जो शाश्वत (सदा) सुखकारिणी है, साथ साथ ही पा लेता है ॥ रूपघनाक्षर छन्द (कवित्त) है ॥ ४१ ॥

पुत्रसुखविहीना या बध्वः शुचिभावभृतः
"कुमारगणनाथाम्बां" भवतीं समर्चयन्ति ।
क्षिप्रमेव सुदृशस्ताः कृपादृशो भवत्या हि
सफलप्रभावतया दौर्हृदान्प्रधारयन्ति ॥
शुचिसुमुहूर्त्तमध्ये स्वस्वाभीष्टगुणवतो
यशस्विनो मनीषिणो बालकान्प्रजनयन्ति ।
श्रीहरिः प्रवक्ति सत्यमम्बिके ! भवानि ! देवि !
ता अपि कुमारगण-नाथाम्बिकाः प्रसिद्ध्यन्ति ॥४२॥

पुत्रसुख से रहित अर्थात् अपुत्रा बहुएं (स्त्रियां) जो पवित्र भावनापूर्ण कुमार (स्कन्द) और गणनाथ (गणेश) की अम्बा (जननी) आपको सम्यक् प्रकार

निजकुल क्रम से पूजती हैं तो वे सुन्दरियां आपकी सफल प्रभावशालिनी कृपादृष्टि से शीघ्र ही गर्भ धारण करती हैं, सगर्भा होती हैं और पवित्र शुभ मुहूर्त्तों में अपने अपने चाहे गुणवान्, यशस्वी तथा मनस्वी होने वाले बालक पैदा करती हैं। हे अम्बिके भवानि देवि ! श्रीहरि कवि यह सत्य कहता है, वे स्त्रियां भी कुमार-गणनाथाम्बा ही प्रसिद्ध होती हैं, अर्थात् उनके पुत्र कुमार की तरह पुरुषार्थी ब्रह्मचारी गणेश की तरह सर्वमान्य होते हैं। यह भाव हुआ। रूप घनाक्षरी कवित्त है ।। ४२ ।।

यस्या मनागप्युदयात्समस्त-लोभादिदोषाः प्रशमं व्रजन्ति ।
सा "तुष्टि"-नाम्ना त्वमहो जनानां मनःसु माहेशि कृतासनाऽसि ।।४३।।

जिसके तनिक से भी उदय से सारे लोभादि दोष प्रशान्त हो जाते हैं वही तुष्टि नाम से मानवों (प्राणियों) के मन में आसन लगाये विराजती हो। जैसे—"या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ।।" वस्त्रेश्वर पीठ में तुष्टि नाम भगवती मूर्ति है, ऐसा पद्मपुराण में पीठ गणना करते हुए बताया है। तद्रूपिणी होने से भी नाम सार्थ है। यह भी अनुभूतप्राय है कि तुष्टि जिसके मनमें उल्लसित होती है उसके लोभादि दोष शान्त हो ही जाते हैं ।। ४३ ।।

या 'पुष्टिरूपेण' समस्तदेवैर्दैत्यैर्मनुष्यैरपि चानुभूता ।
स्तुताऽर्चितावाऽपि च दारुवन्यां तां त्वां भजामो ललितां पराम्बाम् ।।४४।।

जो भगवती पुष्टि रूप से सभी देवों, दानवों और मानवों से भी अनुभूत हुई है. तथा स्तुति-प्रार्थना की गई है और पूजी गई है। जो दारुवनी में विख्यात हुई विराजती हैं उस पुष्टिरूपिणी आप श्री ललिता पराम्बा को हम भजते-ध्याते-पूजते हैं। भगवती के क्षेत्र गणना में "पुष्टिर्दारुवने स्थिता" ऐसा आया है दारुवन में पुष्टि भगवती की मूर्ति प्रसिद्ध है। तद्रूपा आपको भजते हैं यह भी अर्थ है ।।४४।।

यया सदाऽऽस्ते मनसो मनस्त्वं, जीवो यया संमनुतेऽर्थजातम् ।
सा त्वं "मति"र्मातरुदेषि यस्मिन्त्स वै जनो मोक्षमुपैति नान्यः ।।४५।।

जिससे मनमें मनपना है अर्थात् मन का स्वरूप है और जिसके द्वारा जीव अर्थों का मनन करता है पदार्थ सत्ता प्रभावादि मानता है। हे मातः !

मति स्वरूपिणी वह आप जिसमें उदय हो आती हो प्रकाशित होती हो वही मनुष्य मोक्ष पाता है और नहीं पा सकता है । मनुते मन्यते यया सा मतिः जिससे माना जाय वह मति । जैसा वायुपुराण में बिभर्त्ति भानं मनुते विभागं मन्यतेऽपि च । पुरुषो भोग–सम्बद्धस्तेन चासौ मतिः स्मृता इत्यादि ।।४५।।

भूतान्यशेषाणि दधासि शक्त्या यया स्वया त्वं गिरिराजपुत्रि !
अभेदधर्माऽध्यवसाययोगाद् विमृष्यमाणा किल सा "धृति"-स्त्वम् ।।४६।।

हे गिरिराजपुत्रि ! आप अपनी जिस शक्ति से इन समस्त भूतों (पृथिव्यादि) को धारण करती हो उसके अभेद धर्म–निश्चयसम्बन्ध से विमर्श करने पर आप ही वह धृति सिद्ध होती हो ।।४६।।

वायो कलासि श्वमथोऽन्तिके ते, मायाविकारोपशमस्त्वदेव ।
त्वमेव जीवस्य विशुद्धिहेतुः "शान्तिः" प्रशस्तासि महामुनीन्द्रैः ।।४७।।

हे मा ! आप वायु में कला रूप से विराजती हो और श्वं अर्थात् शं कल्याण आपके पास रहता है तथा माया के विकारों का उपशम भी आप ही से है एवं जीव की विशुद्धि भी आप ही से होती है । इस कारण आप ही महा महामुनीश्वरों से प्रशंसित हुई शान्ति नाम वाली हो । जैसा–मलमाया विकारौघशान्तिः पुंसः पुनर्यया । सा कला शान्तिरित्युक्ता । तथा और भी जीवो यत्र विशुद्ध्येत सा कला षोडशी मता । सा च शान्तिरिति प्रोक्ता इति । पराशरस्मृति में । १. वायु की कला का नाम शान्ति है २ शं अन्ति अन्ति के यस्याःसा शान्ति : । ३ शमयति इति शान्तिः ४ जीवशोधनात् च शान्तिः । ये चारों ही प्रकार समन्वित हो गये हैं ।।४७।।

तवाम्बिके ! स्वस्तिमतीं तनूं जनः पिबन्निवाक्ष्णा हृदये दधाति यः ।
स "स्वस्तिमत्या" निजया दृशैव लोकोपकारप्रवणत्वमेति ।।४८।।

स्वस्ति शब्द कल्याण मंगल और पुण्यवाचक है तदनुसार ही अर्थ भी है–सुशोभना अस्ति सत्ता जिसकी वह स्वस्ति । २–स्वस्ति जिसके हो वह स्वस्तिमती कल्याण मंगल तथा पुण्यकारिणी प्रदायिनी आपकी तनू मूर्ति को जो मनुष्य नेत्रों से पीता हुआ सादर सातिशय देखता हुआ हृदय में धारण कर

लेता है वह स्वस्तिमती अपनी दृष्टि से ही लोकोपकार कर देता है ।। यास्काचार्य कहते हैं–स्वस्ति यह अविनाशी नाम है ।।४८।।

त्वां विश्वविद्योतनशीलयुक्तां, काम्याश्रयां वा कमनीय-"कान्तिम्" ।
य आश्रयन्ते त इहोल्लसन्ति' सुराङ्गनाभिः कमनीयरूपाः ।।४६।।

जो मनुष्य, विश्व के प्रकाशन करने के शील वाली विश्व प्रकाश करना जिसका स्वभाव है ऐसी । और जो सभी काम्य भावों की एक ही आश्रय है । तथा जो कमनीय वांछनीय कान्ति वाली है । ऐसी आपको आश्रय करते हैं । वे इस संसार में देवाङ्गनाओं से भी वांछनीय रूप वाले हो जाते हैं ।।४६।।

ये त्वां प्रभाते नगराज-"नन्दिनीं" निःस्यन्दिनीमम्ब! दयारसोदधेः ।
ध्यायन्ति चार्चन्ति त एव लोके, बुधाः सुधासूक्तिसमृद्धिभाजः ।।५०।।

हे अम्ब ! दया रस की झरने वाली हिमालय की नन्दिनी आनन्द देने वाली सुता आपको जो प्रभात में ध्याते और पूजते हैं, लोक में वे ही विद्वान् सुधामयी कविता समृद्धिशाली होते हैं । उनकी कविता सुधास मृद्ध होती हैं नन्दिनी कामधेनु वंशोद्भवा भी है तद्रू प से भी नन्दिनी हो ।।५०।।

संकीर्तयन्तोऽखिल-"विघ्ननाशिनीं" तवाऽभिधामम्ब ! गुणैः समुज्ज्वलाम् ।
उपासका यां दिशमाश्रयन्ति, भुवोऽन्तरायान्ति तदनन्तरायाः ।।५१।।

हे अम्ब ! गुण-गणों से सुतरां उज्ज्वल आपकी विघ्न नाशिनी अभिधा (नाम) को सम्यक् प्रकार कीर्तन करते हुए आपके उपासक भक्त लोग जिस दिशा में चले जाते हैं उस दिशा के सभी विघ्न बाधाएं भूमि के अन्दर दब जाती हैं ।।५१।। उपजाति छन्द है ।

त्वय्यक्षरायां-रवि-चन्द्र-वह्नि-भादीनि तेजांस्यखिलानि पश्यन् ।
उपासकेन्द्रो जगदम्ब ! शीघ्रं "तेजोवतीं" सिद्धिमुपैति नूनम् ।।५२।।

अविनाशि स्वरूप वाली आप में सूर्य, चन्द्र, अग्नि, नक्षत्रादि सभी ज्योतियों को देखता हुआ उपासक, हे जगदम्ब ! शीघ्र और निश्चय ही तेजोवती सिद्धि को प्राप्त हो जाता है । अर्थात् तेजस्तत्त्व पर विशेषाधिकार कर उन सूर्य चन्द्रादि नक्षत्रों की गति स्थिति के द्वारा संसार की विशेष दशाएं जानता और बत-

लाता रहता है। इसे तेजोवती सिद्धि कहते हैं। आदित्यादि सब तेज आप ही में है इस कारण तेजोवती नाम ठीक ही है ॥५२॥

सूर्येन्दुबह्नय इमे नयनानि यस्या विश्वस्य पालनसमृद्धिविकासनानि।
मार्ग-प्रमाण-गुणकत्रिकमुद्वहन्तीं तामीश्वरीं "त्रिनयनां" त्रिपुरां भजामि ५३

सूर्य, चन्द्रमा और अग्नि ये तीन जिसके नेत्र हैं। ये ही विश्व के पालन समृद्धि और विकास करते हैं। ये ही तीनों नेत्र दक्षिण, उत्तर और ब्रह्म नाम से तीन मार्ग, तथा प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द तीन प्रमाण एवं ये ही सत्त्व, रजस् तथा तमस तथा और भी श्रवण, मनन, निधिध्यासन रूप त्रिक है। इन सब को नेत्रत्रय के रूप में धारण करती हुई उस ईश्वरी त्रिनयना त्रिपुरा को मैं भजता हूं। तीन मार्ग देवी पुराण में बताये हैं देखिए-"दक्षिणं चोत्तरं लोकं तथा ब्रह्मायनं परम्। नयं सन्मार्ग-वर्णं च नेत्री त्रिनयना मता" ॥ इति। नयन्तीति नयनानि उपर्युक्त गुणों, मार्गों, प्रमाणों और भी त्रिकों को प्राप्त कराने वाली धारण करने वाली त्रिनयना हो ॥ ५३ ॥

योगेश्वरीं त्वां लोलाक्षि। "लोलाक्षीकामरूपिणीम्"।
यजन् दृशा ना मथ्नाति मनांसि मृगचक्षुषाम् ॥५४॥

हे लोलाक्षि चञ्चललोचने कामेशि! लोलाक्षियों, स्त्रियों, यौवनशालिनियों के काम का रूप धारण करने वाली योगेश्वरी आपको यजन पूजन भजन करता हुआ मानव मृग लोचनाओं के मनों को मथ लेता है यदि स्त्री ऐसा ध्यान पूजन करती है तो वह भी यौवन धन समृद्धि पुरुषार्थशाली मानवों के मन को मथ लेती है ऐसा भी समझिए। भगवती काम रूपिणी है। वाराह पुराण में लिखा है-कामे योगेश्वरीं विद्धि क्रोधे माहेश्वरीं तथा ॥ ऐसे ही लोभ मद मोह मात्सर्य पैशुन्य असूया इन के भी आठ मातृकाएं बतलाई हैं। मातृकाएं भगवती का स्वरूप है हीं तो काम का रूप भगवती का रूप ही सिद्ध हुआ इससे लोलाक्षी काम रूपिणी सत्य है ॥५४॥

त्वां मातृकाधीशपदैकपालिनीं, गौरीं कुमारीं हृदि पद्म-"मालिनीम्"।
निध्यायतां मानवनामधारिणां श्रेयांसि सर्वाणि फलन्त्यनारतम् ॥५५॥

मातृकाओं के अधीश्वर पद को एक मुख्यतया पालन करने वाली, हृदय में (पर) पद्ममाला धारण करने वाली गौरी गौरवर्णा कुमारी आपको निरन्तर ध्यान करने वाले मानवों के सभी श्रेय निरन्तर फलते रहते हैं । मालिनी नाम भगवती पार्वती का है देखिए इस कोष के वाक्य को—मालिनी वृत्त भेदे स्यात् मालाकारस्त्रियामपि । चम्पानगर्यां गौर्य्यां च मन्दाकिन्यां च मालिनी इति विश्वः ।।५५।।

परम्बिके ! त्वामजपास्वरूपिणीं तुरीयसन्ध्यासु जपन्ति ये जनाः ।
हंसायितास्ते त्वयि विम्बिता ध्रुवं त्वां "हंसिनी"-मप्युपदर्शयन्त्य हो ।।५६

हे परम्बिके ! अजपा स्वरूपिणी आपको जो मनुष्य तुरीय सन्ध्या में तान्त्रिकों ने तुरीया सन्ध्या रात्रि के मध्य काल में मानी है जैसे अद्यतन का अर्थ समझाते समय वैयाकरण भी अतीत रात्रि के १२ बजे से आगामी रात्रि के १२ बजे तक काल को अद्यतन मानते हैं एतदनुसार गत दिन और आगत दिनों की सन्धि का समय रात के १२ बजे होता है उस सन्धि काल में तुरीया सन्ध्या आगमिक साधक करते हैं । उस समय जो अजपा गायत्री स्वरूप को जपते हैं वे हंस परमहंस होते हुए आप में प्रतिबिम्बित होते हैं तब निश्चय ही आपको हंसिनी सिद्ध करते हैं । हंस जिस में हो वह हंसिनी' सत्य ही अर्थ है । भुवनेश्वरी का वाहन हंस है इसलिए भी हंसिनी, अजपा का स्वरूप हंस यह मन्त्र है इसके विपरीत सोऽहं होने से हंस मन्त्र वाली हंसिनी हुई ।।५६।।

सम्प्राप्य जन्म संसारे "माता" येन न सेविता ।
कुपुत्रः स कृतघ्नश्च खलो न खलु याति शम् ।।५७।।

संसार में जन्म लेकर जिसने माता का सेवन नहीं किया वह कुपूत है कृतघ्न है और खल है दुष्ट है । उसका कभी कल्याण नहीं होता है । कृत-उपकार पालन पोषण शिक्षणादि को न मानने वाला कृतघ्न होता है । सब-पापों के प्रायश्चित्त से उपशम कर सकते हैं पर कृतघ्न के पापोंका कोई शोधन नहीं कर सकता ऐसा स्मृतियां कहती हैं "न निष्कृतिः कृतघ्नस्य" अर्थात् कृतघ्न की कोई शुद्धि नहीं है ।।५७।।

ये संस्मरन्ति "मलयाचलवासिनीं" त्वां,
गौरीं त्विषातितरलामिव मौक्तिकाभाम् ।
शुक्लाम्बरां च कुमुदस्रजमावहन्तीं,
तापास्त्रयोऽपि न हि तानुपयन्ति मातः ।।५८।।

हे मातः ! मलयाचल पर बसने वाली, कान्ति पुंज से तरल मोती की सी आभा वाली आप गौरी को सफेद वस्त्र सफेद कमलों की माला धारण किये हुए जो स्मरण करते हैं, तीनों ही प्रकार के ताप (दैहिक, दैविक और भौतिक) उनके पास फटकने नहीं पाते हैं ।

कलयति कृती मन्त्रांस्तन्त्राण्यपि स्वधियोऽन्तरा
श्रुतिनिचयगान्भेदाभेदानलं परिवेत्त्यसौ ।
श्रियमपि यशो वित्तं चित्तं वशं नयति ध्रुवं,
निरवधि सुखी सः स्याद्यस्याक्षिगा "सुमुखी" शिवा ।।५९।।

जिस पुरुष की दृष्टि में सुमुखी भगवती शिवा आती है वह कुशल पुण्यवान् सुतरां सभी मन्त्र–तन्त्र अपनी बुद्धि में धारण कर लेता है । और वेदों के सभी भेदाभेदों को भली प्रकार जान लेता है । वह लक्ष्मी और यश प्राप्त कर लेता है तथा चित्त को भी वश में रख लेता है । यह बात बडी दुष्कर है कि इतना वैभव पाकर चित्त को वश कर लेवे यह भगवती के साधक ही कर सकते हैं और नहीं कर सकते हैं ।।५९।।

त्वयि भगवति ! कोमलानि नाना करचरणाक्षिमनोज्ञपङ्कजानि ।
समधिकसुषमां त्वमुद्वहन्ती विलससि तै-"र्नलिनी"व पुष्पिताग्रा ।।६०।।

हे भगवति ! आपमें कोमल कोमल तथा सुन्दर मनोहर अनेक हाथ पद नेत्रादि कमल नलिन हैं । अथवा नलिन ही हैं । इनसे अधिक शोभा धारण करती हुई आप पुष्पित अग्रभाग वाली या उपरि उपरि भागों में कमलिनी की तरह (सरीखी) विलास कर रही हो । यह छन्द भी पुष्पिताग्रा है, जिसके विषम चरणों में न युग रेफ और यगण हो तथा सम में नज जर गण और एक गुरु हो वह पुष्पिताग्रा छन्द होता है । रूपक और उपमा अलंकार की संसृष्टि हुई है ।।६०।।

कौटिल्यमप्यम्ब ! तवाश्रितानां जगत्स्वहो सौष्ठवमेव याति ।
भ्रूवावरालेऽप्यनिशं दधाना स्वयं त्वमुच्चार्यस एव सुभ्रूः ।।६१।।

हे अम्ब ! आपके आश्रित रहने वालों का कौटिल्य टेढापन भी जगत् में सौष्ठव भाव को ही प्राप्त होता है अर्थात् शुभ मान लिया जाता है । उदाहरण के लिए आप की भौंहें कितनी कुटिल हैं–टेढी हैं पर इनसे आपको सभी सुभ्रू कहते हैं ।।६१।। विरोधाभास अलंकार हैं ।।

ये "शोभनाया"-स्तव देवि पादौ यजन्त एवाम्ब ! मनुं जपन्ति ।
तेषां स्वरूपाधरितस्मराणां शुभावहाः संविधयो भवन्ति ।।६२।।

हे देवि अम्ब ! जो सब प्रकार से सोहनी (शोभना) सुहावनी । सौन्दर्य से शोभना आपके चरणकमलों को पूजते हुए आपका ही मन्त्र जपते है वे स्वरूप और सौन्दर्य से काम का तिरस्कार करते हैं अर्थात् वे अधिकाधिक रूप (सौन्दर्य) वान् हो जाते हैं और उनके सभी संविधान शुभावह होते हैं-शुभप्रद होते हैं, यह भाव हुआ ।।६२।।

विष्णुं शिवं वा वरुणं महेन्द्रं गणेश्वरं वा बटुकं कपीन्द्रम् !
यक्षांस्तथा साधयितुं यदीच्छा, तदा भज त्वं "सुरनायिकां" प्राक् ।।६३।।

देवादि साधना के इच्छुक मित्र को कवि सलाह देता हैं—नामनिर्देशना भी करता है । हे मित्र ! यदि विष्णु, शिव, वरुण, इन्द्र, गणेश, बटुक और हनूमान् तथा यक्ष यक्षिणी आदि साधने की इच्छा है तो पहले, उनके साधन से पहले इन सब सुरो की नायिका अधीश्वरी जगदम्बा त्रिपुरसुन्दरी को भज । पीछे इनका साधन सुगम ही है । अर्थात् सब देव उसके अधीन ही हैं ।।६३।।

कारुण्यसिन्धुं किल "कालकण्ठीं" त्वां देवि ! चित्ते स्मरतां जनानाम् ।
स्वरोऽपि माधुर्यझरो विभाति परोपकारप्रवणं मनश्च ।।६४।।

सुतरां मधुर ध्वनि कल कहलाती है, कल को ही स्वार्थिक अण् प्रत्यय से काल बनाते हैं काल का अर्थ मधुर मन्द्र मनोहर है जैसा कोश में कलो मन्द्रस्तु गंभीरः । और भी कलोऽव्यक्ते च मधुरे मन्द्रे इत्यादि, काल मधुर मन्द्र मनोहर है कण्ठ (स्वर) जिसका वह कालकण्ठी ऐसी और करुणा की सिन्धु आपको चित्त में स्मरण करने वाले मनुष्यों का स्वर माधुरी झरने वरसने वाला

हो जाता है और मन परोपकार में प्रवण–तत्पर हो जाता है। अथवा काल–कण्ठ शिव उनकी शक्ति कालकण्ठी है। दारुकासुर का वध करने के लिए महादेव ने जिस शक्ति को प्रकट किया उसका भी नाम कालकण्ठी है यह बात लिंग-पुराण में है, वहीं से देखिए ।।६४।।

आसेचनां "कान्तिमतीं" तनूं तव त्रैलोक्यसंमोहनि । पश्यतां सताम् ।
उदेति सा कान्तिमती मनोज्ञता, यस्यां विमुह्यन्ति सुराङ्गना अपि ।।६५।।

प्रशस्त कान्ति वाली इसीलिए जिसे देखते देखते लोचनों की तृप्ति न हो ऐसी आसेचना आपकी मूर्ति को हे त्रैलोक्यसंमोहन करने वाली ! देखते देखते दर्शन करते करते ही सत् पुरुषों के वह कान्तिमती मनोहरता उदित हो आती है कि जिस पर देवांगनाएं भी मुग्ध होती रहती हैं ।।६५।।

क्षोभो गुणावर्तनकृत्तवाम्ब ! स एव सृष्टेर्विततौ निदानम् ।
त्वयि स्वभावानुगतो हि सोऽयं, त्वां "क्षोभिणीं" ख्यापयति त्रिलोक्याम् ६६

हे अम्ब ! गुणों के आवर्तन करने वाला क्षोभ है और यही सृष्टि के विस्तार में मूल कारण है। वह क्षोभ आप (प्रकृति) में स्वाभावानुगत होता रहता है, वही आपको संसार में क्षोभिणी सिद्ध करता है। क्षोभ जिसमें हो वह क्षोभिणी ।।६७।।

अव्यक्तरूपामणुतोऽप्यणीयसीं धियस्तथा वाङ्मनसाद्यगोचराम् ।
कथं नु केभ्यः कियतीं किमाकृतिं भजामहे त्वामिह "सूक्ष्मरूपिणीम्" ।।६७।।

हे अम्ब ! अव्यक्त स्वरूप वाली और अणु से भी अणु छोटी से भी छोटी जो बुद्धि और मन तथा वाणी के भी प्रत्यक्ष में न आ सकती है, ऐसी सूक्ष्मरूपिणी आपको हम कैसे और किन (उपायों) से अर्थात् कौन २ साधनों से, कितनी और किस आकार की ध्यावें–विचारें यह समझ में नहीं आ रही है ।।६७।।

जालन्धराधीश्वरि ! देवि ! नित्यां, "वज्रेश्वरी" त्वां तपसा प्रसाद्य ।
त्वत्तः शचीशः पविमाप शुभ्रं तुष्टा न कस्येष्टवरप्रदासि ।।६८।।

हे देवि ! आप जालन्धर पीठ की अधिनाथा हो, नित्या स्वरूपिणी हो और वज्रेश्वरी वज्र की पालिका है। आपको ही तपस्या से प्रसन्न कर इन्द्र ने

वह वज्र प्राप्त किया है। आपही से पाया है। सत्य है आप सन्तुष्ट हुई किसको वर नहीं देती हो अपि तु सभी को वरदायिनी होतीं हो। इन्द्र को वज्रेश्वरी देवी से वज्र मिला यह कथा ब्रह्माण्डपुराण में हैं। छठी तिथि नित्या वज्रेश्वरी श्री विद्या की शक्ति है तद्रूपा है ॥६८॥

सुधाप्रदात्वादतिसुन्दरीत्वात्सार्धं शिवेनैकविहारिणीत्वात्।
आचारमार्गाधिकतोषिणीत्वात्त्वां "वामदेवी"मखिला भजन्ति ॥६९॥

वामदेवी नाम की अनेकधा निरुक्ति बता रहे हैं—वाम शब्द का अर्थ पहले भी कह चुके हैं व अम=वाम अमृत को प्राप्त करने करा देने वाला वाम होता है। अमृत सुधा को कहते हैं तो सुधा प्रदान करने से और अति सुन्दर होने से तथा शिव के साथ अनेकधा विहार करने से यद्वा शिव में एक होकर विहार करने से तथा आचार वामाचार और मार्ग वाम मार्ग में अधिक तोष पाने के कारण वामदेवी आपको सभी भजते हैं ध्याते पूजते हैं। यह वाम अमृत का अर्थ पहले कारण सुधा में आया। इससे अमृत प्राप्त करनेवाली हो इससे वाम देवी हो। वाम का दूसरा अर्थ सुन्दर है, वामा वामलोचना वामोरु, इन शब्दों में जैसे सुन्दरी देवी होने से भी वामदेवी हो। तीसरा अर्थ 'वाम का शिव है, वामदेवो महादेवः इस कोष के वाक्य से उसके शरीर में वाम भाग में स्थित हुई एकता से विहार करती हो इससे भी वाम देवी हो, चौथे वामाचार और वाम मार्ग से साधना करने से प्रसन्न होती हो, इसलिए भी वाम देवी यथार्थ हो॥६९॥

ये त्वां स्मरन्ति कामेशीं "वयोऽवस्थाविवर्जिताम्"।
त एव पूर्णसौभाग्या जरां मृत्युं जयन्त्यहो॥ ७०॥

जो मनुष्य आप कामेशी समस्त कामनाओं की ईश्वरी को वयोऽवस्था रहित को स्मरण करते हैं (वयः बाल्य कौमार पौगण्ड किशोर और उनकी अवस्था वर्ष काल तथा चिह्न स्फुरणादि से रहित) वे ही पूर्ण सौभाग्यशाली हैं, और वे ही जरा मृत्यु बुढापा और मौत को भी जीत लेते हैं॥ ७०॥

कपिल--सनक-गोर--क्षादि-सिद्धैरनेकैः-
स्तुत-नत-पद-पद्मामम्ब! "सिद्धेश्वरीं" त्वाम्।

अकृत-सुकृत संघा वक्रतर्कोत्तरङ्गाः
मलिनहृदयवन्तो मानवा न स्मरन्ति ।। ७१ ।।

हे अम्ब ! कपिल सिद्ध महर्षि, सनक सनन्दनादि तथा गोरखनाथ आदि यहां आदि से दत्तादि भी ले लेवें । अनेक सिद्धों ने आपके चरणकमलों को पूजा है तथा स्तुतियां की हैं, ऐसी महिमाशालिनी आप सिद्धेश्वरी को, जिनने सुकृत पुण्यादि नहीं किया है और जो टेढी-मेढी तर्कों की तरङ्गों में खेलते रहते हैं ऐसे मलिन मन वाले मानव आपको स्मरण नही करते हैं ।। ७१ ।।

ये षोडशीं "सिद्धविद्यां" शक्तियुक्ता भजन्ति वै ।
पूर्वजन्मन्यसिद्धा अप्युच्चैः सिद्धा भवन्ति ते ।। ७२ ।।

जो साधक सिद्धविद्या षोडशी श्री ललिता महाराज्ञी को यद्वा इसके षोडशी मन्त्र को वह षोडश अक्षर का है इसलिए षोडशी कहलाता है, शक्ति सहित शक्ति स्वकीया वा परकीया सुवासिनी सौभाग्यवती दीक्षिता हो उसके साथ भजते हैं जपते हैं निश्चय ही वे पूर्व जन्म में कहीं सिद्धि न पाये हुए हों तो भी यहां बड़े ऊंचे सिद्ध हो जाते हैं ।। पंचदशी और षोडशी श्री विद्या मन्त्र में आराधन और अरिसिद्धादि शोधन नहीं होता है ।। ७२ ।।

सांख्याश्च वेदान्तपरास्तथैव योगैकनिष्ठा अपि कर्मसिद्धाः
त्वां मूलमायामुपयन्ति चान्ते त्वं तानवन्ती खलु "सिद्धमाता" ।।७३।।

सांख्यदर्शन के विज्ञ और वेदान्त परायण तथा योगनिष्ठ एवं कर्मसिद्ध कर्मठ लोग ये सभी मूलमाया स्वरूपिणी आप ही को अन्त काल में उपस्थित होते हैं और आप ही इनकी रक्षा करती हुई सिद्धमाता कहलाती हो ।। ७३ ।।

यशोऽभिगायँस्तव वृत्तकर्मभिः परिप्रशस्तं मतिशौर्य्यवीर्य्यदम् ।
उपासकस्ते परिपावयन्मनोऽखिलाः प्रवृत्तीः कुरुते "यशस्विनीः" ।।७४।।

हे मा ! आपका उपासक आपके उदात्तकर्म पराक्रम रूप वृत्तकर्मों द्वारा आपका यशगान करता हुवा आपका सुयश सर्वप्रशंसनीय और बुद्धि शौर्य पराक्रम देने वाला है उससे अपने मन को पवित्र करता हुवा अपनी सभी प्रवृत्तियों को यशस्विनी बना लेता है ।। ७४ ।।

"विशुद्धिचक्रनिलयां" विलयाय निजद्रुहाम् ।
त्वां ध्यायतां महेशानि ! जायतां न कथं जयः ॥ ७५ ॥

विशुद्धिचक्र सोलह दल वाले कमल को कहते हैं इसकी कर्णिका में है निलय स्थान जिसका वह विशुद्धि चक्र निलया ऐसी आपको अपने द्रोहियों (रिपुओं) के विलय के लिये ध्यान करने वाले साधकों का जय क्यों न होगा अवश्य ही होगा ॥ ७५ ॥ निलयां विलया तथा ध्यायता जायतां, यमकालंकार है ॥ ७५ ॥

"आरक्तवर्णां" तव पादशोभां निषेव्य संसेव्य समे प्रवालाः ।
माणिक्यकान्तीरवजित्य मातर्वसन्तशीर्षाभरणानिसन्ति ॥ ७६ ॥

हे मातः ! खूब रक्तवर्ण वाली आपके चरणों की प्रभा को सेवन कर कर ये सारे प्रवाल नवपल्लव माणिक्य की कान्तियों को जीतकर वसन्त (ऋतुराजा) के शिर का भूषण बन जाते हैं। ऐसी विशिष्ट आपके चरणों की प्रभा है ॥ ७६ ॥

लोकानपि त्रीन्समकालमम्बिके ! आप्यायितुं पातुमशेषदुःखतः ।
"त्रिलोचना" त्वं जगदादितः सती निजाश्रितेभ्योऽह्यभयं प्रयच्छति॥७७॥

हे अम्बिके ! तीनों भूर्भुवादि लोकों को एकबार ही समान देखने को और पालन तथा सर्व दुःखों से बचाने को आप सृष्टि की आदि से ही त्रिलोचना हुई हो। अर्थात् तीन नेत्र धारण किए हैं। और उनसे अपने आश्रितों को सदा अभय देती रहती हो यह निश्चय है ॥ ७७ ॥

"खट्वाङ्गादिप्रहरणां" शरणागतरक्षिणीम् ।
नुमः कपालाभरणां तरणाय भवोदधेः ॥७८॥

खट्वाङ्ग खाट के पाये जैसा शस्त्र आदि शब्द से त्रिशूल खड्ग शक्ति अंकुशादि सभी ले लेने चाहिए। शस्त्र धारण करने वाली और शरणागतों की रक्षा करने वाली तथा कपालों के आभरण वाली माता भगवती को भवसागर से सन्तरण के लिए हम नमस्कार करते हैं। पादान्त पादादि यमक है ॥७८॥

अलं सखे तवार्तीनां कदनाय महेश्वरी ।
सा श्रियामेकसदना "वदनैक समन्विता" ।।७६।।

हे मित्र ! तुह्मारी पीड़ाओं के विनाश के लिए वह श्रियों की एक ही सदन भवन रूप एक वदन वाली महा ईश्वरी श्री ललिताम्बा ही एक पर्याप्त है ।। अन्य नाना देवों के पास भटकते हो यह व्यर्थ है ऐसा तात्पर्य हुआ ।।७६।।

दैन्यव्याकुलितोऽसि चेदथ यशोलिप्साऽस्ति ते मानसी ।
विद्यां वाऽप्यधिगन्तुमिच्छसि सखे ! नैरोग्यमस्तीप्सितम् ।
अन्यत्कर्म विहाय लोक जननीं तां "पायसान्नप्रियाम्"
क्षीरेणाभ्यवसिञ्च पायसवलिं यच्छन् प्रसन्नां कुरु ।।८०।।

कवि मित्र को उपदेश करता हुआ नाम निर्देश करता है । हे मित्र ! यदि दीनता से व्याकुल हो गये हो, और तुह्मारे मन में सुयश प्राप्त करने की इच्छा है । और विद्या भी पढ़ना चाहते हो । तथा नैरोग्य लाभ भी वांछित है तो सब काम छोड़ कर लोकों को जननी, पायस दूध के बने खीर, खोया पेड़ा, रबड़ी, मलाई अर्थात् पायसान्न से प्रसन्न होने वाली तथा दूध–भात और क्षीर को पसन्द करनेवाली श्री माता को दुग्ध से अभिषेक करो और पायस (ऊपर गिनाए हुए दूध के पदार्थों) का बलि देते हुए प्रसन्न करो ।। शार्दूल विक्रीडित छन्द है ।।८०।।

या प्राणिनामुष्णसुशीतलादिप्रबोधकर्त्री व्यवहारसिद्धा ।
स्पर्शेन्द्रियव्यापृतिमूलभूतां "त्वक्स्थां हि तां शक्तिमहं भजामि ।।८१।।

जो प्राणियों को गरम ठंडे आदि का ज्ञान कराने वाली है, जो व्यवहार में प्रत्यक्ष सिद्ध है । जो स्पर्श इन्द्रिय के व्यापार की मूल भूता है, उस त्वक्स्थित (चर्मस्थित) शक्ति को मैं भजता हूं ।। ८१।।

सतां क्षेमं करी नित्यं भजतामभयं करी ।
कामेश्वरी विजयतां "पशुलोकभयङ्करी" ।। ८२ ।।

सन्तों महात्माओं के सदा क्षेम कल्याण करने वाली और भजते हुए भक्तों को अभय करने वाली तथा पशु लोक (जो शिव शक्ति के अद्वैत विज्ञान से

रहित हैं वे पशु हैं) को भय देने वाली कामेश्वरी भगवती श्री ललिता पराम्बा सदा विजय पाती रहै ।।८२।।

"अमृतादिमहाशक्तिसम्वृतां" षोडशीं पराम् ।
विशुद्धिसंस्थाः पश्यन्ति ये ते धन्या न संशयः ।।८३।।

अमृतादि १६ महा शक्तियों से घिरी हुई परा षोडशी श्री विद्या त्रिपुर सुन्दरी को विशुद्धि चक्र में स्थित हुए जो साधक देखते हैं वे धन्य हैं इसमें कोई संशय नहीं है। सोलह दल वाला कमल चक्र विशुद्धि चक्र कहलाता है। सोलह शक्तियों को सोलह दलों में देखना और मध्य विन्दु में श्री ललिताजी को देखना यह विवेक है ।।८३।।

माथे ! महीयोमहिमप्रशालिनि ! त्वं कालिके क्रूरकपालमालिनि !
कृपाणहस्ता त्वरितं मदीय-पापार्भकेभ्यो भव "डाकिनी"-श्वरी ।।८४।।

हे माये महा महिमा वाली और क्रूर कपालों की माला पहनने वाली कालिके ! कृपाण हाथ में लिए आप शीघ्र ही मेरे पाप रूप बालकों के लिए डाकिनीश्वरी डाइनों की मुखिया डाइन बनो अर्थात् मेरे पापों का नाश करो। विशुद्धि चक्र जो ऊपर बताया है उस पद्म (चक्र) में डाकिनी शक्ति है। ऐसा स्वच्छन्द तन्त्र में कहा है ।।८४।।

"अनाहताब्जनिलयां" चिल्लयाय नु चेतसः ।
चक्रभेदपरा योगप्रवणास्त्वां भजन्त्युमे ! ।।८५।।

हृदय में अनाहत कमल (चक्र) है, उसकी कर्णिका में रहने वाली आपको हे उमे भवानि ! चक्र भेद में लगे हुए योग मार्ग में प्रवीण साधक महामना योगीश्वर ही भजते हैं ।।८५।।

रामाः स्वर्गसदां सुपर्वनिलये कामानवाप्तुं सदा ।
वामाश्चापि नृणां मनोजनिमदोद्दामास्तथेलातले ।
यामाष्टं यमुनाप्रवाहगिरिशग्रीवाऽभिरामास्तनोः
"श्यामा भास" उपासते तव गुणग्रामाभिगानोद्यताः ।।८६।।

स्वर्ग में देवों की अंगनाएं तथा अप्सराएं अपनी कामनाओं की पूर्ति के लिए एवं भूतल पर मानवों की स्त्रियां काम-मद से उद्दाम हुई भोग ऐश्वर्यादि

काम पूर्ति के लिए आठों पहर यमुना के प्रवाह और महादेव के गले की शोभा जैसी आपके तनू मूर्ति की श्याम प्रभाओं की उपासना करती हैं और आपके गुण ग्राम गाने में लगा रहती हैं। अर्थात् आपके गुण गाती उपासना करती हैं ।।८६।। शार्दूलविक्रोडित छन्द है।

प्रवृत्ती गोचरद्वारे बाह्यामाभ्यन्तरां तव।
विदित्वैव वदन्ति त्वां वित्तमा "वदनद्वयाम्" ।।८७।।

गोचर द्वार में इन्द्रिय (विषय द्वार में) वाह्य और आभ्यन्तर बाहरी और भीतरी दोनों प्रवृत्तियों को देख कर ही विद्वान् लोग आपको वदनद्वया दो मुख वाली कहते हैं। एक मुख बाह्य प्रवृत्ति रूप है, दूसरा मुख आभ्यन्तर (भीतरी) प्रवृत्ति रूप है। ऐसे वदनद्वया है ।।८७।।

भूमीपदां गगननाभिमतीं रवीन्दुवह्नी
क्षरणां शिवहृदं श्रुतिनासिकां च ।
"दंष्ट्रोज्ज्वला" मतिबलां द्युतलोत्तमाङ्गीं
मूर्ति तवाम्ब ! भुवनेशि ! वयं नमामः ।।८८।।

हे अम्ब ! भूमि रूप पदों वाली गगन नाभी वाली तथा सूर्य चन्द्र अग्नि मय तीन नेत्र वाली एवं शिव हृदय वाली तथा वेद मय नासिका वाली डाढों से उज्ज्वल चमकती हुई दिव भाग रूप मस्तक वाली आपकी मूर्ति को (विराट रूप में यह ध्यान है) हे भुवनेश्वरि ! हम प्रणाम करते हैं ।।८८।।

त्वा "मक्षमालादिधरां" स्वहस्तैर्वासो वसानां च जपासुमाभम् ।
कामेश्वरालोकितमाधुरीकां सुधास्मिताढ्यां ललितां भजामः ।।८९।।

अक्षमाला जपवटी आदि शब्द से साहचर्य से वर अभय पुस्तक भी समझने चाहिए अपने हाथों में उक्त शस्त्रादि धारण करती हुई और जपापुष्प सा लाल वस्त्र पहने हुए और जिसके मुख की सुधामाधुरी को कामेश्वर निहार रहे हैं सुधा समान मुसकुराहट युक्त आप ललिताम्बा को हम भजते हैं ध्याते पूजते हैं ।।८९।।

या शक्तिः प्राणभृतां शोणितमध्ये स्वयं हि चिद्भूता ।
पुष्णाति सकलदेहं तां मायां "रुधिरसंस्थितां" वन्दे ।।९०।।

जो शक्ति प्राणधारियों के लोहू (खून) में चेतना रूप हो बहती है जिसे धारावाहिनी विद्युत् शक्ति कहते हैं, जो सारे देह के अवयवों को पोष पहुँचाती है, पुष्ट करती है, उस रुधिरस्थिता शक्ति को मैं नमस्कार करता हूं। आर्या छन्द है ॥ ९० ॥

"कालरात्र्यादिशक्त्यौघवृता" या भाति सन्ततम् ।
तां भक्त्या सेवमानानां नः कालकलना कथम् ॥९१॥

जो भगवती कालरात्रि आदि शक्ति समुदायों से सदा संवृता वेष्टित या सेवमान रहती हैं, उस महामाया त्रिपुरसुन्दरी को सेवा भजन स्मरण करते हुए हम पर काल की करतूत कैसे चल सकती है ? कदापि कथमपि नहीं चल सकती। द्वादश दल में कालरात्रि आदि शक्तियां हैं ॥ ९१ ॥

"स्निग्धौदनप्रिया" यास्तव प्रसादाय साधकैः प्रायः ।
घृतशर्करौदनेन स्त्रियो हि सम्पूज्य भोज्यन्ते ॥९२॥

हे अम्ब ! आप स्निग्ध घृतादि से चिकने चुचाते हुए भात आदि से प्रसन्न रहती हो इस कारण आपको प्रसन्न करने के लिए प्रायः उपासक लोग घृतपूर्ण शर्करायुक्त भात (चांवल-मूंग) से सुवासिनियों को पूजकर भोजन कराते हैं। स्त्रियों के उपलक्षण से कुमारिकाएं भी समझिए। अर्थात् स्निग्धौदन से कुमारी भोजन कराने से भी भगवती सुप्रसन्न होती है, यह भावार्थ है ॥ आर्या छन्द है ॥

"महावीरेन्द्रवरदां" त्वां विदित्वा यथोचितम् ।
प्रह्लादश्च महेन्द्रश्च प्रापतुः सुचिरं सुखम् ॥९३॥

महावीरों को और इन्द्र को अथवा महावीर श्रेष्ठों को वरदान देने वाली आपको यथोचित समझ कर प्रह्लाद और महेन्द्र ने उतरां चिरकाल तक सुख प्राप्त किया है ; ब्रह्मरसामृतपान शील साधकों को महाबीर कहते हैं। ब्रह्मविद् इन्द्र कहलाता है, जैसा कहा है–"इदमित्यापरोक्षेण स्वात्मानं ब्रह्माहमस्मीति साक्षात्कुर्वन्ति ते इन्द्राः"। श्रुति में भी लिखा है–"इदमदर्शमिदमदर्श तस्मा इन्द्रो नामेति"। प्रह्लाद और इन्द्र महावीर हैं, देवीभागवत के चतुर्थ स्कन्ध में इन्द्र और प्रह्लाद के युद्ध होने पर दोनों ने ही भगवती की स्तुति कर वर प्राप्त किया है, पीछे चिरकाल तक सुखी रहे हैं, यह कथा मिलती है ॥ ९३ ॥

तवैव सा कला माता "राकिण्यम्बा स्वरूपिणी"।
यन्स्फूर्जनाद्‌बलं प्राणः सुखं जीवः समश्नुते ॥६४॥

हे मातः ! राकिणी अम्बा स्वरूपिणी आप ही की कला है जिसके फुरने से प्राण बल पाता है। और जीव सुख पाता है। अनाहत चक्र में यह राकिणी शक्ति है ॥ ६४ ॥

वदन्ति त्वां प्राञ्चो विमल "मणिपूराब्जनिलयां"।
दशारेब्जे नाभावधि कृतसमानां समबिधिम् ॥
प्रयोगे योगीन्द्रास्तव तनुमवेक्ष्यैव रुचिरां ।
समाधौ सिद्ध्यन्ति ह्यवगलितविघ्नास्त्वयि रताः ॥६५॥

दश दल वाले नाभि पद्म में रहने वाली लाकिनी शक्ति का वर्णन है वह पद्म (चक्र) मणिपूर कहलाता है। आपको प्राचीन योगी साधक नाभि में समान प्राण के ऊपर अधिकारिणी और सम विधान करने वाली कहते हैं। समान प्राण जो भुक्त अन्नपानादि को समान करता है वह आप ही के द्वारा करता है यह भावार्थ हुआ। योगी लोग आपकी इस रुचिर मूर्ति को देख कर समाधि के प्रयोग में निर्विघ्न सिद्धि प्राप्त करते हैं। और आप ही में निरत हुए रहते हैं॥ शिखरिणी छन्द है ॥६५॥

केचिद्योगिप्रवरा नाभौ त्वां नियतमन्तरा दृष्टया।
विद्रुमलेखाललितां "वदनत्रयसंयुतां" हि पश्यन्ति ॥६६॥

हे अम्बिके ! कोई कोई योगि प्रवर आपको नाभि के आकाश में नियत रूप से अन्तर्दृष्टि द्वारा विद्रुम (प्रवाल=मूंगा) की लेखा सरीखी (समान) सुन्दर अरुण प्रभावाली तीन मुख संयुक्त देखते हैं। ऊपर और नीचे तथा मध्य में प्रवाह वाली होने से वदनत्रय संयुक्ता बतलाई है इस विवेक को न भूलिए। आर्या छन्द है ॥६६॥

वज्रादिकायुधोपेतां श्रीमतीं ललितां कलाम्।
त्वां ध्यायतामर्चतां नो मनसः साध्वसं कुतः ॥६७॥

वज्र आदि आयुध वाली आदि से दण्ड अभय वर लीजिए। श्रीमती सम्पत् और ऐश्वर्यवाली ललिता कला आप को ध्याते पूजते हुए हमारे मन को भय कहां से हो सकता है कहीं से भी नहीं हो सकता है ॥६७॥

"डामर्यादिभिरावृता"-सि दशभिः स्वाभिः परा शक्तिभिः
त्वं मातर्भजतां नृणां कलयसे कल्याणमात्यन्तिकम् ।।
ये च त्वां न भजन्ति नैव च तनौ पश्यन्ति योगेक्षया ।
ते त्वामम्ब ! सतीं चितं न हि कदाऽप्याप्तुं भवन्ति क्षमाः।।६८।

डामरी आदि से फट्कारिणी तक दस अपनी पराशक्तियों से आवृत वेष्टित हो हे मातः आप के भजने वाले मनुष्यों का आप आत्यन्तिक कल्याण करती हो। और जो आप को नहीं भजते हैं तथा अपने तनू में शरीर में (हृदय में यह भावार्थ है) योग दृष्टि से भी नहीं देखते हैं, वे सत् चित् रूपिणी आपको कभी प्राप्त करने में समर्थ नहीं होते हैं न होंगे ।। शार्दूलविक्रीडित छन्द ।।६८।।

मुक्ताप्रभामिश्रितविद्रुमोर्वीमिवाम्बिके त्वां दर "रक्तवर्णाम्" ।
ध्यायन्ति नासाग्रदृशो बुधा ये विलोकयन्ति ह्यचिराय ते त्वाम् ।।६९।।

हे अम्बिके ! मुक्ता (मोती को) को प्रभा से मिली प्रवाल (मूंगा की) की भूमि के समान कुछ लाल वर्ण वाली और समुज्ज्वला आपको जो विद्वान् नासाग्रदृष्टि कर ध्याते हैं, वे शीघ्र ही आपका दर्शन प्राप्त कर लेते हैं ।।६९।।

सर्वत्र सम्व्याप्तिमुदाहरन्त्यपि पराम्बिके त्वं कलयैकया स्वया ।
शरीरिणां सम्परिपोषणाय भवस्यजस्रं किल "मांसनिष्ठा" ।।१००।।
आदितः ५००

हे अम्बिके ! सब जगह अपनी व्याप्ति का उदाहरण देती हुई भी आप अपनी एक कला से शरीरधारी प्राणी गणों के पोषण करने के लिये निरन्तर मांस निष्ठा हो मांस में रहने वाली शक्ति हो ।।१००।।

---

## षष्ठं शतकम्

गौडीसुधाढ्यं दत्त्वा ते गुडपक्वान्नजं बलिम् ।
त्वाम्प्रीणयन्ति सुधियो "गुडान्नप्रीतमानसाम्" ।। १ ।।

गुड़ की बनी सुधा सहित तथा गुड़ से बना पक्वान्न, अपूप, पूआ, सीरा लपसी, आदि का बलि देकर विद्वान् लोग आपको प्रसन्न करते हैं क्यों कि आप

गुड़ान्न प्रीत मानसा हो अर्थात् गुड़युक्त अन्न से आपका मन प्रसन्न होता है ।।१।। अनुष्टुप् छन्द है ।

"समस्तभक्तसुखदां" देवीं त्रिपुरसुन्दरीम् ।
स्मृत्वैव मानवाः सर्वे तरन्ति विपदोऽखिलाः ।। २ ।।

सभी भक्तजनों को सुख देने वाली त्रिपुर सुन्दरी देवी आपको स्मरण करके ही सब मानव सभी विपदाओं को पार करते है ।। २ ।।

"लाकिन्यम्बास्वरूपिण्य"-सि निजकलया प्राणिनां नाभिचक्रे
मातर्विश्वेश्वरि त्वं जयसि जलधिजाभावमुल्लासयन्ती ।
तान्त्वां तान्तां नितान्तं कमलविसलतातुल्यमूर्तिं वहन्तीं
ध्यायन्तः सन्त एव त्वधिकलितसुखाः सर्वबन्धाँस्त्यजन्ति ।। ३ ।।

हे मातः आप लाकिनी अम्बा हो, अपनी कला से प्राणियों के नाभि चक्र में रहती महालक्ष्मी के भाव प्रकाशित करती हो। हे विश्वेश्वरि ! नितान्त पतली कमल की विसलतातुल्य मूर्ति धारण करती हुई आपको ध्याते हुए सन्त ही सुख के ऊपर अधिकार करते हैं और सभी बन्धनों को छोड़ देते हैं । स्रग्धरा छन्द है ।। ३ ।।

"स्वाधिष्ठानाम्बुजगतां" योगिनीरूपतः स्थिताम् ।
साधका योगनिष्ठास्त्वां पश्यन्ति परमेश्वरीम् ।। ४ ।।

हे अम्बिके—स्वाधिष्ठान कमल में जो षट् ६ पत्र वाला कमल है, उसमें प्राप्त और योगिनी रूप से विराजित आप परमेश्वरी को योग निष्ठ साधक देखते हैं ।। ४ ।।

दिशश्चतस्रोऽपि च तत्र संस्थितान् स्वसाधकेन्द्रान्युगपत्समीक्षितुम्
कृपामयीं दिव्यदृशं वहन्ती मातश्चतुर्वक्त्रमनोहराऽसि ।। ५ ।।

हे मातः चारों दिशाओं को और उन दिशाओं में स्थित अपने साधकों को एक काल में देखने के लिए कृपामयी दिव्य दृष्टि को धारण करती हुई आप चार (४) मुखों से मनोहर हुई हो । चतुर्वक्त्र ब्रह्मा के मन को हरण करने से भी चतुर्वक्त्र मनोहरा, यह नाम सिद्ध है ।। ५ ।।

"शूलाद्यायुधसम्पन्नां प्रपन्नार्तिहरीं शिवाम् ।
शरणं कुर्वतां नृणां सरणिः सर्वतः सुखा ।। ६ ।।

त्रिशूल आदि आयुध सहिता आदि से दण्ड कपाल और अभय समझने चाहियें प्रपन्न शरणागत पुरुषों की पीड़ा हरण करने वाली कल्याण कारिणी आपको शरण बनाने वाले मानवों का मार्ग सब तरफ से सुखदायक होता है।।६।।

प्रपन्नपारिजातां त्वां "पीतवर्णां" परेश्वरीम् ।
पूजयत्सु प्रवीणेषु पतेत्परिभवो न हि ।। ७ ।।

शरणागत जनों के लिये कल्प वृक्ष रूप अर्थात् मनोभीष्ट फल देनें वाली। पीले वर्ण वाली परा ईश्वरी आपको पूजते हुये प्रवीण पुरुषों पर कभी कोई प्रकार का परिभव नहीं पड़ता है । पकारानुप्रास मनोरञ्जक है ।। ७ ।।

रहस्ययोगे त्रिपुराभिधाम्बिकां ये तर्पयन्ति स्वभुवा सुमेन वै ।
उपासकेष्वेषु तिलोत्तमासमाः कान्ताः प्रमुह्यन्त्य "तिगर्विता" अपि ।।८।।

रहस्य योग में इसका संकेत पहले भी कर आये हैं और यह विशेष तथा गुरुमन्त्र ही है । चक्र पूजा दूतीयाग शक्ति साधना लता योग आदि रहस्य योग ही हैं। इनका विधान गुरुमुख से प्राप्त करना ही श्रेयस्कर होता है। त्रिपुरा माता को जो साधक स्वयं भू-पुष्प से तृप्त करते हैं, उन उपासकों पर तिलोत्तमा समान रूप से अति गर्व रखने वाली भी स्त्रियां स्वयं मुग्ध होती रहती हैं ।।८।।

विश्वाधीशामम्बिकां त्वां प्रपूज्य ध्यात्वा होमं साधयन्तो विडङ्गैः ।
प्राज्ञाः स्वेषामेवमाहो परेषां "मेदोनिष्ठा"-मार्तिमुत्सारयन्ति ।। ९ ।।

हे अम्ब ! विश्व की एक अधीश्वरी आप अम्बिका को प्रकर्ष से अच्छे वैभवानुकूल उपचारों से पूज कर यह भावार्थ हुआ । विडङ्ग नाम औषध विशेष से हवन कर्म करते हुए साधक जन अपनी और अन्यान्य सेवकों यजमानों की भी मेद बढ़ने की पीड़ा का मेदःस्थ रोगों को दूर कर देते हैं ।।९।।

मखैर्विष्ण्वादीनां गमयथ वृथा किं धनमहो
व्रतैराहो क्लेशं कलयथ तनूशोषणकरैः ।
भवानीं तामेकां भुवनजननीं किं न भजथ
"मधुप्रीता" या वः सकलमभिलाषं वितरति ।।१०।।

हे लोको! विष्णु आदि अन्यान्य देवों के यज्ञ कर कर क्यों धन को वृथा गमाते हो, और क्यों व्रत उपवासों से जो शरीर शोषण करने वाले हैं वृथा ही क्लेश पाते हो। उस एक भुवन जननी भवानी को ही क्यों न भजते हो जो मधुमात्र से प्रसन्न हुई, सम्पूर्ण अभिलाषाएं पूर्ण कर देती हैं। मधु=मद्य से प्रीता प्रसन्ना मधु प्रीता है। यहां "स्वल्पेन सिद्धचत् कार्यं बहु व्ययेन साधयन्तो बालिशाः" इस न्याय से वे अबोध मन्द ही सिद्ध होते हैं जो बहु व्यय वाले यज्ञ करते हैं और केवल मधुमात्र से प्रसन्न होने वाली जगदम्बा को नहीं भजते हैं।। शिखरिणी छन्द है ।।१०।।

प्रथमायां भूमिकायां योगिनो बन्धसिद्धये।
ध्यायन्ति प्रणमन्ति त्वां "वन्धिन्यादिसमन्विताम्" ।।११।।

हे मातः! योगी लोग प्रथमा भूमिका में प्राणायाम परायणता में बन्धों की सिद्धि के लिये उड्यान जालन्धर मूलवन्धादि की सिद्धि के लिए । बन्धिनी आदि लम्बोष्ठी तक ६ शक्तियों सहित आपको ध्याते और प्रणाम करते हैं ।। अर्थात् बन्धिन्यादिसमन्विता आपका ध्यान करने से योग बन्ध तीनों शीघ्र ही सिद्ध हो जाते हैं ।।११।।

"दध्यन्नासक्तहृदयां" सदयामभयप्रदाम्।
बटकैर्दधिभक्तैस्त्वां यजन्ते वेदमानिनः ।। १२ ।।

वेदको मानने वाले वेदानुकूल आपका यजन करने वाले मानव साधक दयावान् और अभय प्रदान करने वाली आपको दधि भक्त दही-भात और दही मिले बड़े पकोड़े एवं दही मिश्रित अन्न से आपका यजन करते हैं क्योंकि आप दध्यान्नासक्तहृदया हो ।।१२।।

मातस्त्वं "काकिनीरूपधारिणी" स्वाधि-संस्थिता।
साहाय्यदा योगभाजां दीपिकेव पथि स्थिता ।। १३ ।।

हे मातः! आप काकिनी शक्ति रूप धारिणी स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित हुई, मध्य मार्ग में स्थित दीपिका की समान (स्वाधिष्ठान भी मार्ग में चक्रों के मध्य में आता है) या यों समझना चाहिये मूलाधार और मणिपूर के बीच में दीपिका, जैसे बीच में रखी हुई दीपिका दोनों ओर प्रकाश करती है वैसे योगियों को सहायता देने वाली हो ।।१३।।

"मूलाधाराम्बुजारूढां" यस्त्वदीयां कलां यजेत् ।
तस्य सर्वे समारम्भाः श्रेयोमूला भवन्ति हि ।। १४ ।।

जो साधक मूलाधार कमल पर आरूढ़ विराजित आपकी कला (साकिनी) शक्ति को यहां चतुर्द्दल (चार पंखुड़ियों का कमल है उस पर साकिनी शक्ति रहती है) योग मार्ग से ही यजन साधन करता है, उस साधक के सभी समारम्भ (कार्य) श्रेय मूलक कल्याण करने वाले होते हैं ।।१४।।

अये त्रिपुरसुन्दरि प्रियशिवस्य पंचाननैः
निजस्तुतिमनुत्तमां युगपदुद्गतां शृण्वती ।
प्रशस्तिमनुभाषितुं त्वमपि चैककालं स्वयं
प्रमोदभरपूरिता भवसि "पञ्चवक्त्रा" ध्रुवम् ।।१५।।

अये त्रिपुर सुन्दरि ! प्रिय शिव के पांचों मुखों से अपनी उत्तमोत्तम स्तुति (गुण-गान) एक कालावच्छेद से गाई हुई सुन कर उनकी प्रशस्ति में साधुवादादि कहने को प्रमोदभर से पूर्ण हुई आप भी एकबार में पांच प्रशंसा वाक्य कहने को पांच मुख धारण करती पंचवक्त्रा बनती हो ।। हेतूत्प्रेक्षा अलंकार हुआ ।।१५।।

अस्तु स्वस्तिकरी सर्वप्राणिना-"मस्थि-संस्थिता" ।
या देहमूलमध्यास्ते शक्तिर्ब्रह्माण्डपिण्डवत् ।। १६ ।।

सभी प्राणियों के अस्थिगता हड्डियों में प्राप्त हुई वह शक्ति सभी प्राणियों का कल्याण करती है। जो शक्ति देह के मूल में मूलाधार चक्र में वैसे अधिष्ठित रहती हैं जैसे सारे ब्रह्माण्ड पिंड में रह कर उसे धारण करती है और ब्रह्माण्ड पिंड के केन्द्र में रहती है ।।१६।।

"अंकुशादिप्रहरणा"-न्यपि यो मनुते न तम् ।
मनोगजं मे त्वत्पादमालानं नय सत्वरम् ।। १७ ।।

हे मा ! जो अंकुशादि शस्त्रों को नहीं मानता है, आदि से कमल पुस्तक और ज्ञान मुद्रा समझिए, गज पक्ष में अंकुश के साथ बरछी कुंजा बाण आदि हाथी के वश करने के साधन लीजिए, ऐसे मेरे मनरूप हाथी को आपके चरण रूप आलान से बांध लीजिए। हाथी के पैर बांधने के खम्भ को आलान कहते हैं। रूपक अलंकार हुआ है ।।१७।।

योगक्रियारभकाले "वरदादिनिषेविताम्" ।
ये त्वां ध्यायन्ति तानेव वृणते सिद्धयोऽखिलाः ॥ १८ ॥

हे भगवति ! योगक्रिया के आरम्भ में, वरदादि शक्तियों से सेव्यमान समन्वित आपको जो ध्याते हैं उन्हीं को सब सिद्धियां वरती है । वरदा शक्ति सरस्वती तक ४ शक्तियों से समन्वित हैं । यह मूलाधार चार पत्रों का कमल है इसमें साकिनी शक्ति का ध्यान है ॥१८॥

"मुद्गौदनासक्तचित्तां" यः केदारगतो यजेत् ।
अन्नपूर्णेव भवती वहुव्रीहिं करोति तम् ॥ १९ ॥

मूंग सहित भात(चावल) में आसक्त चित्त वाली आपको जो केदार में (क्षेत्र में) अथवा अपने शरीर में क्षेत्र भावित कर उसमें अन्तर्याग करते हैं वैसे मानसिक भाव से जो आप का यजन पूजन करता है या द्रव्य पूजामें मूंग चावल का अन्न घृत शर्करा पूर्ण कर बलि करता है उसे आप अन्नपूर्णा की समान बहुव्रीहि बहुत धान्य सम्पत् वाला बना देती हो । अर्थात् उसके खेत में अतुल अन्न राशियां पैदा होती हैं । अन्नपूर्णा भगवती जैसे भक्त को अन्न पूर्ण करती है वैसे, उपमालंकार हैं बहुव्रीहि समास का नाम भी है । बहुव्रीहि इस पद में बहुव्रीहि समास ही है ॥१९॥

अन्तर्दृशा स्वमूले "साकिन्यम्बास्वरूपिणीं" त्वां ये ।
प्रध्यायन्ति हि तेषां वश्यास्ता योगधारणाः सर्वाः ॥ २० ॥

जो योगाभ्यास करते हुए योगी जन साधक अपने मूलाधार में साकिनी अम्बा स्वरूपिणी आपको ध्याते हैं, उनके सभी योग की धारणाएं वश्य होती हैं, अर्थात् उनको योग धारणाएं स्वतः सिद्ध होती है ॥२०॥ आर्या छन्द है ।

"आज्ञाचक्राब्जनिलयां" त्वां ये विश्वेश्वरीं शिवाम् ।
चिन्तयन्ति तदादेशान्के न मूर्ध्नि धरन्त्यहो ॥ २१ ॥

आज्ञा चक्र रूप कमल में रहने वाली भ्रूमध्य में आज्ञा चक्र है वहां द्विदल कमल है, (दो पत्तियों का कमल है) उसमें रहने वाली हाकिनी नाम शक्ति है उसका वर्णन है । विश्व की ईश्वरी कल्याण करने वाली आपको जो भ्रूमध्य से

उक्त आज्ञा चक्रस्थिता चिन्तन करता है, उसके आदेश आज्ञाओं को कौन शिर पर धारण नहीं करता अपि तु सभी उसकी आज्ञा मानते हैं ।।२१।।

महेश्वरि त्वं किल शुक्लवर्णा हंसीव यन्मानसमध्यमेत्य ।
संक्रीडसे तस्य तु कास्त्यपेक्षा तीर्थाटनध्यानतपोव्रतानाम् ।।२२।।

हे महेश्वरि ! आप शुक्ल वर्ण वाली हंसी राजहंसी की समान जिस भक्त के मन रूप मानसरोवर के बीच प्राप्त हो कर विहार करती हो उस साधकेन्द्र को तीर्थाटन ध्यान तप और व्रतों की क्या आवश्यकता है ? कुछ भी अपेक्षा नहीं है, उसने आपको पाकर सब कुछ पालिया है । अर्थात् सब तीर्थ ध्यान तप व्रतों का फल आप ही हो ।।२२।।

ऐश्वर्य्याणि षडाहुरत्र विबुधास्तान्येककालं गिरा
भक्तेभ्यो हि वरप्रदानसमये वक्तुं कृपापूरिता ।
नूनं रम्य-"षडानना" भगवति ! त्वं जायसे शाम्भवि !
भृत्येभ्यो भगवत्पदं च ददती केनोपमेयासि भो ! ।। २३ ।।

हे भगवति ! संसार में पंडित लोग छः ऐश्वर्य बतलाते हैं– ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान, और वैराग्य, तथा विद्या अविद्या उत्पत्ति प्रलय जीवों का आना जाना, इन छः ज्ञानों को ऐश्वर्य कहते है । उक्त छहों ऐश्वर्यों को भक्तों के वरदानकाल में एक ही साथ बोलने को कृपापूर्ण हो आप निश्चय ही छः मुख वाली बन जाती हो । हे शाम्भवि भृत्यों को भगवत् पद प्रदान करती आपको किसकी उपमा दी जाय यह समझ में नहीं बैठता है । यहां हेतूत्प्रेक्षालङ्कार हैं और उसके साथ अनन्वयालङ्कार की ध्वनि है । शा्ऱ्दूल विक्रीडित छन्द है ।।२३।।

पुष्टिं प्राप्तुं वाञ्छसि त्वं सखे चेदुत्कृष्टं चेल्लब्धुकामोऽसि वर्णम् ।
तन्मेवाचं निश्चितार्थां विदित्वा "मज्जासंस्थां" देवतां मावमंस्थाः ।।२४।।

किसी मित्र को उपदेश करते हुए नामार्थ और प्रकारान्तर से प्रभाव बतलाते हैं । हे मित्र ! यदि तुम पुष्टि शरीर का पोषण प्राप्त करना चाहते हो, और सब से अच्छा शरीर का वर्ण रङ्ग भी चाहते हो, तो मेरी निश्चित अर्थ वाली बात को समझ कर मजा में संस्थित रहने वाली देवता भगवती शक्ति का अपमान मत करो । शालिनी छन्द है, लक्षण पूर्व कहा है ।। १४ ।।

हसन्ती या "हंसवतीमुख्यशक्तिसमन्विता"।
सा योगिनी वरिष्ठाम्बा ह्याज्ञासिद्धिं ददातु मे ॥ २५ ॥

जो हँसती हुई हंसवती और क्षमावती दो शक्तियां आज्ञा चक्र में हैं मुख्य हंसवती है, इस कारण हंसवती मुख्य शक्ति समन्विता, ऐसी वह योगिनी वरिष्ठ श्रेष्ठ अम्बा अर्थात् हाकिनी रूपा अम्बा (यह नाम आगे २७ वें नाम में आवेगा) मुझे आज्ञा सिद्धि देवे ॥ २५ ॥

"हरिद्रान्नैकरसिका" योगिनी भ्रु युगासना।
कृषरान्नेन बलिना प्रीयमाणा श्रियेऽस्तु मे ॥ २६ ॥

वहीं आज्ञा चक्र में (जो भौंहों के बीच में है) भ्रुकुटी युग में बैठने वाली हलदी प्रधान पीला भात पाने की एक ही रसिक, अत एव कृषरान्न ( खिचड़ी ) पूर्ण बलिदान से प्रसन्न की गई वह योगिनी माता मेरे लिए श्री प्रदान करने वाली होवे ॥ २६ ॥

ललिते ! त्वत्कलैवैषा "हाकिनीरूपधारिणी"।
भूत्वा जगदिदं स्वाज्ञा-वशे चालयतेऽखिलम् ॥ २७ ॥

हे ललिते ! आपकी यह कला ही हाकिनी रूप धारण कर इस सारे संसार को अपनी आज्ञा के वश में अर्थात् आज्ञा से चला रही है। आज्ञा चक्र में मनोधारणा से और हाकिनी रूपा योगिनी अम्बिका का ध्यान करते रहने से साधक की आज्ञा सिद्ध हो जाती है। उसकी आज्ञा को कोई निषिद्ध नहीं कर सकता है ऐसा योग में लिखा है ॥ २७ ॥

"सहस्रदलपद्मस्थां" महालक्ष्मीस्वरूपिणीम्।
त्वामम्ब ! ध्यायतां शीघ्रं दारिद्र्यं क्वापि लीयते ॥२८॥

हे अम्ब ! हजार पत्तों वाले कमल में बैठने वाली महालक्ष्मी रूपा आप का ध्यान करने वाले साधकों का दारिद्र्य शीघ्र ही कहीं भी विलय हो जाता है। यह सहस्र दल पद्म ब्रह्मरन्ध्र में मस्तक के मध्यभाग में है, इसमें याकिनी नाम योगिनी शक्ति है ॥ २८ ॥

धन्यास्त एवात्र भवानि भव्ये भद्रं तदंघ्रिव्यसनानुवर्ति।
येषां चिरं चेतसि "सर्ववर्णो-पशोभिता" त्वं त्रिपुरे विभासि ॥२९॥

हे भवानि ! हे भव्ये मङ्गल रूपिणि ! वे ही मानव धन्य है और उन ही के पैर पड़ने के अनुसार भद्र (मङ्गल) चलता है, अर्थात् जहां जहां उनके चरण पधारते हैं वहीं मङ्गल होते रहते हैं। जिनके चित्त में हे त्रिपुरे ललिताम्ब ! सभी वर्णों से आदि क्षान्त वर्णमातृका के अक्षरों से और सभी प्रकार के रङ्गों (श्वेत, रक्त, पीला, कृष्ण, पाटलादि) से उपशोभित हुई आप प्रकाशित होती हैं। सभी वर्ण वाली होने का प्रमाण वस्त्र भूषणादि की प्रभाओं से रङ्गों से तथा मध्यम चरिताधीश्वरी महालक्ष्मी के वर्णनानुसार श्वेतानना, नील भुजा सुश्वेत स्तनमण्डला, रक्तमध्या इत्यादि से, विचित्र वर्णवती समझिए ॥ २९ ॥

स्तुता सर्वैर्देवैरपि च बहुधा पूजितपदा
भवानि त्वं ध्याता सुनियतमनोभिर्मुनिवरैः।
लसद्वस्त्राभूषाऽप्यमितभुज-"सर्वायुधधरा"
प्रसन्नास्या ह्याविर्भवसि भविकायैव जगताम् ॥३०॥

हे भवानि ! आपको सभी देव और अपि से दानव भूतादि भी बहुधा विशेष कर सदा ही स्तुति करते रहते हैं, और पूजते रहते हैं। तथा नियत मन वाले मुनीश्वर भी आपका ध्यान करते रहते हैं। ऐसी आप वस्त्र भूषणों से चमकती हुई अनेक भुजाओं में सब प्रकार के आयुध धारण करती प्रसन्न मुख पद्म संयुता निश्चय ही जगत् के कल्याण के लिए प्रकट होती हो ॥ ३० ॥

शुक्लाम्बरां शुक्लसुमाल्यधारिणीं त्वां चिन्तयन्तः किल "शुक्रसंस्थिताम्"।
अहो ! रहस्तर्पणमाचरन्ति ये ते त्र्यम्बकन्ति त्रिपुरेऽच्युतन्ति च ॥ ३१ ॥

अहो त्रिपुरे श्रीललिताम्ब ! शुक्ल वस्त्र पहने शुक्ल ही पुष्प चन्दनाभरण धारण करने वाली आपको शुक्र (वीर्य) में संस्थित हुई चिन्तन करते हुए जो साधक रहस्तर्पण करते हैं वे महादेव बनते हैं, और वे ही अच्युत विष्णु बनते हैं। इस नाम में शुक्ल पाठ भी है। उसका अर्थ—रमणकालीन ध्यानविशेष की शुक्ल संज्ञा है उसमें स्थित ऐसा करो। यही भविष्योत्तर पुराण में भी दिया है॥३१॥

त्वदेकतानास्त्वयि सर्वभाना जयन्ति ते केऽप्यवलोकमानाः।
त्वां सर्वतःस्फूर्जितपाणिपल्लवां सर्वत्रपादामपि "सर्वतोमुखीम्"।३२।

हे मा ! आप ही में एकतान लौ लगाए हुए, आप ही में सब जगत् का भान जिनको होता है ऐसे वे कोई भी सन्त महात्मा लोग जो आपको सब तरफ सब दिशाओं में हाथों वाली और सभी तरफ चरण रखने वाली तथा सब तरफ सभी दिशाओं में मुख वाली आपको देखते रहते हैं ॥ ३२ ॥

त्वां पायसहरिद्रादिसिद्धान्नबलिदानतः ।
"सर्वौदनप्रीतचित्तां" धन्या धिन्वन्ति नेतरे ॥ ३३ ॥

हे मा ! सब प्रकार के ओदन (भात) में प्रसन्न रहने वाली आपको पायस दूध भात और हलदी से सिद्ध-(आदि शब्द से गुड़ मुद्ग आदि भी लेलें) अर्थात् सभी प्रकार के सिद्धान्न के बलिदान से धन्य पुरुष ही प्रसन्न करते हैं और नहीं कर सकते हैं ॥ ३३ ॥

"याकिन्यम्बास्वरूपिण्य"-पि विलसति या योगिनी ब्रह्मरन्ध्रे
मूर्धन्यब्जे सहस्रच्छदवति विमले सा त्वमेवासि मातः ।
ध्यायन्ति त्वां स्वयोगव्यपगमितमलास्तत्स्वरूपस्थितां ये
ते सत्यं युक्तयोगास्त्वयि गतमनसो ब्रह्मयूषं स्वदन्ते ॥ ३४ ॥

हे मातः ! शिर पर ब्रह्मरन्ध्र में हजार पत्र वाले विमल कमल में जो याकिनी अम्बास्वरूपिणी योगिनी विराजती है वह आप ही हो । जो युक्त योग वाले योगी साधक जिनने योग से अपना सकल मल दूर किया है वे उस याकिनी रूप में स्थित आपका ध्यान करते हैं । सचमुच वे आप में मन को विलीन कर ब्रह्म यूष के आस्वाद में लगे हैं ॥ ३४ ॥

स्वस्मिन्नह्वोसि तस्मादुत जननि ! निजान्वेत्सि पुष्णासि तस्मात्
त्वां "स्वाहां" नामवेद्यां स्वमनसि मनुजा ये समर्चन्ति भक्त्या ।
तेषां यज्ञाः समस्ता अतुलसुखफला राजसीं सिद्धिमत्र
यच्छन्तोऽमुत्र लोकेऽप्यमरपदमहो शाश्वतं प्रापयन्ति ॥ ३५ ॥

अहो जननि ! आप अपने लोकों को अपने में बुलाती हो । अपने भक्तों को ज्ञान कराती हो जानती हो, स्वयं प्राप्त होती उन्हें जानती हो, उनका पालन-पोषण करती हो, इस कारण से स्वाहा नाम से ख्यापनीया आपको जो मनुष्य

भक्ति से पूजते हैं, उनके सभी 'यज्ञ' याग 'जप' होमादि अतुल सुखफल देने वाले होते हैं, यहां राजसी सिद्धि देते हुए परलोक में भी उन्हें शाश्वत अमर पद में पहुंचा देते हैं ।। ३५ ।।

यन्नामदत्तानखिलान्निवापान् श्राद्धादिषु द्राक् पितरः स्वदन्ते ।
तां त्वां "स्वधां" ये मनुजा यजन्ति यच्छन्ति तेभ्यः पितरोऽभिलाषान् ।३६।

हे मा ! जिस नाम से दिये हुए निवापों (पितरों को दिया दान निवाप कहलाता है "पितृ दानं निवापः स्यात्" अमरकोष) को श्राद्धों में, (आदि से तर्पणों में) पितर स्वाद लेते हुए खाते पीते हैं, उस स्वधारूपिणी आपको जो मनुष्य पूजते भजते हैं। प्रसन्न हुए पितृगण उनकी सभी अभिलाषाएं पूर्ण कर देते हैं ।। ३६ ।।

तव द्वितीयां तनुमप्यविद्यां यां केऽपि विज्ञा "अमतिं" वदन्ति ।
यस्या उपास्तेः समनन्तरं त्वां विद्याविशेषां सुधियः स्वदन्ते ।। ३७ ।।

हे भगवति ! आपकी दूसरी मूर्ति अविद्या है जिसे कितने ही विशेषज्ञ विद्वान् लोग अमति कहते हैं। जिसकी उपासना के अनन्तर विद्या विशेष रूपिणी आपको सुधी लोग अनुभव के साथ भजते हैं ।। ३७ ।।

यां "मेधां" सुरसत्तमाश्च पितरश्चोपासते सन्ततं
या शास्त्राण्यखिलानि तत्त्वसहितान्यन्तर्दधाति स्वयम् ।
तां त्वां ये समुपाश्रयन्ति भवतीं बुद्धिं विशेषाश्रयां
ते ज्ञाताऽखिलशास्त्रसारपरमा ह्याप्ता भवन्ति ध्रुवम् ।।३८।।

जिस मेधा, को (मेधा एक प्रकार की बुद्धि भेद है जिसे धारणा वाली भी कहा है) ('धीर्धारणावती मेधा' अमरकोष) यही विशेष बुद्धि भगवती का रूप है। "मेधासि देवि विदिता खिलशास्त्रसारा" दुर्गा सप्तशती। ऐसी आप मेधा को सुर श्रेष्ठ और पितर भी सदा उपासते हैं। भजते पूजते हैं। और जो मेधा तत्त्व सहित सभी शास्त्रों को अपने अन्तर धारण करती है। ऐसी आपको जो मनुष्य विशेषाश्रय वाली बुद्धि समझकर आश्रय करते हैं वे सभी शास्त्रों का सार जाने हुए सभी पुरुष आप्त ( प्रामाणिक ) बन जाते हैं यह बात ध्रुव है ।। ३८ ।।

"श्रुति"-स्वरूपा श्रवणस्थिताऽपि संश्रूयते या निगमागमेषु ।
सा त्वं महेशानि ऋचो यजूंषि सामानि सर्वाणि भवस्यमोघे ! ।।३६।।

जो श्रुति स्वरूपिणी है, श्रवण में स्थित शक्ति है, जो वेद और पुराण तन्त्रादि में सुनी जाती है । हे महेश्वरि ! हे अमोघे ! सफलता देने वाली वह ऋक् यजुः और साम (वेद) सभी आप ही होती हो ।। ३६ ।।

हृद्दुत्पुनीते दुरितं धुनीते दुःखं लुनीते च सुखं सुनीते ।
पुण्या "स्मृतिः" श्रीललिताम्बिकायाः किं किं न सम्पूरयतेऽभिलाषम् ।४०।

श्री ललिताम्बिका की पुण्य पावन मंगलमयी स्मृति (स्मरण) किस किस अभिलाषा को पूर्ण नहीं करती है अपि तु सभी की सब अभिलाषाओं को पूर्ण करती है—जैसे मन को हृदय को पवित्र बनाती है, पाप को दूर करती है । दुःखों को काटती है । सुख को उपजाती है इत्यादि ।। ४० ।।

श्रिया गुणैर्वा यशसा प्रभावैः कारुण्यतो विक्रमतो महिम्ना ।
अन्या त्रिलोक्यां न हि देवता या "अनुत्तमाया"स्तव साम्यमीयात् ।।४१।।

श्री से शोभा और ऐश्वर्य सौन्दर्यादि से, गुणों से, औदार्य्य दयादाक्षिण्यादि से यश दानव संग्राम जयादि जन्य कीर्ति से पराक्रम से, प्रभाव प्रभुता से, कारुण्य से, पराक्रम से और महिमा से भी त्रिलोकी में अनुत्तमा जिसकी अपेक्षा कोई उत्तम नहीं हो वह अनुत्तमा ऐसी देवता आपसे दूसरी कोई देवता समता बराबरी नहीं कर पाती है ।। ४१ ।।

मातस्तवौदार्यभृतां गुणानां नाम्नामहो पातकपावनानाम् ।
पुण्यप्रदं कीर्तनमस्ति तस्मात् त्वं "पुण्यकीर्तिः" प्रथिताऽसि लोके ।४२।

हे मा आपके उदारता पूर्ण गुणों का और आश्चर्य कारक-पातकों के पावन करने वाले नामों का कीर्तन (स्मरण पूर्वक गायन वर्णन) अधिकाधिक पुण्य प्रदान करने वाला है इस कारण आप पुण्य कीर्ति नाम से लोक में प्रसिद्ध हुई हो ।। ४२ ।।

भक्तिस्तव प्राक्तन-"पुण्यलभ्या" नृणां रजोरागमलाबिलानाम् ।
कदापि नोदेति मनःसु मातरमाम्बरे चान्द्रमसी कलेव ।। ४३ ।।

हे मातः ! आपकी भक्ति बड़े पुराने पूर्व जन्म के कमाए पुण्यों के द्वारा मिलने योग्य है। यह रजस् राग जन्यमल से दूषित हृदय वाले मनुष्यों के मन मे कैसे नहीं उगती है जैसे अमावास्या के आकाश में चन्द्रमा की कला नहीं उगती है ॥ ४३ ॥

* यदि वांछसि शुचि सुयशो रजनीपतिबिम्बतुल्यं त्वम् !
स्वदितुमिच्छसि ब्रह्मरसायनं निशम्य तदिदानीं मे वाचमुपास्स्व ।
ललितां "पुण्यश्रवणकीर्तनाम्" ॥ ४४ ॥

हे मित्र ! यदि तुम चाँद जैसा निर्मल यश चाहते हो और ब्रह्म ज्ञान रूप रसायन पीना स्वाद लेना चाहते हो तो मेरी इस वाणी को अभी सुनो और जिसका श्रवण और कीर्तन पुण्यप्रद है अर्थात् पावन बनाने वाला है ऐसी भगवती श्री ललिता महाराज्ञी की उपासना करो ॥४४॥

"पुलोमजार्चिता"-ऽङ्घ्रिपद्मयुग्मकां विचिन्त्य च
प्रणम्य पूजयन्ति ये जनाः सनातनीं शिवाम् ।
भवन्ति ते महामहीश्वरैरजस्रमर्चिताः
स्वमूर्धनि प्रधूयमानशुभ्रपंचचामरम् ॥ ४५ ॥

जो मानव इन्द्राणी से पूजे गये चरण कमल वाली सबकी आदि होने से सनातनी, शिवा भवानी दुर्गा को प्रणाम कर पूजते हैं वे महान् महान् राज राजेन्द्रों से निरन्तर पूजे जाते हैं। और उनके शिर पर ५ पांच चामर घुमाये जाते हैं ऐसे सम्मानित हुए वे रहते हैं ॥ जरौ जरौ जगाविदं वदन्ति पंचचामरम् इस लक्षण से यह पंच चामर छन्द है ॥४५॥

कारानिबद्धा अपि "बन्धमोचनीं" विज्ञाय मातर्मनसि स्मरन्ति ये ।
विच्छिद्य तेषां निगडान्यरं तान्, अबोधवन्धादपि मोचयस्यहो ॥ ४६ ॥

हे मातः ! जेल में बन्ध प्राप्त भी जो मानव आपको बन्ध मोचनी सभी बन्धों को छुडाने वाली जान कर समझकर मनमें स्मरण करते हैं उनके

---

*यह छन्द पद चतुरूर्ध्व नाम अनुष्टुप् है। इसका नाम अमृतधारा भी है। "प्रथमस्य विपर्य्या से मंजरी लवली अमृतधाराः" इस पिंगलसूत्रोदित लक्षण से ॥

वहां जेल की शृंखलाओं को काट देती हो। और आश्चर्य है कि उनके अज्ञान बन्धों को भी काट देती हो ।।४६।।

वेशे शबर्यास्तव "बर्बरालका" गर्वापहा बर्हभरस्य केकिनाम् ।
प्रमोदयन्तोऽपि महेशितुर्मनो निजश्रिया मोहमुपानयन्त्यहो ।।४७।।

हे मा ! शवरी के वेश में आपके बर्बर भुरभुरे बिखरे से केश मोरों की पूंछ भार के गर्व दूर करने वाले हैं वे महेश के मानस को मुदित करते हुए भी अपनी शोभा से उसे मोहित भी करते रहते हैं ।।४७।।

परप्रकाशे परमात्मनि त्वं स्वाभाविकी संस्फुरणासि मातः ।
त्वामेव विज्ञाय "विमर्षरूपिणी"-मानन्दसारूप्यमुपैति साधकः ।।४८।।

हे मा ! पर प्रकाश रूप परमात्मा में आप स्वाभाविकी स्फुरणा हो आप को ही विमर्ष रूपिणी जानकर साधक आनन्द के समान रूप को प्राप्त हो जाता है ।।४८।।

यां प्राप्य संसारभयाद्विमुच्यते यां प्राप्य सर्वत्र सुधीः समर्च्यते ।
यां प्राप्य ब्रह्मैव भवन्ति योगिनो महेशि ! सा त्वं परमासि "विद्या" ।४९।

हे मा ! जिसे प्राप्त होकर मानव संसार भय से मुक्त हो जाता है। और जिसे पाकर सुधी विद्वान् सर्वत्र पूजा जाता है तथा जिसे पाकर योगी लोग ब्रह्मभाव को पा लेते हैं । हे महेशि श्री ललिताम्बिके। आप वही परमा (सर्वोत्कृष्ट सर्वातिशायिनी) विद्या हो ।।४९।।

न हि जनयति कर्मतोपयुक्तमगुणमरूपमचिन्त्यमप्रदेश्यम् ।
भवति च भवती गुणत्रयाढ्या किल "वियदादिजगत्प्रसू"-र्भवानि ! ।५०।

हे जननि ! कर्मता क्रिया, क्रिया रूपिणी कर्मता, कभी अगुण अचिन्तनीय अरूप और अवर्णनीय तत्त्व को पैदा नहीं करती है न कर सकती है। परन्तु आप तो गुणत्रय वाली भी हो आकाशादि सारे जगत् की जननी पैदा करने वाली भी हो ।।५०।।

"सर्वव्याधिप्रशमनीं" दमनीं दुरितापदाम् ।
को न सेवेत देवेशीं महात्रिपुरसुन्दरीम् ।। ५१ ।।

जगत् में दूरित पाप और आपदाओं को दूर करने वाली तथा सभी व्याधियों को प्रशान्त करने वाली सब देवों की अधीश्वरी महा त्रिपुर सुन्दरी को कौन नहीं सेवे अपि तु सभी सेवन करे। या सभी सेवन करते हैं ॥५१॥

सुखप्रसारिणीमम्बां सन्मानसविहारिणीम्।
अमृतत्वाप्तये वन्दे "सर्वमृत्युनिवारिणीम्"॥ ५२ ॥

सर्वत्र सुख का प्रसार करने वाली और सन्तों के विद्वानों के साधकों के मन में विहार करने वाली तथा सर्व मृत्यु की निवारण करने वाली अम्बा माता को अमृतत्व प्रप्ति के लिए मैं वन्दना करता हूं ॥५२॥

औदार्य्य-कारुण्य-वरप्रदानैर्भक्तान्समुद्धर्तुमितो भवाब्धेः।
तत्त्वं परं वोधयितुं च मातस्त्व-"मग्रगण्या"-खिलदेवतानाम् ॥५३॥

हे मातः! उदारता, करुणाभाव और वरदानों से भक्त जनों को इस भवसागर से उद्धार करने को समस्त देवताओं में आपही अग्रगण्या सब से आगे (पहले) मिलने योग्य हो ॥५३॥

"अचिन्त्यरूपा"-मपि नैकरूपां स्तूपायितां पर्वतराजवंशे।
प्रध्यायतां सत्वरमायताक्षीं त्रुट्यन्ति सर्वेश्वरि! कर्मबन्धाः ॥५४॥

हे मा! आपका रूप चिन्तन में आने योग्य नहीं है। पर आप अनेक रूप वाली भी हो। हिमालय पर्वतराज के वंश में तो बड़े यज्ञ का स्तूप हो ऐसी विशाल लोचना आपको ध्यान करने वालो के हे सर्वेश्वरि सभी कर्मों के बन्ध टूट जाते हैं ॥५४॥

यस्यान्तर्भासते सर्व-"कलिकल्मषनाशिनी"।
त्रिपुराम्बा तस्य साधोः! किं करिष्यति वै यमः॥ ५५ ॥

जिस मानव के अन्तःकरण में (हृदय में) समस्त कलियुग के कलमष (पाप) नाश करने वाली त्रिपुराम्बा निवास करती हो उस साधु महात्मा का यमराज क्या करेगा या क्या कर सकता है। कुछ नहीं करेगा और कुछ भी नहीं कर सकता है। प्रत्युत किंकर की तरह आचरण करेगा ॥५५॥

सिंहस्था जगदम्बिका भगवती या विश्वसंरक्षिणी
स्फूर्जद्बाहुचतुष्टया सुललिता दीव्यत्सुवर्णप्रभा।

देवैः सानुचरैः स्तुताऽपि च नता भक्त्या च सम्पूजिता
सा निर्व्याजदयारसामृतनिधिः "कात्यायनी" पातु माम् ॥५६॥

वह सुप्रसिद्धा वेद उपनिषत् स्मृति पुराणादि मे प्रख्यात सिंह पर चढ़ी भवानी जगदम्बिका कात्यायनी, कत नाम महर्षि की पुत्रीवत् साधिता हुई रही इसलिए कात्यायनी नाम हुआ। मेरी रक्षा करे। जो विश्व का रक्षण करती है जिसके चार भुजाएं हैं और जो सुतरां सुन्दर है और चमकते हुए सुवर्ण की सी कान्ति वाली है, तथा जिसकी स्तुति परिवार सहित सभी देवगण करते हैं जिसे नमते हैं, जो देवादिकों से नित्य पूजी जाती है और जो निर्व्याज दया रस की एक ही निधान है। शार्दूल विक्रीडित छन्द है लक्षण पहले लिखा जा चुका है ॥५६॥

यः "कालहन्त्रीं" कलयन्त्स्वचेतसा दशार्णमन्त्रं जपति स्थिरासनः
वेत्तुं स कालस्य कलाः समस्ताः प्रभुर्भवन्नैव बिभेति मृत्योः ॥ ५७ ॥

जो पुरुष साधक अपने चित्त में हर समय कालहन्त्री मृत्यु को भी मार देने वाली "विनाशं कीनाशो व्रजति धनदो याति निधनम्" सौन्दर्यलहरि के इस वाक्य के अनुसार, आप भगवती को चिन्तन करता हुआ महाकाली का दशार्ण मन्त्र महानिर्वाणतन्त्र में दशाक्षरी परा विद्या लिखी है उसका जप करता है, वह महात्मा काल की सभी कलाओं को जान लेता है। और मौत से वह किसी तरह भी भय नहीं करता है ॥ ५७ ॥

देवि त्वां ये भजन्तीह "कमलाक्षनिषेविताम्" ।
तेऽपि स्वोपेतलक्ष्मीका मुकुन्दन्ति महीतले ॥ ५८ ॥

हे देवि ! आपको कमलाक्ष विष्णु से सदैव सेव्यमान पूजिता समझकर अर्थात् साधक पूजा या ध्यान के समय देखे कि भगवान् विष्णु भगवती का पूजन ध्यान और जप कर रहे हैं। ऐसी ध्यान दशा में भगवती आपको जो भजन करते हैं वे भी भूमि पर स्वयं प्राप्त हुई लक्ष्मी के साथ अर्थात् लक्ष्मीवान् बनकर मुकुन्द की तरह सदा सुख सम्पन्न रहते हैं। भगवान् विष्णु इन्द्र नीलमणि की दुर्गा मूर्ति को पूजते हैं ऐसा पद्मपुराण में लिखा है ॥ ५८ ॥

राजोपचारकलिते स्वरहस्ययागे युक्तां लतां समभिपूज्य मनुं जपन्तः ।
"ताम्बूलपूरितमुखीं" प्रणमन्त एव द्राक् प्राप्नुवन्ति मनुजास्तव सुप्रसादम् ५९

हे देवि ! राजसी उपचारों (सामग्री पदार्थ) द्वारा किये जाने वाले रहस्य याग में युक्त लक्षरण वाली लता शक्ति ( सौभाग्यवती ) को सम्यक् पूजन कर मन्त्र स्वाभीष्ट षोडशी आदि मन्त्र जप करते हुए जो जन ताम्बूल पूर्ण मुख वाली उस शक्ति के स्वरूप में आविष्ट हुई आपको प्रणाम करते हैं वे शीघ्र ही आपके शुभ प्रसाद को प्राप्त कर लेते हैं ।। ५९ ।।

ये कदापि सुयोगधारणया निगृह्य मनो निजम्
त्वामये जगदम्बिके ! स्फुट "दाडिमीकुसुमप्रभाम्" ।
लोकयन्ति च पूजयन्ति जपन्ति षोडशिकामपि
ते जगद्वशयन्ति भूपतिवृन्दवन्द्यपदाम्बुजाः ।। ६० ।।

जो कभी अपनी योग धारणा में अपने मन को निग्रह करके हे जगदम्ब ! खिले हुए दाडिम के पुष्प के समान लाल कान्ति वाली आपको देखते हैं ध्यान में, समाधि में, और आपके षोडशी मन्त्र को जपते हैं वे साधक श्रेष्ठ राजाओं से पद पुजवाते हैं और सभी जगत् को वश कर लेते हैं ।। ६० ।।

"मृगाक्षीं" त्वां मातर्मनसि मुदिते मानववरो
मकाराख्यैस्तत्त्वैरिषुपरिमितैः पूजयति यः ।
स धन्यो मान्योऽपि प्रथितसुयशाः पण्डितमणिः
गुरुर्वै लोकानां भवति सकलेष्टं च भजते ।। ६१ ।।

हे मातः ! मृग की आँख के समान आंख वाली अर्थात् विशाल सुन्दर समुज्ज्वल नेत्र वाली आपको जो मानव प्रसन्न मन से पांच मकारादि तत्त्वों से पूजता है, वह धनवान मानपूर्ण या सम्मानीय और प्रख्यात यश वाला पंडितों में रत्न होकर लोगों का गुरु बनता है। और अपने मन के सभी अभीष्ट भोगों को प्राप्त करता रहता है ।। ६१ ।। शिखरिणी छन्द है ।।

आराधयन्त्वां किल विश्व-"मोहनीं" ह्ल्लेखया शोणितपद्मसंस्थिताम् ।
नरोऽमराधीशमपि प्रमोहयन्प्रवर्तयेत्कर्मणि भृत्यवन्निजे ।। ६२ ।।

हे मा ! यह सिद्ध ही है कि विश्व का सम्मोहन करने वाली लाल कमल पर विराजमान हुई आपको जो ह्रीं मन्त्र से आराधन करता है अर्थात्

इस मन्त्र से ही पूजा करता है और यही जप करता है। वह साधकेन्द्र इन्द्र को भी मोहित करता हुआ नौकर की तरह निजी कार्य में लगा सकता है ।। ६२ ।।

मुख्यासि चिद्रूपिणि देव्यहो सदाऽऽनन्दान्तराले लससीति हेतुतः ।
सर्गेऽप्यहो ब्रह्मण आदिरूपिणी त्वमेव "मुख्या" मुखवत्प्रसिद्धयसि ।।६३।।

अहो देवि ! चिद् रूप में परमात्म तत्त्व में चित् रूपा आप हो एवं आनन्द के बीच में भी आप विलसती हो इस ब्रह्मा के सर्ग में भी आप आदि रूपिणी हो इस कारण शरीर में मुख प्रधान है वैसे समस्त ब्रह्मान्ड में आप मुख्या प्रधान पूज्य मान्य प्रसिद्ध हो ।।६३।।

मनोजवीजं मनसा जपन्तो महामहेशाङ्कविराजमानाम् ।
त्वां ये "मृडानी"-मिह मानयन्ति सिद्धयन्ति ते सर्वसुखैः समृद्धाः ।।६४।।

हे देवि ! महामहेश्वर कामेश पर शिव के गोदमें विराजमान हुई आप को जो मानव काम बीज का जप करते हुए मृडानी समझ कर सर्व सुख कारिणी महा शक्ति समझ कर सर्व सुखों को प्रगट करती हुई देख कर पूजते हैं वे सभी सुखों से समृद्ध हो जाते हैं ।।६४।।

हितावहत्त्वाज्जगतामशेषतो रविप्रभा-मण्डलवन्महस्तया ।
साहाय्यदानादपि वा दिवौकसां प्राहुर्बुधास्त्वामिह "मित्ररूपिणीम्" ।।६५।।

सभी जगत् के हित करते रहने से सूर्य मण्डल की समान तेजो मण्डल धारण करने से और देवों को साहाय्य दान करने से विद्वान् आपको मित्र रूपिणी ठोक ही कहते हैं ।।६५।।

नित्यं निजानन्दरतां महेश्वरीं सदैव संमोदपरायणामहो ।
संविन्मयीं देवि ! परात्परां चितं त्वां "नित्यतृप्तां" वयमामनामः ।।६६।।

हे देवि ! हमतो आपको सदैव निजानन्द में रत रहने वाली और सदैव संमोद (हर्षमें) में परायण हुई विश्व की महान (महती) ईश्वरी परे से परे नित्य तृप्त रहने वाली सम्वित् मयी चेतना कहते हैं ।।६६।।

यथेष्टकामान् प्रददासि तस्मान् मनोबलं वर्द्धयसे ततश्च ।
नितान्तसंगोप्यतया च मातर्यथार्थतो "भक्तनिधि"-विभासि ।।६७।।

हे मातः ! आप यथार्थ में भक्तों की निधि स्वरूपा हो जैसे निधि संसार में अपने सेवकों के यथेष्ट काम पूर्ण करता है । आप भी भक्तों के काम पूर्ण करती हो । विधि से मनोबल बढ़ता है आप भी जिसकी इष्ट देवता हो उसका मनोबल बढ़ाती हो । एवं निधि गोपनीय रखा जाता है तो मातः आप इष्ट देवता भी हो इष्ट मन्त्र भी गुप्त रखे जाते हैं वैसे आप भी इन सभी कारण समान होने से भक्तों की निधि हो ।। आर्थी पूर्णा उपमा है वाचकोपमान लुप्ता हुई है ।।६७।।

नियमयसि समस्तान्देवि ! देवासुरांस्त्व
शमयसि च विरोधं तत्र पारस्परोत्थम् ।।
अभिरमयसि लोकान्बालमर्य्यादयैव
तदिह बुधवरेण्यैः प्रोच्यसे त्वं "नियन्त्री" ।।६८।।

हे देविः आप सभी देवों तथा असुरों को नियम में रखती हो सब पर नियन्त्रण करती हो । और उनका पारस्परिक विरोध शान्त करती हो बाल मर्यादा से लोकों को रमण कराती हो खिलाती हो जैसे क्रीडा के बाद बालक जैसे खेल खिलोने मिटा देते हैं वैसे उपरत विरत भी करलेती हो । इस कारण विद्वान् आपको नियन्त्री कहते हैं । अर्थात् सब पर नियन्त्रण रोक-थाम करने वाली कहलाती हो ।।६८।। मालिनी छन्द है ।।६८।।

विभावयन्यो "निखिलेश्वरीं" त्वां प्रासादबीज प्रजपन्स्वचित्ते ।
समर्पयत्यम्ब निजं समस्तं स क्षिप्रमेयात् परहंस-सिद्धिम् ।।६९।।

हे देवि ! जो मानव आपको निखिल विश्व (ब्रह्मांड पिण्डो) की ईश्वरी कर्तुं अकर्तुं अन्यथा कर्तुं समर्थ समझ कर, मनमें प्रासाद बीज का जप करते हुए अपना सर्वस्व आपके समर्पण कर देता है । वह शीघ्र ही परम हंसों की सिद्धि पालेता है ।।६९।।

"मैत्र्यादिवासनालभ्यां" सबीजध्यानयोगिनः ।
त्वामामृशन्त एवाम्ब ! क्लेशान्सर्वान् जहत्यलम् ।।७०।।

हे अम्ब ! सबीज ध्यान योग करने वाले सिद्ध साधक, सगुण सालम्बन ध्यान वाले, मैत्री करुणा मुदिता उपेक्षा इन वासनाओं से पार होने से मिलने

वाली आपको विचार में लाते हुए ह' सब क्लेशों को अविद्या अस्मिता राग-द्वेषाभिनिवेश इन पांचों क्लेशों को सर्वथा छोड़ देते है। सुखिषु मैत्री दुःखिषु दया पुण्येषु मुदिता पापिषु उपेक्षा ये ४ वासनाएं चित्त शोधने वाली कही है ॥७०॥

स्वभूहरिगिरीश्वरप्रभृतयोमरा अप्यये,
महेश्वरि मृतिं यदा परिवजन्ति तत्संहरे।
करोति किल ताण्डवं परम भैरवस्तत्तदा,
महाप्रलयसाक्षिणि ! त्वमवलोकसे सादरम् ॥७१॥

अये महेश्वरि ! जब ब्रह्मा विष्णु महेश्वर आदि अमर भी मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं उस संहार के समय परम भैरव (परशिव) उस अद्भुत ताण्डव नृत्य को करते है जिसकी साक्षी महा प्रलय की दर्शिका आप ही रहती हो। आपही उसकी साक्षी हो। पृथ्वी छन्द है ॥७१॥

"पराशक्तेः" परासक्त्या परापूजापरायणाः।
परां प्रकृतिमुल्लंघ्य प्रविशन्ति परात्परम् ॥७२॥

परा सर्वोत्कृष्टा शक्ति देह में दसवां धातु है, वही परा शक्ति कहलाता है। कामिकागम में कहा है नवधातुरयं देहो नवयोनिसमुद्भवः। दशमो धातुरेकैव परा शक्तिरितीर्य्यते ॥ और "परास्य शक्तिर्विविधेव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च" इति श्वेताश्वर उपनिषत् की श्रुति भी कहती है। आपकी परम अत्यन्त आसक्ति अनुराग से भक्ति विशेष से परा पूजा में परायण हुए लोग परा प्रकृति को जीव भाव को लांघ कर परे से परे परतत्त्व परमात्मतत्त्व में प्रवेश कर जाते हैं ॥७२॥

यस्यां स्वानुभवः प्रमाणमुदितं यत्राद्वयः केवलं
यस्यां साक्षितयात्मनः स्थितिरथो चिन्मात्रशेषा च या ॥
यस्यां काचिदपि क्रिया न हि "परानिष्ठा" हि सा त्वं शिवे !
सर्वोत्कृष्टविबोधरूपिणि महामाये प्रसीद प्रभो ! ॥७३॥

जिसमें अपना अनुभव ही प्रमाण है, जिसमें केवल शुद्ध अद्वैत हैं। जिसमें आत्मा की स्थिति साक्षितया ही रहती है और जो चित् मात्र ही शेष

है ग्रोर जिसमें कोई क्रिया नहीं होती है । हे शिवे कल्याण दायिनि ! सबसे बढ़कर विशेष बोध रूपिणि वही ग्राप परानिष्ठा हो । हे परम समर्थ महा माये ! मुझ पर प्रसन्न होइये ।।७३।।

मातुस्त्रिपुरसुन्दर्याः "प्रज्ञानघनरूपपिणीम्" ।
पादप्रभामप्यासेव्य नरो याति मुकुन्दताम् ।।७४।।

माता त्रिपुरसुन्दरी की प्रकृष्ट वृत्तिभिन्न ग्रर्थात् नित्य-ज्ञान से घन निरन्तर जो ग्रविद्या के लेश से भी न छुग्रा हो रूप जिसका वह प्रज्ञानघन रूपिणी है, ऐसी ग्रापकी चरणों की प्रभा को भी नित्य सेवन करता हुग्रा मानव मुकुन्दपन को पा लेता है ग्रर्थात् भोग मोक्ष देने में समर्थ हो जाता है । काण्व श्रुति से प्रज्ञानघन ब्रह्म के लिये ग्राया है देखिये—स यथा सैन्धवघनोऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नो रसघन एव, एवैवं वा ग्ररेऽयमात्माऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एव इति । प्रज्ञानघन ब्रह्म है तद्रूपिणी ग्राप मा त्रिपुरसुन्दरी की पादप्रभा है यह भावार्थ हुग्रा ।। ७४ ।।

"माध्वीपानालसा"यास्तव जननि ! महारात्रिकाले सपर्य्या-
पर्य्यायानाचरन्तो हरि-गिरिश-विरिंचीन्द्र-यक्षेश्वराद्यान् ।
देवान्देवाङ्गनाभिः सह मधुमुदितान्यच्छतस्तर्पणं ते
पश्यन्तः साधकेन्द्रास्त्वरितमिह महादिव्यसिद्धा भवन्ति ।। ७५ ।।

हे जननि ! ग्रंगूरों की सुरा के पान से ग्रलसाती ग्रापकी महा निशा में पूजा-पर्याय साधते हुए विष्णु, ब्रह्मा, महेश, इन्द्र, कुबेरादि देवों को देवाङ्गनाग्रों के साथ, मधुपान से मुदित हुग्रों को ग्रापका तर्पण देते हुए देखकर भी साधक लोग संसार में दिव्य सिद्ध हो जाते हैं ।। ७५ ।। स्रग्धरा छन्द है ।।

ये त्वां ध्यायन्त्यतिमधु "मत्तां" नैजीं सत्तामपि परयन्तः ।
तेषां चित्ते परशिवनिष्ठा तुर्य्याऽहन्ता त्वमुदयसे प्राक् ।। ७६ ।।

जो साधक ग्रतिशय मधुपान से मत्त हुए ग्रपनी ग्रस्ति को ग्रापमें परतन्त्र कर देते हैं, ग्रथवा जो साधक ग्रतिशय मधुपान से मत्त हुई ग्रापको ग्रपनी सत्ता निजी सर्वस्व सत्ता भी समर्पण कर देते हैं। ऐसा ग्रर्थ करते समय पद्य के प्रथम चरण में मत्ता शब्द को द्वितीयान्त पढ़ना पड़ेगा (मधुमत्तां) ग्रर्थात् जो

साधक ऊपर कही परिस्थिति में आपका ध्यान करते हैं, उनके चित्त में परमशिव निष्ठा रूप तुर्याऽहन्तारूपिणी आप महाशक्ति शीघ्र ही उदित हो आती है। फिर वह आपके अनिर्वाच्य प्रकाश में पहुँच जाता है। उपासना में तत्वशोधन तथा आचमन में बिन्दुग्रहण कर गुरुतर्पण और शक्तितर्पण तथा स्वयं आचमन के बाद ही पूजाधिकार होता है। यह छन्द भी मत्ता नाम का है। मत्ता मभौ सजौ यह पिंगल सूत्र में इसका लक्षण है ॥ ७६ ॥

आदिक्षान्ताक्षराणामिव बहुलविधाः शुक्लपीताऽरुणाद्याः
वर्णास्ते मूर्तिभेदेष्वपरिमिततमेष्वम्ब ! राजन्ति तांस्तान् ।
ध्यात्वा त्वन्मूर्तिवर्णे लयमुपनयतो "मातृकाबर्णरूपि-
ण्य"-ङ्गत्वं शीघ्रमेव प्रकटयसि तनूं तादृशीं तत्पुरस्तात् ।७७।

हे अम्ब ! आदि अ से लेकर क्ष पर्य्यन्त, स्वर-व्यंजन रूप दोनों प्रकार के वर्णों के समान आप के भी अगणित मूर्तिभेदों में बहुत प्रकार के सफेद, पीले, लाल, नीले, हरे वर्ण विराजित हो रहे हैं, उन उन वर्णों को आपकी मूर्ति के वर्णों में लय करते हुए जो आपको ध्याते हैं, उन साधकों के आगे हे मातृकाबर्ण-रूपिणि मा ! आप वैसी ही मूर्ति में प्रकट होती हो। 'सनत्कुमारसंहिता' में और 'मातृकाविवेक' में स्वरों और व्यंजनों के रंग बतलाए हैं-स्वर धूम्रवर्ण हैं और कादि वर्ण सिन्दूरी रंग के हैं। डादिफान्त गौर हैं। बादि ५ अरुण हैं। लकारादि सुनहरे हैं। 'ह' 'क्ष' तडित् वर्ण के हैं इति। अन्य तन्त्रों में भी स्वर गौर हैं स्पर्श कादि मान्त २५ वर्ण प्रवाल-से लाल हैं। पाठ में इस नाम की जगह अक्षमालास्वरूपिणी पाठ भी है। वहां अ-से क्ष पर्य्यन्त वर्ण ही लिये हैं। अकारः प्रथमो वर्णः क्षकारोऽन्त्यस्ततः परम्। अक्षमालेति विख्याता मातृकावर्ण-रूपिणी इत्यादि अथवा-मातृका वर्णों का निरूपण करने वाली। सौभाग्य-सुधोदय में परशिव की इच्छाशक्ति से ही योगादि क्रम से वर्णों की उत्पत्ति बतलाई हैं। इस भाव से मातृकावर्णों की निरूपण करने वाली भगवती सिद्ध हुई। ऐसा इस नाम के भाष्य करते हुए भास्कराचार्य लिखते हैं ॥७७ ॥

"महाकैलासनिलयां" किल यावकसंनिभाम् ।
ध्यायन्परशिवाङ्कस्थां रसयत्यद्वयामृतम् ॥७८ ॥

महाकैलास परशिव का निवासस्थान शिवपुराण में प्रसिद्ध है, उसमें रहने वाली, अथवा सहस्रार ब्रह्मरंध्र को भी महाकैलास कहते हैं, वहां रहने वाली। और यावक(अलक्ता) जैसी लाल प्रभा वाली आपको जो परशिव के अङ्क में स्थित हुई ध्याता है वही साधक अद्वयाऽमृत का आस्वाद लेता है अन्य नही लेता है ।।७८।।

मृगाङ्करुचिराननां श्रवणकुण्डलाऽलङ्कृतां
"मृणालमृदुदोर्लता"-मुरसि दीप्तमुक्तावलीम् ।
स्मिताधरितचन्द्रिकामरुणवाससोल्लासिनीं
वराऽभयपरायणां त्रिपुरसुन्दरीमाश्रये ।। ७९ ।।

चाँद से सुन्दर मुखवाली, कानों में कुण्डलों से शोभायमान, मृणाल सी बाहुलता वाली, उर पर मोतियों की माला पहने हुए, अपनी मुसुकान से चांदनी को तिरस्कृत करती हुई, लाल साड़ी से उल्लास को प्राप्त हुई, वरदान और अभय-दानपरायणा श्री त्रिपुरसुन्दरी भगवती का आश्रय करता हूँ ।।७९।।

त्रिभुवन-"महनीयां" देवि ! पादद्वयीं ते
अरुणकमलपुष्पैरर्द्धरात्रे यजन्तः ।
हृदि च जलधिजाता-सम्पुटां त्वां जपन्तो
नर इह भगवन्तो भाग्यवन्तो भवन्ति ।। ८० ।।

हे देवि ! त्रिभुवनवासियों के पूजनीया आपके दोनों चरणों को अर्ध-रात्रि में लाल कमलों से पूजते हुए लक्ष्मी वीजमन्त्र से सम्पुटित आपकी विद्या मन्त्र को जपते हुए नर(नारी भी) इस संसार में भगवान् और भाग्यवान् होते हैं। छहों ऐश्वर्यशाली भगवान्, और विलक्षण सर्वोत्कृष्ट ऐश्वर्यशाली भाग्य-वान् होते हैं। श्रीवीजपुटिता पंचदशी और षोडशी दोनों प्रकार मन्त्र-जप से लक्ष्मी-प्राप्ति और अमित समृद्धि-लाभ होना लिखा है ।।८० ।। मालिनी छन्द है।।

त्वामाश्रित्य "दयामूर्ति"-मम्बां विश्वम्भरीमिह ।
के न दीना महीपन्ति के जडा न बुधन्ति च ।। ८१ ।।

समस्त विश्व का भरण-पोषण करने वाली आपकी दयामूर्ति अर्थात् मूर्तिमान् दयारूपिणी अम्बिका आपको आश्रय करके उपासना करते हुए पुरुष

राजा या राजा तुल्य नहीं हुए और कौन से जड़ मूर्ख पुरुष विद्वान् नहीं हुए ? अपितु सभी धनी तथा विद्वान् हुए हैं ।।८१।।

सुधासिन्धौ मणिद्वीपे "महासाम्राज्यशालिनीम्" ।
ध्यायन्ति केऽपि त्वां सन्तो रत्नकाञ्चनमालिनीम् ।। ८२ ।।

वे कोई भी भाग्यशाली सन्त-महात्मा हैं जो सुधासमुद्र में स्थित मणिद्वीप में महान् साम्राज्य अर्थात् बडे बडे सम्राट के ऐश्वर्य से भी अधिकाधिक ऐश्वर्य भोगती और विश्वसाम्राज्य का संचालन करती हुई उससे शोभा पाती हुई और रत्नों जड़ी सुवर्णमयी माला पहने हुई आपका ध्यान करते हैं ।।८२।।

त्वत्तोऽधिगच्छन्ति किलात्मबोधं जानासि चात्मानमयेऽसि चात्मा !
त्वा"मात्मविद्यां" भवतीं यजन्तो जना भवन्तीह परावरज्ञाः ।।८३।।

लोग आपसे ही आत्मबोध पाते हैं । ऐसा निश्चय है । हे अम्ब ! आत्मा को आप ही जानती हैं और आप ही आत्मा हैं उस कारण आत्मविद्या रूप आपको भजते हुए लोग इस संसार में परावरज्ञ–पर और अवर की जानने वाले हो जाते हैं ।। इस लोक–परलोक की सब जानने वाले हो जाते हैं । यद्वा बाहर–भीतर की सभी जानने वाले बन जाते हैं ।।८३।।

जानन्त्याशु यया महत् सुमनसो या वेत्ति च स्वं महत्,
या विद्यास्वखिलासु चास्ति महती यस्या महत्त्वं महत् ।
तत्त्वज्ञा मुनयश्च यां किल "महाविद्यां" वदन्ति ध्रुवं,
साम्बा मोहमपाकरोतु कृपया कामेश्वरी मामकम् ।।८४।।

विद्वान् लोग जिससे उस महत् तत्त्व को जानते हैं और जो स्वयं महत् को जानती है और जो सभी विद्याओं से महती–बड़ी पूज्या है तथा जिसको महत्ता भी महान् है और जिसे तत्त्ववेत्ता मुनि–महर्षि लोग निश्चय से महाविद्या कहते हैं, वह मा कामेश्वरी कृपा कर मेरे मोह को दूर करें ।। शार्दूलविक्रीडित छन्द है ।।८४।।

श्रियो विद्याऽसि त्वं श्रियमपि च संवेदयसि च
श्रिया वा दीनानां प्रभवसि च दैन्यं दलयितुम् ।।
श्रिया युक्ता विद्या त्वमसि न हि काऽपि त्वदपरा
ततस्त्वां "श्रीविद्यां" शरणमुपयामो भगवतीम् ।।८५।।

हे देवि ! आप लक्ष्मी–शोभा–कान्ति आदि के जानने का कारण हो और श्री को भली प्रकार विदित कर देती हो । और श्री से दीनों का दारिद्य दूर कर देती हो । तथा स्वयं श्रीयुक्ता विद्या हो आपसे परा कोई विद्या नहीं है । श्री का इतने प्रकार आपसे सम्बन्ध होने से आप श्रीविद्या हो । हम आपको शरण समझ कर आश्रय करते हैं ।।८५।।

त्वां "कामसेवितां" विद्यामर्चन् कामकलां जपन् ।
जनो मनोऽनुकलितान् सर्वान्कामानवाप्नुयात् ।।८६।।

काम, महाकामेश परशिव तथा कामदेव से सेव्यमान हुई आपको पूजता हुआ और कामकलामन्त्र को जपता हुआ जन मनोगत सभी काम पा लेता है ।।८६।।

"श्रीषोड़शाक्षरीं" विद्यां निध्याति मनसाऽपि यः ।
विद्यावतां वरेण्यः स सिद्धया सम्व्रियते स्वयम् ।।८७।।

श्री युक्त षोडश अक्षरों वाली विद्या को जो मनसे भी नितरां ध्यान करता है वह विद्यावानोंमें सर्वश्रेष्ठ हुआ स्वयं सिद्धि से बर लिया जाता है । सविधान जप पुरश्चरण की तो बात ही कौन कहै ।।८७।।

स्फूर्ज्ज-"त्रिकूटामपि" कूटहन्त्रीं कूटस्थितामक्षररूपिणीं च ।
परापरां त्वां जगतां महेशीं विज्ञाय विघ्ना न भवन्ति भूयः ।।८८।।

जिसमें तीन कूट स्फुरित (विकसित) होते हैं और जो कूट की (कपटकी) नाश करने वाली है । श्री विद्या मन्त्र में ३ कूट हैं इसलिये इसे त्रिकूटा विद्या कहते हैं । आश्चर्य है जिसमें ३ कूट हैं तो भी कूट की नाशक है । फिर कूट-स्थिता भी है कूट शृंग शिखर को कहते हैं तो यह विद्या शिखर की तरह सर्वोच्च है और जो अक्षररूपिणी अविनाशिस्वरूपा यद्वा वर्णमयी ऐसी परे से परे जगत् की महेश्वरी रूप आपको जानकर विघ्न फिर संसार में कहीं उत्पन्न नहीं होते हैं । श्लेषोत्थ विरोधाभास अलंकार प्रधान हैं ।।८८।।

त्वदेकदेशोऽस्ति परः शिवोऽप्यहो त्वं कामकोटीनपि कायसि स्वयम् ।
त्वं कामकोट्या अपि भूरिभावती तदुच्यते सुन्दरि ! "कामकोटिका" ।।८९।।

कामेश्वर परशिव काम है वह आपका एक देश अंश है । कोटि शब्द का अर्थ एक देश अंश और करोड संख्या, अग्रभाग होता है सभी का समन्वय

देखिए—एक तो कहा जा चुका है दूसरा आप काम कोटि को अर्थात् करोडों कामों को उपदेश देती हो। तीसरा करोडों कामों से आप अधिक शोभा सौन्दर्य-वती हो तथा कामकोटि हो काम से ऊंचे अग्रभाग में हो। इस लिए आप कामकोटिका कहलाती हो। सभी तरह नाम अर्थानुगुण है ॥८९॥

"कटाक्षकिंकरीभूतकमलाकोटिसेविता"।
त्वमिष्टदेवता यस्य तस्यैश्वर्य्यं ब्रवीतु कः ॥९०॥

जो अपने कटाक्ष (दृष्टिप्रान्त) के पात की दासीभूत करोडों लक्ष्मियों से सेवित है अर्थात् करोडों लक्ष्मियां जिसकी आज्ञावशवर्तिनी दासियां हैं। ऐसी आप जिस नर वा नारी की इष्टदेवता होती हो उसके ऐश्वर्य्य की कौन क्या बात कहै। वह सर्वोत्कृष्ट ऐश्वर्यवान् है ॥९०॥

"शिरः स्थितां" त्वां त्रिगुणात्मकस्य प्रकाशयित्रीं प्रणवस्य तत्त्वम्।
विचिन्तयन्तो ललितार्धमात्रां सन्तश्चिदानन्दरसं पिबन्ति ॥९१॥

त्रिगुणात्मक प्रणव के (ओंकार के) शिर पर विराजित हुई और प्रणव के तत्त्वार्थ को प्रकाश करती आप ललितारूपिणी अथवा ललित सुन्दर अर्द्ध-मात्रा का चिन्तन करते हुए सन्त साधक योगीजन चिदानन्द रूप रस का पान किया करते हैं ॥९१॥

ध्यात्वा शर"च्चन्द्रनिभां" तनूं तव, शुक्लाम्बरां पुस्तकवल्लकीकराम्।
अनर्घ्यमुक्ताभरणप्रभाभरां वाचं जपन्ना भुवि वागधीशति ॥९२॥

हे मातः! शरत्कालीन चन्द्र की प्रभा समान प्रभावाली आपकी मूर्ति को श्वेत वस्त्र पहने हुए और पुस्तक तथा वीणा हाथ में धारण किये हुए तथा अमूल्य मोतियों के आभरणों की प्रभापुंज बरसाने वाली आप वाणी सरस्वती का ध्यान करता और वाग्बीज मन्त्र को जपता हुआ मानव भूमण्डल पर वागीश के समान विज्ञ होता है॥ उपजाति वृत्त है ॥९२॥

कृत्वा तत्त्वान्यवहितमना निर्मलान्यम्ब! भक्तः
"भालस्थां" त्वामिह कुमुदिनीबन्धुशुभ्रां स्मरन् यः।
वाचो बीजं जपति रजनी-मध्यमे मुख्ययामे
सोऽयं क्षिप्रं भवति जगतां पूजनीयः कवीन्द्रः ॥९३॥

हे अम्ब ! आपका भक्त साधक सावधान हुआ तत्वों को शुद्ध करके (सविधान तत्व शोधन करके) चन्द्रसमान शुभ्र आपको अपने भालस्थल पर स्मरण करता हुआ वाणीवीज को रात्रि के मुख्य मध्यम प्रहर में जपता है, वह शीघ्र ही जगत्–पूज्य कवियों का महान् इन्द्र अर्थात् सर्वमान्य कवीन्द्र वन जाता है ।। मन्दाक्रान्ता छन्द है ।।९३।।

माणिक्यमाहेन्द्रसुपुष्परागवज्रानुबिद्धस्य हिरण्मयस्य ।
कान्तिः किरीटस्य तवामृतांशोः कलासु भाती"न्द्रधनुः प्रभे"व ।।९४।।

हे अम्ब ! माणिक्य लाल, माहेन्द्र नीलम, पुष्पराग पुखराज, वज्र हीरा, श्वेत रत्नों से जड़े हुए सुवर्णमय आपके मुकट की कान्ति कान्तियां, वहीं आपके धारण किये चन्द्रमा की कलाओं में मिलती हुई इन्द्रधनुष की प्रभा सी चमकती है ।।९४।।

परशिव"हृदयस्थां" ध्यानतस्त्वां परांम्बां
निजशुचिहृदयस्थां भावत्यम्बिके ! यः ।
स हि सकलबुधानामेव किं देवतानां
प्रणव इव सदैवच्छन्दसां माननीयः ।।९५।।

हे अम्बिके ! जो मानव परशिव कामेश्वर के हृदय में विराजती हुई आप पराम्बा को अपने पवित्र हृदय में स्थापित हुई भावित करता है, वह निश्चय ही सभी पण्डितों ही का क्या समस्त देवताओं के भी छन्दों के प्रणव (ओंकार) की समान सदा ही अग्रसर सम्माननीय हो जाता है ।। मालिनी छन्द है ।।९५।।

तमोराशिं मूलात्किल विदलयन्ती परशिवे !
प्रकाशं लोकानामुपरि विकिरन्ती शुचितरम् ।।
द्विजान्स्वे स्वे कर्मण्यभिगमयसि प्रातरुदिता
"रविप्रख्या"ऽसि त्वं भगवति जगद्भासनविधौ ! ।।९६।।

हे परशिवे ! तम (अन्धकार) की राशि को अज्ञान को मूल सहित नष्ट करती आप लोकों में शुद्ध प्रकाश बरसती हुई जनों में विशुद्ध ज्ञान प्रसारित करती

हुई तथा द्विजों–पक्षियों और ब्राह्मण–क्षत्रिय वैश्यों को (उपलक्षण से शूद्रों को भी) अर्थात् सभी मनुष्यों को अपने अपने कर्मों में प्रवृत्त करती हो इस कारण आप जगत् को प्रकाश करने में प्रातःकाल उदित हुई रविप्रख्या सूर्य की प्रकृष्ट शोभा के समान हो ।। शिखरिणी छन्द ।।९६।।

मूलाब्जकर्णिकामध्य-"त्रिकोणान्तरदीपिकाम्" ।
भावयन्तो भवन्ति त्वां भव्या भुवनभावनाः ।।९७।।

हे देवि मूलाधार कमल की कर्णिका के मध्य त्रिकोण के भीतर दीपिका सी दीपिका आपको भावित करते हुए भव्य पुरुष भुवन भावन बन जाते हैं। भुवनों को भावना से बना देने वाले बन जाते हैं। मूलाधार पद्म की कर्णिका में त्रिकोण है उसमें अग्निमण्डल है, वह पहला कूट है ऐसा भी स्वरूपार्थ भाष्यकार–भास्करराय ने बताया है ।।९७।।

दक्षस्य पुत्रीत्वमुपागतत्वात्त्वं दर्शपूर्णावृतिरूपिणीत्वात् ।
मातः कलायास्तव रोहिणीत्वात् "दाक्षायणीं" त्वां प्रवदन्ति विज्ञाः ।।९८

हे मा ! दक्ष प्रजापति की पुत्री होने के कारण दर्शपूर्णमासों की आवृत्ति दाक्षायण यज्ञ शब्द से कहलाती है तद्रूपा होने से तथा आपकी कला के रोहिणी वर्धमान और रोहिणी नाम होने से विशेषज्ञ विद्वान् आपको दाक्षायणी कहते हैं। विश्वकोष में देखिए–दाक्षायणी–त्वपर्णायाँ रोहिण्यां तारकासु च । ईति ।।९८।।

दितेः सुतानां तमसावृतानां देवेषु चाक्रान्तिमतामभीक्ष्णम् ।
भण्डादिकानां हननार्थमाविर्गताम्बिके ! सिद्धचसि "दैत्यहन्त्री" ।।९९।।

तमोगुण और अज्ञान में सरोबोर हुए और देवों पर बार बार आक्रमण करने वाले भण्डादि (यहां आदि शब्द से महिष-चण्ड-मुण्ड-शुम्भ-निशुम्भ-रक्त-बीज-अरुण-दुर्गम सभी दानव लिये गये हैं) दानवों के विनाश करने के लिए आविर्भूत (प्रकट) होती हुई आप दैत्यहन्त्री नाम से प्रसिद्ध होती हो । उपजाति छन्द है ।।९९।।

न पूजयन्ति येऽम्ब ! त्वां "दक्षयज्ञविनाशिनीम्" ।
जायन्ते विफलास्तेषां यज्ञदानतपःक्रियाः ॥१००॥

हे अम्ब ! दक्ष के यज्ञ का विनाश करने वाली आपको जो मनुष्य (नर-नारी) नहीं पूजते हैं उनकी की हुई या की जाने वाली यज्ञ-दान-तप-क्रिया आदि सभी बातें विफल हो जाती हैं। दक्ष दो हुए हैं ऐसा भाष्यकार ने बताया है जैसे एक तो प्रजापति दक्ष और दूसरा राजा दक्ष जो उसका अवतार हुआ है यह ब्रह्मपुराण और वायुपुराण में है। वहां का प्रमाण भी दिया है। दोनों ही प्रकार नामार्थ के अनुकूल हैं ॥१००॥ आदिसे ६००।

---

# सप्तमं शतकम्

"दरान्दोलितदीर्घाक्षि" ! त्वं यस्मिन्त्सुप्रसीदसि ।
सर्वत्रादरमाप्नोति दरं तस्य प्रणश्यति ॥ १ ॥

हे अम्ब ! कुछ-कुछ चंचल विशाल लोचन वाली आप जिस पर (नर व नारी पर) सुप्रसन्न होती हैं वह सभी जगह आदर पाता है और भय उसका सभी दूर हो जाता है। अथवा-दर (भय) को आन्दोलित, अस्थिर, विचलित कर दिया है जिसने ऐसे और विशाल लोचन वाली, ऐसा भी नामार्थ होता है ॥१॥

दयते यत्र ललिता "दरहासोज्ज्वलन्मुखी" ।
स एव भुवि बोद्धव्यो मानवः सर्वतः सुखी ॥ २ ॥

मन्दहास से उज्ज्वल मुख वाली श्री त्रिपुरसुन्दरी जिस पर दया करती है वही एक मानव भूमि पर सर्वप्रकार सुखी समझना चाहिये, बाकी सब सुखी नहीं हैं ॥ २ ॥

त्वामम्ब ! केचिद्ब्रुवते भवानीमन्ये जगन्मातरमीरयन्ति ।
मायां परे केऽपि रमां वयन्तु मन्यामहे त्वां "गुरुमूर्ति"-मेव ॥ ३ ॥

हे अम्ब ! आपको कोई आचार्य लोग भवानी भव (शिव) की पत्नी कहते हैं। और दूसरे आचार्य जगत् की माता कहते हैं। कोई आपको माया

और कोई आपको रमा लक्ष्मी कहते हैं। परन्तु हम तो गुरुमूर्ति ही मानते हैं॥ सुन्दरीतापिनी उपनिषद् में लिखा है—जैसे घट, कुम्भ, कलश, एक अर्थ के वाचक हैं, वैसे ही मन्त्र देवता और गुरु ये शब्द भी एकार्थ के वाचक हैं। अभियुक्त भी कहते हैं गुरुदैवतमन्त्राणामैक्यमेव विभावयेत् इत्यादि ॥ इन्द्रवज्रा छन्द है ॥३॥

सत्त्वादयः किल गुणा जगदम्बिके त्वद्-
आविर्भवन्त्यपि लयं त्वयि यान्त्यभीक्ष्णम् ।
व्योम्नीव वारिवहनास्तत एव सर्वै-
र्विज्ञैः शिवे ! "गुणनिधि"-स्त्वमुदीरितासि ॥ ४ ॥

हे जगदम्बिके ! शिवे कल्याणमयि ! अथवा कल्याण देने वाली मा ! सत्त्वादि गुण निश्चय ही आपसे प्रकट होते हैं और वे फिर वापस आप ही में विलय पाते हैं ऐसा बार-बार होता रहता है। जैसे आकाश में बादल उदित होते हैं और आकाश में ही विलीन हो जाते हैं। इसी कारण सभी विशेषज्ञों ने आप को गुणनिधि कहा है। गुण निहित हैं जिसमें वह गुणनिधि ॥ ४ ॥

गाः स्वर्गाक्षिक्षितिजलवचोभूदिगादीनशेषान्
तांस्तानर्थान् भगवति शिवे ! संमिमीषे त्वमेव ।
मातेवैतानथ च सततं पालयन्ती प्रसिद्धा
"गोमाता" त्वं सुरभिरुदिता सर्वकामप्रदात्री ॥ ५॥

गो शब्द से गौ, स्वर्ग, दृष्टि, भूमि, जल, वाणी, दिशा आदि सभी उन उन अर्थों को सम्यक् प्रकार प्रमाणित करती हो और हे भगवति शिवे ! आप ही इन उक्त अर्थों को माता की तरह पालती हो। इस कारण गवां माता गोमाता सुरभि सब कामनाओं की देने वाली कही गई हो ॥ ५ ॥

अज्ञानसम्वृततया सकला हि जीवाः
ख्याता गुहा जनयसे किल तान्भवानि ! ।
स्कन्दप्रसूरनुयुगं भवसि स्वयं च
सर्वत्र तेन विदिता "गुहजन्मभू"-स्त्वम् ॥ ६ ॥

हे अम्ब ! भवानि ! अज्ञान सम्वृत होने से सभी जीव गुह कहलाते हैं, गुहू संवरणे धातु से गुह शब्द बना है सम्वृत हुआ इसका अर्थ है। उन गुहों जीवों

को आप जनती–पैदा करती हो और गुह स्कन्द कार्तिकेय की आप स्वयं प्रसवित्री जननी हो, इस कारण आप सभी स्थानों पर गुहजन्मभू विदित हुई हो। यह नाम सार्थक ही है ॥ ६ ॥

सुरानीशानां त्वां गिरिनृपतिचूड़ामणिसुते।
स्थितां पंचब्रह्मोल्लसितनवपीठोपरि पराम्।
करैश्चापं बाणानपि च सृणिपाशौ च दधतीं
समर्च-"न्देवेशीं" जगति किल राजानति जनः ॥ ७ ॥

हे पर्वतराज–चूड़ामणि हिमालय की पुत्रि! देवों पर ऐश्वर्य करने वाली पंचब्रह्म; ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिव, समुल्लासित नवसिंहासन पर विराजमान सब से परा उत्कृष्ट रूपिणी चार भुजाओं में धनुष बाण, अंकुश और पाश धारण करती सभी देवों की परमेश्वरी आपको पूजता हुआ जन निश्चय ही राजा हो जाता है ॥ ७ ॥ शिखरिणी छन्द है ॥

मातस्त्वां "दण्डनीतिस्थां" जानाना हि जना नयम्।
कलयन्तो यशः स्फारं लभन्ते नीतिवेदिनः ॥ ८ ॥

हे मातः! आपको दण्डनीति अर्थशास्त्र में स्थित हुए जन जो नीति पालन करते हैं, वे नीतिज्ञ विशाल यश का लाभ पा लेते हैं। अनुष्टुप् छन्द है ॥८॥

यस्मिन्मातः कलयसि कृपां योगविज्ञस्य तस्यै–
वान्तर्दृष्टौ स्फुरसि "दहराकाशरूपिण्यु"-मे! त्वम्।
तेनासौ ना भवति मुदितो प्राप्य नेत्रं यथाऽन्धो
जीवन्मुक्तः किल रसयते ब्रह्म पीयूषमत्र ॥९॥

हे मातः! आप जिस पर कृपा करती हो उस योगविज्ञ की अन्तर्दृष्टि में दहराकाशरूपिणी (हृदय के भीतरी अवकाश को दहराकाश कहते हैं) वहां आपका रूप है। इसलिए दहराकाशरूपिणि हे उमे! आप स्फुरित–दीप्त–प्रकाशित होती हो इस आपके दर्शन से प्रसन्न होता हुआ वह जैसे नेत्र पाकर अन्धा पुरुष प्रसन्न होता है, वैसे वह उस लाभ से जीवन्मुक्त हुआ संसार में ब्रह्मज्ञानाऽमृत पान करता रहता है ॥ मन्दाक्रान्ता छन्द है ॥९॥

"प्रतिपन्मुखराकान्ततिथिमण्डलपूजिता"।
सती ददासि भक्तेभ्यो मण्डलेश्वरतां पराम् ॥१०॥

प्रतिपदा से पूर्णिमान्त तिथिमण्डल से पूजिता हुई अथवा प्रतिपदा से पूर्णिमान्त तिथियों में मण्डलार्चनों से चक्रपूजाओं से पूजिता हुई आप सती भक्तों को परा मण्डलेश्वरता देती हो, अर्थात् उक्त मण्डल पूजा करने वाला मण्डलेश्वर होता है ॥१०॥

वह्न्यर्कचन्द्रविधिविष्णुशिवादिकानां
सर्वाः कलास्त्वयि समर्च्य "कलात्मिका"याम् ।
को वा न कंचन मनोरथमाप्नुवानः
कन्दायते जननि ! बोधभृतां कलानाम् ॥११॥

हे जननि ! अग्नि की दश १० । सूर्य की द्वादश १२ । चन्द्रमा की १६ सोलह । ब्रह्मा की १० दस । विष्णु की १० । रुद्र की दस १० । ईश्वर की ४ चार । सदा शिव की सोलह १६ और भी स्वप्न जागर सुषुप्ति तुरीयादि की कलाएं बतलाई हैं । दूती याग में काम की १६ कलाएं बताई हैं । इन सब कलाओं को कलात्मिका रूप आपमें पूज कर कौन मनुष्य किस मनोरथ को न पाकर ज्ञान की कलाओं का कन्द नहीं बन गया है । अपि तु उक्त पूजा कर सभी ज्ञान-कलाओं में निष्णात हो गये हैं ॥ वसन्ततिलका छन्द है ॥११॥

येषां सच्चरितान्यहो ! परिणतिं प्राप्तानि पूतात्मनां
येषामन्त्यमुपान्त्यमस्ति जननं येऽद्वैतलाभेच्छुकाः ।
तीर्थे पर्वणि यैः कृतानि बहुशो दानानि, भक्ताश्च ये
मातः शांभवि ! शेखरीकृत-"कलानाथां" समर्चन्ति ते ॥१२॥

हे मातः ! जिन पवित्र मन वालों के सुकृत कर्म परिणत हो रहे हैं पक आए हैं । और जिनका जन्म अन्त्य या उपान्त्य पिछला है या एक आध संख्या शेष है, और जो अद्वैत लाभ की इच्छा रखते हैं, और जिनने तीर्थों पर पर्वकाल में दान तप जपादि किये हैं तथा जो भक्त हैं । हे शांभवि शंभु की परा शक्ति ! किरीट में शोभित कलानाथ (चन्द्र) वाली आपको वे ही पूजते है । और नहीं पूज पाते हैं जैसा कि शंकराचार्य जी कहते हैं प्रणन्तुं स्तोतुं त्वां कथमकृतपुण्यः प्रभवति अर्थात् बिना पुण्य किये पुरुष आपको न प्रणाम कर सकता है न स्तुति । सौन्दर्य लहरि ॥१२॥

"काव्यालापविनोदिनीं" कविजनारुत्वां राजराजेश्वरीं
स्वोपज्ञैर्ध्वनिमञ्जुलैः स्फुरदलङ्कारैरुदञ्चद्गुणैः ।
छन्दोभिर्विविधैः स्तुवन्ति त इमे देवैर्महेन्द्रादिभिः
स्तूयन्तेऽप्सरसां गणैः प्रणयतः सेव्यन्त आसम्प्लवम् ॥१३॥

हे देवि ! काव्यालापविनोदिनी राजराजेश्वरी आपको कविजन स्वरचित ध्वनिमनोहर व्यक्त अलंकार वाले दीप्यमान गुण वाले अनेक प्रकार के छन्दों से स्तुति करते हैं वे कविलोग महेन्द्रादि देवों से स्तुत होते है । और प्रेमपूर्वक अप्सराओं के गण आप्रलय अर्थात् प्रलय पर्यन्त उन्हें सेवन करते रहते हैं ।। शार्दूलविक्रीडित छन्द है ॥१३॥

"सचामररमावाणीसव्यदक्षिणसेविताम्"
अभ्यर्च्य वीजयन्ति त्वां चामरैस्ते जयन्त्यलम् ॥१४॥

चमर सहित लक्ष्मी और सरस्वती से वाम और दक्षिण तरफ सेव्यमान अर्थात् जिसके बांए और लक्ष्मी चमर डुला रही है और दाहिने तरफ सरस्वती चमर डुला रही है। ऐसी आपको पूजकर जो चमरों से वीजित करते हैं, वे संसार में अधिकाधिक जय पाते हैं ॥१४॥

उत्पादयित्रीं जगतां गुणानामप्यादिभूतां भुवनेश्वरीं त्वाम् ।
भजन्ति भक्त्या विधिविष्णुशंभुसुरेश्वराः सन्तत-"मादिशक्तिम् ॥१५॥

हे मां ! जगत् के गुणों को पैदा करने वाली और विश्व की आदि भूता ऐसी भुवनों की ईश्वरी आप आदि शक्ति को भक्त, ब्रह्मा विष्णु महेश इन्द्रादि सभी देव यौर यक्ष किंनर असुर भी भजते है ॥१५॥

कथं तपोभिर्जपपूजनाद्यैर्लभ्यासि दृश्यासि महेश्वरि त्वम् ।
केनापि कीदृक् कियतीति नैव प्रमातुमर्हासि ततोऽ-"स्यमेया" ॥१६॥

हे महेश्वरि ! तपस्याओं जपों अर्चनादिको से किसी से भी कैसी हो कितनी बड़ी हो इस प्रकार कैसे दीख सकती हो और कैसे पाई जा सकती हो। क्योंकि आप तो अमेया हो जिसका कोई किसी प्रकार मान (माप) नहीं कर सकता है, वह अमेया है ॥१६॥

सर्वं त्वमाप्नोसि समाददासि सर्वं त्वमत्सीश्वरि सर्वदाऽऽस्से ।
वृक्षस्य बीजे परमाणुरूपं तदा कृतेः सत्त्वमिव त्वमात्मा" ॥१७॥

हे ईश्वरि सर्वसमर्थरूपे ! आप सबको व्याप्त किये हुए हो और सबको ही संहार कर लेती हो खा लेती हो तथा सब कुछ देने वाली हो । और सदा सर्वदा रहती हो; जैसे वृक्ष के बीज में परमाणुरूप उसकी आकृति की सत्ता रहती है ! वैसे आप भी सबमें सर्व प्रकार सूक्ष्म परमाणुरूप सबकी सत्ता रूप से आत्मा हो ।। १७ ।।

परासि शंभोः सुषमा परांश्च स्वयं मिमीषे परिमासि चान्यान् ।
परं च सर्वं त्वयि मायते तत् परात्परा त्वं "परमा" विभासि ।।१८।।

हे देवि ! आप शंभु की (परमशिव की) परमा शोभा (कान्ति) हो । और परों को स्वयं मानयुक्त करती हो । तथा अन्य सभी को नापती रहती हो । और जो पर (पुरुषादि शब्दवाच्य) है वह आप ही में समाया हुआ है । इस कारण परे से परे होने वाली आप परमा रूप से प्रकाश पाती हो ।। १८ ।।

ध्यानाध्वनि प्रणिगता सकृदप्युमे ! या
स्वान्तं प्रशान्तमचिराय तनोति नृणाम् ।
दृष्टा तु पावयति तत्त्वसमूहमन्तः
सा "पावनाऽऽकृति"-रुदेतु दृशोस्त्वदीया ।। १९ ।।

हे उमे ! एक बार भी ध्यान–पथ में आई हुई जो जनों के स्वान्त (अन्तःकरण को) शीघ्र ही प्रशान्त कर देती है, देख लेने पर तो जो भीतरी तत्त्व समूह को पवित्र बना देती हैं, वही आपकी पावनाकृति पवित्र करने वाली आकृति मूर्ति हमारी दृष्टि में आती रहै ।। १९ ।।

"अनेककोटिब्रह्माण्डजननीं"ललितां यजन् ।
भक्तः स्वं भवितुं शक्तः स्वराट् सम्राड् बिराडपि ।।२०।।

अनेक को ही संख्या वाले ब्रह्माण्डों की जननी पैदा करने वाली मा त्रिपुरसुन्दरी को पूजता भजता हुआ भक्त स्वयं स्वराट् सम्राट् और बिराट् भी बन सकता है । क्योंकि अनेक कोटिब्रह्माण्डजननी जिसकी अभीष्ट देवता है तो उसका स्वराट् सम्राट् और विराट् होना कोई आश्चर्य नहीं हैं, एक ब्रह्माण्ड में ही अनेक सम्राट स्वराट् होते हैं तो अनेक ब्रह्माण्डजननी के भक्त को क्या कमी हो सकती है ।। २० ।।

धर्मं परिष्कर्तुमनाः परास्ब हे भरं भुवो हर्तुमना भवानि भोः ।
अनेकनेपथ्यपरा नटीसमा विभासि मातर्धृत-"दिव्यविग्रहा" ॥२१॥

हे परास्ब ! आप धर्म का परिष्कार करने की इच्छा से और हे भवानि भूमि के भार को हलका करने की इच्छा से अनेक वेष धारण करती हुई नटी के समान आप दिव्यविग्रहा दिव्यदेह वाली प्रकाशित हो रही हो। दिव्यविग्रहा का अर्थ दिव्य संग्राम करने वाली भी है ॥ २१ ॥

बीजं तन्मकरध्वजस्य विमलं पूर्णेन्दुशुभ्रं बभौ
त्वत्तो देवि यथा तनोस्तनुभृतां प्राणाभिधाना कला
तस्मात्त्वां निजभक्तकामकलनाकल्पद्रुमन्तीं सुराः
"क्लींकारीं" कथयन्ति ते चरणयोरर्चां प्रकुर्वन्ति च ॥ २२ ॥

हे देवि ! कामदेव का वह बीज विमल पूर्ण चन्द्रकला–सा शुभ्र आप से ही प्रकाशित हुआ है। जैसे शरीरधारियों के शरीर में प्राणकला प्रिय है, वैसे ही वह आपको प्रिय है। इस कारण, अथवा उस कामबीज से अपने भक्तों के काम सफल करने में कल्पवृक्ष की तरह शोभित होती ऐसी आपको सभी देवता क्लींकारी कहते हैं, और आपके चरणों की पूजा करते रहते हैं ॥ २२ ॥

यदा नैव शंभुर्न वाऽऽस्ते विरंचिर्न नारायणो नैव सूर्यो न चन्द्रः ।
जगत्कारणीभूतचैतन्यरूपा तदा "केवला" त्वं तुरीया विभासि ॥२३॥

हे भगवति ! जब न शंभु रहते हैं, न ब्रह्मा ही रहते हैं और न नारायण और सूर्य–चन्द्रमा ही रहते हैं। तब जगत् की कारणरूप चैतन्यरूपिणी केवला तुरीया आप ही प्रकाशित रहती हो। भुजंग प्रयात छन्द है।

हार्द्दावकाशे दहराभिधायां मातर्गुहायामनिशं वसाना ।
संगोपनीया त्वमुपासकैस्तत् परं रहस्यार्थ इवासि "गुह्या" ॥२४॥

हे मातः ! हृदय के अवकाशरूप आकाश में जिसे दहर नाम से कहते हैं उस गुहा में सदा बसती हुई आप उपासकों से सम्यक् गोपनीया रहस्य के अर्थ की समान हो इस कारण गुह्या हो ॥ २४ ॥

भजन्ति त्वां विदित्वा ये "कैवल्यपददायिनीम्" ।
ते यान्ति शाश्वतीं शान्तिं ब्रह्मविष्णवतिशायिनीम् ॥२५॥

हे अम्ब ! जो मनुष्य आपको कैवल्य (मुक्तिपद) पद देने वाली समझ कर भजते हैं पूजते हैं ध्याते हैं वे ब्रह्मा विष्णु से भी अतिशय वाली शाश्वत सदा स्थायिनी शान्ति को पा लेते हैं। यहां कैवल्य भी पद स्थान ब्रह्मादिका स्थान भी देने वाली ऐसा भी अर्थ होता है ॥ २५ ॥

त्रयीं त्रिवर्णांश्च गुणांश्च मात्राः सम्पूरयन्ती कलया स्वया त्वम् ।
त्रिभ्योऽपि देवेभ्य उदञ्चिता प्राक् ततोऽम्बिके त्वं "त्रिपुरा"-भिधाऽसि॥२६॥

तीनों वेदों को, तीनों वर्णों को, तीनों गुणों को, तीनों मात्राओं को आप अपनी कला से पूर्ण करती हो। और तीनों देवों (ब्रह्म-विष्णु-महेशों) से पहले उदित हुई हो इससे हे अम्बिके ! आप त्रिपुरा, त्रि. से पहले और त्रि. को पूर्ण करने से भी त्रिपुरा कहलाई हो। यह नाम सही है ॥ २६ ॥

सन्ध्यायां ललितां ये सन्ध्यायन्ति स्थिराशया भक्त्या ।
ते जायन्ते "त्रिजगद्वन्द्या" लोकाभिनन्द्याश्च ॥२७॥

जो साधक भक्त सन्ध्या समय में स्थिर चित्त हो भक्ति से ललिता भगवती को सम्यक् प्रकार ध्याते हैं, वे साधक तीनों लोकों में वन्दनीय और लोकों से अभिनन्दन करने योग्य हो जाते हैं ॥ २७ ॥

रूपत्रयं ब्रह्महरीश्वराणां वामादिशक्तित्रितयं तथैव ।
इच्छादिषूदञ्चसि शुक्लरक्तकृष्णप्रभा त्वं भवसि "त्रिमूर्तिः" ॥२८॥

हे देवि ! आप ब्रह्मा-विष्णु-ईश्वर इन तीनो देवों का रूप हो, तथैव वामा-ज्येष्ठा-रौद्री तीनों शक्ति आप होती हो, एवं इच्छा-ज्ञान-क्रिया तीन शक्तियों में विलसती हो तथा शुक्ल, रक्त और कृष्ण तीनों प्रभा स्वयं होती हो इस कारण त्रिमूर्ति हो ॥ २८ ॥

विद्वद्वरा ये "त्रिदशेश्वरीं"त्वां विचिन्तयन्तो हृदि पूजयन्तः ।
जपन्ति ते पंचदशीं भवन्ति, दशासु ते वै तिसृषु प्रकृष्टाः ॥२९॥

जो विद्वान् आपको देवों की ईश्वरी तेतीस कोटि देवों पर ऐश्वर्य करने वाली विचार कर हृदय में पूजते हैं, और आपकी पंचदशी विद्या को जपते हैं वे तीनों दशाओं में भी उत्कर्षवान् होते हैं। ऐसा निश्चय है ॥२९॥

यया यया भावनया महेशि ! त्वां "त्र्यक्षरीं" ये प्रजपन्ति नित्यम् ।
तान्तामवाप्यापि च वित्प्रभुत्वमोक्षाँल्लभन्ते सुधियो विशेषम् ।।३०।।

हे महेश्वरी ! तीन अक्षर वाली वाक्, काम, शक्ति बीजों के रूप से त्र्यक्षरी आपको जो सुधी (विद्वान्) जिस जिस भावना से नित्य जपते हैं उस उसको पाते हुए भी ज्ञान प्रभुता और मोक्ष विशेषतया वे प्राप्त कर लेते हैं। वामकेश्वर तन्त्र में त्र्यक्षरी के लिए कहा है। वाग्बीज में ज्ञानशक्ति मोक्षकारिणी है। काम बीज में काम शक्ति क्रिया रूपिणी है। कामनाएं पूरती है। शक्ति बीज में पराशक्ति शिवरूपिणी है, इस प्रकार त्र्यक्षरी देवी त्रिपुरसुन्दरी कहलाती है ।। ३० ।।

मातस्त्वां "दिव्यगन्धाढ्या"-माढ्याः स्वविभवानुगम् ।
पूजयन्तः सत्यसन्धाः सदानन्दा जयन्ति च ।।३१।।

हे मातः दिव्य गन्ध वाली आपको धनी लोग अपने वैभव के अनुसार पूजते हुऐ सत्य प्रतिज्ञावान् और सदा आनन्द करते जय पाते हैं ।। ३१ ।।

तप्तकाञ्चनवर्णाभां "सिन्दूरतिलकान्विताम् ।
जपाऽरुणपरीधानां ललितां हृदि भावये ।।३१।।

तपे हुए सुवर्ण के समान लाल वर्ण वाली और सिन्दूर के तिलक से शोभायमान तथा जपा पुष्प से लाल वस्त्र पहने हुए (रक्ताम्बरा) श्री ललिता भगवती को हृदय से भावित करता हूं ।। ३२ ।।

शिवं स्वयं मासि, परस्य शंभोर्लक्ष्मीश्च यास्तेऽखिललोककान्तिः ।
या चोत्तमा सिद्ध्यति चित्तवृत्तिर्भजा-"म्युमां" तां जगतां पराम्बाम् ।।३३।।

स्वयं आप शिव की शोभा हो, लक्ष्मी हो, कान्ति हो शिव का मान करती हो तथा समस्त लोकों में कान्ति हो। उ. से उत्तमा, मा. से चित्तवृत्ति हो। ऐसी जगत् की परा अम्बिका उस उमा को मैं भजता हूं। उ शिव मा लक्ष्मी, शोभा कान्ति। उ. उत्तमा, मा. चित्तवृत्ति, इन अर्थों से उमा पद की निरुक्ति बतलाई है। सूतसंहिता में लिखा है–उमाभिधामुत्तमचितवृत्ति नमामि नानाविधलोकवैभवाम् इत्यादि । तथा–उमाऽतसी हैमवती हरिद्राकीर्त्तिकान्तिषु। यह विश्व कोष का वाक्य है ।। ३३ ।।

तपस्यन्तो लोकास्तनुमिति परिक्लेशयथ किं
मखान्कृत्वा कृत्वा धनमपि निजं किं गमयथ ।
मनोवाञ्छापूर्तिं ह्यभिलषथ चेदाशुवरदां
महौदार्य्यामार्य्यां भजत हिम-"शैलेन्द्रतनयाम्" ।। ३४ ।।

हे लोको ! और-और तपस्याएं कर-कर शरीर को इस तरह क्लेशित क्यों करते हो । तथा यज्ञ याज्ञादि करके भी अपने धन को वृथा क्यों गवांते हो । यदि मनोवाञ्छा की पूर्ति चाहते हो तो शीघ्रातिशीघ्र वरदान देने वाली महा उदारता वाली आर्या भगवती श्री हिमशैलराज की पुत्री को भजो । शिखरिणी छन्द है, रसैःरुद्रैश्छिन्नायमनसभलागः शिखरिणी इस लक्षण से ।। ३४ ।।

कर्पूर-कुन्द-हिमः-हंस-मृणाल-गौरीं
"गौरीं" हिमाद्रिशिखरोपरि राजमानाम् ।
शुक्लाम्बरां धवलचन्दनमाल्यभूषां
ध्यायन्ति ये हृदि चिराय त एव धन्याः ।। ३५ ।।

कपूर, कुन्द, माध्य-पुष्प, मोगरा, हिम, (बर्फ) हंस, मृणाल, कमलदण्ड का सूत्र इनकी गौर प्रभा के समान गौर वर्ण वाली तथा हिमालय के शिखर पर विराजमान हुई श्वेत वस्त्र (साड़ी) पहने हुई श्वेत चन्दन पुष्पमाला और श्वेत मोतियों के भूषण धारती हुई गौरी को जो चिरकाल तक हृदय में ध्याते हैं वे ही संसार में धन्य हैं ।। ३५ ।।

"गन्धर्वसेवितां" दिव्यमन्दारकुसुमस्रजम् ।
वीणासंमूर्छनातालयचित्तां शिवां भजे ।। ३६ ।।

विश्वावसु आदि गन्धर्व गण जिसे सदा ध्याते पूजते हैं, जो दिव्यमन्दार पारि जात के पुष्पों की माला धारण करती है । और वीणा-सम्मूर्छना ताल तथा लय में चित्त लगाए हुए विराजमान शिवा भगवती को मैं भजता हूं । सौभाग्यभास्कर भाष्य में—गन्धर्वों से अश्वों से सेविता अश्वारूढा नाम देवी, ऐसा भी अर्थ लिखा है । और दिव्य गायन को ही गन्धर्व कहा है, दिव्य गायनों से सेवित आराधिता हो वह गन्धर्व सेविता ऐसा भी नामार्थ लिखा है ।।३६।।

विश्वं सर्वमिदं महत्स्वपि महद् गर्भे त्वदीयेऽस्त्यहो !
सा त्वं देवि! महीयसीति महतां त्वां "विश्वगर्भा"-मपि
धत्ते यो हृदये ऽनुरागवशतस्त्वां गायति ध्यायति
तस्मा एव महीयसे च महतां नित्यं नमस्कुर्महे ।। ३७ ।।

हे देवी ! बड़े से बड़ा यह समस्त विश्व आपके गर्भ में है इस कारण आप सभी बड़ों से अधिकाधिक बड़ी हो। ऐसी विश्वगर्भा आपको भी जो अनुरागवश हृदय में धारण करता है ध्याता है तथा आपके गुण गाता है। उस ही सबसे बड़े से बड़े महाशय को हम नित्य नमस्कार करते हैं ।। ३७ ।। शार्दूलविक्रीडित छन्द है और इस पद्य में सार अलंकार है।

लसन्ति यस्यामतिसुष्ठुवर्णाः शुभाक्षराण्युत्तमहेमकान्तिः ।
तां "स्वर्णगर्भां" जगतां सवित्रीं भजन्तु दारिद्रचलयाय लोकाः । ३८ ।

जिसमें अतिसुन्दर वर्ण विलसित है, जिसमें शुभ अक्षर (मातृ का वर्ण अ, इ, उ आदि) हैं। और सु-उत्तमा वर्ण कान्ति है। उस स्वर्णगर्भा सुवर्ण जिसके गर्भ में है वह स्वर्णगर्भा है। ऐसी जगन्माता आपको लोक दारिद्रय विलय करने को भजें, ध्यावें, पूजें ।। हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्रजम् इति श्रुतिः। स्वर्णगर्भा के सेवन से दारिद्रय दूर होना युक्त ही है ।। ३८ ।।

नीचाशयान्नीचकृतीनशेषान्नीचाऽऽचरान् या दितिजान्निहन्ति ।
धर्मैकसन्त्राणधृतव्रता मे श्रीसुन्दरी सा"ऽवरदा"स्तु भूत्यै ।। ३९ ।।

जो नीच आशय वाले, नीच कर्म करने वाले नीच आचरण वाले दानवों को नष्ट करती है जो धर्म के सम्यक् रक्षा करने का व्रत धारे हुए हैं। ऐसी श्री सुन्दरी अवरदा वरान्-श्रेष्ठों को सन्तों को न द्यति न खण्डित करे वह अवरदा भगवती मेरी मूर्ति (एश्वर्य) वृद्धि के लिए होवे। भाष्यकार ने अवन्तीति अवाः कान्तियुक्ता रदा दन्ताः यस्याः सा कान्तियुक्त दांत वाली अवरदा ऐसा भी नामार्थ किया है ।। ३९ ।।

मन्दोऽपि ना त्वां किल "वागधीश्वरीं" प्रपद्य भक्त्या जननावनेर्मनुम् ।
जपन्धवलक्षोपचरैर्यजन् निशि ह्यगाधविज्ञाननिधिः प्रसिद्ध्यति ।। ४० ।।

मूर्ख भी पुरुष निश्चय ही वाणी की ईश्वरी आपको पाकर प्रसन्न हो कर शरण पाकर भक्तिपूर्ण वाग्बीज को जपता हुआ रात्रि में श्वेत उपचारों से पूजता

ध्याता हुआ अगाध विज्ञान का निधान बन जाता है, प्रसिद्ध हो जाता है। जननावनेर्जन्मभुवः योनेर्मनुं ऐं बीजम्। जन्म भूमि के अर्थात् योनि के मनु मन्त्र, ऐं को यह अर्थ हुआ ॥ ४० ॥

त्वां "ध्यानगम्यां" रतिरूपरम्यां केनाऽप्यदम्यां त्रिदशैः प्रणम्याम्।
सद्भागधेयाः कृतिनो वदान्या भजन्ति सन्तो न परे कदापि ॥ ४१ ॥

रति के रूप से भी अधिक रमणीय और किसी से भी दमन के योग्य नहीं तथा देवों से प्रणाम किये जाने वाली ध्यान से प्राप्य आपको सौभाग्यशाली उदार मन के पुण्यवान सन्त ही भजते हैं अन्य कभी नहीं भजते हैं ॥ ४१ ॥

उल्लासं त्वमुपैषि शांभवि ! यदा ब्रह्मादिभिस्त्वद्गुणाः
शक्या वर्णयितुं भवन्ति सुतरां मूर्ताः प्रभेदा इव।
संकोचं भजसे तदा त्व-"मपरिच्छेद्या" भवन्ती शिवे !
प्रज्ञा-तर्क-मनो=गिरामविषयं यान्ती न वर्ण्यासि भोः ॥४२॥

हे शांभवि ! जब आप उल्लासित होती हो, विकास पाती हो तब आपके गुण ब्रह्मादि देवों से वर्णन किये जाने योग्य हो जाते हैं। जैसे व्यक्तियों के भेद सुख से गिने जाते हैं वैसे। और जब आप संकोच को प्राप्त होती हो तब आप अपरिच्छेद्या, अपरिमेया होती हुई हे शिवे ! बुद्धि तर्क, मन और वाणी के भी विषय में न आती हुई अवर्णनीय हो जाती हो ॥ शार्दूलविक्रीडित छन्द है ॥४२॥

ये "ज्ञानदा" यास्तव पादपद्मयोर्नवानि मल्लीकुसुमानि भक्तितः।
नाम्नां सहस्रेण समर्पयन्ति भोः, तेषां हृदि ज्ञानलताऽभ्युदेति वै ॥४३॥

जो पुरुष ज्ञान देने वाली आपके चरण कमलों में नवीन मालती के पुष्प भक्ति पूर्वक आपके प्रस्तुत सहस्रनाम के साथ समर्पित करते हैं, हे जगदम्ब उनके हृदय में ज्ञान की वल्ली उग आती है ॥ ४३ ॥

ज्ञानमेव मूर्तिरुज्ज्वला विभाति, तदेव विस्तृणाति या स्वभक्तवृन्दे।
"ज्ञानविग्रहा" महेश्वरी परा, सा प्रयच्छतादरं प्रबोधमेव मह्यम् ॥४४॥

ज्ञान ही जिसकी उजवल मूर्ति है उसी को वह अपने भक्त समुदाय में विस्तीर्ण करती है वह ज्ञान विग्रहा परा परमेश्वरी शीघ्र ही मुझे प्रबोध देवे ॥ यवमती छन्द है ॥ यवमती जौं जौं ज्रौं ज्रौंग इति लक्षणात् ॥ ४४ ॥

"सर्ववेदान्तसंवेद्या" चेद्याति हृदयाम्बुजम् ।
षोडशी ब्रह्मविद्या तत् खिद्यात् किं ना तपोव्रतैः ॥ ४५ ॥

सभी वेदान्त उपनिषत् समूह से सम्यक् प्रकारसे जानने योग्य षोडशी ब्रह्मविद्या यदि मनुष्य के हृदय में उदित हो जाती है तो वह तपों व्रतों से क्यों खेद पाता है ॥ ४५ ॥

ये त्वां परापरेशानीं "सत्यानन्दस्वरूपिणीम्" ।
प्रपद्यन्ते लभन्ते ते सत्यमानन्दमद्वयम् ॥ ४६ ॥

सत्य और आनन्द ही है स्वरूप जिसका ऐसी परापरा ईशानी (परापर की ईश्वरी) आपको जो मानव प्रपन्न होते हैं, शरण बनाते हैं। वे साधक सत्य अद्वैत आन्नद को पाते हैं ॥ अथवा सच्चा अद्वय आनन्द प्राप्त करते हैं ॥ ४६ ॥

'लोपामुद्रार्चिता" त्वं त्रिभुवनजननि ! क्षेममारोग्य-सौख्य–
श्रीविद्याकीर्तिकान्तीर्वितरसि दयया साधकेभ्योऽतिशीघ्रम्।
तस्मात् त्वत्साधकेन्द्रा भगवति वरदे ! प्रोच्य तार्तीयकूटं
त्वामभ्यर्चन्ति रात्रौ प्रमुदितहृदया मातृकायां जपन्तः॥ ४७ ॥

लोपामुद्रा अगस्त्य महर्षि की पत्नी है उसने श्री विद्या की साधना की थी, उस पर प्रसन्न हुई भगवती ने सर्व सामर्थ्य प्रदान किया इस कारण भगवती और उसकी उपासना का मन्त्र भी लोपामुद्रा नाम से कहलाते हैं। ब्रह्माण्ड पुराण और तन्त्रों में भी यह चर्चा है। लोपामुद्रा विद्या से अर्चिता (पूजित) हुई ऐसा भी अर्थ होगा। हे त्रिभुवनजननि, लोपामुद्रा विद्या से पूजिता हुई आप क्षेम आरोग्य सुख श्री विद्या कीर्ति कान्ति सभी मनोरथ साधकों को दया से अतिशीघ्र देती हो, इस कारण हे वरदान देने वाली भगवति ! आपके साधक श्रेष्ठ विद्या के तृतीय कूट को पढ़कर ही रात्रि में प्रमुदित मन से मातृका पर जपते हुए आपको पूजते हैं। जैसा कि कादिमत में है–विद्या–तृतीय–खंडेन कुर्यात् सर्वोपचारकान्। इति ॥ ४७ ॥

त्वां "लीलाक्लृप्तब्रह्माण्डमंडलां" प्रयजन्ति ये ।
ऐश्वर्य्ये नैकब्रह्माण्डमण्डलाखण्डलन्ति ते ॥४८॥

लीला मात्र से कल्पित किए हैं ब्रह्माण्ड मण्डल जिसने ऐसी आपको जो भजते पूजते हैं वे साधक ऐश्वर्य में अनेक ब्रह्माण्ड मण्डलों के इन्द्र समान

बन जाते हैं। जो खेल मात्र से ही अनेक ब्रह्माण्ड बना लेती है, उसकी महिमा क्या कोई कहें। फिर उसके साधक ब्रह्माण्ड के महेन्द्र के समान हो इसमें आश्चर्य क्या है, यह तो इसकी महामहिमशालिता है ।। ४८ ।।

दृश्याऽ"प्यदृश्या"ऽसि जगन्नियन्त्रि! पराम्बिके! दृश्यविलक्षणासि।
मीमांसकानामिव देव्यदृष्टं, प्रधानवद्भासि च सांख्यकानाम् ।।४६।।

हे देवि! आप दृश्य (देखने योग्य) हो तो भी अदृश्या (देखने में न ही आने वाली) हो। दृश्य जो कुछ यहां दीखता है इससे विलक्षण हो। अथवा चक्षु आदि इन्द्रियों के अभोग्य होंने में अदृश्या हो। जगत् का नियन्त्रण करने वाली हे पराम्बिके! मीमांसकों के अदृष्ट की समान और सांख्य वालों के प्रधान समान आपविदित हो भासित हो ।। ४६ ।।

मातर्निर्विषयासि संविदिव भोस्त्वय्यस्ति तद्बिम्बितं
दृश्यं नूतनमेव दर्शयसि च प्रावर्तयत्यंजसा।
अस्थाय्यस्ति च तेन "दृश्यरहिता" त्वं प्रोच्यसे कोविदैः
चित्ते स्थैर्यमुपागते सुयमिनश्चित्तप्रहीणा इव ।।५०।।

हे मां! आप विषय रहिता, संवित् की समान हो। आप में वह दृश्य सब बिम्बित है। आप दृश्य को नवीन ही (नया सा) दिखाती हो। और शीघ्र ही उसे प्रवर्तमान तथा परिवर्तित भी कर देती हो यह भी अस्थायी है। इससे आप दृश्य रहिता विद्वानों से कहलाती हो जैसे संयमी योगी लोग चित्त स्थिर हो जाने पर चित्तहीन कहलाले हैं। वैसे आप भी दृश्यरहिता कहलाती हो। उपमा अलकार है ।। ५० ।।

"विज्ञात्री"त्वं सर्वविश्वस्य मातः कस्त्वां केन ज्ञायतां लोकधात्रीम्।
सूर्यज्योतिर्भासकं भासकानां केनान्येनोद्भासयन्त्वत्र लोकाः ।।५१।।

हे मातः आप समस्त विश्व की विज्ञात्री विशेष जानने वाली हो। आपको कौन किससे जाने कि आप लोकों की धात्री बनाने वाली और धारण पालन करने वाली हो। सूर्य सभी प्रकाशकों का प्रकाशक एक ज्योति है। उस सूर्य को किस अन्य ज्योति से प्रकाशित करे, अर्थात् कदापि नहीं कर सकते ।। ५१ ।।

सर्वज्ञता त्वय्युपपद्यते ततो वेद्यं त्वया किञ्चिदपीह नास्त्यहो ।
वेदादिवेद्याऽपि परावरेश्वरि ! त्वमत्र सिद्धा किल "वेद्यवर्जिता" ॥५२॥

हे परावरेश्वरि ! आगे पीछे सबकी ईश्वरी । आप में सर्वज्ञता उपपन्न है, अब इस संसार में आपके लिए कोई वेद्य जानने योग्य नहीं है । आश्चर्य है कि वेदों से भी आदि सर्व प्रथम वेद्य वर्जिता सिद्ध हुई हो ॥ ५२ ॥

त्वां "योगिनीं" त्रिपुरसुन्दरि ! पूजयित्वा
रोद्धुं प्रभुर्भवति ना चलचित्तवृत्तीः ।
योगं च साधयति सिद्धिमुपैति चासौ
दिव्यं प्रयोगमुपदर्श्य चमत्करोति ॥ ५३ ॥

हे त्रिपुरसुन्दरि ! आप योगिनी को एकत्व भावना रूप योग की देने वाली को पूज करके मनुष्य अपनी चंचल चित्त वृत्ति को रोकने के लिए समर्थ हो जाता है । फिर योग साधना करता है । उसमें सिद्धि पा लेता है फिर संसार को योग के प्रयोग दिखला चमत्कृत कर देता है ललिता स्वयं भी योगिनी हैं 'रहस्याति-रहस्य-परात्पर-रहस्य-योगिनी इति साम्प्रदायिकाः ॥ ५३ ॥

योगं ददासि यमिनां कृत एव देवि! दुर्वासनाकुलहृदां द्यति भोस्तमेव ।
इत्थं विमृश्य विबुधाः किल "योगदां" त्वामर्चन्ति च स्वहृदये परिचिन्तयन्ति५४

हे देवि ! आप यम (इन्द्रियादि दमन रूप यम) वाले पुरुषों को ही योग प्रदान करती हो, और कुत्सित वासना वालों के तो उस योग को खंडित करती हो । यह अर्थ देखकर ही देव तथा विद्वान् निश्चय ही आपको योगदा कहकर समझकर पूजते हैं और हृदय में आपको ध्याते हैं ॥ ५४ ॥

योगेऽपि युक्ता निजयोगसिद्धावानन्दरूपामबलां निजान्तः ।
पश्यन्ति नान्यां किल देवतां तत् उपासनायै भवती हि "योग्या" ॥५५॥

हे देवि ! योग में युक्त सिद्ध हुए भी योगी अपनी योगसिद्धि होने पर समाधि में अपने अन्दर आनन्दरूपिणी अबला (शक्ति) को ही देखते हैं । अन्य देव को नहीं देखते हैं इस कारण उपासना के लिए आप ही एक योग्य होती हो "अन्तः पदव्यामनुर संचरन्तीमानन्दरूपामबलां प्रपद्ये" इस श्वेताश्वतर श्रुति में देखिए ॥५५॥

स्वीयं चित्त त्वत्पदालानतो यैर्बाढं बद्धं भक्तिरूपान्दुकेन।
"योगानन्दा"ऽऽप्लावितास्ते महेशि! ब्रह्माभिख्यं चिद्रसं संस्वदन्ते।५६।

हे महेश्वरि! जिनने अपने चित्त हस्ती को आपके चरण रूप आलान में (गज के बांधने के खंभ को आलान कहते हैं) दृढ़ भक्ति रूप सांकल से बांध दिया है। वे योग के आनन्द से आप्लावित हुए योगी, ब्रह्म नाम के चैतन्य रस को आस्वादित किया करते हैं। रूपक अलंकार है ।। ५६ ।।

पदद्वयं विश्व-"युगन्धरा"-याः, मातुस्तवालम्ब्य कुतो भयं मे।
सुधोदधेस्तीरमुपासमानो जनो न तृष्णाकुलतामुपैति ।। ५७ ।।

हे देवि! विश्व की युगन्धरा युग शब्द के अर्थ हस्त युगल वृद्धि हलका अङ्ग रथ का अंग कृत आदि चारों युगों में भी है। इस कारण विश्व पर हस्त (रक्षा के लिए हाथ) धरने वाली विश्व की वृद्धि करने वाली विश्व का सब कुछ भार धारण करने वाली आपके चरणकमलों का आलम्बन लेकर मुझे भय कहां से और क्यों होवे, कुछ भी भय नहीं हो सकता है। क्योंकि सुधा के समुद्र की तीर पर बैठने व ला प्यास से आकुल क्यों और कैसे होगा? कदापि नहीं ।। यहां श्लेष और अर्थान्तर न्यास अलङ्कार है, यह इन दोनों की संसृष्टि हुई ।।५७।।

"इच्छाशक्ति-ज्ञानशक्ति-क्रियाशक्तिस्वरूपिणी"।
दुर्गा याननुगृह्णाति तेषां सर्वं शुभायते ।। ५८ ।।

परमात्मा तीन शक्ति धारण किये हैं– इच्छा, ज्ञान और क्रिया, जैसा कि श्रुति में लिखा है–"परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्याभाविकी ज्ञान-बल-क्रिया च"। तो उक्त तीनों शक्तिरूप वाली दुर्गा महामाया, जिन पर अनुग्रह करती है, उनका सब कुछ शुभ श्रेय ही होता है ।। ५८ ।।

गुणोदाराऽपाराऽप्यमृतरसवारां निधिरिव
परं रम्याकारा परशिवदयाराशिरिव च।
सतां विज्ञानानामपि च जगतां दिव्यमहसां
शिवे! "सर्वाधारा" त्वमिव सुखसारा विजयसे ।। ५९ ।।

हे शिवे! गुणों से उदार या उदार गुण वाली और अपार अमृतरस की समुद्र सी परम रमणीय मूर्ति वाली परशिव की मूर्तिमान दया की राशि समान

सत् विज्ञान और जगत् के सभी दिव्य तेजों की आधार रूपा सुखों की सार आपसी आप ही विजय पार ही हो। उपमा और अनन्वय की संसृष्टि हुई है ॥ ५९ ॥

त्वया ततं विश्वमिदं महेशि ! त्वमस्य सर्वस्य च "सुप्रतिष्ठा"।
जानन्ति ये तत्त्वमिदं त एव लब्धप्रतिष्ठाः सुधियो विशिष्टाः ॥६०॥

हे महेशि ! इस विश्व को आपने विस्तृत किया है। और आप ही इस समूचे विश्व की प्रतिष्ठा हो अर्थात् यह विश्व आप में ही प्रतिष्ठित है। जो इस तत्त्व को जानते हैं, वे ही विद्वान् विशिष्ट है तथा लब्ध-प्रतिष्ठ हैं। अर्थात् उन्हीं ने लोक में प्रतिष्ठा पाई है ॥ ६० ॥

ब्रह्म ज्योतिः पर सत् तदितरकमसत् ब्रह्मभिन्नं जगच्च
शुद्धे साम्बत्स्वरूपे द्वयमपि तदिदं भासते तावकीने।
तस्माद्बुद्धौ बुधानां विलससि "सदसद्रूपधारिण्यु"-मे ! त्वं
धर्मत्राणार्थमाविर्भवसि च जगतां श्रेय उल्लासयन्ती ॥६१॥

हे उमे ! ब्रह्म ज्योति पर और सत् है, और ब्रह्म से जो भिन्न है वह असत् है। वे दोनों सत् और असत् यद्वा ब्रह्म ज्योति और जगत् आपके शुद्ध सम्वित् रूप में भासते हैं। इस कारण पंडितों की बुद्धि में आप सदसद्रूपधारिणी प्रकाशित होती हो, धर्म की रक्षा के लिये जगत् का कल्याण उल्लासित करती हुई आप प्रगट होती रहती हो ॥ ६१ ॥

सन्मूलप्रकृतेस्तवैव विकृतिर्या या भवन्त्यष्टधा
लक्ष्म्याद्या वसुधादिकाश्च विदिता जीवादिका विश्रुताः।
ता स्वन्तर्विदितां यजन्ति गिरिजे ! त्वा-"मष्टमूर्ति" हिये
ते विद्वत्कुलमौलिमण्डनलसद्रत्नन्ति भूमण्डले ॥ ६२ ॥

हे गिरिजे ! भगवति ! आप सत् मूलप्रकृति हो आप ही की जो जो आठ विकृतियां लक्ष्मी आदि "लक्ष्मीर्मेधा धरा पुष्टिर्गौरी तुष्टिः प्रभा धृतिः। एताभिः पाहि तनुभिरष्टाभिर्मां सरस्वति"। इति। ये आठ मूर्तियां हैं जिसकी अथवा योग शास्त्र में गुण भेद से आठ मूर्तियां बतलाई है—जीवात्मा चान्तरात्मा च परमात्मा च निर्मलः। शुद्धात्मा ज्ञानरूपात्मा महात्मा सप्तमः स्मृतः ।अष्टम-

स्तेषुभूतात्मेत्यष्टात्मानः प्रकीर्तिताः। ये आठ आत्मा हैं मूर्तियां जिसकी और भी- भूमि अप् तेज वायु आकाश सूर्य चन्द्र और यजमान ये आठों मूर्तियां हैं जिसकी आदि शब्द से और भी सुवर्च आदि आठ समझिए, लिंगपुराण में लिखा है अष्टौ प्रकृतयो देव्या मूर्तयः परिकीर्तिताः। अर्थात् आठों प्रकृतियां देवी की मूर्तियां कही हैं। उन उन उक्त मूर्तियों में अन्तर्यामि स्वरूप से विराजमान अष्टमूर्तिनाम वाली आपको जो पूजते, भजते, ध्याते हैं वे भूमण्डल पर विद्वानों के कुल के शिरोभूषण (मुकुट) के रत्न की तरह चमकते शोभा पाते हैं। अथवा और भी- कुल आठ हैं वे ही मूर्तियां भगवती की हैं यों भी अष्टमूर्ति नाम की निरुक्ति की है। अथवा ब्राह्मी आदि आठ मातृकायें ही आठ मूर्तियां हैं जिसकी वह अष्टमूर्ति, यह भी अर्थ है ॥ ६२ ॥

मायाम्भोधिमपारमेकतरसा यद्यस्ति तर्तुं स्पृहा
द्रष्टुं वा परसम्विदः स्वहृदये दिव्यं प्रकाशं परम्।
तद् भो मित्रमणे! दिवानिश-"मजाजैत्री"मुमां पूजय-
मुक्तिश्रीर्दयितेव बाहुयुगले त्वां सन्ततं धास्यति ॥६३॥

हे मित्ररत्न! यदि इस अपार माया समुद्र को एक ही वेग में तैरना चाहते हो, तथा उस परा सम्वित् का दिव्य और पर प्रकाश हृदय में देखना चाहते हो तो दिन रात अजाजैत्री-अजमाया अविद्यारूपा उसकी जीतने वाली "अजामेकांलोहितशुक्लकृष्णाम् इति श्रुति विदित माया अजा की जैत्री भगवती उमारूपिणी श्री ललितम्बा को पूजो। इससे मोक्ष लक्ष्मी भी प्रिया (पत्नी) की तरह तुम को अपनी बाहुयुगल में सदा धारण करेगी ॥ ६३ ॥

क्षेमस्य योगस्य च चित्तचिन्तां वृथेति मत्वा विबुधास्त्यजन्ति।
प्रेम्णा परेणैव च "लोकयात्रा'विधायिनीं" त्वामनिशं भजन्ति ।६४॥

योग और क्षेम भोजन वसनादि, (गुजर वशर) की चित्त मे होने वाली चिन्ता को वृथा समझ कर, विद्वान् लोग छोड़ देते हैं। और लोक यात्रा विधा- यिनी अर्थात् संसार के सभी योग क्षेमादि व्यवहार भार को सविधि पूरने वाली आप श्री विद्या भगवती को पूर्ण प्रेम से नित्य भजते हैं। चौदह लोकों की यात्रा प्रलय और संरक्षण करने वाली लोक यात्रा विधायिनी ऐसा भी अर्थ है ॥ ६४ ॥

प्रपञ्चसंहारविधौ युगान्ते सकर्मकालाऽखिलविश्वजालम् ।
स्वोद्भावितं स्वं प्रतिसंहरन्ती "ह्येकाकिनी" भ्राजस ऊर्णिकेव ।।६५।।

युगान्त काल में प्रपंच (विश्व) के संहार विधान करते समय कर्म और काल सहित समस्त विश्वजाल को अर्थात् विश्व के सभी चराचरों को जिसे आपने आप से ही प्रगटाया था, उसे अपने आप ही में वापस समेटती हुई आप एकाकिनी अकेली मकड़ी की तरह प्रकाशित रहती हो और सब को संहार कर अपने में रख लेती हो। उपमालङ्कार हुआ। ।। ६५ ।।

भूरिस्वरूपामपि "भूमरूपां" सन्ध्यासु सन्ध्यायति यो जनस्त्वाम् ।
परावरेशानि ! तपोनिधानं तं सिद्धयोऽष्टावपि संश्रयन्ते ।। ६६ ।।

हे परावरेशानि ! अनेकों रूप वाली भी भूमा रूपिणी आपको जो संध्याओं में जन ध्याता हैं उस तपोनिधि को आठों ही सिद्धियां अणिमा महिमादि आश्रय कर लेती हैं । श्रुति में लिखा है यो भूमा स वै ब्रह्म इति, तद्रूपिणी । देवी पुराणमें—एकाऽप्युपाधितो भूमा शिवा सर्वत्र विश्रुता ।। ६६ ।।

विद्याविद्ये निःसृते द्वे चितस्त्वत् जीवेशानौ त्वद्बहिःस्ततस्त्वाम् ।
"निर्द्वैतां" ये तत्त्वतः संविदन्ति निर्द्वन्द्वास्ते ह्यागमज्ञाः शिवन्ति ।। ६७ ।।

हे मा चिद्रूपिणी ! आप से ही विद्या और अविद्या दोनों निकली हैं और ऐसे ही जीव और ईश्वर ये दोनों भी आपही से प्रगट हुए हैं इस कारण आप को जो लोग तत्त्व से निर्द्वैत द्वैत रहित जानते हैं वे आगम विज्ञ निश्चय ही निर्द्वन्द्व होते हुए शिव हो जाते हैं ।। ६७ ।।

त्वां "द्वैतवर्जितां" ये योगाभ्यासेन योगिना मूर्ध्नि ।
उपचारैर्मानसिकैर्यजन्ति ते हीशते मृत्यौ ।। ६८ ।।

हे मातः ! जो योगी जन द्वैत विरहित मूल में ही भेद के अत्यन्ता भाव होने से द्वैत विवर्जिता आपको योगाभ्यास से योगिनी शक्ति के मस्तक पर मानसिक उपचारों से पूजते हैं। वे निश्चय ही मौत पर ऐश्वर्य करते हैं। अर्थात् वे स्वच्छन्द मृत्यु होते हैं ।। ६८ ।।

स्तुवत्कपालिप्रमुखामरेभ्यः सदा"न्नदा"नव्रततत्परा या।
वदान्यदेवव्रजमौलिमालारत्नायिता सा ललिताऽवतान्नः ॥ ६९ ॥

स्तुति करते हुए शिव आदि देवों को जो सदा अन्नदान व्रत में तत्पर है वह उदार देव समूह के मस्तकों पर धारण की हुई मालाओं में रत्न की तरह प्रकाशमान हुई श्री ललिताम्बिका हमारी सदा रक्षा करती रहे ॥ ६९ ॥

विल्वैर्यजन्तो भुवनां जपन्तो मूर्ध्ना नमन्तो निशि साधकाग्र्याः।
गोभूहिरण्याम्बरमौक्तिकानि जना लभन्ते "वसुदा"म्बिकातः ॥७०॥

साधकों में अग्रगण्य जन रात्रि में विल्वपत्रां से आपको पूजते हुए तथा भुवनेश्वरी मन्त्र को जपते हुए एवं मस्तक से प्रणाम करते हुए गौ भूमि सुवर्ण वस्त्र भूषण मौक्तिक रत्नादि आप वसुदा अम्बिका से पाते हैं। वसु, धनं, हेम रूप्यं, कुप्याकुप्यं, सर्वविधं, ददाति सा वसुदा इस निरुक्ति को उक्त मनोरथ पूर्ण करती चरितार्थ करती हो ॥ ७० ॥

प्रागुद्भवा लोकनिकायतस्त्वं लोकान्स्वयं वर्द्धयसे कलाभिः।
ज्येष्ठासि लोकत्रयनायकेभ्यस्तत्सर्व"वृद्धासि"सुवृद्धिदासि ॥ ७१ ॥

हे अम्ब ! आप लोक समुदाय से पूर्व ही प्रगट हुई हो और अपनी कला से सभी लोगों को बढ़ा रही हो तथा लोक नायकों ब्रह्मा–विष्णु–महेशादि को से ज्येष्ठा बड़ी हो इस कारण और बुद्धि की देने वाली हो इस कारण आप सबसे बृद्धा हो। वर्धयते इस अर्थ में वृधु धातु से णिजन्तकर्त्ता में क्तप्रत्यय करने से ठीक होता है। शेष ऊपर कहे पद्य के (३) तीनों अर्थ सही समन्वित हो रहे हैं ॥ ७१ ॥

ऐक्यं जीवेशयोर्वा प्रकृतिपुरुषयोः कारयन्तीच्छया त्वं
"ब्रह्मात्मैक्यस्वरूपिण्य"पि दिवि भुवि वा कीर्तिता देवमर्त्यैः।
अद्वैतप्राप्तिकामैर्हृदयसरसिजेऽभ्यर्च्यमाना निशासु
संसिद्धयै तत्त्वबोधं वितरसि करुणावारिधानी भवानि! ॥७२॥

हे भवानी ! जीव और ईश्वर की एकता तथा प्रकृति और पुरुष की एकता अपनी इच्छा से कराती हुई आप देवों तथा मनुष्यों से स्वर्ग और भूतल

पर ब्रह्मात्मैक स्वरूपिणी कहलाती हो और अद्वैत लाभेच्छुक पुरुषों से निशा समय में हृदय कमल में पूजी जाती हो और करुणा की समुद्र आप ही उनकी मोक्ष के लिए तत्त्व ज्ञान भी प्रदान करती हो ॥७२॥

षट्त्रिंशत्तत्त्ववर्णान्भरसि सुमहती त्वं महत्तावतां च
सर्वेषां वृंहणीत्वाद् भगवति ! "बृहती" व्योमतोऽलं बृहत्त्वात् ।
इत्थं ज्ञात्वा निरुक्तिं तव मनुजनुषो भावयन्ति स्वरूपं
ते विज्ञा योगविद्याबलविभवभृतः संलभन्ते बृहत्त्वम् ॥७३॥

बृहती गायत्री में ३६ वर्ण होते हैं। शक्ति दर्शन में ३६ तत्त्व माने गये हैं। इस कारण बृहती नाम निर्वचन में गायत्री का समन्वय करते हुए छन्द का भी निरूपण करते हैं। ३६ तत्त्वों के समान ३६ वर्णों को धारण करने से आप बड़ों से भी बड़ी हो। सब से बड़ी होने से और व्योम से भी अत्यन्त विशाल होने से आप बृहतो हो। इस प्रकार आपके नाम का निर्वचन जानकर जो मनुष्य निरुक्ति के अनुसार स्वरूप की भावना करते हुए आपको भजते हैं वे विद्वान् योग विद्या बल वैभव से पूर्ण हो जाते हैं और संसार में अच्छी बड़ाई पाते हैं। बृहती जागतस्त्रयश्च गायत्राः यह पिंगल सूत्र में वहती गायत्री का लक्षण बताया है। इसमे बृहती में ३६ वर्ण होना लिखा है। पिंगल सूत्र हलायुध वृत्ति ।७३ ॥

त्वां ब्रह्मशक्तिं हृदि भावयन्तो ये "ब्राह्मणी"-मर्चनमापयन्ति ।
ते ब्रह्मविज्ञातृधुरीणमोलिमुक्तास्रजो मेरुमणीभवन्ति ॥ ७४ ॥

हे अम्ब ! आप ब्रह्म परमात्मा सदा शिव की शक्ति हो इस कारण ब्राह्मणी हो ऐसी हृदय में भावना करते हुए जो साधक पुरुष ब्राह्मणी को पूजते हैं (शक्ति पूजा अवसर में) वे ब्रह्म विज्ञाताओं मे धुरीण जनों की मस्तकों की मौक्तिकमाला के मेरु रूपमणि बनाते हैं सब ब्रह्मविदों के मूर्द्धन्य होते हैं यह अर्थ हुआ। भगवान् शिव के ब्राह्मणत्वका प्रमाण देखिए छान्दोग्य उपनिषत् में श्रुतिः—विरूपाक्षोऽसि दन्तांचिरिति शिवं प्रकृत्य-त्वं देवेपु ब्राह्मणोस्यहं मनुष्येषु, ब्राह्मणो हि वाह्मणमुपधावति, उप त्वा धावामीति" । पराशर आदित्य कूर्म वाशिष्ठ लैंगादि में देखिए-ब्राह्मणो भगवान् साम्बो ब्राह्मणानां

हि दैवतम् । विशेषाद् ब्राह्मणो रुद्रमीशानं शरणं व्रजेत्" । इत्यादि । उपर के साम्ब पद से अम्बा सहित शिव ब्राह्मण बताया है तो स्वतः ही सिद्ध हो गया कि भगवती ब्राह्मणी है । जब शिव ब्राह्मण है तो उनकी शक्ति ब्राह्मणी है ही, और भी शिवो देवो द्विजो ब्रह्मा क्षत्रियस्तु हरिः स्मृतः । इन्द्रो वैश्यस्तथैवान्ये यक्षाद्याः शूद्र जातयः । इति भारत वचनम् । वातूलतन्त्र में—ब्राह्मणः कथ्यते रुद्रः क्षत्रियः कमलोदरः । कमलोदरो विष्णुः । वैश्यःकमलगर्भश्च शूद्रः स्यात् पाकशासनः । इत्यादि ।।७४।।

कर्पूरकुन्दहिमहारमृणाल गौरि !
गौरीं तवाम्ब । तनुमात्मनि रूपयन्यः ।
चन्द्रान्वितं परिजपत्यधरौष्ठवर्णं
"ब्राह्मी" रुपैति स कलाः सकलाः फलाशी ।।७५।।

हे अम्ब ! कपूर कुन्द पुष्प हिम मोतियों का हार और मृणाल के समान गौरवर्णवाली ! आपकी गौरी मूर्ति को आपमे अर्थात् स्वहृदय में निरूपण करता हुआ ध्यान से हृदय में निहारता हुआ जो साधक चन्द्रबिन्दु संयुक्त अधरौष्ठवर्ण ऐ कार को अर्थात् ऐं इस वाग्बीज को जपता है वह फलमात्र भोगी रह कर जपने वाला, अथवा सकाम उपासना में फल की आशा वाला भी सभी ब्रह्म कलाओं को प्राप्त हो जाता है । अथवा ब्राह्मी सरस्वती तत्सम्बन्धिनी सभी कला ज्ञानादि को प्राप्त कर लेता है ।।७५।। वसन्त तिलका छन्द हैं ।

आनन्दो या ब्रह्मणोऽन्तर्विलासी भास्वद्बिम्बे भा विशिष्टेव दृष्टा ।
"ब्रह्मानन्दा" षोडशी सुन्दरी सा भूयादम्बा श्रेयसे शाश्वताय ।।७६।।

जो ब्रह्म—परमात्मा के अन्तर्विलास करने वाला आनन्द ही है । जैसे सूर्य विम्ब के भीतर झिलमिलाता हुआ तेज दीख पड़ता है वैसे ब्रह्म का आनन्द षोडशी त्रिपुरसुन्दरी भगवती अम्बिका हमारे शाश्वत सुख और कल्याण के लिये हो ।।७६।। शालिनी छन्द है ।

नक्तं जपन्पंचदशीमुपांशु यो नित्यमेवार्पयते बलिं ते ।
"बलिप्रिया" त्वं त्वरितं प्रसद्य, ददासि तस्मै तदमभीप्सितानि ।।७७।।

हे अम्ब ! जो पुरुष रातमें (और दिन में भी) उपांशु कण्ठ ही में अक्षर आते जाते रहैं ऐसे प्रकार से । पंचदशी श्री विद्या मन्त्र जपता हुआ

नित्य ही आपको बलि पूजाङ्ग अथवा यागाङ्ग, नित्य शब्द प्राबल्य से तो पूजाङ्ग ही प्राप्त है। बलि अर्पण करता है तो बलिप्रिया आपको बलि पूजोपहार अथवा अविद्या निरास करने में समर्थ और कामादि शत्रुओं पर विजय पाने वाले साधक योगी जन बली कहलाते हैं बलवान्, वे ही हैं प्रिय जिसके वह बलि प्रिया, ऐसी आप शीघ्र ही प्रसन्न होकर उस साधक को उसके अभीष्ट सभी फल प्रदान करती हो ।।७७।।

अहो "भाषारूपां" जननि भवतीं स्वेन रचितैः
स्तवैर्नित्यं स्तौति त्रिदशवचनैः प्राकृतमयैः।
प्रसीदन्ती तस्मिन्वितरसि दृशं स्वां सुखकरीं
ययाऽसौ वागीशो भवति च धरित्रीपरिवृढः ।।७८।।

अहो जननि ! भाषा विविध प्रकार की देशभेदादि से अगणित भाषाएं विश्व में हैं। उन सब का एक मूल रूप आप हो इसकारण भाषारूप वाली आप को जो पुरुष अपने बनाए अमरवाक्यों से (संस्कृत वचनों सें) अर्थात् स्वरचित संस्कृत बाणी के पद्यों से तथा प्राकृत मय पद्यों से आपकी नित्य स्तुति करता है उस पर प्रसन्न होती हुई आप अपनी सुख-समृद्धि भरी दृष्टि देती हो, जिससे वह संसार में बागीश्वर और धरणी पति भी हो जाता है। वागीश सा विद्वान् और राजा महाराजाओं जैसा वैभवशाली हो जाता है यह अर्थ हुआ ।।७८।।

गजैर्नानाकारैर्गिरिभिरिव यास्ते भयकरी
तुरंगैस्तुङ्गैर्या जलनिधितरंगैरसुतरा।
महायानैःस्फूर्जद्बहुविधविधानैः सुरुचिरा
"बृहत्सेना"-म्बाया मम भवतु सायासहरणी ।।७९।।

जो बड़े बड़े पर्वतों के समान नाना आकार प्रकार वाले हाथियों से भयावती प्रतीत होती है, और जो ऊंचे २ समुद्रो तरंगों के समान घोड़ों से सहज ही पार होने योग्य नहीं दीखती है। एवं बड़े २ यान विमान रथादि शिविकादिकों से जो बड़ी मनोहर सी प्रतीत होती है वह अम्बा श्री ललिता भगवती की बृहत्सेना मेरे कष्ट दूर करने वाली होवे ।।७९।।

भक्ता भव्यधियो भवानि ! भवतीं भास्वत्प्रभाभासुरां
"भावाभावविवर्जितां" भवभियां भङ्गाय बद्धस्पृहाः ।
ज्ञात्वाऽर्चन्ति जपन्ति ते मनुमहो ! ते भूतिभाजां पुरो
गण्या मान्यवरा भवन्ति मनुजा नायान्ति भूयो भवम् ॥८०॥

हे भवानि ! आपको भव्य बुद्धि वाले, और भवभीति को भंग करने के लिए प्रबल भावना वाले भक्त लोग देदीप्यमान सूर्यप्रभा-सी प्रकाश करती हुई को भाव द्रव्यादि अभाव प्रागभावादि दोनों से रहित जान कर जी पूजते हैं और आपके मन्त्र को जपते हैं वे जन ऐश्वर्य वालों में अग्रगण्य और मान्य होते हुए खूब सुख भोगते हैं और फिर संसार में लौट कर नहीं आते हैं ।।८०।।

धियो मूढाः कायं किमिति तपसा क्लेशयथ भोः
वितानैर्वा दानैरपि निजधनं हापयथ किम् ।
शिवाश्चेद्भावा वः स्फुरति हृदि चेद्भक्तिरमला
"सुखाराध्या"-माद्यां भजत, भवजं भंक्ष्यति भयम् ॥८१॥

हे बुद्धि के मूढों ! कठिन कठिन अनशन कण्टकशयनादि एकपादस्थित्यादि तप से काय को क्लेश क्यों देते हो, तथा बड़े २ यज्ञ और दानों से भी अपने धन को क्यों बहाते हो-छोड़ रहे हो । यदि आपके भाव शुभ हैं, शान्त और कल्याणमय हैं और आपके हृदय में निर्मल तथा निश्छल भक्ति है, तो सुख से आराधना करने योग्य सुखाराध्या, सर्वादिरूपा भगवती जगदम्बा का भजन करो, इससे सहज ही भवजनित भय शीघ्र ही भंग हो जायगा । शिखरिणी छन्द है ॥ ८१ ॥

मातस्ते प्रथिताभिधां "शुभकरीं" ध्यात्वा प्रशान्तं मनः
पूर्णामिव सुसान्त्वनामुपगतं त्यक्ताश्च सर्वा भियः ।
आस्तां दुष्कृतमेव यत्कृतमहो यद्वा करिष्येऽग्रतः
तत्सर्वं शुभमेव सेत्स्यति शिवां त्वां सन्ततं ध्यायतः ॥८२॥

हे मातः ! आपकी इस अभिधा को (नाम को) जो शुभ करती है, सभी को शुभ करने वाली है इस प्रकार सार्थक विचार कर मेरा मन प्रशान्त हो गया है । और परिपूर्ण सान्त्वना को प्राप्त हुआ है । तथा इसके सभी भय भी

छुट गये हैं। क्योंकि जो कुछ है भले ही दुष्कृत हो, जो किया है अथवा आगे करूँगा वह आप शिवा शुभकरी को ध्यान करते हुए मेरे सभी शुभ हो जायगा ।। शार्दूलविक्रीडित वृत्त है ।।८२।।

पितृणां यदि तेऽभीष्टा "शोभनासुलभागतिः ।
चक्रार्चनेन ललितां ब्रह्मविद्यां समर्चय ।।८३।।

हे मित्र ! यदि आपके पितरों की आप शुभ और असुलभ सर्वसाधारण से उन्नत गति यद्वा सद्‌गति चाहते हो तो उन पितरों के उद्देश्य से ब्रह्मविद्या श्री ललिता भगवती का समर्चन चक्रार्चन से कीजिए। पितरों के उद्देश्य से कुलमार्ग में चक्रार्चन आवश्यक बताया है। तन्त्रों में देवी की आराधना से पितरों का उद्धार होना प्रसिद्ध है। राजा परीक्षित् की मृत्यु सर्पदंश से हुई उसके उद्धार के लिए ही तो वेदव्यासजी ने जनमेजय को देवी भागवत सुनाया, उससे उसको सद्‌गति हुई-यह देवीभागवत में स्पष्ट है ।।८३।।

इस नाम के स्थान में शोभनागति, और सुलभागति २ नाम भी बताया है। इस कारण हम उन दोनों नामों का भी पृथक् वर्णन करते हैं—नाम संख्या क्रम से समझ लेना चाहिये।

यदीच्छसि त्वं किल "शोभना-गति" तथैव चेद्वांछसि बोधमव्ययम् ।
प्रत्येधि मे वाक्यमिदं परं सखे त्वं ब्रह्मविद्यां ललितां समाश्रय ।।८३।।

हे सखे तुम निश्चय ही शोभनागति सद्‌गति प्राप्त करना चाहते हो और वैसे ही अविनाशी ज्ञान प्राप्त करना चाहते हो तो मेरे इस वाक्य में पूर्ण प्रतीति कीजिए और शीघ्र ही ब्रह्मविद्या श्रीललिता भगवती का आश्रय लीजिए अर्थात् आराधना कीजिए ।।८३।।

अनार्यभावं प्रविहाय शीघ्रं सनातनं धर्ममुरीकुरुष्व ।
तत्रापि देवीं भज पूजय त्वं तदा भवित्री "सुलभा गति" स्ते ।।८३।।

हे मित्र ! अनार्यभाव को शीघ्र छोड दीजिए और सनातन वैदिक धर्म (श्रुतिस्मृति-पुराणप्रतिपादित धर्म) को स्वीकार कीजिए—उस धर्म में भी आकर देवी भगवती को ही भजिए-पूजिए तभी तुम्हारी सुलभा गति सद्‌गति होगी। ज्ञान सुलभ होगा और गति मोक्ष भी सहज ही होजायगी यह अर्थ हुआ ।।८३।।

अर्चित्वा बहुराजसोपकरणैस्त्वां "राजराजेश्वरीं"
यस्ते यच्छति नाममन्त्रसहितान्दीपान्सहस्रं निशि।
तस्योपासकनायकस्य किमहो वक्तव्यमास्ते स वै
ऐश्वर्यातिशयान्वितो विजयते भूमण्डलाऽऽखण्डलः ॥८४॥

राजा देवराज इन्द्रादि उनके भी राजा ब्रह्मा, विष्णु शिवादि उनकी भी ईश्वरी, अथवा राजराज धनाध्यक्ष देव उसकी अभीष्ट देवता राजराजेश्वरी आपको बहुविध राजस उपचारों से पूज कर जो साधक आपके नाममन्त्रों के साथ अर्थात् इन सहस्र नामों के द्वारा सहस्र (हजार) प्रदीप रात्रि को आपके अर्पण करता है, उस उपासकवर्य के विषय में विशेष क्या कहें, वह निश्चय ही ऐश्वर्य-सम्पत्-समृद्धि आदि से अतिशयवान् होकर भूमण्डल पर इन्द्र सा विजय पाता रहता है। यहां यह दीपदान लक्ष्मी-ऐश्वर्य-प्राप्ति का, तेजोवृद्धि का सफल प्रयोग है ॥८४॥

तस्योदग्रमदा नदन्ति भवनद्वाराद् बहिर्दन्तिनो
बल्गन्तस्तरलास्तुरंगनिवहास्तन्वन्ति हेषास्वनान्।
तारं तत्पुरतः पठन्ति विरुदान्यानन्दिता वन्दिनः
त्वं लोकत्रय-"राज्यदायिनि" शिवे। प्रीणासि यस्मिन्क्षणम् ॥८५॥

हे शिवे! लोकत्रय भूः भुवः, स्वः, तीनों लोकों के राज्य को आप देती हो इसलिये आप राज्यदायिनी हो, अथवा राज्य-भूमिपालभोगोपयुक्त मनः प्रसादरूप सुख को देने वाली हो इस कारण राज्यदायिनी आप जिस मनुष्य पर क्षण भर भी प्रसन्न हो जाती हो उसके द्वार के बाहर उन्मत्त हाथी चिंघाडते रहते हैं, और उसके द्वार पर उछलते-कूदते चंचल घोड़े हिनहिनाते रहते हैं तथा सभा में उसके आगे आनन्दमुदित बन्दीगण (कवि आदि) ऊँचे ऊँचे विरुद (बडाई-यश) के गायन कवित्तादि पढ़ते हैं ॥८५॥

समूलमंत्रं विकसज्जपासुमैर्यजन्ति ये त्वामिह "राज्यवल्लभाम्"।
तान्साधकेन्द्राननिशं स्मरोपमान् श्रयन्ति भक्त्या बहुराजवल्लभाः ॥८६॥

राज्यों की बल्लभा अथवा राज्य है वल्लभ प्रिय रुचिकर जिसके ऐसी राज्यवल्लभा आपको जो इस संसार में मूलमन्त्र जप के साथ साथ खिले हुए

पुष्पों से पूजते हैं, उन साधकेन्द्रों को रात-दिन जो कामसमान कामदेव से रूपवान् हो जाते हैं, उन्हें, भक्ति के साथ बड़े बड़े राजाओं के प्रिय तथा राजा मन्त्री आदि आश्रय क्रिया करते हैं। यहां राज्य शब्द से राजा और राजोपभोग योग्य वस्तुएं सभी गृहीत हैं। और राजभोगजनित सुख भी ग्रहण किया है ।।८६।।

लोकेषु सर्वत्र नराधिपाणां राज्येन साकं भवती-कृपायाः।
विमृश्य योगं ह्यविनाभवाख्यं "राजत्कृपां" त्वां प्रवदन्ति सन्तः ।।८७।।

सभी लोकों में राजाओं के और राज्य के साथ साथ आपकी कृपा अविनाभाव सम्बन्ध से रहती है। इस अविनाभाव सम्बन्ध को राज्य के और राजाओं के साथ आपकी कृपा का सहभाव विचार कर ही लोग आपको राजत्कृपा कहते हैं। जो जिससे बिना न हो, न बने, न रहे, उन दोनों में अविनाभाव सम्बन्ध होता है. जैसे अवयव और अवयवी का, गुण और गुणी का, चन्द्र और चन्द्रिका का सम्बन्ध अविनाभाव सम्बन्ध है। आपकी कृपा जहां है वहीं राज्य है, जहां राज्य है वहां आपकी कृपा है ।।८७।।

विश्वाधारान् महोदारान् दारान् त्रिपुरमाथिनः !
समाश्रये "राजपीठनिवेशितनिजाश्रितान्" ।।८८।।

विश्वके एकमात्र आधार और महान् उदारचित्त वाले त्रिपुरमाथी-त्रिपुरासुर के मथन करने वाले श्री महादेव (परशिव) के दार भूत और राज्य पीठों पर इन्द्रादि देवराजों के सिंहासनों पर राम नहुष पृथु आदि मानव राजाओं के पीठों (सिंहासनों) पर अपने आश्रितों को बिठाने वाली श्री ललिता महारानी का आश्रय लेता हूं ।।८८।।

ध्यात्वा मूर्धनि देशिकेन्द्रचरणौ स्वाम्नायतो भक्तिमान्
यस्त्वां शोणितचन्दनद्रवलसन्मायापदैर्विल्वजैः।
पत्रैर्नामसहस्रतोऽर्चति शिवे ! नैशेंऽशके मध्यमे
रूपैश्वर्यवशम्वदेव वृणुते तं "राज्यलक्ष्मी": स्वयम् ।।८९।।

अपनी आम्नाय के अनुसार स्वगुरुदेव के चरणों का निज शिर पर ध्यान कर भक्तिमान् जो साधक लाल चन्दन से लिखे माया पद वाले विल्व वृक्ष के

सहस्र नाम (प्रस्तुत ललितासहस्र नाम) से निशा के मध्यम प्रहरमें आपको पूजता है उस पुरुष को रूप और ऐश्वर्य के वश हुई राज्यलक्ष्मी स्वयं वरण कर लेती है ॥८६॥

आनन्दविज्ञानमनोमयादीन् पञ्चापि कोषानभितो ह्यवन्तीम् ।
त्वां दिव्यभाण्डारकपोषणार्था वदन्ति सन्तोऽखिल"कोषनाथाम्" ॥६०॥

अन्नमय, प्राणमय, आनन्दमय, विज्ञानमय और मनोमय ये पाँच कोष मानव शरीर में हैं इनकी रक्षा चारों तरफ से आप करती हो । ये ही पाँचों कोष दिव्य भण्डार हैं इनका पोषण आप करती हो इस कारण आपको सभी सन्त विद्वान् समस्त कोषों की नाथ–स्वामिनी कहते हैं ॥६०॥

मातः प्रसाद्य "चतुरङ्गबलेश्वरीं" त्वां
ये भूभृतो बलिभिरञ्चितदीपयुक्तैः ।
सम्प्रीणयन्ति त इमे निजवैरिवृन्दान्
सर्वाञ्जयन्ति हरिणानिव केशरीन्द्राः ॥६१॥

हे मातः ! चतुरंगबलेश्वरी हाथी घोड़े रथ पैदल ये चार अंग जिस सेना में हो वह चतुरंगिणी सेना कहलाती है । सेना का नाम बल भी है । उक्त चार प्रकार का बल उसकी ईश्वरी स्वामिनी ऐसी आपको जो राजा लोग दीप सहित बलिप्रदानों से प्रसन्न करते हैं, वे संग्राम के समय में अपने वैरिसमूहों को वैसे जीत लेते हैं जैसे हरिणवृन्दों को सिंह जीत लेते हैं । उपमा है ॥६१॥

ते किमु देवानन्यान्सेवेयुर्भोजनाय वित्ताय ।
येषां हृदये राजसि नित्यं "साम्राज्यदायिनि" त्वं चेत् ॥६२॥

हे साम्राज्यदायिनि ! सम्राट्पन चक्रवर्ती राजापन देने वाली आप जिन पुरुषों के हृदयकमल में नित्य निवास करती हो वे महानुभाव पुरुष भोजन और वित्त के लिए क्या आपसे अतिरिक्त किन्हीं अन्य देवों की सेवा करेंगे ? कदापि नहीं करेंगे ॥६२॥

ये नो वहन्ति स्वकृतां प्रतिज्ञां कृष्णादयस्ते कथमत्र सेव्याः ।
सतीं सदैव श्रुत"सत्यसन्धां" त्वामेव सम्पूजयितुं मनो मे ॥६३

हे अम्ब ! जो अपनी की हुई प्रतिज्ञा को आप स्वयं नहीं निबाहते हैं उन कृष्ण-रामादिकों की क्या सेवा करें ? यदा सती सतूरूपिणी, सत्य सच्ची सुनी है सन्धा प्रतिज्ञा जिसकी ऐसी आप ही को पूजने को मेरा मन उत्सुक होता है ॥ भगवान् कृष्ण ने अर्जुन के आगे प्रतिज्ञा की थी कि मैं तुझे सब पापों से मुक्त करूंगा फिर अर्जुन से पहले ही धाम पधार गये, अर्जुन कृष्ण के बाद स्वर्ग गया है उसके बीच के कर्मों के जिम्मेदार कृष्ण नहीं रहे इनके आगे-पीछे जाने की बात महाभारत में देख लीजिए। ऐसे ही भीष्म के आगे शस्त्र न उठाने की प्रतिज्ञा की थी फिर युद्ध में रथचक्र उठाकर भीष्म के संमुख दौड़ पड़े। ये प्रतिज्ञा भंग के उदाहरण भारत में और अन्यत्र भी हैं ॥६३॥

गंगावलक्षं पटमादधाना हिमाद्रिराजन्मुकुटातिरम्या ।
सस्यान्विता श्यमलकोमलाङ्गी त्वमेव भूः "सागरमेखला"म्ब ! ॥६४॥

हे मा ! गंगा शुद्ध श्वेत वस्त्र साडी है जिसकी ऐसी और हिमालय रूप रजतमुकुट से अधिकाधिक रमणीया और सस्य–सम्पदासमन्वित सांवली और कोमल मूर्ति वाली तथा सागरमेखला समुद्र की करधनी पहने हुए आप ही भूमिस्वरूपा हो ॥६४॥ रूपक अलंकार है ।

मया महेशानि धियेक्षितत्वात्त्वं धीक्षिताऽप्यम्ब जगज्जनानाम् ।
ज्ञानप्रदात्री कलुषप्रहात्री भवाब्धिसन्तारण"दीक्षिता"ऽसि ॥६५॥

हे महेशानि ! मैंने बुद्धि से देखी है इस कारण आप धीक्षिता हो तो भी जगत् के जनों को ज्ञान देने से और कलुष क्षीण करने से संसार–सागर से पार उतारने में दीक्षिता हुई हो व्रतवाली हो। भवसागर पार कर देती हो। दीक्षा की निरुक्ति यही है-"दीयते ज्ञान–विज्ञानं पापजालं क्षिणोति च । तस्माद्दीक्षेति कथिता" इति तन्त्रम् चरितार्थ नाम वाली हो ॥६५॥

दुर्वृत्त"दैत्यशमनीं" कमनीयकान्तिं शौर्य्यानलैकधमनीं दमनीतिदक्षाम् ।
ये त्वां स्मरन्ति हृदये सततं त एव सम्प्राप्नुवन्ति बलविक्रमसुप्रतापान् ॥६६

हे अम्ब ! दुर्वृत्त दुराचारवान् दैत्यों के शुम्भ–निशुम्भ–महिष–दुर्गम–भण्डादि के प्रशमन करने वाली और कमनीय मनोहर कान्ति वाली तथा शौर्य-बल विक्रमरूप अग्नि के धमाने बढ़ाने वाली और दमनीति में प्रवीण ऐसी

आपको साधक हृदय में निरन्तर स्मरण करते हैं वे ही बल विक्रम और प्रबल प्रताप को पाते हैं ।। वसन्ततिलका छन्द हैं ।।९६।।

कौसुम्भवासो युगलं वसानस्त्वत्तेजसोर्वीमरुणारुणां यः ।
सन्ध्यासु सन्ध्यायति "सर्वलोकवशङ्करीं" सिद्धिमुपैति सोऽयम् ।।९७।।

जो मानव कसूंबी रंग के वस्त्र धोती दुपट्टा पहने हुए और आपके शोण लाल तेज से व्याप्त हुई सारी भूमि को अरुणारुण लाल लाल हुई ध्याता हैं सन्ध्या समय में ध्याता है । वह सर्वलोकवशङ्करी सिद्धि को प्राप्त होता है । वशीकरण में लाल ही ध्यान होता है ।।९७।।

याचामहे नैव न चाश्रयामः श्लाघामहे नैव न वञ्चयामः ।
विन्दामहे सर्वसुखं यतोऽम्बा "सर्वार्थदात्री" हृदये चकास्ति ।।९८।।

हम किसी से कुछ याचना नहीं करते हैं और न किसी का आश्रय करते हैं तथा न किसी की प्रशंसा-बड़ाई मिथ्या यश वर्णनादि करते हैं । और न किसी के साथ वंचना छल ही करते हैं इतने पर भी सब प्रकार के सुख लाभ करते हैं क्योंकि सर्वार्थदात्री सब प्रकार के पदार्थ देने वाली अम्बा भगवती हमारे हृदय में विराजमान रहती है ।।९८।।

श्रियोल्लसत्पुष्करवासिनि त्वं "सावित्रि" भासि प्रसवात्प्रजानाम् ।
वृन्दारकैरर्च्चितपादपद्मा ममापि चेतोऽजिरमेहि मातः ।।९९।।

हे मातः ! आप प्रजाओं को प्रसव करती हो इसलिए सावित्री कहलाती हो तथा श्री समेत शोभायुक्त खिले हुए कमल पर और पुष्कर नाम तीर्थ में रहती हो तथा देववृन्द आपके चरणों को पूजते हैं । आप मेरे भी चित्तरूपी प्रांगण में आइये-पधारिये । हे सावित्रि ! प्रजाओं के प्रसव में आप भासि अर्थात् अन्वितार्थ युक्त हो रही हो ऐसा अर्थ भासि क्रिया का कीजिए ।।८७।।

ऐं ह्रींक्लींबीजसम्बोध्या "सच्चिदानन्दरूपिणी"
समस्तश्रेयसां दात्री भवानी भूतयेऽस्तु मे ।।१००।।

ऐं वाग्बीज और ह्रीं माया बीज, एवं क्लीं कामबीज इन तीनों बीजों से (ऐं से सत् ह्रीं से चित् और क्लीं से आनन्दरूपिणी) सम्बोधन करने योग्य

आप सच्चिदानन्दरूपिणी ललिता भवानी सभी श्रेयः प्रदान करने वाली मेरे भी वैभव-वृद्धि के लिए हो ।।१००।। अदितः ।।७००।।

इस सातवें शतक में ८३वां नाम शोभना सुलभा गति आया है इसके भाष्यकार ने भी २ नाम शोभनागति और सुलभा गति निरुक्त किये हैं तथा अन्यान्य आचार्यों ने भी २ बताये हैं परन्तु बहुत से इसे एक ही नाम मानते हैं। हमने तो इस नाम की महिमा बतलाते हुए दोनों ही मतों का आश्रय कर लिया है एक नाम रखते हुए भी पद्य में महिमा वर्णन की है और २ नाम रखते हुए भी की है। तथापि नाम नम्बर नहीं बढ़ाया है तीनों पद्य एक ही संख्या में रखे हैं। अन्यथा नाम के साथ एक पद्य बढ़ जाता है। कृपया पाठक ध्यान से समझ लेवें।

---

## अष्टमं शतकम्

"देशकालापरिच्छिन्नां" त्वां यः साक्षात्करोति सः।
देशकालापरिच्छिन्नां लभते कीर्तिमुज्ज्वलाम् ।। १ ।।

हे अम्ब ! देश और काल के परिच्छेद मानादि से रहित आपको जो साधक साक्षात् कर लेता है, वह महामना देश और काल से अपरिछिन्न अर्थात् अमेय और उज्ज्वल कीर्ति को पाता है। भगवती का परमार्थ रूप ब्रह्मशक्ति तत्त्व देश-काल के परिच्छेद में नहीं समाता है। जैसे—न देशतः कालतश्चाम्बिकेयं परिमीयते इत्यादि शास्त्रप्रमाण हैं ।। १ ।।

जडेषु वृक्षोपलभूधरेषु चरेषु मर्त्योरगराक्षसेषु।
तवैव तेजः किल "सर्वगा" या व्याप्तं महत्तत्त्वमिवास्ति मातः।।२।।

हे मातः ! वृक्ष, पत्थर, पर्वतादि जड़ों में और मनुष्य, उरग तथा राक्षसादि चरों में सर्वत्र ही सबमें व्याप्त रहने वाली सर्वगा आपका तेज व्याप्त हो रहा है। जैसे—महत्तत्त्व सब जगह व्याप्त हो रहा है ।। उपमालंकार है ।। २ ।।

ये त्वां बिदित्वा हृदि "सर्वमोहनीं" स्मरन्ति पाशाङ्कुशधारिणीं शिवे !
तुरीयसन्ध्यासु मनोऽवधाय ते प्रयान्ति भासं सकलार्थदोहनीम् ।। ३ ।।

हे शिवे ! जो आपको पाश-अंकुश धारण करने वाली, सब विश्व को मोहन करने वाली जानकर हृदय में मन को एकाग्र कर तुरीय सन्ध्या में स्मरण करते हैं। वे उपासक सिद्ध सभी अर्थों को पूर्ण करने वाली कान्ति प्रकाश को पाते हैं। तुरीया सन्ध्या मध्य रात्रि में तन्त्र सिद्धान्त जानने वाले करते हैं ॥ ३ ॥

वामे पुस्तमभीतिमक्षवलयं सव्ये वरं बिभ्रतीं
चन्द्रक्षीरतुषारकुन्दधवलाः कान्तीः किरन्तीं सदा।
यः श्रीमत्त्रिपुराभिधां भगवतीं "वागीश्वरीं" ध्यायति
वश्येवास्य सरस्वती निवसति स्वान्ते पुनीतान्तरे ॥ ४ ॥

जो पुरुष त्रिपुरा भगवती को बाएं हाथ में पुस्तक और अभय एवं दाहिने हाथ में अक्षमाला और वर धारण करती हुई तथा चन्द्र दूध बर्फ कुन्द के समान श्वेत उज्ज्वल कान्ति की वर्षा करती हुई वागीश्वरी समझकर ध्याता है उसके भगवती सरस्वती वश्य हुई सी सदा निवास करती है ॥ ४ ॥

शास्त्राणि सर्वेऽवयवास्तवैव यथोपयोगं ससृजुर्जगत्याम्।
तत्सारभूतां परमार्थपूतां त्वां मातरं "शास्त्रमयीं" श्रयामः ॥ ५ ॥

हे अम्ब ! आपके ही अवयवों ने उपयोग के अनुसार जगत् में शास्त्रों को सिरजा है। और उन सभी शास्त्रों को साररूपिणी परमार्थ में पवित्ररूपा आप शास्त्रमयी माता का आश्रय करता हूं। भगवती के अवयवों से शास्त्र प्रकट हुए हैं यह बात ब्रह्माण्डपुराण में देखिए ॥ ५ ॥

ये त्वां "गुहाम्बां" प्रभजन्ति सन्तः कुमारवह्नेररणिस्वरूपाम्।
हृत्पुण्डरीकान्तरराजमानां गुहा गुणानामिव ते प्रथन्ते ॥ ६ ॥

हे अम्ब ! कुमारस्वरूप अग्नि के प्रकट करने की अरणिरूपिणी आप गुहाम्बा को जो अपने हृदयकमल में विराजमान ध्याते हैं - पूजते हैं - भजते हैं, वे गुणों के गुहारूप अर्थात् गुणों के निधान प्रसिद्ध हो जाते हैं ॥ ६ ॥

त्वां "गुह्यरूपिणीं" ये गुह्याचारैर्यजन्ति गुह्यपदे।
मान्यास्तेऽपि भवन्ति श्रीमन्तो गुह्यकाः सिद्धाः ॥ ७ ॥

गुह्य गोपनीय और ज्ञान को कहते है गुहा में होने वाला गुह्य ज्ञान ही रूप है जिसका वह गुह्यरूपिणी रहस्यज्ञानरूपा यह भावार्थ हुआ। ऐसी आपको

गुह्य आचारों से गुह्य स्थान में जो भक्त भजते हैं, वे सर्वमान्य गुह्यक और सिद्ध देव विशेष रूप वाले श्रीमान् बन जाते हैं ।। ७ ।।

"सर्वोपाधिविनिर्मुक्तां" विदित्वा ललिताम्बिकाम् ।
आधीन्व्याधीन्परिच्छेत्तुं भक्तियुक्ता उपासते ।। ८ ।।

श्रीमती ललिताम्बिका को सभी उपाधियों से मुक्त रहित समझकर सभी आधि मन की पीडाएं और व्याधि ज्वरादि बाहरी पीडाएं शारीरिक बाधाएं दूर करने के लिए भक्तिमान् साधक भजते हैं ।। ८ ।।

अये सखि ! चिराय ते पतिरुदग्ररोगाकुलो
न भेषजपरिग्रहं कलयते तमेनं द्रुतम् ।
यदीच्छसि विनौषधं सुखयितुं प्रियं स्वं तदा
"सदाशिवपतिव्रतां" त्रिपुरसुन्दरीं पूजय ।। ९ ।।

पति पीड़ा से दुःखित किसी स्त्री को उपदेश करते हुए नामनिरूपण करते हैं । हे सखि ! तुम्हारा पति बहुत दिनों से उग्र रोग से व्याकुल है । और वह कोई दवा स्वीकार नहीं करता है । और तुम इस अपने पति को बिना औषध ही सुखी स्वस्थ नारोग करना चाहती हो तो सदाशिव की पतिव्रता पतिव्रत पालन करने वाली भगवती श्री महात्रिपुरसुन्दरी की पूजा कर उसका ध्यान करो इससे तुम्हारा मनोरथ सिद्ध होगा । सदाशिव ही एक पति है ऐसा व्रत रखने वाली यह नामार्थ हुआ ।। ९ ।। पृथ्वी छन्द है ।

हंहो वैष्णव-शैव-सौर-पथिका नित्यं किमुच्चावचै-
मुद्राङ्कैस्तिलकैर्मुधैव च मिथः क्लेशैस्तथा किं फलम् ।
भक्तिश्चेज्जगदम्बिकां भजत भोस्तां "सम्प्रदायेश्वरीं"
धर्मज्ञानविभुत्वनिर्वृतिफला नृत्यन्ति तास्ताः श्रियः ।।१०।।

हे वैष्णवो शैवो सौरो उपलक्षण से गाणपत्यों को भी संबोधन समझिये, तुम लोग ऊँचे नीचे छोटे बड़े भावों से तथा मुद्राचिन्हों तथा तिलकादि से नित्य ही ये क्या झगड़े कर कर व्यर्थ आपस में क्लेश करते हो ? इससे क्या लाभ होगा ? अर्थात् कुछ भी न होगा । यदि आप में भक्ति है तो उस सम्प्रदायों की ईश्वरी अधिनाथा श्री जगदम्बिका को भजो पूजो जिससे धर्म और ज्ञान तथा

प्रभुता शाश्वत सुख फल देने वाली श्रियाँ आपके सम्मुख नाच करेंगी। ब्रह्म को ही "शक्य प्रपंच प्रतियोगी होने से" शक्ति कहते हैं ऐसा सम्प्रदाय है। सम्प्रदाय संज्ञक एक मन्त्रार्थ भी योगिनीहृदय में और दत्तात्रेय संहिता में है इसकी ईश्वरी यह भी अर्थ भाष्यकार श्री भास्करराय ने बताया है ॥ १० ॥

यस्मिन्नद्वयमस्ति तत्त्वममलं सम्पादनीयं त्वया
जीवानामपुनर्भवाय च चिति त्वय्यागमो वर्णितः ।
ब्रह्माख्यं रसयन्ति यत्र च रसं तत्साधु ते दर्शनं
प्राप्तेऽस्मिन् न किमप्यहो पुनरिह प्राप्तव्यमास्ते परम्॥११॥

जिसमें निर्मल अद्वय तत्त्व आपको सम्पादन करने योग्य होता है। और जीवों के पुनः संसार में न आने के लिए आप चित्स्वरूपिणी में ही आना एकत्र होना जिसमे वर्णन किया होता है और जिसमें जाकर लोग जीव ब्रह्म नामक रस को आस्वादित करते हैं, अनुभव करते हैं, वह आपका दर्शन तत्त्व बोध साधु है, श्रेष्ठ है जिसे पा लेने के बाद फिर कोई प्राप्तव्य पाने योग्य शेष नहीं रहता है ॥ ११ ॥

विष्णोरस्य पुरा बभूव भगिनी गौरीति या नामतः
ई-रूपं विदधार कामकलिकाकारं तुरीयस्वरम् ।
या शब्दे प्रकृतिश्च सर्वविदिता, लक्ष्मीं समाहुश्च यां
तामीमेव भजाम्यहं विलसतात्तस्यै नमो यै मम ॥ १२ ॥

पहले कल्पादिकाल में इस विष्णु की अथवा अस्य अकाररूपस्य विष्णोः अ रूप विष्णु की जो बहन हुई गौरी नाम से विदित हुई। और जो कामकला का रूप चौथे स्वर ई रूप को धारण करती है। और जो शब्द में प्रकृति सर्व-प्रसिद्ध है, जिसे लक्ष्मी भी कहते हैं। उस ई को मैं भजता हूं। और उस ई को ही मेरा नमस्कार पहुँचे, यै नमः ऐसा प्रयोग होगा। अकारो वसुदेवः स्यात् इस कोषवाक्य से 'अ' विष्णु रूप है 'ई' शक्ति रूप है लक्ष्मीरीकार उच्यते। रहस्य में भी देखिये, सरस्वती ने जो मिथुन उत्पन्न किया है उसमें पुरुष कृष्ण विष्णु है, स्त्री गौरी है इस प्रकार विष्णु की गौरी बहन होती है। वही यहां 'ई' का रूप है, उसे नमस्कार है ॥ १२ ॥

गुरुदैवतयोरैक्यभावनादेशनावशात् ।
त्वामेव ललितां मन्ये "गुरुमण्डलरूपिणीम्" ।। १३ ।।

हे अम्ब ! आगमवेदियों का आदेश है कि गुरु और मन्त्र देवताओं में ऐक्यभावना करता हुआ साधन करै जैसे गुरुदैवतयोरैक्यं सम्यक् संचिन्तयेद् बुधः । यथा देवे तथा गुरौ इत्यादि आदेश के वश हुआ मैं तो आप श्रीललिताम्बा को गुरुमण्डलरूपिणी मानता हूं । स्वगुरु से परमशिवादिपर्यन्त सभी गुरुओं का मण्डल आपके रूप में समाविष्ट है ऐसा जानता हूं ।। १३ ।।

कुलं प्राहुः सन्तो निजवपुषि सर्वेन्द्रियगणं
तमुत्तीर्यैव त्वं विलससि सहस्रारकमले ।
"कुलोत्तीर्णा" तस्मात्त्वमसि जननि ! त्वां प्रयजतां
सतां केषां लोके कुलसिरसिजं नो विकसितम् ।।१४।।

हे जननि ! सन्त विद्वान् लोग अपने शरीर में सब इन्द्रियों को कुल कहते हैं, आप उन सबको पार कर सहस्रारकमल में विलास करती हो इस कारण आप कुलोत्तीर्णा कहलाती हो । कुलोत्तीर्णा आपको अर्चते ध्याते हुए लोक में किन सज्जनों का कुल कमल विकास को नहीं प्राप्त हुआ है । अर्थात् आपके यजन करने वालों का सभी का कुल विकसित होता है ।। १४ ।। शिखरिणी छन्द है ।

यामेके रविमण्डलस्थितमहोरूपां भजन्ते परे
ह्यैश्वर्येऽपि च षड्विधेऽनवरत ध्यायन्ति गायन्ति च ।
अन्ये कुण्डलिनीस्वरूपत उपस्तुन्वन्ति मूले विले
बोभूयाद्धविकाय सा मम "भगाराध्या" महाभैरवी ।।१५।।

कोई लोग जिसको सूर्यमण्डल में चमकते हुए तेज रूप से भजते हैं । क्योंकि भग नाम सूर्य का है । दूसरे कुछ लोग जिसको छहों ऐश्वर्य रूप में ही ध्यान करते और गुणगान करते हैं । छः ऐश्वर्य भग कहलाते हैं । तीसरे कुछ लोग मूल विल में कुलकुण्ड में कुण्डलिनी भुजंगी के रूप में स्तुति करते हैं । वह भगाराध्या सूर्य और ऐश्वर्य्य तथा कुण्डलिनी रूप में आराधनीया महाभैरवी भगवती मेरे कल्याण के लिए होवे ।। १५ ।।

यस्यां माति समस्तविश्वमथवा यास्ते परिच्छेदिनी
सर्वेषां जगतां प्रमाणयति यां लोकोऽस्य निष्पत्तये।
योऽमायां निशि तां हि खण्डपरशोर्जायां जनोऽर्चयत्यसौ
"माया"-मुत्तरति क्षणेन सकलां नायाति भूयो भवम् ॥१६॥

जिसमें यह सारा विश्व माता है समा जाता है। और जो सभी इन लोकों की माप करने वाली है। लोक इस विश्व की सत्ता सिद्धि में जिसे प्रमाणरूप से बतलाता है। उस भगवान् खण्डपरशु परशिव की जाया श्री जगदम्बा त्रिपुर-सुन्दरी को जो अमावास्या की रात्रि में सविधान पूजता है, वह क्षण भर में अर्थात् शीघ्र ही माया को पार कर लेता है और फिर भव में भटकने को नहीं आता है। कर्तुं अकर्तुं अन्यथा कर्तुं समर्थ हो वही माया है। देवीपुराण और वराहपुराण में विस्तार से माया वर्णन की है–"विचित्र कार्यकरणा अचिन्तित फलप्रदा त्स्वप्नेन्द्रजालवल्लोके माया तेन प्रकीर्तिता" तथा "मम मायाबलं ह्येतत् येन तिष्ठाम्यहं जले, प्रजापतिं च रुद्रं च सृजामि च हरामि च इत्यादि ॥ १६ ॥

केचिद्योग-भुवं विदन्ति भवतीं तुर्य्यां तदन्ये नदीं
दिव्यां केऽपि च देवतान्तरमिति प्राहुश्च विद्यां परे।
आस्ये हास्यवतीं करे "मधुमतीं" शीर्षेऽब्जलेखावतीं
कण्ठे हारवतीं वयं परशिवां कामेश्वरीं मन्महे ॥ १७ ॥

हे अम्ब ! कोई लोग आपको तुरीया योगभूमिका (मधुमती) कहते है। दूसरे विद्वान् आपको दिव्य नदी रूप से वर्णन करते हैं। मधुमती नदी भी है। तीसरे कोई साधक देवता विशेष समझते हैं। चौथे पुरुष आपको विद्या रूप से मन्त्र रूप से भजते हैं। मधुमती विद्या (मन्त्र) भी है। हम तो आपको मुख में हासवती और कर (हाथ में) में मधुमती सुरापूर्ण पात्रवती और मस्तक में चन्द्र-कलावती, कण्ठ में हारवती परशिवा कामेश्वरी ही मानते हैं। मधुमती विद्या (मन्त्र) समाकर्षण के लिए तन्त्रों में प्रसिद्ध है। योगशास्त्र में ४ योगी बतलाए हैं उनमें चौथे योगी की चरम (पिछली) भूमिका मधुमती है। यह बतलाया है।१७।

कृतानि सहसे, सुतानिव बिभर्षि च प्राणिनः
ददासि सलिलौषधीकनकरत्नधातुव्रजान् ।

वहस्यपि च सन्ततं गिरिसरित्समुद्रादिकान्
"मही"व जगदम्बिके त्वमनिशं बुधैर्ध्यायसे ।। १८ ।।

हे जगदम्बिके आप हमारे सब के किये कराये कार्यों को सहती हो। और प्राणिवर्गों को पुत्रों के समान धारण-पोषण करती हो। और इनके जीवन के लिए जल, औषध, सोना, चांदी, मुक्ता, मणि, रत्न और धातुओं की राशियां देती हो एवं सभी पर्वत, नदी, समुद्रादि को ढोहती हो, धारण करती हो। अतः आपको विद्वान् जन मही पृथ्वी के समान रात-दिन ध्याते हैं। महद्व्याप्य स्थिता तस्मान्मही प्रकृतिरुच्यते" देवीपुराण में देखिए ।। १८ ।। पृथ्वी छन्द है। उपमालंकार है।

ये त्वां "गणाम्बां" मृगराजपीठमधिष्ठितां बाहुचतुष्टयां च।
यजन्ति शाक्ते निशि योगपीठे सिद्ध्यन्ति तेषां गणराजमन्त्राः ।।१६।।

जो साधक गणाम्बा, गण प्रमथादि उनकी अम्बा माता, गणमुख्य गणेश उसकी अम्बा जननी आपको सिंह पर चढ़ी और चार भुजा वाली ध्यान कर योग शक्तिपीठ पर रात्रि को यजन करते हैं-पूजते-भजते हैं, उनके गणराजमन्त्र स्वतः शीघ्र सिद्ध हो जाते हैं ।। १६ ।।

देवि ! त्वां "गुह्यकाराध्यां" साध्यानां सिद्धिहेतवे।
अनुभूतिसुधास्वाद्यामाद्यां विद्यां यजामहे ।। २० ।।

हे देवि ! गुह्यकों (देव विशेष) से आराध्यमान आपको जो अनुभव से सुधा सी आस्वाद योग्य हो और आद्या विद्या हो आपको हम अपने साध्यों की सिद्धि के लिए यजन करते हैं ।। २० ।।

खेलत्पयःफेन-सु"कोमलाङ्गीं" त्वामम्ब ! दृष्ट्वाऽपि सुधांशुकास्याम्।
शुम्भोऽस्त्रजालं व्यसृजत्त्वयि द्राक् चिच्छेद च त्वं तदिति स्मयो नः ।२१।

खेलते हुए दूध के फेन समान कोमल अङ्गों वाली और सुधांशु चन्द्र समान मुख वाली देखकर भी शुम्भासुर ने अनेक अस्त्र-शस्त्र संग्राम में आप पर छोड़े, आपने सहज ही शीघ्र उन सबको काट डाले इस बात पर हमें बहुत ही विस्मय हो रहा है ।। २१ ।।

महेशितुर्विश्वगुरोः समीपे विराजमानां शुचिसव्यभागे ।
सन्तर्पयन्तः परमामृतेन सिद्धयन्ति भक्ताः स्व"गुरुप्रिया"स्ते ।। २२ ।।

विश्व के गुरु देव श्री महेश्वर परशिव कामेश्वर के पास पवित्र वाम भाग में विराजमान हुई आपको जो परमामृत से तर्पण करते हैं तृप्त करते हैं वे स्वगुरुप्रिय आपके भक्त सिद्ध होते हैं ।। २२ ।।

स्वस्या हि तन्त्रं प्रविकासयन्ती लोकानिमान्तन्त्रयसे स्वमेव ।
कर्तुं च संहर्तुमथो विहर्तुं सर्व-"स्वतन्त्राऽ"सि महेश्वरि ! त्वम् ।।२३।।

हे महेश्वरि ! आप अपने तन्त्र को प्रकाशित करती हुई इन सभी लोकों को तान्त्रित करती हो अपनी क्रिया प्रकार में चलाती हो निज के अधीन कर लेती हो यह अर्थ हुआ । तथा आप ही करने रचने में और संहार करने में एवं स्वयं विहार करने में सर्व प्रकार स्वतन्त्र हो, आपको किसी की कभी अपेक्षा नहीं है ।। २३ ।।

ज्ञात्वा त्वां "सर्वतन्त्रेशीं" सिद्धिदां मन्त्रमातृकाम् ।
पुरस्क्रियादौ मन्त्राणां यजन्त्याम्नायवेदिनः ।। २४ ।।

सिद्धि की देने वाली मन्त्रों की मातृका सभी तन्त्रों की ईश्वरी जानकर पुरश्चरणादि क्रिया अनुष्ठान के पूर्व साधक लोग आम्नायों के विज्ञ आपको पूजते हैं ।। २४ ।।

ध्यायन्ति "दक्षिणामूर्तिरूपिणीं" ये विचक्षणाः ।
विपक्षा अपि तेषां वै जायन्ते दक्षिणाः क्षणात् ।। २५ ।।

जो विद्वान् आपको दक्षिणामूर्तिरूपिणी दक्षिणा अनुकूल मूर्ति है जिसकी ऐसी अथवा दक्षिणामूर्ति शिव तद्रूपिणी जो ब्रह्म नारायणादि के तत्त्व विद्या के अध्यापक प्रसिद्ध हैं जिनका मन्त्र मन्त्रशास्त्र में प्रसिद्ध है उनकी मूर्ति है स्वरूप जिसका ऐसी आपको जो ध्यान में लाते हैं, उन साधकों के विपक्ष शत्रु भी तुरंत ही दक्षिण (अनुकूल) हो जाते हैं ।। २५ ।।

येषां भवति लोकानां पुण्यराशिः फलोन्मुखः ।
"सनकादिसमाराध्यां" श्रीविद्यां प्रजपन्ति ते ।। २६ ।।

जिन लोगों का पूर्व जन्म का किया करवाया पुण्यराशि फलोन्मुख अर्थात् फलदान के लिए उकसा हुआ है वे ही पुरुष सनकादि सिद्धों से आराधिता हुई या आराधना के योग्य श्रीविद्या (मन्त्र) को जपते हैं ।। २६ ।।

शिवाय या स्वं प्रददाति बोधं शिवस्य तद्यच्छति साधकेभ्यः ।
तस्मात् "शिवज्ञानप्रदायिनीं" त्वां, ध्यायन्ति मूलप्रकृतिं कृतिज्ञाः ।।२७।।

जो शिव को अपना बोध देती है और शिव के बोध को साधकों को दे देती है । अथवा लोकों के कल्याण के लिए संसार से पार होने के लिए शिव के ज्ञान को साधकों को बतला देती है । इसलिए आप शिव ज्ञान प्रदायिनी हो । मूलप्रकृतिरूपा आपको कुशल विद्वान् ध्याते हैं । कृतिनश्च ज्ञाश्च कृतिज्ञाः ऐसा विवेचन करना कृतिज्ञाः इस पद में ।। २७ ।।

चित्ते ये स्वे "चित्कलां" चिन्तयन्तो भावद्रव्यैर्भक्तिपूता यजन्ति ।
अन्तर्यागध्यानयोगप्रवीणान् तानेवाष्टौ सिद्धयः प्राप्नुवन्ति ।।२८।।

जो उपासक अपने चित्त में चेतना कलारूप आपको चिन्तन करते हुए भावमय द्रव्यों पूजा के उपचारों से सम्यक् पूजते हैं । अन्तर्याग और ध्यान-योग में प्रवीण उन साधकों को ही आठों सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं ।। शालिनी छन्द है ।।२८।।

विरिञ्च्याद्याः सर्वे सदसि विबुधा यत्परिचराः
शिवस्तुर्यो धुर्यो भवति च यदुद्वाहन इव ।
परा ब्रह्माख्यैका विकसति च या ऽऽ"नन्दकलिका"
तुरीयाऽतीता सा मम मनसि शक्तिर्विलसतात् ।।२६।।

ब्रह्मादि सभी देव सभा में जिसके परिचारक-सेवक होते हैं । तुरीय तत्त्व शिव भी जिसके भार धारण करने वाला वाहन सवारी सा ही रहता है । परे से पर वह ब्रह्मनाम की जो आनन्द कलिका है तुरीय से भी परे वह शक्ति मेरे मन में विलास करती रहे ।। शिखरणी छन्द है ।।२६।।

प्रेमैवैकः प्रवृत्तिं प्रचुरयति शुभे वा शुभे कर्मणीह
सोऽयं प्रेमैव भक्तिर्भवति सुमनसां मानसोद्रेकरूपः ।

तेन प्रेम्णैव मातर्भवति सुरुचिरा मूर्तिरुद्भाविता तत्
त्वय्योतं प्रोतमास्ते तदसि भगवती "प्रेमरूपाऽ"प्यरूपा ।३०।

हे भगवति !इस संसार में एक प्रेम ही शुभ और अशुभ कर्म में प्रवृत्ति को बढ़ाने वाला हैं। वही यह प्रेम सुजनों विद्वानों के मन का उद्रेकरूप होता हुआ भक्ति बन जाता है । उस प्रेम से ही सुन्दर मनोहर मूर्ति प्रकट होती है यह प्रेम आप में ओतप्रोत है इस कारण आप अरूपा भी प्रेमरूपा हो, प्रेम ही रूप है जिसका अथवा प्रेम से रूपणीय निहारने योग्य हो ।। स्रग्धरा छन्द है। ॥३०॥

नमेन्न कस्त्वां जगतां शिवङ्करीं भजेन्न कस्त्वां द्विषतां भयङ्करीम् ।
यजेन्न कस्त्वां विपदां क्षयंकरीं स्मरेन्न कस्त्वां भजतां "प्रियङ्करीम्" ॥३१॥

जगत् के कल्याण करने वाली आपको कौन प्रणाम नहीं करें अपितु सभी करें और करते हैं। और शत्रुओं को भय करने वाली आपको कौन नही भजे अपितु सभी भजते हैं। विपदाओं का क्षय करने वाली आपको कौन नहीं पूजे अपितु सभी पूजते भजते हैं । भजन करने वाले भक्तों साधकों के प्रिय करने वाली आपको कौन नहीं स्मरण करते हैं ॥३१॥

ये त्वां सुन्दरि ! पूजयन्ति रजनीमध्येंऽशके पंचमे
नाम्नां चापि सहस्रकेण मुदितास्तुन्वन्ति भावोद्धुराः ।
तेभ्यः श्रीत्रिपुरे परेश्वरि शिवे ! त्वं "नामपारायण-
प्रीता" दित्ससि यत्तदस्ति न मनोवाचां फलं गोचरम् ॥३२॥

हे सुन्दरि ! जो आपको रात्रि के मध्य भाग में पंच मकारों से पूजते हैं और इस सहस्र नाम से भावपूर्ण हुए भक्त स्तुति करते हैं। उनके लिए हे परमेश्वरि शिवे त्रिपुरसुन्दरि ! जो आप देना चाहती है वह फल किसी के मन और वाणी के भी विषय नहीं होता है। पंच मकार तन्त्रशास्त्र में प्रसिद्ध हैं और उनके अनुकल्प भी तान्त्रिकोंने कल्पित कर दिये है। वे यथाविधि शोधित कर अर्पण किये जाते हैं, इस बात को अपने गुरुदेव से प्राप्त करना चाहिये। रहस्य की बात है इसलिए। सहस्रनाम के लिए स्वयं भगवती का वाक्य है-"मामर्चयतु वा मा वा विद्यां जपतु वा न वा । कीर्तयेन्नामसाहस्रमिदं

मत्प्रीतये सदा इति ॥३२॥ यो मां निशीथ एकाग्रचित्तोऽभ्यर्चति पंचमैः । अवश्यमेव तं भक्तं भवबन्धाद्विमोचये ॥ इत्यादि ॥३२॥

यो नित्यं ललिताभिधे भगवति त्वां "नन्दिविद्यां" जपन्
दुग्धापूर्णघटैरथाम्बुकलशैः संस्नापयत्र्यम्बके !
तस्य श्रीरधिकाधिकं प्रतिदिनं सम्बर्धमाना गृहात्
नैवापैति कथञ्चनापि विजयस्तद्भ्रू विलासानुगः ॥३३॥

हे ललिता नाम्नी भगवति ! जो आपको नन्दिविद्या नन्दिकेश्वर से जो विद्या साधन की है वह नन्दि विद्या कहलाती है । तन्त्रों में श्रीविद्या का एक भेद नन्दिविद्या मन्त्र भी है । तद्रूपिणी आपको जपता हुआ दूध के भरे कलशों अथवा शुद्ध जलपूर्ण कलशों से स्नान कराता है । अथवा अभिषेक करता हैं । लक्ष्मो उसके घर में प्रतिदिन अधिकाधिक दिन दूनी-रात चौगुनी बढ़ती हुई उस घर से बाहर नहीं जाती है और विजय तो इस साधक के भ्रुकुटि के संकेत पर चलता है ॥२२॥

चिदम्बरनट : शिवो ललितलास्यलीलागुरु-
महेशि ! भवती-पुरो नटति नर्तनैस्ताण्डवैः ॥
प्रसद्य परया मुदा वितरसि त्वमस्मै निजं
प्रियं पदमतोऽभवत् तव "नटेश्वरी" नाम सत् ॥३४॥

हे महेश्वरि ! शिव ललित नृत्यकला के गुरु चिदम्बर नट आपके संमुख ताण्डव नृत्यभेद से अथवा उद्धत नृत्यभेद ताण्डव कहलाता है, उससे नाचता है, तब उस नृत्य पर प्रसन्न हुई आप शिव को अपना प्रिय पद वितीर्ण करती हो इस कारण आपका नटेश्वरी यह श्रेष्ठ नाम प्रख्यात हुआ है । प्रसिद्ध नट शिव इसकी ईश्वरी नटेश्वरी महेश्वरी ॥३४॥

"मिथ्या-जगदधिष्ठानां" विविच्य त्वां यथार्थतः ।
उदेति ध्यायतां पुंसां कापि निष्ठापरात्परा ॥३५॥

हे देवि ! आप मिथ्याभूत जगत् इस प्रपंचजात की अधिष्ठान=आश्रय हो जैसे रजत का अधिष्ठान शुक्ति है वैसे, मायामात्र यह द्वैत है परमार्थतः

अद्वैत ही है । इत्यादि वचनों से ऐसी विवेचना से आपको समझकर जो ध्यान करते हैं उन पुरुषों में कोई भी अनिर्वचनीया परातः परा निष्ठा उत्पन्न हो जाती है ॥३५॥

सिद्धेषु योगिषु सतां यमिनां वरेषु
वेदान्तवित्स्वपि च सांख्यविचक्षणेषु ।
लक्षेषु कोऽपि भुवि पुण्यकृतां धुरीणो
जानाति पश्यति भजत्यपि "मुक्तिदां" त्वाम् ॥३६॥

हे भगवति ! सिद्धि प्राप्त हुए योगियों में और यम–नियमादिसाधना प्रवीण योगिश्रेष्ठों में तथा वेदान्त के विद्वानों में और सांख्यशास्त्र के विचक्षणों में लाखों में कोई पुण्यवानों में अग्रसर एक होगा जो मुक्ति देने वाली आपको जानता है, देखता है और भजता है । सा विद्या परमा मुक्तेर्हेतुभूता सनातनी । इत्यादि वचन से भगवती मुक्तिप्रदा है ॥३६॥

कस्मात् कः कमहो ! कथं क्व च कियत्कालं किमर्थं कदा
जीवं मोचयतेऽथवा स्वयमहो बन्धाद्विमुञ्चत्यसौ ।
इत्यस्वल्पविकल्पजालजटिलान्भावान्गभीरान् जनः
त्वामाश्रित्य हि "मुक्तिरूपिणि" शिवे ! जानाति सर्वं क्षणात् ॥३७॥

हे शिवे ! इस जीव को कौन मुक्त करता है इस विषय में कौन किससे कैसे किसको कितने काल तक के लिए क्यों और कब इस जीव को छुड़ाता है या वह स्वयं ही बन्धन से मुक्त हो जाता है । इस प्रकार बहुत से विकल्पजाल से जटिल हुए गंभीर भावों को मनुष्य मुक्ति रूपिणी आपका आश्रय करके ही क्षण भर में सब बातें जान लेता है ॥३७॥

य उत्तराम्नायदिशा निशायां संपूज्य निर्वासितलोकलज्जः ।
"लास्यप्रियां" त्वां नटनैर्धिनोति स ते मणिद्वीपमुपैति मातः ! ॥३८॥

हे मातः ! जो भक्त साधक उत्तराम्नाय रीति से निशा मे आपकी पूजा कर लोक-लज्जा को दूर कर नृत्य से प्रसन्न होने वाली आपको जो अनेक नृत्यभेदों से नाच कर प्रसन्न करता है, वह साधक उपासक आपके पास मणिद्वीप में पहुँचता है ॥३८॥

स्वल्पैनसामथ च तप्तहृदां जनानामुद्धारकास्तु बहवो विलसन्ति देवाः ।
निष्कृत्यतीतदुरितौघभृतां कृपातस्त्वंचारुचि"ल्लयकरी"त्वमिवावभासि।

हे अम्ब ! छोटे छोटे पाप (अपराध) कर सन्ताप पाने वाले पछताने वाले लोगों का उद्धार करने वाले तो अनेक देव विलास करते ही हैं । परन्तु प्रायश्चित्त पथ से भी अत्यधिक दूर हुए, दुरितराशि पापसमूह से भरे मनुष्यों का कृपषा चारु चित् में लय करने वाली आप जैसी आप ही विलास कर रही हो । अनन्वयालंकार हुआ ॥३९॥

"लज्जा"स्ति या भगवती कुलजातपुंसां
स्त्रीणां सतामतिविशालपरिग्रहाणाम् ।
बीजं च संस्फुरति या भुवनाभिधानं
सा सुन्दरी मम दृशोः पुरतः सदा स्तात् ॥४०॥

जो भगवती कुल में पैदा हुए पुरुषों की लज्जा रूपिणी तथा स्त्रियों में भी लज्जारूपिणी है । एवं विद्वानों और विशाल परिवार वालों के भी लज्जा-रूपिणी हो । और जो भुवनेश्वरी का बीज रूप भी हो भुवनेश्वरी बीज का नाम लज्जा भी है । ऐसी आप त्रिपुरसुन्दरी मेरी दृष्टियों के आगे सदा विराजित रहो ॥४०॥

रम्भादिवन्दितां त्वां ये ध्यायन्तोऽर्चन्ति ते द्रुतम् ।
भवन्ति श्रीकृतपरी-रम्भा"रम्भादिवन्दिताः" ॥४१॥

रम्भा–उर्वशी–तिलोत्तमा–घृताची–मेनकादि अप्सराओं से वन्दित हुई आपको ध्याते हुए जो साधक पूजते–भजते हैं, वे शीघ्र ही लक्ष्मी का आलिंगन प्राप्त करते हुए रम्भादि अप्सराओं से वन्दना पाते हैं ॥४१॥

"भवदावसुधावृष्टि"-स्त्वं यस्याऽनुग्रहे रता ।
स एव संसृतिं सिन्धुमिवोत्तरति निर्भयः ॥४२॥

हे अम्ब ! भव (संसार) दाव (वनवह्नि) के उपशम करने को सुधा की वृष्टि के समान, उपमा है । रूपक भी उपयुक्त है । ऐसी आप जिसके अनुग्रह में लग जाती हो, वही पुरुष संसार के जो सिन्धु के समान गहरा है तो भी

निर्भय हुआ पार हो जाता है। यहाँ भत्रदा-वसुदा-वृष्टिः ऐसा त्रिपद नाम भी भाष्यकार ने बताया है ।।४२।।

विश्वेशीं मनुजोऽम्बिकामिव शिशुर्दिव्यौषधीं सामयः
लोकोद्धारकरीं पतन् शुचिसुधासिन्धुं पिपासाकुलः ।
"पापारण्यदवानलां" च गणनातीतस्फुरत्कल्मषः
प्राप्तस्त्वां करुणापरां समुचितं मातर्विधेयं मयि ।।४३।।

हे मातः ! आप विश्व की ईश्वरी हो, मैं विश्व का एक मानुष हूं। आप दिव्यौषधी हो तो मैं रोगी हूं। आप लोकोद्धारकरी हो अर्थात् पतितों का उत्थान करती हो तो मैं पतन् गिरता हुआ हूं। और आप पवित्र समुद्र हो तो मैं प्यास से आकुल हुआ हूं। ऐसे ही आप पाप के वन के लिए दावानल हैं तो मैं अगणित पापवान् हूं मेरे पातकों की गणना नहीं है। आपको करुणा परायण सुन कर प्राप्त हुआ हूं। आप समुचित हो वही कीजिए।। ४३ ।।

"दौर्भाग्य-तूलवातूलां" तव पञ्चदशाक्षरीम् ।
जपतां जायते मातः सौभाग्यशशिपूर्णिमा ।। ४४ ।।

हे मातः ! आपको पन्द्रह अक्षर वाली विद्या (मन्त्र) साधकों के दुर्भाग्य रूप कपास के लिए वायु का तूफान है बवण्डर है। इसको जपते हुए मानवों के लिए यह शीघ्र ही सौभाग्यरूप चन्द्रमा की पूर्णिमा बन जाती है। रूपक अलङ्कार है ।। ४४ ।।

स्फूर्ज-"ज्जराध्वान्तरविप्रभा"-यै तारुण्यपाथोजविकासनायै ।
तुभ्यं महेशानि कृताः प्रणामाः सौन्दर्यसम्वर्षणमारभन्ते ।।४५।।

हे महेशानि ! बढ़ते हुए बुढ़ापा रूप अन्धकार के लिए सूर्यप्रभा ऐसी और यौवनरूप कमल को खिलाने वाली आपको किए हुए प्रणाम शीघ्र ही सौन्दर्यरूप रस की वर्षा आरम्भ कर देते हैं ।। ४५ ।।

त्यक्त्वा सुरान् परान् छायाध्वान्ताक्रान्तान्गृहानिव ।
उपास्महे महामायां शिव-"भाग्याब्धिचन्द्रिकाम्" ।। ४६ ।।

अन्य अन्य देवों को छायामय अन्धकार से आक्रान्त घरों के समान छोड़ कर, हम तो शिव के भाग्यरूप समुद्र को बढ़ाने वाली चाँदनीरूपा महामाया भगवती त्रिपुरसुन्दरी की उपासना करते हैं ।। यहां भी रूपक रम्य हुआ है ।।४६।।

संजीवयसि वर्षन्ती त्वमानन्दसुधां शिवे ! ।
भवदावोत्तप "द्भक्तचित्तकेकिघनाधना" ।। ४७ ।।

हे शिवे ! आप आनन्द सुधा बरसती हुई, भवताप से तपे भक्तों को संजीवित करती रहती हो क्योंकि आपका नाम ही भव (संसारूप) दावानल से उत्कृष्ट (उग्र) तपते हुए भक्त रूप मोरों के लिए घनाघना मेघघटा के समान हो ऐसे अर्थवान् है । नाम के अर्थ के अनुसार ही आप व्यवहार भी करती हो यह भावार्थ हुआ ।। ४७ ।।

"रोगपर्वतदम्भोलि"-मम्ब ! त्वामाश्रयन्ति ये ।
नित्यमारोग्यपीयूषपायिनो निर्जरन्ति ते ।। ४८ ।।

हे अम्ब ! आप रोग रूप पर्वत के लिए वज्र हो जो आपका सहारा लेते हैं वे नित्य ही आरोग्य रूप अमृत पी पीकर निर्जर जरा रहित देवों के समान बन जाते हैं । दंभोलि वज्र का नाम है और वज्र हीरे को भी कहते हैं हीरे की भस्म शीघ्र नैरोग्य और बलपुष्टि देने वाली बतलाई है ऐसा आयुर्वेदशास्त्र कहता है।।४८।।

सेवन्ते ये विदित्वा त्वां "मृत्युदारुकुठारिकाम्" ।
तानाश्रित्याऽपि मनुजास्त्यजन्ति यमजं भयम् ।। ४९ ।।

हे भगवति ! जो आपको मृत्युरूप काठ के लिए कुल्हाड़ी समझ कर भजते हैं, उनके आश्रित हुए पुरुष भी यम के भय को छोड़ देते हैं ।। ४९ ।।

महेश्वरस्यैकपरिग्रहात्त्वं महेश्वरी संविदिता त्रिलोक्याम् ।
तवाभिधेयं स्मृतिमागताऽपि ददाति कामानखिलाञ्जनेभ्यः ।। ५० ।।

हे देवि ! महेश्वर परशिव (कामेश्वर) का एक मुख्य परिग्रह पत्नी (परिवार) आदि सब सुख आप हो, इस कारण महेश्वरी नाम से त्रिलोक-विख्यात हुई । महेश्वर की शक्ति महेश्वरी, यह आपकी संज्ञा अभिधा नाम, स्मरण हो आने पर भी मानवों के सब काम पूर्ण करती है ।। ५० ।।

भूतोपसंहारणकेलिदक्षं परःसहस्रामयपूर्णकक्षम् ।
कालं परं कालयसि त्वमेव मात"महाकालि" ! नमो नमस्ते ॥५१॥

भूतों की उपसंहारक्रीड़ा में चतुर, और हजारों रोग जिसकी काँख में, बगल में रहते हैं अथवा जिसकी ड्योढी पर हजारों रोग आज्ञा की प्रतीक्षा करते रहते हैं। ऐसे उत्कृष्ट काल को भी आप प्रेरणा देती हो, खा लेती हो, मर्द्दन करती हो इस कारण आप महाकाली हो, आपको मेरा पुनः पुनः नमस्कार है॥५१॥

ब्रह्मक्षत्त्रमुभे महेशि ! महती मातस्त्वदीयौदनं
तस्य त्व कवलान् करोषि च कियन्मानान्न तद्विद्महे।
द्वित्रानेव करोषि चेत्किल "महाग्रासां" वदन्तो वयं
कुर्मस्ते नगराजनन्दिनि ! पदद्वन्द्वाय नित्यं नमः ॥ ५२ ॥

हे मातः ! ब्रह्म और क्षत्र ये दोनों आपके भात ( चांवल-मूंग राँधे हुए को भात कहते हैं ) हे महेशि ! आप इनके ग्रास करती हो और वे कितने बड़े बड़े करती हो यह हम नहीं जान पाये हैं। यदि सबके २–३ ही ग्रास करती हो तो निश्चय ही हम आपको महाग्रासा कहते हुए हे नगराजनन्दिनि ! आपके चरण-युगल को नित्य प्रणाम करते हैं। "महत् चराचरं ग्रसते। इसमें श्रुति प्रमाण है–यस्य ब्रह्म च क्षत्त्रं चोभे भवत ओदनः इत्यादि। परिकराङ्कुर अलंकार हुआ। प्रायः जहां नाम विशेषण रूप हों और वह साभिप्राय चरितार्थ हो रहा हो तो ऐसी स्थिति में परिकर अलंकार ही है॥ ५२ ॥

"महाशनायै" जगदम्ब ! तुभ्यं महासमृद्धोऽपि बलिः प्रदत्तः।
बारां निधेरञ्जलिनैककेन परं पिपासोपशमेन तुल्यम् ॥ ५३ ॥

हे जगदम्ब ! महान् है अशन भोजन जिसका वह महाशना है ऐसी आपके लिए महान् समृद्धियुक्त महा परिमाण में पर्वतराशि की तरह दिया हुआ बलि भी समुद्र की प्यास बुझाने के लिए एक पानी की अञ्जलि देने के समान अकिञ्चित्कर है। पहले महासना नाम आया है अब महाशना है तीसरे वर्ण के दन्त्य-तालव्य के भेद से पुनरुक्त नाम न समझिए ॥ ५३ ॥

कामान्न याः प्रददते ह्युपसेवितास्ताः
कामं लसन्त्यपि लसन्तु लताः सपर्णाः।

यामाश्रितः किल कपालिरपीश्वरः सन्
इष्टान्यलं फलति सैव जय-"त्वपर्णा" ।।५४।।

जो लताएँ उपसेवन करने मे कुछ कामना पूर्ण नहीं करती हैं, वे पत्रों सहित अर्थात् हरीभरी भी होकर विलसती है तो भले ही विलसती रहे। पर कुछ नहीं। जिसके आसरे से कपाली (भिखमंगा) ठीकरा हाथ में अथवा नरकपाल अपने हाथ में रखने वाला भी ईश्वर पद को पहुँच कर अपने पास आने वालों के काम पूर्ण करता है वह अपर्णा पत्रों रहित भी होती हुई लता सर्वोत्कृष्ट होती है। पार्वती ने तप करते समय आहारनियन्त्रण में पर्ण भी छोड़ दिये थे। तब से अपर्णा प्रसिद्ध हुई है ।।५४।।

यस्या भयाज्जगति वान्ति समस्तवाताः
सूर्यस्तपत्यपि च वर्षति सोममिन्दुः ।
सूते रसान् खमहिपो धरणिं च धत्ते,
सा "चण्डिका" भवतु मय्यपि सुप्रसन्ना ।।५५।।

जिसके भय से जगत् में हवाएं चलती हैं, और जिसके भय से सूर्य तपता है प्रकाश करता है। और चन्द्रमा सोम बरसता है। तथा जिसके भय से आकाश से रसों की वर्षा होती हैं। और शेषनाग जिसके भय से धरणी को धारण किये है वह भगवती श्री चण्डिका मुझ पर भी प्रसन्न हो ।।५५।।

अनुगृह्णाति य चण्डमुण्डासुरनिषूदिनी ।
तस्य दृग्गोचरा जातु न भवन्ति ह्यरातयः ।।५६।।

जिस मानव पर चण्ड और मुण्ड नामक असुरों को मार देने वाली भगवती चामुण्डा अनुग्रह करती है, उस पुरुष के कोई भी शत्रु दृष्टि में नहीं आते हैं, सभी शत्रु विनष्ट हो जाते हैं ।।५६।।

क्षरः समस्तभूतसंहतिर्यदन्तरास्ति वै
तथैव कूटसंस्थितं तदक्षरं दधाति या ।
धराधराधिराजनन्दिनी "क्षराक्षरात्मिका"
विभातु राजहंसिकेव सा मदीयमानसे ।।५७।।

समस्त भूतसंघात को क्षर कहते हैं और कूटस्थ को अक्षर कहते हैं। यही गीता में भगवान् कहते हैं—क्षरः सर्वाणि भूतानि, कूटस्थोऽक्षर उच्यते इति।

सभी भूतसहति क्षर है वह भी जिसके अन्दर है और वह कूटस्थ अक्षर भी जिसने अन्दर धारण किया है। अतएव क्षर और अक्षर दोनों ही है आत्मा स्वरूप जिसका वह क्षराक्षरात्मिका धराधराधिराज हिमालय की नन्दिनी पुत्री श्री भगवती मेरे मानससरोवर में राजहंसी की तरह विराजमान रहे ।।५७।। पंचचामर छन्द है ।

ध्यायतां "सर्वलोकेशीं" सादरं विश्वमातरम् ।
बुद्धौ स्फुरति वृत्तान्तं लोकत्रयभवं नृणाम् ।।५८।।

सब लोकों की ईश्वरी विश्वमाता श्री ललिता जी को आदर से ध्यान करते हुए पुरुषों की बुद्धि में त्रिलोकी में होने वाली सभी बातें स्फुरित होती रहती हैं ।।५८।।

आपो मही बह्निरथो रविर्विधुर्ज्यौतींषि लोकाः पशवः खगादयः ।
कुत्रास्फुरिष्यन् यदि शक्तिरम्बिके तवाऽभविष्यन्न हि "विश्वधारिणी" ।५९।

हे अम्बिके ! ये जल भूमि-अग्नि और सूर्य-चन्द्र-तारे-लोक-पशु—पक्षी आदि कहां रहते ? यदि आपकी शक्ति विश्वधारिणी विश्व को धारण करने में समर्थ न होती तो, अर्थात् आपकी विश्वधारिणी शक्ति के आसरे ही सब ठहरे हुए हैं। यह भावार्थ हुआ ।।५९।।

सौरभ्यविस्तारि—कदम्बगात्रीं "त्रिवर्गदात्रीं" भजतां भवानीम् ।
प्रतीक्षते किंकरवन्निदेशं मोक्षो गृहद्वारि वितर्दिकास्थः ।।६०।।

सुगन्ध विस्तार करने वाले कदम्बपुष्प समान मृदुल मनोहर शरीर वाली और त्रिवर्ग धर्म, अर्थ, काम इन तीनों को देने वाली भवानी श्री ललिताम्बा के भजने वाले मनुष्यों के गृह के द्वार पर गोखडे पर या चबूतरे पर बैठा हुआ मोक्ष किंकर (दास) की तरह उस साधक की आज्ञा की प्रतीक्षा किया करता है। अर्थात् मोक्ष उसके आज्ञावशवर्त्ती होता है ।।६०।।

श्रीकीर्तिकान्त्यादिगुणप्रधानां त्वां पञ्चवर्षां "सुभगां" कुमारीम् ।
अर्चन्ति ये पुष्करपुष्पकैस्ते विदः षडैश्वर्य्ययुताः प्रथन्ते ।।६१।।

श्री (शोभा—सम्पद्) कीर्ति कान्ति यश धर्मादिगुण भग शब्द से लिये जाते हैं। वे सब गुण प्रधान आप में हैं। और पंचवर्षात्मिका कुमारीस्वरूप

वाली भी आप हो इसलिए सुभगा हो। हे सुभगे ! जो आपको कमल के पुष्पों से पूजते हैं, वे विद्वान् छहो ऐश्वर्यसम्पन्न हुए प्रसिद्ध होते हैं ।।६१।।

मन्ये स्मरं त्र्यम्बकदग्धदेहं कारुण्यतो जीवयतुं भवानि ! ।
भाले ह्यधासीर्नयनं तृतीयं तत् "त्र्यम्बका" सुप्रथितासि लोके ।।६२।।

हे भवानि ! मातः ! मै यह मानता हूँ कि महादेव ने जब अपने तृतीय नेत्र से कामदेव को जला दिया था तब उसको रति की प्रार्थना पर करुणावश हुई आपने पुनरुज्जीवित करने के लिए ही तीसरा नेत्र धारण किया है, इसलिए आप त्र्यम्बका नाम से प्रसिद्ध हो। अम्बक नेत्र को कहते हैं जिसके तीन अम्बक (नेत्र) हो वह त्र्यम्बका अथवा सूर्य, चन्द्र और अग्नि ये तीन नेत्र जिसके हों वह त्र्यम्बका ऐसा भी अर्थ है। उत्प्रेक्षा अलंकार है ।।६२।।

आराधनं ते "त्रिगुणात्मिकाया" मूलप्रकृत्या जगदम्बिकायाः ।
कुर्वन्ति वाक्कायमनोभिरम्ब ! त एव शुद्धाऽद्वयमाप्नुवन्ति ।।६३।।

सत्त्व, रजस् और तमस् ये तीन गुण जिसकी आत्मा में हैं वह त्रिगुणात्मिका यद्वा त्रिगुणमयी ऐसी मूलप्रकृतिरूपिणी आप जगदम्बा का जो भक्त मन वचन और काय से आराधना करते हैं (मन से स्मरण, वचन से स्तोत्रपाठ, जप-गुणगान, काय से सेवा अर्चनादि समझिए) वे ही जन शुद्ध अद्वैत ज्ञान को प्राप्त करते हैं, अन्य जन नहीं पा सकते हैं ।।६३।।

"स्वर्गापवर्गदे"–त्येतन्नामैवास्मान् ब्रवीति ते ।
स्वर्गस्थेभ्योऽपि सा मोक्षं ददातीति सुनिश्चयः ।।६४।।

स्वर्गापवर्गदा स्वर्ग और अपवर्ग देने वाली, (स्वर्ग से सुख और अपवर्ग से मोक्ष लिया है) अथवा स्वर्गस्थ देवों को भी अपवर्ग (मोक्ष) देने वाली, देव स्वर्ग में भगवती की आराधना करते हैं ऐसा पुराणों में स्पष्ट है, उन्हें यथासमय मोक्ष भगवती ही देती है। इसलिए स्वर्गापवर्गदा है। उक्तार्थ को ही पद्य में प्रकाशित किया है। हे मा ! स्वर्गापवर्गदा यह आपका नाम ही हमें यह कह रहा है कि आप स्वर्गस्थित देवों को भी मोक्ष प्रदान करती हो यह निश्चय है ।।६४।।

न क्वापि मालिन्यलवं स्पृशन्तीं "शुद्धां" तनूं ते दधिदुग्धगौरीम् ।
ध्यायन्ति येऽर्चन्ति च शुद्धभावास्तानाश्रयन्ति स्वयमेव विद्याः ।।६५।।

जो कहीं भी किसी प्रकार के मालिन्य को लेशमात्र भी नहीं छूती है। अत एव दही तथा दुग्ध सी गौरवर्ण वाली आप श्री पराम्बा को जो ध्याते-पूजते हैं, उन शुद्ध भावों वाले साधकों को विद्याएं स्वयं उपस्थित हो आश्रय करती हैं ।।६५।।

शिवे ! "जपापुष्पविभाकृतिं" त्वां, कान्तीः किरन्तीं परितोऽर्कशोणाः ।
ध्यायन्ति ये तान् मदनाभितप्ताः स्मरन्त्यलं बालमृगायताक्ष्यः ।।६६।।

हे शिवे ! कल्याणकारिणि ! जपापुष्प जो ओड़ल पाटला नाम से प्रसिद्ध लाल रंग का होता है। इसे जवा पुष्प कहते हैं। उक्त पुष्प के समान लालवर्ण तथा आकृति वाली अतएव चारों ओर बालसूर्य सरीखी कान्ति बरसती हुई आपको जो चिन्तन करते हैं, उन पुरुषों को मदनवेग से सन्तप्त हुई बालकुरंग के लोचन समान लोचन वाली अर्थात् विशाल नेत्रों वाली कई कामिनियाँ रात-दिन स्मरण किया करती हैं ।।६६।।

"ओजोवतीं" त्रिपुरसुन्दरि ! देवतां त्वां पञ्चामृतेन परिषिच्य ससूक्तपाठम् ।
नीराजयन् ज्वलितदीपशतेन भक्तस्तेजो बलं च विभुतां सहसाऽभ्युपैति ६७

हे त्रिपुरसुन्दरि ! ओजवाली देवता आपको जो अथर्व सूक्तादि पाठ करता हुआ भक्त पुरुष या साधिका स्त्री पंचामृत (दूध, दही, शहद, घृत, शक्कर) से अभिषेक करके पूजन कर सौ दीपकों से आपकी आरती उतारता है वह, भक्त सहसा ही तेज, बल और वैभव को प्राप्त कर लेता है। ओज आठवां धातु है तथा इन्द्रिय-सामर्थ्य को भी ओज कहते हैं। तद्वती ओजोवती, यह भी अर्थ है ।।६७।।

यो विद्रुम-"द्युतिधरा"-मरुणांशुकाढ्यां,
माणिक्यदीप्तशुचिकाञ्चनसर्वभूषाम् ।
रक्तोत्पलैर्निशि समर्चति तस्य वश्या,
जायन्त एव सुखमष्टविधाः श्रियोऽपि ।।६८।।

जो साधक मूंगे की समान द्युतिधारण करने वाली अरुण अरुण वस्त्र पहने हुए और माणिक्य से जड़े शुद्ध सुवर्ण के समस्त भूषण धारण करने वाली

आपको रात्रि में लाल कमलों को अर्पण करता हुआ पूजता है, उस भक्तराज के आठों प्रकार की श्रियाँ (अष्टलक्ष्मी) सहज ही वश्य हो जाती हैं ।। ६८ ।।

विष्णुः स यज्ञ उदितो भगवान् त्वमस्य
ज्योतिर्मयं कनकसुन्दररूपमास्से ।
तद्याजकास्त्वदभिधां किल "यज्ञरूपां"
स्वाहाप्रियामुपदिशन्ति मखेषु सिद्धाः ।।६९।।

यह प्रसिद्ध विष्णु भगवान् यज्ञ कहलाता है । जैसे वेद में—"यज्ञो वै विष्णुः" । इति—और आप उस यज्ञरूप परमेश्वर का सुवर्ण-सरीखा सुन्दर रूप हो । ज्योतिर्मय रूप हो । इस कारण यज्ञविद्या के सिद्ध याजक लोग आपका नाम यज्ञरूपा, स्वाहा है प्रिया जिसकी ऐसी यज्ञरूपा बताया है ।।६९।।

"प्रियव्रताया"—स्तव देवि पूजां कृत्वा तृतीयादिशुभव्रतानि ।
सम्पूरयन्तो विधिना मनुष्यास्तव प्रसादं परमं लभन्ते ।।७०।।

हे देवि ! प्रिय हैं व्रत जिसको ऐसी प्रियव्रता आपकी पूजा करके आपके प्रिय तृतीयादि व्रतों को जो मानव (स्त्री-पुरुष) सविधान पूर्ण करते, हैं वे मनुष्य आपके परम उत्कृष्ट प्रसाद (प्रसन्नता) को प्राप्त कर लेते हैं ।।७०।।

शिवे ! त्वद्रूपस्य त्रिभुवनमनोमोहकतया
पिकाभाषे ! ह्यासेचनकरुचिमत्वाच्चरणयोः ।
मनो विष्णवादीनामपि सपदि संमुह्यति, ततो
"दुराराध्यासि" त्वं चपलकरणैर्देहशरणैः ।।७१।।

हे शिवे ! आपका रूप त्रिभुवन के मन का मोहन करने वाला है और हे कोकिल से भाषण करने वाली आपके चरणों की कान्ति-प्रभा आसेचनक है जिसके देखते देखते तृप्ति का अन्त न हो उसे आसेचनक कहते हैं । इस कारण से आपका दर्शन करते ही अच्छे दर्शक सिद्ध क्या विष्णु आदि समर्थ देवों का भी मन शीघ्र ही मोहित हो जाता है, अतः आप चंचल इन्द्रियगण वाले देहधारियों से दुराराध्या हो । बड़ी सावधानी से यम-नियमरक्षणपूर्वक आपका आराधन करते हुए भी मन का विशुद्ध भाव रहना कठिन है । इसलिए दुराराध्या हो यह भावार्थ हुआ ।।७१।।

सपर्य्यापर्य्यायैर्बहुविधमखैः सम्वितरणैः
"दुराधर्षा" नित्यं पृथुलबलिभिः प्रीणयति यः ।
सुधीन्द्रः स क्षेमं व्रजति सकलं भोगमपि च
प्रसह्य क्षोणीन्द्रान्वशयति ! रिपून्त्रासयति वै ॥७२॥

दुर् अर्थात् दुःखकर है आधर्ष स्वाधीन करना जिसका वह दुराधर्षा, ऐसी आपको जो जन अनेक पूजापर्य्यायों से तथा नानाविध यज्ञ-यागादिकों से एवं दान-मानादि से, तथा बड़े बड़े बलिप्रदानों से प्रसन्न कर लेता है, वह पण्डितराज सब प्रकार से क्षेम और भोग प्राप्त करता हुआ राजा-महाराजाओं को जबरदस्ती वश कर लेता हैं और रिपुओं को सन्त्रस्त करता रहता है। शिखरिणी छन्द है ॥७२॥

सिन्दूरशोणवर्णाङ्गी "पाटलीकुसुमप्रिया"।
त्रिपुरा परमेशानी प्रसन्ना मयि जायताम् ॥७३॥

सिन्दूर समान लालवर्ण के अंग वाली और पाटला (जपा) के पुष्पों को प्रिय समझने वाली त्रिपुरा परमेश्वरी भगवती मुझ पर प्रसन्न हो ॥७३॥

महौजसस्ते महनीयकीर्तेर्महेशितुर्मानभृतोऽप्युमायाः।
मनस्यमन्दं मधुमोदितायाः मातुर्महिम्नो "महती" मुदस्ति" ॥७४॥

महान् ओजवाली महनीय प्रशंसीय कीर्ति वाली माहेश्वरी मान-संमान वाली उमा भगवती मन में अमन्द मधु (मद्य) से मोदिता प्रसन्न होती हुई आप माता के मन में महती बड़े से बड़ी प्रीति हर्ष है। इस पद्य में मकार की अक्षर मैत्री दर्शनीय है । इस पद्य का यह भी भाव समझने का है कि महौजा और महनीय कीर्तिवाली मानभृत् और मधुमोदिता उमा माता के महिमा की प्रीति मेरे मन में अमन्द खूब है परिपूर्ण है। दोनों प्रकार ही अर्थ ठीक है । परम महत् परिमाण वाली महती कहलाती हैं ॥७४॥

भूमीन्दुशम्भुभुवनादिनवार्णमन्त्रे मेरौ स्वयं वससि नित्यफलद्विलासे ! ।
हासेन मन्दमधुरेण विकाशिताशे ! त्वामत्र "मेरुनिलयां कलयन्ति विज्ञाः ॥७५॥

हे मातः ! नित्य बढ़ते विलास वाली, हे मन्द और मधुर मुसुकराहट से दशों दिशाओं को प्रकाशित करने वाली ! आप भूमि, चन्द्र, शिव, भुवनादि नौ

अक्षर वाले मन्त्र में जो मेरु कहलाता है, स्वयं निवास करती हो, इस कारण विज्ञ लोग आपको मेरुनिलया कहते हैं। चक्रराज के तीन प्रस्तार है भूमि कैलास और मेरु नाम से। इनमें षोडश नित्या प्रस्तार है वह मेरु प्रस्तार है। वहीं निवास करने से मेरुनिलया यह भी अर्थ है। ऊपर लिखा नवार्ण मन्त्र मेरु हैं इसमें ज्ञानार्णव का यह प्रमाण है भूमिश्चन्द्रः शिवो माया शक्तिः कृष्णाध्वमादनौ अर्द्धचन्द्रश्च विन्दुश्च नवार्णो मेरुरुच्यते इति ॥७५॥

वृन्दारवृन्दवन्द्यां ये "मन्दारकुसुमप्रियाम्।
प्रसादयन्तो बलिभिर्लभन्ते सर्वसम्पदः ॥७६॥

मन्दार देवतरु के पुष्प है प्रिय जिसको वह मन्दार कुसुमप्रिया है और देवगण जिसे वन्दना करते हैं। ऐसी आपको जो जन बलि-पूजा-उपहारों से प्रसन्न करते हैं वे सभी सम्पदाओं को पा लेते हैं ॥७६॥

क्षीराराध्यानन्यदेवान्विहाय "वीराराध्यां" चण्डिकामर्चतां वः।
ओजो वीर्यं दीप्तिरुग्रः प्रतापो वृद्धिं याति प्राणशक्तिश्च विद्याः ॥७७॥

क्षीर से आराधना योग्य ओर और देवों को छोड़ कर वीरों से आराधना करने योग्य चंडिका को पूजते हुए आपका आप साधकों का ओज वीर्य दीप्ति तथा तीव्र प्रताप प्राणशक्ति एवं विद्या बढ़ती को प्राप्त हो रही हैं। वीरों का लक्षण यह है ॥ अहमि प्रलयं कुर्वन्निदमः प्रतियोगिनः पराक्रमं परो भुंक्ते स्वात्मानमशिवापहम् ॥ अथवा वीराः कुलसाधकाः। इति ॥७८॥

"विराड्रूपां" महामायां सन्ध्यासु ध्यायतांनृणाम्।
अचिरादलिके कश्चित् सुहृदुद्याति नेत्रयोः ॥७८॥

विराड्रूपिणी महामाया आपको सन्ध्याकाल में ध्यान करते हुए मानवों के ललाट में शीघ्र ही नेत्रों का कोई मित्र उदित हो जाता है। अर्थात् तीसरा नेत्र ज्ञानचक्षु प्राप्त हो जाता है ॥७८॥

उपांशु ये पंचदशीं जपन्तो मायामहो त्वां "विरजां" भजन्ति।
सन्तः सदैवातुलसत्त्ववन्तो निष्ठां प्रतिष्ठां परमां लभन्ते ॥७६॥

जो जन आपके पंचदशी १५ वर्ण वाली विद्या श्रीविद्या को उपांशु कण्ठ तक अपने आप ही सुने ऐसे प्रकार से जपते हुए विरजारूपिणी अथवा

रजोरहित यद्वा "विरजे विरजा माता ब्रह्मणा संप्रतिष्ठिता" इस ब्रह्माण्ड-पुराणोक्त विराजस्थल निवासिनी देवी के रूप में विराजमान यद्वा विरजा नदी रूपिणी आपको भजते हैं वे सन्त सदा ही अतुलित सत्त्ववान हुए परम उत्कृष्टनिष्ठा और प्रतिष्ठा को प्राप्त होते हैं ॥७६॥

समस्तदिग्भागनिषण्णसाधकान् विलोकितुं दातुमथो वरान् समम् ।
एकाऽपि नैकाननपद्मधारणात्त्वं विश्रुता सुन्दरि ! "विश्वतोमुखी" ॥८०॥

हे त्रिपुरसुन्दरि मातः ! सभी दिशाओं के भागों में स्थित हुए अपने भक्त साधकों को एक काल में समानता से देखने को और समकाल ही वरदान देने को आप एक मूर्ति भी अनेक मुखपद्म धारण करती हो इस कारण आप विश्वतोमुखी नाम से प्रसिद्ध हुई हो । उत्प्रेक्षा अलंकार हुआ ॥८०॥

"प्रत्यग्रूपां" देशिकेन्द्राद्विदित्वा स्वान्ते योऽन्तर्वीक्षयैवेक्षते त्वाम् ।
तस्य ध्याने ध्यायतोऽशेषविश्वव्याप्त्या वार्ताः सत्वरं संस्फुरन्ति ॥८१॥

प्रत्यक् रूप वाली आपको अपने गुरुवर से जान कर जो मनुष्य अन्तर्दृष्टि से आपको अन्तर निज में देखता है । उसके ध्यान करते हुए सर्वविश्वव्याप्ति होने के कारण सभी विश्व की बातें शीघ्र ही दीखने लगती हैं ॥ शालिनी छन्द हैं ॥८१॥

"पराकाशां" श्वासानुसरणविधासाधनपटु-
र्जितप्राणो योगी भगवति नभोगीतदिशया ।
स्वके हार्द्दाकाशे क्षणमपि समासेधति जनो
महद्वाणुर्वाऽसौ भवितुमिह शक्नोति वपुषा ॥८२॥

हे भगवति ! पराकाश ब्रह्म की अभिव्यक्ति का स्थान है वही रूप वाली अथवा पर उत्कृष्ट आकाश अवकाशस्वरूपा यद्वा यहां आकाश शब्द से ब्रह्म लिया हैं न भूताकाश, क्योंकि ब्रह्मसूत्रों में "आकाशस्तल्लिङ्गात्" इस सूत्र से व्यासदेव ने एवं भाष्य में शंकराचार्यजी ने यह निर्णीत किया है, उस पराकाश को स्त्रीलिंग में पराकाशा कहा है । तद्रूप वाली आपको प्राणायाम साधना में पटु शमदमादि सम्पन्न योगी आकाश में व्याप्त हुए गीत की रीति से अपने

हार्द (हृदय) के अवकाश में क्षण भर भी आपको साध लेता है तो वह शरीर से छोटा और बड़ा भी बन सकता है । उसको सब अणिमा–महिमा–लघिमा गरिमादि सिद्धियाँ मिल जाती है ॥८२॥ शिखरिणी छन्द हैं ।

यः "प्राणदाया" स्तवकाभिधाया ऋतां निरुक्तिं गुरुतो बिदित्वा ।
उपासते त्वां जगदम्ब ! तस्य पुनः परं ब्रह्म विकासितं स्यात् ॥८३

प्राणों को देने वाली यद्वा प्राणों की खण्डन करने वाली, कौषीतकी ब्राह्मण के प्राणाधिकरण में प्राणपद से ब्रह्म ही निर्णीत किया है इससे प्राण-रूपिणी यद्वा प्राणब्रह्म को देने वाली ब्रह्मज्ञान कराने वाली यह अर्थ हुआ । जैसे श्रुति में प्राणो ब्रह्म, कं ब्रह्म, खं ब्रह्म इत्यादि । श्वास के काल को लेकर दिन मास वर्ष राशि लग्नादि की कल्पना की है उस रीति से–"सार्द्धद्वाविंश निश्वासा: क्रमात् द्वादश राशयः" इत्यादि । नित्याषोडशिका तन्त्र में वर्णित है उस क्रम से श्री ललिता का प्राणात्मता प्राणदात्व स्फुट है । हे जगदम्ब जो जन आपकी प्राणदा इस नाम की सत्य निरुक्ति को गुरु से समझ कर आपकी उपासना करता है उसको ब्रह्मतत्त्व पुनः बार बार प्रकाशित होता है पुनः पद को तु शब्द में लाये हैं उसको ब्रह्म विकासित होता है अन्य को नहीं, यह भी अर्थ है ॥८३॥

यः "प्राणरूपिणीं" त्वां प्राणेष्वारोप्य पूजयन् प्राणैः ।
अन्तर्यागक्रमतः कोऽपि परप्राणने सिद्धयतु ॥८४॥

उपर्युक्त दिशा से प्राणरूपिणी आपको जो प्राणों पर आरोपित कर प्राणों से ही पूजता है । अन्तर्याग करते समय अन्तर्याग में प्राणार्चन होता है । वह कोई भी साधक पर पुरुषों को प्राणित जीवित करने में सिद्ध हो सकता है । प्राणप्रतिष्ठा प्रकार की तरह अपने प्राणों में प्राण हृदय में रहते हैं इसलिए हृदय भी प्राण है । वहां भगवती का ध्यान कर प्राणमय पंचोपचारों से अर्थात् उपचारों को प्राणमय बना समर्पण करता हुआ साधक अन्तर्याग में सिद्ध होकर मृतकों को प्राणित (जीवित) कर लेता है ॥८४॥

साध्यानां सिद्धये वेद–प्रतिपाद्या महेश्वरी ।
"मार्तण्डभैरवाऽऽराध्या" समाराध्या त्वया सखे ! ॥८५॥

हे सखे ! अपने कार्यों की सिद्धि के लिए वेदों में प्रतिपादन के योग्य मार्त्तण्डभैरवाराध्या मार्तंड सूर्य, वही भैरव उससे आराधनीया, यद्वा सूर्य और भैरव वटुकादि नाना रूप उससे आराधिता हुई। ऐसी महेश्वरी श्री ललिताम्बा का आराधन कीजिए। सूर्य देवी की उपासना करते हैं इस विषय में पद्मपुराण का यह प्रमाण है—देव्या रत्नमयीं मूर्ति भक्त्या नित्यं दिवाकरः। पूजयित्वाप्तवान् दिव्यं सूर्यत्वं शुभमुत्तमम् ॥ इति। भैरव से आराधिता होने के विषय में कालिकापुराण में भी बहुत लिखा है। वहीं से देखें ॥८५॥

या भक्तैः स्मृतमात्राऽपि "मन्त्रिणीन्यस्तराज्यधूः"।
उपैति सद्वरान्दातुं तामहं ललितां भजे ॥८६॥

जो भगवती भक्तों से स्मरण करते ही अर्थात् याद करने के साथ ही अपनी मन्त्रिणी पर सारा राज्यभार रख कर भक्तों को श्रेष्ठ वरदान देने को शीघ्र ही उनके पास पहुँचती है, उस दयावती भक्तवत्सला ललिताम्बा को मैं भजता हूं। मन्त्रिणी श्यामलाम्बा है। इसका वर्णन ललितोपाख्यान में देखिए ॥८६॥

सर्वाशापूरणे लब्धप्रतिष्ठां समुपासताम्।
स्वाभीष्टसिद्ध्यै तामम्बां "त्रिपुरेशीं" भजस्व भोः ॥८७॥

सम्यक् प्रकार उपासना करने वालों की समस्त आशाओं के पूर्ण करने में लब्धप्रतिष्ठ जिसने नाम पाया है ऐसी त्रिपुरेशी अम्बिका को भजो-पूजो-सेवन करो। मित्र के उपदेशव्याज से इस नाम की महिमा बतलाई है। सर्वाशापूरक चक्र की अधिष्ठात्री त्रिपुरेशी अम्बा है। यह भी स्पष्ट हो रहा है। इसी रहस्यार्थ से श्लेषालंकार भी हो गया ॥८७॥

रणासक्तो भक्तः परविजयरक्तो नरपति-
"र्जयत्सेना"-मेनां यदि भजति मेनादुहितरम्।
तदा तस्य क्षोणीतलमृदितघोणी रिपुचमूः
द्रुतं नाम नामं व्रजति किल यामं पुटभिदम् ॥८८॥'

शत्रु जीतने में रुचि रखने वाला राजा (भक्त) जीतती हुई है सेना जिसकी जयशीला सेना वाली इस मेना की पुत्री (मेना हिमालय के राजा

की पत्नी का नाम है) भगवती को जो भजता है तो उस राजा या भक्त की शत्रु-सेना भूतल पर नाक रगडती हुई प्रणाम कर कर शीघ्र ही यमराज के नगर को चली जाती है ।। शिखरणी छन्द है ।।८८।।

गुणा आविर्भूता जननि ! विषमास्त्वत्प्रकृतितः
मिथः संयुक्तैस्तैः प्रविततमिदं भ्रातृभिरिव ।।
इमान् युक्तायुक्ताञ्जगति परिपश्यन्त्यपि शिवे !
स्फुटं "निस्त्रैगुण्या" त्वमसि तव नैपुण्यमतुलम् ।।८९।।

हे शिवे जननि ! सत्त्व रजस् तमस् ये तीन अत एव विषम गुण प्रकृति स्वरूप तुम में ही (आप में ही) प्रकट हुए हैं अर्थात् गुण आपसे ही बहिर्भूत हुए हैं। फिर परस्पर संयुक्त हुए इनसे भाइयों की तरह सब कुछ फैलाया गया है। इन युक्त और अयुक्त गुणों को सब तरह से देखती हुई आप स्पष्ट ही निस्त्रैगुण्या हो रही हो। यह आपका नैपुण्य चातुर्य अतुल है-अनुपम ही है ।।८९।।

"परापरां" त्वां भजमान एव परापरत्त्वं तत्र वेत्ति मातः।
अनाश्रितः कल्पतरुं मनुष्यः कथं नु तत्सौभरभबोधवान् स्यात् ।।९०।।

पर गैर (दूसरा) अपर अपना स्वयं अथवा पर उत्कृष्ट ऊंचा अपर निकृष्ट नीचा अथवा पर शत्रु अपर मित्र यद्वा पर दूरस्थित अपर निकट इन सभी अर्थों का समन्वय जिसमें है वह परापरा, अथवा परमपरं चेति ब्रह्म द्विविधं तद्रूपा, विद्या भी २ हैं अरा अपरा च। प्रकृति भी दो हैं परा अपरा इन सब का सर्वस्वरूप वाली आपको भजता हुआ ही पुरुष परापरत्त्व को जान सकता है। सत्य है कल्पतरु के आश्रित हुए बिना उसके सुगन्ध का ज्ञानवान् कैसे हो ।।९०।।

किं गङ्गायां स्नानतो ध्यानतो वा किं वा दानैः पिण्डदानैर्वितानैः।
किं वा जापैर्मानसे नोदिता चे-"त्सत्यज्ञानानन्दरूपा" भवानी ।।९१।।

गंगा में नहाने से और ध्यान से क्या हुआ या होगा ऐसे ही दान और पिण्डप्रदान से भी क्या तथा जप-जापों से क्या है यदि सत्य ज्ञान और आनन्द-रूपिणी भवानी जगदम्बा हृदय में प्रकाशित न हुई तो वे सब व्यर्थ ही हैं। सत्य ज्ञान और आनन्द ब्रह्म के रूप है ।।९१।।

अन्तरा यजनस्थितो य उदीक्षते हृदयाम्बुजे
कामनामभृदीश्वरेण हि"सामरस्यपरायणाम्"।
षोडशीं भवतीं शिवे। स हि राजयोगविदाम्बरो
यां मुदं समुपाश्नुते ! नहि तां वयं गदितुं क्षमाः ॥९२॥

हे शिवे ! अन्तर्याग साधना में लगा हुआ जो मानव साधक कामेश्वर पर शिव के साथ सामरस्य में लगी हुई आप षोडशी ललिताम्बा को नित्य हृदय में निहारता है वह राजयोगियों में श्रेष्ठ साधकेन्द्र जिस आनन्द को पाता है उसको कहने में वर्णन करने मे हम लोग समर्थ नहीं हैं ॥९२॥ विबुधप्रिया छन्द है। लक्षण पूर्व बता चुके हैं ॥९२॥

सुधांशुलेखाविलस"त्कपर्दिनीं" बलोच्छलच्छुम्भनिशुम्भमर्दिनीम्।
व्रजन्ति यावच्छरणं न चण्डिकां तावन्नृणां नोपरमेद्भवभ्रमः ॥९३॥

इस संसार में आकर चन्द्रकला से चमकते हुए कपर्द केशपाश वाली अर्थात् जिसके केश पाश में चन्द्रमा की कला है। और जो बल से उछलते हुए शुम्भ-निशुम्भ को मर्दन कर देने वाली है ऐसी जगदम्बा चण्डिका को जब तक शरण प्राप्त नहीं होंगे तब तक मानवों का भवभ्रम संसारचक्र नहीं मिटेगा। अर्थात् जब तक चण्डिका को शरणागत नहीं होंगे तब तक लोगों का आवागमन होता ही रहेगा। कपर्दक वराटक भी होते हैं उनकी माला वाली भैरालावतार शिव की सहयोगिनी महालसा भगवती वराटक-कौडियों की माला धारण करती है इसलिए तद्रूपिणी ऐसा भी अर्थ है ॥९३॥

विशालानालापान्यदि वितरितुं वाञ्छसि सदि
यदीच्छा शास्त्रार्थे प्रतिभटघटापाटनविधौ।
नृपानीश्शे द्रष्टुं स्वपदविनतान् तद्धि ललितां
"कलामाला"-मालीगणपरिवृतां पूजय सखे ॥९४॥

हे मित्र ! यदि सभा में बड़े बड़े (विशाल) भाषण देना चाहते हो और यदि शास्त्रार्थ में प्रतिवादियों के समूहों को परास्त करना चाहते हो और राजाओं को अपने चरणों में नतमस्तक देखना चाहते हो तो कलामाला ६४ कलाओं की माला वाली मालास्वरूपा जैसे माला में अनेक मनके पिरोये रहते हैं वैसे

सभी कलाएं जिसमें रहती हैं यह भावार्थ हुआ ! यद्वा क ब्रह्मा और सुखला, लावण्य लक्ष्मी शोभा दोनों को रखने वाली श्री ललिताम्बा को आलोगरा सहित अर्थात् आवरण परिवार सहित पूजिए। ऐसा करने से ही स्वाभीष्ट लाभ होगा ॥ शिखरिणी छन्द है। लक्षण पूर्व लिख चुके हैं ॥९४॥

दासन्ति ते न हि परस्य न वा छलन्ति
नोऽकिञ्चनन्ति कुहचिन्न च भिक्षुकन्ति ।
सद्भुञ्जते सुरुचिरं वसते सदैव
सा"कामधुक्"भगवती हृदयेऽस्ति येषाम् ॥९५॥

वे मनुष्य कभी किसी के दास नहीं रहते हैं। न किसी के साथ छल-कपट करते हैं। न किसी से कभी याचना करते हैं अर्थात् दीन नहीं रहते हैं। न कहीं भिक्षावृत्ति ही करते हैं। परन्तु वे अच्छा स्निग्ध मधुर पथ्य भोजन करते हैं तथा चिकना मृदुल महीन सुन्दर वस्त्र पहनते हैं सदैव सुखी शान्त मस्त रहते हैं क्योंकि उनके हृदय में काम पूर्ण करने वाली कामधेनु सी भगवती श्री ललिताम्बा सदैव निवास करती है ॥९५॥

कामस्य देवस्य तनौ मनोज्ञं रूपं तवैवाम्ब ! लसत्कलायाः ।
कामस्य चेतोहरणस्वरूपात् त्वं"कामरूपिण्य"सि चारुहासे ! ॥९६॥

हे अम्ब ! आपकी ही विलसती हुई कला का मनोज्ञ रूप कामदेव के शरीर में प्रकाशित हो रहा है। और आपका रूप काम के भी चित्त को हरण करने वाला है, इस कारण हे मनोहर हास वाली ललिते ! आप काम-रूपिणी हो यद्वा काम कामेश्वर शिव तद्रूपिणी यद्वा कामनानुसार रूप धारण करने वाली हो यह भी अर्थ शुभ है ॥९६॥

मातश्चतुःषष्ठिकलाविधानामेकायनत्वेन "कलानिधि"-स्त्वम् ।
स्वल्पाभिराभिर्भुवि राम-कृष्णादयः कथं स्युर्निधयः कलानाम् ॥९७॥

हे मातः ! चौसठ कलाओं के प्रकारों का एक ही अयन (स्थान) आप हो, इस कारण कलानिधि हो यह सत्य है परन्तु थोड़ी कतिपय १२-१६-८-४ कलाओं के धारण करने वाले राम-कृष्ण आदि भूमि पर कैसे कलानिधि कहला सकते हैं। कलाएं ६४ हैं और कलाएं ६४ प्रकार की हैं वे तन्त्रों में

अग्नि, सूर्य, सोम, ब्रह्म, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिवादि की कलाओं के प्रकार है उन सब की निधिरूपा हो। यद्वा कला शब्द से कर्म लिये हैं "योनिवर्गः कला शरीरम्" इस शिव सूत्र में कला शब्द से कर्म ग्रहण किया है वैसे ही उसके भाष्य में भी कला शब्द कर्मपरक ही बताया है तो कर्मों का निधान हो जीव कालकर्मों के साथ प्रकृति में ही लीन होते हैं इसलिए भी कला–निधि हो ॥९७॥

भृगोर्महर्षेर्मृतजीवनी कला कवेः कला त्वं प्रतिभासि कर्मणः
तस्माज्जनास्त्वां परिपूज्य भक्तितो नवा नवाः "काव्यकला" विदन्त्यहो ॥९८

काव्य शब्द से कविकर्म और भृगुमहर्षि भी गृहीत हुए हैं। भृगु को काव्य कहते ही हैं जैसे "शुक्रो दैत्यगुरुः काव्य उशना भार्गवः कवि": इस अमर सूक्ति में। उसकी मृत संजीवनी एक कला है वह आप ही का रूप है इसलिए काव्यकला। और काव्य कविकर्म उसकी कला रस अलंकार गुण वृत्ति आदि नाना रूपा है उनमें भी आपका ही स्वरूप है इसलिए, यद्वा काव्यकला प्रतिभा को भी कहते हैं काव्योत्पादक प्रतिभा ही काव्यकला है। वह प्रतिभा विशेष बुद्धि हैं और बुद्धि आपका रूप है। या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता इस से भी काव्यकला आपका रूप ही है ऐसी आपको पूज पूज कर कवि लोग नित्य नई काव्यकला पा लेते हैं ॥९८॥

रसो हि तद्ब्रह्म परं त्वमम्ब ! जानासि तत्संविदितां "रसज्ञाम्" ।
त्वां सेवमाना अपि साधकेन्द्रा वामद्वयं नाम रसं पियन्ति ॥९९॥

"रसो वै सः" इस श्रुतिप्रमाण से रस ही ब्रह्म परमात्मा है, उसको आप पूर्णरूपेण जानती हो यद्वा रस–शृंगारादि ९ नव है, उन्हें आप यथार्थ रूप में जानती हो इस कारण आप रसज्ञा हो, आपको भजते सेवन करते हुए साधक भी आप दोनों के प्रकृति–पुरुष दोनों के अद्वय ज्ञान रूप रस का पान–आस्वाद अनुभव कर लेते हैं। ॥९९॥

विदाम्बरो यो रसशेवधिं त्वां विहाय देवान् यजतीतरान् सः ।
निलिम्पवृक्षं परिमुच्य मूढो मरौ करीराश्रयणं विधत्ते ॥१०० आदितः८००

जो मानव विद्वानों में श्रेष्ठ होकर भी आप जैसी रस-शेवधि को रस ब्रह्म अथवा आनन्द उसकी शेवधि एकमात्र प्राप्ति स्थान छोड कर और और देवों को पूजता-भजता-ध्याता है, वह मूढ़ कल्पवृक्ष को छोड़ कर मारवाड़ में कैर वृक्ष का आसरा लेता है। निदर्शनालंकार है। वाक्यार्थ वृत्ति भेद है ॥१००॥ प्रारम्भ से ८०० ।

---

# नवमं शतकम्

तत्त्वैर्गुणैश्वर्य्यमितैरजस्रं पोषं प्रयाति प्रकृतिः परेति।
तथ्यं विदन्तो हि परावरज्ञास्त्वां तत्त्व"पुष्टां"प्रभजन्ति सन्तः ॥१॥

हे मातः तीन (३) गुण, ६ ऐश्वर्य और ३६ तत्त्व तान्त्रिकों ने माने हैं। इनसे परा प्रकृति निरन्तर पोष पाती रहती है। इस तथ्य को जानने वाले परावरज्ञ ज्ञानी जन आपको तत्त्वपुष्टा समझ कर भजते, पूजते और ध्याते हैं ॥१॥ इन्द्रवज्रा छन्द है।

"पुरातनां"त्वां जगतां निदानं सर्वादिभूतां प्रविविच्य मायाम्।
स्वीयात्मनात्मन्यवबुध्य विज्ञाः निजास्मितां मूलत उत्खनन्ति ॥२॥

जगत् का आदि (मूल) कारण सबकी आदिभूत आप पुरातन माया को खूब विवेचन कर अपने आत्मा से (अपने से) मन से अपने में ही समझ कर विद्वान् लोग अपनी अस्मिता (अहंकार) की अस्ति को समूल उखाड़ फेंकते हैं ॥२॥

सुरासुरैर्वा पितृभिर्नरैश्च यक्षैर्मरुद्भिर्भुजगैश्च सिद्धैः।
साध्यैः पिशाचादिभिरप्यजस्रं "पूज्यां" परां त्वां न हि के भजन्ति ॥३॥

हे अम्ब ! सुरों=देवों, असुरों=राक्षसों, नरों=मानवों, मरुतों, भुजंगों, सिद्धों साध्यों और पिशाचादि सभी से सदा पूज्या आपको कौन नहीं भजता है अर्थात् सभी भजते हैं ॥३॥

ये शाक्तिकाः शाम्भवि ! "पुष्करां"त्वामर्चन्त्यहो पुष्करपुण्यतीर्थे।
जपैश्च होमैरपि तर्पणैश्च भवन्ति ते पुष्करवद्विविक्ताः ॥४॥

हे शाम्भवि मा ! जो शाक्तिक–शक्ति पूजक पुष्करा-पोषण देने वाली आपकी पुष्कर पुण्यतीर्थ पर जप–होम-तर्पण-पूजनादि से आराधना करते हैं, । वे पुष्कर=कमल की समान विविक्त पवित्र और असंग एवं निर्मल हो जाते हैं ।।४।।

त्वां पुष्करस्थां पृथु "पुष्करेक्षणां" यजन्ति ये केऽपि सहस्रपुष्करैः" ।
तान्साधकेन्द्रान्न जहाति जात्वपि प्रियप्रदा पुष्करमालिनी रमा ।।५।।

हे अम्ब ! जो कोई भी साधक पुष्कर तीर्थ पर या कमल पर बैठाई हुई–स्थापना की हुई विशाल कमल समान नेत्र वाली आपको हजार कमल चढ़ाकर (प्रस्तुत सहस्रनामानुसार) पूजते हैं, उन साधकेन्द्रों को प्रिय (इष्ट) प्रदान करने वाली पुष्करमालिनी लक्ष्मी कभी नहीं छोड़ती है । यह लक्ष्मीप्राप्ति का प्रयोग है–तन्त्रों में स्पष्ट लिखा है कि कमलों से भगवती को सहस्रार्चन कर पूजने वालों को अवश्य लक्ष्मी प्राप्त होती है ।।५।।

प्रदीप्तमाणिक्यमयो धराधरो विभाति वा विद्रुमराशिरुच्चकैः ।
संशेरते यत्परिवीक्ष्य देवताः शोणं "परज्योति-"रुपास्महे तत् ।।६।।

भगवती त्रिपुरसुन्दरी के दूर से दर्शन करते हुए देवगण इस संशय में पड़ जाते हैं–क्या यह चमकते हुए माणिक्यों का पर्वत है या ऊंचा ऊंचा प्रवालपुंज एकत्र हुआ है इस प्रकार जो देवों को सन्देह में डाल देता है, उस लाल लाल तेज को हम उपासित करते हैं । यहां निश्चयगर्भ संशयालंकार हैं ।।६।।

सन्ध्यारागोल्लासिधाराधरोऽयं कौसुम्भीनामुत्त्विषां मण्डपो वा ।
दृष्ट्वा देवा यद् भृशं सन्दिहन्ति दृङ्मित्र मे "तत्परं धाम" भूयात् ।।७।।

क्या यह सन्ध्या के रंग में रंगा (सुनहला) बादल है ? या कसूंभे की लाल लाल कान्तियों का मण्डप बना हुआ है, । जिसे देख देख देवगण ऐसा सन्देह करते हैं, वही परं धाम उत्कृष्ट तेज मेरी दृष्टियों का मित्र बने । धाम शब्द अवस्था में भी आता है यज्ञवैभवखण्ड में देखिए–जाग्रत्स्वप्नसुषुप्ताख्यं वेद धामत्रयं तु यः । स एवात्मा न तत् दृश्यं, दृश्यं तस्मिन् प्रकल्पितम् । इस रीति से परं धाम का सर्वोत्कृष्ट अवस्था ऐसा अर्थ हुआ । धाम शब्द पद=स्थान

में भी आया हैं जैसा तद्धाम परमं मम, गीता । भगवती में सभी अर्थ समन्वयोचित हैं ॥७॥

मातस्त्वदीयांघ्रिसरोजने रजः कणांशवो ये "परमाणु"-रूपिणः।
सदा सदानन्दमुकुन्दशंकरस्वरीश्वराद्या ध्रुवमुद्‌भवन्त्यमी ॥८॥

हे मातः ! आपके चरण-कमल के जो छोटे से छोटे रजकण के भी कण जो परमाणु हैं वे ही ये ब्रह्मा-विष्णु-शिव-इन्द्र-वरुणादि देव उद्‌भूत होते हैं यह निश्चय हैं ॥८॥

उत्कृष्टाद्विधितो हरेरथ शिवाद्यास्ते परोत्कर्षिणी
तां शक्ति हि "परात्परां" त्रिभुवनेशानीं हिमानीसिताम् ॥
वासन्तीकुसुमैर्निशासु यजतः सौभाग्यमप्यर्चतः
कस्य प्राणभृतां वरस्य हृदयग्रन्थिर्न भिद्यादहो ॥९॥

देवों में उत्कृष्ट देव ब्रह्मा विष्णु और शिव हैं, उनसे भी अधिकाधिक उत्कर्षवाली शक्ति है उस हिमसहति समान गौर वर्ण को शक्ति भगवती को परात्परा कहते हैं । उत्कृष्टों से भी उत्कृष्ट है । ऐसी परात्परा भगवती को रात्रिकाल में भजते ध्याते और सौभाग्य पूजा करते हुए किस प्राणिश्रेष्ठ मनुष्य के हृदय की गांठ नहीं खुल जाती है सभी की खुल जाती हैं ॥९॥

पाशान्हस्तयतेऽष्टधापि नमतां याऽऽशातिदानोद्धुरा
या दासायितविष्णुशकरविरिञ्चीन्द्रादिदेवव्रजा ।
कामेशीं पुरसुन्दरीं भगवतीं तां "पाशहस्तां" परां
नित्यं चिन्तयतामनन्यमनसां नो निर्वृतौ संशयः ॥१०॥

पाश ८ आठ बताये हैं जैसे घृणा शंका भयं लज्जा जुगुप्सा चेति पंचमी । कुलं शीलं च जातिश्चेत्यष्टौ पाशाः प्रकीर्तिताः । और अविद्यास्मिता रागद्वेषाभिनिवेशाः पंच क्लेशाः । इन ५ क्लेशों को भी पाश कहते हैं तथैव तम मोह महामोह तामिस्र अन्धतामिस्र इन पांच पर्वों को भी पाश कहते हैं । ये तम मोहादि पांचों पांच अविद्यादि में समन्वित हो जाते हैं । इन पांचों के भेद भी है-तम के ८ भेद हैं मोह के ८ भेद हैं, महामोह के १० तामिस्र के ८ तथा अन्धतामिस्र के १८ हैं सब मिलाकर ५२ भेद हैं, कोई तामिस्र के भी १८

मान कर कुल ६२ मानते हैं। पूर्वोक्त ८ अष्ट पाशों को यद्वा सभी पाशों को जो हाथ से दूर कर देती है और जो प्रणत जनों को आशातीत वरदान देने को या अभीष्ट लाभ देने को उद्यत रहती हैं। और जिसके शंकर-विष्णु-ब्रह्मा-इन्द्रादि देव सभी दास हैं। पाशहस्ता उस कामेश्वरी को अनन्य मन से चिन्तन करने वाले योगियों-साधकों की निवृत्ति में (मोक्ष में) तनिक भी संशय नहीं है। पद्य में ८ पाश ही स्वीकृत है फिर भी पदगत बहुलता से ५२ और ६२ का भी ज्ञान कर लेना अयुक्त नहीं हैं ॥१०॥

वैवस्वतस्यापि गतेर्नियन्त्रीं त्वां "पाशहन्त्रीं" परमेश्वरीं यः ।
स्मरत्यजस्रं जगदम्ब ! तस्य कामादिपाशाः स्वमवश्लथन्ते ॥११॥

हे जगदम्ब ! वैवस्वत=सूर्य और यमराज की गति को रोक देने वाली पाशों को कामादि ८ पाशों को तथा आणव-कार्मिक-मायिक ३ मलरूप पाशों को एवं नाग-ब्रह्म आदि अस्त्रविशेष पाशों को नष्ट कर देने वाली ऐसी पाशहन्त्री परमेश्वरी आपको जो रात दिन स्मरण करता है उसके कामादि सभी पाश स्वयमेव टूट जाते हैं। "काम क्रोध-मद-लोभ-मोह-मात्सर्य-जुगुप्सा द्वेष" ये आठ पाश हैं। ऐसे ही अणु-कर्म-माया ये भी ३ पाश हैं ये सब बन्धन के कारण होने से पाश कहलाते है। इन सब को जगदम्बा ही दूर करती है॥ अस्त्रविशेष नागपास ब्रह्मपाश के निराकरण का दृष्टान्त अनिरुद्ध को देखिए वाणासुर के तहखाने में कैद हुए अनिरुद्ध ने नागपाश में बंधे हुए ही आप भगवती का स्मरण किया तब उसके नागपाश को काट कर उसे विजय प्रदान किया। यह कथा हरिवंशपुराण में है ॥११॥

मातर्भवानि ! "परमन्त्र-बिभेदनीं"त्वां ध्यायत्यनन्यहृदयो य उपासकेन्द्रः ।
दुर्मन्त्र-तन्त्र-चटुचेटक-योग-सिद्धा अन्ये न केऽपि रिपवस्तमुपाक्रमन्ते ॥१२॥

हे मातः ! पर=शत्रुभूत साधक=द्वेषियो के प्रयुक्त किये अभिचारादि मन्त्रों का भेदन करने वाली तथा पर उत्कृष्ट मन्त्र पंचदशी अपना मन्त्र उसको मनु-चन्द्र--कुबेर- लोपामुद्रा--मन्मथ-:अगस्त्य-सत्य अग्नि-सूर्य-नन्दि-स्कन्द और क्रोधभट्टारक इनमें विभेदित करने वाली पंचदशी के भेद उक्त साधकों के नाम से हो गये हैं, ऐसी आप भवानी को जो अनन्यहृदय साधक ध्याता रहता है,

उसके ऊपर खोटे मन्त्र-तन्त्र चेटक-टोटके आदि योग और इनमें सिद्धि पाये हुए सिद्ध तथा शत्रुगण भी कोई आक्रमण नहीं करते हैं और न कर सकते हैं। परमन्तृ विभेदनी ऐसे पदविश्लेषण करें तो परा उत्कृष्टा मन्तारः मननशीलाः आपके मन्त्रार्थ का मनन करने वाले साधकों के अवि= पापों को भेदन करने वाली ऐसा भी अर्थ भाष्यकार भास्करायजी ने किया है। यह भी श्रेष्ठ है। यह भी हमारे किये पद्यार्थ में समन्वित हो जाता है। मन्त्रार्थ के मनन करने वालों का पाप निवारण दोष दूर करने वाली महाशक्ति हैं। तो उन पर दुर्मन्त्र तन्त्र चेटकादि कौन कर सकता है कोई नहीं कर सकता है। यहां अविशब्द से पाप बताये हैं इसका प्रमाण अविशब्देन पापानि कथ्यन्ते श्रुतिषु द्विजैः। तैर्मुक्तेन मया त्यक्तमविमुक्तमतः स्मृतम्। इति। लिंग पुराण का प्रमाण है ॥१२॥

आपो व्योमधरानिलानलमहाभूतानि पञ्चापि ते
रूपाण्यम्ब! परिस्फुरन्ति सुतरां सिन्धोस्तरंगा इव।
एभिः पञ्चविधाकृतैः किल निराकारामपि त्वां विदो
"मूर्ता"-मादिमहेश्वरीं बहुविधं ध्यायन्ति गायन्ति च ॥१३॥

हे अम्ब! पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश ये पांच महाभूत (स्थूल) आपके स्थूल रूप ही प्रकाशित हैं। जैसे समुद्र के तरङ्ग रूप ही है वैसे इन पंचीकृत स्थूल महाभूतों से ही विद्वान् लोग निराकार भी आप आदि महेश्वरी को मूर्ता मूर्तिमती मानते हुए ध्याते हैं और आपके गुणगान करते हैं ॥१३॥

सूक्ष्मातिसूक्ष्मामविकारिणीं च धियो गिरां वा मनसः परां च।
आस्त्वा-"ममूर्ता"-मपि वर्णयन्ति बलीयसी तत्प्रतिभा कवीनाम् ॥१४॥

हे अम्ब! आप सूक्ष्म से सूक्ष्म, अणु से भी अणु रूप अत एव अविकारिणी वैसे ही बुद्धि और वाणी तथा मन के भी परे हो (मनो वाचामगोचरा) इस कारण आप अमूर्ता हो मूर्ति रहित हो, तो भी कवि लोग आपका वर्णन करते हैं। अहो आश्चर्य है कि कवियों की प्रतिभा बड़ी ही बलवती है॥ अतिशयोक्ति विरोधालंकार और अर्थान्तरन्यास अलंकार है ॥१४॥

"अनित्यतृप्तां" मनसोऽभिक्लृप्तैस्त्वां साधकेन्द्रा उपचारवर्गैः।
सम्पूजयन्तः परितर्पयन्तो व्रजन्ति तृप्तिं किल सांयुगीनाम् ॥१५॥

अनित्य उपचारों से तृप्त होने वाली अर्थात् मानस उपचारों से तथा संसार में यथासमय यथा–उपयोग जैसे भक्त के पास जो उपस्थित हों वे ही उपचार ग्रहण कर प्रसन्न होने वाली आपको जो साधकेन्द्र मनः कल्पित या यथासमय प्राप्त उपचारों से भली प्रकार पूजते हैं और तृप्त करते हैं वे साधक निश्चय ही कल्पान्त तक होने वाली तृप्ति को प्राप्त होते है यह निश्चय है। अर्थात् वे उपासक कल्पान्त तक तृप्त-प्रसन्न रहते हैं ।।१५।।

व्यग्रं सखे ! यदि मनस्तव कर्मकाण्डैः
शान्तिं मनागपि न याति ततोऽधुनैव ।
चेतोऽवधाय "मुनिमानसहंसिकाया"
अन्तर्दृशोः कलय केलिकलाविलासम् ।।१६।।

किसी कर्मकांण्डी मित्र को उपदेश करते हुए नाम-निर्देश करते हैं। हे मित्र ! यदि तुम्हारा मन कर्मकाण्ड करते करते व्यग्र हो गया है आकुल हो गया है, तनिक भी शान्ति को नहीं पा रहा है, तो अबभी अपने मन को अवहित=स्थिर कर मुनियों के मन=मानस सरोवर की हंसी श्रीललिताम्बा का अन्तर्दृष्टि से केलिकलाविलास देखो-ध्यान करो ।।१६।।

"सत्यव्रताया"स्तव विश्वधात्र्या उपासको यः कुरुते व्रतानि।
स शीघ्रमेवाप्तसमस्तकामः शश्वत्फलं कल्पतरुत्वमेति ।।१७।।

समस्त विश्व की धात्री=धारण पोषण करने वाली तथा सत्य=ब्रह्म एवं सत्य पालन ही प्रिय व्रत है जिसका ऐसी सत्यव्रता आपका उपासक जो व्रत सत्यपालनादि तथा गौरी तृतीया, रस कल्याणिनी तथा नवरात्रादि व्रत-उपवास करता है वह सभी काम प्राप्त कर सदा सुफल देने वाला कल्पतरु भाव को पा लेता है ।।१७।।

कालत्रितयेऽप्यबाधां "भगवति" भवतीं भावगम्यां भवानीं,
सत्यां प्रख्यापयन्तीमपि मलिनहृदां त्वय्यसद्भावभाजाम् ।
स्फूर्जद्वेदान्तवादप्रवणमतिमतां मुद्रयन्तीं सुखानि
नित्यं नौमि स्मरामि त्रिपुरहरवधूः "सत्यरूपा"-ऽभिधां ते ।।१८।।

हे भगवति ! त्रिपुरहरवधू ! परशिव कामेश की पट्टराज्ञि ! सत्यरूपा यह आपकी अभिधा (नाम) भावगम्या आप भवानी को त्रिकाल में भी अबाध्या

अर्थात् भूत वर्तमान और भविष्य काल में भी अटल रहने वाली, सत्या सत्य-स्वरूपा प्रख्यात करती हुई, मलिन मन वाले अत एव आपमें असद् भावना वाले वेदान्तियों के मुख मूंद देती है बन्द कर देती है । वेदान्ती माया को असत् कहते हैं पर यह सत्यरूपा आपका नाम उनके मुंह तोड़ देता है ।। स्रग्धरा छन्द है–लक्षण पूर्व आ चुके हैं ।।१८।।

अन्तश्चेतोऽस्मितादीन्नियमयसि नृणां चेतनारूपिणी त्वं
शश्वच्चाभासि तेषां दहरसरसिजे स्पन्दमापादयन्ती ।
यन्त्रे सौदामनीव प्रविलससि ततस्तन्त्रविद्याधुरीणाः
"सर्वान्तर्यामिणीं" त्वां हृदयजलजनो धारयन्तो भजन्ति ।।१९।।

हे अम्बिके ! आप मनुष्यों में अन्तःकरण मन अस्मितादि को नियमित करती हुई चेतना हो । और हृदयकमल में स्पन्दन करती हुई निरन्तर प्रकाशित रहती हो जैसे यन्त्र में बिजली (अग्निशक्ति) धारावाहिनी अग्निशक्ति। इस कारण तन्त्रविद्या के धुरन्धर पण्डित आपको सर्वान्तर्यामिणी सब में अन्तर्यामिस्वरूप से रहती हुई समझ कर हृदय में धारण करते हैं और भजते-पूजते हैं ।। आप सबमें प्रविष्टा तथा सर्वरूपा हो यह भी भावार्थ हुआ ।।१९।।

मातस्त्वमेव कथय त्वदृते त्रिलोक्यां
पुष्पस्पृहाहृतधियाऽपि कुरण्टवृक्षः ।
नालिङ्गितः कतमया मनसापि देव्या
यस्यास्तुलां त्वयि "सति"प्रणिरूपयामः ।।२०।।

हे मा ! आप ही बताइते कि आपके अतिरिक्त ऐसी कौन सी देवी है जिसने पुष्प की इच्छा से आहत बुद्धि होकर कुरबक (कुरण्टक) वृक्ष को (शरीर-से स्पर्श तो दूर रहा पर) मन से भी आलिङ्गित नहीं किया है। हे सति ! जिसकी तुलना समता आपको देवें। आपका सतीत्व लोकविलक्षण सत्य और अनुपम एवं सनातन है । यह भावार्थ हुआ । अनन्वयालंकार ध्वनित होता है ।।२०।।

"ब्रह्माणीं" त्वां ब्रह्मणि प्रोल्लसन्तीं सर्वांल्लोकान् लीलयोद्भावयन्तीम् ।
हंसारूढां कुम्भपुस्तस्रगब्ज-हस्तां चित्ते चिन्तये सम्बिदाप्त्यै ।।२१।।

हे देवि ! ब्रह्म परमात्मा में यद्वा ब्रह्मा विधाता में प्रकर्ष से विलास करती हुई और सभी लोकों को क्रीडा से ही उद्भावित करती हुई हंस पर चढ़ी कुंभ--पुस्तक--माला और कमल हाथों में लिए आपको मैं सम्वित्=ज्ञान प्राप्ति के लिए हृदय में चिन्तन करता हूं ।।२१।।

अणोरणुस्त्वं बृहतो बृहत्यसि स्वतः "प्रकाशासि" न ते प्रकाशकः ।
स्वं वर्धसे वर्द्धयसे जगन्त्यहो तद्"ब्रह्म"मातर्विदिता त्वमेव मे ।।२२।।

हे मातः ! आप अणु से अणु अर्थात् सूक्ष्म से सूक्ष्म हो और बृहत् से बृहत्-बड़े से बड़ी हो आप स्वयं बढ़ती हो तथा सभी जगत् लोकों को बढ़ाती हो इस कारण मुझे तो आपही ब्रह्म विदित हो रही हो। ब्रह्म को स्वरूपलक्षण से बताते हुए ब्रह्मविद् कहते हैं अणोरणीयान् महतो महीयान् तथा बृंहति बृंहयतीति ब्रह्म । इत्यादि, सभी और स्वतप्रकाशः स वा आत्मा इत्यादि श्रुतिसिद्धान्तानुसार आप ही मुझे ब्रह्म प्रतीत होती हो यह भावार्थ हुआ ।।२३।।

प्रसवस्त्वयि निर्णीतो नयसि जनाँस्त्वं सुखेऽसुखे मार्गे ।
तस्मा "जननी"त्यभिधा विबुधैरुक्ता कृतार्था ते ।।२३।।

हे अम्ब ! प्रसवधर्म आप ही में निर्णीत है निश्चित है पुरुष प्रसवधर्मी नहीं है। प्रकृति प्रसवधर्मिणी है ऐसा सांख्यकार भी मानते हैं । लोकव्यवहार में भी प्रसव प्रसूति क्रिया पुरुष में नहीं हो सकती है। प्रसवधर्म वाली ही जननी कहलाने योग्य हैं तथा जननी शब्द को प्रकारान्तर से भी समझाते हैं। जनान् नयतीति जननी आपही जनों को सुखकर सुखमय और असुखकर दुःखद मार्गों से ले जाती हो प्राप्त करती हो। इत्यादि सत्य अर्थ देख कर ही विबुधों विशिष्ट विज्ञोंने तथा देवों ने आपका नाम जननी यह कृतार्थ ही रखा है ।।२४।।

नरा वा नार्यो वा जगति शिशवो वा दुहितरो
लता वा वृक्षा वा सकलफलपुष्पाण्यपि शिवे !
जलं भूमिर्वह्निर्मरुदविकलं व्योम सकलम्
त्वया व्याप्तं मातस्त्वमिह"बहुरूपा"विजयसे ।।२४।।

हे मातः शिवे ! इस संसार में नर-नारी बालक-बालकाएं लता वृक्ष फल-पुष्प जल भूमि अग्नि वायु और अविकल आकाश (पर्वतादि भूमि में

आगये तथा नदी-नद जल से ले लिये और सूर्य चन्द्र तारकादि अग्नि से गृहीत हैं) इस प्रकार आपने सब को व्याप्त कर लिया है अतः आप ही इस संसार में बहुरूपा हुई विजय पा रही हो। जैसे वामनपुराण में देखिए विश्वं बहुविधं ज्ञेयं सा च सर्वत्र वर्तते। तस्मात्सा बहुरूपात्वाद्बहुरूपा शिवा मता इति ॥२४॥

"बुधार्च्चिताया"-स्तव पादपद्मयोः सकृत् प्रपन्नः प्रणतिं करोति यः।
तस्मै स्वसायुज्यपदं त्वमम्बिके ! ददासि शक्रादिसुरैरभीप्सितम् ॥२५॥

हे अम्बिके ! ज्ञानियों से पूजित पूजी गई यद्वा पूजी जाती हो ऐसी आपके चरण कमलों में शरणागत होकर जो एक बार भी प्रणाम करता है उसे आप अपना सायुज्य पद दे देती हो जिस पद के लिए इन्द्रादि देव भी इच्छा किया करते हैं ॥२५॥

आकांक्षे न हि भूमिपालभवनद्वाराण्यहं लोकितुं
कौबेरीं श्रियमञ्चतां च धनिनां नैवाननानीक्षितुम् ॥
ईषज्ज्ञानमदाविलानपि जनाञ्जेतुं स्पृहा नास्ति मे
कामानां "प्रसवित्रि" देवि हृदये वासस्तवास्तां सदा ॥२६॥

हे मातः ! राजाओं के भवनद्वारों को देखने की मुझे आकांक्षा नहीं है। और कुवेर सम श्री को पाये हुए धनियों के ( पूंजीपतियों के ) मुख भी देखना नहीं चाहता हूं। कुछ ज्ञान पाकर मदमत्त हुए अधेड़ पंडिताभिमानियों को जीतना भी मेरा लक्ष्य नहीं है। मैं तो केवल यही चाहता हूं कि समस्त कामों की प्रसवित्री प्रकट करने वाली देने वाली आपका निवास मेरे हृदय में रहे ॥२६॥ शार्दूलविक्रीडित छन्दहै। लक्षण पूर्वोक्त है।

रण-"प्रचण्डां" दनुजोग्रदण्डां क्षणात्समुत्सादितदुष्टभण्डाम्।
त्यक्त्वा वितण्डां त्रिपुरारिपण्डां द्विषां प्रखण्डाय भजन्तु लोकाः ॥२७॥

हे लोको ! रण में प्रकृष्ट कोप वाली जिसका सफल कोप हो वह चण्ड कहलाता है। प्रकर्ष से चण्ड हो वह प्रचण्डा रण में प्रचण्डा और दानवों पर उग्रदण्ड करने वाली तथा क्षण भर में यद्वा क्षण उत्सव से लीलामात्र से दुष्ट भण्डासुर को विनष्ट करने वाली महादेव की बुद्धिरूपिणी भगवती की निज

शत्रुओं के खण्डन के लिए और और वितण्डाओं को छोड़कर भजिए। अनुप्रास दर्शनीय है ॥२७॥

वेदप्रवृत्यशुभकर्मनिवृत्तिकर्त्री-"आज्ञां" परात्परशिवस्य परावरेशीम्।
वां मानयन्ति मनुजा विनयेन ये ते स्वाज्ञावशंवदचलद्भुवना भवन्ति ॥२८॥

वेदों की प्रवृत्ति करने वाली तथा अशुभों (पापों) से निवृत्ति करनेवाली परात्पर महेश्वर की आज्ञा परावरेश्वरी आपको विनय के साथ जो मानते हैं पूजते हैं वे अपनी आज्ञा के वश भुवनों को चलाने वाले होते है। यही शिवपुराण में लिखा है-रुद्राज्ञैषा स्थिता देवी ह्यन्या मुक्तिरम्बया इति यद्वा आ सब ओर से ज्ञा जानने वाली ऐसा भी अर्थ है ॥२८॥

त्वमेव मातर्जलतत्त्वनिष्ठा कला "प्रतिष्ठा" जगतां निधानम्।
छन्दोविशिष्टाऽपि गुणैर्वरिष्ठा इष्टाभिपूर्त्यै विबुधप्रदिष्टा ॥२९॥

जिसमें विश्व स्थिर हो रहै वह प्रतिष्ठा है। जैसा श्रुति में देखिए सा विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा इति। जलतत्त्वनिष्ठा जल तत्त्व में नित्य रहने वाली कला को भी प्रतिष्ठा कला कहते हैं। और प्रतिष्ठा एक छन्द का भी नाम है। उक्त अर्थों के साथ ही नामनिरुक्तिभी है-हे मातः! आप जगत् की निधान हो और जल तत्त्व निष्ठा कला हो छन्दों में विशिष्टा हो और गुणों में वरिष्ठा हो इष्टपूर्ति के लिए विशिष्ट पंडितों से बतलाई हुई हो ॥२९॥

युगे युगे भूवलये सुराणां दैतेयदंभोद्बलिते बिमर्द्दे।
अभ्यर्थनाभिः "प्रकटाकृति"स्त्व-मुपद्रवान्-संशमयस्युदग्रान् ॥३०॥

हे देवि! युग युग में देवताओं के दानव दम्भ के कारण संघर्ष बढ़ता रहा तब तब देवों की प्रार्थनाओं से प्रसन्न हो प्रकट आकृति वाली अर्थात् आकार प्रकट करने वाली आप ही उग्र उपद्रवों का प्रशमन करती हो ॥३०॥

प्राणेषु स्पन्दरूपा त्वमसि परचिते! त्वं क्रिया वेगदात्री
सर्वेषामिन्द्रियाणामपि किल मनसः प्रेरयित्री तनूषु।
तस्मा"त्प्राणेश्वरीं"त्वां भगवति ललिते! हीत्थमन्तर्विविच्य
ये ये ध्यायन्ति ते ते प्रबलतर-शुचि-प्राणवन्तो जयन्ति ॥३१

हे परचित्स्वरूपे ! आप प्राणों में स्पन्द फडकन हो और क्रिया को वेग देती हो। सभी इन्द्रियों और मनों की प्रेरणा शरीर में आप ही करती हो। हे ललिते भगवति ! इस प्रकार मनमें विवेचना कर आप प्राणेश्वरी को ध्याते हैं वे पुरुष प्रबल और पवित्र प्राणवान् हो विजय पाते है ॥३१॥

ये "प्राणदात्रीं" हृदि भावयन्तश्चक्रार्चनान्तर्बलिदानहोमैः ।
त्वां प्रीणयन्ति त्वदुपासकेन्द्रास्ते प्राणतत्त्वैकविदो भवन्ति ॥३२॥

हे अम्ब ! जो उपासक आपको अपने हृदय में प्राणों की देने वाली प्राणदात्री समझना हुआ चक्रार्चन के भीतर बलिदान और हवनादि से प्रसन्न करते है वे साधकेन्द्र प्राणतत्त्व के एक ही विज्ञ (विशेष जानने वाले) होते हैं ॥३२॥

"पञ्चाशत्पीठरूपिण्या"-स्तव पादाम्बुजार्चकः ।
तत्तत्पीठगतां सिद्धिं लभते यत्र कुत्रगः ॥३३॥

हे अम्ब ! यहां पंचाशत् पीठ शब्द से एकाधिक पंचाशत् ५१ लिये है जैसे मातृका न्यास में भी पंचाशत् वर्ण भेदैः इस पद्य की व्याख्या में एक पञ्चाशत् ही बताये हैं। एक मेरु पीठ अधिक लेते हैं इस कारण एक-पंचाशत् इक्यावन ५१ पीठरूपिणी आपके चरणकमल की जो पूजा करता है उसे उन उन पीठों पर जप-तप करने से जो सिद्धि होती है वह मिल जाती है जहां कहीं भी हो ॥३३॥

येषां हृदि त्वमरुणारुणकान्तिजालं
वर्षन्त्युमे ! किल कलेव रवेरुदेषि ।
शीघ्रं विलोपितशुभाशुभकर्मबन्धाः
सिद्धा गजा इव जयन्ति "विशृङ्खला"-स्ते ॥३४॥

हे मातः ! जिनके हृदय में आप अरुण अरुण (लाल लाल) कान्ति-पुंज वरसती हुई प्रातःकालीन सूर्य की कला के समान उदित हो आती हो वे साधक शीघ्र ही शुभाशुभ कार्म बन्धों को लोप कर सिद्ध, गजराजों को तरह विशृंखल सांकल=रहित-बन्धन रहित हुए सर्वोत्कर्ष को प्राप्त हुए रहते हैं ॥३४॥ उपमा अलङ्कार है।

पवित्रे पुण्ये वा जनविरहिते सुस्थलवरे
तथाभूते चित्ते यतिमुनिवराणां मृगदृशाम् ।
विराजन्ती नित्यं त्वमवसि समस्तं त्रिभुवनं
"विविक्तस्था" तस्माज्जगति विदिता वेदविनुते ! ॥३५॥

हे मातः ! पवित्र और पुण्यप्रद तथा जनरहित सुन्दर श्रेष्ठ स्थल (स्थान) में और वैसे ही पवित्र पुण्य भावना वाले यति-मुनि श्रेष्ठों और मृगाक्षियों (स्त्रियों साधिकाओं) के चित्त में नित्य विराजती हुई आप सभी विश्व को पालन करती हो । हे वेदों से स्तुति की गई मातः ! इस कारण आप विविक्तस्था विविक्त एकान्त पवित्र और विजन में रहने वाली हो ॥३५॥

कामेशि । विश्वेश्वरि ! "वीरमातः" त्वां सेवमानाः पुरुषाः स्त्रियश्च ।
वीरा बलाढ्याः कृतसाहसाश्च गणाधिपाः पूर्णकला भवन्ति ॥३६॥

हे कामेशि ! विश्व की ईश्वरि ! वीरों की मातः ! आपका सेवन-भजन करने वाले अर्थात् आपको वीरमाता जान कर भजने वाले पुरुष और स्त्रियां सभी वीर बलशाली सफल साहसी तथा गणों के अधिनायक और पूर्ण कलावान् हो जाते है । वीर उपासक भी होते हैं, और संग्राम में शत्रुओं को मारते हुए मरने वाले भी वीर होते हैं, उनकी माता वीरमाता । अथवा वीरगणपति भी है उनकी माता वीरमाता इत्यादि विशेषार्थ भी है ॥३६॥

यस्मिन् जगद्द्योतितमस्ति सर्वं व्योम त्वमेतत् प्रथमं प्रसूषे ।
कथं कदा क्वेति वितर्कमूढा (मुग्धान्) "न्वियत्प्रसू"-स्त्वं हि विबोधयास्मान् ३७

जिसमें यह समूचा जगत् प्रकाशित हो रहा है, इस व्योम आकाश को सर्वप्रथम आप प्रकट करती हो, पैदा करती हो जैसा श्रुति में लिखा है-तस्मादात्मनः आकाशः संभूत आकाशाद्वायुः इत्यादि । परन्तु हे अम्ब ! कैसे और कब तथा कहां इन तर्कों में मुग्ध हुए हमको आप ही प्रबोध कराइये । क्योंकि आप वियत्प्रसू हो, आकाश को पैदा करने वाली हो । जो जिसको बनाता, पैदा करता है वही उसके जन्मादि की बातें बता सकता है अन्य नहीं ॥३७॥

अन्ये तु देवाः किल भोगमोक्षौ पात्रानुरूपं ददते भिदैव ।
उभावपि त्व प्रददासि मातः सर्वेभ्य एवेत्युदिता "मुकुन्दा" ॥३८॥

हे देवि मातः ! और और देव तो पात्रानुसार भोग और मोक्ष भेद से अर्थात् भिन्न भिन्न ही देते हैं अर्थात् भोग वाले को भोग, मोक्षार्थी को मोक्ष। परन्तु आप तो अपने शरणागत साधकों को भोग और मोक्ष दोनों ही सभी को दे देती हो इसलिये आप मुकुन्दा नाम से ही कही गई हो। मु=मोक्ष, कु=भोग, दा=देने वाली मुकुन्दा ! हम तो इसका अर्थ यह समझते हैं– मु सहितः कुः तं ददातीति मुकुन्दा। भेदार्थ में मुश्च कुश्च मुकू तौ ददातीति यह अर्थ है। यत्रास्ति भोगो न च तत्र मोक्षो, यत्रास्ति मोक्षो न च तत्र भोगः। श्रीसुन्दरीतत्परणतत्पराणां भोगश्च मोक्षश्च करस्थ एव इस प्रमाण से ॥ ३८ ॥

शुभानां कृत्यानां त्वरितमशुभानामपि शिवे !
क्षयार्थं कामाक्षीं दुरित–विलयां "मुक्तिनिलयाम्"।
भजन्तस्त्वां लोकाः कति न हृतशोकाः शुचिधियः
चिरञ्जीवन्मुक्ता विदधति करे शाश्वतसुखम् ॥३९॥

हे शिवे ! शुभ और अशुभ कर्मों को शीघ्र क्षय करने के लिये दुरितों (पापों) को विलय करने वाली इसी कारण मुक्ति ५ प्रकार के मोक्ष उनका निलय आकर जिसमें हो वह मुक्तिनिलया ऐसी आपको भजते हुए पवित्र मति वाले कौन से लोक शोकरहित होकर जीवन्मुक्त हुए चिरकाल तक शाश्वत सुख को हाथ में लिये नहीं रहते हैं ? अपि तु सभी जीवन्मुक्त हो जाते हैं। शिखरिणी छन्द है ॥३९॥

अस्मितां परमात्मनः किल "मूलविग्रहरूपिणीं"
त्वां परां जगदादिमां परमेश्वरीं प्रविविच्य ये।
भव्यभावभृतो भजन्ति भवोद्भवभ्रमशान्तये
तेऽद्वयाऽमृतपायिनो भुवि यान्ति नैव पुनर्भवम् ॥४०॥

हे अम्ब ! निश्चय ही परमात्मा की अस्मिता स्वरूपसत्ता अहंभाव, और बाला बगलादि शक्तियों का मूल रूप विग्रह जो राजराजेश्वरी रूप उसे धारण करने वाली आप परा, जगत् की आदिमा परमेश्वरी को जानकर (विवेचन से समझ कर) जो भव्य भाव वाले भवभ्रम की शान्ति के लिये भजते हैं, वे अद्वय रूप अमृत पीने वाले, फिर भूमि में जन्म लेकर नहीं आते हैं। विबुधप्रिया छन्द है। लक्षण पहले बता दिया गया है ॥४०॥

भावान्छाक्तानपि निगमजान्छांभवान्भक्तिपूतान् ।
संसारोत्थान्कलयितुमहो तार्किकान्कांक्षसे चेत् ।
तत्त्वं मित्र त्रिपुरजयिनः प्राणनाड्याः समस्त-
"भावज्ञा"-याश्चरणयुगल शीघ्रमेवाऽऽश्रयेथाः ॥४१॥

भाव शब्द से, धर्म, भावना, आशय, गुण, जन्म स्वभावादि अनेक अर्थ लिए हैं, जैसे-भावः सत्ता स्वभावादि-शक्ति-चेष्टात्मजन्मसु इति, अमरकोष। अस्ति जायते वर्धते इत्यादि ६ भाव, और तान्त्रिकों के ३६ क्षित्यादि शिवान्त भाव, आगमनिगमा के भाव, ९ भक्ति के भाव, सांसारिक भाव, एवं तार्किकों के षट् पदार्थ रूप भाव, इत्यादि समस्त भावों को अच्छी तरह जानना चाहते हो तो हे मित्र महादेव की (परशिव=कामेश्वर की) प्राणनाडी जो सभी भावों को जानती हैं प्रकट करती है, उस भावज्ञा भवानी के चरणयुग का शीघ्र ही आश्रय कीजिए ॥४१॥

उपास्व "भवरोगघ्नीं" विश्वेषामादिमातरम् ।
पीयूषपाणि त्रिपुरां भवात्किं प्रबिभेषि भोः ॥४२॥

संसार में आवागमन यही एक रोग है इसको मिटाने वाली भवरोगघ्नी और पीयूषपाणि जिसके हाथ में अमृत है ऐसी त्रिपुरसुन्दरी को जो समस्त विश्व की आदिमाता है, उपासना कीजिए भव मे क्या डरते हो मित्र ! यही भवरोग मिटाने का उपाय है और नहीं है ॥४२॥

"भवचक्रप्रवर्तिन्या"-श्चक्रार्चनमुपाचरन् ।
तर्पणं कुरु तेन त्व सखे ! सुखमवाप्स्यसि ॥४३॥

भव चक्र=संसारचक्र को प्रवृत्त करने वाली, अथवा, भव=शिव उसके चक्र=मन का प्रवर्तन परिवर्तन करने वाली यहां प्रकृष्टं वर्तनं परिवर्तनं समझिए। "चक्रं हि मन;" एवं, ऐसा विष्णुपुराण में लिखा है, जैसे "चक्रस्वरूपं च मनो धत्ते विष्णुः करे स्थितम्" । इति । उस भवचक्रप्रवर्तिनी का चक्रार्चन करते हुए हे मित्र तर्पण ललिताम्बा का तर्पण सन्निधान कीजिए। इससे सुख पाओगे। अन्यथा सुख नहीं मिलेगा ॥४३॥

श्रुतीनां सारस्त्वं किल सकलधर्मैकसरणिः
स्वसम्वेदान्वेदाञ्जगति सुतरां सारयसि च ।
अत "छन्दःसारां" भगवति शिवे त्वां सुमनसो
भजन्ति ध्यायन्ति प्रणिहितधियोऽर्चन्ति सततम् ।।४४।।

हे शिवे कल्याणरूपिणि ! समस्त धर्मों की एक पद्धति आप श्रुतियों का साररूप हो । और जगत् में अपने ज्ञानरूप वेदों का सम्यक् प्रसार कर रही हो इस कारण हे भगवति ! आपको विद्वान् और देव, सभी छन्दःसारा नाम से भजते हैं, ध्याते हैं और स्थिर बुद्धि के द्वारा यद्वा स्थिर बुद्धि होते हुए सदा पूजते रहते हैं ।।४४।।

शास्त्रैरशेषैरपि वर्ण्यते या यस्यां च शास्त्राणि समुल्लसन्ति ।
शास्त्राणि यस्याः परम स्वरूप तां "शास्त्रसारां" ललितां नमामः ।।४५।।

जो सभी शास्त्रों से वर्णित की जाती है, जिसमें सभी शास्त्र प्रकाशित हैं तथा शास्त्र ही जिसका स्वरूप है उस शास्त्र की साररूपिणी ललिता को हम नमस्कार करते हैं ।।४५।।

कस्यापि देवस्य च कोऽपि मन्त्रः शक्तिं विना नैव फलं प्रसूते ।
ततो हि लोकोऽखिल-"मन्त्रसारां" गुणैरुदारां ललितामुपास्ते ।।४६।।

किसी भी देव का कोई भी मन्त्र क्यों न हो, वह बिना शक्ति के कुछ भी फल नहीं देता है। इस कारण सभी लोग मन्त्रसारा नाम से मन्त्रों की सारभूता अथवा मन्त्रों का सार=प्रसार करने वाली, मन्त्र शब्द यहां वेदमन्त्र तान्त्रिकमन्त्र और तत्प्रतिपादक ६४ चतुः षष्टि तन्त्रों का भी वाचक समझना चाहिये । इन सब की सारभूता यह अर्थ हुआ और गुणों से उदार श्रीललिता भगवती की उपासना करते हैं ।।४६।।

विश्वम्भरी शंभुवशङ्करी या बिम्बाधरी रूपसुधाझरी या ।
"तलोदरी"वाऽस्त्वतलोदरी वा श्रीसुन्दरी कापि चकास्तु चित्ते ।।४७।।

जो विश्व का भरण-पोषण करने वाली है, जो बिम्ब कदूरी के फल के समान लाल होठ वाली है और जो रूपसुधा की बरसने वाली है । वह तलोदरी

हाथ के तल के समान गौर विमल और कृशपन से पतले उदर वाली हो या अतल कुछ भी नहीं के समान और अतल लोक समान उदर वाली श्रीसुन्दरी ललिता मेरे चित्त में प्रकाशित होती रहे ।।४७।।

उदारकीर्तेरचिरोदयार्थ-"मुदारकीर्तिं" नगराजकन्याम् ।
धन्यां वदान्यां यजतां जनानां स्फाराऽत्युदारा प्रथते च कीर्तिः ।।४८।।

संसार में उदार ऊंची कीर्ति प्राप्ति के लिये, शीघ्र प्राप्ति के लिए उदारकीर्ति वाली हिमाद्रिराज की कन्या श्री भगवती को जो धन्य हैं, मान्य हैं सम्यक् यजन करते, भजते, पूजते, ध्याते हैं ऐसे मानवों की अवश्य ही लोक में स्फार शुद्ध उज्वल अति उदार कीर्ति प्रसिद्ध होती है ।।४८।।

"उद्दामवैभवा" त्वं मातस्त्रिपुरे यमीक्षसे क्षणमपि ।
तस्यातुलं बिभुत्वं न हि भवतीयत्तया ज्ञातुम् ।।४९।।

हे मां त्रिपुरसुन्दरि ! आपका वैभव उद्दाम है बेहद निःसीम है अथवा परिमाण से रहित है । ऐसे वैभव वाली आप जिसको क्षण भर भी कृपा-दृष्टि से देख लेती हो, उसका अनुलित वैभव भी इयत्ता से अर्थात् इतना इत्यादि परिमाण से जाना नहीं जाता है ।।४९।।

अकारमारभ्य गता क्षकारं वर्णा यदीयं पदमामनन्ति ।
ते ब्राह्मणाद्या अपि यत्स्वरूपं सा "वर्णरूपिण्य"-वतात्पराम्बा ।।५०।।

अकार से क्षकार पर्यन्त वर्ण (अक्षर) जिसके पद को कहते हैं, वर्णन करते हैं । अ से क्ष तक वर्ण सभी मातृका ही हैं । मातृका=माता है । इन्हीं वर्णों से मन्त्रादि ग्रन्थादि बनते हैं वे सभी शक्ति का वर्णन करते हैं और ब्राह्मणादि वर्ण भी जिसका स्वरूप हैं, वह वर्णरूपिणी परम्बा मेरी रक्षा करे । देवी गीता में, देवी भागवत में विराट्वर्णन में अथवा अन्यत्र भी मुखतो ब्राह्मणा जाता बाहुतः क्षत्रियास्तथा इत्यादि स्पष्ट ही है । अतः वर्ण इसका स्वरूप हैं ।।५०।।

"जन्ममृत्युजरातप्तजनविश्रान्तिदायिनीम्" ।
ललिताम्बां समाश्रित्य कस्याऽऽस्तामाकुलं मनः ।।५१।।

जन्म-मृत्यु-जरा (बुढापा) से तप्त दुःखी होते हुए जनों को विश्रान्ति आश्वासन स्वात्मसुख देने वाली ललिताम्बा को आश्रय करके किसका मन आकुल होवे घबरावे अपि तु किसी का भी मन आकुल नहीं होवे क्योंकि वे जन्मादित्रिक से दुःखी जनों को सुखी करने वाली अम्बा का आसरा लिए हुए है ।।५१।।

"सर्वोपनिषदुद्घुष्टा" जुष्टा देवर्षिमानुषैः ।
त्रायते या भवप्लुष्टान्तुष्टा मय्यस्तु साऽम्बिका ।।५२।।

जो देव, ऋषि, मनुष्य गणों से सेवित होती है, हुई है । और जो भव से संसार ताप से झुलसते हुए जीवों प्राणियोंको शान्ति प्राप्त कराती है वह समस्त उपनिषदों से उद्घोषित हुई, प्रतिपादित हुई अम्बिका मुझ पर प्रसन्न हो ।।५२।।

यया समस्तं गगनं ततं या, तत्र स्थिता तन्निभृतं दधाति ।
श्रीसुन्दरी सा शुचि-"शान्त्यतीत-कलात्मिका" निर्वृतये ममाऽस्ताम् ।।५३।।

जिसने समूचा गगन फैलाया है, और जो वहीं रहती हुई उसे निश्चल धारण करती हैं । वह पवित्र शान्त्यतीतकलारूपिणी श्रीसुन्दरी मेरी निर्वृति के लिए होवे ।।५३।।

गुणोद्भेदानन्त्यादभगवति महान्तं ह्रदमिव
महा "गम्भीरां" त्वां दहरकुहरे चिन्तयति यः ।
स विद्यानामन्तस्तलमुपगतो योगविदुषां
धुरीणः सिद्धीनां भवति च कलानामपि निधिः ।।५४।।

हे भगवति ! आपके गुणभेद , प्रभेद और उनके भी प्रस्तार से अनन्त भेद हो जाते हैं, इस कारण महान् गहरे ह्रद (दह) की तरह नितान्त गंभीर आपको जो हृदयकुहर में ध्याता है, वह विद्याओं के अन्तस्तल में प्रविष्ट हुआ योग-विद्वानों में धुरन्धर सिद्धियों और कलाओं का भी निधान होजाता है । शिखरिणी छन्द है ।।५४।।

आकाशत्रितयेऽपि तिष्ठसि जगद्योने त्वमीशानि भोः
नो चेत्तत्क विनाऽवलम्बनमहो ! राजेत्त्वयैवोच्यताम् ।

यस्त्वामित्यवगत्य देवि ! "गगनान्तस्थां" विराड्रूपिणीम्
अन्तर्ध्यायति सोऽचिराय मनसा भूतान्यपीष्टे ध्रुवम् ॥५५॥

हे जगत् की कारण ईश्वरि ! तीनों आकाशों में भी रहती हो, दहराकाश, भूताकाश और पराकाश ये तीन आकाश हैं। एवं घटाकाश, मठाकाश, महाकाश, यद्वा दिक अन्तरिक्ष और महाकाश, ऐसे तीन आकाश माने है। नहीं तो बिना सहारे के वह कहां ठहर सके। यह आप ही बताइये, जो आपको इस प्रकार तीनों आकाशों में रहने वाली अणु से अणु और महती से महती विराड् रूपवती जान कर अन्तर में ध्याता है वह शीघ्र ही मन से ५ पांचों भूतों पर प्रभुत्व कर सकता है यह निश्चय है ॥५५॥

अनेकविश्वाण्डनिमेषनिर्मिति–प्रजातया तेऽस्मितयाऽति"गर्विताः"।
धन्या वयं देवि ! सुरांस्त्वदन्यान्मन्यामहे वैभवतो जघन्यान् ॥५६॥

हे देवि ! अनेक ब्राह्माण्डों को आप एक निमेष (पलक) में बना लेती हो, इस आपकी अस्मिता (अहंभाव) से अति गर्वित हुए हम आपके दास, भक्त, साधक आपके अतिरिक्त सभी अन्य देवादि को आपके वैभव के आगे जघन्य अति तुच्छ समझते हैं ॥५६॥

सुराऽप्सरःकिंनर–"गानलोलुपां" कामेश्वरीं त्वां परिपूज्य गायनैः।
धिन्वन्ति ये वाद्यनिनादपूर्वं ते सम्पदामायतना भवन्ति ॥५७॥

गायन, लय ताल विशेष स्वरग्राम युक्त वर्णसमूहात्मक होता है। वह गान्धर्व सामादि भेद से तीन प्रकार का है, उनमें लोलुपा, ऐसी आप कामेश्वरी को देव, अप्सरा और किंनरों के गान में रुचि रखने वाली आपको सविधि पूजन कर जो साधक नाना प्रकार के गायनों से वाद्यों के नादपूर्वक प्रसन्न करते हैं, वे सभी सम्पदाओं के स्थान बन जाते हैं ॥५७॥

कल्पसंक्षय आगतेऽपि नृणां हितं कलयत्यसौ
ऊर्मयोऽपि न यां प्रपञ्चगताः कदाऽप्यधिकुर्वते।
तां शुभाशुभ"कल्पनारहितां" सुरासुरनायिकां
त्वां हृदि स्मरतां शमं प्रतियान्ति तर्कविकल्पनाः ॥५८॥

जो कल्प के क्षयकाल में सर्वनाशकारी प्रलय-समय में भी प्राणियों के हित में लगी रहती है और संसार की ऊर्मियाँ हैं उनसे रहित, वे भी जिस पर कभी किसी प्रकार अधिकार नहीं करती हैं। उस शुभाशुभ कल्पना रहित, सुरों और असुरों की भी नायिका स्वामिनी आपको हृदय में स्मरण करते हुए मानवों की तर्क जन्मा कल्पनाएं अर्थात् सभी कुतर्क शान्त हो जाते हैं। कल्पना रहित में कल्पना होना असम्भव ही है ॥५८॥ विबुधप्रिया छन्द है।

कालप्रमा या श्रुतिशीर्षवाचां निष्ठामयी सर्वपरा गतिश्च।
आक्रम्य या तिष्ठति सर्वविश्वं "काष्ठा" प्रकाशं तनुतां तनौ सा ॥५६॥

१८ अठारह निमेष परिमित काल काष्ठा कहलाता है, तद्रूपा, और वेदान्त वाक्यार्थों का तत्त्व निष्कर्ष भी काष्टा कहलाता है, तद्रूपा यद्वा या काष्ठा सा परागतिः इसके अनुसार परमा गति भी काष्ठा है तद्रूपा निरुक्तकार कहते हैं–जो विश्व को आक्रान्त कर ठहरती है, वह काष्ठा है, इन सभी अर्थों को दिखाते हुए नाम निर्देश करते हैं, जो काल का मान स्वरूपा है, जो वेदवाक्यों की निष्ठा है, जो सर्वपरा गति हैं जो समस्त विश्व को आक्रमण किये रहती हैं वही काष्ठारूपिणी भगवती मेरे तनु में प्रकाश किया करे ॥५६॥

दृशा प्रशान्तां–भजता "मकान्तां" कामेशकान्तामुदरे प्रतान्ताम्।
शोणाब्जशोभाविलसत्करान्तां भजाम्युमां तां करुणारसान्ताम् ॥६०॥

अक नाम पाप का है, अकं पापे च दुःखे च इति कोषः। अकों को पापों और दुःखों का अन्त जिससे होता है वह अकान्ता हुई, इस अर्थ को लेकर ही नामस्तुति करते हैं–जो दृष्टि से प्रशान्ता है, भजन करने वालों के पापों दुःखों की नाशक हैं, कामेश की कान्ता है, उदर में अति ही कृश है, लाल कमल की शोभा जिसके करान्त हथेली में हैं, करुणारस जिसके अन्तःकरण में है, ऐसी उस उमा भगवती को मैं भजता हूं ॥६०॥ अनुप्रास अच्छा निभाया है और रम्य है।

सर्वातिशायिसौन्दर्य्यां दृष्ट्वैव भगवान् शिवः ।
त्वां समाविश्य कृतवान् मन्ये "कान्तार्द्धविग्रहाम्" ॥६१॥

हे मातः ! मैं यह मानता हूँ कि आपको सर्वातिशायी संसार में सबसे बढ कर सौन्दर्य वाली देख कर ही भगवान् शिव ने (कामेश्वर परशिव ने) आपमें प्रवेश कर ही आपको कान्तार्धविग्रहा कान्त पति है आधा शरीर जिसका ऐसी बनाता है । अर्थात् आपका आधा शरीर परशिव है ॥६१॥

चिति त्वयि न कार्याणि, कारणान्यपि नैव तत् ।
"कार्यकारणनिर्मुक्ता" श्रुत्युक्ता त्वं महेश्वरि ॥६२॥

हे महेश्वरि ! मातः शुद्ध चित्स्वरूपा आपमें न कोई कार्य है न कोई कारण हैं । अतः वेदों में आप कार्यकारणनिर्मुक्त कही गई हो । जैसा श्रुति में—"न तस्य कार्यं करणं च विद्यते" इति ॥६२॥

श्रीसुन्दरीं त्वां नव "कामकेलितरङ्गितां" देवि ! रहस्ययागे !
तुरीयसन्ध्यासु हि तर्पयन्त उपासकेन्द्रास्त्वरितं शिवन्ति ॥६३॥

नव (तरुण) कामेश्वर (परशिव) के साथ केलि (क्रीडा) से तरङ्गिता हुई इच्छापरम्पराएं जिसमें उदित हो वह तरङ्गिता होती है । ऐसी श्रीसुन्दरी आपको रहस्य याग में (रहस्ययाग) का संकेत "रहोयाग क्रमाराध्या" इस नाम निरुक्ति के समय थोड़ा सा किया है वहीं देखो विशेष श्री गुरुमुख से समझिये । तृप्त करते हुए उपासक श्रेष्ठ शीघ्र ही शिव हो जाते हैं ॥६३॥

"कनत्कनकताटङ्का"ऽलङ्कारमधुरानना ।
यं कामेश्यनुगृह्णाति कं काम न लभेत सः ॥६४॥

दीप्यमान सुवर्ण के कर्णभूषण से (टोटियों से) मधुर मनोहर मुखवाली कामेश्वरी श्रीललिता जिस पर कृपा करती है, वह किस कामना को सफल नहीं पावे, अपितु सभी पावे ॥६४॥

गायन्तश्चरितानि देवविपदुद्धाराण्युदाराणि ते
"लीलाविग्रहधारिणीं" भगवतीं त्वां सेवमाना जनाः ।
लोके लब्धगुणा विशालविभवाः स्फूर्जत्प्रतिष्ठाश्चिरं
सेव्यन्ते धृतहेमरत्नमुकुटैर्भूपालवृन्दैरलम् ॥६५॥

हे देवि ! देवों की विपदाओं के उद्धार करने वाले, आपके उदार चरितों को गाते हुए और लीलाविग्रहधारिणी, इच्छाविहार के लिए शरीर धारण करने वाली, आप भगवती को सेवन करते हुए पूजते भजते हुए जन इस लोक में सर्वोत्कृष्ट गुण पाकर विशाल ऐश्वर्यवान हुए वर्द्धमान प्रतिष्ठायुक्त चिरकाल तक सुवर्णरत्नवान् मुकुटधारी राजाओं से खूब सेवित होते है ।।६५।।

ये "त्वामजा"–मविदितान्वयजातिगोत्रा–
माद्यामशेषजगतां च निदानमेकाम् ।
मायां हृदम्बुजगतामनुभावयन्ति
ते योगिनः षडपि नाप्नुवते विकारान् ।।६६।।

नहीं विदित है वंश–जाति–गोत्र जिसका, सर्वादिभूता और समस्त जगत् की एक ही विदान (आदि कारण) माया आप अजा जन्मादि रहित को हृदय में अनुभव करने वाले योगोजन छहों विकारों को नहीं पाते हैं। जायते, अस्ति वर्धते, इत्यादि पूर्व बता चुके हैं । "अजामेकामिति" श्रुति–प्रमाण प्रसिद्ध हैं ।।६६।।

ये त्वां"क्षयविनिर्मुक्ता"–मम्बां त्रिपुरसुन्दरीम् ।
ध्यायन्ति ते क्षयविनिर्मुक्ता नन्दन्ति सन्ततम् ।।६७।।

हे अम्ब ! जो जन आप त्रिपुर सुन्दरी को क्षय (मरण) से रहित समझ कर ध्याते है वे क्षय से मरण रोग विशेष से मुक्त हुए सदा आनन्द पाते रहते हैं ।।६७।।

यदानुपमवैभव कवयतां कवित्वे गुणे
रसानुगुणरञ्जिते भवसि देवि ! "मुग्धा"शया ।
तदा स्मितमुखी स्वय करुणासान्द्रचेताः शिवे !
प्रयच्छसि वरान्मनोरथपरानपि त्वं क्षणात् ।। ६८ ।।

हे देवि शिवे । जब अनुपम वैभव वर्णन करने वाले कवियों के रसानुगुण रस के अनुसार मनोरंजन करने वाले कवित्वगुण पर आप मुग्ध मन वाली मुग्ध प्रसन्न हो जाती हो तब मुसुकाती हुई आप स्वयं करुण रस से सान्द्रचित्त हुई उनके मनोरथों से भी उत्कृष्ट वर उन्हें क्षण भर में दे देती हो ।।६८।। पृथ्वी छन्द है ।

ईषत्प्रणामाद्युपचारवत्सु पुत्रेष्विव स्वेषु परेषु माता ।
"क्षिप्रप्रसादि"न्यसि मानवेषु तत्ते कृपायाः किमु वर्णयामः ॥६९॥

हे अम्ब ! तनिक भी प्रणाम आदि से विनयादि शिष्टाचार समझिये तनिक भी प्रणामादि उपचारवान् मनुष्यों पर माता जैसे अपने और पराए भी पुत्रों (बालकों) पर शीघ्र प्रसन्न होता है वैसे क्षिप्रप्रसादिनी आप होती हैं इस आपकी कृपा का हम क्या वर्णन कर सकते हैं ॥६९॥

"अन्तर्मुखसमाराध्या" या ध्यानपथमागता ।
द्रुतं फलति साध्यानि ! साऽऽद्या निध्यायतां चिरम् ॥७०॥

अन्तर्मुखी चित्तवृत्ति जिनकी हुई है वे अन्तर्मुख योगी होते हैं उनके आराधनीया सेवा योग्य जो ललिताम्बा ध्यानपथ में आई हुई शीघ्र ही साध्य (इष्ट) फल देती है, वही आद्या जगत् की आदिमाता चिरकाल ध्याने योग्य है ॥७०॥

दुराशयभृतः सदा कुहककौतुकालम्बिनः
तरंगिततमोगुणा दृशि रजोभराः सन्ततम् ।
प्रणन्तुमपि चर्चितुं तव पदाम्बुजं नेशते
"बहिर्मुखसुदुर्लभा" त्वमसि सत्यमेवाम्बिके ! ॥७१॥

हे अम्बिके ! जो दुरात्मा हैं जिनके आशय दूषित हैं सदा ही कपट कौतुक का आलम्बन करते हैं जिनके तमोगुण तरंगित हुए हैं जिनकी दृष्टि रज से (रजोगुण पूर्ण) व्याप्त है वे जन आपके चरणकमल को प्रणाम नहीं कर सकते है और न पूजन ही कर पाते हैं। इससे सिद्ध हुआ कि आप बहिर्मुख विषयी स्वार्थी कपटी और विरोधियों को नितान्त दुर्लभ हो। पृथ्वी छन्द हैं ॥७१॥

ऋग्हृदया साममुखी यजुरुदरा त्वं "त्रयी"मयी मातः ।
लोकत्रयोपयुक्ता दृष्टादृष्ट-प्रसाधनी जयसि ॥ ७२ ॥

हे मातः ! ऋग्, यजुः साम इन तीन वेदों को त्रयी कहते हैं। आपका हृदय ऋग्वेद है साम वेद मुख है और युजुर्वेद उदर है त्रयीमयी त्रयी रूपा

होकर त्रिलोक के उपयुक्त हो दृष्ट और अदृष्ट का प्रसाधन बन कर जय पा रही हो ।।७२।।

मात"स्त्रिवर्गनिलयां" किल यावकाभां
त्वां ये निशीथसमये हृदये स्मरन्ति ।
कौलक्रमादृतधियो गुरुलब्धदीक्षान्-
तानावृणोति रभसादिव मोक्षलक्ष्मीः ।।७३।।

हे मात ! धर्म अर्थ काम को त्रिवर्ग कहते है । त्रिवर्गो धर्मकामार्थैः इति कोषः । जो त्रिवर्ग का निलय स्थान हो वह त्रिवर्गनिलया ऐसी यावक महावर के समान यावक के रंग के समान यह अर्थ हुआ कान्ति शोभा वाली अरुण वर्ण आपको जो अर्धरात्रि में हृदय में ध्यान करते हैं कौल क्रम में आदर युक्त मतिवाले और स्वगुरु से सविधि दीक्षा पाये हुए उन साधकों को वेगसे मोक्ष लक्ष्मी वर लेती हैं ।।७३।।

लोकेषु त्रिषु पावकेष्वपि लसद्भूतेषु कालेषु च
वर्णेषु त्रिषु वृत्तिषु त्रिविबुधेष्वेवं त्रिसन्ध्यासु च ।
मात्रासु त्रिषु च स्वरेषु च गुणेष्वप्यम्ब ! विद्योतसे
तस्मात्त्वां विबुधा वदन्त्यवितथं "त्रिस्थां" हृदिस्थामपि ।।७४।।

हे मा ! भूर्भुवः स्वर् इन तीनों लोकों में दक्षिणाग्नि गार्हपत्याग्नि आहवनीयाग्नि इन तीनों अग्नियों और सूक्ष्म, स्थूल और विराट् इन तीनों भूतों में तथा भूत वर्तमान भविष्य इन तीनों कालों में एवं अ ई उ इन तीनों वर्णों में यद्वा ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य इन तीनों वर्णों में सात्विकी राजसी तामसी इन तीनो वृत्तियों में और ब्रह्मा विष्णु महेश इन तीनों देवों में एवं प्रातः मध्याह्न सायंकालीन तीनों सन्ध्याओं में एक ह्रस्व द्वि दीर्घ त्रि. प्लुत मात्राओं में तथा उदत्त अनुदात्त स्वरित इन तीनों स्वरों में सत्व रजस् तमस् इन तीनों गुणों में आप ही प्रकाशित हो रही हो इस कारण से आपको देव गण और विद्वान् लोग हृदयस्थिता को भी त्रिस्था कहते हैं, वे यह सत्य ही कहते हैं। शार्दूलविक्रीडित छन्द है ।।७४।।

अन्तर्दशारचक्रस्थां तव सारूप्यशालिनीम् ।
विपदां ज्वालिनीं वन्दामहे "त्रिपुरमालिनीम्" ।। ७५ ।।

श्रीयन्त्र के अन्तर्दशार चक्र में विराजमान आपके सारूप्य समान रूप वाली विपदाओं को जला देने वाली भगवती त्रिपुरमालिनी को हम बन्दना करते हैं ॥७५॥

पद्मस्थिता चन्द्रकलावतंसा वासः कुसुम्भारुणभं वसाना ।
येषां हृदि भ्राजसि देवि लोके ते निर्भयास्ते हि "निरामया" श्च ॥७६॥

हे देवि ! कमल पर विराजमान और चन्द्रमा की कला शेखर में लगाए हुए तथा कसूंभी रंग का वस्त्र धारण करती हुई आप जिनके हृदय में प्रकाशित होती हो वे लोक में निर्भय रहते हैं और वे ही निरामय नीरोग भी रहते हैं ॥७६॥

अशेषाऽऽलम्बायास्तव किमपरालम्बनमतो
"निरालम्बे" व त्वं त्वमिव जगतामम्ब ! जयसि ॥
हृदि त्वामालम्ब्य प्रतिदिनमयं श्रीहरिरहो
सुखं शेते हृष्यन् त्वदितरमपश्यन् किमपि च ॥७७॥

हे जगदम्ब ! समस्त ब्रह्माण्डों की एक आलम्बनरूपा आपका क्या कोई दूसरा आलम्बन आसरा हो सकता है ? कदापि नहीं हो सकता है । इस कारण निरालम्बा (बिना किसी सहारे) आप आप सी ही विजय पा रही हो । आप निरालम्बा को हृदय में आलम्ब पाकर यह श्री हरि प्रतिदिन हर्ष पाता हुआ तुम्हारे अतिरिक्त कुछ भी न देखता हुआ सुख से सोता है । नितान्तनिश्चिन्त हो रहा है यह भाव हुआ । शिखरिणी छन्द है ॥७७॥

स्वेषां नृणां मनसि सततं क्रीडसे ! स्वात्मभूतान्
तान् स्वक्रीडोपवनमिव च स्वान्तरा लोकते या ।
तां त्वामन्तर्हृदि विलसितामात्मसात्कुर्वते ये
"स्वात्मारामाः सफलजनुषः पूर्णकामा ध्रुवन्ते ॥७८॥

हे अम्ब ! जो आप स्वकीय भक्तों (साधकों) के मनमें सदा क्रीडा करती हो इस कारण वे स्वात्मभूत हुए उन साधकों को अपने क्रीडा के उपवन लीला उद्यान के समान आपने भीतर ही देखती हो । ऐसी आपको जो स्वात्मा

में हृदय में विलास करती को स्वात्मरूप कर लेते हैं वे साधक स्वात्माराम सफल जन्म वाले और निश्चय ही पूर्णकाम हो जाते हैं। मन्दाक्रान्ता छन्द है ॥७८॥

सरोजनिविशालयोर्नयनयोर्नरस्यैतयो-
वृथात्वमुदितं शिवे ! शिखरिराजवंशध्वजे ! ।
'सुधास्रुति"-समुज्ज्वला मुकुटशोभिमुक्ताफला
तनूस्तव लसत्कला समवलोकिता नैव चेत् ॥७९॥

हे शिवे ! शिखरधारियों (गिरियों) के राजा हिमालय की वंश ध्वजा रूपिणी मातः ! मनुष्य के इन कमल सरीखे विशाल लोचनों का उदित होना प्राप्त करना वृथा ही होता है यदि सुधा के झरने से समुज्ज्वल और मुकुट पर मुक्ताफल (मोती) वाली चमकती कला युक्त आपकी मूर्ति नहीं देखी है तो। अर्थात् जिन्होंने आपके दर्शन नहीं किए उनके विशाल भी नेत्र किस काम के हैं ॥७९॥

"संसारपङ्कनिर्मग्नसमुद्धरणपण्डिता" ।
ललिता सेविता येन स भवात्प्रबिभेतु किम् ॥८०॥

संसार रूप कीचड में फंसे हुए पुरुषों को समुद्धार करने में कुशल ऐसी ललिता भगवती जिसने आराधित की है वह साधक संसार से क्यों डरे। उसे कभी डरना नहीं चाहिए ॥८०॥

"यज्ञप्रियां" त्वां बहुधा यजन्तो धिन्वन्ति पूजाबलिसूपहारैः ।
तेऽत्राप्यमुत्रापि सुखं समृद्धिं भोगं च मोक्षं सुजना लभन्ते ॥८१॥

यज्ञ है प्रिय रुचिकर जिसको जैसा सप्तशती में भगवती श्री मुख से कहती है प्रतीक्षिष्याम्यहं प्रीत्या वह्निहोमं यथा कृतं इति। अथवा यज्ञो वै विष्णुः इस श्रुति के अनुसार विष्णु यज्ञ वह है प्रिय जिसको ऐसी यद्वा विष्णु की प्रिया महालक्ष्मी आपको भजते हुए जो पूजा बलि उपहार भेट से प्रसन्न करते हैं, वे लोग यहां इस लोक में तथा परलोक में सुख-समृद्धि भोग और मोक्ष प्राप्त करते हैं ॥८१॥

यज्ञं समुद्भावयसे युगादौ ब्रह्मादिभिःकारयसे च तस्मात् ।
यज्ञस्य साफल्यविधौ स्वतन्त्रां त्वां "यज्ञकर्त्री" विबुधा वदन्ति ॥८२॥

आप युगादि काल में यज्ञ की उद्भावना करती हो, और ब्रह्मादि देवों द्वारा उसे करवाती हो तथा यज्ञ की सफलता में फल देने में स्वतन्त्र आपको विबुध और विद्वान् लोग यज्ञकर्त्री कहते हैं ॥८२॥

ये त्वां यजन्ति देवेशीं "यजमानस्वरूपिणीम्" ।
तेषां भवन्ति निर्विघ्नं सफलाः सर्वतो मखाः ॥८३॥

जो मनुष्य साधक देवों की ईश्वरी यजमान स्वरूप वाली आपको यजन करते-पूजते-भजते हैं । उनके सब प्रकार से सभी यज्ञ यागादि निर्विघ्न सफल सिद्ध हो जाते है ॥८३॥

धर्मं धत्ते स्वयमपि च या धारयन्ती प्रजाभिः
धर्मो यामाश्रित इति शिवां तत्त्वतोऽवेत्य येऽत्र ।
"धर्माधारां" पुरहरवधूं विश्वसारां भजन्ति
ते विद्वांसः सकलजगतां पावनाः सुप्रथन्ते ॥८४॥

जो स्वय धर्म को धारण करती है । तथा प्रजाओं के द्वारा धर्म को धारण करवाती है । धर्म जिसके आश्रित रहता है उस तरह तत्त्व से आप भगवती शिवा भवानी को जानकर जो इस संसार में विश्व की एक सारभूता महादेव की पट्टरानी को भजते हैं, वे विद्वान् सभी जगत् के पावन करने वाले प्रसिद्ध होते हैं ॥शार्दूलविक्रीडित छन्द है ॥८४॥

"धनाध्यक्षां" यक्षाधिपतिपरिपूज्यां भगवतीं
जना येऽभ्यर्चन्ति त्रिदलनिचयैः श्रीतरुभवैः ।
दिवा वा नक्तं वा लिखितकमलाबीजरुचिरैः
गृहे तेषां लक्ष्मीश्चिरतरनिवासं कलयते ॥८५॥

यक्षों के अधिपति कुबेर से पूजी जाने वाली धन की सभी प्रकार के धनों की अध्यक्षा स्वामिनी आप भगवती को जो लोग विल्व वृक्ष के त्रिदल पत्रों से श्री बीज लिख कर दिन में वा रात में पूजते हैं अर्थात् वे विल्बपत्र

श्री बीज लिखे हुए चढ़ा कर पूजते हैं। उनके घरों में लक्ष्मी चिरतर अतीव चिरकाल तक निवास करती है। यह लक्ष्मीप्राप्ति का १ प्रसिद्ध प्रयोग है। विल्ववृक्ष के पत्रों से अर्चन करना विल्व के नीचे बैठ कर भगवती का पूजन जप हवन करना लक्ष्मीप्राप्ति का कारण बताया है। यह प्रायः अनेक तन्त्रों में मिलता है ॥८५॥

येऽहर्निशं हि "धनधान्यविर्बद्धिनीं" त्वा-
मर्चन्ति निश्छलदयारसवारिधानीम् ।
तेषां समस्तविपदो द्विषतां कुलेषु
दैन्येन साकमचलां प्रभुतां वहन्ति ॥८६॥

जो नर, नारी साधक, साधिकाएं सभी सत् शब्द के वहुवचन से समझिये। रातदिन धनधान्यों को बढाने वाली, निश्छल दयारस की समुद्ररूपा आपका अर्चन करते हैं, निश्चय है कि उनकी सभी विपदाएं दारिद्र्य को साथ ले उनके शत्रुओं के कुलों में अटल प्रभुता करती हैं ॥८६॥

"विप्रप्रियां" त्रिपुरसुन्दरि ये गुरोस्त्वां
ज्ञात्वाऽऽश्रयन्ति च जपन्ति मनुं त्वदीयम् ।
ते वेदशास्त्रपरिनिष्ठितशेमुषीका
धर्मोदितानुचरणा धरणीं पुनन्ति ॥८७॥

हे त्रिपुरसुन्दरि ! अपने गुरु से आपको विप्रप्रिया समझ कर जो आपका आश्रय लेते हैं तथा आपके मन्त्र का जप करते हैं वे वेदशास्त्र में निष्णात बुद्धि वाले विद्वान् धर्मशास्त्रोक्त आचरणवान् हुए पृथ्वी को पवित्र करते हैं ॥८७॥

ये "विप्ररूपां" परमादरेण तनूं त्वदीयां विविधोपचारैः ।
सम्पूज्य भक्तिप्रणताः स्तुवन्ति, तेषां पुरो नृत्यति सिद्धिसंघः ॥८८॥

वेदशास्त्रादि विद्यावान् सदाचारी ब्राह्मण विप्र कहलाते हैं, वे विप्र ही रूप हैं जिसका वह विप्र रूपा ऐसी आपकी मूर्ति को जो साधक भक्त नाना उपचारों से परम आदर से पूज कर भक्तिभाव से उन्हें प्रणाम कर स्तुति करते हैं, उनके आगे सिद्धियों का संघ नृत्य करता रहता है अर्थात् उनके वश में सभी सिद्धियां हो जाती हैं ॥८८॥

गुरोरवेत्य शक्ति त्वां "विश्वभ्रमणकारिणीम्" ।
भजतां शान्तिमायान्ति सर्व एव भवभ्रमाः ॥८९॥

हे अम्ब ! गुरुमुख से विश्वभ्रमणकारिणी शक्ति आपको जान कर भजने वाले पुरुषों के सभी भव (संसार) के भ्रम दूर हो जाते हैं–शान्त हो जाते हैं । विश्वों के ब्रह्माण्डों के भ्रमण सृष्टिस्थितिविनाशरूप भ्रमण घूमना, यातायात करने वाली । यद्वा-विश्व विष्णु भगवान् का नाम है । विष्णु सहस्र नामों में प्रथम नाम विश्व ही है । जैसे विश्वं विष्णुर्वषट्कारः इत्यादि । विष्णु को भ्रमण कराने वाली, यह अर्थ हुआ, इसका प्रमाण कालिकापुराण में इस कथानक से देखिए-एक बार भगवान् विष्णु गरुड़ पर बैठ आकाशमार्ग से जाते हुए अधःप्रदेश में, नीलाचल पर कामाख्या भगवती को जो उनके मार्ग के निकट ही मिलती थी, उपेक्षा कर अर्थात् प्रणामादि किये बिना ही चले गये तब भगवती ने इसका ज्ञान कराने को चमत्कार दिखाया । गरुड समेत विष्णु को समुद्र में गिर कर आवर्त में घूमते रहना पड़ा । बहुत समय पीछे महालक्ष्मी ने नारद के मुख से यह सब हाल सुन कर कामाख्या भगवती के स्थान पर जाकर कुछ दिन प्रार्थना स्तव आदि से प्रसन्न कर विष्णु को मोहभ्रम से छुडाया तब विष्णु भ्रमण से शान्त हो कामाख्या का दर्शन कर यथा-स्थान गये ।

यद्वा विश्व में स्थिति रक्षा के लिए भ्रमण करने वाली, यह भी अर्थ ठीक होता है॥८९॥

"विश्वग्रासां" कल्पसंहारहासां दीर्घश्वासां वीतिहोत्रप्रकाशाम् ।
ये त्वां ध्यायन्त्युग्रजिह्वां जटालां तेषामाज्ञामन्तकः शीर्ष्णि धत्ते ॥९०॥

हे मातः कल्प–संहार करने वाला है हास जिसका और दीर्घ बड़े बड़े लम्बे लम्बे वर्षान्तकाल परिमाण श्वास वाली और अग्नि का प्रकाश करने वाली उग्र भयंकर जीभ पीली जटाभार वाली आपको विश्व को ग्रसने वाली यद्वा विश्व है एक ग्रास जिसका ऐसी जान कर जो ध्याते हैं उनकी आज्ञा को यमराज भी शिर पर धारण करता है ॥९०॥

ये त्वां शिवे सकृदपिस्फुट-"विद्रुमाभां"
सन्ध्यामिवारुणरुचः परितः किरन्तीम् ।
पश्यन्ति पंचशरचंचितमानसोत्का-
स्तान्धारयन्त्युरसि राजमृगायताक्ष्यः ॥६१॥

हे शिवे ! स्फुट विद्रुम प्रवाल (मूंगे) के समान कान्ति वाली आपको लाल लाल कान्तिपुंजों को चारों ओर बरसती हुई सन्ध्या के समान ध्यान में देखते हैं, उन साधकों को कामबाण से अथवा कामदेव से चंचल मन वाली उत्कण्ठित हुई राजाओं की मृगलोचनी स्त्रियाँ अपने वक्षःस्थल पर धारण करती है ॥६१॥

आप्यायनीं त्रिजगतां भुवनेशि ! विष्णो-
र्वक्षस्थलाम्वुजनिमध्यविराजमानाम् ।
त्वां "वैष्णवीं" भगवतीं सततं जपन्तः ।
सन्तोऽत्र याचककृते त्रिदशद्रुमन्ति ॥६२॥

हे भुवनों की ईश्वरि ! तीनों लोकों के उद्वर्द्धन करने वाली विष्णु के हृदय कमल में विराजमान आप वैष्णवी भगवती को जो सदा भजते रहते हैं वे सन्त विद्वान् इस संसार में याचक लोगों के लिए कल्पतरु के समान सब कुछ देने वाले बन जाते हैं ॥६२॥

रूपं तवैवास्ति स विष्णुरम्बिके विज्ञाय शास्त्रैरिति "विष्णुरूपिणीम् ।
त्वां चिन्तयन्तः प्रभजन्ति वैष्णवा उदेति भेदो न हि तत्त्ववेदिषु ॥६३॥

हे अम्बिके ! वह प्रसिद्ध विष्णु भगवान् आपका ही रूप है इस बात को शास्त्रों से समझ कर विष्णुरूपिणी आपको ही वैष्णव (विष्णु भक्त) ध्याते हैं। क्योंकि तत्त्वज्ञानियो में भेदबुद्धि नहीं आती है। परा शक्ति ही विष्णु है ऐसा नारदपुराण में लिखा है यह बात मुक्तिप्रकरण में कौशिकी और खांडिक्य संवाद में है। और ललितोपाख्यान में 'ममैव पौरुषं रूपं गोपिकाजन मोहनम्" फिर वहीं मङ्कण को जब शिव जी ने विश्वरूप दिखाया तब पूछा कि आपके पास बगल में यह कौन विराजित है ? तब शिवजी ने अपना स्वरूप वर्णन करके यह कहा-मेरे पास यह महामाया है इसे मुनि लोग शक्ति जग-

योनि कहते हैं यही प्रकृति है त्रिगुणा है यही पर अव्यक्त नारायण मायारूप है। ऐसे ही आदित्यपुराण में और शिवपुराण में भी, "या तस्य पार्श्वगा बाला सा पार्वत्यंशजो हरिः" इत्यादि बहुत प्रमाण है, विस्तारभय से इतना ही लिखते हैं ॥६३॥ अर्थान्तरन्यास अलंकार हुआ।

त्वमस्य विष्णोर्जननी तवाम्बिके न कारणं किञ्चिदपीतरच्छ्रुतम्।
तस्मादयोनिं भवतीं वदन् शिवे! न योनिमाप्नोति तवाङ्घ्रिपूजकः ॥६४॥

हे अम्बिके! इस प्रसिद्ध 'अ' की विष्णु की आप ही जननी हो। योनि जनन स्थान को कहते हैं। विष्णु की योनि जन्मस्थान आप ही हो। योनि कारणको भी कहते हैं विष्णु का कारण आप ही हो। यद्वा अस्य अकार की सर्ववाग् रूप अकार की योनि जनन प्राकट्य हेतु आप ही हो शारदातिलक में लिखा है-"आसीच्छक्ति-स्ततो नादो नादाद्वर्णास्तथादयः"। अकारो वै "सर्वा वाक्" इति श्रुतिः। "अक्षराणामकारोऽस्मि" गीता। "अकारो वासुदेवः स्यात्" एकाक्षरीकोषः। अकार विष्णुरूप इसकी योनि आप हुई। परन्तु आपका कोई दूसरा कारण नहीं सुना है। इस कारण आपको अयोनि कारणरहिता, और योनिरहिता समझकर आपके चरणकमल पूजने वाला साधक विद्वान् जन फिर संसार में योनि को प्राप्त नहीं होता है। अर्थात् आवागमन से मुक्त हो जाता है, यह भावार्थ हुआ ॥६४॥

मातर्विधिप्रभृतयोऽपि हि योनिरूपा-
स्त्वय्येव यान्ति विलयं प्रलयोपकल्पे।
इत्थं विनिश्चितधियः सुधियोऽभियस्त्वा-
मर्चन्ति "योनिनिलयां" विविधोपचारैः ॥६५॥

हे मातः! विधि प्रभृति देव ब्रह्मा विष्णु महेश भी जगत्कारण होने से योनि रूप हैं। वे सब प्रलय समय में विलीन होते हैं। इस तरह निश्चित मति वाले विद्वान् लोग निर्भय होकर आपको योनिनिलया कहते हैं और विविध उपचारों से पूजते हैं ॥६५॥

अज्ञानं किल कूटमाहुरिदमाक्रम्य स्वयं तिष्ठसि
अद्रेः शृङ्ग इवोच्चकैः स्थितिरथो विश्वौघसंस्था त्वयि।

मायाऽपि त्वदुदञ्चतीति बहुशो ज्ञात्वा पुराणागमान् ।
"कूटस्थां"विद आमनन्ति भवतीं किन्तत्परं ब्रूमहे ॥६६॥

विद्वान् लोग अज्ञान को कूट कहते हैं । इसको आप आक्रमण किये रहती हो । पर्वतों के शिखर को कूट कहते हैं आपकी स्थिति शिखर की तरह सबके ऊपर है । विश्व समूह को कूट कहते हैं उसकी स्थिति आप में हैं । माया को कूट कहते हैं । वह माया आपसे ही प्रकट होती है । इत्यादि बहुतसे पुराण और आगमों से ज्ञान कर विद्वान् लोग आपको कूटस्था कहते हैं । इससे आगे हम क्या कहें ? ॥६६॥

गुरूपदेशा"त्कुलरूपिणीं"त्वां विज्ञाय लब्ध्वा क्रमशोऽपि दीक्षाम् ।
अर्चन्ति ये ते हि कृतार्थविद्याः शाक्ताध्वना ब्रह्मपदं ब्रजन्ति ॥६७॥

गुरु के उपदेश से कुलरूपिणी आपको समझ कर क्रम दीक्षा पाकर जो आपका अर्चन करते हैं वे सफल विद्या वाले विज्ञ शाक्त मार्ग से ब्रह्मपद को प्राप्त हो जाते हैं । कुल कौल मार्ग वंश वा आचार तद्रूपिणी ॥६७॥

चक्रार्चां विधिना विरच्य सुभगां चक्रेश्वरीं पञ्चमैः
अर्चित्वा स्वमनुं जपन् समयिभिः पानं च भोज्यं चरन् ।
यः सम्प्रीणयते महेशमहिले ! त्वां "वीरगोष्ठीप्रियाम्"
शक्राद्या अपि तं नमन्ति विबुधा यच्छन्ति तद्वाञ्छितम् ॥६८

हे महेशमहिले ! परशिव कामेश की संगिनि ! विधिपूर्वक चकार्चन कर उसमें सौभाग्य युक्ता चक्रेश्वरी शक्ति को पंच मकारों से पूजकर अपना मन्त्र जपता हुआ सामयिकों वीरों के साथ पान भोजन करता हुआ जो साधक विद्वान् भक्त वीरगोष्ठो प्रिया वीर कौलमार्ग निष्ठ उच्चकोटि के साधक उनकी गोष्ठी है प्रिय जिसको ऐसी आपको प्रसन्न करता है इन्द्रादि देव भी उसे प्रणाम करते हैं और उसके वांछितों की सिद्धि उसे शीघ्र ही देते हैं ॥ शार्दूलविक्रीडित छन्द है ॥६८॥

वीराभिर्वनिताभिरर्चितपदाम्भोजद्वयामीश्वरीं
सर्वोत्कृष्टपराक्रमातिशयिनीं त्वां वामदेवप्रियाम् ।

ये वीराचरणैस्तथोपकरणैर्बल्यर्पणैः पर्वणि
"वीरां"सम्परितोषयन्ति मनुजा मृत्युञ्जयन्त्येव ते ॥९९॥

वीर्यवती होने से वीरा तथा पति पुत्रवती वीरा कहलाती है। वीर वनिताओं से जिसके पदकमल पूजे जाते हैं। और जो सबसे उत्कृष्ट पराक्रम के भी अतिशय वाली है, ऐसी ईश्वरी वामदेव की प्रिया वीरा आपको वीराचारों से वीरोपकरणों से और बलिसमर्पणों से पर्व के दिन सन्तुष्ट करते हैं वे मनुज मृत्यु को जीत ही लेते हैं। यद्वा वे मनुज मृत्युंजय शिव की तरह सर्वज्ञ हो जाते हैं। आचारार्थ में मृत्युंजय इवाचरन्ति ते मृत्युंजयन्ति ऐसा अर्थ भी होता है ॥९९॥

कर्तुं किञ्चन कर्म शिष्टमिह ते नास्ते न सम्पत्स्यते
"नैष्कर्म्या"सि तथाविधां त्रिभुवनाधीशां महेशानि भोः।
मातर्ये तव साधनाध्वनि गताः कामादकामादपि
सेवन्ते त इहाऽप्यमुत्र मनसो विन्दन्त्यभीष्टान्यलम् ॥१००॥

हे महेशानि अम्ब ! आपको इस संसार में कोई काम करने को शेष नहीं है न होगा इस कारण आप नैष्कर्म्या निष्कर्मा हो। ऐसी त्रिभुवन की अधीश्वरी आपको आपके साधनमार्ग में प्राप्त हुए काम से या निष्कामभाव से जो सेवन करते हैं वे इस संसार में और परलोक में मनके अभीष्ट फलों को परिपूर्ण तया प्राप्त करते हैं ॥१००॥ आ इतः ॥९००॥

---

# दशमं शतकम्

तद्वाचकस्य प्रणवस्य शीर्षणि त्वं मातरुद्भ्राजसि"नादरूपिणी"।
विनोष्मणा वह्निरिवैषकोऽप्ययये ! त्वामन्तरा बोधयितुं न तत्प्रभुः ॥१॥

हे मातः! ब्रह्मवाचक प्रणव ओंकार के शिर पर नादरूपिणी आप विराजती हो इस कारण वह प्रणव ब्रह्मतत्त्व का बोध करा रहा है। बिना आपके वह उस ब्रह्म को बोधित नहीं करा सकता है जैसे बिना ऊष्मा के अग्नि जला नहीं सकता है। उपमालंकार है ॥१॥

गुरौ बाढं भक्ता यमनियमसक्ताः शुचिधियः
परां विद्याधारां श्रुतिवचनसारां गुणवतीम् ।
महोदारां मातः शिवसहचरीं त्वां प्रभजतां
नृणां शान्ते स्वान्ते स्वमुदयति "विज्ञानकलना" ॥२॥

हे शिव की सहचारिणि, मां ! गुरु में दृढ़ भक्ति रखने वाले यमनियमादि का पूर्ण पालन करने वाले पावन मति वाले सबसे परे विद्याओं की आधार वेदों का सार गुण वाली महान् उदार आपको भजते हुए पुरुषों के शान्त अन्तःकरण में विज्ञानकलना ब्रह्म-साक्षात्कार की कला अपने आप उदय होती है ॥२॥ शिखरिणी छन्द है ।

त्वं शश्वदारोग्यवती विभासि प्रपंचविस्तारविधौ च दक्षा ।
कलासु साध्वीति विविच्य विज्ञास्त्वां देवि "कल्यां" प्रवदन्ति सन्तः ॥३॥

हे देवि ! आप सदैव आरोग्यवती हो और प्रपंच के विस्तार करने में चतुर हो । कलाओं में साध्वी सर्वश्रेष्ठा हो इन सभी अर्थों का विवेचन करते हुए विद्वानों ने आपको "कल्या" कहा है-। इस नाम से प्रख्यात किया है । कल्या कल्याण-क्रिया उसमें साध्वी श्रेष्ठा वह कल्या ऐसा भी अर्थ भाष्यकार ने किया है ॥३॥

ये कर्मनिर्मूलविधौ "विदग्धां" श्रीसुन्दरीं त्वां दधते हृदि स्वे ।
कर्माणि तेषां त्रिविधान्यपि स्वं बीजप्ररोहाक्षमतां भजन्ते ॥४॥

हे अम्ब ! कर्मों के निर्मूल करने में विशेष चतुर ऐसी आप सुन्दरी को जो साधक अपने हृदय में धारण किये रहते हैं उन साधकों के तीनों ही कर्म (संचित प्रारब्ध क्रियमाण) बीज प्ररोह अंकुर निकलने की-आगे उगने की अक्षमता को प्राप्त हो जाते हैं । वे कर्म भूनी धानी के समान फिर उगने में असमर्थ हो जाते हैं । पुनः उग नहीं सकते हैं यह भावार्थ हुआ ॥४॥

श्रीचक्रराजोपरि "बैन्दवासनीं" मध्ये भ्रुवोर्वा नृतनौ विलासिनीम् ।
त्वां राजराजेश्वरि ! पश्यतां मनो बिन्दौ स्थिरत्वं लभतेऽम्ब ! योगिनाम् ॥५

श्री चक्र के बीच में बिन्दु है वह बिन्दु ही बैन्दव वही आसन स्थान है जिसका वह बैन्दवासनी । मनुष्य शरीर में भ्रुकुटी (भौहों) के बीच बिन्दु

स्थान को भी वैन्दव कहते हैं वही आसन स्थान है जिसका वह वैन्दवासनी वहाँ विलास करने वाली आपको देखते हुए हे राजराजेश्वरि ! साधकों का मन विन्दु में स्थिरता को प्राप्त हो जाता है ।।५।।

कल्पान्तकाले सकलान्तिमान्तिमे तत्त्वप्रणाशे भवती हि शिष्यते ।
एतादृशीं त्वामवगम्य तत्त्वत-"स्तत्त्वाधिका"तत्त्वविदोऽपि मन्वते ।।६।।

हे देवि ! अन्तिम से अन्तिम प्रलय काल में जब सभी ३६ तत्त्वों का विलय हो जाता है तब आप एक ही शेष रह जाती है। ऐसी आपको तत्त्व विवेक से तत्त्वज्ञानी लोग तत्त्वाधिका ३६ तत्त्वों से अधिक मानते हैं ।।६।।

शिवादिभूम्यन्त--रसाक्षि--तत्त्वान्यहो त्वदीयोदरसंस्थितानि ।
योगानुभूत्या ह्यधिगत्य विज्ञास्त्वां मातरं "तत्त्वमयीं" भजन्ति ।।७।।

अहो मातः! शिव से भूमि पर्यन्त रस ६ और अक्षि ३ वाम क्रमसे जोडिये तो ३६ छत्तीस होते हैं। वे ३६ तत्त्व आपके उदर में स्थित हैं, विशेष विज्ञ लोग योग के अनुभव से ऐसा जान कर आप तत्त्वमयी मा को भजते हैं। अथवा आत्मविद्याशिव तीन तत्त्वमयी ऐसा भी अर्थ है ।।७।।

तादितान्तेन मनुना "तत्त्वमर्थस्वरूपिणीम् ।
त्वां ये भजन्ति त्वरितं तल्लक्ष्यमुपयन्ति ते ।।८।।

'त' जिसके आदि में हो वह तादि 'त' अन्त में जिसके हो वह तान्त, जो मन्त्र तादि और तान्त हो वह तादितान्त मन्त्र ब्रह्मगायत्री मन्त्र है, जो त से प्रारम्भ होकर त पर ही समाप्त होता है । इस मन्त्र से तत् और त्वम् ये दो पद महावाक्य में आते हैं तत्त्वमसि श्वेतकेतो ! यह महावाक्य है इससे तत् पद का अर्थ शिव=परमात्मा=ब्रह्म–है और त्वं का अर्थ जीव वह संबोधनीय मध्यम पुरुष है। ये दोनों ही स्वरूप हैं जिसका वह तत्त्वमर्थ-स्वरूपिणी ऐसी आप भगवती को जो भजते हैं, वे शीघ्र ही तत् पद के लक्ष्य ब्रह्म शिव को प्राप्त हो जाते हैं ।।८।।

सूक्तैः सामभवैः स्फुटस्वरलयोल्लासैरुपच्छन्दयन्
यः सम्प्रीणयते प्रभातसमये त्वां "सामगानप्रियाम् ।

तस्मै त्वं त्वरितं प्रसद्य ललिते यद्वैभवं यच्छसि
राजानोऽपि तदाप्तये विदधते यत्नं चिरं नैकधा ॥६॥

हे ललिते ! मातः ! आप सामवेद के गान बहुत पसन्द करती हो इस कारण आप सामगानप्रिया आपको जो मनुष्य वेद का ज्ञाता स्फुट स्वर ताल लय विलसते हैं जिनमें ऐसे सामवेद के सूक्तों से स्तुति करता हुआ प्रसन्न करता है, उसे आप जो बैभव तुरत प्रसन्न होकर देती हो उसकी प्राप्ति के लिए बड़े बड़े राजा लोग भी वर्षों तक नाना प्रकार के यत्न करते रहते हैं ॥६॥

"सौम्या"कृतिस्तव शिवे घनसारचन्द्र-
क्षीरेशहासदरकुन्दतुषारगौरी ।
आह्लादनी च रुचिरा मृदुला प्रदीप्ता
शान्ता च शीतसुषमा मम भूतये स्तात् ॥१०॥

हे शिवे ! आपकी कपूर, चन्द्र, दुग्ध, शिव का हास, शंख कुन्द और हिमखण्ड के समान गौरी तथा आह्लादकारिणी रुचिकर (मनोहर) कोमल उजली शान्त तथा ठंडी किरण वाली सौम्या मूर्ति मेरे ऐश्वर्य्य के लिए होवे। कर्पूरादि पदों का आह्लादिनी आदि पदों से यथासंख्य समन्वय कीजिए । समुच्चयोपमा है ॥१०॥

चिदेकरसलम्बिनीं करुणसान्द्रकादम्बिनीं
स्फुरद्गुणकदम्बिनीं भवनिमज्जदालम्बिनीम् ।
स्वतन्त्रसुखलब्धये सजलवारिदश्यामलां
"सदाशिवकुटुम्बिनीं" पृथुनितम्बिनीं भावये ॥११॥

चित् चैतन्य ही एक प्रधान रस का आलम्बनरूप और करुण रस से सान्द्र-मेघ माला रूपा, फुरते हुए हैं गुण कदम्ब जिसमें जो संसारसमुद्र में डूबते हुए जनों-जीवों का एकमात्र सहारा है, ऐसी पुष्ट नितम्ब भाग वाली सघन मेघ-सी सांवली सदाशिव की कुटुम्बिनी महिला को स्वतन्त्रसुख की प्राप्ति के लिए भावना करता हूं-ध्यान में देखता हूं ॥११॥

"सव्यापसव्यमार्गस्था" देवी त्रिपुरसुन्दरी ।
केनाऽप्याम्नायभेदेनाऽभ्यर्च्चिता सिद्धिदा ध्रुवम् ॥१२॥

यह देवी दिव्य भावमयी त्रिपुरसुन्दरी श्री ललिताम्बा सव्य (दक्षिण) अपसव्य (वाम) दोनों मार्गों में स्थिति रखती है। इसे किसी भी आम्नाय भेद से पूर्व पश्चिम दक्षिण उत्तरादि छ आम्नायों में से किसी से भी पूजिए यह अवश्य सिद्धिप्रद होती है। भाष्यकार ने यहां सव्य अपसव्य और मार्ग इन तीनों में स्थित ऐसा अर्थ किया है और सूर्यविम्ब से उत्तर दक्षिण मध्य भेद से ३ मार्ग मान कर उनमें स्थिति वाली बतलाते हुए बहुत विस्तार से व्याख्याएं की हैं ॥१२॥

विविधापद्भिदे भिन्नान् भिन्नान् किं याचसे सुरान् ।
स्मरैकामेव ललितां "सर्वापद्विनिवारिणीम्" ॥१३॥

हे मित्र ! अनेक प्रकार की आपदाओं के भेदन के लिए भिन्न भिन्न पृथक, पृथक् देवों की क्यों याचनाएं करते हो। एक मुख्य ललिताम्बा को ही याद करो वह सर्वापद्विनिवारिणी है सर्वापद् सभी (समूची) आपदाओं का निवारण करने वाली है। सर्व से सब की सब प्रकार की आपत्तियों का विशेषतः निवारण करने वाली को सर्वापद्विनिवारिणी कहते हैं ॥१३॥

"स्वस्थां"ये त्वां ध्यानयोगेन दृष्ट्वा स्वीयं मन्त्रं चेतसा संजपन्ति ।
ते योगीन्द्राः सर्वतन्त्रस्वतन्त्राः काले कालं नैकधा वारयन्ति ॥१४॥

जो योगी साधक आपको ध्यानयोग से अपने आपमें स्थित देखकर उपनिषद् श्रुति कहती है-स भगवान् कस्मिन् प्रतितिष्ठति इति स्वमहिम्नि इति होवाच इति। अपने मन्त्र को मनमें जपते हैं। वे योगीन्द्र सर्वतन्त्र स्वतन्त्र होते हुए कई बार काल को भी निवारण कर देते हैं वापस लौटा देते हैं ॥१४॥

शुभ्रांशोर्विमलां कलामिव सुधाधारां वलक्षामिव
क्षीराब्धेर्लहरीं "स्वभावमधुरां" ये त्वां श्रयन्ते जनाः ।
तेषां मातरुपासनाञ्चितधियां तापा ज्वरा वा त्रिधा
दूरादेव कलं कृतप्रणतयस्तद्वैरिषूद्यान्ति वै ॥१५॥

हे मातः ! शुभ्रांशु चन्द्रमा की निर्मल उज्ज्वल कला की समान और गौर प्रभावाली सुधा की धारा के समान तथा क्षीर समुद्र की लहरी (तरंग) के समान स्वभाव से मधुर आप श्री ललिता महाराज्ञी को जो आश्रय करते हैं,

उपासना से विमल और तीक्ष्ण बुद्धि वाले उन साधकों के तीनों प्रकार के ताप देहिक दैविक भौतिक दुःख तथा वातिक पित्तज कफज तीनों प्रकार के ज्वर भी दूर से ही विनयपूर्वक प्रणाम करके उनके वैरियों में उदित हो जाते हैं ॥१५॥

धियं दत्से मातर्गुरुतमकृपातः स्वयमहो
परा धैर्य्याधाराऽनवरतमुदाराशयवती ।
समेषां लोकानां सकलविधशोकापहरणी
ततस्त्वं "धीरासि" स्वमहिमनिहीरा शिववधूः ॥१६॥

हे मातः ! आप भक्त पर बड़ी भारी कृपा कर भक्त को स्वयं बुद्धि प्रदान करती हो, परा उत्कर्ष वाली धैर्य्य की एक आधार हो, और निरन्तर आप अपना आशय उदार रखती हो । सभी लोकों के सभी प्रकार के शोकों को दूर करती हो । इस कारण आप धीरा हो । हे शिववधूः अपनी महिमा में आप हीरा ही हो सर्वोत्तम रत्न हो ॥१६॥

आनन्दमुद्दिश्य भवानि सुन्दरि ! त्वं पूज्यसे पण्डितमण्डलैरिह ।
ममास्तु ते "धीरसमर्चिते"-ति सत्योदिताख्या बहुमङ्गलाय ॥१७॥

हे भवानि हे त्रिपुरसुन्दरि ! इस संसार में आनन्दप्राप्ति के लिए आपको पण्डितों के मण्डल के मण्डल पूजते हैं । इस कारण आपका नाम धीरसमर्चिता यह विदित हुआ । यह आपका सच्चा नाम मेरे लिए अनेक प्रकार मंगल के लिए होवे ॥१७॥

प्राणान् योर्घ्यमिवाम्बायाः पादयोरर्पयेत्स वै ।
"चैतन्यार्घ्यसमाराध्यां" त्वां प्रत्यक्षं विलोकते ॥१८॥

जो साधक अपने प्राणों को अर्घ्य की तरह अम्बाजी के चरणों में अर्पण करता है निश्चय है कि वही चैतन्य के आराधना करने योग्य आपको प्रत्यक्ष देखता है । प्राण चैतन्य चेतना चित् से जन्य है इसलिए । जैसा श्रुति में कहा है-तस्मात्प्राणः समुत्थितः । जन्य-जनकभाव से प्राण चैतन्य है उसके अर्घ्य से समाराधनीया है ऐसा अर्थ है । अथवा चेतनैव चैतन्यं संवित् रूप रस चेतना संविदि प्रोक्ता वाच्यवत् प्राणिनि स्मृता" विश्वकोषः । वही अर्घ्य पूजा-द्रव्य उससे आराध्या ऐसा भी अर्थ होता है ॥१८॥

पञ्चमीरसतो यस्त्वां "चैतन्यकुसुमप्रियाम्" ।
तर्पयन्सेवते सोऽत्र सिद्धीनामीश्वरो भवेत् ॥१६॥

चैतन्य रूप पुष्प प्रिय है जिसको वह चैतन्य–कुसुमप्रिया चेतना ही चैतन्य है, कुण्ड गोल समुद्भव रस को चैतन्य रस कहते हैं प्राणिसंभव होने से, वही कुसुम (पुष्प) भी कहलाता है। शाक्त तन्त्रों में यह पुष्प पद से ही कहलाता है। स्वयंभू पुष्प, कुण्डपुष्प और गोलपुष्प ये तीन पुष्प होते हैं। उस चैतन्य पुष्प को प्रिय मानने वाली आप श्री ललिताम्बा को जो साधक पंचमी रस से तर्पण करता हुआ सेवन-पूजन-भजन करता है, वह विद्वान् साधक संसार में सिद्धियों का अधीश्वर हो जाता है। पंचमी पांचवां मकार होता है। इसकी क्रिया तन्त्रशास्त्र के विज्ञों से अपने गुरुदेव से सीखो समझो तो शीघ्र ही कर्तव्य में सिद्धि पाओगे ॥१६॥

"सदोदिता" त्वं हृदयोदयाद्रौ भक्तस्य ते साधकपुङ्गवस्य ।
प्रकाशमाविष्कुरुषे तमीशे ! येनेदमज्ञानतमो विलुप्यते ॥२०॥

हे देवि ! आप अपने साधक श्रेष्ठ भक्त के हृदय रूप उदयाचल पर सदा उदित होती हुई स्वतः प्रकाशवती होने से ईश्वरी उस प्रकाश को प्रकट करती हो, जिससे अज्ञान रूप अन्धकार का कतई नाश हो जाता है ॥ सदा उदिता=सदोदिता, और सत्सु+उदिता=सत्+आ+उदिता=सदोदिता दोनों ही अर्थ है ॥२०॥

"सदातुष्टाया"स्ते रुचिरपदपाथोजयुगलम्
समर्चन्तो मल्लीविकचकुसुमैश्चन्दनरसैः ।
सरस्वत्यां नाभेर्गलमुपरि यावत् तव मनुं
स्वदन्ते पश्यन्तो जननि शुचि सन्तोषममृतम् ॥२१॥

हे जननि ! हे देवि ! सदातुष्टा नित्य सन्तोष वाली, आपके सुन्दर चरणकमल युग को मालती के खिले पुष्पों और चन्दन रसों से पूजते हुए सरस्वती में सुषुम्णा नाड़ी में नाभि से कण्ठ तक ऊपर की ओर आपके मन्त्र को देखते हुए साधक, पवित्र सन्तोष रूप अमृत को पीते हैं। यहां भी सदा नित्य ही तुष्टा और सत्सु विद्वानों में सन्तों मे आ अतिशय से तुष्टा दोनों अर्थ उचित होते हैं ॥२१॥

वशं वदयितुं वाञ्छस्यात्मनो महतो नृपान् ।
तद्यजस्व महामायां "तरुणादित्यपाटलाम् ॥२२॥

किसी मित्र को आदेश करते हुए कहते हैं यदि आपकी अपनी इच्छा बड़े बड़े राजाओं को वश करने की है, तो तरुणादित्यपाटला मध्याह्न सूर्य के समान तेज और श्वेत रक्त वर्ण वाली महामाया भगवती को पूजिये, वशीकरण प्रयोगों में भगवती का ध्यान लाल और पाटलवर्ण का लिखा है वश्ये रक्ततरं-ध्यानम् । और भी—देखिए स्त्री वश्ये राजवश्ये च जनवश्ये च पाटला । पीता धनस्य सम्पत्तौ, कृष्णा मारणकर्मणि इति ॥२२॥

"दक्षिणादक्षिणाराध्या"ऽभिधयाम्बा ब्रवीति नः ।
कोऽपि केनापि मार्गेण प्राप्तुमर्हति मां जनः ॥२३॥

दक्षिणा के द्वारा दक्षिणों से कुशल चतुर साधकों से आराधना करने योग्य, दक्षिणा विद्वांसः अदक्षिणाः साधारणाः विशेष ज्ञानहीनाः मूढाः इन सबके आराधना योग्य । अथवा दक्षिणमार्गोपासक, अदक्षिणः वाममार्गोपासक, दोनों से ही आराधना योग्य, यद्वा दक्षिण अनुकूल, अदक्षिण प्रतिकूल, यद्वा, दक्षिण उदार और अदक्षिण अनुदार सभी से आराधना योग्य, इस नाम से अम्बा श्री ललिता महारानी यह समझाती है कि कोई भी जन किसी भी मार्ग से मुझे प्राप्त हो सकता है ॥२३॥

मातु–"र्दरस्मेरमुखाम्बुजा"–याः कान्तिं प्रकीर्णां दधिदुग्धमुग्धाम् ।
दृष्ट्वा चकोरा विहगावतंसाश्चञ्चूपुटान् सन्ततमञ्चयन्ति ॥२४॥

दर मन्द (तनिक) हास युक्त मुखकमल वाली माता श्री ललिता महारानी की बरसती हुई कान्तियों (प्रभाओं) को जो दही और दूध सी उज्वल मधुर और मनोहर है देख देख कर पक्षियों के भूषण (श्रेष्ठ) चकोर अपनी अपनी चोंचों को खोलने चलाने लग जाते हैं। यहां भ्रान्तिमान् अलंकार से कान्ति में चन्द्रिका का और मुख में चन्द्र का आरोप ध्वनित होता है ॥२४॥

गंगातीरमुपाश्रितो भगवति ! व्याबद्धसिद्धासनो
नासाग्राऽऽहितलोचनोऽथ नियतप्राणः स्थिराङ्गश्चिरम्
आनन्दानुभवोपलम्भनदरस्मेराननोऽहं शिवे !
द्रक्ष्येऽन्तर्मुखया दृशा हृदि कदा त्वां "कौलिनीकेवलाम्" ॥२५॥

हे भगवति शिवे ! गङ्गातीर पर बैठा हुआ सिद्धासन लगाये हुए, नासाग्र पर दृष्टि लगाये, प्राण संयत कर स्थिर शरीर वाला चिरकाल आनन्दानुभव प्राप्ति से मन्द मुसुकाते मुख वाला मैं अन्तर्मुखी दृष्टि से हृदय में कब किस दिन किस समय, आप कौलिनीकेवला को केवल कौलधर्मवती को, यद्वा कौलिन्यः कौलसाधिकाएँ केवला ज्ञान वाली होती है जिससे, ऐसी आपको यद्वा कौलिनी कुलस्वामिनी और केवल शुद्ध संवित् रूपिणी आपको देखूंगा ।।२५।।

स एव सेवतेऽ"नर्घ्यकैवल्यपददायिनीम्" ।
त्वामम्ब ! यस्य सर्वेऽपि हृच्छयाः शुद्धिमाप्नुयुः ।।२६।।

हे अम्ब ! अनर्घ्य अमूल्य अपरिच्छिन्न कैवल्यपद पंचम मुक्ति रूप को देने वाली आपको वही साधक योगीन्द्र सेवन करता है सेवन पूजन भजन कर सकता है–जिसकी समूची कामवासनाएं शुद्ध हो गई हों ।।२६।।

"स्तोत्रप्रियां" त्वां बहुशः कवीश्वरा नवा नवाश्चित्तचमत्कराः स्तुतीः ।
संश्रावयन्तः स्ववशामिवाम्बिके ! कुर्वन्ति ये तेऽभिनवा हि योगिनः ।।२७।।

लौकिकगुणानुवाद को स्तोत्र कहते हैं। वह ६ प्रकार से होता है। १ नमस्कार २ आशीः ३ सिद्धान्तोक्ति ४ पराक्रम ५ विभूति और ६ प्रार्थना, इति। जिसको उक्त सभी स्तोत्र प्रिय है, ऐसी आपको अधिकतर जो कवीश्वर नई नई चित्तचमत्कारिणी स्तुतियां सुनाते हुए स्ववश के समान ही सिद्ध कर लेते हैं, वे संसार के नवीन ही योगी सिद्ध हुए हैं ।।२७।।

यस्याः स्तुतिर्मतिमुदञ्चयते श्रियं च
तां त्वां शिवे ? "स्तुतिमतीं" स्वकवित्वपाठैः ।
सम्प्रणीयन्ति कवयो बहुबोधयुक्ता
धन्यान्वदान्यपुरुषान्न हि के स्तुवन्ति ।।२८।।

जिसकी की हुई स्तुति, मति और श्री को देती है बढाती है। हे शिवे ! उस स्तुतिमती आपको अपने कविता के पाठों से बहुत बोध वाले ज्ञानी कविगण प्रसन्न कर लेते है। ठीक है धन्य और वदान्य (उदार दातार) पुरुषों की कौन स्तुति नहीं करते हैं। सभी करते हैं। स्तुति मति+ई जिसकी स्तुति मति बुद्धि और ई श्री ऐश्वर्य देने वाली हैं ऐसा पद विभाग कर अर्थ किया गया है जिसकी

स्तुति से ज्ञान और अर्थ ऐश्वर्य मिलता है यह अर्थ हुआ ।।२८।। अर्थान्तर न्यास अलङ्कार है।

ये त्वां भवानि ! जानन्ति "श्रुतिसंस्तुतवैभवाम्"।
त एव ते चरणयोर्नमन्ति न परे बुधाः ।।२९।।

हे भवानि ! मातः जो आपको वेदों में सम्यक् प्रकार स्तुत प्रशंसित हुआ है वैभव प्रभुता जिसकी वह श्रुति–संस्तुतवैभवा ऐसी जानते हैं, वे ही आपके चरणकमलों में नमते हैं प्रणाम करते हैं। अन्य अबुध मूढ़ नहीं कर सकते हैं। तामग्निरूपां तपसा ज्वलन्तीं वैरोंचनीं कर्म फलेषु जुष्टाम्। दुर्गां देवीं शरणमहं प्रपद्ये सुतरां नाशयते तमः ।।१।। देवीं वाचम् अजनयन्त, तथा कालरात्रीं ब्रह्मस्तुतां वैष्णवीं स्कन्दमातरम्। इत्यादि बहुत प्रमाण हैं वेद में वैभववर्णन के विद्वान् स्वयं देख लेवें ।।२९।।

सर्वस्वतन्त्रमनसं हि "मनस्विनीं" त्वां
ये साधकाः सदयिता निशि पूजयन्ति ।
तेषां प्रशस्तमनसामिह वा परत्र
स्वातन्त्र्यमेव समुदञ्चति विश्वमातः ।।३०।।

हे विश्व की मा ! सब प्रकार स्वतन्त्र मन वाली अथवा सब प्रकार प्रशस्त मन वाली आपमनस्विनी को जो साधक सपत्नीक (अपनी पत्नी सहित) निशा में पूजते हैं, उन प्रशस्त मन वाले साधकों का इस लोक और परलोक में भी स्वातन्त्र्य विकसता ही रहता है ।।३०।।

महेश्वरे "मानवती" त्रिलोक्यास्त्राणेऽनुसन्धानवती युगान्ते।
धर्मोद्धृतौ ध्यानवती पराम्बा कराम्बुजे पानवती श्रियेऽस्तु ।।३१।।

महेश्वर श्री कामेश्वर परशिव में मान वाली, आदरवाली, सम्मानवाली प्रमाणवाला वा त्रिलोकी की रक्षा के विषय में अनुसन्धान वाली और युगान्त समय में धर्मोद्धार के लिए ध्यानवाली तथा अपने करकमल में पान वाली पान से पानपात्र सुधा पूर्ण प्याला रखने वाली घण्टां सुराभाजनं और पानपात्रं च बिभ्रतीम् इत्यादि ध्यान के वाक्य देखिए। ऐसी पराम्बा श्री ललिता महेश्वरी मेरे श्री के लिए होवे ।।३१।।

लक्ष्म्यां च रत्नाकरपुत्रिकायां गौर्य्यां नगाधीशितुरात्मजायाम् ।
प्रतीयते नैव भिदा तथापि मनो "महेशी" मनुधावतीव ॥३२॥

रत्ना कर की पुत्री लक्ष्मी में और नगाधीश्वर की पुत्री गौरी में तनिक भी भेद प्रतीत नहीं होता है । फिर भी मन महेश्वरी की ओर ही दौड़ रहा है ॥३२॥

विश्वे शितुस्तेऽखिल"मङ्गलाकृते"-र्निरूपये रूपमुदारवैभवम् ।
अभङ्गुरं चेच्छदमक्षयां मषीं लभे तथैवाभिदुरां च लेखनीम् ॥३३॥

विश्व की ईश्वरी आप समस्त मंगलमय आकार (मूर्ति) वाली के उदार विभुता वाले रूप का वर्णन तब करूं कि जब न टूटने फटने वाला कागज (पत्र) मिलै और न क्षीण होने वाली स्याही मिले तथा न टूटने फटने वाली कलम मिले अन्यथा वह वर्णन में नहीं आता न लिखने में आता ऐसा रूप है । सर्वमंगल मांगल्ये । मात्रे सदा मंगलमूर्तये नमः । इत्यादि वाक्य देखिए ॥३३॥

उद्गच्छता स्वतनुरोमसमुच्चयेन
सम्वर्षता च नयनद्वयवारिणा च
वाचा प्रहर्षलुलिताक्षरया जना वै
त्वां "विश्वमातर"-मुपासत उग्रभाग्याः ॥३४॥

अपने शरीर में उगते रोमपुंज से, बरसते हुए दोनों नेत्रों के अश्रु वारि से उत्कट हर्षमय अटपट अक्षरों वाली वाणी से आप विश्व माता की उपासना, उग्रभाग्य वाले पुरुष ही करते हैं । साधारण जन नहीं कर सकते हैं । विश्व की विष्णु की माता यह भी अर्थ होता है, विश्व नाम विष्णु का है ॥३४॥

न कञ्चिद् याचन्ते न च किमपि निन्दन्ति मनसा
न कञ्चिद् बाधन्ते न किमपि हरन्ति च्छलधिया ।
प्रसन्नास्ते प्रायो मनसि रसयन्त्यद्वयरसं
"जगद्धात्री" माता वसति हृदि येषां तनुभृताम् ॥३५॥

वे मनुष्य न किसी से कुछ याचते हैं (मांगते हैं) न मन से भी किसी की निन्दा करते हैं, न किसी को पीड़ा पहुंचाते हैं और न किसी का कभी कुछ छल से छीनते हैं, वे तो प्रायः प्रसन्न रहते हुए अद्वय रस का आस्वाद लिया करते हैं,

जिनके हृदय में समस्त जगत् को धारण करने वाली श्री ललिता माता निवास करती है। "यस्माद्धारयते लोकान् वृत्तिमेषां ददाति च, धारणे पोषणे धातोर्जगद्धात्री मता बुधैः" इत्यादि स्तुतिप्रमाण देवी पुराण में देखें ॥३५॥

किमाकारो रोगो दुरितमथ तत्कीदृशमहो
कियन्तः किंरूपा अपि च रिपवो दुःखमथ किम्
"विशालाक्ष्या" मातुर्नयन-सरणिं ते श्रितवतां
नराणां यन्नैव प्रशममुपयाति द्रुततरम् ॥३६॥

वह किस प्रकार का रोग हैं और वह कैसा पातक है अहो वे कितने और किस प्रकार के शत्रु हैं और वह कैसा दुःख है ? जो विशाल नेत्र वाली श्री ललिता माता के दृष्टिपथ में रहने वाले मनुष्यों के शीघ्र से शीघ्र शान्त न हो जाते हैं। अर्थात् विशालाक्षी माता के भक्तों के कोई रोग पाप रिपु दुःख नहीं रहते हैं। वाराणसी पीठ की भगवती विशालाक्षी है। तद्रूपिणी। यह भी अर्थ है ॥३६॥

"विरागिणी" मानसवृत्तिरेषा मातर्महेशानि ! पदाब्जयोस्ते।
यथा यथा संनिधिमेति नित्यं, तथा तथा नूत्नमुपैति रागम् ॥३७॥

हे महेशानि मातः ! विरागिणी विगत राग रंग वाली। बिना रंग की और विशिष्ट राग अनुराग प्रेम भक्ति वाली यह मेरी मानसी वृत्ति ज्यों ज्यों आपके पदारविन्दों के संनिकट जाती है त्यों-त्यों ही नित्य नया राग (रंग) प्राप्त करती है तथा राग अनुराग भक्ति प्रेम पाती है। विरोधाभास अलंकार हुआ ॥३७॥

ब्रह्माण्डसर्जनविधावपि या "प्रगल्भा"
या विश्वपालनविधावपि पूर्णपट्वी।
सर्वप्रपञ्चपरिसंहरणेऽति दक्षा
सा चण्डिका भवतु वैभवदायिनी मे ॥३८॥

जो ब्रह्माण्ड की रचना करने में अतिचतुर हैं और जो विश्व की पालना करने में भी पूर्ण पटु हैं। तथा समूचे प्रपंच के संहार करने में भी जो अधिक दक्ष हैं वह चण्डिका भगवती मुझे वैभव देने वाली हो ॥३८॥

येषामपाङ्गलेशाप्ति-रत्नं सम्पत्समृद्धये ।
तानहं "परमोदारा" न्दारान्विश्वेशितुः श्रये ॥३९॥

सम्पदा और समृद्धि के लिए जिनके कृपा कटाक्ष की एक कोर ही पर्याप्त होती है । परम उदार उन विश्वेश परशिव के दार पट्टमहिषी भूत श्री ललिताम्बा को मैं आश्रय लेता हूं—करता हूं । यहां दारशब्द "भार्या जायाथ पुंभूम्निदाराः" इत्यमरकोष से पुंलिंग और बहुवचन में प्रयुक्त हुआ है । इस कारण, हिन्दी में पृथक् सा दीखता है । पर अर्थ उपयुक्त ही देता है । उदार शब्द महत्त्व में भी है इसलिए परमा उदारा महती च ऐसे दोनों अर्थ भी होते हैं ॥ ३९ ॥

अलभ्यामोदस्ते प्रकृतिमृदुलायाः किल तनोः
प्रसर्पन् वातेन प्रवितरति मोदांश्च परमान् ।
जना ये ध्यायन्ति प्रकट"परमोदां" भगवतीं
लभन्ते लोकास्ते मुदितमनसः शाश्वतसुखम् ॥४०॥

पर उत्कृष्ट मोद, आमोद परिमल उत्कृष्ट सुगन्ध और कीर्ति सुयश, जिसका हो वह परमोदा है । यहां पर उत्कृष्ट मोद हर्ष है जिससे वह परमोदा है । हे देवि ! सहज कोमल आपके शरीर में से अलभ्य लोकविलक्षण आमोद सुगन्ध वायु के साथ फैलता हुआ लोगों को उत्कृष्ट हर्ष देता है । ऐसे प्रगट परमोदा आप भगवती को जो ध्याते हैं वे लोग प्रहर्षित मन वाले होते हुए शाश्वत सुख प्राप्त करते हैं ॥४०॥

"मनोमयी" त्वं जगदम्ब ! सर्वशः प्रपञ्चजानां भवबन्धमोक्षयोः ।
निदानमेका विदिता स्वतन्त्रा न प्राणिमोक्षाय परोऽस्ति हेतुः ॥४१॥

हे जगदम्ब ! मनोमयी आप पर शिव परमात्मा की मनोमयी सम्पत् हो योगवाशिष्ठ में "तस्य तां परमां सिद्धिं स्पन्दशक्तिं मनोमयीम्" । वह चिदाकाश परभैरव है और वह स्पन्द उसकी मनोमयी शक्ति है अर्थात् मन ही है । ऐसा प्रमाण है । अथवा मनः प्रधाना मनोमयी ऐसा भी है । ऐसी परमात्मा की मनः स्वरूपा आप सभी संसार में जन्म लेने वालों का भव से मोक्ष और भवबन्ध प्राप्ति का एक स्वतन्त्र मूलकारण प्रसिद्ध हो । आपको छोड़कर प्राणियों

के मोक्ष का दूसरा कोई कारण नहीं है । क्योंकि "मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः" ऐसा प्रसिद्ध है ।।४१।।

त्वं "व्योमकेशी" शुचिभूर्भुवःस्वःस्वरूपपादोदरमस्तकाढ्या ।
आशाभुजा भास्करचन्द्रनेत्रा यमीक्षसे तं कुरुषे विराजम् ।।४२।।

व्योम, अगाध गगन ही है केशपाश जिसका वह व्योम केशी (विराट रूप होने से) ऐसी आप पवित्र भूर्भुवः और स्वर् लोक है चरण उदर और मस्तक जिसके तथा दिशाएँ भुजाए हैं सूर्य चन्द्र नेत्र हैं ऐसी आप जिसे कृपा कर देखती हो, उसे भी विराट् बना देती हो (विराट् विशाल बड़ा यश में गुण में ज्ञान में धन में बल में ओज में इत्यादि । अथवा व्योमकेश शिव उनकी शक्ति होने से व्योमकेशी, शब्द निरुक्ति शिव पक्ष में भी वैसी ही है ।।४२।।

समं ब्रह्माण्डानामगणिततमानां स्वकलितां
व्यवस्थां सन्द्रष्टुं चिरमधिकृतांश्चाति विबुधान्
"विमानस्था"ऽऽलीभिर्वियति कलयन्ती बिहरणं
पराम्बा मच्चेतोजलजनुषि पुष्पन्धयतु सा ।।४३।।

असंख्यतम ब्रह्माण्डों में अपनी की हुई व्यवस्था को तथा उस व्यवस्था में अधिकारी बनाए हुए देवों को देखने को (संभाल करने के लिए यह भावार्थ हुवा । अपनी सखियों मन्त्रिणी दण्डनाथादि के साथ विमान में बैठी हुई गगन में विहार करती हुई पराम्बा श्री ललिताजी मेरे मन रूप कमल में भ्रमरवत् बिराजती रहै ।।४३।। रूपक उपमा उत्प्रेक्षा सकए है ।।

मातः श्रीस्त्वदुपासकस्य हृदये पाणिस्फुर-"द्वज्रिणीं"
त्वां दृष्ट्वा च निशम्य गाढविपदो दूरम्प्रयान्ति ध्रुवम् ।
तापाश्च त्रिविधा भवन्ति न कदाऽप्याजीवनं संमुखाः
दारिद्रयं लयमेति तद्रिपुकुले शुष्यन्ति सर्वा रुजः ।।४४।।

हे मातः श्री भगवति ! आपके उपासक के हृदय में हाथ में प्रदीप्त वज्र धारण किये हुए आपको सुनकर तथा देख कर प्रगाढ़ विपदाएं भी निश्चय ही दूर भाग जाती हैं । और तीनों प्रकार के ताप जीवन पर्यन्त उस उपासक के

संमुख नहीं होते हैं, और उसका दारिद्रय उसके शत्रुकुल में विलीन हो जाता है और सभी प्रकार के रोग बीमारियां सूख जाती हैं ।।३४।।

आराधयन्त्वामिह "वामकेश्वरीं" वामाध्वना वामपुरः स्ववामया ।
सभासु शास्त्रार्थविधौ स्ववामगान् विरोधिनो नामयति स्वपादयोः ।।४५।।

वामकेश्वर शंकर उनकी शक्ति वामकेश्वरी अथवा वामकेश्वर तन्त्र से प्रतिपादिता ईश्वरी देवी । वमन्ति उत्सृजन्ति जगत् जो जगत् को उगलते हैं प्रगट करते हैं वे वामक हैं, वामक दक्षादि प्रजापति, उनको पूज्या ईश्वरी वामकेश्वरी । यद्वा वाममार्गरता वामका वामं मतं पन्थानं श्रेयस्करं कायन्ति कथयन्ति ते वामकाः । वाममार्ग को कल्याणकारक घोषित करने वाले वामक हैं उनकी ईश्वरी स्वामिनी पूज्या वा, ऐसी वामकेश्वरी आपको जो वाम मार्ग से वाममार्ग प्रतिपादित नियमों और उपचारों से, वाम शिव, उसके संमुख अर्थात् शिवालय में, स्ववामया अपनी पत्नी (शक्ति) के साथ आराधन करता हुआ संसार में सभाओं में शास्त्रार्थ समय में अपने विरोधियों को अपने पैरों में झुका लेता है। अर्थात् सर्वत्र विजय प्राप्त कर लेता है ।।३५।।

श्रौताः स्मृत्युदितास्तथाऽऽगमभवा वा पञ्चरात्रोदिता
यज्ञाः पञ्च समर्चनान्यपि शिवे ! त्वामेव धिन्वन्त्यहो !
तस्माद्देवगणास्तथैव पितरस्त्वां "पञ्चयज्ञप्रियां"
माहेशीं मनुजा महर्ष्यतिथयोऽशेषाः श्रयन्ते सदा ।।४६।।

हे शिवे ! वेदों में प्रतिपादित यज्ञ, अग्निहोत्र, दर्श पूर्णमास, चातुर्मास्य पशु यज्ञ और सोम यज्ञ ये पांचों यज्ञ तथा स्मृतियों में कहे हुए, देवयज्ञ ब्रह्मयज्ञ, पितृयज्ञ, मनुष्ययज्ञ वे पाचों यज्ञ । तथा पंचरात्रागम में कहे हुए अभिगमन उपादान इज्या स्वाध्याय और योग ये पांच पूजन । अथवा कुलागम में केवल यामल मिश्र चक्रयुक वीर संकट ये पांचों समर्चन । मन्त्र महोदधि में आतुरी सौतकी वौधी त्रासी साधना (भावना) इस प्रकार कही हुई पूजाएं सब आप ही को प्रसन्न करती हैं । इस कारण सभी देववृन्द और पितृगण तथा मनुज और महर्षिगण एवं अतिथि समुदाय ये सभी पंचयज्ञप्रिया आप महेश्वरी को सदा ही आश्रय किया करते हैं ।।४६।।

अर्चन्ति ये मुदा "पञ्च-प्रेतमञ्चाधिशायिनीम्" ।
सम्प्राप्नुवन्ति ते सिद्धिं पञ्चदेवातिशायिनीम् ।।४७।।

जो पुरुष, साधक, योगी, भक्त, पंच प्रेतमय या पंच प्रेतों का बना सिंहासन (तख्त) उस पर बैठने सोने वाली ऐसी भगवती श्री ललिताम्बा को हर्ष के साथ पूजते भजते ध्याते हैं, वे पंच देव ब्रह्मा विष्णु शिव सूर्य गणपति इन पांचों देवों से भी अतिशय रखने वाली अर्थात् बढ़ती हुई सिद्धि को प्राप्त करते हैं। अथवा जैसे पांच यक्षों का बल वैसे पांच देवों से बढ़कर सिद्धि को प्राप्त कर लेते हैं। ब्रह्मादि पंच देव प्रेत हैं। इनका मंच बनाकर उसपर भगवती विराजती है। जैसे शंकराचार्य लिखते हैं—गतास्ते मंचत्वं द्रुहिण हरिरुद्रप्रभृतयः । शिवः स्वच्छच्छायाघटितकपटप्रच्छदपटः, देवीभागवत में—ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च ईश्वरश्च सदाशिवः। ऐते पंच महाप्रेता देवी पादतले स्थिताः। इति। इन पांचों देवों पर बैठने वाली शक्ति है। यह समझाती है कि शक्ति रहित ये देव सभी अशक्त होते हुए जडवत् स्तम्भ तथा पाये के समान है। कुछ कर सकते नहीं। और पांचों देवों को पंच महा भूतों का प्रतीक समझ कर देखो। ये महाभूत भी शक्ति बिना थोथे जड़ ही रहते हैं। शक्ति चेतना ही इनको सब कार्य योग्य बनाती है इस कारण इन पर विराजमान कर शक्ति को सर्वोत्कृष्ट बतलाया है ।।४७।।

यस्यास्त्यन्त्यमुपान्त्यमेव जननं पुण्यानि यस्यान्तिमां
काष्ठां प्राप्य फलोन्मुखानि युगपज्जातानि वै सर्वशः ।
देहोत्सर्गमथो तपांसि च पुरा तीर्थेषु यस्तप्तवान्
भक्तो देवि ! स एव चक्रयजने त्वां "पंचमी" सेवते ।।४८।।

हे देवि ! जिसका जन्म आखिरी या उपान्त्य आखिर के साथ वाला (दूसरा तीसरा ही योग्य) है। और जिसके पूर्वकृत पुण्य अन्तिम अन्तिम अवस्था को प्राप्त होकर एक काल में ही फल देने वाले हो गए हैं। और जिसने देह त्याग पर्यन्त प्राचीन पुण्य तीर्थों पर तप किये हैं। वही भक्त 'चक्रार्चन' में आप पंचमी का सेवन करता है। यद्वा पंचमः सदाशिवः उनकी शक्ति पंचमी । पंचम तत्त्व भी पंचमी कहलाता है, अथवा कैवल्य नाम की पांचवीं मुक्ति पंचमी कहलाती

है तद्रूपिणी पंचमी । अथवा पंचमी आहुति जिसमें आप जल पुरूप हो जाते हैं उस श्रुति अनुसार योषित्-कुण्ड में वीर्याहुति रूप पंचमी आहुतिरूपा । अथवा पांचों मकारों में पांचवां मकार आनन्दरूप होने से पंचमी तद्रूपिणी । कल्प सूत्र में लिखा है--'आनन्दं ब्रह्मणो रूपं तच्च देहे व्यवस्थितं, तस्याभिव्यंजकाः पंच मकारास्तैरतोऽर्चनम्-' । इति अर्थात् आनन्द ब्रह्म का रूप है वह देह में गूढ है व्याप्त है । उसके प्रगट करने वाले ये पांच मकार हैं । इस कारण इनसे अर्चन किया जाना आनन्द का साधन अनुभव होता है । इसीलिए पंच-मकारों के समाहार को भी पंचमी कहते हैं। पंच मकारों से पूजिता पंचमी । इत्यादि ।। ४८ ।।

त्वामम्ब ! "पंचभूतेशीं" सेवमानाः सदात्मनि ।
योगिनां प्रवराः सिद्धिं यान्ति ते "पांचभौतिकीम् ।।४९।।

हे अम्ब ! आप पांचों भूतों की ईश्वरी को सदा आत्मा में ही सेवन करने वाले योगियों में श्रेष्ठ लोग होते हैं । और वे ही पांच भूतों की सिद्धि पाते हैं। अर्थात् वे योगीन्द्र पांच भूतों पृथिव्यादि पर यथेष्ट अधिकार प्रभुत्व कर दिखाते हैं । वायु स्तंभन वेगाधिक्य जल शोषण वर्षण अग्नि प्रागल्भ्य वर्धन प्रशमनादि सबकुछ उनकी इच्छानुसार हो सकता है । ऐसे ही सूर्य चन्द्रादि का प्रकाश अधिक करना मन्द करना आदि भी समझो ।।४९।।

अकिञ्चना अपि जना मामर्हन्ति समर्चितुम् ।
इत्याख्यातुमिवाम्बाऽऽस्ते "पंचसंख्योपचारिणी" ।।५०।।

अकिंचन, दीन (गरीब) जिनके पास विशेष धन उपचार नहीं है । वे भी मुझे भली भांति पूज सकते हैं, यह समझाने के लिए ही श्री ललिताम्बा पांच संख्या के उपचार (पूजा साधन) वाली हुई है। अथवा १६ उपचार, ६४ उपचार १०० उपचार, १००० सहस्रोपचारादि पूजा के उपकरण तो बहुत बतलाए हैं, परन्तु गन्ध पुष्प धूप दीप नैवेद्य ये पांच, कोई जन स्नान गन्ध अक्षत पुष्प नैवेद्य इस तरह पांच कहते हैं । इन पांच से भी प्रसन्न होने वाली है । ये भी मानसिक कर लिये जायं तो भी श्री भगवती प्रसन्न होती ही है ।।५०।।

येषां निष्ठा यादृशी यत्र भाति तेषां सिद्धिस्तादृशी तत्र लभ्या ।
ये त्वां नित्यामात्मयोनिं भजन्ते तेषां सिद्धिः "शाश्वती" नेतरेषाम् ।।५१।।

जिन मानवों (साधकों) की जितनी जैसी जिस देव में निष्ठा आस्था होती है, उनको उन देवों से उतनी ही वैसी ही सिद्धियां मिलती हैं। जो नित्या और आप ही आपका कारण ऐसी आप महाशक्ति को भजते हैं ध्यान करते हैं। उनको ही शाश्वती सिद्धि, शाश्वत शान्ति और शाश्वत सुखरूप सिद्धि मिलती है। अन्य पुरुषों को नहीं मिलतीं हैं। शाश्वतस्तु ध्रुवो नित्यः इस कोष वाक्यानुसार हमेशा रहने वाली ध्रुव सिद्धि उन्हीं को मिलती है ।।५१।।

मितैश्वर्यास्त्वदन्या हि अनन्तैश्वर्यलब्धये ।
सेवन्ते "शाश्वतैश्वर्य्यां" त्वामम्ब ! परमेश्वरीम् ।।५२।।

हे अम्ब ! आपसे अतिरिक्त सभी मित ऐश्वर्य वाले कम विभुताशाली देवादि अनन्त ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए शाश्वत सदातन नित्य स्थायी ऐश्वर्य वाली आप परमेश्वरी श्री ललिताम्बा भगवती को सेवन करते हैं ।।५२।।

दुःखानि मद् दुरितदारिणि ! दूरयस्व
संशोधयाशु च मनो विमलाशयाढ्ये !
मातः सुखानि दिशतादयि "शर्मदे" त्वं
त्वां स्तौम्यहं विनयतस्तव नौमि पादौ ।।५३।।

हे दुरितों (पापों) को विदारण करने वाली दुःखों को मुझसे दूर कीजिए और हे निर्मल आशय वाली मा! मेरे मन को शीघ्र निर्मल कीजिए । हे शर्मदे (कल्याण देने वाली) मुझे सुख दीजिए मैं तुम्हारी स्तुति करता हूं और आपके चरण कमलों को विनयपूर्ण भावों से प्रणाम करता हूं ।।५३।।

त्वामम्बिके ! ये निशि "शम्भुमोहिनी"-मकिंचनानामथ कामदोहिनीम् ।
सम्पूज्य भक्ता भुवनां जपन्त्यहो ! ते हीश्वराः सन्ति जगद्विमोहने ।।५४।।

हे अम्बिके ! शम्भु (जगत् के कल्याण करने वाले) को भी मोहन कर लेने वाली आपको जो दीनों के काम पूर्ण करने वाली हैं, निशा में विधिपूर्वक पूज कर मायाबीज को जपते हैं वे जगद् भर के मोहन करने में समर्थ हो जाते हैं ।।५४।।

विश्वेषां परिधारणादसि "धरा"बीजं लकारस्तव
पंचाशन्मितपीठरूपिणि शिवे ! त्वं सर्वतीर्थात्मिका ।
ज्ञात्वा त्वामिति तद्विदः स्थिरतरां मायां जपन्ति ध्रुवं
तेषां सिद्धयति भूजलाग्निमरुतां संस्तम्भने धारणा ।।५५।।

समस्त विश्वों के धारण करने से आप धरा कहलाती हो । आपका बीज लं है । और पचास पीठ सिद्ध क्षेत्रमयी होने से सर्वतीर्थस्वरूपा हो, यों आपको जान कर जो तत्त्ववित् विद्वान् स्थिरतर माया को अर्थात् ह्लीं बीज को जपते रहते हैं उनकी धारणा पृथ्वी जल अग्नि वायु महाभूतों के स्तम्भन में भी सिद्ध हो जाती है । अर्थात् वे साधक और और कर्म तो करते ही हैं पर महाभूतों पर भी अधिकार कर लेते हैं ।।५५।।

विश्वप्रसू"र्धरसुता"ऽखिलमोहहन्त्री संमोहिनी भगवतः परमस्य पुंसः ।
आद्या समस्तजगतामपि देवि ! शम्भोर्जायासि ते चरितमम्ब ! किमीरयामः५६

हे देवि ! विश्व को पैदा करने वाली भी आप एक पर्वत की पुत्री हुई । सब के मोह को यद्वा सब प्रकार के मोह को नष्ट करने वाली भी परम पुरुष भगवान् विष्णु की संमोहन करने वाली हो परम पुरुष को भी मोहती हो तब और की क्या कहें । सभी जगत् की आदि में सर्व प्रथम होने वाली आद्या हो तो भी शम्भु को जाया पत्नी हुई हो, आपके इस विचित्र चरित को क्या कैसे और कहां तक वर्णन करें । हे अम्ब ! आपका विलक्षण ही चरित है यह भावार्थ हुआ ।।५६।।

धनोचितान्ये सकलोपचारान्समर्पयन्तः प्रयजन्ति "धन्याम् ।
श्रीसुन्दरीं त्वां त उपासकाग्र्या धन्या वदान्याः प्रथिता भवन्ति ।।५७।।

हे मातः धनोचित धन खर्च करने योग्य राजसी उपचार पूजा के साधन-सामग्री समर्पण करते हुए जो लोग धन्या धन के लिए हितकारिणी हो वह धन्या अथवा धन सम्पूर्ण वा धन्या कृतार्था ऐसी आप सुन्दरी ललिता महाराज्ञी को पूजते हुए आपका जप करते हैं, वे उपासक श्रेष्ठ धन्य धन युक्त और मान्य तथा वदान्य उदार कीर्तिशाली प्रख्यात होते हैं ।।५७।।

धर्मो हि मातस्त्वयि राजमानो भास्वानिव व्योम्नि करैरजस्रम् ।
दधाति लोकानखिलानपीति त्वां "धर्मिणी" तथ्यमुशन्ति तज्ज्ञाः ॥५८॥

हे मातः ! निश्चय ही धर्म आपमे विराजता है । आश्रित हो शोभा पाता है जैसे व्योम में (आकश में) सूर्य, और यही अपने किरणों (करों) से समस्त लोकों को भी धारण किये रहता है। इस बात को जानने वाले विज्ञ विद्वान् आपको धर्मिणी (धर्म जिसमें हो वह धर्मिणी) कहते हैं ॥५८॥

ध्याता स्मृताऽपि च नुता च नताऽपि भक्त्या
संकीर्तिताऽपि हृदये च समीक्ष्यमाणा ।
धर्मं प्रवर्द्धयसि नित्यमुपासकानां
त-"द्धर्मवर्धिनि !" महेश्वरि ! ते नमोऽस्तु ॥५९॥

धर्म को बढ़ाने वाली धर्मवर्द्धिनि हे अम्ब ! आप ध्यान करने तथा स्मरण और स्तुति करने एवं भक्ति से प्रणाम करने पर ऐसे ही संकीर्तन आपके गुण-गान करने पर तथा हृदय में आपको देख लेने पर भी आप अपने उपासक लोगों के धर्म को बढ़ाती रहती हो इस कारण हे धर्मवर्द्धिनि ! आपको हम प्रणाम करते हैं । आप हमारे भी धर्म को बढ़ावें यह मनोरथ ध्वनित हुआ ॥५९॥

"लोकातीता"ऽमृतजलनिधौ यो मणिद्वीपराज-
स्तस्मिन्नासेचनकसुषमा भाति मन्दारवाटी ।
तस्यां चिन्तामणिमयगृहे राजमाना सखीभि-
र्यस्त्वां ध्यायेत्स हि दिविषदां माननीयो महात्मा ॥६०॥

हे अम्ब ! लोकों से अतीत परे ब्रह्मविष्णु आदि सभी के लोकों के ऊपर अमृत समुद्र में जो मणिमय द्वीपराज है उसमें आसेचन शोभा वाली मन्दार वृक्षों की एक बगीची है। उसमें चिन्तामणि रत्न निर्मित एक भवन है, उसमें सखियों के साथ रहने वाली विराजमान आपको जो ध्याता है वह देवों के भी माननीय महात्मा हो जाता है ॥ मणिद्वीप भगवती का लोक है। वह ब्रह्मलोकादि से परे है और जैसा है वैसा देवी भागवत के १२वें स्कंध में और दुर्वासा विरचित ललितास्तव रत्न में और ब्रह्माण्ड पुराण के ललितोपाख्यान में देखिए ॥६०॥

गुणान्सत्वादीन्स्त्वं भगवति समुद्भाव्य कलया
द्रुतं तेभ्यो दूरं भवसि च शिवे विष्णुपदवत् !
गुणास्ते क्राम्यन्ति त्वयि न हि कदापि श्रुतिनुते !
"गुणातीता" तस्माच्छिव सहचरि ! त्वं प्रविदिता ॥६१॥

हे श्रुतिनुते वेदों से स्तुत हुई शिव का सहचारिणि, कल्याणकारिणि भगवति ! सत्त्वादि गुणों को आप अपनी कला से प्रकट कर तत्काल ही उनसे दूर आकाश की तरह असंग हो जाती हो। और वे गुण भी आप पर कभी आक्रमण नहीं करते हैं। अपना कुछ भी प्रभाव आप पर नहीं डाल सकते हैं। इस कारण आप ·गुणातीता गुण जिससे अतीत दूर हो गये हैं ऐसी। यद्वा गुणों से जो दूर हो गई है ऐसी आप सर्वत्र विख्यात हो रही है ॥६१॥

भावान्भूतानैन्द्रियादीन्गुणाँश्च विष्णुब्रह्मेशादिदेवानतीताम् ।
बुद्धेर्वाचां चेतसो वा परत्वा "त्सर्वातीता"-मम्बिके त्वां नमामः ॥६२॥

समस्त भाव, भूत, इन्द्रिय, गुण तथा विष्णु ब्रह्मा शिवादि देवों को भी अतिक्रान्त कर (इन से भी परे) रहने वाली एवं मन वाणी और बुद्धि से भी परे होने वाली हे अम्ब! आप सर्वातीत हो, हम आपको प्रणाम करते हैं ॥६२॥

दृष्टानुभूतश्रुतपूर्विकैव "शमाश्रिता" ते चरणोपलब्धिः ।
ततः समस्ता यतयो मुनीन्द्रा भवन्ति तेऽर्चासु शमप्रधानाः ॥६३॥

हे अम्बिके ! यह बात देखी और सुनी तथा अनुभव की जा चुकी है कि आपके चरण कमलों की प्राप्ति शम के ही आश्रित है। अर्थात् शम बलवान् हो तभी आपके चरणों की लब्धि हो सकती है, अन्यथा नहीं। इसी कारण से सभी यति-योगी–मुनि–महर्षि साधकगण आपकी पूजा उपासना में शम प्रधान होते हैं। वे अपने मन और सभी इन्द्रियों का उपशम कर आपकी पूजा जप आदि करते हैं। भगवान् शङ्कर कह चुके हैं–"पुरारातेरन्तःपुरमसि ततस्त्वच्चरणयोः–"सपर्यामर्यादा तरलकरणानामसुलभा"। सौन्दर्य लहरि ॥६३॥ पद्य देखो ॥६३॥

"बन्धूककुसुमप्रख्यां" सख्यावलिसमन्विताम् ।
त्वां चिरं हृदि तल्लक्ष्यां प्रणिध्यायन्ति योगिनः ॥६४॥

हे मातः! वन्धूक बन्धुजीव नामक एक वृक्ष है उसके लाल पुष्प आते हैं इस कारण उसे कोषकार ने रक्तक भी लिखा है जैसे अमरसिंह ने रक्तकस्तु वन्धूको वन्धुजीवकः। इसे भाषा में दोपहरिया भी कहते हैं। यह बंगाल बिहार में बहुतायत से होता है। इस के समान अरुणारुण शोभावाली और सखीगणसहित तत् पद की लक्ष्यार्थभूता आपको योगी लोग हृदय में चिरकाल तक ध्याते रहते हैं। समाधि दृष्टि से देखते रहते हैं ।।६४।।

सुस्निग्धनीलरुचिमत्कुटिलाग्रबालां कालानुजोर्मितरलभ्रुकुटीविशालाम्।
हालामदारुणदृशं स्फुरदब्जमालां "बाला"-मकारणकृपाकुशलां स्मरामि ६५

अधिकाधिकस्नेह वाले और नीले तथा कान्तिमान् एवं कुटिल नुकीले हैं बाल जिसके और जो यमुना की तरल तरङ्ग सी कुटिल भौंहों से विशेष शोभायमान है तथा हाला मद से पूजा तर्पण आदि में प्राप्त सुधापान के कारण अरुण दृष्टि वाली स्फुरित कमलों की माला वाली जो अकारण कृपा करने में कुशल है उस वाला त्रिपुरसुन्दरी को मैं हृदय में स्मरण करता हूं। वह मेरे मनोरथ पूर्ण करें ।।६५।।

कल्याणदाय! नमतामचिराय! मुक्ति—
वीजाय, सन्ततवशीकृतशङ्कराय।
"लीलाविनोदिनि!" जगत्त्रयरक्षणाय
नित्यं नमस्तव भवानि! दृगञ्चलाय ।।६६।।

हे लीलाविलोद करने वाली! प्रपञ्च विस्तार और देवसहाय तथा धर्म रक्षणार्थ दानव वध आदि लीलाओं से विनोद करने वाली अर्थात् ये लीलाएं जिसका विनोदमात्र हैं ऐसी हे भवानि जगदम्ब! प्रणाम करने वालों के लिए जो शीघ्र ही कल्याण देने वाला है। वैसे ही उपासकों के लिए जो मुक्ति का बीज है मुक्ति का निदान मूलकारण सिद्ध हुआ है। और जिसने निरन्तर शङ्कर को भी वश कर लिया है जो तीनों लोकों की रक्षा करता है ऐसे आपके कटाक्ष को हमारा नमस्कार है।

प्राप्तैव सम्पदरुणोदयमातनोति सार्धं ददाति शुचिबोधरविप्रकाशम्।
व्याप्तिं गृहे स्थिरयतेऽखिलमङ्गलानां मातः! पदाम्बुजविभैव 'सुमङ्गली'ते६७

सुतरां वा शोभन है मङ्गल जिसके सुतरां सदा मङ्गल करने वाली सुमङ्गली सुबासिनी जिसके आते ही घर में मङ्गलप्राप्ति हो सुख सम्पत् लाभ हो वह सुमङ्गली वधू होती है। इसी बात का दिखाते हैं—जो प्राप्त होते ही सम्पत् रूप अरुणोदय करती है पदप्रभा के लाल होने के कारण। साथ ही पवित्र ज्ञानरूप सूर्य का प्रकाश करती है। अरुणोदय होने के पीछे सूर्य निकलता है। और घरमें सभी मङ्गलों की प्राप्ति को स्थिर करती है। इस कारण हे मातः आपकी पदप्रभा चरणों की शोभा निश्चय ही सुमङ्गली है। पदप्रभा में सुमङ्गली के सभी विशेषण समन्वित हो गये हैं। रूपक है, तुल्ययोगिता भी है ॥६७॥

पापं छिनत्ति, परिबर्द्धयते सुपुण्यं
विद्यां ददाति, सुयशश्च तनोति शुभ्रम्।
लक्ष्मीं प्रयच्छति च दूरयते विपत्ती-
र्भक्तिर्न किं ? "सुखकरी" जगदम्बिकायाः ॥६८॥

पापों को छेदती है, काटती है, पुण्य को बढ़ाती है, विद्या देती है और समुज्ज्वल यश फैलाती है। लक्ष्मी देती है और विपदाओं को दूर करती है तो बताओ जगदम्बिका की भक्ति क्या सुख करने वाली नहीं है ? अपितु सभी प्रकार के सुख देती है ॥६८॥

वसाना कौसुम्भं रुचिरवसनं सुन्दरतनौ
समाच्छन्नोरस्काऽरुणमसृणया कंचुलिकया।
दधाना सौवर्णं शिरसि मुकुटं रत्नजटितं
"सुवेषा"-ढ्या देवी मम कलयतान्मङ्गलमलम् ॥६९॥

अपने सुन्दर शरीर में कसूंभी रंग की रुचिर साड़ी पहने हुए हैं और लाल ही रंग की कोमल रेशमी वस्त्र की कँचुली से उरस्थल आच्छादित किये है, सिर पर सोने का बना रत्नों जड़ा मुकुट धारण करती हुई सुवेषा सुवेषाढ्या सुन्दर सोहने मोहने वेश वाली श्रीललिता महारानी मेरे अनन्त मंगल करती रहै ॥६९॥

चक्रार्चनैस्त्वां यजतां नराणां "सुवासिनी"-पूजनतत्पराणाम्।
हालामदाघूर्णितलोचनानां स्वर्गोऽपवर्गोऽपि तृणायतेऽम्ब ! ॥७०॥

हे अम्ब ! चक्रपूजाओं में आपका यजन करते हुए, सुवासिनी सौभाग्यवती रमणी के पूजन में तत्पर हुए, हालामद (उल्लास) से घूमते लोचन वाले साधकों (उपासकों) के स्वर्ग और अपवर्ग (मोक्ष भी) तृण के तुल्य तुच्छ होता है । उस आनन्द के आगे स्वर्ग अपवर्ग सुख भी तुच्छ है यह भावार्थ हुआ ।।७०।।

"सुवासिन्यर्चनप्रीता" स्फीतामृतकराननाम् ।
समर्चन्त्यः स्त्रियोऽखण्ड-सौभाग्या विलसन्त्यलम् ।।७१।।

सुवासिनी पूर्वोक्त सौभाग्यवती स्त्रियों के पूजन से प्रसन्न होने वाली और शुद्ध चन्द्रमा के समान मुख वाली आप भगवती को पूजती हुई स्त्रियां अखण्ड सौभाग्यवाली होती हुई अलं परिपूर्ण विलास करती रहती है । उनका सौभाग्य अखण्ड रहता है और विलास की सम्पदाएं पूर्ण प्राप्त होती रहती हैं । यही बात सप्तशती के कीलक स्तोत्र में देखिए "सौभाग्यादि च यत्किंचिद् दृश्यते ललनाजने तत्सर्वं तत्प्रसादेन तेन जाप्यमिदं शुभम्" । इत्यादि ।।७१।।

हैमं किरीटं मणिकुण्डले च हारो ललन्त्यङ्गदकंकणादि ।
"आशोभनाया"-स्तव सर्वमेव शोभातिशायि प्रतिभाति मातः ।।७२।।

हे मा ! सुवर्ण का बना जडाऊ किरीट और मणिमय कुण्डल और हार (मोतियों का) ललन्ती झूमकदार माला भुजवन्द कंकण आदि से करधनी पायल नुपूर बिछिया मुंदरी आदि सभी भूषण वस्त्र भी समझिये । ये सभी भूषण सब ओर से सब प्रकार शोभायमान होने वाले आपके अंगों में सबसे बढ़कर शोभाशाली दिखाई पड़ते हैं । आप सभी को शोभित करती हो इसलिए आशोभना हो ।।७२।।

त्वां शुद्धमानसां ये योगदृशा हृदि विलोकयन्त्यम्ब !
ते "शुद्धमानसा" अपि जायन्ते किमिति रक्तास्त्वयि ।।७३।।

हे अम्ब ! जो शुद्ध मानस (मन) वाली आपको अथवा शुद्धमानस करने वाली अर्थात् जिसके उपासन से मन शुद्ध होता है ऐसी आपको योगदृष्टि से हृदय में देखते हैं वे शुद्ध मन वाले होकर भी आप में रक्त हो जाते हैं । यह क्या बात है शुद्ध शुक्ल भी रक्त हो जाते हैं । आप शुक्ल में प्राप्त होते हुए और शुक्ल होते

हुए भी रक्त होवें यह वैचित्र्य ही है। श्लेषोत्थित विरोधाभास अलंकार है ॥७३॥

"विन्दुतर्पणसन्तुष्टा"-मपि त्वां न हि तर्पयन्।
कोऽप्यस्तु सिद्धोऽसिद्धो वा न तव प्रीतिभाग्भवेत् ॥७४॥

सुधा की एक विन्दुमात्र से तर्पण करने से सन्तुष्ट होने वाली आपको जो तृप्त नहीं करता हैं (तर्पण से तृप्त नहीं करता है) वह कोई भी सिद्ध वा असिद्ध हो आपकी प्रीतिका पात्र नहीं बन सकता है। अर्चन में विन्दु तर्पण कितना आवश्यक है यह ध्वनित होता है। सूच्यार्थ सूचन से मुद्रालंकार होता है। "सूच्यार्थ-सूचनं मुद्रा" इस लक्षण से। अथवा बिन्दु से सर्वानन्दमय चक्र में उपासकों के लिए तर्पण से संतुष्ट होने वाली इस अर्थ से भी तर्पण आवश्यक ही प्रतीत होता है ॥७४॥

ब्रह्म-विष्णु-महेशशेष-सुरेश्वरादि-सुपर्वणां
"पूर्वजां" भवतीं महाभवतीव्रतापनिवारिणीम्।
आदिसृष्टिविधायिनीं परमात्मतत्त्वविकासिनीं
ये स्मरन्ति, विदन्ति ते प्रकृतेः परात्परवैभवम् ॥७५॥

ब्रह्मा विष्णु महेश शेष सुरेश आदि देवों की पूर्वजा यद्वा इन देवों से पूर्वजा पूर्ण पहले प्रकट हुई। महान् भव (संसार) के तीव्र ताप को निवारण करने वाली आधिभौतिक सूक्ष्म भूतों की सृष्टि करने वाली परात्पर परमात्मतत्त्व का प्रकाश करने वाली आपको जो स्मरण करते हैं, वे प्रकृति (माया) के परे से परे होने वाले वैभव को जान लेते हैं, सबसे पूर्वजा होने का प्रमाण इस श्रुति से देखिए-"अहमस्मि प्रथमजा ऋतस्य" ऋग्वेद ॥७५॥ और भी "अहमेवास पूर्वंतु नान्यत्किंचिन्नगाधिप" देवीभगवत ७ वां स्कन्ध।

पुरां त्रयाणां जनिकासि तस्मात् आस्से त्रयाणां च पुरः सुराणाम्।
जीवस्य च त्वं जननीति हेतो ऋतार्थिकाऽसि "त्रिपुराम्बिका" त्वम् ॥७६॥

अवस्थाओं को पुर कहते हैं। इसलिए त्रयाणां पुराणां अवस्था रूपाणां अर्थात् जो अवस्था रूप तीन पुर हैं वाल, युवा, वृद्ध। तथा जाग्रत् स्वप्न सुषुप्ति। यद्वा मूढ, घोर, शान्त आदि अवस्था रूप पुरों की अम्बिका जननी हो।

तीन पुर जिसके हो वह त्रिपुर त्रिपुरजीव हुआ। उसकी आप अम्बिका जननी हो और तीनों सुरों के पुर आगे हो वह त्रिपुरा। ऐसी अम्बिका। उक्त सभी अर्थ पद्य में बताए हैं। तीनों पुरों अवस्थाओं की जननी होने से तथा तीनों सुरों के पुरः आगे होने से तथा जीव की जननी होने से आप सत्य अर्थ वाली त्रिपुराम्बिका हो ॥७६॥

"दशमुद्रासमाराध्या"-माराध्यां षोडशीं जपन्।
ध्यायेद् दिविषदामाद्यां स आध्यातङ्कवर्जितः ॥७७॥

संक्षोभिणी को आदि ले त्रिखण्डा मुद्रा तक दस मुद्राओं से आराधना करने योग्य सभी देवों की आदि माता आपको जो मारादि कामादि ककारादि विद्या को जपते हुए क्लीं बीजादि बनाने से पंचदशी षोडशी हो जाती है, ऐसी कादिषोडशी को जपते हुए ध्यान करता है। वह सभी प्रकार आधि मानसी व्यथा और आतङ्क भय शङ्का रोगादि सब उपद्रवों से मुक्त हो जाता है ॥७७॥

जगतां शङ्करीं त्वां ये "त्रिपुराश्रीवशङ्करीम्!
ज्ञात्वा गुरुमुखाद् ध्यायन् वशीकुर्य्यात् जगत्त्रयम् ॥७८॥

जगत् का कल्याण करने वाली त्रिपुराश्रीनामिका देवी जो पंचम चक्र की अधिष्ठात्री है। उसे वश करने वाली यद्वा वह देवी त्रिपुरा श्रीवंशकरी है जिसकी ऐसी आपको गुरुमुख से जानकर ध्यान करता हुआ साधक तीनों लोकों को वश कर सकता है। अर्थात् त्रिलोकी में कहीं दूर से भी हो उसे वश कर लेता हैं ॥७८॥

त्वं "ज्ञानमुद्रां" परिदर्शयन्ती मातः सभामण्डपमध्यनिष्ठा।
तत्त्वोपदेशं कुरुषे तदानीं तन्नेति नेतीति वचोऽस्तमेति ॥७९॥

हे मातः! आप जब सभामण्डप के बीच सिंहासन पर विराजित हो ज्ञान मुद्रा दरसाती हुई देवगणों को ब्रह्म विष्णु शिव, इन्द्र वरुण कुबेर प्रजापतियों को तत्वोपदेश करती हो, ज्ञान देती हो तब वह वेदान्तियों का केवल ब्रह्मवादियों का नेति नेति वचन अस्त ही हो जाता है। वे सदा नेति नेति कहते हुए कुछ नहीं बतलाते हैं और आप अहमेवास पूर्वन्तु नान्यत् किंचिन्नगाधिप"। इत्यादि निज स्वरूपादि तत्त्व समझाती हो। तब नेति नेति वचन की क्या रही। आप

समझाती हो अहं ब्रह्म स्वरूपिणी। मत्तःप्रकृतिपुरुषात्मकं जगत्। शून्यं चाशून्यं च। अहमानन्दानन्दे। अहं ब्रह्मा ब्रह्मणी द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये इत्याथर्वणी श्रुतिः। इत्यादि वाक्य नेति नेति के निवारक ही हैं। अथवा ज्ञान से मुद् हर्ष रा. देने वाली ज्ञानमुद्रा ऐसा भी अर्थ है ॥७९॥

त्वां "ज्ञानगम्या"-मपि ये भवानीं वदन्ति भक्ताः किल भक्तिगम्याम्।
दुराग्रहास्ते न विदन्ति तत्त्वं ज्ञानं विनोदेति कुतः क्व कर्म ॥८०॥

ज्ञान से गम्या=प्राप्त होने योग्य ऐसी आप भगवती जगदम्बा को महा माया को, जो भक्तजन भक्ति गम्या कहते हैं, भक्ति से प्राप्य बतलाते हैं। भक्ति ९ नवधा है उसके द्वारा प्राप्य कहते हैं। विचार किया जाय तो हे मातः! यह उनका दुराग्रहमात्र है, तथ्य नहीं है। क्योंकि ज्ञान के बिना कर्म जो भक्ति रूप सेवारूप है वह कहां से और कहां किसमें उदित होगा अर्थात् बिना ज्ञान के कर्म की प्रवृत्ति कब और कहां होगी। "ज्ञात्वा कर्माणि कुर्वीत"। महाभारत। ज्ञान से ही कर्म करता है । ज्ञानात् कर्म प्रभवति । "ज्ञानादेव हि कैवल्यं" "ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम्" इत्यादि वचनप्रमाण विचार के देखिए तो मालूम हो जायगा ॥८०॥

मातस्त्वां हृदि पश्यति "ज्ञानज्ञेयस्वरूपिणी" मनिशम्।
पिबति स एवाऽद्वयरसमितरे भ्राम्यन्ति भूतेषु ॥८१॥

हे मातः! जो ज्ञान और ज्ञेय, दृक् और दृश्य दोनों ही स्वरूप वाली आपको निरन्तर हृदय में देखता रहता है, वही एक साधक शिरोमणि अद्वैत रूप अमृत रस पीता है, बाकी अन्य लोग ऐसे ही भूतों में भ्रमण करते रहते हैं ॥८१॥

वाचस्पतीयति जडः पुरुषः कुरूपः
प्रद्युम्नति त्रिदिवपालति दुर्गतोऽपि।
यस्त्वां शिवे त्रिपुरसुन्दरि! "योनिमुद्रां"
नित्यं विधाय शिरसा प्रणतिं करोति ॥८२॥

हे शिवे त्रिपुरसुन्दरि! जो योनिमुद्रा, नवमी मुद्रा योनिमुद्रा है। योनि से मुद् हर्ष देने वाली भी योनिमुद्रा होती है। बनाकर उसे आपको दिखाता

हुआ सिर झुकाकर प्रणाम करता है, वह जड़=अपढ़ मूर्ख भी वाचस्पति सुरगुरु सा विद्वान होता है और कुरूप पुरुष, कामदेव सा सुन्दर हो जाता है तथा दरिद्री जन महेन्द्र सा धनी ऐश्वर्यवान् हो जाता है ।।८२।। योनि मुद्रा ८ प्रकार की हैं । कालिका पुराण ७८ वें अध्याय में देखिए ।

दशम्या मुद्राया भगवति ! पतिस्त्वं प्रविदिता
त्रयाणां खण्डानां रविशशिहुताशाह्वयजुषाम् ।।
"त्रिखण्डेशी" मातस्त्वमिह समुपक्राम्यसि धिया
नमस्कारे स्फारां दिशसि सुखसारां श्रियमहो ।।८३।।

हे भगवति ! दशवीं मुद्रा त्रिखण्डा है इसकी स्वाभिनी होने से आप त्रिखण्डेशी कहलाई हो । अथवा श्री विद्या मन्त्र के तीन खण्ड हैं । यह विद्या त्रिखण्डा है वे खण्ड (कूट) सूर्य, चन्द्र और अग्नि संज्ञक बतलाए हैं, उन खण्डों की ईश्वरी होने से भी आप त्रिखंडेशी हो । आप इसमें बुद्धि से उपक्रमण करती हो और नमस्कार कर लेने पर भी अर्थात् उस त्रिखण्डा मुद्रा से और त्रिखण्डा विद्या को पढ़ता हुआ प्रणाम भी करता है उसे उदार सुखसार श्रीसम्पदाएं देती हो यह आश्चर्य है । आप ऐसी उदार हो ।। त्रिखण्डा मुद्रा से प्रणाम करना श्रीप्राप्ति का साधन है ।।८३।। त्रिखण्डा मुद्रा का स्वरूप मन्त्रमहोदधि में यों बताया हैं—परिवर्त्य करौ स्पष्टावंगुष्ठौ कारयेत्समौ । अनामान्तर्गते कृत्वा तर्जन्यौ कुटिलाकृती । कनिष्ठिके नियुंजीत, यथास्थाने महेश्वरि ! त्रिखण्डेयं समाख्याता त्रिपुराह्वान कर्मणि । इसका अर्थ यह समझिये दोनों हाथों को परिवर्तन कर अंगूठो को सीधे रखे और तर्जनी में अनामिका लगाए तर्जनी को कुटिल कुछ टेढ़ी कर ले और कनिष्ठकाओं को यथास्थान नियुक्त रखे ऐसा करने से त्रिखण्डा मुद्रा होती है । यह मुद्रा त्रिपुरा के आह्वानादि कार्यों में आती है ।।८३।।

त्वदुद्भवान्देवि ! गुणान्वदन्तो
बुधा जडां त्वां य उदीरयन्ति ।
न जातु ते त्वां "त्रिगुणां" विदन्ति
पुंसोऽक्रियस्येव मतिः क्व तेषाम् ।।८४।।

हे देवि ! जो विद्वान् सत्त्व, रजस्, तमस् इन तीनों गुणों को आपसे उद्भूत हुए कहते हैं, फिर भी अर्थात् इतना कहते हुए भी आपको जड़ कहते हैं। इससे मालूम होता है वे आप त्रिगुणा को नहीं जान पाये हैं। ठीक है क्रियाहीन पुरुष की तरह उनमें (असद्वादियों में) बुद्धि (ज्ञान) कहां से आ सकती है ? कदापि नहीं आ सकती। त्रिगुणा सत्व तमस् रजस् गुणों की आश्रय भूता प्रकृति (सांख्य संमत) यह भी अर्थ है ॥८४॥

शिवसुकृतकदम्बां विष्णुदत्तावलम्बां
सुचिकुरनिकुरम्बां विश्वसक्रान्तविम्बाम् ।
विधिजगदुपलम्भां प्रास्तदुर्दैत्यदम्भा—
मविरतमह-"मम्बां" तत्त्वलम्भार्थमीडे ॥८५॥

जो कामेश्वर परशिव के सुकृतों (पुण्यों) का पुंज है, जिसने विष्णु-भगवान् को अनेक बार अवलम्बन, आश्रय, सहारा, सहायता दी है। जिसके केशकलाप अति सुन्दर हैं। विश्वमात्र में जिसका प्रतिबिम्ब समाया है, व्याप्त है। ब्रह्मा ने जिससे जगत् प्राप्त किया है अर्थात् जिसकी दी सर्जनशक्ति से विधाता ने जगत् रचा है। जिसने अनेक बार दुष्ट दैत्यों के बल को चूर किया है। ऐसी अम्बा को मैं तत्त्वज्ञान लाभ के लिए सदा स्तुति करता हूं ॥८५॥ मालिनी छन्द है। ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः, इस लक्षण से। शब्दालंकार दर्शनीय है ॥८५॥

"त्रिकोणगां" त्वां जगदम्ब ! नित्यं पश्यन्ति ये स्वे हृदि युक्तचित्ताः ।
पदाब्जयोः सन्ततमेव तेषां नमन्ति देवाः सममप्सरोभिः ॥८६॥

हे जगदम्ब ! जो आपको त्रिकोण=योनिचक्र में प्राप्त हुई विराजमान अपने हृदय में योगयुक्त मन से निहारते हैं। उनके चरणों में निरन्तर ही अप्सराओं के साथ साथ देवगण प्रणाम किया करते हैं। यद्वा त्रिकोण श्रीचक्र में बीच का त्रिकोण उससे प्राप्त विन्दुरूपिणी आप श्री ललिताम्बा को जो ध्यानयोग युक्त मन से देखते है वे भी देवों से प्रणाम किये जाते है। यह भी अर्थ होता है ॥८६॥

अंहांसि दुःखव्यसनान्यघानि ! न सन्ति मातस्त्वयि लेशतोऽपि ।
ततो "ऽनघां" त्वां भजतां भवानि ! भवन्ति चित्तान्यनघानि तेषाम् ॥८७॥

हे मातः ! अंहस् दुःख व्यसन इनको अघ कहते है अर्थात् अघ पाप तीन तरह के हैं पाप दुःख और व्यसन। आपमें ये तीनों ही लेशमात्र से भी नहीं हैं इसलिए आप अनघा हो। आपको जो भजते हैं हे भवानि उनके चित्त भी शीघ्र ही निष्पाप निर्दुःख निर्व्यसन हो जाते हैं। ठीक है जैसे को भजेगा सेवेगा वह वैसा ही होवेगा ॥८७॥

त्रायसेऽद्भुतचारिभ्यो दुष्फलेभ्यो निजाश्रितान्।
ततो "ह्यद्भुतचारित्रां" भजामि त्वां भवानि भोः ॥८८॥

अद्भुत आश्चर्यकारक हैं चरित्र (चारित्र) जिसके वह अद्भुतचारित्रा। अथवा अद्भुत आश्चर्यकारक भूकम्पादि उत्पातों में चारी रहने विचरने वाले दुष्फल उनसे त्रायते बचाती है जो, वह अद्भुतचारित्रा, इसी अर्थ को पद्य में स्वीकृत किया है। अद्भुतो में विचरने वाले दुष्फलों से बचाती है ऐसी आपको हे भवानि ! मैं भजता हूं, पूजता ध्याता स्मरण करता हूं ॥८८॥

स्मृतापि याऽम्बाऽखिल-"वाञ्छितार्थप्रदायिनी" यच्छति पूजिता किम्।
इत्यामृशन्तोऽपि जनास्त्वदर्थमकिञ्चनाश्चिन्मयतामयन्ते ॥८९॥

जो अम्बा श्री ललिता महारानी स्मरण करने मात्र से ही समस्त मनोवांछित पदार्थ देदेती है तो पूजा करने पर क्या देती है या क्या देती होगी इस प्रकार आपके लिए विचार करते हुए भी अकिंचन साधारण द्ररिद्री जन साधक चिन्मय हो जाते हैं। आपकी उदारता और अतुल वैभव की इयत्ता को विचारते २ भी उपासक चिन्मय हो जाते हैं यह भावार्थ हुआ ॥८९॥

या दैवतैर्विरिञ्च्याद्यैर्योगनिष्ठैः शतं समाः।
"अभ्यासातिशयज्ञाता" सा माता हृदि भातु मे ॥९०॥

जो विरिंचि आदि योगनिष्ठ देवों से भी सैकड़ों वर्ष लगातार प्रबल अभ्यास से जानी गई है वह माता श्री ललिता भगवती मेरे हृदय में प्रकाशित होवे ॥९०॥

शिव--विष्णु--गणाधीश--रवीन्दु--मनु--साधनैः।
शुद्धास्त्वां सेवितुं शक्ताः "षडध्वातीतरूपिणीम्" ॥९१॥

शिव विष्णु गणेश सूर्य चन्द्रादि देवों के मन्त्र साधनों से शुद्ध हुए मानव ही षडध्वातीतरूपिणी, मन्त्रशास्त्र में ६ अध्वा है। १ पदाध्वा २ भुवनाध्वा ३ वर्णाध्वा ४ तत्वाध्वा ५ कलाध्वा ६ मन्त्राध्वा। इनमें ३ विमर्श के अंश हैं। और ३ प्रकाश के हैं। ये छहों अध्वा शैव वैष्णव गाणपत्य सौर शाक्त चान्द्र छहों उपासना-मार्ग भी कहे हैं। इन सबसे अतीत हैं रूप जिसका ऐसी आपको सेवन-पूजन-ध्यानादि कर सकते हैं। अर्थात् अन्य जो शैव वैष्णवादि साधना में लगे हैं वे आपके मार्ग में आने की योग्यता प्राप्त कर रहे हैं वे अध्वशोधन में लगे हैं। अध्व शोधन के बाद वे आपके पास पहुंचने के योग्य होंगे यह भावार्थ हुआ। यह भाव कुलार्णव में लिखा है– "शैववैष्णवदौर्गार्कगाणपत्येन्दुसाधनैः। मन्त्रैर्विशुद्धचित्तस्य कुलज्ञानं प्रजायते"। इति। यहां दौर्ग से–शाक्तागम में इसका मूल गायत्री लिखा है। जैसे गायत्री– शिवविष्ण्वर्क गाणपत्येन्दुसाधनैः। शुद्धचित्तस्य हृदये कुलज्ञानं प्रकाशते। इति ॥६१॥

"अव्याजकरुणामूर्तिं" सुधास्फूर्तिं स्मितप्रभाम्।
त्रिपुरां भज भो मन्द! भवतापाऽऽकुलोऽसि चेत् ॥६२॥

किसी अज्ञ भवपथिक को सम्बोधन कर उपदेश करते हैं। हे मति-मूढ़! यदि भव संसार के ताप (दुःख) से व्याकुल हो गया है तो अव्याज निश्छल बिना किसी बहाने निष्कारण करुणा की मूर्ति सुधा (अमृत) की स्फूर्ति अर्थात् सुधा बरसने वाली मन्द मुसकान वाली त्रिपुरा भगवती की शरण ग्रहण कर, जिससे सभी ताप मिट जावें ॥६२॥

अविद्याऽन्धदृशां गर्ते पततां सत्पथश्च्युताम्।
युक्तं शरणमम्बैवाऽस्त्य-"ज्ञानध्वान्तदीपिका" ॥६३॥

अविद्या से जिनकी आंखें अन्धी हो गई हैं। यद्वा जिनकी आंखों में अविद्या का अन्धकार छा गया है। इसी कारण जो खड्डे में गिर रहे हैं और सत् पथ (सद् मार्ग) जिनसे छुट गया है ऐसे पुरुषों के लिए तो अज्ञान रूप अन्धकार के विनाश के लिए दीपिका जैसी सहायक एक अम्बा ही शरण रक्षक सहायक) करने योग्य है। अन्य कोई साधन श्रेयस्कर नहीं है ॥६३॥

संराजसे त्वमहमः परितः प्रतीतिं
कस्याहमो न हृदये लसति प्रबोधः ।
"आबालगोपविदितां"! जगदम्ब ! तस्मात्
त्वां ख्यान्ति सर्वविबुधाश्च भजन्ति शश्वत् ।।६४।।

हे जगदम्ब ! आप अहं (मैं) की प्रतीति के चारो ओर सब ठौर विराजती हो । अर्थात् लोगों के जो अहं प्रत्यय होता है उसमें रहती हो । यह भाव हुआ । और अहं का बोध किसके हृदय में नहीं हो रहा है ? अपितु सभी के हो रहा है । इस कारण सभी विद्वान् आपको आबालगोपविदिता कहते हैं । और निरन्तर आप को भजते हैं । बालगोप कृष्ण विष्णु का अवतार, बालगोप ग्वाल-बाल दोनों ही अर्थ समन्वित कीजिए साधारण पामर ग्वाल-बालों से लेकर कृष्ण-विष्णु तक आप विदित हो , हरिहरादि पामरान्त सभी आपको जानते हैं । यद्वा बालान्गोपयति इस भाव से पहला बालगोप शब्द सदाशिव-परक है । दूसरा कृष्ण-विष्णुपरक हैं । तीसरा पामर ग्वालबालपरक है सभी का समन्वय कर लीजिए । "तामहं प्रत्ययव्याजात् सर्वे जानंति जन्तवः" इस प्रमाण को देखिए ।।६४।।

आज्ञाचक्रे स्थितां त्वां ये "सर्वानुल्लङ्घ्यशासनाम्" ।
ध्यायन्ति तेषां निर्देशं पालयन्ति सुरासुराः ।।६५।।

हे देवि ! आज्ञाचक्र में विराजमान और सभी से न उल्लंघन करने योग्य शासन वाली अर्थात् जिसकी आज्ञा=शासन को ब्रह्म-विष्णु-महेशादि सभी देव पितृ यक्ष किंनर चारण गन्धर्व पिशाच असुर उरग मनुष्य पशु पक्षी कीट पतंगादि सभी मानते है उलांघते नहीं हैं । ऐसी आपको जो ध्याते हैं अर्थात् आज्ञाचक्र भ्रुकुटी मध्य में जो आपको उक्त स्वभाव वाली को ध्यान करते हैं उनकी आज्ञाओं को भी सभी सुर-असुर पालन करते हैं ।।६५।।

विष्णुस्तुरंगवदनो भगवान् स्वयं हि
"श्रीचक्रराजनिलयां" किल यां समर्च्य ।
नाम्नां सहस्रत उपस्तुनुते पराम्बां
श्री सुन्दरीं भुवि न कः कुशलो भजेत्ताम् ।।६६।।

भगवान् विष्णु हयग्रीव रूप में स्वयं जिस श्री चक्रराज=श्रीयन्त्रराज ही है निलय निवासस्थान जिसका ऐसी ललिता पराम्बा को पूज कर सहस्रनाम

से उपस्तुति करते हैं अर्थात् सहस्रनाम सुनाते हैं उस श्री सुन्दरी भगवती को भूमण्डल में कौन कुशल=बुद्धिमान् नहीं भजे ? सभी भजें, भजते हैं ।।६६।।

सिन्दूरारुणसुषमा हृदये "श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी" यस्य ।
विलसति सकलसुरासुर-वर्गोऽवश्यं वशे तस्य ।।६७।।

जिसके हृदय में सिन्दूर जैसी अरुण शोभा प्रभा वाली त्रिपुरसुन्दरी त्रिपुर परशिव को कहते हैं । परशिव में ब्रह्म विष्णु शिव संज्ञा वाले ३ तीन पुर है इसलिए उन्हें त्रिपुर कहते हैं । कालिकापुराण में देखिए प्रधानेच्छावशात् शंभोः शरीरमभवत्त्रिधा । ततोर्ध्वभागः संजातः इत्यादि । भावार्थ यह है परशिव के ३ भाग में उर्ध्व भाग ब्रह्मकाय है । मध्यभाग चतुर्भुज विष्णुकाय है । अधोभाग पंचवक्त्र शिवकाय है । ऐसे तीनों पुरों के योग से परशिव त्रिपुर है । उनकी सुन्दरी अर्धभागेश्वरी पट्टराज्ञी महाशक्ति महामायास्वरूपिणी । विलास करती है । अवश्य उसकी आज्ञा के वशमें सभी सुरा-सुरवर्ग रहता है । वशीकरण में लाल ध्यान होता है ऐसा पहले भी बता चुके हैं यह भी वशीकरण का प्रयोग है । सिन्दूरप्रभावती भगवती का ध्यान करने से वशीकरण सिद्ध होगा ।।६७।।

श्रीर्यामन्वयते सदैव सुमुखी या च स्वकीयश्रिया
विश्वेषां शिवमञ्चयत्यविरलं या च श्रियां शेवधिः ।
याऽऽस्ते शुभ्रवपुः श्रिया शिवसमा सा "श्रीशिवा" देवता
भूयान्मे भविकाय भास्वरमुखी सद्भावभक्तिप्रिया ।।६८।।

जिसको सुमुखी श्री लक्ष्मी सदैव अनुकरण करती है अनुगामिनी रहती है । जो स्वकीय श्री से विश्व का कल्याण करती रहती है । और जो सभी प्रकार की श्रियों (शोभाओं) का निधान है । शुभ गौर शरीर वाली जो (शोभा से) शिव के समान है । वह श्रीशिवा देवी प्रकाशमान मुख वाली सद्भाव भक्ति से प्रसन्न होने वाली मेरे कल्याण के लिए होवे । मेरा कल्याण करे । "शोभा सम्पत्तिपद्मासु लक्ष्मीः श्रीरिव दृश्यते" इस कोष वाक्यानुसार सभी अर्थ समन्वित हो गये हैं ।।६८।।

रहो यजत्यहो यस्त्वां "शिवशक्त्यैकरूपिणीम्" ।
पञ्चमीसाधनासक्तो ध्यायन्याति शिवाऽद्वयम् ।।६६।।

अहो भगवति मातः ! जो एकान्त में शिव और शक्ति का ऐक्य ही है रूप जिसका ऐसी यद्वा शिव और शक्ति का ऐक्य सामरस्य (मिथुनी भाव) ही है रूप जिसका अथवा शिव और शक्ति के ऐक्य को निरूपण करने वाली जैसे—"सामरस्यं यतो देवी दृष्ट्वा प्रीणाति सर्वथा" । "सामरस्यं" वीक्ष्य तुष्टा ददात्यैश्वर्यमद्भुतम्" । इत्यादि प्रमाण है । शिव शक्ति का अत्यन्त अभेद बतलाने वाले पुराणादि में वहुत वचन मिलते हैं "योऽ सावहं असौ सोहं नभेदः पर मार्थतः" । देवी भागवत, सौर संहिता, वाशिष्ठ रामायणादि में तथा तन्त्रों में भी शिव शक्ति के अभेद को पूर्ण स्पष्ट किया है, ऐसी आपको पूर्वोक्तध्यान से यजन करता है, पंचमी साधना में विलीन होता हुआ वह ध्यान धरता २ ही शिव शिवा के अद्वैत ज्ञान को प्राप्त हो जाता है ॥९९॥

मध्ये मणिद्वीपसभावितानं पञ्चेश्वरं पीठमधिश्रयन्ती ।
पाशाङ्कुशाभीतिबराढ्यहस्ता पायादपाया"ललिता"म्बिका माम्॥१००॥

मणिद्वीप की सभा मण्डप के बीच में, पंच ईश्वरों के बने पीठ (सिंहासन) पर विराजमान हुई (ब्रह्मा विष्णु रुद्र ईश्वर सदाशिव जिसके सिंहासन बने हैं । सदाशिव फलक आपका पट्ट है शेष पाये हैं इस पीठ का वर्णन पहले आ चुका है । पाश अंकुश वर और अभय युक्त हाथों वाली ललिताम्बिका मुझे सदैव अपायों (विघ्नों) से बचावे । रक्षा करे । ललते विलसति इति ललिता, विलास क्रीड़ा विहार प्रकाश सभी अर्थ समन्वित होते हैं जिसमें, और भी पद्मपुराण में देखिए—लोकानतीत्य ललते तेनासौ ललिता मता । लोकशब्द से किरणाः आवरण देवताः उनके ऊपर बिन्दु स्थान में ललते अधिकं शोभते अधिक शोभायमान होती हो वह ललिता । प्रयागे ललिता देवी इस वाक्य से प्रयागवासिनी ललिता रूपिणी । अथवा रूप विलास आवरण देवियां वस्त्राभूषण माल्य अस्त्र शस्त्रादि सभी जिसके ललित सुन्दर है वह ललिता "ललिते सुन्दरम्" यह शब्दार्णव कोष का वचन है, और भी ललिता नाम के अर्थ हैं विस्तारभय से इतना ही उपयुक्त समझते है । ॐ प्रणव अन्त में उच्चारण करना चाहिए, ऐसा सम्प्रदाय हैं । ललिताम्बिकायै नमः ओम् ऐसे पढ़ना चाहिए ॥१००॥ आदितः १००० ।

—०॥❀॥०—

इत्थं कविश्रीहरिणा मया यन्महेशितुः श्रीललिताम्बिकायाः ।
नाम्नां सहस्रं स्तुतमस्ति तेन प्रीणातु सैवाऽखिलविश्वधात्री ।।१।।

इस प्रकार कवि श्रीहरिशास्त्री मैने यह जो महेश्वरी श्रीललिता अम्बिका के सहस्र नामों की स्तुति की है। उससे वही सकल विश्व की धात्री धारण पोषण करने वाली माता श्री त्रिपुरसुन्दरी प्रसन्न होवे। श्री ललिताम्बिकायै समर्पणमस्तु।

यस्याद्यः पुरुषो दधीचिरुदभूत् विद्वान्वदान्याग्रणी-
र्यः शास्त्रीति पदं दधात्यपि च यो नामावलेत्यल्लवान् ।
प्राज्ञश्चाशुकविं पदं किल महोपाध्यायमप्यावहत्
तेन श्रीहरिणा ह्यगुम्फि ललितानाम्नां सहस्रे स्तुतिः ।।२।।

जिसके आद्यवंश-प्रवर्तक दधीचि महर्षि, महान् विद्वान और उदारों में अग्रणी हुए हैं। जो शास्त्री पद को धारण करता है तथा जिसका अल्ल नामावल है। एवं जिस विद्वान् ने आशु कवि और साहित्य में महोपाध्याय पद भी प्राप्त किया है। उस श्रीहरिशास्त्री ने यह श्रीललितासहस्र नामों पर स्तुति लिखी है ।।२।।

## पाठकानां यथारुचि नामस्तुतिदर्शनसौकर्य्याय श्रीललिता-सहस्रनाम-मूलपाठोऽपि प्रस्तूयते ।

ॐ अस्य श्रीललितासहस्रनामस्तोत्रमहामन्त्रस्य वशिन्यादिवाग्देवता ऋषयः अनुष्टुप् छन्दः श्रीललिता परमेश्वरी देवता श्रीमद्वाग्भवकूटं बीजं मध्यकूटं शक्तिः शक्तिकूटं कीलकं श्रीललितामहात्रिपुरसुन्दरीप्रसादसिद्धिद्वारा चिन्तितफलावाप्त्यर्थे जपे विनियोगः। मूलमन्त्रेण अङ्गन्यासं करन्यासं हृदयादि न्यासं च कुर्यात्।

ध्यानम्-सिन्दूरारुणविग्रहां त्रिनयनां माणिक्यमौलिस्फुर-
त्तारानायकशेखरां स्मितमुखीमापीनवक्षोरुहाम् ।

पाणिभ्यामलिपूर्णरत्नचषकं रक्तोत्पलं बिभ्रतीं
सौम्यां रत्नघटस्थरक्तचरणां ध्यायेत्परामम्बिकाम् ॥१॥

अरुणां करुणातरङ्गिताक्षीं धृतपाशाङ्कुशपुष्पबाणचापाम् ।
अणिमादिभिरावृतां मयूखैरहमित्येव विभावये भवानीम् ॥२॥

ध्यायेत्पद्मासनस्थां विकसितवदनां पद्मपत्रायताक्षीं
हेमाभां पीतवस्त्रां करकलितलसद्धेमपद्मां वराङ्गीम् ।
सर्वालङ्कारयुक्तां सततमभयदां भक्तिगम्यां भवानीं
श्रीविद्यां शान्तमूर्तिं सकलसुरनुतां सर्वसम्पत्प्रदात्रीम् ॥३॥

सकुङ्कुमबिलेपनामलिकचुम्बिकस्तूरिकां
समन्दहसितेक्षणां सशरचापपाशाङ्कुशाम् ।
अशेषजनमोहिनीमरुणमाल्यभूषाम्बरां
जपाकुसुमभासुरां जपविधौ स्मरेदम्बिकाम् ॥४॥

ततो लमित्यादि पञ्चपूजां कुर्यात् । ततः सहस्रनामानि पठेत् ।

श्रीमाता श्रीमहाराज्ञी श्रीमत्सिंहासनेश्वरी । चिदग्निकुण्डसम्भूता देवकार्यसमुद्यता ॥१
उद्यद्भानुसहस्राभा चतुर्बाहुसन्विता । रागस्वरूपपाशाढ्या क्रोधाकाराङ्कुशोज्ज्वला २
मनोरूपेक्षुकोदण्डा पञ्चतन्मात्रसायका । निजारुणप्रभापूरमज्जद्ब्रह्माण्डमण्डला ॥३॥
चम्पकाशोकपुन्नागसौगन्धिकलसत्कचा । कुरुविन्दमणिश्रेणीकनत्कोटीरमण्डिता ॥४॥
अष्टमीचन्द्रविभ्राजदलिकस्थलशोभिता । मुखचन्द्रकलङ्काभमृगनाभिविशेषका ॥५॥
बदनस्मरमाङ्गल्यगृहतोरणचिल्लिका । वक्त्रलक्ष्मीपरीवाहचलन्मीनाभलोचना ॥६॥
नवचम्पकपुष्पाभनासादण्डविराजिता । ताराकान्तितिरस्कारिनासाभरणभासुरा ॥७॥
कदम्बमञ्जरीक्लृप्तकर्णपूरमनोहरा । ताटङ्कयुगलीभूततपनोडुपमण्डला ॥८॥
पद्मरागशिलादर्शपरिभाविकपोलभूः । नवविद्रुमबिम्बश्रीन्यक्कारिदशनच्छदा ॥९॥
शुद्धविद्याङ्कुराकार-द्विजपंक्तिद्वयोज्ज्वला । कर्पूरवीटिकामोदसमाकर्षद्दिगन्तरा॥१०॥
निजसंलापमाधुर्य्य विनिर्भर्त्सितकच्छपी । मन्दस्मितप्रभापूरमज्जत्कामेशमानसा ॥११॥
अनाकलितसादृश्यचिबुकश्रीविराजिता । कामेशबद्धमाङ्गल्यसूत्रशोभितकन्धरा ॥१२॥
कनकाङ्गदकेयूरकमनीयभुजान्विता । रत्नग्रैवेयचिन्ताकलोलमुक्ताफलान्विता॥१३॥
कामेश्वरप्रेमरत्नमणिप्रतिपणस्तनी । नाभ्यालवालरोमालीलताफलकुचद्वयी ॥१४॥

लक्ष्यरोमलताधारतासमुन्नेयमध्यमा । स्तनभारनमन्मध्यपट्टबन्धवलित्रया ॥१५॥
अरुणारुणकौसुम्भवस्त्रभास्वत्कटीतटी । रत्नकिंकिणिकारम्यरशनादामभूषिता ॥१६॥
कामेशज्ञातसौभाग्यमार्दवोरुद्वयान्विता । माणिक्यमुकुटाकारजानुद्वयविराजिता ॥१७॥
इन्द्रगोपपरिक्षिप्तस्मरतूणाभजङ्घिका । गूढगुल्फा-कूर्मपृष्ठजयिष्णुप्रपदान्विता ॥१८॥
नखदीधितिसंछन्ननमज्जनतमोगुणा । पदद्वयप्रभाजालपराकृतसरोरुहा ॥१९॥
शिञ्जानमणिमञ्जीरमण्डितश्रीपदाम्बुजा । मरालीमन्दगमना महालावण्यशेवधिः ॥२०॥
सर्वारुणाऽनवद्याङ्गी सर्वाभरणभूषिता । शिवकामेश्वराङ्कस्था शिवा स्वाधीनवल्लभा २१
सुमेरुमध्यशृङ्गस्था श्रीमन्नगरनायिका । चिन्तामणिगृहान्तःस्था पञ्चब्रह्मासनस्थिता २२
महापद्माटवीसंस्थाकदम्बवनवासिनी । सुधासागरमध्यस्था कामाक्षी कामदायिनी ॥२३
देवर्षिगण संघातस्तूयमानात्मवैभवा । भण्डासुरवधोद्युक्तशक्तिसेनासमन्विता ॥२४॥
सम्पत्करीसमारूढ-सिन्धुरव्रजसेविता । अश्वारूढाधिष्ठिताश्वकोटिकोटिभिरावृता ॥२५
चक्रराजरथारूढसर्वायुधपरिष्कृता । गेयचक्ररथारूढमन्त्रिणीपरिसेविता ॥२६॥
किरिचक्ररथारूढ दण्डनाथापुरस्कृता । ज्वालामालिनिकाक्षिप्त वह्निप्राकारमध्यमा॥२७
भण्डसैन्यवधोद्युक्त शक्तिविक्रमहर्षिता । नित्यापराक्रमाटोपनिरीक्षणसमुत्सुका ॥२८॥
भण्डपुत्रवधोद्युक्त बालाविक्रमनन्दिता । मन्त्रिण्यम्बाविरचितविषङ्गवधतोषिता॥२९॥
विशुक्रप्राणहरण वाराहीवीर्यनन्दिता । कामेश्वरमुखालोककल्पितश्रीगणेश्वरा ॥३०॥
महागणेशनिर्भिन्न विघ्नयन्त्रप्रहर्षिता । भण्डासुरेन्द्रनिर्मुक्त शस्त्रप्रत्यस्त्रवर्षिणी ॥३१॥
कराङ्गुलिनखोत्पन्न नारायणदशाकृतिः । महापाशुपतास्त्राग्नि निर्दग्धासुरसैनिका॥३२
कामेश्वरास्त्रनिर्दग्ध सभण्डासुरशून्यका । ब्रह्मोपेन्द्रमहेन्द्रादिदेवसंस्तुतवैभवा ॥३३॥
हरनेत्राग्निसन्दग्धकामसञ्जीवनौषधिः । श्रीमद्वाग्भवकूटैकस्वरूपमुखपङ्कजा ॥३४॥
कण्ठाधःकटिपर्य्यन्त मध्यकूटस्वरूपिणी । शक्तिकूटैकतापन्न कट्यधोभागधारिणी॥३५॥
मूलमन्त्रात्मिका मूलकूटत्रयकलेवरा । कुलामृतैकरसिका कुलसंकेतपालिनी ॥३६॥
कुलाङ्गना कुलान्तस्था कौलिनी कुलयोगिनी । अकुला समयान्तस्था समयाचारतत्परा३७
मूलाधारैकनिलया ब्रह्मग्रन्थिविभेदिनी१०० । मणिपूरान्तरुदिता विष्णुग्रन्थिविभेदिनी॥
आज्ञाचक्रान्तरालस्था रुद्रग्रन्थिविभेदिनी । सहस्राराम्बुजारूढा सुधासाराभिवर्षिणी॥३९
तडिल्लतासमरुचिः षट्चक्रोपरिसंस्थिता । महाशक्तिः कुण्डलिनी बिसतन्तुतनीयसी॥४०
भवानी भावनागम्या भवारण्यकुठारिका । भद्रप्रिया भद्रमूर्तिर्भक्तसौभाग्यदायिनी ॥४१
भक्तिप्रिया भक्तिगम्या भक्तिवश्या भयापहा।शाम्भवी शारदाराध्या शर्वाणीशर्म्मदायिनी

शाङ्करी श्रीकरी साध्वी शरच्चन्द्रनिभानना। शातोदरी शान्तिमती निराधारा निरञ्जना
निर्लेपानिर्मलानित्यानिराकारानिराकुला। निर्गुणानिष्कलाशान्तानिष्कामानिरुपप्लवा
नित्यमुक्ता निर्विकारा निष्प्रपञ्चा निराश्रया। नित्यशुद्धा नित्यबुद्धा निरवद्या निरन्तरा॥
निष्कारणा निष्कलङ्का निरुपाधिर्निरीश्वरा। नीरागा रागमथनी निर्मदा मदनाशिनी॥
निश्चिन्ता निरहङ्कारा निर्मोहा मोहनाशिनी। निर्ममा ममताहन्त्री निष्पापा पापनाशिनी
निष्क्रोधा क्रोधशमनी निर्लोभा लोभनाशिनी। निःसंशया संशयघ्नी निर्भवा भवनाशिनी
निर्विकल्पा निराबाधा निर्भेदा भेदनाशिनी, निर्नाशा मृत्युमथनी निष्क्रिया निष्परिग्रहा
निस्तुला नीलचिकुरा निरपाया निरत्यया। दुर्लभा दुर्गमा दुर्गा दुःखहन्त्री सुखप्रदा॥
दुष्टदूरा दुराचारशमनी दोषवर्जिता। सर्वज्ञा सान्द्रकरुणा समानाधिकवर्जिता॥५१॥
सर्वशक्तिमयी सर्वमङ्गला२००सद्गतिप्रदा। सर्वेश्वरी सर्वमयी सर्वमन्त्रस्वरूपिणी५२
सर्वयन्त्रात्मिका सर्वतन्त्ररूपा मनोन्मनी। माहेश्वरी महादेवी महालक्ष्मीमृंडप्रिया॥५३
महारूपा महापूज्या महापातकनाशिनी। महामाया महासत्त्वा महाशक्तिर्महारतिः॥५४
महाभोगा महैश्वर्या महावीर्या महाबला। महाबुद्धिर्महासिद्धिर्महायोगीश्वरेश्वरी ५५
महातन्त्रा महामन्त्रा महायन्त्रा महासना। महायागक्रमाराध्या महाभैरवपूजिता॥५६
महेश्वरमहाकल्पमहाताण्डवसाक्षिणी। महाकामेशमहिषी महात्रिपुरसुन्दरी॥५७॥
चतुष्षष्ट्युपचाराढ्या चतुष्षष्टिकलामयी। महाचतुःषष्टिकोटियोगिनीगणसेविता॥५८
मनुविद्या चन्द्रविद्या चन्द्रमण्डलमध्यगा। चारुरूपा चारुहासा चारुचन्द्रकलाधरा॥५९॥
चराचरजगन्नाथा चक्रराजनिकेतना। पार्वती पद्मनयना पद्मरागसमप्रभा॥६०॥
पञ्चप्रेतासनासीना पञ्चब्रह्मस्वरूपिणी। चिन्मयी परमानन्दा विज्ञानघनरूपिणी॥६१॥
ध्यानध्यातृध्येयरूपा धर्माधर्मविवर्जिता। विश्वरूपा जागरिणी स्वपन्ती तैजसात्मिका॥
सुप्ता प्राज्ञात्मिका तुर्या सर्वावस्थाविवर्जिता। सृष्टिकर्त्री ब्रह्मरूपा गोप्त्रीगोविन्दरूपिणी
संहारिणी रुद्ररूपा तिरोधानकरीश्वरी। सदाशिवानुग्रहदा पञ्चकृत्यपरायणा॥६४॥
भानुमण्डलमध्यस्था भैरवी भगमालिनी। पद्मासना भगवती पद्मनाभसहोदरी॥६५॥
उन्मेषनिमिषोत्पन्न-विपन्नभुवनावली। सहस्रशीर्षवदना सहस्राक्षी सहस्रपात्॥६६॥
आब्रह्मकीटजननी वर्णाश्रमविधायिनी। निजाज्ञारूपनिगमा पुण्यापुण्यफलप्रदा॥६७॥
श्रुतिसीमन्तसिन्दूरीकृतपादाब्जधूलिका। सकलागमसन्दोह शुक्तिसम्पुटमौक्तिका॥६८॥
पुरुषार्थप्रदा पूर्णा भोगिनी भुवनेश्वरी। अम्बिकाऽनादिनिधना हरिब्रह्मेन्द्रसेविता॥६९
नारायणी नादरूपा नामरूपविवर्जिता३००। ह्रींकारी ह्रीमती हृद्या हेयोपादेयवर्जिता

राजराजार्चिता राज्ञी रम्या राजीवलोचना । रञ्जनी रमणी रस्या रणत्किङ्किणिमेखला ॥
रमा राकेन्दुवदना रतिरूपा रतिप्रिया । रक्षाकरी राक्षसघ्नी रामा रमणलम्पटा ॥७२
काम्या कामकलारूपा कदम्बकुसुमप्रिया । कल्याणी जगतीकन्दा करुणारससागरा ॥७३
कलावती कलालापा कान्ता कादम्बरीप्रिया । वरदा वामनयना वारुणीमदविह्वला ॥७४॥
विश्वाधिका वेदवेद्या विन्ध्याचलनिवासिनी । विधात्री वेदजननी विष्णुमायाविलासिनी
क्षेत्रस्वरूपा क्षेत्रेशी क्षेत्रक्षेत्रज्ञपालिनी । क्षयवृद्धिविनिर्मुक्ता क्षेत्रपालसमर्चिता ॥७६॥
विजया विमला वन्द्या वन्दारुजनवत्सला । वाग्वादिनी वामकेशी वह्निमण्डलवासिनी ॥
भक्तिमत्कल्पलतिका पशुपाशविमोचिनी । संहृताशेषपाखण्डा सदाचारप्रवर्तिका ॥७८॥
तापत्रयाऽग्निसन्तप्त–समाह्लादनचन्द्रिका । तरुणी तापसाराध्या तनुमध्या तमोपहा ७९
चितिस्तत्पदलक्ष्यार्था चिदेकरसरूपिणी । स्वात्मानन्दलवीभूतब्रह्माद्यानन्दसन्ततिः ॥८०
परा प्रत्यक्चितीरूपा पश्यन्ती परदेवता । मध्यमा वैखरीरूपा भक्तमानसहंसिका ॥८१
कामेश्वरप्राणनाडी कृतज्ञा कामपूजिता । शृङ्गाररससम्पूर्णा जया जालन्धरस्थिता८२
ओड्याणपीठनिलया बिन्दुमण्डलवासिनी । रहोयागक्रमाराध्या रहस्तर्पणतर्पिता ॥८३
सद्यः प्रसादिनी विश्वसाक्षिणी साक्षिवर्जिता । षडङ्गदेवतायुक्ता षाड्गुण्यपरिपूरिता ८४
नित्यक्लिन्नानिरुपमानिर्वाणसुखदायिनी । नित्याषोडशिकारूपा श्रीकण्ठार्धशरीरिणी८५
प्रभावती प्रभारूपा प्रसिद्धा परमेश्वरी । मूलप्रकृतिरव्यक्ता व्यक्ताव्यक्तस्वरूपिणी ॥८६
व्यापिनी५००विविधाकारा विद्याऽविद्यास्वरूपिणी । महाकामेशनयनकुमुदाह्लादकौमुदी
भक्तहार्दतमोभेद भानुमद्भानुसन्ततिः । शिवदूतीशिवाराध्या शिवमूर्तिःशिवङ्करी ८८
शिवप्रिया शिवपरा शिष्टेष्टाशिष्टपूजिता । अप्रमेया स्वप्रकाशा मनोवाचामगोचरा ८९
चिच्छक्तिश्चेतनारूपाजडशक्तिर्जडात्मिका । गायत्री व्याहृतिः सन्ध्या द्विजवृन्दनिषेविता
तत्त्वासना तत्त्वमयी पञ्चकोशान्तरस्थिता । निःसीममहिमा नित्ययौवना मदशालिनी ॥
मदाघूर्णितरक्ताक्षी मदपाटलगण्डभूः । चन्दनद्रवदिग्धाङ्गी चाम्पेयकुसुमप्रिया ॥९२॥
कुशला कोमलाकारा कुरुकुल्ला कुलेश्वरी । कुलकुण्डालया कौलमार्गतत्परसेविता ॥९३॥
कुमारगणनाथाम्बातुष्टिःपुष्टिर्मतिर्धृतिः । शान्तिः स्वस्तिमती कान्तिर्नन्दिनी विघ्ननाशिनी
तेजोवती त्रिनयना लोलाक्षी कामरूपिणी । मालिनी हंसिनी माता मलयाचलवासिनी ॥
सुमुखी नलिनी सुभ्रूः शोभना सुरनायिका । कालकण्ठी कान्तिमती क्षोभिणी सूक्ष्मरूपिणी
वज्रेश्वरी वामदेवी वयोऽवस्थाविवर्जिता । सिद्धेश्वरी सिद्धविद्या सिद्धमाता यशस्विनी
विशुद्धिचक्रनिलयाऽऽरक्तवर्णा त्रिलोचना । खट्वाङ्गादिप्रहरणा वदनैकसमन्विता ॥९८

पायसान्नप्रिया त्वक्स्था पशुलोकभयङ्करी। अमृतादिमहाशक्तिसंवृता डाकिनीश्वरी॥९९
अनाहताब्जनिलया श्यामाभा बदनद्वया। दंष्ट्रोज्ज्वलाऽक्षमालादिधरा रुधिरसंस्थिता१००
कालरात्र्यादिशक्त्यौघवृता स्निग्धौदनप्रिया। महावीरेन्द्रवरदा राकिण्यम्बास्वरूपिणी॥
मणिपूराब्जनिलया बदनत्रयसंयुता। वज्रादिकायुधोपेता डामर्यादिभिरावृता॥१०२
रक्तवर्णा मांसनिष्ठा५०० गुडान्नप्रीतमानसा। समस्तभक्तसुखदा लाकिन्यम्बास्वरूपिणी
स्वाधिष्ठानाम्बुजगता चतुर्वक्त्रमनोहरा। शूलाद्यायुधसम्पन्ना पीतवर्णाऽतिगर्विता॥१०४
मेदोनिष्ठा मधुप्रीता बन्दिन्यादिसमन्विता। दध्यन्नासक्तहृदया काकिनीरूपधारिणी१०५
मूलाधाराम्बुजारूढा पञ्चवक्त्राऽस्थिसंस्थिता। अङ्कुशादिप्रहरणा वरदादिनिषेविता॥
मुद्गौदनासक्तचित्ता साकिन्यम्बास्वरूपिणी। आज्ञाचक्राब्जनिलया शुक्लवर्णा षडानना
मज्जासंस्था हंसवती मुख्यशक्तिसमन्विता। हरिद्रान्नैकरसिका हाकिनीरूपधारिणी १०८
सहस्रदलपद्मस्था सर्ववर्णोपशोभिता। सर्वायुधधरा शुक्रसंस्थिता सर्वतोमुखी॥१०९॥
सर्वौदनप्रीतचित्ता याकिन्यम्बास्वरूपिणी। स्वाहा स्वधा मतिर्मेधा श्रुतिःस्मृतिरनुत्तमा
पुण्यकीर्तिः पुण्यलभ्या पुण्यश्रवणकीर्तना। पुलोमजार्चिता बन्धमोचनी बन्धुरालका १११
विमर्शरूपिणीविद्या वियदादिजगत्प्रसूः। सर्वव्याधिप्रशमनी सर्वमृत्युनिवारिणी॥११२
अग्रगण्याऽचिन्त्यरूपा कलिकल्मषनाशिनी। कात्यायनी कालहन्त्री कमलाक्षनिषेविता॥
ताम्बूलपूरितमुखी दाडिमीकुसुमप्रभा। मृगाक्षी मोहिनी मुख्या मृडानी मित्ररूपिणी॥
नित्यतृप्ता भक्तनिधिर्नियन्त्री निखिलेश्वरी। मैत्र्यादिवासनालभ्या महाप्रलयसाक्षिणी॥
पराशक्तिः परानिष्ठा प्रज्ञानघनरूपिणी। माध्वीपानालसामत्ता मातृकावर्णरूपिणी११६
महाकैलासनिलया मृणालमृदुदोर्लता। महनीया दयामूर्तिर्महासाम्राज्यशालिनी॥११७
आत्मविद्या महाविद्या श्रीविद्या कामसेविता। श्रीषोडशाक्षरीविद्या त्रिकूटा कामकोटिका
कटाक्षकिंकरीभूत कमलाकोटिसेविता। शिरःस्थिता चन्द्रनिभा भालस्थेन्द्रधनुःप्रभा ११९
हृदयस्था रविप्रख्या त्रिकोणान्तरदीपिका। दाक्षायणी दैत्यहन्त्री दक्षयज्ञविनाशिनी६००
दरान्दोलितदीर्घाक्षी दरहासोज्ज्वलन्मुखी। गुरुमूर्तिर्गुणनिधिर्गोमाता गुहजन्मभूः १२१
देवेशी दण्डनीतिस्था दहराकाशरूपिणी। प्रतिपन्मुख्यराकान्ततिथिमण्डलपूजिता॥१२२
कलात्मिका कलानाथा काव्यालापविनोदिनी। सचामर रमावाणी सव्यदक्षिणसेविता॥
आदिशक्तिरमेयात्मा परमा पावनाकृतिः। अनेककोटिब्रह्माण्डजननी दिव्यविग्रहा १२४
क्लींकारी केवला गुह्या कैवल्यपददायिनी। त्रिपुरा त्रिजगद्वन्द्या त्रिमूर्तिस्त्रिदशेश्वरी१२५
त्र्यक्षरी दिव्यगन्धाढ्या सिन्दूरतिलकाञ्चिता। उमा शैलेन्द्रतनया गौरी गन्धर्वसेविता॥

विश्वगर्भा स्वर्णगर्भा वरदा वागधीश्वरी । ध्यानगम्याऽपरिच्छेद्या ज्ञानदा ज्ञानविग्रहा ॥
सर्ववेदान्त-सम्वेद्या सत्यानन्दस्वरूपिणी । लोपामुद्रार्चिता लीलाक्लृप्तब्रह्माण्डमण्डला ॥
अदृश्या दृश्यरहिता विज्ञात्री वेद्यवर्जिता । योगिनी योगदा योग्या योगानन्दा युगन्धरा ॥
इच्छाशक्ति ज्ञानशक्ति क्रियाशक्तिस्वरूपिणी । सर्वाधारा सुप्रतिष्ठा सदसद्रूपधारिणी ॥
अष्टमूर्तिरजाजैत्री लोकयात्राविधायिनी । एकाकिनी भूमरूपा निर्द्वैता द्वैतवर्जिता ॥१३१
अन्नदा वसुधा वृद्धा ब्रह्मात्मैक्यस्वरूपिणी । बृहती ब्राह्मणी ब्राह्मी ब्रह्मानन्दा बलिप्रिया
भाषारूपा बृहत्सेना भावाभावविवर्जिता । सुखाराध्या शुभकरी शोभनासुलभागतिः ॥
राजराजेश्वरी राज्यदायिनी राज्यवल्लभा । राजत्कृपा राजपीठनिवेशितनिजाश्रिता१३४
राज्यलक्ष्मीः कोषनाथा चतुरङ्गबलेश्वरी । साम्राज्यदायिनी सत्यसन्धा सागरमेखला ॥
दीक्षिता दैत्यशमनी सर्वलोकवशङ्करी । सर्वार्थदात्री सावित्री सच्चिदानन्दरूपिणी७००॥
देशकालापरिच्छिन्ना सर्वगा सर्वमोहिनी । सरस्वती शास्त्रमयी गुहाम्बा गुह्यरूपिणी१३७
सर्वोपाधिविनिर्मुक्ता सदाशिवपतिव्रता । सम्प्रदायेश्वरी साध्वी गुरुमण्डलरूपिणी १३८
कुलोत्तीर्णा भगाराध्या माया मधुमती मही।गणाम्बा गुह्यकाराध्या कोमलाङ्गी गुरुप्रिया
स्वतन्त्रा सर्वतन्त्रेशी दक्षिणामूर्तिरूपिणी । सनकादिसमाराध्या शिवज्ञानप्रदायिनी१४०
चित्कलानन्दकलिका प्रेमरूपा प्रियङ्करी । नामपारायणप्रीता नन्दिविद्या नटेश्वरी१४१
मिथ्याजगदधिष्ठाना मुक्तिदा मुक्तिरूपिणी । लास्यप्रिया लयकरी लज्जा रम्भादिवन्दिता॥
भवदावसुधावृष्टिः पापारण्यदवानला । दौर्भाग्यतूलवातूला जराध्वान्तरविप्रभा ॥१४३
भाग्याब्धिचन्द्रिका भक्तचित्तकेकिघनाघना । रोगपर्वतदम्भोलिर्मृत्युदारुकुठारिका।१४४
महेश्वरी महाकाली महाग्रासा महाशना । अपर्णा चण्डिका चण्डमुण्डासुरनिषूदिनी१४५
क्षराक्षरात्मिका सर्वलोकेशी विश्वधारिणी । त्रिवर्गदात्री सुभगा त्र्यम्बका त्रिगुणात्मिका
स्वर्गापवर्गदा शुद्धा जपापुष्पनिभाकृतिः । ओजोवती द्युतिधरा यज्ञरूपा प्रियव्रता १४७
दुराराध्या दुराधर्षा पाटलीकुसुमप्रिया । महती मेरुनिलया मन्दारकुसुमप्रिया ॥१४८
वीराराध्या विराड्रूपा विरजा विश्वतोमुखी।प्रत्यग्रूपा पराकाशा प्राणदा प्राणरूपिणी
मार्तण्डभैरवाराध्या मन्त्रिणीन्यस्तराज्यधूः । त्रिपुरेशी जयत्सेना निस्त्रैगुण्या परापरा
सत्यज्ञानानन्दरूपा सामरस्यपरायणा । कपर्दिनी कलामाला कामधुक्कामरूपिणी॥१५१
कलानिधिः काव्यकला रसज्ञा रसशेवधिः८००। पुष्टा पुरातना पूज्या पुष्करा पुष्करेक्षणा
परंज्योतिः परंधाम परमाणुः परात्परा । पाशहस्ता पाशहन्त्री परमन्त्रविभेदिनी॥१५३
मूर्ताऽमूर्ता नित्यतृप्ता मुनिमानसहंसिका ।सत्यव्रता सत्यरूपा सर्वान्तर्यामिनी सती १५४
ब्रह्माणी ब्रह्मजननी बहुरूपा बुधार्चिता । प्रसवित्री प्रचण्डाज्ञा प्रतिष्ठा प्रकटाकृतिः १५५
प्राणेश्वरी प्राणदात्री पञ्चाशत्पीठरूपिणी । विशृङ्खला विविक्तस्था वीरमाता वियत्प्रसूः

मुकुन्दा मुक्तिनिलया मूलविग्रहरूपिणी । भावज्ञा भवरोगघ्नी भवचक्रप्रवर्तिनी ।।१५७।।
छन्दःसारा शास्त्रसारा मन्त्रसारा तलोदरी । उदारकीर्तिरुद्दामवैभवा वर्णरूपिणी।।१५८
जन्ममृत्युजरातप्तजनविश्रान्तिदायिनी । सर्वोपनिषदुद्घुष्टा शान्त्यतीतकलात्मिका १५६
गम्भीरा गगनान्तस्था गर्विता गानलोलुपा । कल्पनारहिता काष्ठाऽकान्ताकान्तार्धविग्रहा
कार्यकारणनिर्मुक्ता कामकेलितरङ्गिता । कनत्कनकताटङ्का लीलाविग्रहधारिणी।।१६१
अजा क्षयविनिर्मुक्ता मुग्धा क्षिप्रप्रसादिनी । अन्तर्मुखसमाराध्या बहिर्मुखसुदुर्लभा१६२
त्रयी त्रिवर्गनिलया त्रिस्था त्रिपुरमालिनी।निरामया निरालम्बा स्वात्मारामा सुधासृतिः
संसारपङ्कनिर्मग्न–समुद्धरणपण्डिता । यज्ञप्रिया यज्ञकर्त्री यजमानस्वरूपिणी ।।१६४।।
धर्माधारा धनाध्यक्षा धनधान्यविवर्द्धिनी । विप्रप्रिया विप्ररूपा विश्वभ्रमणकारिणी ।।
विश्वग्रासा विद्रुमाभा वैष्णवी विष्णुरूपिणी । अयोनिर्योनिनिलया कूटस्था कुलरूपिणी
वीरगोष्ठीप्रिया वीरा नैष्कर्म्या१०००नादरूपिणी।विज्ञानकलना कल्पाविदग्धाबैन्दवासना
तत्त्वाधिका तत्त्वमयी तत्त्वमर्थस्वरूपिणी । सामगानप्रिया सौम्या सदाशिवकुटुम्बिनी ।।
सव्यापसव्यमार्गस्था सर्वापद्विनिवारिणी । स्वस्था स्वभावमधुरा धीरा धीरसमर्चिता ।।
चैतन्यार्घसमाराध्या चैतन्यकुसुमप्रिया । सदोदिता सदातुष्टा तरुणादित्यपाटला ।।१७०
दक्षिणादक्षिणाराध्या दरस्मेरमुखाम्बुजा । कौलिनी केवलाऽनर्घ्य कैवल्यपददायिनी ।।
स्तोत्रप्रिया स्तुतिमती श्रुतिसंस्तुतवैभवा । मनस्विनी मानवती महेशी मङ्गलाकृतिः ।।
विश्वमाता जगद्धात्री विशालाक्षी विरागिणी । प्रगल्भा परमोदारा परामोदा मनोमयी
व्योमकेशी विमानस्था वज्रिणी वामकेश्वरी । पञ्चयज्ञप्रिया पञ्चप्रेतमञ्चाधिशायिनी१७४
पञ्चमी पञ्चभूतेशी पञ्चसंख्योपचारिणी । शाश्वती शाश्वतैश्वर्य्या शर्मदा शम्भुमोहिनी ।।
धरा धरसुता धन्या धर्मिणी धर्मवर्द्धिनी । लोकातीता गुणातीता सर्वातीता शमात्मिका
बन्धूककुसुमप्रख्या बाला लीलाविनोदिनी । सुमङ्गली सुखकरी सुवेषाढ्या सुवासिनी१७७
सुवासिन्यर्चनप्रीता शोभना शुद्धमानसा ! बिन्दुतर्पणसन्तुष्टा पूर्वजा त्रिपुराम्बिका १७८
दशमुद्रासमाराध्या त्रिपुराश्रीवशङ्करी । ज्ञानमुद्रा ज्ञानगम्या ज्ञानज्ञेयस्वरूपिणी ।।१७९
योनिमुद्रा त्रिखण्डेशी त्रिगुणाऽम्बात्रिकोणगा।अनघाऽद्भुतचारित्रा वाञ्छितार्थप्रदायिनी
अभ्यासातिशयज्ञाता षडध्वातीतरूपिणी । अव्याजकरुणामूर्तिरज्ञानध्वान्तचन्द्रिका १८१
आबालगोपविदिता सर्वानुल्लङ्घ्यशासना । श्रीचक्रराजनिलया श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी ।।१८२
श्रीशिवा शिवशक्त्यैकरूपिणी ललिताम्बिका । एवं श्रीललितादेव्या नाम्नांसाहस्रकं जगुः

१०००

इति श्रीब्रह्माण्डपुराणे उत्तरखण्डे श्रीहयग्रीवागस्त्यसंवादे

श्रीललितासहस्रनामस्तोत्रकथनं द्वितीयोऽध्यायः ।

---

| पृष्ठे | पंक्तौ | अशुद्धिः | शुद्धिः |
|---|---|---|---|
| २ | १७ | १ | २ |
| ६ | ५ | की | को |
| १० | २० | की | को |
| १४ | ७ | त्रूमः | ब्रूमः |
| १७ | १ | सीभाग्य | सौभाग्य |
| १८ | १६ | तथा | तया |
| २२ | १७ | सिः | सि |
| २५ | १२ | बधोधुक्त | बधोद्युक्त |
| ३४ | १६ | तत्व | तत्त्व |
| ३५ | १३ | गिरौ | गिरि |
| ३६ | ४ | आज्ञा क्रान्त | आज्ञाचक्रान्त |
| ३६ | ५ | २ | ३ |
| ३७ | ५ | कि | किं |
| ४२ | १६ | २८ | २७ |
| ४३ | १६ | नलियों | बलियों |
| ४६ | २ | बुद्वाः | बुद्धाः |
| ५६ | ७ | से त्यहं | सेत्यहं |
| ६० | ४ | ८८ | ८४ |
| ६३ | २० | नृणां | नॄणां |
| ६६ | २५ | लेखितनि | लेखितानि |
| ७२ | ६ | रमावाणी | रमा, वाणी, |
| ७२ | १२ | यहो | महो |
| ७७ | १८ | योगा | योगाः |
| ७८ | २४ | १ रतक | १ शतक |
| ८० | २५ | की | को |
| ८१ | १४ | पच | पञ्च |
| ८८ | १ | मुपदधाना | मुपादधाना |
| ९० | १६ | तरन्नि | तरन्ति |
| ९१ | १ | सुभाग | सुभगा |
| ९२ | १५ | अपादपि | अपादापि |
| ९३ | १४ | हे कोष | हेमकोष |
| ९६ | ७ | प्रणम्रम् | प्रणम्रम् |
| ९७ | २४ | १०० | ९९ |
| १०३ | २४ | महा | मदा |
| १०५ | ७ | प्रदन | प्रदान |
| १०८ | २६ | समरत | समस्त |
| ११० | १ | श्वशिता | श्वसिता |
| ११७ | ७ | निरुक्तश्वा | निरुक्तपूर्वा |
| ११८ | २४ | षामन्त | तेषामन्त |
| १२१ | १४ | ध्रव | ध्रुव |
| १४५ | ८ | निधिध्या | निदिध्या |
| १४८ | २ | भ्रूबा | भ्रुवा |
| १५० | २६ | गोरक्षा | गो-रक्षा |
| १५१ | १ | रंगा | सङ्गा |
| १५१ | १ | तर्केभि | तर्कोत्त |
| १५४ | ३ | सम्वतां | सम्वृतां |
| १५४ | १० | माथे | माये ! |
| १५४ | १८ | भजन्त्थुमे | भजन्त्युमे |
| १५६ | २१ | उतरां | सुतरां |
| १५८ | १ | चतुर्थं | पञ्चमं |
| १६० | १ | पंचमं | षष्ठं |
| १६० | १ | शूलाथा | शूलाद्या |

| पृष्ठे | पंक्तौ | अशुद्धिः | शुद्धिः | पृष्ठे | पंक्तौ | अशुद्धिः | शुद्धिः |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १६० | २ | नृणां | नॄणां | २२५ | १५ | पंचमे | पञ्चमैः |
| १६० | १२ | तिस्लो | तिलो | २३२ | १८ | य | यं |
| १६० | १८ | माम्बिकां | मम्बिकां | २३३ | ११ | विधुज्यौतींषि लाकाः | विधुज्यौतींषि लोकाः |
| १६१ | २२ | दध्यान्ना | दध्यन्ना | २३४ | ३ | जीवयतुं | जीवयितुं |
| १६३ | १ | रभ | रम्भ | २३९ | २ | विराजस्थल | विरजास्थल |
| १६४ | २ | शा ूल | शार्दूल | २४१ | २४ | क्षाणी | क्षोणी |
| १६५ | ७ | भ्र युगा | भ्रू युगा | २४२ | २६ | यर्थ | व्यर्थ |
| १७४ | २० | संमानीय | सम्माननीय | २५१ | २५ | सुखानि | मुखानि |
| १७६ | ३ | विधि | निधि | २५२ | २० | बताइते | बताइये |
| १७६ | ८ | रत्त्व | स्त्वं | २५३ | १४ | तस्मा जननी | तस्माजननी |
| १७६ | १९ | हस | हंस | २५७ | २७ | त्व | त्वं |
| १८८ | १५ | स्थित ˝हुए | स्थितहुई जानतेहुए | २५९ | ४ | युगल | युगलं |
| १९१ | १३ | नृणां | नॄणाम् | २५९ | १४ | पाणि | पाणिं |
| २०२ | १० | पर सत् | परं सत् | २६० | ११ | परम स्वरूप | परमं स्वरूपं |
| २०२ | ११ | साम्वेत् | सम्वित् | २६५ | १२ | तरगि | तरङ्गितां |
| २०६ | ४ | तत्त्वर्णान् | तत्त्ववर्णान् | २६५ | २० | काम | कामं |
| २०६ | १९ | मण भी | मणीभ | २६६ | २० | वैभव | वैभवं |
| २०६ | २३ | वनाते | बसते | २६६ | २४ | स्वय | स्वयं |
| २०७ | २६ | तद म भी | तदभी | २६७ | १७ | अम्बिक | अम्बिके |
| २०९ | २ | विवजिता | विवर्जिता | २६९ | २० | नृणां | नॄणां |
| २१० | ४ | पितृणां | पितॄणां | २७२ | १० | सत् | यत् |
| २१० | १० | न्होना | होना | २७६ | २५ | रतपदचिं | रचितपदा |
| २११ | २ | यदा | यद्वा | २८० | १ | नवमं | दशमं |
| २१४ | ११ | श्यमल | श्यामल | २८२ | ८ | वधः | वधूः । |
| २१८ | १ | सप्तमं | अष्टमं | २९८ | २ | अमसिंह | अमरसिंह । |
| २१९ | २३ | वस्सुदेव | वसुदेव | ३०५ | ६ | दुर्हत्य | दुर्द्दैत्य |
| २२४ | १ | पूण्य | पुण्य | | | | |

आह्लादैकनिधिं प्रसाद-मधुरामाकर्ण्य यन्मञ्जुलां
शुद्धां काव्यकलां महायुतमहोपाध्यायसूरीश्वरः ।
कल्याणाभिगतस्य यस्य च कृते दुर्गाप्रसादाभिधो
विद्वानाशुकवेः पदं समदिशत्सोऽहं हरिर्नौमि वः ॥ १ ॥

जिसकी कविता सुधामधुर रसभरी और आह्लाद निधान
सुन कर महामहोपाध्याय श्रीदुर्गाप्रसाद विद्वान ।
संस्कृतविद्यालयाध्यक्ष ने दिया आशुकवि पदक ललाम
वह कविभूषण आशुकवि श्री हरिशास्त्री मैं करूं प्रणाम ॥ २ ॥

॥ श्रीः ॥

## हमारे अन्यान्य मुद्रित ग्रन्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | शिक्षारत्नावलि | (हिन्दी) | |
| २. | प्रेमसुधा | (सटीक) | |
| ३. | सिद्धिस्तव | (सटीक) | |
| ४. | वाणीलहरि | (सं० हि०) | |
| ५. | लक्ष्मीनक्षत्रमाला | (सटीक) | |
| ६. | उदरप्रशस्तिः | (सं० हि०) | |
| ७. | होली का हास | (हिन्दी) | |
| ८. | दुर्गास्तोत्र | (हिन्दी) | |
| ९. | शक्ति गीताञ्जलि | (हिन्दी) | |
| १०. | संजीवनी साम्राज्य | (सटीक) | (छप रहा है) |
| ११. | श्रीललितासहस्र काव्य | (सटीक) | |

## हमारे अमुद्रित ग्रन्थ

| | | |
|---|---|---|
| १. | शक्ति साम्राज्य सिद्धिस्तव | (सटीक) |
| २. | वर्णबीजाभिधान | (तान्त्रिक कोष) |
| ३. | अन्योक्ति विनोद | (हि०) |
| ४. | अन्योक्ति मुक्तावलि | (सं०) |

पता : **श्रीहरिशास्त्री दाधीचः**
गोबिन्ददासजी का बाग, म्यूजियम मार्ग पर
जयपुर (राजस्थान)

राजस्थान प्रिन्टर्स, चौड़ा रास्ता, जयपुर में मुद्रित